कल्याण के लिए शिक्षा
Education for Well-Being

डॉ0 सुनील कुमार पाण्डेय

All rights reserved. No part of this publication may be reproduced or transmitted, in any form or by any means, without permission. Any person who does any unauthorised act in relation to this publication may be liable to criminal prosecution and civil claims for damages.

Title:-कल्याण के लिए शिक्षा

Published on 01/06/2024

ISBN978-81-974436-9-5

Copyright@

Author - Dr. Sunil Kumar Pandey

Published by-Pen and Paper academy

G-415, near PAC Camp Govindpuram, Ghaziabad - 201013

P&P academy

The views and contents of this book are solely of the author. This book is being sold on the condition and understanding that its contents are merely for information and reference and that neither the author nor the publishers, printers or sellers of this book are engaged in rendering legal, accounting, or other professional service.The author,publisher and printer specifically disclaim all any liability for any loss, damage,risk injury, distress,etc.suffered by an person, whether or not a purchaser of this book,as a consequence whether direct or indirect, of any action taken or not taken on the basis of the contents of this book.

This publisher believes that the contents of this book do not violate any existing copyright/intellectual property of others in any manner whatsoever. However,in the event the author has been unable to track any source and if any copyright has been inadvertently infringed, please notify the publisher in writing for corrective action.

कल्याण के लिए शिक्षा

EducationforWell-Being

लेखक

डॉ0 सुनील कुमार पाण्डेय

एम0ए0 (अर्थशास्त्र, प्रा0 इतिहास व संस्कृति), एम0काम0, एम0एड0, एम0फिल0, पी–एच0डी0, यू0जी0सी0–नेट

असि0 प्रोफेसर– शिक्षा संकाय

महाराणा प्रताप राजकीय पी0जी0 कालेज, हरदोई (उ0प्र0)

सहयुक्त लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

प्रथम संस्करणः 2024

समर्पण

नास्ति मातृसमा छाय नास्ति मातृसमा गतिः।

नास्ति मातृसमं त्राणं नास्ति मातृसमा प्रपा ॥

स्कन्दपुराण

ममतामयी माँ स्व0 दुर्गा देवी को असीम श्रद्धा के साथ समर्पित, जिनकी आशीर्वाद से इस पुस्तक को लिखने की प्रेरणा मिली।

डॉ0 सुनील कुमार पाण्डेय

प्राक्कथन

जीवन की यात्रा में हम न केवल सफलता बल्कि संतुष्टि एवं कल्याण की गहरी भावना की खोज में स्वयं को प्रायः असंख्य चुनौतियों से घिरा हुआ पाते हैं। इस प्रयास में शिक्षा की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है, जो हमें न केवल शैक्षिक उत्कृष्टता बल्कि समग्र विकास व आंतरिक सद्भाव की दिशा में उन्मुख करती है।

कल्याण के लिए शिक्षा की अवधारणा वर्तमान समय में पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है। जटिलताओं, अनिश्चितताओं एवं तेजी से हो रहे परिवर्तनों से भरे इस जगत् में, स्वयं तथा विशेष रूप से अपने युवाओं को न केवल शैक्षणिक या पेशेवर रूप से दक्ष बल्कि भावनात्मक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक रूप से भी आगे बढ़ने के लिए उपकरणों एवं ज्ञान से सज्जित करना आवयश्क है।

यह पुस्तक कल्याण के लिए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालती है तथा इसके बहुमुखी आयामों एवं व्यक्तियों व समाजों को आकार देने में इसकी परिवर्तनकारी क्षमता का अन्वेषण करती है। 'कल्याण के लिए शिक्षा' से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की पुस्तक उपलब्ध न होने तथा विषयवस्तु का विस्तार क्षेत्र अत्यन्त व्यापक व यत्र–तत्र विखरे होने के कारण बहुत दिनों से ऐसी पुस्तक की आवश्यकता को महसुस किया जा रहा था। अनुसंधान, व्यक्तिगत अंतर्दृष्टि एवं व्यावहारिक ज्ञान के मिश्रण के माध्यम से निर्मित इस पुस्तक का उद्देश्य शैक्षणिक संस्थानों एवं उसके बाहर कल्याण की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए एक रोडमैप प्रस्तुत करना है। मूल रूप में इस पुस्तक की रचना लखनऊ विश्वविद्यालय के बी0 एड0 प्रथम सेमेस्टर में निर्धारित वैकल्पिक प्रश्न पत्र 'कल्याण के लिए शिक्षा' (EducationforWell-being)' के पाठ्यक्रम को ध्यान में रखकर की गयी है, जबकि पुस्तक को लिखते समय विद्यार्थियों, शिक्षकों, पेशेवर कार्मिकों एवं सामान्य नागरिकों की आवश्यकताओं के साथ आधुनिक प्रत्याशाओं का भी ध्यान रखा गया है। इस पुस्तक के प्रत्येक अध्याय को अद्यतन वैज्ञानिक निष्कर्षों एवं तथ्यों के आलोक में सजाया व सँवारा गया है।

यह पुस्तक कूल चार यूनिट एवं चौदह अध्यायों में विभाजित है। पहली यूनिट में कूल चार अध्याय हैं जिनमें कल्याण का सम्प्रत्यय व शैक्षिक निहितार्थ, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, कल्याण के विभिन्न आयाम तथा जैविक कल्याण को स्थान दिया गया है। दूसरी यूनिट में चार अध्याय हैं, इन अध्यायों में मनोवैज्ञानिक कल्याण, उदीयमान वयस्कों के जीवन कौशल व मूल्य, सकारात्मक विचार, बुद्धिमत्ता, व्यवहारिक बुद्धिमत्ता, तनाव प्रबन्धन, विचार प्रबन्धन, सोच जाल, हिमशैल विश्वास तथा स्मार्ट लक्ष्य निर्धारण को रखा गया है। तृतीय यूनिट के अन्तर्गत तीन अध्यायों में सामाजिक एवं अर्थिक कल्याण, आध्यात्मिकता एवं कल्याण तथा कल्याण मापन का दृष्टकोण अवलोकन सम्मिलित हैं। चतुर्थ यूनिट में कुल तीन अध्याय हैं, जिनमें आध्यात्मिक शिक्षा, आध्यात्मिक शिक्षा के पद्धतिगत दृष्टिकोण तथा आनन्द, बुद्धिमत्ता एवं सकारात्मक विचार के संपोषण में शिक्षकों की भुमिका को रखा गया है। हमने प्रस्तुत पुस्तक को अधिकाधिक सुग्राह्य, रोचक तथ्यों से ओत–प्रोत तथा विविध वर्ग के पाठकों के आकांक्षाओं के अनुरूप, स्वरूप देने का प्रयास किया है।

इस ग्रन्थ की रचना में कई लेखकों की पुस्तकों, शोध पत्रिकाओं, राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओं की रिपोर्ट्स तथा वेब साइट्स का सहारा लिया गया है, इन सभी के प्रति मै ह्रदय की गहराइयों से आभार प्रकट करता हूँ। इस पुस्तक की रचना का विचार जिस समय मन में आया तो यह कार्य इतना दुरूह प्रतीत हो रहा था कि इस महत्वाकांक्षी कार्य को आरम्भ करने का साहस जुटाना एक बहुत बड़ी बात थी। परन्तु जैसे ही मैं अंतर्दृष्टि एवं अनुभवों को साझा करने की इस यात्रा पर आगे बढ़ा, मुझे अपने स्वजनों, सहयोगियों, मित्रों, शुभ चिन्तकों से बराबर प्रेरणा व प्रोत्साहन मिलता रहा। इस कार्य में मैं अपने जीवन के दो असाधारण व्यक्तियों मेरे पिता जी श्री जय नारायण पाण्डेय तथा मेरी पत्नी श्रीमती गार्गी पाण्डेय द्वारा प्रदान किए गए अटूट समर्थन एवं प्रेरणा के लिए गहराई से आभारी हूँ। मेरे पिताजी ने भारतीय दर्शन एवं आध्यात्मिकता से सम्बन्धित अध्यायों के लिए अद्भूत अन्तर्दृष्टि प्रदान करने का कार्य किया। उनका प्रोत्साहन, ज्ञान एवं शिक्षा की शक्ति में अटूट विश्वास वह मार्गदर्शक प्रकाश रहा है, जो इस प्रयास के हर कदम को रोशन करता है। मैं अपनी दिवंगत माँ को भी श्रद्धांजलि देना चाहता हूँ, जिनकी ममता, प्यार एवं अटूट विश्वास मुझे हर दिन प्रेरित करता रहता है। हालाँकि वह अब शारीरिक रूप से हमारे साथ नहीं है, लेकिन उनकी आत्मा

इस पुस्तक के हर पृष्ठ को अपनी असीम ऊर्जा एवं प्रेम से भर देती है। इस पुस्तक को लिखने में हमारे महाविद्यालय के शिक्षा तथा अन्य संकायों के सभी साथी प्राध्यापकों के सराहनीय योगदान को अनदेखा नही किया जा सकता, अस्तु उनके प्रति भी मैं खुले ह्रदय से आभार ज्ञापित करता हूँ। मेरे साथी प्राध्यापक श्री राजकिशोर पाण्डेय जी ने बहुत ही परिश्रम के साथ इस पुस्तक के प्रूफ़रीडिंग में योगदान दिया है, अतएव उनके इस सहयोग के लिए मै उनके प्रति आभार व्यक्त करता हूँ। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 एन0 पी0 सिंह इस पुस्तक को लिखने के लिए बराबर मेरा मार्गदर्शन एवं उत्साहबर्धन करते रहें हैं, अतः उनके प्रति भी मै विनम्र आभार ज्ञापित करता हूँ। इसके अलावा इस पुस्तक को लिखने में जिन भी लोगों का प्रत्यक्ष या परोक्ष सहयोग मिला है, उन सबके प्रति मै मुक्त ह्रदय से आभार व्यक्त करता हूँ। मेसर्स पी. एण्ड पी. पब्लिकेशन्स के श्री तरूण शर्मा जी की तत्परता एवं प्रतिवद्धता से यह पुस्तक आपके सम्मुख आ रही है, इसके लिए मै इनको ह्रदय से साधुवाद करता हूँ।

इस पुस्तक को लिखने में, मेरा उद्देश्य न केवल ज्ञान साझा करना है, बल्कि प्रेम एवं समर्थन के साथ शिक्षा एवं कल्याण की दिशा में हमारी यात्रा पर पड़ने वाले गहन प्रभाव का सम्मान करना भी है। यह कार्य उन सभी के लिए आशा एवं मार्गदर्शन की किरण बने जो समग्र विकास एवं समृद्धि के मार्ग पर चलना चाहते हैं। लाख सतर्कता के वावजुद भी कमियों का रह जाना स्वभाविक है, अस्तु सुधी पाठकों से अनुरोध है कि इनको ध्यान में लाने का अवश्य कष्ट करें तथा अपने बहुमूल्य सूझाव प्रदान कर मुझे अनुग्रहीत करें, आपके सूझाव शिरोधार्य होगें। हमारी शैक्षिक यात्रा आपके सहयोग के बिना अधूरी रहेगी।

ह्रदय से आभार सहित

डॉ0 सुनील कुमार पाण्डेय

विषय सूची

UNIT -I *1*

प्रथम अध्याय 2

कल्याण : अवधारणा, विषेशताएँ एवं शैक्षिक निहितार्थ 2

द्वितीय अध्याय 15

स्वास्थ्य 15

तृतीय अध्याय 33

कल्याण के आयाम 33

चतुर्थ अध्याय 60

जैविक कल्याण 60

UNIT -II *82*

पंचम अध्याय **83**

मनोवैज्ञानिक कल्याण : मनोविज्ञान एवं एक संतुलित व पूर्ण जीवन **83**

बुद्धिमत्ता अर्थ, संकल्पना व आयाम ***143***

सप्तम् अध्याय ***164***

व्यावहारिक बुद्धिमत्ता ***164***

अष्ठम् अध्याय **177**

विचार प्रबन्धन **177**

UNIT - III..*222*

नवम् अध्याय..**223**

समाजिक कल्याण (Sociological well-being) **223**

दशम् अध्याय **251**

आध्यात्मिकता एवं कल्याण...**251**

एकादश अध्याय..**320**

कल्याण का मापनः दृष्टिकोण अवलोकन...**320**

UNIT-IV

द्वादश अध्याय **344**

आध्यात्मिक शिक्षा **344**

त्रयोदश अध्याय..**372**

आध्यात्मिक शिक्षा के पद्धतिगत दृष्टिकोण..**372**

चतुर्दशः अध्याय..**418**

कल्याण के संपोषण में शिक्षकों की भूमिका **418**

UNIT -I

“प्रसन्नता कोई पहले से बनाई हुई सामग्री नहीं है। यह आपके अपने कार्यों से आती है।”

– दलाई लामा

"Happiness is not something ready-made. It comes from your own actions."

- Dalai Lama

प्रथम अध्याय (**First Chapter**)

कल्याण : अवधारणा, विषेशताएँ एवं शैक्षिक निहितार्थ

(Well-being: Meaning, Concept, Characteristics, its Educational Implications)

कल्याण शरीर, मन, बुद्धि एवं आत्मा की पूर्ण संगति तथा समन्वय का द्योतक होता है। यह न केवल व्यक्ति का स्वयं के साथ यथोचित् सामंजस्य की दशा को प्रदर्शित करता है, अपितु यह उसकी अन्य व्यक्तियों, समाज, प्रकृति तथा सम्पूर्ण ब्राम्हाण्ड के साथ अनुकूलतम समायोजन एवं समन्वय की समग्र स्थिति को अभिव्यक्त करता है। हमारे प्राचीन ग्रन्थों में भलाई की अवधारणा को अधिक व्यापकता के साथ स्पष्ट किया गया है। आयुर्वेद एवं उपनिषदों जैसी प्राचीन दार्शनिक परंपराओं में निहित, कल्याण को विभिन्न तत्वों, ऊर्जाओं व चेतना की अवस्थाओं के साम्यस्थिति के माध्यम से प्राप्त एक गतिशील संतुलन के रूप में देखा जाता है। इसका सार ब्रह्मांड के साथ अपने अस्तित्व के सभी पहलुओं के अंतर्सम्बंध को पहचानने में निहित है। मानसिक शांति, भावनात्मक संतुलन एवं आध्यात्मिक संरेखण को भलाई का अभिन्न अंग माना जाता है, जो शारीरिक स्थिति से जुड़ा हुआ है। योग, ध्यान एवं आयुर्वेद के सिद्धांतों का अनुप्रयोग न केवल विकारों का समाधान करते हैं, बल्कि प्रकृति एवं ब्रह्मांड के साथ परस्पर जुड़ाव की भावना को बढ़ावा देते हुए एक सामंजस्यपूर्ण अस्तित्व का विकास भी करना चाहते हैं। प्राचीन भारतीय दृष्टिकोण न केवल विकारों की अनुपस्थिति बल्कि मानव में जीवन शक्ति, आनन्द एवं उद्देश्य की गहन भावना की उपस्थिति पर भी बल देता है, जो सदियों से चली आ रही भलाई की समग्र अवबोध को दर्शाता है। मानव व सम्पूर्ण जगत् के समग्र कल्याण की कामना को वृहदारण्यक उपनिषद् से उद्धरित निम्नांकित श्लोक के द्वारा किया गया है—

"सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद्दुःखभाग्भवेत्।
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः।।"

अग्रांकित पंक्तियों में इस श्लोक के माध्यम की गयी प्रार्थना में विश्व के समग्र कल्याण के निहितार्थ के भाव को स्पष्ट किया गया है–

सर्वे भवन्तु सुखिनः, अर्थात् सभी प्राणी सुखी हों।

निहितार्थ– यह पंक्ति सहानुभूति एवं करुणा की भावना पर बल देते हुए सभी जीवित प्राणियों की भलाई व आनन्द की सार्वभौमिक इच्छा को व्यक्त करती है।

सर्वे सन्तु निरामयाः, अर्थात् सभी रोगमुक्त हों।

निहितार्थ– यह प्रसन्नता से आगे सभी के लिए उत्तम स्वास्थ्य की कामना के भाव को अभिव्यक्त करता है। यह व्यक्तियों की शारीरिक कल्याण की समग्र चिंता को दर्शाता है।

सर्वे भद्राणि पश्यन्तु, का तात्पर्य है कि सभी शुभ–शुभ घटनाओं को देखने वालें अर्थात् साक्षी हों।

निहितार्थ– इस पंक्ति में सभी के लिए सकारात्मक अनुभव एवं सौभाग्य की इच्छा व्यक्त की गयी है। यह पुण्य व भाग्यशाली घटनाओं से भरे जीवन की कामना को अभिव्यक्त करती है।

मा कश्चिद्दुःखभाग्भवेत्, अर्थात् किसी को कष्ट न हो या कभी किसी को दुःख का भागी न बनना पड़े।

निहितार्थ– यह दुख की अनुपस्थिति के लिए एक दयालु इच्छा है। यह सहानुभूति के विचार एवं एक ऐसी जगत् की इच्छा को रेखांकित करता है जहाँ किसी को दुःख या कठिनाई का अनुभव न हो।

ॐ शांतिः शांतिः शांतिः, सर्वत्र शांति व्याप्त रहे ।

निहितार्थ– ओम का जाप एवं शांति शब्द का तीन बार आवृत्ति शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्तर पर शांति का आह्वान करने की एक शक्तिशाली विधि है। यह स्वयं में, समाज में व संपूर्ण ब्रह्मांड में शांति की कामना का प्रतीक है।

कहना होगा कि यह श्लोक सभी जीवित प्राणियों की आनन्द, स्वास्थ्य, समृद्धि व शांति के लिए एक गहन एवं समावेशी प्रार्थना को समाहित करता है। यह करुणा, परोपकारिता तथा ब्रह्मांड के साथ सामंजस्यपूर्ण सह–अस्तित्व के मूल्यों को दर्शाता है।

कल्याण का अर्थ एवं अवधारणा (**Meaning and Concept well being**):

कल्याण एक जटिल व बहुआयामी अवधारणा है जिसमें किसी व्यक्ति के जीवन के विभिन्न पक्ष सम्मिलित होते हैं। यहाँ कल्याण के सम्प्रत्यय को स्पष्ट करने के उद्देश्य से कुछ परिभाषाएँ दी गयीं हैं–

विश्व स्वास्थ्य संगठन (W.H.O.) के अनुसार– "कल्याण न केवल किसी बीमारी या दुर्बलता की अनुपस्थिति मात्र है बल्कि यह पूर्ण शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक योग क्षेम की स्थिति है।" ("Well-being is a state of complete physical, mental, and social well-being and not merely the absence of disease or infirmity."–World Health Organization : WHO)

मार्टिन सेलिगमैन के अनुसार– "कल्याण शुभानुभूति एवं प्रभावी ढंग से कार्य करने का संयोजन है। इसमें हेडोनिक व यूडेमोनिक दोनों पहलू सम्मिलित होते हैं, जिसमें प्रसन्नता, जीवन संतुष्टि एवं जीवन में उद्देश्य व अर्थ की भावना निहित है।"("Well-being is the combination of feeling good and functioning effectively. It involves both hedonic and eudaimonic aspects, encompassing happiness, life satisfaction, and a sense of purpose and meaning in life." - **Martin Seligman)**

जेम्स ई. मैडक्स कल्याण को "जीवन शक्ति, उद्देश्य, समुत्थानशीलता एवं संलग्नता पूर्ण जीवन का निर्माण" के रूप में परिभाषित करते हैं। (James E. Madduxdefines well-being as "building a life of vitality, purpose, resilience, and engagement.")

ग्रेग एंडरसन ने कल्याण को अधिक व्यापक ढंग से परिभाषित करने का प्रयास किया है, उनके अनुसार– "कल्याण शरीर, मनव आत्मा का पूर्ण एकीकरण है– यह अहसास कि हम जो कुछ भी करते हैं, सोचते हैं, अनुभव करते हैं एवं विश्वास करते हैं उसका हमारी भलाई की स्थिति पर प्रभाव पड़ता है।"("Wellness is the complete integration of body, mind, and spirit - the realization that everything we do, think, feel, and believe has an effect on our state of well-being."- Greg Anderson)

ये परिभाषाएँ कल्याण की विविध पहलुओं व आयामों पर प्रकाश डालती हैं, परन्तु इनमें कल्याण की व्यापक अवधारणा एवं समग्र अवबोध के दृष्टिकोण से कुछ अन्य पक्ष उपेक्षित रह गये हैं, अतः इनको कल्याण (Well-being) की एकांगी परिभाषा की श्रेणी में रख सकते हैं। निम्नलिखित परिभाषा

कल्याण की अवधारणा को समग्रता के साथ स्पष्ट करती है। लेखक के अनुसार– “किसी भी व्यक्ति का कल्याण उसकी सुखद, स्वस्थ तथा आनन्द की स्थिति की द्योतक होती है। इसमें किसी व्यक्ति के जीवन के विभिन्न पहलुओं यथा–शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक एवं भावनात्मक शान्ति, सामाजिक सम्बंध तथा समग्र जीवन संतुष्टि को सम्मिलित किया जाता है। यह एक व्यापक अवधारणा है, जिसमें मात्र बीमारी या विकार व दुःख की अनुपस्थिति ही नही होती बल्कि इसमें सकारात्मक विचार व भाव तथा जीवन के अर्थ व उद्देश्यों की स्पष्टता तथा जीवन की समग्र गुणवत्ता जैसे तत्व सम्मिलित होते हैं। “(Well-being of any individual refers to his happy, healthy and joyful state. It includes various aspects of a person's life such as physical health, mental and emotional peace, social relationships and overall life satisfaction. It is a broad concept, which does not mean the absence of disease or disorders and suffering, but it includes elements like positive thoughts and feelings, clarity of meaning and purpose of life and overall quality of life.)

कल्याण की विषेशताएँ (**Characteristics of well being**):

कल्याण एक बहुआयामी अवधारणा है, जो मानव जीवन का अनुभव (Experiences of Human Life) एवं जीवन संतुष्टि (LifeSatisfaction) के विभिन्न आयामों (Dimensions) को समाहित करती है। अनेक विशेषज्ञों एवं शोधकर्ताओं द्वारा कल्याण की विशेषताओं की लम्बी–चौड़ी सूची प्रस्तावित की गयी है, जिनमें से कुछ प्रमुख निम्नलिखित हैं–

- ❖ शारीरिक स्वास्थ्य (**Physical Health**):– उत्तम शारीरिक स्वास्थ्य (Good Physical Health) तथा जीवन शक्ति (Vitality) समग्र कल्याण में महत्वपूर्ण योगदान देतें है।
- ❖ मानसिक स्वास्थ्य (**Mental Health**):– मानसिक स्वास्थ्य के लिए भावनात्मक स्थिरता (Emotional Stability), समुत्थानशीलता (Reslience) तथा मनोवैज्ञानिक क्षेम (Psychological Well-being) महत्वपूर्ण होता हैं।
- ❖ सामाजिक सम्बंध (**Social Connections**):– कल्याण के लिए स्वस्थ सम्बन्ध (Healthy Relationships) तथा एक सबल सामाजिक सहायता नेटवर्क (Strong Social Support Network) महत्वपूर्ण होता हैं।

- उद्देश्य की भावना (Sense of Purpose):— जीवन में उद्देश्य व अर्थ की स्पष्ट समझ होने से कल्याण में सकारात्मक योगदान मिलता है।
- वित्तीय स्थिरता (Financial Stability):— समग्र जीवन संतुष्टि में आर्थिक सुरक्षा (Economic Security) और वित्तीय कल्याण महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
- कार्य संतुष्टि (**Work Satisfactio**):— कल्याण के लिए कार्य या दैनिक गतिविधियों से संतोष व संतुष्टि होना महत्वपूर्ण होता है।
- व्यक्तिगत विकास (**Personal Growth**):— व्यक्तिगत विकास और निरंतर सीखने (Continuous Learning) की अभिलाषा कल्याण में योगदान करती है।
- आशावाद एवं सकारात्मक दृष्टिकोण (**Optimism and Positive Outlook**):— एक सकारात्मक मानसिकता और परिस्थितियों में अच्छाई देखने की क्षमता कल्याण को बढाती है।
- आत्म–सम्मान एवं आत्मविश्वास (**Self-Esteem and Confidence**):— आत्म–सम्मान और आत्मविश्वास का उच्च स्तर समग्र कल्याण में योगदान देता है।
- भावनात्मक विनियमन (**Emotional Regulation**):— भावनाओं को प्रबंधित एवं नियंत्रित करने की क्षमता भलाई के लिए आवश्यक होती है।
- समुत्थान शीलता (**Resilience**):— कल्याण का एक प्रमुख महत्वपूर्ण पहलू चुनौतियों तथा विपरीत परिस्थितियों से उबरने व निपटने की क्षमता है।
- स्वायत्तता एवं नियंत्रण (**Autonomy and Control**):— अपने जीवन के गतिविधियों पर नियंत्रण की अनुभूति तथा स्वायत्ततापूर्ण होना कल्याण या भलाई पर सकारात्मक प्रभाव डालता है।
- अवकाश एवं मनोरंजन (**Leisure and Recreation**):— जीवन में संतुलन के लिए अवकाश एवं मनोरंजक गतिविधियों के लिए समय निकालना कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है।
- गुणवत्तापूर्ण नींद (**Quality Sleep**):— शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए पर्याप्त व आरामदायक नींद का अति महत्वपूर्ण स्थान है।
- पोषण (**Nutrition**):— संतुलित एवं समृद्ध आहार समग्र कल्याण के लिए सहायक होता है।
- तनाव प्रबंधन (**Stress Management**):— तनाव से निपटने के प्रभावी तंत्र कल्याण में योगदान करते हैं।

- ❖ सांस्कृतिक जुड़ाव (**Cultural Engagement**):– सांस्कृतिक व सामुदायिक गतिविधियों में सम्मिलित होने से आनन्द में वृद्धि होती है, जो कि कल्याण के लिए सहायक होता है।
- ❖ कृतज्ञता (**Gratitude**):– कृतज्ञता एवं प्रशंसा का अभ्यास व अनुसरण जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देता है।
- ❖ पर्यावरणीय कल्याण (**Environmental Well-Being**):– एक समृद्ध, स्वस्थ व सहायक भौतिक वातावरण समग्र कल्याण में योगदान देता है।
- ❖ आध्यात्मिकता (**Spirituality**):– कुछ व्यक्तियों के लिए, आध्यात्मिक या धार्मिक मान्यताएँ कल्याण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।

यहाँ पर यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि यें विशेषताएँ आपस में परस्पर सम्बन्धित हैं तथा कोई भी व्यक्ति अपने मूल्यों, विश्वासों एवं व्यक्तिगत परिस्थितियों के आधार पर उन्हें अलग–अलग प्राथमिकता दे सकता है। इसके अलावा कल्याण या भलाई व्यक्तिपरक होता है तथा प्रत्येक व्यक्ति के लिए उपर्युक्त विशेषताओं के महत्व का अनुक्रम भिन्न–भिन्न हो सकता है।

कल्याण के लिए शिक्षा (**Education for well-being**):

कल्याण के लिए शिक्षा सीखने का एक दृष्टिकोण (Approach) है जिसका उद्देश्य न केवल शैक्षणिक सफलता (Academic Success) बल्कि व्यक्तियों के समग्र कल्याण (Overall Well-being) को बढ़ावा देना है। इस दृष्टिकोण के अनुसार शिक्षा का सम्बन्ध केवल ज्ञान व कौशल को प्राप्त करने से ही नहीं है, बल्कि यह मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य (Mental Health and Emotional Health) को बेहतर बनाने, सकारात्मक सम्बंधों (Positive Relationships) को विकसित करने तथा जीवन में उद्देश्य व अर्थ (Sense of Purpose and Meaning) की भावना पैदा करने से भी है। एत्दर्थ कल्याण के लिए शिक्षा का लक्ष्य व्यक्तियों को चुनौतियों से निपटने, समुत्थानशील (Resilient) बनाने तथा स्वयं के प्रति सकारात्मक भावना (Positive Sense) को बनाए रखने के लिए आवश्यक उपकरणों और ज्ञान से सज्जित (Equipped) करके पूर्ण ण्वं सार्थक जीवन जीने के लिए तैयार करना है।

कल्याण के लिए शिक्षा (Education for well-being) के संदर्भ में विद्यालय व शैक्षणिक संस्थान एक सहायक एवं सकारात्मक शिक्षण वातावरण का सृजन, पाठ्यक्रम में सामाजिक–भावनात्मक अधिगम (Social-Emotional Learning, SEL) का एकीकरण, विद्यार्थी एवं शिक्षकों के मध्य सकारात्मक संबंधों

का स्थापन तथा मानसिक स्वास्थ्य (Mental Health) सम्बन्धी आवश्यकताओं को संबोधित करने पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। कल्याण के लिए शिक्षा का दृष्टिकोण भलाई (well-being) के विभिन्न पहलुओं (Aspects) के अंतर्सम्बंधों (Interconnectedness) को स्वीकार करता है तथा व्यक्तियों के समग्र विकास को बढ़ावा देने का प्रयास करता है। यह उन्हें न केवल शैक्षणिक सफलता के लिए बल्कि एक संतोषजनक व संतुलित जीवन (Satisfying and Balanced Life) के लिए भी तैयार करता है।

कल्याण का शैक्षिक निहितार्थ : विद्यार्थियों में समग्र विकास का संपोषण (**Educational Implications of Well-being: Nurturing Holistic Development in Students**)

समकालीन शैक्षिक परिक्षेत्र में शिक्षा एवं कल्याण के मध्य के संबंध का महत्व दिनोदिन बढ़ता ही जा रहा है। किसी भी व्यक्ति के कल्याण (Well-being) में शारीरिक स्वास्थ्य के अलावा उसके जीवन के मानसिक, भावनात्मक एवं सामाजिक पहलू भी सम्मिलित होते हैं। कल्याण का सीखने पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इस तथ्य को पहचान कर तथा मान्यता प्रदान करते हुए, शैक्षिक व्यवस्था से जुड़े सभी पक्ष यथा : नीति निर्माता, शैक्षिक प्रशासक, शिक्षाविद्, शिक्षक, प्रबुद्ध अभिभावक तथा गैर सरकारी शैक्षिक संगठन विद्यार्थियों के समग्र विकास पर बल देने लगें है, नीतियों को बनाने तथा क्रियान्यवन के अभिकरण, शिक्षक व नीति निर्माता प्रमुखता के साथ ऐसे शैक्षिक वातावरण बनाने के महत्व पर बल दे रहे हैं, जो छात्रों के समग्र विकास को प्राथमिकता देता है। विद्यालयों में कल्याण की संस्कृति (Culture of Well-being) को बढ़ावा देने से सीखने के परिणामों में वृद्धि (Enhanced Learning Outcomes), विद्यार्थी–शिक्षक जुड़ाव (Teacher-Student Engagement) में सुधार, तथा विश्व में त्वरित गति से हो रहे बदलावों के अनुरूप सफलता के लिए आवश्यक कौशलों को विकसित करने में सहायता मिल सकती है। अग्रलिखित पंक्तियों में कल्याण के शैक्षिक निहितार्थ का बिन्दुवार सांगोपांग विवेचन किया गया है–

1. सीखने की आधारशिला : समग्र विकास (**A Foundation for Learning : Holistic Development**):– कल्याण (Well-being) में शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक एवं सामाजिक आयाम सम्मिलित होतें हैं, अस्तु भलाई या कल्याण (Well-being) समग्र विकास के लिए एक मूलभूत तत्व के रूप में कार्य करता है। शैक्षिक संदर्भ में, समग्र विकास पर बल देना इस सत्यता कर स्वीकारोक्ति है कि विद्यार्थियों का कल्याण या भलाई सीधे तौर पर उनकी अधिगम क्षमता को प्रभावित करती है। जब विद्यार्थी शारीरिक व भावनात्मक रूप से सुरक्षित महसूस करते हैं, तो उनके सीखने की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी की संभावना अधिक होती है। एतद्दर्थ विद्यार्थियों के मध्य कल्याण की भावना (Sense of Well-being) को बढ़ावा देने के लिए एक सकारात्मक व सहायक विद्यालय वातावरण (Positive and Supportive School Environment) का निर्माण बहुत ही महत्वपूर्ण है।

    कल्याण को बढ़ावा देने में शिक्षकों की भूमिका पारंपरिक शैक्षणिक पद्धति से कहीं अधिक है। विद्यालय मात्र ज्ञान प्रदान करने वाले ही संस्थान नहीं हैं, बल्कि यह एक ऐसा वातावरण हैं जहाँ छात्र अपने प्रारंभिक रचनात्मक वर्षों का एक महत्वपूर्ण भाग व्यतीत करते हैं। इस सत्य को पहचानते हुए, शैक्षणिक संस्थान तीव्रता के साथ एक ऐसा समग्र दृष्टिकोण अपना रहे हैं जो शैक्षणिक विषयवस्तु के साथ–साथ विद्यार्थियों की भलाई या कल्याण पर भी ध्यान देता है।

2. सामाजिक–भावनात्मक शिक्षा : एक अभिन्न घटक के रूप में (**Social-Emotional Learning SEL, as an Integral Component**):– कल्याण के प्रमुख शैक्षिक निहितार्थों में से एक पाठ्यक्रम में सामाजिक–भावनात्मक शिक्षा (Social-Emotional Learning, SEL) का एकीकरण है। एसईएल (SEL) विद्यार्थियों की भावनात्मक बुद्धिमत्ता (Emotional Intelligence), आत्म–जागरूकता (Self-Awareness), पारस्परिक कौशल (Interpersonal Skills) तथा उत्तदायित्वपूर्ण निर्णय लेने (Responsible Decision-Making) के विकास पर केंद्रित होती है। एसईएल (SEL) को शिक्षा में सम्मिलित करके, शैक्षिक संस्थान छात्र–छात्राओं को उनकी भावनाओं (Emotions), सम्बन्धों (Relationships) एवं व्यापक सामाजिक संदर्भ की जटिलताओं को कम करने के लिए आवश्यक उपकरण प्रदान कर सकतें हैं।

एसईएल (SEL) कार्यक्रम विद्यार्थियों के मध्य सहानुभूति (Empathy), संचार कौशल एवं संघर्ष समाधान (Conflict Resolution) क्षमताओं को बढ़ावा देकर सकारात्मक विद्यालय वातावरण के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभातें है। जैसे–जैसे विद्यार्थी अपनी भावनाओं को समझने एवं प्रबंधित करने में अधिक कुशल होते जाते हैं, वैसे–वैसे वे शिक्षा प्राप्त करने के दौरान अपनी शैक्षिक चुनौतियों (Academic Challenges), पारस्परिक सम्बंधों एवं अपरिहार्य दबावों (Inevitable Stressors) को संभालने के लिए बेहतर ढंग से सुसज्जित होते जाते हैं।

इसके अलावा, सामाजिक–भावनात्मक शिक्षा (SEL) को बेहतर शैक्षणिक प्रदर्शन (Improved Academic Performance) से भी जोड़ा गया है। एसईएल (SEL) कार्यक्रमों में भाग लेने वाले विद्यार्थी प्रायः बढ़ी हुई एकाग्रता (Enhanced Concentration), बेहतर समस्या–समाधान कौशल (Problem-Solving Skills) तथा सीखने के लिए वर्धित प्रेरणा का प्रदर्शन करते हैं। सीखने के सामाजिक व भावनात्मक पहलुओं को संबोधित करके शिक्षाविद्, शैक्षिक प्रशासक एवं शिक्षक एक ऐसा वातावरण बना सकते हैं, जो छात्रों के शैक्षणिक एवं व्यक्तिगत विकास दोनों का समर्थन करता हो।

3. प्रगतिशील मानसिकता विकसित करना (**To Develope a Progressive Mindset**):– कल्याण का एक और शैक्षणिक निहितार्थ प्रगतिशील मानसिकता का विकास करना है। मनोवैज्ञानिक कैरोल ड्वेक (Carol Dweck) के अनुसार विकास मानसिकता (Growth Mindset) इस विश्वास पर आधारित होता है कि बुद्धि एवं अन्य विभिन्न क्षमताओं को प्रयास, दृढ़ता तथा अधिगम के द्वारा विकसित किया जा सकता है। इसके विपरीत, एक निश्चित मानसिकता (A Fixed Mindset) यह मानती है कि बुद्धिमत्ता जन्मजात एवं अपरिवर्तनीय (Innate and Unchangeable) है। विद्यार्थियों में समुस्थानश्शीलता (Resilience), अनुकूलनशीलता (Adaptability) तथा सीखने के प्रति अनुराग को बढ़ावा देने के लिए विकास मानसिकता को प्रोत्साहित करना महत्वपूर्ण होता है।

शिक्षक छात्रों की मानसिकता को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रगतिशील मानसिकता के विकास को प्रोत्सहित करने वाले शिक्षक एक स्वस्थ एवं प्रयास को उत्प्रेरित करने वाला अधिगम वातावरण का सृजन कर सकता है। विकास मानसिकता (Growth Mindset) विद्यार्थियों को चुनौतियों को स्वीकार करने के योग्य बनाती है तथा इस मानसिकता वाले छात्र

चुनौतियों को सीखने के अवसर के रूप में लेने की अधिक संभावना रखते हैं, जिससे प्रेरणा में अभिवद्धि होती है एत्दर्थ नए व जटिल कार्यों को करने की इच्छा भी बढ़ती है। विकास मानसिकता (Growth Mindset) गलतियों से सीखने के लिए सकारात्मक अभिवृत्ति के निर्माण में सार्थक भूमिका निभाती है।

4. सचेतनता एवं तनाव न्यूनीकरण प्रविधियों का समाविष्टन (**Incorporating Mindfulness and Stress Reduction Techniques**):– तनाव एवं प्रतिबल (Tension andStress) को दूर करने के लिए विद्यार्थियों की माँगें अनवरत् बढ़ती जा रही हैं, इसकी अभिपूर्ति हेतु आधुनिक शिक्षा पद्धति में मानसिक कल्याण को बढ़ावा देना अति आवश्यक हो गया है, एतदर्थ समकालीन परिस्थितियों के अनुसार कल्याण के लिए शिक्षा (Education for Well-being) वर्तमान शिक्षा प्रणाली का अभिन्न आयाम व पहलू बन गया हैं। पाठ्यक्रम में सचेतनता की प्रथाओं (Mindfulness Practices) तथा तनाव न्यूनीकरण प्रविधियों (Stress Reduction Techniques) को समाविष्ट करने से विद्यार्थियों के समग्र कल्याण (Overall Well-being) तथा शैक्षणिक प्रदर्शन (Academic Performance) पर गहरा प्रभाव (Profound effects) पड़ सकता है।

ध्यान (Meditation) तथा गहरी सांस लेने (deep breathing) जैसे अभ्यास में निहित सचेतनता (Mindfulness) विद्यार्थियों को अधिक आत्म–जागरूकता (Self-Awareness) तथा भावनात्मक विनियमन (Emotional Regulation) को विकसित करने में मदद करती है। शिक्षक छात्रों के सम्मुख उपस्थित होकर इन अभ्यास–प्रथाओं को सिखाकर, उन्हें तनाव का प्रबंधन करने (ToManage Stress), चिंता कम करने (To Reduce Anxiety) तथा उनके समग्र मानसिक स्वास्थ्य (Overall Mental Health) में सुधार करने के योग्य बना सकतें हैं। सचेतनता अभ्यास–प्रथाओं को विद्यालय के दैनिक गतिविधियों में सहजता से एकीकृत (Integrated) किया जा सकता है, जिससे विद्यार्थियों को कक्षा के अंदर व बाहर दोनों ही स्थानों पर आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए उपकरण प्राप्त हो सकते हैं।

इसके अतिरिक्त, स्वस्थ दैनिक–कार्य संतुलन (Daily-Work Ballance) को बढ़ावा देना बहुत ही महत्वपूर्ण है। अत्यधिक गृह–कार्य देना (Assigning Excessive Homework) या ऐसे वातावरण को बनाना जो अस्वास्थ्यकर प्रतिस्पर्धा (Unhealthy Competition) को बढ़ावा देता है,

तनाव में योगदान कर सकता है तथा विद्यार्थियों की भलाई (Well-being) पर नकारात्मक प्रभाव (Negatively Impact) डाल सकता है। शिक्षकों को अपने द्वारा सौंपे गए गृहकार्य के भार के प्रति सचेत् रहना चाहिए तथा कार्यों की मात्रा (Quantity of Tasks) से अधिक सीखने की गुणवत्ता (Quality of Learning) को प्राथमिकता देनी चाहिए।

5. सकारात्मक सम्बंध एवं सहायक समुदाय का निर्माण (**Building Positive Relationships and a Supportive Community**):– कल्याण (Well-being) को प्राथमिकता देने वाला शैक्षिक वातावरण (Educational Environment) सकारात्मक सम्बन्धों (Positive Relationships) तथा सहायक समुदाय (Supportive Community) के महत्व को मान्यता देता है। जब विद्यार्थी अपने विद्यालय समुदाय (School Community) के अन्दर अपनेपन (Belonging), जुड़ाव (Connection) व विश्वास (Trust) की भावना को महसूस करते हैं तो उनकी प्रगति स्वभाविक रूप से होती है। सकारात्मक शिक्षक–छात्र सम्बंधों (Positive Teacher-Student Relationships) की स्थापना, सहयोगात्मक शिक्षण वातावरण (Collaborative Learning Environment) तथा समावेशिता (Inclusivity) को बढ़ावा देना सामुदायिक भावना (Community spirit) में योगदान देता है, जो विद्यार्थियों के समग्र कल्याण (Overall Well-being) में अभिवृद्धि करता है। समावेशी शिक्षा (Inclusive education), जो सभी विद्यार्थियों की विविध आवश्यकताओं को महत्व देती है तथा उनके समायोजन में मदद करती है, सहायक समुदाय (Supportive Community) निर्माण का एक अनिवार्य घटक (Essential Component) है। सीखने की शैली, सांस्कृतिक पृष्ठभूमि व क्षमताओं से संबंधित व्यक्तिगत मतभेदों (Individual differences) को पहचानना (Recognizing) तथा संबोधित करना (Addressing), समावेशी वातावरण (Inclusive Environment) को बढ़ावा देता है, जहाँ पर प्रत्येक विद्यार्थी स्वयं को मूल्यवान एवं स्वीकार्य (Valued and Accepted) महसूस करता है।

इसके अलावा, एक सहायक समुदाय कक्षा से उपर उठकर माता–पिता, अभिभावक तथा पास–पड़ोस को समाहित कर व्यापक समुदाय का बन जाता है। शैक्षिक प्रक्रिया में परिवारों को सम्मिलित करना, विद्यार्थियों की प्रगति एवं भलाई से सम्बन्धित पारदर्शी संवाद करना तथा विद्यालय के कार्यक्रमों में समुदाय को सम्मिलित करना एक सहयोगी संजाल (Collaborative

Network) का निर्माण करता है, जो एक साझा उत्तरदायित्व के रूप में शिक्षा को शक्तिशाली बनाता है।

6. भविष्य की सफलता के लिए तैयारी (**Preparation for Future Success**):– भलाई के शैक्षिक निहितार्थ (Educational Implications of Well-being) का क्षेत्र कक्षा से बाहर भी व्यापक महत्व रखता हैं, जो तीव्रता के साथ बदलती इस दुनिया में विद्यार्थियों के भावी जीवन की सफलता के लिए उनकी तैयारी को सार्थक ढंग से प्रभावित करता है। भलाई पर ध्यान केंद्रित करके विकसित किए गए कौशल 21वीं सदी के कार्यबल (Workforce) की माँगों के अनुरूप हैं, जहाँ अनुकूलनशीलता (Adaptability), सहयोग (Collaboration) एवं भावनात्मक बुद्धि (Emotional Intelligence) को अत्यधिक महत्व दिया जाता है।

शिक्षा में कल्याण (Well-being) को बढ़ावा देना विद्यार्थियों को उनके व्यक्तिगत व व्यावसायिक (Personal and Professional) जीवन में आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार करता है। जैसे–जैसे विद्यार्थीगण सामाजिक एवं भावनात्मक कौशल (Social and Emotional Skills) में विकसित होते हैं तदानुसार विविध कार्य वातावरणों (Diverse Work Environments) से समायोजन स्थापित करने, प्रभावी ढंग से संवाद करने (Communicate Effectively) तथा सहकर्मियों व साथियों (Colleagues and Peers) के साथ सकारात्मक सम्बंध बनाने के लिए बेहतर ढंग से सुसज्जित हो जाते हैं।

भलाई (well-being) पर ध्यान देने से शिक्षा में उद्देश्य एवं अर्थ की भावना (Sense of Purpose and Meaning) पैदा होती है। जो छात्र अपने व्यक्तिगत विकास (personal growth) तथा समाज की भलाई (well-being of society) के लिए सीखने की प्रासंगिकता (relevance) को समझते हैं, वे आजीवन सीखने (lifelong learning) के प्रति अधिक संलग्न (engaged), प्रेरित (motivated) एवं प्रतिबद्ध (committed) होते हैं। उद्देश्य की यह भावना एक प्रेरक शक्ति बन जाती है जो शैक्षिक उपलब्धि (Academic Achievement) से आगे बढ़कर व्यक्तिगत पूर्ति एवं सामाजिक योगदान को भी अपने में समाहित कर लेती है।

कल्याण के शैक्षिक निहितार्थ प्रगाढ़ (profound) व बहुआयामी हैं। विद्यालयों में कल्याण की संस्कृति (Culture of well-being) को बढ़ावा देना न केवल एक नैतिक अनिवार्यता है, बल्कि

छात्र–छात्राओं की शैक्षणिक एवं व्यक्तिगत सफलता में एक निवेश भी है। समग्र विकास को प्राथमिकता देकर, एसईएल (S.E.L.) को सम्मिलित करके, विकास की मानसिकता विकसित करके, सचेतनता की अभ्यास–प्रथाओं को एकीकृत करके, सकारात्मक सम्बंध बनाकर तथा छात्रों को भविष्य की सफलता के लिए तैयार करके, शिक्षक अधिगम वातावरण के निर्माण में योगदान करते हैं, जो ज्ञान के प्रसारण (Transmission of Knowledge) से आगे जीवन के रूपान्तरण (Transformation of Lives) में योगदान कर सकता हैं।

जैसे–जैसे शिक्षा का विकास जारी है, एक मूलभूत घटक (Fundamental Component) के रूप में कल्याण (Well-being) की पहचान (Recognition) तेजी से आवश्यक होती जा रही है। भलाई एवं सीखने के मध्य तालमेल (Synergy between well-being and learning) एक प्रबल शक्ति है, जिसमें न केवल विद्यार्थियों के शैक्षणिक परिणामों (Academic outcomes) को बल्कि उनके चरित्र (Character), समुत्थानशीलता (Resilience) एवं समाज में सकारात्मक योगदान देने के सार्मथ्य को भी आकार देने की क्षमता है। कल्याण के शैक्षिक निहितार्थों को अपनाकर हम ऐसे व्यक्तियों का परिपोषण (Nurture) का महान कार्य कर रहे होते हैं, जो न केवल ज्ञानवान (knowledgeable) हैं बल्कि भावनात्मक रूप से बुद्धिमान (emotionally intelligent), सामाजिक रूप से जागरूक (Socially aware) तथा भविष्य की चुनौतियों (Challenges) से निपटने एवं अवसरों (Opportunities) से लाभ उठाने के लिए भलीभाँति रूप से तैयार (well-prepared) हैं।

द्वितीय अध्याय (Second Chapter)

"स्वास्थ्य शरीर, मन एवं आत्मा के पूर्ण सामंजस्य की स्थिति है। जब कोई शारीरिक विकलांगताओं तथा मानसिक विकर्षणों से मुक्त होता है, तो आत्मा के द्वार खुल जाते हैं।"

– बी.के.एस. आयंगर

"Health is a state of complete harmony of the body, mind, and spirit. When one is free from physical disabilities and mental distractions, the gates of the soul open." - B.K.S. Iyengar

स्वास्थ्य (Health)

"It is health that is real wealth and not pieces of gold and silver." - Mahatma Gandhi

स्वास्थ्य एक बहुआयामी अवधारणा है, जिसमें न केवल बीमारी की अनुपस्थिति बल्कि किसी व्यक्ति का समग्र कल्याण या भलाई भी सम्मिलित है। एक पूर्ण जीवन के खोजएवं अनुशीलन के लिए उत्तम स्वास्थ्य को प्राप्त करना तथा उसे संरक्षित रखना सर्वोपरि होता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन स्वास्थ्य को पूर्ण शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक कल्याण की स्थिति के रूप में परिभाषित करता किया है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन–डब्ल्यू.एच.ओ. (1948) के अनुसार– "स्वास्थ्य पूर्ण शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक कल्याण की स्थिति है, न कि मात्र बीमारी या दुर्बलता की अनुपस्थिति।"("Health is a state of complete physical, mental, and social well-being, and not merely the absence of disease or infirmity."-**World Health Organization (WHO)-1948**)

विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा दी गयी यह परिभाषा शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक आयामों के अंतर्सम्बन्ध पर प्रकाश डालते हुए स्वास्थ्य की समग्र प्रकृति पर बल देती है।

स्वास्थ्य के अर्थ को समग्रता से समझने के लिए कुछ अन्य परिभाषाएँ जो स्वास्थ्य के अन्य आयामों पर प्रकाश डालती हैं, दृष्टव्य हैं–

एम. ह्यूबर, जे. ए. नॉटनेरस एवं ग्रीन (2011) के अनुसार– "स्वास्थ्य सामाजिक, शारीरिक एवं भावनात्मक चुनौतियों का सामना करने में अनुकूलन व आत्म–प्रबंधन करने की योग्यता है।" ("Health is the ability to adapt and self-manage, in the face of social, physical, and emotional challenges." - M. Huber, J. A. Knottnerus. and Green**.**)

बी. क्यू. हाफेन, के. जे. कैरेन, फ्रैंडसन एवं एन. एल. स्मिथ (2017) के अनुसार– "स्वास्थ्य शरीर, मन एवं आत्मा के एकीकरण के माध्यम से कल्याण की इष्टतम स्थिति को प्राप्त करने और बनाए रखने की गतिशील प्रक्रिया है।"("Health is the dynamic process of achieving and maintaining an optimal state of well-being through the integration of body, mind, and spirit." - B. Q. Hafen, K. J. Karren, Frandsen & N. L. Smith.)

उपर्युक्त परिभषाओं के आधार पर यह सूस्पष्ट है कि स्वास्थ्य एक बहुआयामी अवधारणा है, जो व्याधियों की अनुपस्थिति से भी आगे तक जाती है। इसमें शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक कल्याण निहित होते है, इसके प्रत्येक आयाम परस्पर अन्तर्क्रिया करतें है तथा एक दूसरों को प्रभावित करते हैं। स्वास्थ्य के प्रति समग्र दृष्टिकोण अपनाने में शरीर, मन एवं सामाजिक सम्बंधों के संपोषण शक्ति प्राप्त होती है। शारीरिक स्वास्थ्य (Physical health) शरीर की प्रणालियों के समुचित कार्य से सम्बंधित होता है, मानसिक स्वास्थ्य (Mental health) में मनोवैज्ञानिक कल्याण (Psychological Well-being) एवं संज्ञानात्मक कार्य (Cognitive Function) सम्मिलित हैं, जबकि सामाजिक स्वास्थ्य (Social health) में सम्बंधों का पूर्णता के साथ अनुरक्षण व समाज में सक्रिय रूप से भाग लेने की क्षमता सम्मिलित है। उत्तम स्वास्थ्य को प्राप्त करने एवं बनाए रखने के लिए एक संतुलित जीवनशैली (Balanced lifestyle) को अपनाना आवश्यक है, जिसमें स्वस्थ आदतें (Healthy habits), नियमित व्यायाम (Regular exercise), पौष्टिक आहार (Nutritious diet), मानसिक कल्याण (Mental well-being) तथा सामाजिक सम्बंध (Social Relationships) सम्मिलित होते हैं। समग्र स्वास्थ्य के लिए प्रयास करना एक गतिशील प्रक्रिया (Dynamic Process) होती है जिसमें साम्यता (Equilibrium) व जीवन शक्ति (Vitality) की को बढ़ावा देने के लिए अपने जीवन के विभिन्न पहलुओं (Various Aspects) पर ध्यान देने की आवश्यकता होती है।

जैसे–जैसे व्यक्ति व समाज इस व्यापक परिप्रेक्ष्य (Comprehensive Perspective) के महत्व को तेजी से पहचान रहे हैं, हम एक ऐसे भविष्य की ओर अग्रसर हो रहे हैं जहाँ स्वास्थ्य मात्र रोगों की अनुपस्थिति नहीं बल्कि संपूर्ण कल्याण (Complete well-being) की एक गतिशील स्थिति का परिचायक बन गया है। समकालीन (Contemporary) परिस्थिति में व्यक्तियों एवं समुदायों के लिए एक स्वस्थ एवं अधिक संतुष्टिदायक जीवन को बढ़ावा देने के लिए इस समग्र दृष्टिकोण को अपनाया जाना आवश्यक हो जाता है।

कल्याण का आधार व्यक्तिगत स्वास्थ्य एवं स्वच्छता

(The Foundation of Well being: Personal Health and Hygiene)

व्यक्तिगत स्वास्थ्य व स्वच्छता (Personal Health and Hygiene) उन क्रिया–कलापों, प्रथाओं तथा व्यवहारों का द्योतक है जिन्हें व्यक्ति अपने समग्र कल्याण (Overall well-being) को बनाये रखने तथा बढ़ावा देने के लिए अपनाते हैं। ये प्रथाएँ रोग या विकार का निवारण, उत्तम स्वास्थ्य का संवर्द्धन तथा स्वयं व अपने आस–पास के लोगों की भलाई सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक हैं। व्यक्तिगत स्वास्थ्य व स्वच्छता की अवधारणा को निम्नलिखित पंक्तियों में स्पष्ट किया गया हैं–

व्यक्तिगत स्वास्थ्य (**Personal Health**):– व्यक्तिगत स्वास्थ्य में किसी व्यक्ति के शरीर, मन एवं आत्मा की समग्र स्थिति को सम्मिलित किया जाता है। इसमें शारीरिक उपयुक्तता (Physical fitness), मानसिक कल्याण (Mental Well-being), भावनात्मक स्थिरता (Emotional Stability) तथा सामाजिक सद्भाव (Social harmony) जैसे विभिन्न कारक आतें हैं। उत्तम व्यक्तिगत स्वास्थ्य के संधारण हेतु संतुलित जीवनशैली को अपनाना पड़ता है। संतुलित जीवनशैली (Balanced Lifestyle) के अन्तर्गत नियमित दिनचर्या (Regular Routine) नियमित व्यायाम (Regular Exercise), पौष्टिक आहार, पर्याप्त नींद (Adequate Sleep) एवं समुचित तनाव प्रबंधन (Proper Stress Management) सम्मिलित हैं। इसमें धूम्रपान, अत्यधिक मदिरापान एवं अन्य मादक पदार्थों का सेवन व हानिकारक आदतों से बचना भी शामिल होता है। व्यक्तिगत स्वास्थ्य एक गतिशील स्थिति (Dynamic State) है, जिसके संधारण एवं अनुरक्षण के लिए निरंतर ध्यान एवं सचेत् प्रयास की आवश्यकता होती है।

स्वच्छता (**Hygiene**):

स्वच्छता उन क्रिया–कलापों, गतिविधियों एवं प्रथाओं को संदर्भित करती है जो स्वच्छता को बनाए रखने तथा बीमारियों के प्रसार को रोकने के लिए अपनायीं जाती हैं। यहाँ पर स्वच्छता के अन्तर्गत इसके दो प्रकारों का उल्लेख करना प्रासंगिक होगा, स्वच्छता के ये दो प्रकार क्रमशः–1. व्यक्तिगत स्वच्छता, तथा 2. पर्यावरणीय स्वच्छता, हैं।

व्यक्तिगत स्वच्छता (**Personal Hygiene**):

व्यक्तिगत स्वच्छता विशेष रूप से किसी व्यक्ति द्वारा स्वयं को साफ व स्वच्छ रखने के उपायों से सम्बन्धित होती है। इसमें शारीरिक देखभाल से संबंधित आदतें आती हैं। इन कार्य–व्यवहारों या आदतों में नियमित रूप से स्नान करना, मुँह स्वच्छता या देखभाल (दांतों को ब्रश करना, फ्लॉसिंग करना), हाथ धोना तथा शरीर के अन्य अंगों की यथोचित साफ–सफाई व देख–रेख सम्मिलित होती है। व्यक्तिगत स्वच्छता की व्यापक अवधारणा डब्ल्यू.एच.ओ. द्वारा दी गयी निम्नलिखित परिभाषा से स्पष्ट होती है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन–डब्ल्यू.एच.ओ. द्वारा विद्यालयों में कम लागत में जल, स्वच्छता तथा इनके मानक से सम्बन्धित अपनी रिपोर्ट (2009) में व्यक्तिगत स्वच्छता को निम्नलिखित रूप से परिभाषित किया है– "व्यक्तिगत स्वच्छता उन अभ्यास–प्रथाओं एवं आदतों के समूह को संदर्भित करती है जिन्हें व्यक्ति स्वच्छता के संधारण तथा समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए अपनाते हैं। इसमें रोगाणुओं के प्रसार को रोकने तथा बीमारी के जोखिम को कम करने के लिए स्नान, हाथ धोना, दाँत साफ करना तथा देख–रेख जैसी नियमित गतिविधियाँ आती हैं। अच्छी व्यक्तिगत स्वच्छता न केवल शारीरिक कल्याण में योगदान देती है बल्कि इसके सामाजिक व मनोवैज्ञानिक निहितार्थ भी होते हैं, जो किसी व्यक्ति के आत्म–सम्मान एवं पारस्परिक संबंधों को प्रभावित करते हैं।"

According to World Health Organization (2009) stated in its report on Water, Sanitation, and Hygiene Standards for Schools in Low-cost Settings.- "Personal hygiene refers to the set of practices and habits that individuals adopt to maintain cleanliness and promote overall health. It involves regular activities such as bathing, washing hands, brushing teeth, and grooming to prevent the spread of germs and reduce the risk of illness.

Good personal hygiene not only contributes to physical well-being but also has social and psychological implications, impacting an individual's self-esteem and interpersonal relationships."

व्यक्तिगत स्वच्छता का महत्वः

(Importance of Personal hygiene):

"Good hygiene enhanced sound well-being." - Lailah Gifty Akita

व्यक्तिगत स्वच्छता का आशय ऐसे क्रियाओं व आचरण से है जिनका पालन व्यक्ति स्वच्छता को बनाये रखने तथा सम्पूर्ण स्वास्थ्य के अनुरक्षण व संवर्द्धन के लिए करते हैं। व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व को कम करके नहीं आँका जा सकता, क्योंकि यह रोगों के निवरण, कल्याण (well-being) के संवर्द्धन तथा सामाजिक अन्तर्क्रिया (interactions) को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

व्यक्तिगत स्वच्छता (Personal hygiene) का प्रमुख लाभ रोगों व संक्रमणों की रोकथाम है। उदाहरण के लिए, नियमित रूप से हाथ धोना (Regular handwashing) एक सरल लेकिन प्रभावी क्रिया है, जो बैक्टीरिया (bacteria) व वायरस (viruses) के संचरण (transmitting) के जोखिम (risk) को काफी हद तक कम कर सकता है। निवास स्थानों (living spaces), व्यक्तिगत सामान (personal belongings) तथा कपड़ों कीं स्वच्छता बनाये रखने से भी रोगाणुओं की सक्रियता को कम करने में काफी मदद मिल सकती है, जिससे बीमार पड़ने की संभावना अत्यधिक कम हो जाती है।

व्यक्तिगत स्वच्छता का मानसिक स्वास्थ्य (mental health) से भी गहरा संबंध होता है। व्यक्तिगत देख–रेख के लिए एक प्रभावी दिनचर्या आत्मसम्मान (self-esteem) व आत्मविश्वास (Self confidence) में वृद्धि करती है। अपने को साफ–सुथरा रखने तथा अच्छी तरह से तैयार रहने व महसूस करने से प्रायः सकारात्मक भावनाएँ (positive emotions) उत्पन्न होती हैं, जो मानसिक स्वास्थ्य कों बेहतर बनाने में सहायक होती है। इसके अलाव स्वयं की देखभाल करने का कार्य (taking care of oneself) आत्म–सम्मान एवं अपने प्रति व्यक्तिगत जिम्मेदारी (personal responsibility) की भावना को बढ़ाते हैं, जो मानसिक स्वास्थ्य का महत्वपूर्ण तत्व होते हैं।

व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व को स्पष्ट करने वाले कुछ महत्वपूर्ण बिन्दू निम्नलिखित पंक्तियों प्रस्तुत हैं–

- ❖ रोग का रोकथाम (**Prevention of Disease**):– व्यक्तिगत स्वच्छता की अच्छी अभ्यास–प्रथाएँ (Good personal hygiene practices) संक्रामक रोगों के प्रसार को रोकने में सहायक होती हैं। नियमित रूप से हाथ धोने (Regular handwashing,), दाँतों की यथोचित् देखभाल (proper dental care) व चिकित्सा तथा सम्पूर्ण स्वच्छता (overall cleanliness) सम्बन्धी क्रियाओं से बैक्टीरिया, वायरस व अन्य रोगजनकों (Pathogens) के कारण होने वाले संक्रमण के जोखिम की संभावना कम हो जाती है।
- ❖ शारीरिक स्वास्थ्य (**Physical Health**):– व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने से समग्र शारीरिक स्वास्थ्य के अनुरक्षण में योगदान मिलता है। नियमित स्नान (regular bathing), ग्रुमिंग (grooming) तथा त्वचा की देखभाल (skin care) जैसीं गतिविधियों से शरीर तो स्वच्छ रहता ही है, साथ में त्वचा संक्रमण (skin infections), चकत्ते (rashes) तथा अन्य स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं को रोकने में मदद मिलती हैं।
- ❖ मानसिक एवं भावनात्मक कल्याण (**Mental and Emotional Well-being**):– व्यक्तिगत स्वच्छता का मानसिक एवं भावनात्मक कल्याण पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। साफ–सुथरा व अच्छी तरह से तैयार (clean and well-groomed) होने की अनुभूति आत्म–सम्मान व आत्मविश्वास को बढ़ा सकती है, जिससे अधिक सकारात्मक आत्म–छवि (Self-image) बनती है।
- ❖ सामाजिक स्वीकृति (**Social Acceptance**):– सामाजिक स्वीकृति एवं दूसरों के साथ सकारात्मक अन्तर्क्रिया (positive interactions) के लिए यथोचित् व्यक्तिगत स्वच्छता (personal hygiene) को बनाए रखना आवश्यक है। उदाहरण के लिए, शरीर की दुर्गंध (Foul body odor) या सांसों की दुर्गंध (bad breath) अपने आस–पास के लोगों को परेशान कर सकती है तथा उनके लिए आपत्तिजनक हो सकती है। अच्छी स्वच्छता आदतें (Good hygiene habits) अधिक अनुकूल, सुखद व सकारात्मक सामाजिक वातावरण में योगदान करती हैं।
- ❖ व्यावसायिक सफलता (**Professional Success**):– कार्यस्थलों तथा व्यावसायिक परिस्थितियों (Professional settings) में यथोचित् व्यक्तिगत स्वच्छता को (personal hygiene) बनाए रखना व्यावसायिकता (Professionalism) का संकेत माना जाता है। एक साफ–सुथरा एवं उपयुक्त पहनावा

(Outfit) हमारी उपस्थिति (appearance) को अधिक सार्थक (More significante) बनाता है तथा सक्षमता व विश्वसनीयता के अभिवृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान देता है। यह कार्यस्थल पर हमारी पहचान के निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

❖ त्वचा संबंधी समस्याओं से बचाव (**Prevention of Skin Issues**):– त्वचा को नियमित रूप से धोने व समुचित देखभाल करने से मुंहासे (acne), एक्जिमा (eczema) एवं फंगल संक्रमण (fungal infections) जैसी विभिन्न त्वचा संबंधी समस्याओं को रोकने में मदद मिलती है। कपड़ों को साफ–सुथरा रखना एवं उन्हें नियमित रूप से बदलना भी त्वचा के स्वास्थ्य में योगदान देता है।

❖ दंत स्वास्थ्य (**Dental Health**):– नियमित ब्रशिंग व फ्लॉसिंग सहित समुचित मौखिक स्वच्छता सम्बन्धी क्रियायें दाँतों की समस्याओं जैसे दंत–गुहा (Dental Cavities) मसूड़ों सम्बन्धी रोगों (Gum Disease) तथा सांसों की दुर्गंध (Bad Breath) को रोकने में मदद करते हैं। समग्र कल्याण (overall well-being) के लिए दाँतों का रोगमुक्त होना बहुत ही महत्वपूर्ण है।

❖ शरीर की दुर्गंध की रोकथाम (**Prevention of Body Odor**):– नियमित स्नान व डियोड्रेंट (Deodorants) के उपयोग से शरीर की दुर्गंध को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। यह न केवल व्यक्तिगत स्वच्छ छवि के लिए बल्कि सामाजिक मेलजोल के लिए भी महत्वपूर्ण है।

❖ क्रॉस–संदूषण की रोकथाम (**Prevention of Cross-Contamination**):– नियमित रूप से हाथ धोने से रोगाणुओं को एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलने (Spread) से रोकने में मदद मिलती है। सामुदायिक परिवेश (Community Settings) में बीमारियों के संचरण (Transmission) को रोकने के लिए यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है।

❖ दीर्घकालिक स्वास्थ्य लाभ (**Long-term Health Benefits**):– जीवन के प्रारंभिक काल में अपनायी गयीं सुसंगत (Consistent) व्यक्तिगत स्वच्छता (Hygiene) के अभ्यास प्रायः वयस्क अवस्था में स्वस्थ आदतों को जन्म देती हैं। स्वच्छता सम्बन्धी सतत् अभ्यास दीर्घकालिक (Long-term) स्वास्थ्य व कल्याण (Well-being) में योगदान करती हैं।

अस्तु कहना होगा कि उत्तम स्वास्थ्य के संधारण, संरक्षण व संवर्द्धन के लिए, रोगों के प्रसार को रोकने तथा सकारात्मक सामाजिक अन्तर्क्रिया (Positive Social Interactions) को बढ़ावा देने के लिए व्यक्तिगत स्वच्छता (Personal Hygiene) आवश्यक है। यह स्वयं के देखभाल (Self-care) का

एक मूलभूत पहलू है जो शारीरिक व मानसिक (Physical and Mental) दोनों तरह के कल्याण (Well-being) में योगदान देता है।

व्यक्तिगत स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के संघटक

(Components of Personal Health and Hygiene)

व्यक्तिगत स्वास्थ्य एवं स्वच्छता में विभिन्न क्रियाएँ, अभ्यास व आदतें सम्मिलित होती हैं, जो सम्पूर्ण कल्याण (Complete Well-being) तथा रोगों की रोकथाम में योगदान करती हैं। व्यक्तिगत स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रमुख अंग निम्नलिखित हैं–

(1.) व्यक्तिगत सफ़ाई (**Personal cleanliness**):

- स्नान (**Bathing**):– नियमित नहाने से त्वचा से गंदगी, पसीना एवं बैक्टीरिया हटाने में सहायता मिलती है।
- हाथ धोना (**Handwashing**):– संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए हाथों की समुचित स्वच्छता महत्वपूर्ण है।
- मौखिक स्वच्छता (**Oral Hygiene**):– दांतों को ब्रश करना और डेंटल फ्लॉस का उपयोग अच्छे मौखिक स्वास्थ्य में योगदान देता है।

(2.) कपड़ों की स्वच्छता (**Clothing hygiene**):

- साफ कपड़े (**Clean clothes**):– साफ और ठीक से धुले हुए कपड़े पहनने से कीटाणुओं व दुर्गंध को फैलने से रोकने में मदद मिलती है।
- उचित जूते (**Proper footwear**):– उचित जूते पहनने से पैर चोटों और संक्रमण से सुरक्षित रहते हैं।

(3.) पोषण (**Balanced diet**):

- संतुलित आहार (**Adequate diet**):– विभिन्न प्रकार के पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थों का सेवन समग्र स्वास्थ्य के लिए आवश्यक होता है।
- पर्याप्त जलयोजन (**Adequate hydration**):– पर्याप्त जल का सेवन शारीरिक कार्यों एवं समग्र स्वास्थ्य व शारीरिक कल्याण के लिए आवश्यक है।

(4.) शारीरिक गतिविधि (**Physical activity**):

- नियमित व्यायाम (**Regular exercise**):– नियमित व्यायामक करने से शरीर स्वस्थ व निरोग रहता है। इससे शरीर का वजन अनुकूलतम बनाये रखने में सहायता मिलती है, ह्रदय का स्वस्थ्य उत्तम रहता है तथा समग्र फिटनेस को बढ़ावा मिलता है।
- पर्याप्त विश्राम व नींद (**Proper Rest and sleep**):– पर्याप्त विश्राम तथा गुणवत्ता पूर्ण नींद शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य की आवश्यक शर्त होती है।

(5.) मानसिक एवं भावनात्मक कल्याण (**Mental and Emotional Well-being**):

- तनाव प्रबंधन (**Stress management**):– तनाव को प्रबंधित करने के लिए ध्यान या गहरी श्वास–प्रश्वास जैसी प्रविधियों का उपयोग करना मानसिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है।
- सामाजिक सम्बंध (**Social Relations**):– सकारात्मक सम्बंध एवं सामाजिक संपर्क भावनात्मक (Emotional well-being) कल्याण में योगदान करता है।

(7.) सुरक्षा सम्बन्धी आचरण (**Safety practices**):

- दुर्घटना की रोकथाम (**Accident prevention**):– दुर्घटनाओं एवं चोटों से बचने के लिए सावधानी बरतना, जैसे हेलमेट व सीटबेल्ट का उपयोग करना तथा कार्यस्थल पर सुरक्षा नियमों का अनुपालन व अभ्यास करना।
- सुरक्षित यौन व्यवहार (**Safe sex practices**):– सुरक्षा का उपयोग करने तथा सुरक्षित यौन आचरण व व्यवहार से यौन संचारित संक्रमणों का खतरा कम हो जाता है।

(8.) मेडिकल जाँच व स्क्रीनिंग (**Medical check-ups and screenings**):

- नियमित स्वास्थ्य जाँच (**Regular health check-ups**):– नियमित जाँच के लिए स्वास्थ्य सम्बन्धी परामर्शदाताओं व पेशेवरों के पास जाने से संभावित स्वास्थ्य समस्याओं का शीघ्र निदान करने में मदद मिलती है।
- टीकाकरण (**Immunization**):– टीकाकरण स्थिति को अद्यतन बनाये रखने से संक्रामक रोगों के प्रसार को रोकने में सहायता मिलती है।

(9.) व्यक्तिगत आदतें (**Personal habits**):

- धूम्रपान एवं अत्यधिक मदिरापान से बचना (**Avoiding smoking and excessive alcohol consumption**):– ये आदतें समग्र स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालती हैं।
- बीमारी के दौरान स्वच्छता का आचरण (**Hygiene practices during illness**):– खांसते या छींकते समय मुंह ढकने जैसे उचित उपाय करने से बीमारी को फैलने से रोकने में सहायता मिलती है।

(10.) पर्यावरणीय स्वच्छता (**Environmental hygiene**):– रहने के स्थान स्वच्छ व वातावरण को व्यवस्थित तथा साफ–सुथरा बनाए रखने से से एलर्जी का जोखिम कम हो जाता है तथा समग्र कल्याण को बढ़ावा मिलता है।

इन अभ्यास–प्रथाओं को अपनाने तथा आदतों को विकसित करने से व्यक्तिगत स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के रखरखाव में योगदान मिलता है, जो एक स्वस्थ व पूर्ण जीवन शैली के लिए सहायक होता है।

पर्यावरणीय स्वच्छता (**Environmental hygiene**):

"When your Environment is clean you feel happy, motivated and healthy"

– Lailah Gifty Akita

2. मादक पदार्थों का सेवन (**Substance Abuse**):– वयस्क अवस्था में अत्यधिक दबाव व तनाव के कारण कुछ व्यक्ति इससे निपटने के लिए मदिरा तथा नशीली दवाओं जैसे पदार्थों का सहारा लेने लगतें हैं। मादक द्रव्यों का सेवन न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए प्रत्यक्ष खतरा उत्पन्न करता है, बल्कि सम्पूर्ण जीवन संतुष्टि (overall life satisfaction), मानसिक कल्याण (mental well-being), पारिवारिक–सामाजिक सम्बन्ध तथा जीवन की समग्र गुणवत्ता पर भी दूरगामी प्रभाव डालता है।

3. तनाव व मानसिक स्वास्थ्य सम्बन्धी मुद्दे (**Stress and Mental Health Issues**):– कार्य का दबाव (pressures of work), वित्तीय ज़िम्मेदारियाँ (financial responsibilities) तथा पारिवारिक गतिकी (family dynamics), चिरकालिक तनाव (chronic stress) व मानसिक स्वास्थ्य (mental health) के मुद्दों में योगदान कर सकते हैं। चिंता (anxiety) एवं अवसाद (depression) जैसी स्थितियाँ शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं, जिससे प्रतिरक्षा प्रणाली (immune system) कमजोर हो सकती है तथा विभिन्न बीमारियों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ सकती है।

II पर्यावरणीय चुनौतियाँ (**Environmental Challenges**):

1. कार्यस्थल का तनाव (**Workplace Stress**):– वर्तमान समय में वृत्तिक कार्यों (job-related work) का स्वरूप अत्यन्त ही जटिल (complex) व थकाऊ होता जा रहा है, जिनमें कार्यस्थल पर लंबे समय तक काम करना (long working hours), सख्त समय सीमा (tight deadlines) तथा अन्तर्वैयत्तिक संघर्ष (interpersonal conflicts) प्रमुख हैं। इनके सम्मिलित प्रभाव के कारण तनाव के स्तर में वृद्धि होने की संभावना अधिक हो जाती हैं। कार्यस्थल पर तनाव के लंबे समय तक संपर्क में रहने से कार्य–जीवन संतुलन (work-life balance) में कमी, हताशा (frustration), थकान (fatigue) व मानसिक स्वास्थ्य (mental health) संबंधी समस्याएँ तथा अन्य मनोकायिक (psycho-sometic) बीमारियों की संभावना को बढ़ाती हैं।

2. सामुदायिक तथा सामाजिक समर्थन (**Community and Social Support**):– वयस्कावस्था में सामाजिक सम्बंधों (social connections) तथा सामुदायिक समर्थन (community support) की गुणवत्ता का महत्वपूर्ण स्थान होता है। सामाजिक समर्थन की कमी के कारण सामाजिक अलगाव (socialisolation) व अकेलापन (loneliness), मानसिक स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याएँ, प्रतिरक्षा प्रणाली में कमी तथा दीर्घकालिक बीमारियों के प्रति संवेदनशीलता में वृद्धि की संभावना अधिक हो जाती है।

3. सामाजिक आर्थिक कारक (**Socioeconomic Factors**):– व्यक्ति की सामाजिक–आर्थिक (Socioeconomic) स्थिति स्वास्थ्य सम्बन्धी परिणामों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। वित्तीय अस्थिरता (financial instability) का सामना करने वाले व्यक्तियों को स्वास्थ्य देखभाल की अभिगम्यता (access

to healthcare), पौष्टिक आहार व्यवस्था तथा निवारक स्वास्थ्य व्यवहार (preventive health practices) को बनाये रखनें में अनेक प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जिससे उनकी समग्र भलाई प्रभावित हो सकती है।

4. शहरीकरण एवं पर्यावरण प्रदूषण (**Urbanization and Environmental Pollution**):– शहरी वातावरण में रहने से व्यक्तियों को उच्च स्तर के प्रदूषण, शोर तथा पर्यावरणीय तनाव का सामना करना पड़ता है। ये कारक श्वसन संबंधी (respiratory) व हृदय संबंधी (cardiovascular) समस्याओं तथा अन्य स्वास्थ्य चुनौतियों में योगदान कर सकते हैं।

5. सामाजिक अलगाव एवं अकेलापन (**SocialIsolation and Loneliness**):– वयस्कों को अलगाव (isolation) तथा अकेलेपन (loneliness) जैसी सामाजिक चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, विषेष तौर पर उस समय जब नयी पारिवारिक संरचनाएँ (family structures) विकसित होती हैं तथा सामाजिक सम्बंध (social connections) बदलते हैं। सामाजिक अलगाव अवसाद को बढ़ाने के साथ मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव डाल सकता है।

जीवन यात्रा के मार्ग में वयस्कावस्था (adulthood) जटिल पड़ाव (complex stage) है, इस काल में व्यक्तियों के द्वारा सामना की जाने वालीं चुनौतियों का उनके स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ सकता है। भलाई (well-being) को बढ़ावा देने के लिए तथा लक्षित हस्तक्षेप (targeted interventions) विकसित करने के लिए व्यवहारिक तथा पर्यावरणीय कारकों की परस्पर क्रिया को पहचानना महत्वपूर्ण है। स्वस्थ जीवनशैली (healthier lifestyle) विकल्पों को प्रोत्साहित करना, मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को दूर करना, सहायक कार्य वातावरण (supportive work environments) को बढ़ावा देना तथा संसाधनों तक न्यायसंगत पहुँच को सुनिश्चित् करना एक स्वस्थ और अधिक प्रत्यास्थ वयस्क (resilient adult) आबादी के विकास में योगदान कर सकता है। इन चुनौतियों को समझकर तथा उनका समाधान करके, व्यक्ति तथा समाज ऐसे वातावरण बनाने के लिए मिलकर काम कर सकते हैं जो जीवन पर्यन्त स्वास्थ्य (lifelong health) एवं कल्याण (well-being) को बढ़ावा देते हैं।

(घ) वृद्धावस्था में चुनौतियाँ : स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले व्यवहारिक एवं पर्यावरणीय कारकों की विवेचना

(**Challenges in Late Adulthood:Disscussion on Behavioral and Environmental Factors Impacting Health**)

जैसे–जैसे व्यक्ति जीवन के विभिन्न चरणों को पार करते जाते हैं, उनके सामने आने वाली चुनौतियों की प्रकृति भी परिवर्तित होती जाती है। बढ़ती आयु के दौरान विविध प्रकार के शारीरिक (physical), मनोवैज्ञानिक (psychological)व सामाजिक (social) परिवर्तन की जटिल (complex) प्रक्रिया परिलक्षित होती हैं। निम्नांकित अनुच्छेदों में व्यवहारिक (behavioral) व पर्यावरणीय (environmental) दो प्रमुख कारकों (two key factors) पर ध्यान केंद्रित करते हुए वृद्धावस्था (old age) के समय व्यक्तियों के सामने आने वाली चुनौतियों पर सविस्तार चर्चा की गयी हैं। बुजुर्गों के स्वास्थ्य एवं जीवन की गुणवत्ता (quality of life) को बढ़ावा देने के लिए तथा प्रभावी रणनीतियाँ (effective strategies) विकसित करने के लिए इन चुनौतियों को समझना महत्वपूर्ण (crucial) है।

I. व्यवहार सम्बंधी कारक (**Behavioral Factors**):

1.गतिहीन जीवन शैली (**Sedentary Lifestyle**):– बुजुर्ग व्यक्तियों के जीवन की गतिहीन प्रकृति हृदय संबंधी समस्याओं (cardiovascular problems) तथा मांसपेशियों (muscle) की शक्ति में कमी जैसी स्वास्थ्य समस्याओं में योगदान कर सकती है। शारीरिक गतिविधि (physical activity) की कमी का प्रमुख कारण शरीर का कमज़ोर हो जाना, सामाजिक अलगाव (social isolation) तथा इस धारणा का विकास कि बुढ़ापे में व्यायाम की विषेष आवश्यकता नही होती है।

2. अस्वास्थ्यकर आहार (**Unhealthy Diet**):– बुजुर्गों में खराब पोषण (Poor nutrition) की स्थिति एक प्रचलित (prevalent) चुनौती है। भूख में कमी (decreased appetite), चबाने (chewing) या निगलने (swallowing) में कठिनाई तथा पौष्टिक खाद्य पदार्थों (nutritious foods) की अनउपलब्धता जैसे कारक अस्वास्थ्यकर आहार (unhealthy diet) में योगदान कर सकते हैं। आवश्यक पोषक तत्वों की कमी प्रतिरक्षा कार्य (immune function), हड्डियों के स्वास्थ्य (bone health) तथा समग्र जीवन शक्ति (overall vitality) को सार्थक ढंग से प्रभावित करती है।

3. सामाजिक अलगाव (**Social Isolation**) :– सामाजिक अलगाव (social isolation) व अकेलापन (loneliness) बुढ़ापे (old age) की आम समस्याएँ होती हैं, जो प्रायः मित्रों या परिवार के सदस्यों की मृत्यु, सेवानिवृत्ति (retirement), या सीमित गतिशीलता (limited mobility) से उत्पन्न होती हैं। सामाजिक सम्बंधों (social connections) का अभाव मानसिक स्वास्थ्य (mental health) पर नकारात्मक प्रभाव (negative impact) डाल सकता है, जिससे अवसाद (depression) एवं चिंता (anxiety) जैसी स्थितियाँ उत्पन्न होती हैं, जो शारीरिक कल्याण (physical well-being) को भी प्रभावित करती हैं।

4. संज्ञानात्मक गिरावट (**Cognitive Decline**):– व्यवहार सम्बंधी चुनौतियों में संज्ञानात्मक गिरावट (cognitive decline) एवं मनोभ्रंश (dementia) या अल्जाइमर रोग (Alzheimer's disease) जैसी स्थितियों की शुरुआत सम्मिलित हो सकती है। स्मृति हानि (memory loss), भ्रम (confusion) तथा निर्णय लेने (decision-making) की क्षमताओं में गिरावट किसी व्यक्ति का`स्वयं की देखभाल करने (to care themselves) एवं स्वास्थ्य के प्रति सचेत विकल्प (health-conscious choices) चुनने की क्षमता को प्रभावित करती है।

5. नींद सम्बंधी विकार (**Sleep Disorders**):– वृद्ध व्यक्तियों को प्रायः अनिद्रा (insomnia) एवं स्लीप एपनिया (sleep apnea) सहित नींद से संबंधित चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। नींद की खराब गुणवत्ता (quality) व्यक्ति के स्वास्थ्य स्थितियों को बिगाढ़ सकती है, संज्ञानात्मक विकार (cognitive impairment) बढ़ा सकती है तथा प्रतिरक्षा प्रणाली (immune system) को कमज़ोर कर सकती है।

6 मादक द्रव्यों का सेवन (**Substance Abuse**):– मदिरा (alcohol) व चिकित्सकीय दवाओं (prescription medications) सहित मादक द्रव्यों (substance abuse) का अत्यधिक सेवन, बुजुर्ग व्यक्तिओं के लिए चिंता का विषय है। यह पुराने दर्द (chronic pain), मानसिक स्वास्थ्य (mental health) समस्याओं या निर्धारित दवाओं (prescribed medications) के दुरुपयोग (misuse) जैसे कारकों से शुरू हो सकता है, जिससे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता हैं।

7. स्वास्थ्य देखभाल के प्रति प्रतिरोधी रवैया (**Resistant Attitudes Toward Healthcare**):– कुछ वृद्ध व्यक्तियों में चिकित्सा सहायता लेने के प्रति प्रतिरोधी रवैया (resistant attitudes) देखा जा सकता है, जो प्रायः आक्रामक उपचारों (invasive treatments) के डर (fear), स्वास्थ्य सेवा (healthcare) प्रदाताओं (providers) के प्रति अविश्वास (mistrust) या इस धारणा में निहित होता है कि कुछ स्वास्थ्य समस्याएँ वृद्धावस्था की अनिवार्य (inevitable) अंग हैं। इस कारण से विलंबित (delayed) चिकित्सा देखभाल (medical intervention) स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ा सकता है।

8. औषधि–प्रयोग का अनुपालन (**Adherence to Medication**):– वृद्धों के लिए अनेक प्रकार की औषधियों (multiple medications) का प्रबंध करना (managing) चुनौतीपूर्ण हो सकता है। विस्मृति (forgetfulness), भ्रम (confusion), या नुस्खे की लागत (prescription costs) का वित्तीय बोझ (financial burden) औषधि–प्रयोग के अनुपालन (adherence to Medication) को बाधित करता है, एत्दर्थ वरिष्ठ नागरिकों को अपने उपचार से समझौता करना पड़ जाता है, जिससे उनकी स्वास्थ्य स्थितियों को बिगड़ने की संभावना बढ़ जाती हैं।

9. जोखिम लेने वाला व्यवहार (**Risk-Taking Behavior**):– अनेक बुजुर्ग जोखिम भरे व्यवहारों (risky behaviors) का प्रदर्षन करते पाये जातें हैं, जैसे कि सुरक्षा सावधानियों (safety precautions) की अनदेखी (ignoring) करना, इसमें सहायक उपकरणों (assistive devices) के उपयोग एवं आहार प्रतिबंधों (dietary restrictions) की उपेक्षा, या जीवनशैली (lifestyle) में आवश्यक (necessary) बदलावों का प्रतिरोध (resisting) करना हो सकता है। इस प्रकार का जोखिम पूर्ण व्यवहार वृद्ध व्यक्तियों के स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा कर सकता है।

11. देखभाल करने वालों पर निर्भरता (**Dependence on Caregivers**):– जैसे–जैसे व्यक्तियों की आयु बढ़ती है उनके देखभाल की आवश्यकता भी बढ़ती जाती है। देखभाल करने वालों पर निर्भरता, चाहे परिवार के सदस्य हों या पेशेवर सहायक, बुजुर्गों की स्वायत्तता (autonomy) तथा मानसिक भलाई (mental well-being) को प्रभावित कर सकते हैं। देखभाल की गुणवत्ता (quality of care) समग्र स्वास्थ्य (overall health) परिणामों को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

II. वातावरणीय कारक (**Environmental Factors**):

1. स्वास्थ्य देखभाल तक सीमित पहुँच (**Limited Access to Healthcare**):– भौगोलिक (geographical) स्थिति या चलने–फ़िरने में अक्षमता (inability) या वित्तीय बाधाएँ (financial barriers) स्वास्थ्य सेवाओं (healthcare services) तक पहुँच (access) में बाधा डाल सकती हैं जिससे नियमित (regular) जाँच (check-ups) तथा समय पर चिकित्सा हस्तक्षेप (medical intervention) प्रभावित हो सकता है। ये सभी कारण वृद्ध व्यक्तियों के समग्र (overall) स्वास्थ्य प्रबंधन (health management) को सार्थक रूप से (significantly) प्रभावित कर सकते हैं।

2. अपर्याप्त आवास (**Inadequate Housing**):– अनुपयुक्त (unsuitable) या असुरक्षित (unsafe) आवासीय स्थितियों (housing conditions) में रहना वृद्ध वयस्कों के स्वास्थ्य के लिए जोखिम पैदा कर सकता है। पहुँच की कमी (lack of accessibility) तथा अपर्याप्त स्वच्छता (inadequate sanitation) जैसे मुद्दे शारीरिक (physical) व मानसिक (mental) स्वास्थ्य चुनौतियों में योगदान कर सकते हैं।

3 पर्यावरण प्रदूषण (**Environmental Pollution**):– वायु एवं जल में उपस्थित पर्यावरणीय (environmental) प्रदूषकों (pollutants) के संपर्क में आने से विशेष रूप से ऐसे बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव (adverse effects) पड़ सकता है,जो पहले से ही श्वसन (respiratory) या हृदय संबंधी (cardiovascular) समस्याओं से पीड़ित होते हैं।

4. परिवहन चुनौतियाँ (**Transportation Challenges**):– सीमित गतिशीलता (limited mobility) तथा सीमित परिवहन (transportation) विकल्प, स्वास्थ्य देखभाल (healthcare), सामाजिक गतिविधियों (social activities) तथा आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी सहित अन्य आवश्यक सेवाओं को बाधित कर सकते हैं। इससे स्वस्थ जीवनशैली (healthy lifestyle) बनाए रखने में कठिनाई हो सकती है।

5. जलवायु–संबंधी मुद्दे (**Climate-Related Issues**):– मौसम (weather) की चरम स्थितियाँ (extreme conditions) जैसे लू (heatwaves) या ठंडी हवाएँ (cold spells) खासकर उन बुजुर्गों के लिए गंभीर (serious) स्वास्थ्य जोखिम (health risks) को उत्पन्न कर सकती हैं, जिन्हें पहले से कोई

स्वास्थ्य समस्या है। रहने के स्थान में समुचित गर्माहट (proper heating) या शीतलन (cooling) की कमी इन चुनौतियों को बढ़ा देती है।

6. असुरक्षित पड़ोस (**Unsafe Neighborhood**):– असुरक्षित (unsafe) या उच्च अपराध दर (crime rates) वाले क्षेत्रों में रहने वाले बुजुर्गों में तनाव (stress) व चिंता (anxiety) को बढा सकती है, जिससे मानसिक (mental) एवं शारीरिक (physical) स्वास्थ्य दोनों प्रभावित हो सकते हैं।

7. मनोरंजक सुविधाओं का अभाव (**Lack of Recreational Facilities**):– मनोरंजक (recreational) सुविधाओं (facilities) तथा हरे–भरे(lush green) स्थानों के अभाव शारीरिक (physical) गतिविधि (activity) के अवसरों (opportunities) को सीमित कर सकती है, जो एक गतिहीन (sedentary) जीवन शैली (lifestyle) एवं सम्बंधित स्वास्थ्य समस्याओं में योगदान कर सकती है।

8. आयुवाद (**Ageism**):– वृद्ध व्यक्तियों के प्रति सामाजिक (societal) दृष्टिकोण (attitudes) व पूर्वाग्रहों (prejudices) के परिणामस्वरूप भेदभाव (discrimination) तथा बहिष्कार (exclusion) की संभावना बढ़ सकती है, जो मानसिक स्वास्थ्य (mental health) तथा समग्र कल्याण (overall well-being) पर नकारात्मक प्रभाव (negative impact) डालती है।

9. सीमित सामाजिक सहायता (**Limited Social Support**):– बुजुर्गों के लिए एक मजबूत (strong) सामाजिक (social) सहायता प्रणाली (support system) की उपलब्धता महत्वपूर्ण है। साहचर्य (companionship), सहायता (assistance) और भावनात्मक (emotional) समर्थन की कमी अकेलेपन (loneliness) व अवसाद (depression) की भावनाओं में योगदान कर सकती है।

10. तकनीकी बाधाएँ (**Technological Barriers**):– प्रौद्योगिकी (technology) का तेजी से विकास एक प्रकार का डिजिटल विभाजन (digital divide) उत्पन्न करता है, जिससे कुछ वृद्ध व्यक्तियों को आवश्यक जानकारी (essential information), ऑनलाइन स्वास्थ्य देखभाल (online healthcare) संसाधनों (resources) के उपयोग में कठिनाई हो सकती है। डिजिटल विभाजन के कारण संचार प्लेटफार्मों (communication platforms) तक पहुँच (access) नहीं मिल पाती है, जिससे उन्हे देष–दुनिया से जुड़े रहने (connected) व संसूचित (informed) रहने की क्षमता सीमित हो जाती है।

वृद्धावस्था में व्यक्तियों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए, व्यवहारपरक (behavioral) एवं पर्यावरणीय (environmental) कारकों के अंतर्संबंध (interconnectedness) को पहचानना अनिवार्य है। बुजुर्ग आबादी (elderly population) के स्वास्थ्य एवं कल्याण को बढ़ावा देने के लिए दोनों पहलुओं (both aspects) पर विचार करने वाला एक समग्र दृष्टिकोण (holistic approach) आवश्यक है। सहायक वातावरण (supportive environment) को बढ़ावा देकर, स्वस्थ व्यवहार (healthy behaviors) को प्रोत्साहित करके तथा प्रणालीगत मुद्दों (systemic issues) को संबोधित (address) करके, समाज यह सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य कर सकता है कि व्यक्ति वृद्धावस्था (old age) में सम्मान (dignity) के साथ जीवन जी सके तथा अपने इष्टतम स्वास्थ्य (optimal health) को बनाए रख सकें।

सम्पूर्ण जीवनकाल (lifespan) में, व्यक्तियों को असंख्य चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जिनका उनके स्वास्थ्य एवं कल्याण (health and well-being) पर गहरा प्रभाव पड़ता है। आहार सम्बंधी आदतों (dietary habits), जोखिम लेने वाले व्यवहार (risk-taking behaviors) तथा जीवनशैली विकल्पों (lifestyle choices) जैसे व्यवहार सम्बंधी (behavioral) कारकों (factors) से लेकर सामाजिक–आर्थिक (socio-economic) असमानताओं (disparities), कार्यस्थल तनाव (workplace stress) एवं विषाक्त पदार्थों (toxins) के संपर्क (exposure) सहित पर्यावरणीय (environmental) कारकों तक, जीवन का प्रत्येक चरण अद्वितीय (unique) बाधाएँ प्रस्तुत करता है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए एक व्यापक (comprehensive) एवं समग्र (holistic) दृष्टिकोण (approach) की आवश्यकता है, जो व्यक्तिगत (individual), पारिवारिक (familial), सामाजिक (societal)व पर्यावरणीय कारकों पर सम्यक् विचार कर सके। इन चुनौतियों को समझकर तथा उनका समाधान करके, व्यक्ति अपने स्वास्थ्य परिणामों को सुधार कर सकते हैं तथा जीवन पर्यन्त (life-long) समग्र कल्याण (overall well-being) को बढ़ावा दे सकते हैं।

चतुर्थ अध्याय **(Fourth Chapter)**

जैविक कल्याण

(**Biological Well-being**)

जैविक कल्याण का अर्थ एवं अवधारणा (**Meaning and Concept of PhysicalWell-being**):

जैविक कल्याण से तात्पर्य किसी व्यक्ति के भौतिक शरीर (physical body) के समग्र स्वास्थ्य एवं जीवन शक्ति (vitality) से है, जिसमें शारीरिक कार्यप्रणाली (physiological functioning), रोग की रोकथाम तथा कायिक–प्रणालियों का इष्टतम (optimal) रखरखाव (maintenance) जैसे विभिन्न पहलू (aspects) सम्मिलित हैं। इसमें शरीर की चयापचय प्रक्रियाओं (metabolic processes), प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया (immune response) तथा वाह्य तनावों के प्रति समग्र समुत्थानशीलता (resilience) को बनाये रखने के लिए अंगों, ऊतकों एवं कोशिकाओं का समुचित कामकाज सम्मिलित है। जैविक भलाई (biological well-being) पोषण (nutrition), व्यायाम, नींद तथा स्वच्छता (hygiene) सहित जीवनशैली कारकों (lifestyle factors) से निकटता से जुड़ी हुई है, क्योंकि ये तत्व शरीर की संतुलन (balance) एवं साम्यधारण (homeostasis) क्षमता पर सार्थक (significant) प्रभाव (impact) डालते हैं।

इसके अलावा, जैविक कल्याण बीमारी व विकार की अनुपस्थिति से आगे बढ़कर सकारात्मक स्वास्थ्य संकेतकों (health indicators) की उपस्थिति को भी सम्मिलित करता है। इनमें हृदय सम्बंधी फिटनेस (cardiovascular fitness), मांसपेशियों की ताकत एवं मजबूत (robust) प्रतिरक्षा प्रणाली जैसे कारक शामिल हैं। जैविक कल्याण की संप्राप्ति व संरक्षण में प्रायः स्वस्थ आदतों (healthy habits) व क्रिया–कलापों जैसे संतुलित आहार (balanced diet), नियमित शारीरिक गतिविधियाँ (regular physical activities), पर्याप्त विश्राम व सक्रिय स्वास्थ्य देखभाल उपायों (proactive healthcare measures) को अपनाना होता है। जैविक कल्याण समग्र कल्याण का मूलभूत घटक (fundamental component) है, जो मानसिक (mental), भावनात्मक (emotional) व सामाजिक (social) कल्याण के लिए एक ठोस

आधार प्रदान करके एक पूर्ण एवं सक्रिय जीवन (fulfilling and active life) जीने की व्यक्ति की क्षमता को प्रभावित करता है।

जैविक कल्याण का महत्व (**Importance of biological of well-being**):

जैविक कल्याण, जिसे प्रायः शारीरिक स्वास्थ्य भी कहा जाता है, समग्र कल्याण की आधारशिला होती है। यह किसी व्यक्ति के जीवन की गुणवत्ता (quality of life) को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एक मजबूत जैविक आधार शारीरिक प्रणालियों के समुचित कार्य–संचालन को सुनिश्चित करता है तथा विकारों एवं बीमारियों के विरूद्ध प्रत्यास्थता (resilience) को बढ़ावा देता है। शारीरिक स्वास्थ्य जटिल रूप से मानसिक कल्याण से जुड़ा हुआ है, क्योंकि एक स्वस्थ शरीर ही मन के संतुलित एवं सकारात्मक स्थिति के लिए एक ठोस मंच प्रदान करता है। पर्याप्त पोषण, नियमित व्यायाम तथा यथोचित् नींद एक इष्टतम जैविक स्थिति के रखरखाव, ऊर्जा, जीवन शक्ति एवं संज्ञानात्मक तीव्रता (cognitive sharpness) को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान करतें हैं। जैविक कल्याण का एक प्रमुख घटक शक्तिशाली प्रतिरक्षा प्रणाली है, जो संक्रमण एवं जीर्ण रोगों (chronic diseases) के विरूद्ध ढाल के रूप में कार्य करती है तथा अन्ततोगत्वा आयु को बढ़ाती है। यह व्यक्तियों को जीवन की विविध गतिविधयों में सक्रिय रूप से सम्मिलित होने में सक्षमता प्रदान करती है।

जैविक कल्याण का महत्व व्यक्तिगत लाभों के उपर सामाजिक निहितार्थों (societal implications) तक फैला हुआ है। उत्तम शारीरिक स्वास्थ्य युक्त आबादी के उत्पादक होने की अधिक संभावना होती है, जिससे स्वास्थ्य देखभाल का आर्थिक बोझ कम होता है तथा समग्र कार्यबल दक्षता (workforce efficiency) में वृद्धि होती है। स्वस्थ व्यक्ति सामाजिक एवं सामुदायिक गतिविधियों में योगदान करने के लिए बेहतर ढंग से सुसज्जित होते हैं, जिससे एक अधिक प्रवृत्त व जीवंत समाज (engaged and vibrant society) का निर्माण होता है। इसके अतिरिक्त, जैविक कल्याण को बढ़ावा देना एक निवारक उपाय (preventive measure) भी है, जो रोकथाम योग्य बीमारियों के प्रसार को कम करके स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों पर दबाव को कम कर सकता है। अंततः जैविक कल्याण को प्राथमिकता देने से सार्थक प्रभाव उत्पन्न होता है, जिससे व्यक्तियों एवं समुदायों के समग्र विकास को बढ़ावा मिलता है।

जैविक कल्याण का पोषण स्वस्थ भोजन एवं सकारात्मक शारीरिक छवि की परस्पर क्रिया

(**Nurturing Biological Well-Being: The Interplay of Healthy Eating and Positive Body Image**)

"जिसके पास स्वास्थ्य है, उसके पास आशा है एवं जिसके पास आशा है, उसके पास सब कुछ है। **"** —थॉमसकार्लाइल

"He who has health, has hope; and he who has hope, has everything."

- RhomasCarlyle

जीवन में पूर्णता की खोज तथा जीवंतता को बनाये रखने में, कोई भी जैविक कल्याण के महत्व को कम करके नहीं आँक सकता है। जैविक कल्याण के मूल में परस्पर सम्बद्ध दो सहवर्ती पहलू, स्वस्थ भोजन (healthy eating) एवं सकारात्मक शारीरिक छवि (body image) निहित है। सौंदर्य मानकों (beauty standards) एवं आहार संबंधी रुझानों (dietary trends) के बारे में परस्पर विरोधी संदेशों से भरी दुनिया में, कल्याण के लिए समग्र दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए इन दोनों कारकों के मध्य सहजीवी सम्बंध (symbiotic relationship) को अनावृत करना महत्वपूर्ण हो जाता है।

स्वस्थ भोजन : शरीर एवं मन को ऊर्जा प्रदान करना

(**Healthy Eating: Fueling the Body and Mind**)

स्वस्थ भोजन की अवधारणा मात्र कैलोरी ग्रहण तक सीमित न होकर इससे कहीं आगे तक जाती है, अर्थात् स्वस्थ भोजन समुचित अनुपात में, उचित मात्रा के साथ यथानुकूल पोषक तत्वों से भरपूर पोषण होता है। इसका सम्बन्ध शरीर को सही अनुपात (right proportions) में सही पोषक तत्वों (right nutrients) से पोषण देने से होता है। संतुलित आहार में विभिन्न प्रकार के खाद्य समूह सम्मिलित होते हैं, जैसे फल, सब्जियाँ, साबुत अनाज, हल्का प्रोटीन एवं वसा। स्वस्थ भोजन का प्रत्येक घटक इष्टतम शारीरिक कार्यों को बनाए रखने, ऊर्जा स्तर को सुनिश्चित करने तथा विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं को प्रारम्भ में ही रोकने में अद्वितीय भूमिका निभाता है।

पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थ न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण होते हैं बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर भी ये गहरा प्रभाव डालते हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि कुछ पोषक तत्व, जैसे ओमेगा –3 वसीय एसिड (omega-3 fatty acids) एवं फलों व सब्जियों में प्रचुर मात्रा में पाये जाने वाले एंटीऑक्सिडेंट (antioxidants) संज्ञानात्मक कार्य (cognitive function) व चित्तप्रकृति विनियमन (mood regulation) में योगदान करते हैं। इन पोषक तत्वों से भरपूर आहार संभावित मानसिक स्वास्थ्य (mental health) विकारों (disorders) के जोखिम को कम कर सकता है तथा शारीरिक एवं मानसिक कल्याण को बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

प्रतिबंधात्मक आहार से दूरी बनाना तथा भोजन के साथ स्वस्थ सम्बंध स्थापित करने पर विषेष ध्यान देना आवश्यक है। संयम, विविधता एवं सचेतनता के साथ भोजन ग्रहण करने पर बल दिया जाना चाहिए। सचेतनता के साथ भोजन ग्रहण (mindful eating) के अन्तर्गत खाते समय पूर्ण तल्लीनता व सक्रिय मौजूदगी (being present) का होना है। सचेत भोजन भूख (hunger) एवं इसकी परिपूर्णता के संकेतों (fullness cues) पर ध्यान केन्द्रित करते हुए प्रत्येक ग्रास के साथ सुरस (savoring) व स्वाद का आनंद लेने से सम्बन्धित है। यह सचेत दृष्टिकोण (mindful approach) न केवल अर्थपूर्ण भोजन (meaningful dining) के अनुभव को बढ़ाता है, बल्कि भोजन के साथ एक स्वस्थ सम्बंध को भी विकसित करता है, जिससे अधिक खाने (overeating) या संवेगात्मक खाने (emotional eating) के जोखिम को कम किया जा सकता है।

सकारात्मक शारीरिक छवि का अवबोध

(**Understanding Positive Body Image**)

एक सकारात्मक शारीरिक छवि समग्र कल्याण (overall well-being) की आधारशिला (cornerstone) होती है। इसमें सामाजिक दबावों (societal pressures) या अवास्तविक मानकों (unrealistic standards) की परवाह किए बिना किसी के शरीर के अद्वितीय (unique) गुणों को मान्यता देना (recognizing), स्वीकार (accepting) व सराहना करना (appreciating) सम्मिलित है। वर्तमान समय में विभिन्न मीडिया मंचों (media plateforms) पर प्रसारित एवं प्रचारित प्रदर्शनों, कार्यक्रमों, स्पर्धाओं व घटनाक्रमों के द्वारा आदर्श (ideal) शारीरिक प्रकारों (body types) को चित्रित करने (portraying) का कार्य अनवरत् रूप से चलता रहता है। कहना न होगा विभिन्न मॉस एवं सोशल

मीडिया यथाः टी. वी. चैनल, चित्रपट, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्वूब आदि पर बताये एवं दिखाए जाने वाले सकारात्मक शारीरिक छवि (positive body image) को प्राप्त करना एवं बनाए रखना बेहद ही चुनौतीपूर्ण हो सकता है। हालाँकि, यह भलाई का एक अनिवार्य पहलू है जो वास्तव में शारीरिक दिखावट (physical appearance) से बहुत उपर व परे है।

सकारात्मक शारीरिक छवि विकसित करने के लिए मानसिकता में बदलाव की आवश्यकता होती है। कथित खामियों (so called flaws) या सामाजिक अपेक्षाओं (societal expectations) पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय, व्यक्तियों को अपने शरीर की रोगमुक्तता, कार्यक्षमता (functionality) एवं समुत्थानशीलता (resilience) पर ध्यान देना चाहिए। शरीर की षक्ति (strength), कठोरता (rigorness), दृढ़ता (rigity), नम्यता (flexibility) एवं सहनशक्ति (endurance) जैसी क्षमताओं को मानने–सराहने (accept and appreciate) से ईश्वर द्वारा निर्मित जटिल मशीनरी (intricate machinery) के प्रति कृतज्ञता एवं सम्मान की भावना पैदा होती है जिससे जीवन में प्रगतिशील विकास में सार्थक योगदान मिलता है।

मीडिया साक्षरता एवं शारीरिक छवि (**Media Literacy and Body Image**):

सुंदरता एवं शारीरिक आदर्शों से सम्बन्धित सामाजिक धारणाओं को आकार देने में मीडिया महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विज्ञापन, सोशल मीडिया तथा मनोरंजन जगत् में दोषरहित शरीर (flawless body) का अवास्तविक चित्रण (unrealistic portrayals) नकारात्मक (negative) शारीरिक छवि (body image) तथा आत्म–सम्मान (self-esteem) के मुद्दों में योगदान कर सकता है, एत्दर्थ मीडिया साक्षरता इस परिदृश्य को समझने में एक महत्वपूर्ण उपकरण बन सकती है।

मीडिया साक्षरता के द्वारा मीडिया प्रतिरूपणों (media representations) की हेर–फेर एवं जोड़–तोड़ की प्रकृति के अवबोध (understanding) को विकसित किया जा सकता है। फोटो संपादन (photo editing), चयनात्मक चित्रण (selective portrayal) एवं अवास्तविक मानकों (unrealistic standards) की व्यापकता को पहचानकर, व्यक्ति एक आलोचनात्मक दृष्टि (critical view) तथा विवेकपूर्ण मानसिकता (discerning mindset) विकसित कर सकते हैं। बदले में, यह उन्हें हानिकारक

सामाजिक मानदंडों को अस्वीकार करने व अपने शरीर के बारे में अधिक प्रामाणिक एवं सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने की क्षमता प्रदान कर सकता है।

स्व–देखभाल एवं स्वस्थ कायिक–छवि
(**Self-Care and Healthy Body-Image**):

सकारात्मक शारीरिक छवि का विकास एक सतत् प्रक्रिया है जिसके लिए आत्मानुकंपा (self-compassion) एवं स्वयं की देख–रेख (self-care) की आवश्यकता होती है। शारीरिक एवं मानसिक कल्याण को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों में संलग्न होना इस प्रयास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। नियमित व्यायाम, न केवल शारीरिक लाभों के लिए बल्कि इससे मिलने वाली उपलब्धि तथा सशक्तिकरण (empowerment) की भावना व सकारात्मक शारीरिक छवि को बढ़ावा देने में एक शक्तिशाली उपकरण हो सकता है।

आत्मानुकंपा में व्यक्ति का स्वयं के साथ उसी दयालुता एवं समझ के साथ व्यवहार करना सम्मिलित है, जो वह अपने मित्रों के साथ करता है। इसके अन्तर्गत नकारात्मक आत्म–चर्चा (self-talk) के स्थान पर स्वयं के प्रति सकारात्मक विचार व भाव, अवास्तविक अपेक्षाओं में संशोधन तथा व्यक्तित्व के अनुठापन से सम्बन्धित तथाकथित कमियों को सकारात्मक भाव से स्वीकार करना सम्मिलित है। ध्यान एवं योग जैसी सचेतनता की क्रियाएँ (mindfulness practices) आत्म–जागरूकता (self-awareness) एवं आत्म–स्वीकृति (self-affirmation) को बढ़ावा देने में सहायक हो सकती हैं।

स्वस्थ कायिक–छवि में सामाजिक समर्थन की भूमिका
(**The Role of Social Support in Healthy Body-Image**)

शरीरिक छवि एवं स्वस्थ भोजन के अन्तर्सम्बन्धों की जटिलताको संबोधित करने में सक्षम सामाजिक सहायता प्रणाली का निर्माण एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। विद्यालय, परिवार, मित्रगण या पेशेवर परामर्शदाता कायिक–छवि संबंधी चिंताओं के बारे में उन्मुक्त वार्तलाप के लिए सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के साथ मूल्यवान दृष्टिकोण प्रदान कर सकते हैं। इस प्रकार से निर्मित वातावरण सकारात्मक काय–छवि के प्रति स्थायी भाव को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। ऐसी सहायक प्रणाली समग्र कल्याण को बढ़ावा देने में परिवर्तनकारी हो सकती है।

यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि सकारात्मक शारीरिक छवि तक हर किसी की यात्रा उसकी वैयत्तिक विभिन्नता के अनुसार अनुठी होती है, एत्दर्थ सकारात्मक शारीरिक छवि के विकास की प्रगति व्यक्ति विशेष के लिए भिन्न–भिन्न हो सकली है। धैर्य, आत्म–चिंतन एवं आत्म–देखभाल के प्रति प्रतिबद्धता सकारात्मक शारीरिक छवि निर्माण की परिवर्तनकारी प्रक्रिया के प्रमुख घटक होते हैं।

जैविक कल्याण की खोज में, स्वस्थ भोजन व सकारात्मक शारीरिक छवि से सम्बन्धित तत्वों के मध्य एक प्रकार का गतिशील सम्बन्ध (dynamic rerationship) होता हैं। पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थों का सचेतनता के साथ ग्रहण करना तथा शारीरिक छवि के प्रति सकरात्मक अभिवृत्ति का विकास कल्याण या भलाई के समग्र दृष्टिकोण के अभिन्न अंग हैं। मीडिया साक्षरता को बढ़ावा देकर, स्व–देखभाल की क्रिया–कलापों में संलिप्त होकर तथा एक सहायक सामाजिक नेटवर्क का निर्माण करके, व्यक्ति सामाजिक अपेक्षाओं की जटिलताओं से मुक्त हो सकते हैं तथा अपने शरीर के साथ सकारात्मक व प्रत्यास्थ संबंध विकसित कर सकते हैं। अंततः, जैविक कल्याण की यात्रा एक नितांत ही व्यक्तिगत तथा निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है जिसके लिए आत्म–अनुकंपा, धैर्य एवं शरीर व मन दोनों के पोषण के लिए प्रतिबद्धता की आवश्यकता होती है।

80 ⁄ 20 का नियम तथा व्यक्तित्व पर इसका प्रभाव

(80/20 Rule and its Impact on Personality)

“The way to create something great is to create something simple.”

- Richard Koch, The 80/20 Principle: The Secret to Achieving More with Less

80⁄20 नियम, जिसे पेरेटो का सिद्धांत (Pareto Principle) के रूप में भी जाना जाता है, अर्थशास्त्र (economics) का एक महत्वपूर्ण सिद्धान्त है। पेरेटो का 80⁄20 का सिद्धांत अर्थशास्त्र की परिधि से बाहर समसामयिक (contemporary) जगत् के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक रूप से अनुप्रयोग होने वाली अवधारणा बन गया है। पेरेटो का सिद्धांत कहता है कि हमारी 20 प्रतिशत गतिविधियाँ ही हमारें 80 प्रतिशत परिणामों के लिए उत्तरदायी होतीं है, हालाँकि यह कोई कठिन गणितीय नियम नहीं है, यह एक अवधारणा मात्र है।. इस नियम ने व्यवसाय (business), समय प्रबंधन (time management)

एवं उत्पादकता (productivity) जैसे विविध क्षेत्रों में अपना महत्वपूर्ण स्थान बना लिया है। हालाँकि, इसका प्रभाव इन क्षेत्रों से भी आगे मानव व्यक्तित्व (personality) के जटिल परिदृश्य में गहराई तक फैला हुआ है।

80/20 सिद्धान्त का अर्थ एवं अवधारणा (**Meaning and Concept of 80/20Principle**):

पेरेटो का 80/20 सिद्धांत यह बताता है कि लगभग 80% प्रभाव 20% कारणों से होते हैं। यह नियम एक असमान वितरण (unequal distribution) को उजागर करता है जहाँ निवेश (inputs) या कारकों की एक छोटी संख्या अधिकांश परिणामों में असंगत रूप से योगदान करती है। अर्थात् हमारे लगभग 20 प्रतिशत कार्यों या सबसे अधिक उत्पादक कार्यों से सर्वाधिक सफलता मिलती है। इस नियम



के अनुसार सबसे महत्वपूर्ण (most significant) कारकों पर प्रयासों को केंद्रित करने या महत्वपूर्ण कुछ (vital few) को संबोधित करने से प्रणाली (system) या प्रक्रिया (process) के भीतर विभिन्न तत्वों के प्रभाव में अंतर्निहित असंतुलन (inherent imbalance) को स्वीकार करते हुए पर्याप्त सुधार, दक्षता लाभ या समस्या का समाधान हो सकता है।

पेरेटो सिद्धांत का ऐतिहासिक पृष्ठभूमि (**Historical Background of the Pareto Principle**):

19वीं सदी के अंत में इतालवी अर्थशास्त्री, विल्फ्रेडो पेरेटो (Vilfredo Pareto) ने देखा कि उनके बगीचे से मटर की फली की 80 प्रतिशत फसल उनके 20 प्रतिशत मटर के पौधों से आती थी। पेरेटो ने अपने अवलोकन के आधार पर यह गणना किया कि इटली में 20 प्रतिशत लोगों के पास देश की 80 प्रतिशत संपत्ति है। धन का यह वितरण पेरेटो वितरण (Pareto distribution) का एक उदाहरण है। हालाँकि, पैरेटो सिद्धांत नामक शब्द पैरेटो द्वारा नहीं, बल्कि डॉ. जोसेफ जुरान (Dr. Joseph Juran) द्वारा दिया गया था। 1940 के दशक में जुरान ने पेरेटो के निष्कर्षों को अपने परिचालन प्रबंधन (operations management) के क्षेत्र में लागू किया। उन्होंने विभिन्न व्यवसायों के उत्पादन प्रकिया का गहन निरीक्षण किया तथा इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि उनके उत्पादों के 80 प्रतिशत दोष उत्पादन प्रक्रिया में प्रयुक्त मात्र 20 प्रतिशत त्रुटियों के कारण हो रहे थे, इस प्रकार उन्होने उत्पादन प्रकिया के सुधार में सहायता प्रदान किया। अस्तु पेरेटो के इस विश्लेषण का उपयोग करके उन्होंने उत्पादन की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए उत्पादन प्रक्रिया के 20 प्रतिशत त्रुटियों को कम करने पर ध्यान केंद्रित किया। जूरन ने इस रणनीति को पेरेटो सिद्धांत कहा तथा उन्होंने इस धारणा को भी लोकप्रिय बनाया कि हमें बड़ी सफलता पाने के लिए 'महत्वपूर्ण कुछ' (vital few) पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए एवं 'तुच्छ बहुत' (trivial many) को अनदेखा करना चाहिए।

80/20 सिद्धांत का महत्व (**Imporance of 80/20 Principle**):

सीधे शब्दों में कहा जाय तो पेरेटो सिद्धांत यह निर्धारित करने में सहायता करता है कि हमे अपने प्रयासों को किन क्षेत्रों पर केंद्रित करना चाहिए, अन्य शब्दों में 80⁄ 20 सिद्धांत हम सबको यह तय करने में सहायता करता है कि सर्वोत्तम दक्षता प्राप्त करने के लिए कौन से संसाधन सबसे महत्वपूर्ण हैं। इस प्रकार यह समय, धन, आपूर्ति, प्रयास, भावनाओं, ऊर्जा आदि की बर्बादी को कम करने में सहायता करता है।

हम सभी का अभिप्रेत होता है कि जो काम हम करना चाहते हैं उन्हें पूरा करने के लिए हमारे पास अधिक समय हो। 80 ⁄20 नियम कम महत्वपूर्ण घटकों व कार्यों को हटाने में सहायता करता है, इस प्रकार हम अधिक सफलता प्राप्त करने हेतु सर्वाधिक महत्वपूर्ण 20 प्रतिशत घटकों व कार्यों पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। समय के साथ, इस सिद्धांत को अनेक अनुक्षेत्रों में मान्यता प्रदान किया

गया है, एतद्दर्श यह सिद्धान्त असंतुलन एवं असमानता (imbalance and inequality) के बारे में एक सार्वभौमिक सत्य (universal truth) का सुझाव देता है।

80 20 नियम कैसे काम करता है? (**how does the 80/20 rule works?**)

ऐसे लोगों को देखना कोई असामान्य बात नहीं है जो दिन भर व्यस्त दिखाई देते हैं, किन्तु बहुत कम कार्य को पूरा कर पाते हैं। ऐसा लगभग हमेशा होता है क्योंकि वे उन कार्यों पर काम करने में व्यस्त होते हैं जो अपेक्षकृत कम महत्वपूर्ण होते हैं, जबकि वे एक या दो सर्वाधिक महत्वपूर्ण गतिविधियों पर टालमटोल कर रहे होते हैं जो उनके संस्थान या संगठन एवं उनके करियर में वास्तविक अंतर ला सकते हैं।

पेरेटो सिद्धांत को हम अपने दैनिक कार्यों में निम्नांकित प्रकार से उपयोग में ला सकते हैं–

- ❖ पेरेटो विश्लेषण के अनुसार, हम प्रत्येक दिन जो सबसे मूल्यवान कार्य है उसको सबसे पहले कर सकते हैं। ऐसे कार्य सबसे कठिन व जटिल होते हैं लेकिन उन्हें पूर्ण करने का लाभ एवं पारितोषिक असाधारण व जबरदस्त हो सकते हैं।
- ❖ कार्य प्रारम्भ करने से पहले, हमेशा अपने आप से पूछें, क्या यह कार्य मेरी गतिविधियों के शीर्ष 20 प्रतिशत में है या निचले 80 प्रतिशत में?
- ❖ इस नियम के अनुसार पहले तुच्छ कार्यों को निपटाने के प्रलोभन से बचना चाहिए। यदि हम अपने दिन की शुरुआत उच्च–मूल्य वाले कुछ कार्यों से प्रारम्भ कर दें, तो जल्द ही हमेशा उच्च–मूल्य वाले कार्यों को शुरू करने एवं उन पर अमल करने की आदत विकसित कर लेंगे तथा निम्न मूल्य के अनेक कार्यों को प्राथमिकता कम में निचले पायदान पर रखना सीख जायेगें। अस्तु हमे पहले महत्वपूर्ण कार्य से ही अपने दिन का आरम्भ करना चाहिए।

80 / 20 का सिद्धान्त का व्यक्तित्व पर अनुप्रयोग

(**Applying the** 80/20 **Rule to Personality**)

किसी व्यक्ति का व्यक्तित्व उसके शीलगुणों (traits) तथा व्यवहार प्रतिरूपों (behavior patters) का एक अनूठा संयोजन होता है जो जीवन के प्रति उसकी अन्तर्क्रियाओं (interactions) व प्रतिक्रियाओं (responses) को आकार देता है। 80 /20 का सिद्धान्त यह सुझाव देता है कि 80 प्रतिशत परिणाम

20 प्रतिशत प्रयासों से प्राप्त होते हैं। व्यक्तित्व के सन्दर्भ में इस सिद्धान्त का तात्पर्य यह है कि व्यक्तित्व विशेषताओं (personality traits) का छोटा समूह ही जीवन की विभिन्न परिस्थितियों में किसी के द्वारा प्रदर्शित समग्र आचरण (overall demeanor) पर महत्वपूर्ण प्रभाव (significant impact) डालते हैं। व्यक्तित्व की गतिकी (dynamics) को समझकर व्यक्तिगत विकास एवं प्रभावी आत्म–अभिव्यक्ति के प्रमुख पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करने के लिए 80/20 का सिद्धान्त सहायक हो सकता है। व्यक्तित्व की विविध विशेषताओं पर 80/20 सिद्धान्त के अनुप्रयोग की स्थिति का विवेचन निम्नांकित पंक्तियों में किया गया है–

- शक्ति एवं कमजोरियाँ (**Strengths and Weaknesses**):– किसी की शक्ति एवं कमजोरियों पर विचार करने से यह विदित हो सकता है कि अधिकांश मामलों में, लोग कुछ प्रमुख क्षेत्रों में ही उत्कृष्टता प्राप्त करते हैं जिनका उनकी जीवन की सफलता एवं पूर्ति (fulfillment) में महत्वपूर्ण योगदान होता है। इसके विपरीत, कमज़ोरियाँ प्रायः अधिकांश लक्षणों या कौशलों में होती हैं। इस वितरण को समझकर कोई भी अपने व्यक्तिगत विकास प्रयासों को निर्देशित कर सकता है अर्थात् वह हर कमजोरी को कम करने के प्रयास के बजाय ताकत के बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर सकता है।
- व्यक्तित्व के शील–गुण लक्षण (**Personality Traits**):– व्यक्तित्व मनोविज्ञान के अन्तर्गत किये जाने वाले शोध प्रायः 'बडे पाँच' (Big Five) व्यक्तित्व लक्षणों पर बल देते हैं। बडे पाँच व्यक्तित्व लक्षणों में खुलापन (openness), कर्तव्यनिष्ठा (conscientiousness), बहिर्मुखता (extraversion), सहमतिजन्यता (agreeableness) एवं मनोविक्षुब्धता (neuroticism) सम्मिलित हैं। 80/20 सिद्धान्त का अनुप्रयोग करते हुए यह कल्पना की जा सकती है कि इन लक्षणों की एक छोटी संख्या किसी व्यक्ति के समग्र व्यक्तित्व को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उदाहरण के लिए, उच्च बहिर्मुखता युक्त व्यक्ति को यह स्पष्ट हो सकता है कि यह एकल गुण उनके सामाजिक संपर्क एवं समग्र व्यवहार को सार्थक रूप से प्रभावित करता है।

  हमें अपने व्यक्तित्व के शीलगुणों एवं व्यवहार प्रतिरूपों पर चिंतन करने में समय व्यतीत करना चाहिए। इससे उन प्रमुख पहलुओं की पहचान करने में मदद मिल सकती है जिनका हमारी सफलता में सर्वाधिक प्रभाव पड़ सकता है।

❖ अन्तर्वैयत्तिक सम्बंध एवम् सामाजिक नेटवर्क (**Interpersonal Relationships and Social Networks**):– 80⁄20 सिद्धान्त का अनुप्रयोग अन्तर्वैयत्तिक संबंधों मे किया जा सकता है। इस सिद्धान्त के अनुसार दूसरों के साथ हमारी अन्तर्क्रियाओं (interactions) का एक छोटा प्रतिशत ही हमारे संबंधों की गतिशीलता (dynamics of relationships) पर सार्थक प्रभाव डाल सकता है। सफल या चुनौतीपूर्ण रिश्तों में योगदान देने वाले प्रमुख पहलुओं की पहचान करने से हमारे सामाजिक सम्बंधों की समग्र गुणवत्ता (overall quality) में सुधार करने हेतु मूल्यवान अंतर्दृष्टि (valuable insights) मिल सकती है।

अपने सामाजिक दायरे में 80⁄20 नियम का अनुप्रयोग करें। इससे हम पा सकते हैं कि हमारे सम्बन्धों का लघु भाग (small fraction) ही हमारी प्रसन्नता (happiness), व्यक्तिगत विकास (personal growth) एवं सहायता प्रणाली (support system) में महत्वपूर्ण योगदान देता है। इन प्रमुख रिश्तों की पहचान करके (by identifying) हम उन्हें प्राथमिकता (prioritize) दे सकते हैं तथा पारस्परिक लाभ (mutual benefit) के लिए उनका पोषण कर (nurturing) सकते हैं। इसके विपरीत, कुछ सम्पर्कों के न्यूनतम प्रभाव को पहचानने से हम अपने सामाजिक दायरे (social circles) का पुनर्मूल्यांकन (reevaluate) करने एवं तदनुकूल (acordinngly) समायोजन (adjustment) करने हेतु अभिप्रेरित हो सकते है।

इन प्रमुख कारकों की पहचान करके हमें अपने सम्बन्धों में 80⁄20 नियम लागू करना चाहिए जो हमारी सफलता या चुनौतियों में सर्वाधिक महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। इससे जागरूक सम्बंधों (conscious relationships) को मजबूत करने एवं पारस्परिक मुद्दों (interpersonal issues) को अधिक प्रभावी ढंग से हल करने के प्रयासों का मार्ग प्रशस्त हो सकता है।

❖ कार्य एवं उत्पादकता (**Work and Productivity**):– कार्यस्थल में, 80⁄20 सिद्धान्त यह इंगित करता है कि अधिकांश परिणाम (the majority of results) प्रायः अल्प प्रयासों (minority of efforts) के द्वारा प्राप्त होते है। इसके अन्तर्गत हम सबसे महत्वपूर्ण परिणाम (significant outcomes) देने वाले कार्यों या परियोजनाओं की पहचान कर अधिक प्रभावी (more effective) समय प्रबंधन (time management) एवं संसाधन आवंटन (resource allocation) पर प्रयासों को

केन्द्रित कर सकते है। यह सिद्धांत व्यक्तियों को उच्च प्रभाव वाली गतिविधियों (high-impact activities) पर ध्यान केंद्रित करने, समग्र उत्पादकता एवं वृत्तिक संतुष्टि (job satisfaction) बढाने के लिए प्रोत्साहित करता है।

❖ समय प्रबंधन (**Time Management**):– हम अपने दैनिक कार्यक्रमों में भी 80/20 सिद्धान्त को लागू कर सकते हैं। उन गतिविधियों की पहचान करें जो हमारे लक्ष्यों एवं भलाई में सबसे अधिक योगदान देती हैं। इसमें कार्यस्थल पर कार्यों को प्राथमिकता देना, व्यक्तिगत विकास के लिए समय आवंटित करना, या प्रियजनों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय (quality time) व्यतीत करना शामिल हो सकता है। सबसे प्रभावशाली गतिविधियों (impactful activities) पर ध्यान केंद्रित करके, हम अपने समय के उपयोग को समानुकूलित कर सकते हैं तथा अधिक बेहतर कार्य–जीवन संतुलन (work-life balance) की स्थापना कर सकते हैं।

❖ निर्णय लेना (**Decision-Making**):– 80/20 नियम निर्णय लेने की प्रक्रियाओं का भी मार्गदर्शन कर सकता है। उन महत्वपूर्ण कारकों पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं, जो परिणामों को सार्थक रूप से प्रभावित करते हैं। सबसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर ध्यान देकर, हम अनावश्यक (unnecessary) जटिलता (complexity) एवं तनाव से बचते हुए अधिक संसूचित (more informed) एवं प्रभावी निर्णय ले सकते हैं।

❖ व्यक्तिगत विकास (**Personal Growth**):– जब 80/20 नियम को व्यक्तिगत विकास पर लागू किया जाता है तो यह व्यक्तियों को उन मूल आदतों (core habits), दृष्टिकोणों (attitudes) या कौशलों (skills) की पहचान करने के लिए प्रोत्साहित करता है जो सर्वाधिक महत्वपूर्ण विकास की ओर ले जाते हैं। इन महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर प्रयासों को केंद्रित करके, व्यक्ति अपनी व्यक्तिगत विकास यात्रा को तीव्र कर सकते हैं एवं रूपान्तरकारी (transformative) परिणाम प्राप्त कर सकते हैं।

व्यक्तित्व पर 80/20 नियम के प्रभाव को पहचान कर उसे लागू करने से व्यक्तिगत विकास पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। हमारे व्यवहार में सार्थक योगदान देने वाले महत्वपूर्ण कारकों की पहचान एवं समझ कर, व्यक्ति सार्थक एवं प्रभावशाली परिवर्तनों के लिए अपने प्रयासों को योजित कर सकते हैं।

अपने व्यक्तित्व के हर पहलू को संबोधित करने का प्रयास करने के बजाय उन महत्वपूर्ण 20 प्रतिशत (critical 20%) पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए जो हमारे समग्र कल्याण में सर्वाधिक महत्वपूर्ण (most significant) योगदान देता है। इस लक्षित दृष्टिकोण (targered approach) से अधिक कुशल एवं प्रभावी व्यक्तिगत विकास को सुनिश्चित् किया जा सकता है।

- ❖ प्रेरणाएँ एवं मूल्य (**Motivations and Values**):– व्यक्तिगत प्रेरणाओं एवं मूल्यों से सम्बन्धित सिद्धांतों का एक छोटा सा हिस्सा हमारे अधिकांश निर्णयों को संचालित करता है। 80/20 नियम हमारे कार्यों को निर्देशित करने वाले मूलभूत मूल्यों को समझने तथा अधिक प्रभावी निर्णयन व व्यक्तिगत अभिपूर्ति (personal fulfillment) में सहायक हो सकता है।
- ❖ भावनात्मक बुद्धि (**Emotional Intelligence**):– भावनात्मक बुद्धि के क्षेत्र में, 80/20 नियम यह स्पष्ट करता है कि भावनात्मक अनुबोधकों (emotional triggers) एवं सम्प्रेरकों (drives) का एक छोटा प्रतिशत ही किसी के समग्र भावनात्मक कल्याण पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालता सकता है। इन प्रमुख अनुबोधकों एवं सम्प्रेरकों की पहचान एवं समुचित प्रबंधन के द्वारा व्यक्ति अपनी भावनात्मक प्रत्यास्थता (emotional resilience) को बढा सकते हैं तथा अधिक सकारात्मक मानसिकता विकसित कर सकते हैं।

80/20 नियम एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में कार्य करता है जिसके माध्यम से हम अपने व्यक्तित्व सहित जीवन के विभिन्न पहलुओं से सम्बन्धित परिस्थितियों का विश्लेषण कर तद्नुकूल समायोजन कर सकते हैं। परिणामों एवं प्रयासों (outcomes and efforts) के वितरण में असंतुलन (imbalance) को स्वीकार कर व्यक्ति अधिक संसूचित विकल्पों (informed choices) का चुनाव कर सकते हैं, अपनी ताकत पर यथोचित बल दे सकते हैं तथा उन गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं जो सर्वाधिक महत्वपूर्ण परिणाम देते हैं। 80/20 सिद्धान्त का व्यक्तिगत सम्बंधों (personal relationships), पेशेवर प्रयासों (professional endeavors) या भावनात्मक कल्याण (emotional well-being) पर अनुप्रयोग व्यक्तित्व को सार्थक ढंग से समझने के लिए एक मूल्यवान रूपरेखा प्रदान करता है। यह सिद्धांत हमें अधिक उद्देश्यपूर्ण (purposeful), अर्थपूर्ण (meaningful) एवं एक सम्पूर्ण जीवन की प्राप्ति में सार्थक योगदान प्रदान कर सकता है, जहाँ महत्वपूर्ण स्वल्प (vital few) या महत्वपूर्ण पहलुओं को अनेक तुच्छ (trivial many) पहलुओं पर

प्राथमिकता दी जाती है। 80⁄20 नियम को लागू करके हम न केवल उन कारकों पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं जो हमें बड़ी सफलता दिला सकते हैं, बल्कि समस्याओं या प्रगति की कमी के मुख्य कारणों की पहचान करने में सक्षम भी हो सकते हैं।

80⁄20 का सिद्धान्त एवं कल्याण पर इसका प्रभाव

(The 80/20 Rule and Its Impact on Well-being)

मूल रूप से इतालवी अर्थशास्त्री विल्फ्रेडो पेरेटो द्वारा अर्थशास्त्र में लागू किए गए इस सिद्धांत ने व्यवसाय, समय प्रबंधन एवं व्यक्तिगत विकास सहित जीवन के अन्य विभिन्न क्षेत्रों में अपना महत्वपूर्ण स्थान बना लिया है। हाल के वर्षों में, शोधकर्ताओं एवं विशेषज्ञों ने कल्याण के क्षेत्र में 80⁄20 नियम के अनुप्रयोग का पता लगाया है। निम्नांकित पंक्तियों में कल्याण पर 80⁄20 नियम के बहुमुखी अनुप्रयोग पर प्रकाश डाला गया है, जिसमें यह स्पष्ट करने का प्रयास किया गया है कि कैसे कोई व्यक्ति भलाई या कल्याण के प्रमुख कारकों की पहचान कर एवं उन पर ध्यान केंद्रित करके अपने जीवन की समग्र गुणवत्ता पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है।

कल्याण के संदर्भ में 80⁄20 नियम को समझने के लिए जीवन के विभिन्न आयामों में इसके अनुप्रयोग की व्यापक खोज की आवश्यकता है। इसके प्रमुख पहलुओं में शारीरिक स्वास्थ्य (physical heath), मानसिक कल्याण (emotional well-being) एवं पारस्परिक सम्बंध (interpersonal relationship) निहित हैं, जो किसी व्यक्ति की समग्र भलाई की भावना में योगदान करते हैं। उदाहरण के लिए, शारीरिक स्वास्थ्य पर 80⁄20 नियम को लागू करने में यह पहचान करना महत्वपूर्ण है कि जीवनशैली (life style) में मात्र थोड़े स`परिवर्तन के परिणामस्वरूप समग्र स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण सुधार हो सकता है। शोधों से पता चलता है कि नियमित व्यायाम, संतुलित आहार एवं पर्याप्त नींद जैसी गतिविधियों को प्राथमिकता देना अधिकांश सकारात्मक स्वास्थ्य परिणामों में सार्थक योगदान करता है। इन महत्वपूर्ण कारकों की पहचान करके तथा उन पर ध्यान केंद्रित करके, व्यक्ति अपने शारीरिक कल्याण पर अधिकतम प्रभाव के लिए अपने प्रयासों को समानुकूलित कर सकते हैं।

इसी प्रकार, 80⁄20 नियम को लागू करने से मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। सकारात्मक मानसिकता एवं तनाव प्रबंधन (stress management) के क्षेत्र में प्रायः यह देखा गया है कि गतिविधियों का एक छोटा प्रतिशत मानसिक स्वास्थ्य में सार्थक रूप से योगदान देता है। उदाहरण के लिए, ध्यान योग का अभ्यास करना, तथा लक्ष्य निर्धारित करना ऐसे क्रिया–कलाप हैं, जो मानसिक कल्याण को सार्थक रूप से बढ़ाते हैं। इन उच्च प्रभाव वाली प्रथाओं को पहचानने तथा उनमें अनवरत् रूप संलग्न रहने से व्यक्ति सकारात्मक मानसिकता (positive mindset) का विकास कर सकते हैं, तनाव के स्तर को कम कर सकते हैं तथा अपने समग्र मानसिक स्वास्थ्य में सुधार कर सकते हैं। इस प्रकार का लक्ष्यित दृष्टिकोण (targetet approach) वास्तविक कल्याण में योगदान करने वालीं गतिविधियों के लिए समय, प्रयास एवं संसाधनों (time, efforts and resources) के अधिक कुशल आवंटन (efficient allocation) में सक्षम बनाता है।

सामाजिक समर्थन एवं भावनात्मक कल्याण को बढ़ावा देने हेतु प्रमुख पारस्परिक सम्बंधों के क्षेत्र के महत्व को उजागर करने के लिए 80⁄20 नियम को लागू किया जा सकता है। अध्ययनों से पता चलता है कि निकटम सम्बन्धों का एक लघु भाग ही किसी व्यक्ति की प्रसन्नता एवं जीवन संतुष्टि (happiness and life satisfaction) में महत्वपूर्ण योगदान देता है। इन सार्थक सम्बंधों को पहचानने एवं पोषित करने से व्यक्ति अपने समग्र कल्याण पर गहरा सकारात्मक प्रभाव का अनुभव कर सकते हैं। यह सिद्धांत व्यक्तियों को उन सम्बन्धों में समय व ऊर्जा को निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करता है जो सबसे महत्वपूर्ण होते हैं तथा अपनेपन की भावना, भावनात्मक सुरक्षा एवं आनन्द को बढ़ावा देते हैं।

इसके अलावा, 80⁄20 नियम को कल्याण की खोज में समय प्रबंधन तक बढ़ाया जा सकता है। सबसे प्रभावशाली गतिविधियों की पहचान करने तथा उन्हें प्राथमिकता देने से जीवन को अधिक संतुलित व संतुष्टिदायक (ballence and satisfactory) बनाया जा सकता है। उदाहरण के लिए, गतिविधियों का एक छोटा प्रतिशत, जैसे शौक (hobbies) को पूरा करना, प्रियजनों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताना एवं व्यक्तिगत विकास के कार्यों को पूर्ण करना, किसी की संतुष्टि एवं आनन्द की भावना में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। इन उच्च प्रभाव वाली गतिविधियों के लिए समय व ऊर्जा आवंटित

करके व्यक्ति मूल्यों तथा प्राथमिकताओं के अनुरूप अपना जीवन बना सकते हैं जिससे समग्र कल्याण में वृद्धि हो सकती है।

सकारात्मक भावनात्मकता पर आनुवंशिकीय एवं पर्यावरणीय प्रभाव (Genetic and Environmental Influences on Positive Emotionality)

आनुवंशिकी एवं पर्यावरणीय प्रभाव सकारात्मक भावनात्मकता को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सकारात्मक भावनात्मकता किसी व्यक्ति की सकारात्मक भावनाओं का अनुभव करने की प्रवृत्ति को संदर्भित करता है। व्यक्तित्व निर्धारण के प्रमुख घटक आनुवंशिक (genetic) एवं पर्यावरणीय (environmental) कारकों की जटिल (complex) अन्तर्क्रिया (interaction) सकारात्मक भावनात्मकता (positive emotionality) को प्रभावित करती है। व्यवहारिक आनुवंशिकी (behavioral genetics) के क्षेत्र मे किये गये शोध कार्यों से ज्ञात होता है कि सकारात्मक भावनात्मकता में भिन्नता का एक बड़ा भाग छोटे से आनुवंशिक प्रभावों (genetic influences) के कारण हो सकता है। जुडवाँ बच्चों व पारिवारिक अध्ययनों से इस तथ्य का पता चलता है कि समान जुडवाँ जो अपने 100 पतिशत जीन को साझा करते हैं, असमान जुडवाँ बच्चें जो औसतन केवल 50 प्रतिशत जीन साझा करते हैं, की तुलना में सकारात्मक भावनात्मकता में अधिक समान होते हैं। इसका तात्पर्य यह है कि वंशानुक्रम सकारात्मक भावनाओं की अनुभूतिकरण (sensation) का एक महत्वपूर्ण घटक है। सकारात्मक भावनात्मकता में व्यक्तिगत अंतर (individual differences) को निर्धारित करने वाला प्रमुख घटक स्नायु संचार (neurotransmitter) विनियमन (regulation) तथा मेसोलेम्बिक डोपामाइन मार्गों (mesolimbic dopamine pathways) या पुरस्कार मार्गों (reward pathways) से जुडे विशिष्ट जीन को माना जाता है। हालाँकि इस तथ्य का ध्यान रखना चाहिए कि सकारात्मक भावनात्मकता के विकास को आकार देने में आनुवंशिक प्रवृत्तियाँ (genetic predispositions) एवं पर्यावरणीय कारकों के साथ परस्पर अन्तर्क्रिया का महत्वपूर्ण स्थान होता हैं।

सकारात्मक भावनात्मकता पर आनुवांशिक एवं पर्यावरणीय कारकों के प्रभाव को निम्नांकित बिन्दुओं के द्वारा स्पष्ट करने का प्रयास किया गया हैं—

आनुवंशिक प्रभाव (**Genetic Influences**):

आनुवंशिकता सकारात्मक भावनात्मकता के निर्धारण में एक प्रमुख घटक होता है। अध्ययनों का अनुमान है कि सकारात्मक भावनाओं में लगभग 40–60 प्रतिशत तक की परिवर्तनशीलता आनुवंशिक कारकों के कारण हो सकती है। कुछ प्रमुख आनुवंशिक कारक व प्रभावों में सम्मिलित हो सकते हैं–

1. स्नायु संचार विनियमन (**Neurotransmitter Regulation**):– आनुवंशिक विविधताएँ (Genetic variations) सेरोटोनिन (serotonin), डोपामाइन (dopamine) एवं ऑक्सीटोसिन (oxytocin) जैसे न्यूरोट्रांसमीटर के विनियमन को प्रभावित कर सकती हैं जो सकारात्मक भावनाओं से सम्बन्धित होते हैं।
2. चित्तप्रकृति (**Temperament**):– कुछ स्वभावगत विशेषताएँ (temperamental traits) जिनका आनुवंशिक आधार (genetic basis) होता है, उच्च स्तर की सकारात्मक भावनात्मकता से जुड़े होते हैं। उदाहरण के लिए, बहिर्मुखी स्वभाव (extraverted temperament) वाले व्यक्ति सकारात्मक भावनाओं के प्रति अधिक प्रवृत्त (disposed) हो सकते हैं।
3. व्यक्तित्व लक्षण (**Personality Traits**):– आनुवंशिक कारक आशावाद (optimism) एवं समुत्थानशीलता (resilience) जैसे व्यक्तित्व गुणों के विकास में योगदान करते हैं, जो सकारात्मक भावनात्मकता से निकटता से जुड़े होते हैं।
4. आनुवंशिक समुत्थानशीलता (**Genetic Resilience**):– अनेक व्यक्तियों में ऐसी आनुवंशिक प्रवृत्तियाँ (genetic predispositions) होती हैं, जो प्रतिकूल परिस्थितियों (adverse circumstances) से उबरने (bounce back) की उनकी क्षमता को बढ़ाती हैं तथा अधिक सकारात्मक भावनात्मकता में योगदान करती हैं। एतद्दर्थ आनुवंशिक समुत्थानशीलता युक्त व्यक्तियों में सकारात्मक भावनात्मकता अधिक होती है।
5. वंशानुगत तंत्रिका संरचनाएँ (**Inherited Neural Structures**):– संवेग प्रसंस्करण (emotion processing) के लिए उत्तरदायी मस्तिष्क के अनुक्षेत्रों (brain regions) की संरचना (structure) एवं कार्य (function) यथाः प्रमस्तिष्कखंड (amygdala) एवं मस्तिष्काग्र आवरण (prefrontal cortex) आनुवंशिक कारकों से प्रभावित हो सकते हैं।

6. जीन–पर्यावरण अन्तर्क्रिया (**Gene-Environment Interaction**):– आनुवंशिक कारक सकारात्मक भावनात्मकता को आकार देने के लिए पर्यावरणीय अनुभवों के साथ अन्तर्क्रिया करते हैं, अर्थात् प्रकृति व पोषण (nature and nurture) के मध्य गतिशील अन्योन्य क्रिया (dynamic interplay) के द्वारा सकारात्मक भावनात्मकता की विशिष्टता का निर्धारण होता हैं।

पर्यावरणीय प्रभाव (**Environmental Influences**):

सकारात्मक भावनात्मकता को आकार देने में पर्यावरणीय प्रभावों की महत्वपूर्ण भूमिका होती हैं। पारिवारिक वातावरण (family environment), पालन–पोषण की शैली (parenting style), सांस्कृतिक संदर्भ (cultural context) तथा जीवन के विशिष्ट अनुभव सकारात्मक भावनाओं की अभिव्यक्ति एवं नियमन (expression regulation) में महत्वपूर्ण योगदान करते हैं। उदाहरण के लिए, एक सहायक एवं पोषण करने वाला पारिवारिक वातावरण सकारात्मक भावनात्मकता के विकास को गति प्रदान कर सकता है, इस प्रकार यह भावनात्मक कल्याण के अभिवृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान करता है। सांस्कृतिक मानदंड (cultural norms) एवं सामाजिक अपेक्षाएँ (social expectations) भी सकारात्मक भावनाओं के महत्व एवं अभिव्यक्ति के ढंग को आकार देती हैं। इसके अलावा जीवन के अन्य अनुभव जैसे सकारात्मक रोल मॉडल के संपर्क में आना या सकारात्मक घटनाओं का घटित होना, सकारात्मक भावनात्मकता की अभिव्यक्ति को निश्चित् दिशा दे सकते हैं। सकारात्मक भावुकता के विकास में आनुवंशिकी व पर्यावरण की परस्पर क्रिया व्यक्तित्व लक्षणों की गतिशील एवं जटिल प्रकृति पर प्रकाश डालती है। कुछ प्रमुख पर्यावरणीय कारक व प्रभावों में सम्मिलित हैं–

1. प्रारंभिक बचपन के अनुभव (**Early Childhood Experiences**):– सुरक्षित जुड़ाव सहित सकारात्मक प्रारंभिक देखभाल से युक्त अनुभव सकारात्मक भावनात्मक स्वभाव की नींव रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
2. पालन–पोषण शैली (**Parenting Style**):– माता–पिता के द्वारा अपने भावनाओं को अभिव्यक्त व विनियमित (express and regulate) करने का ढंग बच्चों के भावनात्मक विकास एवं सकारात्मक भावनाओं का अनुभव करने की उनकी प्रवृत्ति को प्रभावित कर सकता है।

3. सांस्कृतिक कारक (**Cultural Factors**):– सांस्कृतिक मानदंड एवं मूल्य (cultural norms and values) सकारात्मक भावनाओं की अभिव्यक्ति एवं व्याख्या को आकार देते हैं, जो किसी व्यक्ति के भावनात्मक अनुभवों (emotional experiences) को प्रभावित करते हैं।
4. सामाजिक समर्थन (**Social Support**):– सकारात्मक सामाजिक अन्तर्क्रिया (positive social interactions) एवं मजबूत समर्थन प्रणाली (strong support system) तनाव के विरूद्ध प्रतिरोध प्रदान करके एवं समग्र कल्याण को बढ़ाकर सकारात्मक भावनात्मकता की अभिवृद्धि में योगदान करती है।
5. शैक्षिक अनुभव (**Educational Experiences**):– सकारात्मक शिक्षण वातावरण (positive learning environments) तथा शिक्षकों की सहयोगी, सहायक एवं सद्भाव की प्रवृत्ति बालकों एवं किशोरों में सकारात्मक भावनात्मकता का बढ़ावा दे सकते हैं।
6. जीवन की घटनाएँ (**Life Events**):– जीवन की सकारात्मक घटनाएँ जैसे, उपलब्धियाँ एवं पुरस्कार (achievements and rewards) सकारात्मक भावनात्मकता को बढ़ाने में योगदान करते हैं। इसी प्रकार नकारात्मक घटनाएँ यथाः भेदभाव, उपेक्षा, अनवरत् विफलता आदि नकारात्मक भावनात्मकता को बढ़ातीं हैं।
7. तनाव कम करने की प्रविधियाँ (**Stress Reduction Techniques**):– तनाव कम करने वाली गतिविधियों (stress-reducing activities) तक पहुँच एवं मुकाबला तंत्र (coping mechanisms) किसी व्यक्ति की सकारात्मक भावनाओं का अनुभव करने की क्षमता को प्रभावित कर सकते हैं।
8. सांस्कृतिक प्रथाएँ (**Cultural Practices**):– अनुष्ठान (rituals), उत्सव (celebrations) एवं अन्य सांस्कृतिक प्रथाएँ (cultural practices), जो सकारात्मक भावनाओं पर बल देती हैं एक समुदाय के भीतर सकारात्मक भावनात्मकता के विकास एवं अभिव्यक्ति में योगदान करती हैं।

अस्तु कहना होगा कि सकारात्मक भावनात्मकता (positive emotionality) आनुवंशिक प्रवृत्तियों (genetic predispositions) एवं पर्यावरणीय कारकों (environmental factors) के संयोजन से प्रभावित एक जटिल गुण (complex trait) होता है, जिसमें प्रकृति व पालन–पोषण दोनों ही व्यक्ति के भावनात्मक अनुभवों (emotional experiences) को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

सकारात्मक भावनात्मकता पर आनुवंशिक एवं पर्यावरणीय प्रभावों का निहितार्थ

(Implications of Genetic and Environmental Influences on Positive Emotionality)

सकारात्मक भावनात्मकता पर आनुवंशिक एवं पर्यावरणीय प्रभावों को समझना मनोविज्ञान (psychology), शिक्षा (education) तथा मानसिक स्वास्थ्य (mental health) सहित विभिन्न क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण है। मनोविज्ञान में आनुवंशिकी की भूमिका को स्वीकार करने से व्यक्तित्व सिद्धांतों (personality theories) को परिष्कृत (refine) करने में सहायता मिल सकती है तथा सकारात्मक भावनात्मकता में व्यक्तिगत विभिन्नताओं (individual differences) की अधिक सूक्ष्म अवबोध (nuanced understanding) में योगदान मिल सकता है। सकारात्मक भावनात्मकता में आनुवांशिकता की मान्यता चिकित्सीय आयामों (therapeutic approaches) की भूमिका को स्वीकार करता है, जो किसी व्यक्ति की आनुवंशिक प्रवृत्ति (genetic predispositions) के अनुरूप व्यक्तिपरक हस्तक्षेप (personalized interventions) की आवश्यकता पर बल देता है। शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक भावनात्मकता का ज्ञान शिक्षकों को छात्रों में सकारात्मक भावनात्मक गुणों (positive emotional traits) को पहचानने (recognizing) एवं संपोषित (nurturing) करने में मार्गदर्शन कर सकता है, जिससे न केवल शैक्षणिक सफलता बल्कि समग्र कल्याण को भी बढ़ावा दिया जा सकता है।

मानसिक स्वास्थ्य में सकारात्मक भावनात्मकता में आनुवंशिक व पर्यावरणीय कारकों के मध्य परस्पर क्रिया की बेहतर समझ तथा रोकथाम एवं हस्तक्षेप (prevention and intervention) रणनीतियों को प्रभावी बनाने में सहायता कर सकती है। उदाहरण के लिए, कम सकारात्मक भावनात्मकता (lower positive emotionality) की आनुवंशिक प्रवृत्ति वाले व्यक्तियों को संज्ञानात्मक–व्यवहार दृष्टिकोण (cognitive-behavioral approaches) या सकारात्मक मनोवैज्ञानिक हस्तक्षेप (positive psychological interventions) के माध्यम से सकारात्मक प्रभाव को बढ़ाने के उद्देश्य से लक्षित हस्तक्षेप (targeted interventions) लाभदायक हो सकते है। इसके अतिरिक्त यह ज्ञान, सहायक वातावरण (supportive environments) सृजन (creation) के महत्व को रेखांकित करता है जो मानसिक स्वास्थ्य पर आनुवंशिक कमजोरियों के प्रभाव को कम कर सकता है। कुल मिलाकर, सकारात्मक भावनात्मकता पर

आनुवंशिक व पर्यावरणीय प्रभावों की अंतर्दृष्टि (insights) को एकीकृत (integrate) करने से भावनात्मक कल्याण (emotional well-being) तथा समुत्थानशीलता (resilience) को बढ़ावा देने के लिए अधिक व्यापक व प्रभावी (comprehensive and effective) रणनीतियाँ (strategies) बनायी जा सकतीं हैं।

UNIT -II

“आपका कार्य प्रेम की तलाश करना नहीं है, बल्कि केवल अपने अन्दर उन सभी बाधाओं को ढूढ़ना एवं पता लगाना है, जो आपने इसके विरूद्ध बनाई हैं।”
—रूमी

***"Your task is not to seek for love, but merely to seek and find all the barriers within yourself that you have built against it."* – Rumi**

पंचम अध्याय (Fifth Lesson)

मनोवैज्ञानिक कल्याण : मनोविज्ञान एवं एक संतुलित व पूर्ण जीवन

(Psychological Well-being : Psychology and a Balanced, fulfilled life)

भारत की सांस्कृतिक एवं दार्शनिक विरासत की समृद्ध दृश्यपटल (Panorama) में, मनोवैज्ञानिक कल्याण की अवधारणा प्राचीन ज्ञान तथा स्वास्थ्य के समग्र दृष्टिकोण (holistic approaches) के साथ गहराई से जुड़ी हुई है। वेदों एवं उपनिषदों जैसे प्राचीन ग्रंथों में निहित, मानसिक कल्याण पर भारतीय दृष्टिकोण शरीर,मन व आत्मा के मध्य सामंजस्यपूर्ण संतुलन (harmonious balance) पर प्रकाश डालता है। समग्र कल्याण की प्राप्ति के लिए एक मूलभूत सिद्धांत सत्व की अवधारणा (concept of "Sattva") है, जो स्पष्टत एवं द्वन्द रहित मानसिक स्थिति के लिए महत्वपूर्ण है। प्राचीन भारतीय परंपराओं से उत्पन्न योग व ध्यान के अभ्यास (practice of yoga and meditation) को न केवल शारीरिक अनुशासन के रूप में बल्कि मानसिक समुत्थानशीलता (resilience) एवं शांति (tranquility) विकसित करने के लिए शक्तिशाली उपकरण के रूप में भी देखा जाता है।

इसके अलावा, भारत की पारंपरिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली (healthcare system), आयुर्वेद मानसिक तथा शारीरिक स्वास्थ्य के अंतर्सम्बंध को बहुत महत्वपूर्ण मानती है। आयुर्वेद, मन को समग्र स्वास्थ्य के महत्वपूर्ण निर्धारक के रूप में देखता है तथा मानसिक कल्याण के लिए व्यक्तिगत (personalized) जीवन शैली–आधारित (lifestyle-based) दृष्टिकोण की व्याख्या करता है। मानस प्रकृति की आयुर्वेदिक अवधारणा मनोकायिक संगठन में व्यक्तिगत अंतर को स्वीकार करती है तथा मानसिक संतुलन (mental equilibrium) को बनाए रखने के लिए अनुरूप (consilient) रणनीतियों की आवश्यकता पर बल देती है। जैसे–जैसे भारत सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तनों से गुजर रहा है, मनोवैज्ञानिक कल्याण पर समकालीन दृष्टिकोण (contemprory approach) भी व्यापक होता जा रहा है, जिसमें पारंपरिक ज्ञान व आधुनिक मनोविज्ञान दोनों का अद्भूत संलयन सम्मिलित है। मनोवैज्ञानिक कल्याण पर इस प्रकार का एकीकृत दृष्टिकोण भारतीय समाज की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता तथा समुस्थानशीलता का परिचायक है।

जलाल अल–दीन मुहम्मद रूमी एक सूफ़ी फारसी कवि थे, जिनके रहस्यमय कार्य, विशेष रूप से मसनावी, विश्व स्तर पर आध्यात्मिक साधकों को प्रेरित करते हैं।

मनोवैज्ञानिक कल्याण का अर्थ एवं अवधारणा
(**Meaning and Concept of Psychological Well-being**):

मनोवैज्ञानिक कल्याण किसी व्यक्ति के भावनात्मक, संज्ञानात्मक व सामाजिक आयामों के मध्य संतुलन की स्थिति को दर्शाता है, जो उसके समग्र मानसिक स्वास्थ्य एवं कार्यों के रूप में अभिव्यक्त होता हे। इसमें उसकी स्वयं की सकारात्मक भावना, तनाव का प्रभावी प्रबंधन, सार्थक सम्बन्धों की स्थापना व उसे बनाए रखने की क्षमता तथा जीवन की चुनौतियों से निपटने की सक्षमता सम्मिलित है। मनोवैज्ञानिक भलाई मानसिक विकारों की अनुपस्थिति से आगे तक जाती है, जो समुत्थानशीलता, आत्म–सम्मान एवं उद्देश्य की भावना जैसे सकारात्मक मनोवैज्ञानिक गुणों की उपस्थिति पर बल देती है। इसमें व्यक्तिगत विकास, आत्म–जागरूकता एवं एक संतोषजनक व उद्देश्यपूर्ण जीवन का भाव सम्मिलित है, जो अंततः किसी व्यक्ति की जीवन की समग्र गुणवत्ता (overall quality of life) के साथ अस्तित्व की जटिलताओं का सामना करने की क्षमता में योगदान करती है।

मनोवैज्ञानिक कल्याण एक बहुआयामी अवधारणा है जिसे विभिन्न मनोवैज्ञानिकों ने अलग–अलग दृष्टिकोणों के अनुसार परिभाषित किया है। यहाँ कुछ प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिकों की परिभाषाएँ प्रस्तुत हैं–

अब्राहम मैसलोः– मैसलो, जो अपनी आवश्यकताओं के पदानुक्रम (hierarchy) के लिए जाने जाते हैं, ने मनोवैज्ञानिक कल्याण को आत्म–बोध (self-actualization) के रूप में वर्णित किया है। मैसलो के अनुसार– "मनोवैज्ञानिक कल्याण किसी की प्रतिभाओं, संभावनाओं एवं क्षमताओं की अनुभूति व पूर्ति है।" ("psychological well-being is the realization and fulfillment of one's talents, potentialities, and capabilities." - Abraham Maslow)

कार्ल रोजर्स (Carl Rogers):– रोजर्स ने मनोवैज्ञानिक कल्याण में आत्म–अवधारणा एवं आत्म–बोध के महत्व पर बल दिया है। उनके अनुसार "जो व्यक्ति दूसरों से बिना शर्त सकारात्मक सम्मान व स्वीकृति का अनुभव करते हैं, उनके कल्याण की स्थिति प्राप्त करने की अधिक संभावना होती है।" ("Individuals who experience unconditional positive regard and acceptance from others are more likely to achieve a state of well-being.")

एरिक इरिक्सन (Erik Erikson):– इरिक्सन के मनोसामाजिक सिद्धांत (psychosocial theory) में सृजनात्मकता या उत्पादकता बनाम ठहराव (productivity versus stagnation) नामक एक चरण निहित है, जहाँ उदारता की भावना का विकास, समाज एवं भावी पीढ़ियों के लिए योगदान करना, मनोवैज्ञानिक कल्याण से जुड़ा हुआ है।

रोल्लो मे (Rollo May):– अस्तित्ववादी मनोवैज्ञानिक रोल्लो मे के अनुसार– "मनोवैज्ञानिक कल्याण किसी व्यक्ति की जीवन की चुनौतियों से संघर्ष एवं सामना करने के दौरान अर्थ व उद्देश्य खोजने की क्षमता के परिणाम के रूप में परिलक्षित होता है।" ("Psychological well-being is reflected as a result of a person's ability to find meaning and purpose when they struggle and cope with life's challenges.")

सिगमंड फ्रायड (Sigmund Freud):– मनोवैज्ञानिक कल्याण पर फ्रायड का दृष्टिकोण अचेतन संघर्षों के समाधान में निहित है। फ्रायड के अनुसार– "इदम्, अहम् तथा परम् अहम् के मध्य संतुलन स्थापित करने के साथ–साथ मनोलैंगिक चरणों में सफल संक्रमण मानसिक स्वास्थ्य में योगदान देता है।" ("Achieving a balance between the id, ego, and superego, as well as successful transition through psychosexual stages, contributes to mental health")

ये परिभाषाएँ उन विविध पहलुओं को दर्शाती हैं जिनमें मनोवैज्ञानिकों ने आत्म–बोध, सकारात्मक भावनाओं, सार्थक सम्बंधों व व्यक्तिगत विकास जैसे कारकों पर विचार करते हुए मनोवैज्ञानिक कल्याण की अवधारणा को स्पष्ट किया है।

कैरोल राइफ (Carol Ryff) ने मनोवैज्ञानिक कल्याण को विशिष्ट रूप से परिभाषित करने का प्रयास किया है, उनके अनुसार–मनोवैज्ञानिक कल्याण एक बहुआयामी अवधारणा है जिसमें सकारात्मक भावनाओं की उपस्थिति, नकारात्मक भावनाओं की अनुपस्थिति व किसी के जीवन में प्रभावी ढंग से कार्य करने की भावना सम्मिलित है। इसमें स्वायत्तता, पर्यावरणीय महारत तथा व्यक्तिगत विकास जैसे आयाम निहित हैं। ("Psychological well-being is a multifaceted concept encompassing the presence of positive feelings, the absence of negative feelings, and the sense of functioning effectively in one's life. It includes dimensions such as autonomy, environmental mastery, and personal growth.")

उपर्युक्त परिभाषाएँ मनोवैज्ञानिक कल्याण के विशिष्ट पक्षों पर प्रकाश डालती हैं, किन्तु इनसे मनोवैज्ञानिक कल्याण की व्यापक अवधारणा का बोध नही होता है, अस्तु अग्राकिंत पंक्तियों में मनोवैज्ञानिक कल्याण को समग्र रूप में परिभाषित करने का प्रयास किया गया है। लेखक के अनुसार– "मनोवैज्ञानिक कल्याण किसी व्यक्ति की इष्टतम मानसिक स्वास्थ्य तथा कामकाज की स्थिति की द्योतक होती है। इसमें कई कारक सम्मिलित हैं, जो किसी व्यक्ति की समग्र मानसिक स्थिति में योगदान करते हैं, जिसमें भावनात्मक समुत्थानशीलता, आत्म–सम्मान, जीवन में उद्देश्य व अर्थ की भावना निहित है। मनोवैज्ञानिक कल्याण प्राप्त करने में जीवन के विभिन्न पहलु यथाः कार्य, सम्बन्ध तथा व्यक्तिगत विकास के मध्य संतुलन बनाए रखना महत्वपूर्ण होता है। मनोवैज्ञानिक कल्याण में तनाव से निपटने, परिवर्तनों को अपनाने तथा सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ चुनौतियों का सामना करने की क्षमता भी सम्मिलित है।" (Psychological well-being refers to the optimal mental health and working conditions of an individual. It involves many factors that contribute to a person's overall mental state, including emotional resilience, self-esteem and a sense of purpose and meaning in life. Maintaining a balance between various aspects of life such as work, relationships and personal development is important in achieving psychological well-being. Psychological well-being includes coping with stress, adapting to changes and ability to face challenges with a positive outlook.)

मनोवैज्ञानिक कल्याण का एक प्रमुख तत्व भावनात्मक समुत्थानशीलता (emotional resilience) है, जो विपरीत परिस्थितियों से उबरने तथा मानसिक संतुलन बनाए रखने की क्षमता का द्योतक होती है। उच्च मनोवैज्ञानिक कल्याण वाले व्यक्ति प्रायः जीवन के उतार–चढावों से निपटने, सकारात्मक भावनाओं का अनुभव करने एवं दूसरों के साथ सार्थक सम्बंध स्थापित करने में अधिक सक्षम होते हैं। इसके अतिरिक्त, आत्म–जागरूकता एवं सचेतनता की एक मजबूत भावना किसी के विचारों व भावनाओं की गहरी समझ को बढ़ावा देकर मनोवैज्ञानिक कल्याण में योगदान कर सकती है। सकारात्मक मानसिकता विकसित करना, प्रसन्नता एवं संतुष्टि लाने वाली गतिविधियों में सम्मिलित होना एवं जरूरत पड़ने पर आवश्यक समर्थन प्राप्त करना किसी के जीवन पर्यन्त (life-longe) मनोवैज्ञानिक कल्याण को बढ़ावा देने और बनाए रखने के आवश्यक घटक हैं।

मनोवैज्ञानिक कल्याण के प्रमुख मॉडल
(Famous Models of Psychological Well-being)

मनोवैज्ञानिक कल्याण का मॉडल किसी व्यक्ति के मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य के अन्वय (construct) एवं कारकों (factors) के विशिष्ट सैद्धांतिक ढाँचे या परिप्रेक्ष्य (specific theoretical frameworks or perspectives) को निरूपित करता है, जो समग्र मनोवैज्ञानिक कल्याण की दृष्टिकोण आधारित (oapproach bassed) व्याख्या करता है। ये मॉडल सामान्यतः संज्ञानात्मक (cognitive), भावनात्मक (emotional), सामाजिक (social) तथा यहाँ तक कि आध्यात्मिक (spiritual) कारकों को ध्यान में रखते हुए कल्याण के विभिन्न आयामों व पहलुओं को सम्मिलित करते हैं। ये मॉडल मनोवैज्ञानिक कल्याण के अध्ययन, मूल्यांकन एवं प्रोत्साहन (promotion) के लिए रूपरेखा (frameworks) प्रदान करते हैं तथा मनोविज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान (research) एवं व्यावहारिक अनुप्रयोगों (practical applications) का मार्गदर्शन करते हैं।

यहाँ पर मनोवैज्ञानिक कल्याण के प्रमुख प्रतिमानों (models) का विवरण प्रस्तुत है।

व्यक्तिपरक मनोवैज्ञानिक कल्याण
(Subjective Psychological Well-being)

व्यक्तिपरक मनोवैज्ञानिक कल्याण (SPWB) एक बहुआयामी अन्वय (construct) है, जिसमें व्यक्तियों के जीवन का समग्र मूल्यांकन, सकारात्मक भावनाओं की उपस्थिति, नकारात्मक भावनाओं की अनुपस्थिति एवं जीवन संतुष्टि की भावना सम्मिलित होती है। यह कल्याण की व्यापक अवधारणा का एक प्रमुख घटक है, जिसने मनोविज्ञान, समाजशास्त्र व सार्वजनिक स्वास्थ्य के ध्यान को अपनी ओर आकर्षित किया है। हालाँकि, व्यक्तिपरक कल्याण के अध्ययन में महत्वपूर्ण व्यक्तियों में से एक नाम एड डायनर (Ed Diener) का आता हैं, जो एक ऐसे मनोवैज्ञानिक हैं, जिन्होंने प्रसन्नता (happiness) एवं कल्याण (well-being) की अवधारणा को स्पष्ट करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। डायनर तथा उनके सहयोगियों ने व्यक्तिपरक कल्याण पर व्यापक शोध किया है, जिससे इस अन्वय (construct) की अवधारणा एवं मापन को आकार देने में सहायता मिली है।

व्यक्तिपरक मनोवैज्ञानिक कल्याण के घटक
(Components of Subjective Psychological Well-being)

व्यक्तिपरक मनोवैज्ञानिक कल्याण (SPWB) के प्रमुख घटक निम्नलिखित हैं–

1. जीवन संतुष्टि (**Life Satisfaction**):– जीवन संतुष्टि एसपीडब्ल्यूबी का एक केंद्रीय घटक है, यह समग्र रूप में किसी व्यक्ति के जीवन के संज्ञानात्मक मूल्यांकन (cognitive evaluations) को प्रदर्शित करता है। इसमें किसी के जीवन की परिस्थितियों की स्व–स्थापित (self-established) मानदंडों (criteria) के साथ तुलना करना सम्मिलित है तथा यह व्यक्तिगत मूल्यों (personal values), आकांक्षाओं (aspirations) एवं सांस्कृतिक संदर्भ (cultural context) जैसे कारकों से प्रभावित होती है। जीवन संतुष्टि का ऑकलन करने के लिए शोधकर्ता प्रायः जीवन संतुष्टि स्केल (Satisfaction With Life Scale -SWLS) जैसे स्व–आख्या उपायों (self-report measures) का उपयोग करते हैं।
2. सकारात्मक भावनाएँ (**Positive Emotions**):– सकारात्मक भावनाएँ, जैसे आनन्द (joy), कृ तज्ञता (gratitude) एवं संतुष्टि (contentment) व्यक्तिपरक मनोवैज्ञानिक कल्याण (SPWB) के अभिन्न अंग हैं। ये भावनाएँ किसी व्यक्ति की पूर्ण प्रसन्नता तथा कल्याण की भावना में योगदान करती हैं। बारबरा फ्रेडरिक्सन (Barbara Fredrickson) के विस्तार–व–निर्माण सिद्धांत (broaden-and-build theory) सहित विभिन्न मनोवैज्ञानिक सिद्धांतों के अनुसार सकारात्मक भावनाएँ किसी की जागरूकता को व्यापक बनाती है, नवीन, खोजपूर्ण विचारों एवं कार्यों को प्रोत्साहित करती है। कालान्तर में यह विस्तृत व्यवहारात्मक प्रदर्शन अनुकूली कौशल एवं मनोवैज्ञानिक संसाधनों का निर्माण करते है।
3. नकारात्मक भावनाएँ (**Negative Emotions**):– चिंता (anxiety), उदासी (sadness) एवं क्रोध (anger) जैसी नकारात्मक भावनाओं की अनुपस्थिति (absence), एसपीडब्ल्यूबी का एक अन्य घटक है, ज्ञातव्य हो कि कुछ स्तर की नकारात्मक भावनाएँ मानव अनुभव का स्वाभाविक अंश होतीं हैं। अत्यधिक एवं लंबे समय तक नकारात्मक प्रभाव सम्पूर्ण कल्याण पर हानिकारक प्रभाव डाल सकता है। भावना विनियमन (emotion regulation) एवं मुकाबला तंत्र (coping

mechanism) जैसी रणनीतियाँ नकारात्मक भावनाओं को प्रबंधित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

4. अर्थ एवं उद्देश्य (**Meaning and Purpose**):– व्यक्तिपरक मनोवैज्ञानिक कल्याण (SPWB) व्यक्तियों के जीवन में अर्थ व उद्देश्य की भावना से भी घनिष्ठ रूप से जुड़ा हुआ है। जीवन में उद्देश्य व अर्थ की भावना की अनुभूति उच्च स्तर के कल्याण का द्योतक होता है। इसके अन्तर्गत जीवन की दिशा एवं लक्ष्यों की स्पष्टता के साथ जीवन की सार्थकता की भावना आती है। यह आयाम अस्तित्ववादी मनोविज्ञान से जुड़ा है, जो किसी के अस्तित्व के अर्थ की खोज पर बल देता है।
5. स्वायत्तता एवं नियंत्रण (**Autonomy and Control**):– किसी के द्वारा जीवन में स्वायत्तता एवं नियंत्रण का अनुभव एसपीडब्ल्यूबी का महत्वपूर्ण कारक हैं। किसी के जीवन पर नियंत्रण रखने की धारणा तथा व्यक्तिगत मूल्यों के अनुरूप विकल्प चुनने की क्षमता व्यक्तिपरक कल्याण में योगदान करती है। स्वायत्तता सशक्तिकरण एवं पूर्णता की भावनाओं से जुड़ी होती है। जो व्यक्ति अपने कार्यों एवं निर्णयों पर नियंत्रण रखते हैं, वे उच्च स्तर के कल्याण का अनुभव करते हैं। यह आत्मनिर्णय सिद्धांत (self-determination theory) के अनुरूप है, जो यह मानता है कि स्वायत्तता एक मौलिक मानवीय आवश्यकता है।

मनोवैज्ञानिक कल्याण का पर्मा मॉडल
(The PERMA Model of Psychological Well-being)

सकारात्मक मनोवैज्ञानिक (positive psychologist) मार्टिन सेलिगमैन (Martin Seligman) ने मनोवैज्ञानिक कल्याण की व्यापक अवधारणा को स्पष्ट करने के लिए जिस सैद्धान्तिक फ्रेमवर्क का विकास किया है, उसे पर्मा (PERMA) मॉडल के नाम से जाना जाता है। सेलिगमैन ने इस मॉडल को मानसिक विकारों के उपचार में मनोविज्ञान के पारंपरिक आयामों की अपेक्षा एक अधिक सकारात्मक दृष्टिकोण के रूप में प्रस्तुत किया है, जो जीवन में कल्याण व पूर्णता को बढ़ावा देने पर बल देता है। इस मॉडल का संक्षिप्त नाम पर्मा (PERMA) उन पाँच तत्वों का प्रतिनिधित्व करता है जो किसी व्यक्ति के समग्र मनोवैज्ञानिक कल्याण में योगदान करते है। पर्मा (PERMA) मॉडल के ये पाँच अवयव

सकारात्मक भावनाएँ (Positive Emotions), संलग्नता (Engagement), सम्बन्ध (Relationships), अर्थ (Meaning) एवं उपलब्धि (Accomplishment) हैं।

सकारात्मक भावनाएँ (**Positive Emotions**):

(**Positive Emotions -P : The Foundation of Well-Being**)

सकारात्मक भावनाएँ, पर्मा (PERMA) मॉडल का एक मूलभूत घटक हैं। यह अवयव दैनिक जीवन में खुशी, कृतज्ञता, प्रेम, आशा एवं अन्य सकारात्मक भावनाओं का अनुभव करने के महत्व पर प्रकाश डालता है। सेलिगमैन इस बात पर बल देते हैं कि सकारात्मक भावनाओं को विकसित करने से तात्कालिक खुशी के साथ दीर्घकालिक कल्याण भी प्राप्त होता है। आनंद (joy) व संतुष्टि (satisfaction) लाने वाली गतिविधियों में सम्मिलित होना, कृतज्ञता का प्रदर्शन (expressing gratitude) तथा सकारात्मक भावों का सुखद अनुभूति भलाई के इस घटक को बढ़ाने के उपाय हैं।

संलग्नता (**Engagement**):

(**Engagement - E : The Flow of a Meaningful Life**)

संलग्नता प्रवाह (flow) की अवधारणा को संदर्भित करती है, एक ऐसी स्थिति जिसमें व्यक्ति पूर्ण रूपेण ध्यान मग्न होते हैं तथा किसी गतिविधि में आकंठ रूप से डूबे होते हैं। जब लोग व्यस्त होते हैं या हाथ में लिए कार्य में इतने संलग्न व मग्न हो जाते हैं कि प्रायः उनको समय का भान भी नही रहता है। पर्मा (PERMA) मॉडल का यह तत्व उन गतिविधियों को खोजने के महत्व पर प्रकाश डालता है, जो उद्देश्य, चुनौती एवं पूर्ति की भावना प्रदान करती हैं। संलग्नता (Engagement) चाहे वह कार्य में हो, शौक (hobbies) में हो या रचनात्मक गतिविधियाँ (creative pursuits) में हों, प्रतिबद्धता उपलब्धि (accomplishment) तथा व्यक्तिगत विकास (personal growth) की भावना को बढ़ावा देकर मनोवैज्ञानिक कल्याण में महत्वपूर्ण योगदान देती है।

सम्बन्ध (**Relationships**):

(**Relationships –R : Relationships does not dominate, it cultivatee**)

मनोवैज्ञानिक कल्याण के लिए मजबूत व सकारात्मक सामाजिक सम्बंध महत्वपूर्ण होता हैं। पर्मा (PERMA) मॉडल का सम्बन्ध घटक दूसरों के साथ सार्थक सम्बंध स्थापित करने एवं बनाए रखने के महत्व पर बल देता है। विश्वास, सहानुभूति तथा आपसी समर्थन युक्त स्वस्थ सम्बन्ध, अपनेपन की भावना में योगदान करते हैं तथा विकट (dreadful) एवं चुनौतीपूर्ण समय (challenging times) के दौरान एक महत्वपूर्ण सहायता प्रणाली (support system) के रूप में कार्य करते हैं। सामाजिक बंधनों का पोषण (nurturing social bonds) करना, प्रियजनों के साथ समय बिताना (spending time with loved ones) तथा सकारात्मक संचार को बढ़ावा देना (fostering positive communication) इस आयाम के आवश्यक पहलू हैं।

अर्थ (**Meaning**):

(**Meaning- M : Discovering Purpose in Life**)

अर्थ का तात्पर्य उद्देश्यपूर्ण व सार्थक (purposeful and meaningful) जीवन की खोज से है। इसमें उन लक्ष्यों की पहचान करना (identifying) तथा उन पर कार्य करना (working) शामिल है, जो किसी के मूल्यों (values) एवं विश्वासों (beliefs) के अनुरूप (aligned) हों। पर्मा (PERMA) मॉडल का यह घटक मानवीय आवश्यकता (human need) के रूप में जीवन के उद्देश्य एवं महत्व की समझ को संदर्भित करता है। इसमें सार्थक लक्ष्यों (meaningful goals) की खोज एवं प्राप्ति तथा स्वयं के साथ–साथ समुदाय व समाज में योगदान देने की भावना सम्मिलित है। सेलिगमैन का मानना है कि अर्थ का अनुभव करने से जीवन अधिक पूर्ण एवं संतुष्टिदायक (fulfilling and satisfying life) होता है। जो व्यक्ति सक्रिय रूप से अपने कार्यों, सम्बन्धों एवं प्रयासों में अर्थ खोजते व प्राप्त करते हैं, वे उच्च स्तर की भलाई (higher levels of well-being) एवं समग्र जीवन संतुष्टि (life satisfaction) का अनुभव करते हैं। यह घटक अधिक सार्थक व उद्देश्यपूर्ण अस्तित्व को बढ़ावा देने के लिए सार्थक उद्देश्यों से जुड़ने तथा जीवन के विभिन्न पहलुओं में महत्व खोजने पर बल देता है। अर्थ की भावना स्थापित करना दीर्घकालिक कल्याण एवं समुत्थानशीलता के लिए ठोस आधार प्रदान करता है।

उपलब्धि (**Accomplishment**):

(**Accomplishment- A: Striving and Achieving Goals**)

मनोवैज्ञानिक मार्टिन सेलिगमैन द्वारा विकसित पर्मा (PERMA) मॉडल में उपलब्धि कारक उपलब्धि एवं निपुणता (mastery) की भावना से सम्बन्धित है जिसे व्यक्ति उस समय अनुभव करते हैं जब वे सफलतापूर्वक अपने लक्ष्यों का पीछा करते हैं और उन्हें प्राप्त करते हैं। इसमें चुनौतियों पर काबू पाने, कौशल को निखारने (honing skills) एवं कार्यों को पूर्ण करने से प्राप्त संतुष्टि सम्मिलित है। यह कारक किसी के जीवन में सार्थक उद्देश्यों का निर्धारण एवं उनके सम्प्राप्ति (acheivement) व पूर्ति (fulfillment) की भावना में योगदान देने के महत्व पर बल देता है। उपलब्धि को समग्र कल्याण (overall well-being) का एक प्रमुख घटक (key component) माना जाता है, क्योंकि यह सक्षमता (competence) एवं प्रभावकारिता (efficacy) की सकारात्मक भावना (positive sense) को बढ़ावा देता है, जिससे व्यक्ति के जीवन के विभिन्न पक्षों से सम्बन्धित कार्यों को करने तथा सफल होने की क्षमता में विश्वास दृढ़ होता है। लक्ष्य चाहें बड़े हों या छोटे, उनकी सम्प्राप्ति व्यक्ति के आत्म–सम्मान (self-esteem), आत्मविश्वास (confidence) एवं समग्र कल्याण में योगदान करता है।

पर्मा (PERMA) मॉडल मनोवैज्ञानिक कल्याण के अवबोध व अभिवृद्धि के लिए एक समग्र रूपरेखा (holistic framework) प्रदान करता है। कोई भी व्यक्ति अपने व्यक्तिगत व व्यवसायिक क्रिया–कलापों में सकारात्मक भावनाओं (positive emotions), संलग्नता (engagement), सार्थक सम्बन्ध (relationships), अर्थ (meaning) एवं उपलब्धि (accomplishment) को समाविष्ट करके अधिक पूर्ण व समृद्ध जीवन (flourishing life) की दिशा में प्रयास कर सकते हैं। इस मॉडल को सकारात्मक मनोविज्ञान में व्यापक रूप से अपनाया गया है। इसने शिक्षा (education), चिकित्सा (therapy) एवं संगठनात्मक विकास (organizational development) सहित विभिन्न क्षेत्रों को प्रभावित किया है, क्योंकि यह मानसिक स्वास्थ्य एवं आनन्द को बढ़ावा देने के लिए एक रोडमैप प्रदान करता है। पर्मा (PERMA) मॉडल के सिद्धांतों को अपनाने से व्यक्तियों को अधिक सार्थक जीवन जीने तथा मुक्कमल तौर पर अपने समुदायएवं समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए सशक्त बनाया जा सकता है।

मनोवैज्ञानिक कल्याण का द्वि–कारक मॉडल

(Dual-Factor Model of Psychological Well being)

मनोवैज्ञानिक कैरोल राइफ़ (Carol Ryff) द्वारा प्रस्तावित मनोवैज्ञानिक कल्याण का द्वि–कारक मॉडल (Dual-Factor Model), किसी व्यक्ति के सम्पूर्ण मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य (psychological health) को समझने तथा उसका आँकलन (assessing) करने के लिए एक व्यापक रूपरेखा (comprehensive framework) प्रदान करता है। यह मॉडल पारंपरिक दृष्टिकोण (traditional approaches) से भिन्नता रखता है तथा मुख्य रूप से मानसिक विकारों की अनुपस्थिति (absence of mental illness) पर ध्यान केंद्रित करता है। कैरोल राइफ़ ने मनोवैज्ञानिक कल्याण को इष्टतम मानव कामकाज के रूप में परिभाषित किया है, जिसमें अधिक संख्या में सकारात्मक भावनाएँ उत्पन्न होती हैं।(**"psychological well-being is a state of optimal human functioning, in which a high number of positive emotions are produced."**) अपने शोध के आधार पर उन्होंने कल्याण की स्थिति का आँकलन करने के लिए अनेक उपकरण भी विकसित किए हैं। इसके अलावा उन्होने समुत्थानशीलता (resilience) की अवधारणा पर गहराई से कार्य किया है, दरअसल यह उनके सिद्धांत के केंद्र में है। कैरोल राइफ़ द्वारा द्वि–कारक मॉडल (Dual-Factor Model) 1980 के दशक के अंत में प्रस्तुत किया गया था। कालान्तर में शोधों के माध्यम से इसका विस्तार किया गया। राइफ के मॉडल में छह आयाम (six dimensions) सम्मिलित हैं तथा प्रत्येक आयाम मनोवैज्ञानिक कल्याण के एक विशिष्ट पहलू का प्रतिनिधित्व करता है। इन कारकों में मुख्य अंतर इनकी दोहरी प्रकृति (dual nature) में निहित है– तीन आयाम सकारात्मक कल्याण के पहलुओं को दर्शाते हैं, जबकि अन्य तीन मनोवैज्ञानिक शिथिलता (psychological dysfunction) की अनुपस्थिति से सम्बंधित हैं।

द्वि–कारक मॉडल के छह आयाम (**The Six Dimensions of Dual-Factor Model**):

राइफ़ के द्वि–कारक मॉडल (Dual-Factor Model) के छह आयाम (six dimensions) निम्नलिखित हैं–

1. स्वायत्तता (**Autonomy**):– स्वायत्तता उस सीमा को इंगित करती है जिस हद तक व्यक्ति अपने जीवन पर नियंत्रण की अनुभूति एवं अपने मूल्यों के अनुरूप विकल्पों का चयन तथा अपनी मान्यताओं के अनुरूप कार्य करने में समर्थ होते हैं। यह आयाम आत्मनिर्णय (self-determination)

व बाहरी दबाव (external coercion) के बिना स्वयं के व्यवहार को विनियमित (regulate) करने की क्षमता पर केंद्रित है। उच्च स्वायत्तता युक्त व्यक्ति अधिक आत्म–जागरूक (self-aware), मुखर (assertive) तथा ऐसे निर्णय लेने में सक्षम होते हैं जो उनकी व्यक्तिगत मान्यताओं (personal convictions) के अनुरूप होते हैं।

2. पर्यावरणीय निपुणता (**Environmental Mastery**):– पर्यावरणीय निपुणता में किसी के परिवेश को प्रभावी ढंग से प्रबंधित (effectively manage) करने एवं आकार देने की क्षमता निहित होती है। उच्च स्तर की पर्यावरणीय निपुणता वाले व्यक्ति दैनिक जीवन की मांगों को संभालने, समस्याओं को हल करने तथा अपने लिए एक सहायक व समृद्ध वातावरण बनाने में दक्ष होते हैं। यह आयाम किसी व्यक्ति की नई परिस्थितियों के अनुकूल ढलने (adapt to new situations) एवं जीवन की चुनौतियों से निपटने की क्षमता को दर्शाता है।
3. व्यक्तिगत विकास (**Personal Growth**):– व्यक्तिगत विकास का तात्पर्य समय के साथ स्वयं का निरंतर विकास व सुधार से है। व्यक्तिगत विकास को प्राथमिकता देने वालें सीखने के अवसर तलाशते हैं, चुनौतियों को स्वीकार करते हैं एवं आत्म–सुधार (self-improvement) के लिए प्रयासरत् रहते हैं। यह आयाम दूरदर्शितापूर्ण परिप्रेक्ष्य (forward-looking perspective) के महत्व को रेखांकित करता है, जहाँ व्यक्तियों को अपनी क्षमताओं को विकसित करने तथा विस्तारित (evolve and expand) करने के लिए प्रेरित किया जाता है।
4. दूसरों के साथ सकारात्मक सम्बंध (**Positive Relations with Others**):– यह आयाम दूसरों के साथ सार्थक व सकारात्मक सम्बंधों (meaningful and positive relationship) के महत्व पर बल देता है। सहानुभूति (empathy), विश्वास (trust) एवं आपसी सहयोग (mutual support) से युक्त स्वस्थ सामाजिक सम्बन्ध मनोवैज्ञानिक कल्याण में योगदान करते हैं। दूसरों के साथ सकारात्मक सम्बंध सामाजिक बंधनों (social bonds) के महत्व को उजागर करते हैं, चाहे वह परिवार, मित्रता या व्यापक सामुदायिक (broader community) सम्बंधों के संदर्भ में क्यो न हो।
5. जीवन में उद्देश्य (**Purpose in Life**):– जीवन में उद्देश्य से तात्पर्य दिशा, अर्थ एवं लक्ष्यों (direction, meaning, and goals) की भावना से युक्त होना है। उद्देश्य की प्रबल भावना वाले व्यक्तियों को इस बात की स्पष्ट समझ होती है कि वे क्या प्राप्त करना चाहते हैं तथा वे सार्थक

उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित होते हैं। यह आयाम स्वयं से भी बड़ी किसी चीज में योगदान देने से प्राप्त संतुष्टि की भावना से जुड़ा है।

6. आत्म–स्वीकृति (**Self-Acceptance**):– आत्म–स्वीकृति स्वयं के बारे में सकारात्मक व यथार्थवादी (positive and realistic) धारणा होती है। जिसमें बिना किसी पुर्वाग्रह के अपनी शक्ति व कमजोरियों (strengths and weaknesses) को पहचानने का भाव व क्षमता सम्मिलित होती है। उच्च आत्म–स्वीकृति वाले व्यक्ति अपने स्वरूप व स्वभाव के साथ सहज होते हैं तथा उच्च स्तर का आत्म–सम्मान प्रदर्शित करते हैं। यह आयाम अवाछिंत आत्म–आलोचना (self-criticism) के बिना अपनी पहचान व अनुभवों को अपनाने के महत्व पर बल देता है।

राइफ़ के मॉडल की दोहरी प्रकृति (**The Dual Nature of the Ryff's Model**)

राइफ़ का द्वि–कारक मॉडल (Dual-Factor Model) मनोवैज्ञानिक कार्यप्रणाली के सकारात्मक एवं नकारात्मक (positive and negative) पहलुओं के एकीकरण (integration) में अद्वितीय (unique) है। पहले तीन आयाम सकारात्मक कल्याण पर ध्यान केंद्रित करते हैं, बाद के तीन आयाम मनोवैज्ञानिक शिथिलता (psychological dysfunction) की अनुपस्थिति को संबोधित करते हैं। इन आयामों को प्रायः सकारात्मक एवं नकारात्मक माना जाता है, जो मनोवैज्ञानिक कल्याण के द्वित्व प्रकृति का द्योतक है। निम्नांकित सारणी की सहायता से राइफ के मॉडल के द्विकारकता को स्पष्ट किया गया है–

विमाएँ (Dimension)	द्वित्वता (Duality)	सकारात्मक पक्ष (Positive aspects)	नकारात्मक पक्ष (negative aspects)
1स्वायता (Autonomy)	स्वायत्तता बनाम निर्भरता (Autonomy vs. Dependence)	स्वायत्तता यह दर्शाता है कि किस सीमा तक व्यक्ति अपने जीवन पर स्वयम् के नियंत्रण की अनुभूति करते हैं। वे अपनी पसंद का निर्धारण खुद करते हैं।	निर्भरता उस सीमा को संदर्भित करती है जिस सीमा तक व्यक्ति समर्थन, मार्गदर्शन या सत्यापन के लिए दूसरों पर निर्भर होते हैं।
2पर्यावरणीय निपुणता	पर्यावरणीय निपुणता बनाम असहायता	पर्यावरणीय निपुणता में परिवेश को प्रबंधित व	असहायता वाह्य परिस्थितियों से दबे होने, नियंत्रण की कमी

(Environmental Mastery)	(Environmental Mastery vs. Helplessness)	नियंत्रित करने, वाह्य वातावरण में प्रभावी ढंग से अनुकूलन व किसी के जीवन को आकार देने की क्षमता सम्मिलित है।	तथा वातावरण को प्रभावित करने या आकार देने में असमर्थता की भावना को संदर्भित करती है।
3 व्यक्तिगत विकास (Personal Growth)	व्यक्तिगत विकास बनाम ठहराव (Personal Growth vs. Stagnation)	व्यक्तिगत विकास किसी की क्षमता के निरंतर विकास एवं संप्राप्ति, सार्थक लक्ष्यों की खोज व समय के साथ सुधार की भावना से संबंधित है।	ठहराव में व्यक्तिगत विकास की कमी या अटके रहने की भावना, बहुत कम या कोई प्रगति या वृद्धि नहीं होती है।
4जीवन में उद्देश्य (Purpose in Life)	जीवन में उद्देश्य बनाम अर्थहीनता (Purpose in Life vs. Meaninglessness)	यह लक्ष्य व दिशा, उद्देश्य की भावना तथा सार्थकता की अनुभूति से सम्बंधित है।	अर्थहीनता में दिशा की कमी, अस्पष्ट लक्ष्य तथा यह भावना निहित है कि जीवन में उद्देश्य या महत्व का अभाव है।
5 दूसरों के साथ सकारात्मक संबंध (Positive Relations with Others)	दूसरों के साथ सकारात्मक संबंध बनाम अलगाव (Positive Relations with Others vs. Isolation)	दूसरों के साथ सकारात्मक संबंध पारस्परिक संबंधों की गुणवत्ता पर केंद्रित है, जिसमें सामाजिक समर्थन, सहानुभूति एवं दूसरों के साथ सार्थक सम्बंध सम्मिलित हैं।	अलगाव व अकेलेपन की भावनाएँ, सामाजिक समर्थन की कमी तथा दूसरों से अलग होने की भावना को संदर्भित करता है।
6 आत्म– स्वीकृति (Self-Acceptance)	आत्म–स्वीकृति बनाम आत्म–अस्वीकृति (Self-	आत्म–स्वीकृति में स्वयं का सकारात्मक मूल्यांकन व	आत्म–अस्वीकृति नकारात्मक आत्म–मूल्यांकन,आत्म–आलोचना

	Acceptance vs. Self-Rejection)	आत्म–स्वीकरण का भाव सम्मिलित है, जिसमें कठोर आत्म–निर्णय के बिना अपनी ताकत व कमजोरियों को स्वीकार करना निहित है।	तथा स्वयं के गुणों की स्वीकृति की कमी को दर्शाती है।

प्रत्येक आयाम में द्वित्व (Duality) उस सातत्य (continuum) को दर्शाता है जिसके साथ व्यक्ति मनोवैज्ञानिक कल्याण का अनुभव कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, व्यक्ति स्वायत्तता एवं निर्भरता, पर्यावरणीय स्वामित्व एवं असहायता आदि की भावनाओं के मध्य उच्च या निम्न स्थिति में हो सकते हैं। इन द्वि–कारकता के मध्य गतिशील अन्तर्क्रिया (dynamic intreraction) मनोवैज्ञानिक कल्याण की जटिलता में योगदान करती है, जो इस बात पर प्रकाश डालती है कि यह एक स्थिर या एकआयामी अवधारणा नहीं है। यह दोहरा परिप्रेक्ष्य राइफ़ के इस विश्वास को दर्शाता है कि मनोवैज्ञानिक कल्याण की व्यापक समझ के लिए मानव अनुभव के सकारात्मक व नकारात्मक दोनों पहलुओं पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

निहितार्थ एवं अनुप्रयोग (**Implications and Applications**):– विभिन्न संदर्भों में द्वि–कारक मॉडल का मनोवैज्ञानिक अनुसंधानों (psychological researches) में व्यक्तियों की भलाई (well-being) का मापन (measurement) तथा आँकलन (assessment) के लिए व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है। शोधकर्ता एवं चिकित्सक इस मॉडल को यह पता लगाने के लिए अनुप्रयोग करते हैं कि विभिन्न जीवन परिस्थितियाँ (circumstances), हस्तक्षेप (interventions) या व्यक्तिगत विशेषताएँ मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य को कैसे प्रभावित करती हैं। इसका उपयोग अविकसित या उपेक्षित विशिष्ट आयामों को लक्ष्यित करके कल्याण को बढ़ाने के उद्देश्य से हस्तक्षेपों का अभिकल्पन (design) करने के लिए भी किया गया है।

कैरोल राइफ.का मनोवैज्ञानिक कल्याण का द्वि–कारक मॉडल किसी व्यक्ति के मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य की समग्र एवं सूक्ष्म समझ प्रदान करता है। सकारात्मक एवं नकारात्मक दोनों आयामों को सम्मिलित करके यह मॉडल मनोवैज्ञानिक कल्याण का अधिक व्यापक मूल्यांकन करता है, जो मानसिक

विकारों की अनुपस्थिति से परे है। इस मॉडल के छह आयाम– स्वायत्तता, पर्यावरणीय स्वामित्व, व्यक्तिगत विकास, दूसरों के साथ सकारात्मक सम्बंध, जीवन में उद्देश्य तथा आत्म–स्वीकृति सामूहिक रूप से मनोवैज्ञानिक कल्याण की समृद्ध आधारशिला के निर्माण में योगदान करते हैं। शोधकर्ता, चिकित्सक एवं सामान्य व्यक्ति समान रूप से सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य को समझने व बढ़ावा देने के लिए इस मॉडल के विशिष्ट दृष्टिकोण से लाभ उठा सकते हैं।

डेसी व रयान का हेडोनिक व यूडेमोनिक वेल–बीइंग मॉडल (**Hedonic and Eudaimonic Well-Being Model of Deci and Ryan**):

व्यक्ति के कल्याण एवं प्रफुल्लता व उत्कर्ष (happiness flourishing) को समझने एवं मापने के लिए हेडोनिक व यूडेमोनिक कल्याण का मॉडल मनोवैज्ञानिक एडवर्ड एल. डेसी (Edward L. Deci) एवं रिचर्ड एम. रयान (Richard M. Ryan) द्वारा विकासित किया गया है, जिसे आत्म निर्धारण सिद्धान्त (self determination theory) भी कहतें हैं। हेडोनिक व यूडेमोनिक कल्याण मॉडल की अवधारणाएँ सकारात्मक मनोविज्ञान (positive psychology) के क्षेत्र का आधारभूत (fundamental) सिद्धान्त हैं तथा उन कारकों के अध्ययन पर केंद्रित है जो जीवन की पूर्णता एवं सार्थकता में योगदान करते हैं।

हेडोनिक कल्याण (**Hedonic Well-Being**):– हेडोनिक या सुखमय कल्याण आनन्द की खोज एवं कष्टों से बचने पर केन्द्रित है। यह आनन्द या प्रसन्नता के व्यक्तिपरक अनुभव (subjective experience) तथा किसी व्यक्ति के समग्र सकारात्मक भावात्मक अवस्थाओं (affective states) से सम्बन्धित होता है। मनोवैज्ञानिक कल्याण का यह परिप्रेक्ष्य बताता है कि कल्याण सकारात्मक भावनाओं (positive emotions) की उपस्थिति एवं नकारात्मक भावनाओं (negative emotions) की अनुपस्थिति में निहित है। दूसरे शब्दों में हेडोनिक कल्याण में आनंद, सुख एवं किसी की इच्छाओं व वरीयताओं की संतुष्टि की खोज पर बल दिया जाता है। डेसी एवं रयान का कहना है कि हेडोनिक कल्याण प्रायः वाह्य कारकों (external factors) जैसे भौतिक संपत्ति (material possessions), सामाजिक स्थिति (social status) एवं इन्द्रिय सुख (sensory pleasures) से जुड़ा होता है। कल्याण का यह रूप दैनिक जीवन के अनुभवों (everyday experiences) में आसानी से देखा जा सकता है, जहाँ व्यक्ति प्रायः

स्वादिष्ट भोजन में लिप्त होने, मनोरंजक गतिविधियों में संलग्न होने या भौतिक वस्तुओं को प्राप्त करने जैसी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से तत्काल संतुष्टि तथा प्रसन्नता की तलाश करते पाये जाते हैं।

हालाँकि हेडोनिक कल्याण दृष्टिकोण की इसी संभावित अदूरदर्शिता एवं निरंतर पूर्ति (sustained fulfillment) प्रदान करने की सीमित क्षमता के लिए आलोचना की गई है। मात्र आनंद की खोज स्थायी कल्याण का कारण नहीं बन सकती है, क्योंकि यह प्रायः वाह्य परिस्थितियों पर निर्भर करती है, जो क्षणिक एवं अप्रत्याशित (unpredictable) भी हो सकती हैं।

यूडेमोनिक कल्याण (**Eudaimonic Well-Being**):– यूडेमोनिक कल्याण मात्र आनंद की खोज तक सीमित न होकर भलाई के व्यापक दृष्टिकोण की वकालत करता है। यह किसी की पूर्ण अभिक्षमता (full potential ability) की प्राप्ति एवं एक सार्थक व उद्देश्यपूर्ण (meaningful and purposeful) जीवन की खोज पर केंद्रित होता है। यूडेमोनिक शब्द की व्युत्पत्ति ग्रीक भाषा की यूडेमोनिया ("eudaimonia- The state or condition of good spirit and commonly used for happiness or walfare") से हुई है जिसको प्राचीन ग्रीक दर्शन, विशेष रूप से प्लेटो व अरस्तू की शिक्षाओं से लिया गया है। यह शब्द उत्कर्ष की स्थिति को संदर्भित करता है जो किसी के वास्तविक स्वभाव के अनुसार जीने में निहित है।

डेसी व रयान के अनुसार यूडेमोनिक कल्याण के अन्तर्गत आंतरिक भाव को संतुष्ट करने वाली ऐसी गतिविधियाँ आती हैं जो किसी व्यक्ति के मूल्यों व उद्देश्य की भावना के साथ संरेखित होती हैं। इसमें व्यक्तिगत विकास मे अभिवृद्धि करना, दूसरों के कल्याण में योगदान देना तथा सार्थक सम्बन्ध विकसित करना सम्मिलित है। सुखमय कल्याण (hedonic well-being) के विपरीत, यूडेमोनिक कल्याण अधिक स्थायी है तथा वाह्य परिस्थितियों पर कम निर्भर है।

यूडेमोनिक कल्याण को डेसी व रयान के आत्मनिर्णय सिद्धांत के प्रमुख घटकों को स्वायत्तता (autonomy), सक्षमता (competence) एवं संबद्धता (relatedness) जैसे कारकों से जोड़ा गया है। स्वायत्तता में किसी के कार्यों पर नियंत्रण की भावना (feeling in control of one's actions) निहित है, सक्षमता स्वामित्व व प्रभावशीलता (mastery and effectiveness) की भावना से संबंधित है तथा संबद्धता अन्य के साथ सार्थक संबंधों (meaningful connections with others) के अनुभव को संदर्भित करती है।

हेडोनिक एवं यूडेमोनिक कल्याण का एकीकरण (**Integration of Hedonic and Eudaimonic Well-Being**):– डेसी एवं रयान का मत है कि हेडोनिक एवं यूडेमोनिक दोनों तत्वों का एकीकरण पर आधारित एक संतुलित दृष्टिकोण व्यापक कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है। हाँलाकि सकारात्मक भावनाओं एवं आनंद की खोज महत्वपूर्ण है, परन्तु इसे उन गतिविधियों से पूरित (complemented) किया जाना चाहिए जो व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देते हैं, समुदाय में सार्थक योगदान करते हैं तथा मूल्यों के साथ संरेखित होते हैं।

यह एकीकृत परिप्रेक्ष्य (integrative perspective) मानता है कि अल्पकालिक (short-term) सुख (pleasures) भलाई में योगदान दे सकते हैं, लेकिन उन गतिविधियों के माध्यम से निरंतर पूर्ति (sustained fulfillment) की अधिक संभावना होती है, जो उद्देश्य की भावना (sense of purpose) प्रदान तथा अधिक सार्थक जीवन (meaningful life) में योगदान करती हैं।

कहना न होगा कि कुल मिलाकर डेसी व रयान द्वारा प्रस्तुत हेडोनिक एवं यूडेमोनिक कल्याण की अवधारणाएँ मानव उत्कर्ष (human flourishing) की बहुमुखी प्रकृति में मूल्यवान अंतर्दृष्टि (valuable insights) प्रदान करती हैं। दोनों परिप्रेक्ष्य (both perspectives) कल्याण की सूक्ष्म समझ (nuanced understanding) प्रदान करते हैं तथा उद्देश्य, व्यक्तिगत विकास एवं सार्थक सम्बंधों के महत्व पर बल देते हुए आनंद–प्राप्ति के महत्व को स्वीकार करते हैं।

अल्बर्ट बंडुरा का मनोवैज्ञानिक कल्याण मॉडल
(**Psychological Well being Model of Albert Bandura**)

प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक अल्बर्ट बंडुरा जो अपने सामाजिक संज्ञानात्मक सिद्धांत (Social Cognitive Theory) के लिए प्रसिद्ध हैं, ने मनोवैज्ञानिक कल्याण मॉडल के द्वारा व्यक्तियों के मनोवैज्ञानिक कल्याण सहित मानव व्यवहार को समझने के लिए एक व्यापक (comprehensive) रूपरेखा (framework) प्रदान किया है। यह सिद्धांत संज्ञानात्मक (cognitive), व्यवहारिक (behavioral) एवं पर्यावरणीय (environmental) कारकों के मध्य पारस्परिक अन्तर्क्रिया (reciprocal interaction) को महत्व देता है। पारस्परिक अन्तर्क्रिया के द्वारा ये कारक एक दूसरे को प्रभावित करत`है। बंडुरा का सामाजिक संज्ञानात्मक सिद्धांत मनोवैज्ञानिक कल्याण की जटिलताओं (complexities) का पता लगाने के लिए महत्वपूर्ण मॉडल के रूप में मान्य है।

सामाजिक संज्ञानात्मक सिद्धांत का मानना है कि व्यक्ति दूसरों को देखकर (observing others) तथा उनके कार्यों के परिणामों (consequences of their actions) के प्रेक्षण से सीखते हैं। यह प्रेक्षणत्मक अधिगम (observational learning) जिसे मॉडलिंग (modeling) या अनुकरण (imitation) के रूप में जाना जाता है, विभिन्न व्यवहारों (behaviors) तथा मनोवैज्ञानिक अवस्थाओं (psychological stages) के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभातें हैं। यह मॉडल सुझाव देता है कि लोग न केवल प्रत्यक्ष अनुभवों (direct experiences) से सीखते हैं बल्कि दूसरों के कार्यों एवं उनके परिणामों को देखकर परोक्ष अनुभवों (indirect experiences) द्वारा भी सीखते हैं।

मनोवैज्ञानिक कल्याण के संदर्भ में बंडुरा का मॉडल आत्म–प्रभावकारिता (self-efficacy) के महत्व को रेखांकित करता है, जो वांछित परिणाम (desired outcomes) प्राप्त करने के लिए किसी विशेष व्यवहार (specific behavior) को सफलतापूर्वक करने की क्षमता में किसी व्यक्ति के विश्वास को प्रदर्शित करता है। उच्च आत्म–प्रभावकारिता सकारात्मक मनोवैज्ञानिक कल्याण से जुड़ी हुई है, क्योंकि अपनी क्षमताओं में विश्वास रखने वाले व्यक्तियों में चुनौतियों का सामना करने, महत्वाकांक्षी लक्ष्य (ambitious goals) निर्धारित करने तथा बाधाओं का सामना करने की अधिक संभावना होती है। बंडुरा के सामाजिक संज्ञानात्मक सिद्धांत में कई प्रमुख घटक (key components) हैं, जो मनोवैज्ञानिक कल्याण में महत्वपूर्ण योगदान करते हैं। इन घटकों को निम्नांकित पंक्तियों में स्पष्ट किया गया है–

अवलोकनात्मक अधिगम (**Observational Learning**):– बंडुरा के अनुसार व्यक्ति दूसरों के कार्य, गतिविधियों व व्यवहार के प्रेक्षण द्वारा नये व्यवहार एवं भावनात्मक प्रतिक्रियाओं को सीखते हैं। यह प्रक्रिया उन्हें अपने आदर्श व्यक्तियों से सीखने (learn from role models), उनके द्वारा किये गए व्यवहार तथा मुकाबला करने की रणनीतियों (coping strategies) के आधार पर अपने स्वयं के मनोवैज्ञानिक कल्याण को आकार देने में सार्थक योगदान करती है।

आत्म–प्रभावकारिता (**Self-Efficacy**):– बंडुरा के सिद्धांत के केंद्र में आत्म–प्रभावकारिता (self-efficacy) है, जो मनोवैज्ञानिक कल्याण को निर्धारित करने (determining) में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उच्च आत्म–प्रभावकारिता वाले व्यक्ति सकारात्मक मानसिक स्थिति को बढ़ावा देते हुए आशावाद (optimism), समुत्थानशीलता (resilience) तथा नियंत्रण की भावना (sense of control) के साथ चुनौतियों का सामना करने की अधिक संभावना रखते हैं।

पारस्परिक नियतिवाद (**Reciprocal Determinism**):– बंडुरा संज्ञानात्मक (cognitive), व्यवहारिक (behavioral) एवं पर्यावरणीय (environmental) कारकों के मध्य पारस्परिक अन्तर्क्रिया (reciprocal interaction) में व्यक्ति तथा उसके सामाजिक एवं भौतिक पर्यावरण (social and physical environment) के द्वैत सम्बंध (bi-directional relationship) पर विशेष बल देता है। मनोवैज्ञानिक कल्याण न केवल व्यक्तिगत विचारों एवं कार्यों से बल्कि सामाजिक एवं भौतिक वातावरण से भी प्रभावित होता है। इसी तरह किसी की मनोवैज्ञानिक स्थिति उनके व्यवहार, परिवेश का अवलोकन तथा उनके साथ अन्तर्क्रिया को प्रभावित कर सकती है।

परिणाम की अपेक्षाएँ (**Outcome Expectations**):– व्यक्ति अपने कार्यों के परिणामों के बारे में निर्णय अपनी अपेक्षाओं (expectations) के आधार पर लेते हैं। सकारात्मक परिणाम (Positive outcome) की अपेक्षाएँ भलाई की भावना में योगदान करती हैं, जबकि नकारात्मक नतीजे (Negative outcome) तनाव (stress), चिंता (anxiety) या अन्य प्रतिकूल मनोवैज्ञानिक स्थितियों (adverse psychological states) को जन्म दे सकतें हैं।

मॉडलिंग एवं सुदृढीकरण (**Modeling and Reinforcement**):– अन्य का अवलोकन (observing others) तथा परिणामों का अनुभव (experiencing consequences) करके, व्यक्ति उन व्यवहारों को आत्मसात् (internalize) करते हैं, जो सकारात्मक रूप से प्रबलित (positively reinforced) होते हैं। सकारात्मक सुदृढीकरण मनोवैज्ञानिक कल्याण को बढ़ाता है जबकि नकारात्मक सुदृढीकरण (negative reinforcement) या दण्ड (punishment) तनाव में वृद्धि तथा कल्याण को कम कर सकता है।

मनोवैज्ञानिक कल्याण के लिए सामाजिक संज्ञानात्मक सिद्धांत (Social Cognitive Theory) का अनुप्रयोग व्यक्तिगत कारकों के अतिरिक्त अन्य अनुक्षेत्रों तक फैला हुआ है। बंडुरा सामाजिक प्रभावों (social influences) की भूमिका को पहचानता (recognizes) है, सामाजिक सहयता नेटवर्क (social support network) के महत्व तथा किसी व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य (mental health) पर सामाजिक मानदंडों एवं अपेक्षाओं (societal norms and expectations) के प्रभाव पर बल (emphasizing) देता है।

अल्बर्ट बंडुरा का सामाजिक संज्ञानात्मक सिद्धांत मनोवैज्ञानिक कल्याण को समझने एवं बढ़ावा (understanding and promoting) देने के लिए एक व्यापक मॉडल (comprehensive model) प्रदान करता है। यह सिद्धांत संज्ञानात्मक (cognitive), व्यवहारिक (behavioral) एवं पर्यावरणीय (environmental) कारकों के मध्य परस्पर अन्तर्क्रिया (interplay) को रेखांकित करता है। अवलोकनात्मक अधिगम (observational learning), आत्म–प्रभावकारिता (self-efficacy), पारस्परिक नियतिवाद (reciprocal determinism), परिणाम अपेक्षाओं (outcome expectations) एवं प्रबलन (reinforcement) के महत्व पर बल देता है। इन तत्वों को संबोधित करके, व्यक्ति अपनी मानसिक एवं भावनात्मक स्थिति (mental and emotional states) को सुधार सकते हैं तथा समुत्थानशीलता (resilience), सकारात्मक मुकाबला तंत्र (positive coping mechanisms) व अपनी भलाई (well-being) पर नियंत्रण की भावना को बढ़ावा दे सकते हैं।

मनोवैज्ञानिक कल्याण के जैव–मनोसामाजिक मॉडल
(**The Bio-Psychosocial Model of Psychological Well being**)

जैवमनोसामाजिक मॉडल (Biopsychosocial Model) मनोवैज्ञानिक कल्याण को समझने एवं बढ़ावा देने (understanding and promoting) के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण (comprehensive approach) प्रदान करता है, जो जैविक (biological), मनोवैज्ञानिक (psychological) तथा सामाजिक (social) कारकों की परस्पर क्रिया (interaction) पर विचार करता है। 20वीं सदी के अंत में पारंपरिक बायोमेडिकल मॉडल (traditional biomedical model) की सीमाओं की प्रतिक्रिया के रूप में जॉर्ज एल. एंगेल (George L. Engel) द्वारा बायोसाइकोसोशल मॉडल का विकास किया गया। पारंपरिक बायोमेडिकल मॉडल स्वास्थ्य एवं विकारों से सम्बन्धित जैविक कारकों पर ही पूर्णतया केंद्रित था। बायोसाइकोसोशल मॉडल स्वास्थ्य एवं विकारों से सम्बन्धित जैविक, मनोवैज्ञानिक तथा सामाजिक कारकों पर सम्पूर्णता के साथ विचार करता है तथा मानव कल्याण (human well-being) पर अधिक समग्र परिप्रेक्ष्य (more holistic perspective) प्रदान करता है। बायोसाइकोसोशल मॉडल के मुख्य घटकों का परिचय निम्न अनुच्छेदों में दिया गया है–

जैविक कारक (**Biological Factors**):– बायोसाइकोसोशल मॉडल (Biopsychosocial Model) का जैविक घटक में शरीर के अन्दर की शारीरिक प्रक्रियाओं (physiological processes) एवं संरचनाओं (structures) पर विचार किया जाता है, जो मानसिक स्वास्थ्य (mental health) को प्रभावित करते हैं। इसमें आनुवंशिक पूर्ववृत्ति (genetic predispositions), न्यूरोकेमिकल असंतुलन (neurochemical imbalances) एवं हार्मोन सम्बन्धी कारक सम्मिलित हैं। उदाहरण के लिए, किसी व्यक्ति की आनुवंशिक संरचना (genetic makeup) कुछ विशेष प्रकार के मानसिक स्वास्थ्य विकारों (specific mental health disorders) के प्रति उसकी संवेदनशीलता (susceptibility) को प्रभावित कर सकती है। न्यूरोट्रांसमीटर असंतुलन, जैसे सेरोटोनिन का निम्न स्तर (low levels of serotonin), अवसाद व दुश्चिंता (depression and anxiety) जैसी स्थितियों से जुडा है। इसके अतिरिक्त, हार्मोनल उतार–चढ़ाव (hormonal fluctuations), जैसे कि यौवन या रजोनिवृत्ति (puberty or menopause) के दौरान होने वाले उतार–चढ़ाव, भावनात्मक भलाई (emotional well-being) को प्रभावित कर सकते हैं।

मनोवैज्ञानिक कल्याण के जैविक पहलुओं को समझना महत्वपूर्ण होता है क्योंकि वे मानसिक स्वास्थ्य की नींव (foundation) बनाते हैं। न्यूरोबायोलॉजी (neurobiology) एवं आनुवंशिकी (genetics) की प्रगति ने इन जैविक कारकों के विभिन्न मनोवैज्ञानिक स्थितियों (psychological conditions) के विकास व अभिव्यक्ति (manifestation) में योगदान व प्रभाव से सम्बन्धित बहुमूल्य अंतर्दृष्टि (valuable insights) प्रदान की है।

मनोवैज्ञानिक कारक (**Psychological Factors**):– जैवमनोसामाजिक मॉडल (Biopsychosocial Model) का मनोवैज्ञानिक घटक व्यक्ति के विचारों, भावनाओं एवं व्यवहार पर केंद्रित है। इसमें संज्ञानात्मक प्रक्रियाएँ (cognitive processes), भावनात्मक विनियमन (emotional regulation), व्यक्तित्व लक्षण (personality traits) एवं मुकाबला तंत्र (coping mechanisms) सम्मिलित हैं। मनोवैज्ञानिक कारक किसी व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उदाहरण के लिए, विकृत विचार प्रतिरूप (distorted thought patterns) या कुरूपतापूर्ण मुकाबला रणनीतियाँ (maladaptive coping strategies) मानसिक स्वास्थ्य विकारों के जन्म या तीव्रता (onset or exacerbation) में योगदान कर सकती हैं।

मनोचिकित्सा एवं परामर्श (Psychotherapy and counseling) बायोसाइकोसोशल मॉडल के आवश्यक घटक हैं, जो संज्ञानात्मक–व्यवहार थेरेपी (Cognitive-Behavioral Therapy - CBT), तर्कसंगत संवेगात्मक व्यवहार थेरेपी (Rational-Emotive Behavioral Therapy – REBT) तथा मनोगतिकी चिकित्सा (psychodynamic therapy) जैसे हस्तक्षेपों (interventions) के माध्यम से मनोवैज्ञानिक कारकों को संबोधित करते हैं। इन मनोचिकित्सीय दृष्टिकोणों (psychotherapeutic approaches) का उद्देश्य नकारात्मक विचार पैटर्न को संशोधित करना तथा भावनात्मक विनियमन को औचित्यपूर्ण बनाकर समग्र मनोवैज्ञानिक कल्याण में सुधार करना है।

सामाजिक कारक (**Social Factors**):– जैवमनोसामाजिक मॉडल का सामाजिक घटक मानसिक स्वास्थ्य पर सामाजिक एवं पर्यावरणीय (social and environmental) कारकों के प्रभाव पर ध्यान केन्द्रित करता है। इसमें पारिवारिक गतिकी (family dynamics), सामाजिक सहायता प्रणाली (social support systems), सांस्कृतिक प्रभाव (cultural influences), सामाजिक आर्थिक स्थिति (socioeconomic status) एवं जीवन के तनाव (life stressors) सम्मिलित हैं। सामाजिक कारक मानसिक स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं का निराकरण व समाधान (solution and resolution) करने के साथ उनको बढ़ाने में भी योगदान कर सकते हैं।

उदाहरण के लिए मजबूत (strong) सामाजिक सहायता नेटवर्क (social support networks) वाले व्यक्ति बेहतर मानसिक स्वास्थ्य परिणामों का अनुभव करते हैं जबकि गरीबी (poverty), भेदभाव (discrimination) या सामाजिक अलगाव (social isolation) जैसी प्रतिकूल सामाजिक परिस्थितियाँ (adverse social conditions) मानसिक स्वास्थ्य विकारों के विकास में योगदान कर सकती हैं। व्यक्तिगत एवं सामाजिक दोनों स्तरों पर कल्याण को बढ़ावा देने के लिए मानसिक स्वास्थ्य के सामाजिक निर्धारकों (social determinants) को पहचानना (recognizing) तथा उनका समाधान (address) करना महत्वपूर्ण है।

अंतर्सम्बंध (**Interconnectedness**):– जैवमनोसामाजिक मॉडल (Biopsychosocial Model) द्वारा इन तीन घटकों के अंतर्सम्बंध पर विशेष बल देना ही इसे अन्य प्रतिमानों (models) से अलग करता है। जैविक, मनोवैज्ञानिक व सामाजिक कारकों का अलग–अलग प्रभावों की अपेक्षा उनकी परस्पर गतिशील अन्तर्क्रिया (dynamic interactaction) व्यक्ति के समग्र कल्याण (overall well-

being) पर महत्वपूर्ण प्रभाव (significante impact) डालती है। उदाहरण के लिए, चिर तनाव (chronic stress) (एक सामाजिक कारक) शरीर में शारीरिक परिवर्तन (जैविक) उत्पन्न कर सकता है तथा मानसिक स्वास्थ्य सम्बन्धी (मनोवैज्ञानिक) समस्याओं में योगदान कर सकता है।

अनुप्रयोग तथा निहितार्थ (**Application and Implications**):– जैवमनोसामाजिक मॉडल (Biopsychosocial Model) का सार्वजनिक स्वास्थ्य (public health), नैदानिक अभ्यास (clinical practice) तथा अनुसंधान (research) में व्यापक अनुप्रयोग है। स्वास्थ्य देखभाल सम्बन्धी पेशेवर व्यक्ति (professionals) व कार्यकर्ता व्यापक मूल्यांकन करने, व्यक्तिगत उपचार योजनाओं (individualized treatment plans) का विकास करने तथा मानसिक स्वास्थ्य (mental health) विकारों (disorders) की बहुरूपी प्रकृति (multifaceted nature) को समझने के लिए इस मॉडल का उपयोग करते हैं। यह जीव विज्ञान (biology), मनोविज्ञान (psychology) तथा समाज (society) के मध्य जटिल अंतःक्रियाओं की प्रकृति का पता लगाने के लिए अनुसंधान प्रयासों का मार्गदर्शन भी करता है।

सार्वजनिक स्वास्थ्य में जैवमनोसामाजिक मॉडल (Biopsychosocial Model) ऐसे निवारक हस्तक्षेपों व नीतियों (interventions and policies) के निर्माण में सहायक है जो न केवल व्यक्तिगत जोखिम कारकों (individual risk factors) बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के सामाजिक निर्धारकों (social determinants) को भी संबोधित करते हैं। समग्र दृष्टिकोण (holistic approach) अपनाकर समाज ऐसे वातावरण बनाने की दिशा में कार्य कर सकता हैं जो सभी के लिए मनोवैज्ञानिक कल्याण को बढ़ावा देता हो।

मनोवैज्ञानिक कल्याण का जैवमनोसामाजिक मॉडल मानसिक स्वास्थ्य को समझने तथा बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक रूपरेखा (comprehensive framework) प्रदान करता है। जैविक मनोवैज्ञानिक व सामाजिक कारकों की जटिल परस्पर अन्तर्क्रिया को स्वीकार करके यह मॉडल मानव अनुभव की जटिलता की पहचान करता है। नैदानिक अभ्यास (clinical practice), अनुसंधान तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य सम्बन्धी प्रयासों में जैवमनोसामाजिक आयाम (biopsychosocial approach) को लागू करने से मनोवैज्ञानिक कल्याण को बढ़ाने के लिए अधिक प्रभावी व समावेशी (effective and inclusive) रणनीतियाँ (strategies) बनायीं जा सकती हैं।

उदीयमान वयस्कों के जीवन कौशल व मूल्य
(Life skills & values of emerging adults)

"योग–क्षेम थोड़े–थोड़े से ही प्राप्त होता है, और फिर भी यह अपने आप में कोई छोटी वस्तु नहीं है।**"** –जेनोऑफ सिटियम

" Well-being is attained by little and little, and nevertheless is no little thing itse

- Zeno of Citium "

उभरती हुई वयस्कता (emerging adulthood) मानव जीवन की विकासात्मक अवधि (developmental period) का एक महत्वपूर्ण चरण (important stage) है। वयस्कों के जीवन कौशल व मूल्य का सिद्धान्त प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक जेफ़री अरनेट (Jeffrey Arnett) द्वारा प्रस्तावित किया गया है, जो सामान्यतः किशोरावस्था के अंत (late teens) से लेकर 29 वर्ष तक होती है। विकासात्मक मनोविज्ञान के क्षेत्र में जेफ़री अर्नेट (Jeffrey Arnett) के उभरते वयस्कों के जीवन कौशल एवं मूल्यों ("Life Skills and Values of Emerging Adults") पर यह अभूतपूर्व सिद्धांत किशोरावस्था (adolescence) तथा पूर्ण वयस्कता (full-fledged adulthood) के मध्य अद्वितीय चरण (unique stage) की सूक्ष्म समझ प्रदान करता है। अरनेट इस संक्रमणकालीन अवधि (this transitional period), जो किशोरावस्था के उत्तरार्ध से लेकर 28–29 वर्ष तक होती है, को अधिक महत्वपूर्ण मानते हैं। उनका अन्वेषण इस महत्वपूर्ण चरण के दौरान उपयोगी जीवन कौशलों के अर्जन (acquisition) एवं मूल्यों के निर्माण (formation of values) पर व्यापक प्रकाश डालता है, जिसमें स्वायत्तता (autonomy) व आत्म–परिभाषा (self-definition) की खोज़ करने वाले व्यक्तियों द्वारा सामना की जाने वाली विशिष्ट प्रकार (specific) की चुनौतियों व अवसरों (challenges and opportunities) पर पर्याप्त बल दिया गया है। इस अवधि के दौरान, व्यक्ति अपने जीवन के विभिन्न पक्षों (various aspects) में महत्वपूर्ण परिवर्तनों से गुजरते हैं, जिसमें जीवन कौशलों की प्राप्ति तथा मूल्यों का विकास महत्वपूर्ण होता है।

जेफ़री अरनेट (Jeffrey Arnett) की उभरते वयस्कता (emerging adulthood) की सैद्धान्तिक संरचना (theoretical construct) विकास की इस अनूठी अवधि (unique period) से जुड़ी विशेषताओं (characteristics), चुनौतियों (challenges) एवं अवसरों (opportunities) की रूपरेखा (outlines) को प्रस्तुत करती है। समकालीन पश्चिमी समाजों (contemporary Western societies) में किशोरावस्था से वयस्कता तक के संक्रमण (transition from adolescence to adulthood) को समझने के लिए उनके विचार विशेष रूप से प्रासंगिक हैं।

जेफरी अरनेट के सिद्धान्त की रूपरेखा
(**Framework of Jeffrey Arnett's Theory**)

जेफरी अरनेट के सिद्धान्त की रूपरेखा को अग्रांकित बिन्दुओं के माध्यम से स्पष्ट किया गया है–

1. उभरती वयस्कता की परिभाषा (**Definition of Emerging Adulthood**):– आर्नेट उभरते वयस्कता को 18 से 29 वर्ष के मध्य की अवधि के रूप में परिभाषित करते हैं, जिसकी प्रमुख विशेषताएँ अन्वेषण (exploration), अस्थिरता (instability) एवं पहचान विकास (identity development) हैं। इस चरण में व्यक्ति प्रायः प्रेम, कार्य तथा समाज में पहचान की खोज की प्रक्रियाओं से गुज़रते हैं।

2. मुख्य विशेषताएँ (Main Characteristics):

उभरते वयस्कता की निम्नलिखित मुख्य विशेषताएँ होती हैं–

(**a**) पहचान की खोज (**Identity Exploration**):– उदीयमान वयस्क (emerging adults) पहचान (identity) की स्पष्ट समझ (clear sense) स्थापित करने के लिए विभिन्न भूमिकाओं, सम्बन्धों (relationships) तथा विचारधाराओं (ideologies) के साथ प्रयोग करते हुए, आत्म–खोज (self-discovery) की प्रक्रिया में संलग्न होते हैं।

(**b**) अस्थिरता (**Instability**):– इस चरण में व्यक्ति अपने रहने की व्यवस्था (living arrangements), सम्बन्ध, शिक्षा (education) तथा कार्यों (works) में लगातार परिवर्तन करते पाये जाते हैं। स्थिरता की खोज में व्यक्ति अलग–अलग नौकरियों, शहरों तथा सम्बन्धों (relationships) के मध्य बदलाव करते रहते हैं।

(**c**) आत्म–केन्द्रित (**Self-Centered**):– उदीयमान वयस्क व्यक्तिगत विकास (personal development) एवं आत्म–अन्वेषण (self-exploration) को प्राथमिकता देते हैं। वे अपने विकास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए विवाह तथा पितृत्व व मातृत्व (parenthood) जैसी प्रतिबद्धताओं (commitments) को टालते पाये जाते हैं।

(**c**) उभयगत अनुभूति (**Feeling In-Between**):– उभयगत अनुभूति के कारण उदीयमान वयस्क प्रायः न तो पूर्ण रूप से किशोर और न ही पूरी तरह से वयस्क महसूस करते हैं। किशोरवस्था व वयस्कावस्था (adolescence and adulthood) की उभयगतता ("in-betweenness") की भावना इस चरण की एक परिभाषित विशेषता (defining characteristic) है।

3. वृत्तिक विकल्पों की खोज़ (**Exploration of Career Options**):– जेफरी अरनेट के सिद्धान्त की रूपरेखा उदीयमान वयस्कता (emerging adulthood) के दौरान कैरियर विकल्पों एवं शैक्षिक मार्गों (educational paths) की खोज पर विशेष बल देती है। व्यक्ति अपने जोश (fervor), शौक (hobies), जुनून (passions) एवं शक्तियों (strengths) की पुर्ति (fulfillment) के लिए अलग–अलग नौकरियों का`आज़मातें (try out) हैं तथा अपने अध्ययन में भिन्न–भिन्न विषयों का चुनाव करते हैं एवं आगे की शिक्षा प्राप्त करने का प्रयास करते हैं।

4. सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक संदर्भों की परिवर्तनशीलता (**Variability of Cultural and Historical contexts**):– अरनेट स्वीकार करते हैं कि उदीयमान वयस्कता की अनुभूति अलग–अलग संस्कृतियों तथा ऐतिहासिक संदर्भों में भिन्न–भिन्न हो सकती है। व्यक्तियों का इस चरण में सफल संक्रमण (transition) को आर्थिक स्थितियाँ (economic conditions), सामाजिक अपेक्षाएँ (social expectations) एवं सांस्कृतिक मानदंड (cultural norms) जैसे कारक सार्थक ढंग (significantly) से प्रभावित (affect) करते हैं।

5. अनुसंधान व प्रभाव (**Research and Impact**):– अरनेट के ढाँचे ने (Arnett's framework) विकासात्मक मनोविज्ञान (developmental psychology) के क्षेत्र में व्यापक शोध (extensive research) को बढ़ावा दिया है, जो वयस्कता में संक्रमण (transition to adulthood) से जुड़ी चुनौतियों एवं अवसरों (challenges and opportunities) में नवीन अंतर्दृष्टि (insights) प्रदान करता है।

6. आलोचनाएँ एवं विवाद (**Critiques and Controversies**):– कुछ आलोचकों का तर्क है कि अरनेट के सिद्धान्त की रूपरेखा (framework) सार्वभौमिक रूप (universally) से लागू नहीं हो सकती है तथा यह पश्चिमी व्यक्तिवादी समाजों (Western, individualistic societies) में व्यक्तियों के लिए अधिक प्रासंगिक (more relevant) हो सकती है। कुछ मनोवैज्ञानिकों का सुझाव है कि उभरती हुई वयस्कता में अरनेट द्वारा प्रस्तावित आयु सीमा को बढ़ानी चाहिए विशेष रूप से विलंबित विवाह (delayed marriage) एवं विस्तारित शिक्षा (extended education) जैसे सामाजिक परिवर्तनों को देखते हुए।

8. समसामयिक समाज में प्रासंगिकता (**Relevance in Cntemporary society**):– जेफ़री अरनेट (Jeffrey Arnett) का सिद्धान्त जीवन की प्रमुख घटनाओं के समय के संबंध में शिक्षा (education) पारिवारिक गतिशीलता (family dynamics) एवं सामाजिक अपेक्षाओं जैसे विषयों पर चर्चा को प्रभावित किया है। अरनेट का कार्य आज की तेजी से बदलती दुनिया जहाँ विवाह (marriage) एवं गृहस्वामित्व (homeownership) में प्रायः विलम्बन की प्रवृत्ति बढ़ रही है, में विशेष रूप से प्रासंगिक है।

जेफ़री आर्नेट की उभरती वयस्कता की सैद्धान्तिक रूपरेखा (theoretical framework) किशोरावस्था तथा वयस्कता के मध्य संक्रमणकालीन चरण (transitional stage) से सम्बन्धित एक मूल्यवान परिप्रेक्ष्य (valuable perspective) प्रदान करती है। यह इस अवधि के दौरान व्यक्तियों के विविध एवं गतिशील (diverse and dynamic) अनुभवों में अंतर्दृष्टि प्रदान करता है, जिसमें सांस्कृतिक, सामाजिक एवं ऐतिहासिक संदर्भों को ध्यान में रखा जाता है।

उदीयमान वयस्कों के जीवन कौशल
(Life Skills of Emerging adults)

"जीवन 10 प्रतिशत इस बात पर निर्भर करता है कि हमारे साथ क्या होता है और 90 प्रतिशत इस बात पर निर्भर करता है कि हम इस पर कैसी प्रतिक्रिया देते हैं।"

– चार्ल्स आर. स्विंडोल

"Life is 10% what happens to us and 90 % how we react to it."

- Charles R. Swindoll

जीवन कौशल व्यक्तियों को दैनिक जीवन (everyday life) की चुनौतियों (challenges) से प्रभावी ढंग से निपटने, संसूचित (informed) निर्णय लेने तथा व्यक्तिगत व व्यावसायिक (personal and professional) सफलता प्राप्त करने में सक्षम बनाने हेतु आवश्यक दक्षताओं (dexterities), योग्यताओं (abilities) एवं क्षमताओं (efficiencies) के एक समूह (a set) को संदर्भित करतें हैं।

यहाँ पर कुछ ऐसे प्रमुख जीवन कौशलों का विवरण दिया गया है, जा`उदीयमान वयस्कों के लिए वांछनीय हैं–

- समय प्रबंधन (**Time Management**):– समय प्रबंधन से तात्पर्य विशिष्ट (specific) कार्यों एवं लक्ष्यों (goals) को प्राप्त करने के लिए प्रभावी ढंग से योजना बनाने (planning), व्यवस्थापन (organizing) तथा समय आवंटित करने (allocation of time) की प्रक्रिया से है। इसमें गतिविधियों को प्राथमिकता देना (prioritizing activities), समय सीमा निर्धारित करना (setting deadlines) तथा उत्पादकता (productivity) व दक्षता (efficiency) को अधिकतम करने के लिए समय के अनुकूलतम सदुपयोग से सम्बन्धित सचेत विकल्प (conscious choices) बनाना सम्मिलित है। प्रभावी समय प्रबंधन (effective time management) व्यक्तियों को अपनी व्यवसायिक (professional) एवं व्यक्तिगत (personal) उत्तरदायित्वों (responsibilities) को संतुलित करने, विलंब से बचने (avoiding procrastination) तथा उपलब्ध सीमित समय का अधिकतम लाभ उठाने में सक्षम बनाता है। इसके लिए आत्म–अनुशासन (self-discipline), रणनीतिक योजना (strategic planning) तथा अप्रत्याशित चुनौतियों (unexpected challenges) से निपटने की

क्षमता की आवश्यकता होती है, जिससे अंततः उत्पादकता में वृद्धि होती है तथा जीवन की समग्र गुणवत्ता (overall quality of life) बेहतर होती है।

❖ कार्यों को प्राथमिकता देना (**Prioritizing Tasks**):– कार्यों को प्राथमिकता देना एक आवश्यक कौशल है जो व्यक्तियों को अपने समय एवं संसाधनों को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने की प्राथमिकता के क्रम को निर्धारित करता है। इसमें विभिन्न गतिविधियों की तात्कालिकता (urgency) एवं महत्व का मूल्यांकन करना तथा उसमें समुचित स्तर का ध्यान (attention) एवं प्रयास (effort) निर्दिष्ट करना सम्मिलित है। स्पष्ट प्राथमिकताएँ (clear priorities) निर्धारित करके, व्यक्ति यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि वे पहले उच्च प्राथमिकता वाले कार्यों पर ध्यान केंद्रित करेगें तथा निर्धारित समय सीमा के अन्दर लक्ष्यों को अधिक प्रभावी ढंग से प्राप्त करेगें। यह कौशल व्यावसायिक व व्यक्तिगत दोनों कार्यों में महत्वपूर्ण है, जो व्यक्तियों को दैनिक आधार पर सामना की जाने वाली असंख्य जिम्मेदारियों व मांगों से निपटने में सहायता करता है। यथोचित् प्राथमिकता न केवल उत्पादकता को बढ़ाती है बल्कि तनाव को भी कम करती है। कार्यों को प्राथमिकता देने से इष्टतम परिणामों के लिए अपना समय तथा ऊर्जा आवंटित करने के ढंग के बारे में संसूचित निर्णय लेने में व्यक्ति अधिक सक्षम हो पाता है।

❖ लक्ष्य एवं समय सीमा निर्धारित करना (**Setting Goals and Deadlines**):– स्पष्ट लक्ष्यों का निर्धारण (Setting of clear goals) व्यक्ति के कार्यों के उद्देश्य व दिशा (direction and purpose) को निर्दिष्ट करता है। स्पष्ट लक्ष्य सफलता के रोडमैप के रूप में कार्य करतें हैं। समय सीमा तात्कालिकता (urgency) की भावना पैदा करती है, उत्पादकता को बढ़ावा देती है तथा लक्ष्यों को प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करती है। साथ ही यह प्रभावी समय प्रबंधन तथा उपलब्धि के लिए एक शक्तिशाली रूपरेखा प्रदान करता हैं।

❖ कार्य, व्यक्तिगत जीवन तथा अवकाश में संतुलन बनाना (**Balancing Work, Personal Life and Leisure**):– कार्य व्यक्तिगत जीवन तथा विश्राम में संतुलन स्थापित करना समग्र कल्याण एवं संतुष्टि को बनाए रखने के लिए आवश्यक होता है। आज की भाग–दौड़ (fast-paced) और अत्यधिक मांग भरी (demanding) दुनिया में लोग प्रायः अपनी व्यवसायिक उत्तरदायित्वों (professional responsibilities) में इतना व्यस्त हो जाते हैं कि उनके पास व्यक्तिगत तथा

अवकाश की गतिविधियों के लिए सीमित समय ही बच पाता है। कार्य तथा निजी जीवन के मध्य सामंजस्यपूर्ण संतुलन (harmonious equilibrium) बनाना मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण होता है। इसमें प्रभावी समय प्रबंधन (effective time management), सीमाएँ निर्धारित (setting boundaries) करना तथा कार्यों को प्राथमिकता (priority) देना सम्मिलित है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि किसी के स्वास्थ्य या सम्बन्धों से समझौता किए बिना व्यवसायिक व व्यक्तिगत (professional and personal) दोनों दायित्वों (obligations) का निर्वहन किया जा सके। मन एवं शरीर (mind and body) को पुनः से तरोताजा (rejuvenate) करने के लिए विश्राम तथा आनंद (relaxation and enjoyment) के लिए समय निकलने हेतु अवकाश की गतिविधियों को दिनचर्या (routine) से एकीकृत करना (integrating) भी समान रूप से महत्वपूर्ण (equally important) है। कार्य, व्यक्तिगत जीवन तथा विश्राम में सफल संतुलन स्थापित करने से उत्पादकता व रचनात्मकता (productivity and creativity) में वृद्धि होती है तथा जीवन की उच्च गुणवत्ता को बढ़ावा मिलता है, जो अंततः अधिक पूर्ण, सतत् एवं टिकाऊ जीवन शैली में योगदान देता है।

❖ संचार कौशल (**Communication Skills**):– संचार कौशल से तात्पर्य सूचना को स्पष्ट व प्रभावी (clearly and effectively) ढंग से संप्रेषित करने (convey) की क्षमता से है। इसमें स्पष्ट अभिव्यक्ति (articulate expression), सक्रिय श्रवण (active listening) तथा श्रोताओं या दर्शकों को समझना सम्मिलित है। मजबूत संचार कौशल (strong communication skills) पारस्परिक संबंधों को बढ़ाते हैं तथा विभिन्न संदर्भों में सफल वार्तालाप में योगदान करते हैं।

❖ सक्रिय श्रवण (**Active Listening**):– सक्रिय श्रवण में वक्ता पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित करना, उसकी बातों को समझना तथा उस पर प्रतिक्रिया देना सम्मिलित है। इसके लिए निर्विध्न ध्यान (undivided attention), चक्षु संपर्क (eye contact) तथा शाब्दिक व अशाब्दिक (verbal and non-verbal) पृष्ठपोषण (feedback) प्रदान करने की आवश्यकता होती है। श्रोताओं द्वारा रुकावटों को नज़रअंदाज़ करना (avoiding interruptions) तथा सहानुभूति का प्रदर्शन (demonstration of empathy) प्रभावी संचार (effective communication) को बढ़ाता है। सक्रिय रूप से सुनना

संबंधों को प्रगाढ़ करता है तथा वक्ता के परिप्रेक्ष्य (speaker's perspective) की समझ (understanding) को बढ़ाता है।

❖ द्वन्द्व निवारण (**Conflict Resolution**):– संघर्ष समाधान कौशल से तात्पर्य असहमतियों या विवादों (disagreements or disputes) को रचनात्मक तरीके (constructive manner) व प्रभावी ढंग (effectively) से प्रबंधित करने एवं हल करने (manage and resolve) की क्षमता से है। मजबूत संघर्ष समाधान कौशल वाले व्यक्ति सक्रिय रूप से सुनकर, विभिन्न दृष्टिकोणों (different perspectives) को समझकर तथा पारस्परिक रूप से (mutually) लाभकारी समाधान (beneficial solutions) ढूँढ़ कर संघर्षों का प्रभावी समाधान कर सकते हैं। इन कौशलों में संचार (communication), सहानुभूति (empathy), बातचीत (negotiation) तथा समस्या–समाधान (problem-solving) सम्मिलित है, जो व्यक्तियों को सकारात्मक संबंधों एवं सहयोग को बढ़ावा देने तथा विभिन्न व्यक्तिगत व व्यावसायिक अनुक्षेत्रों में संघर्षों के नकारात्मक प्रभाव को कम करने में सक्षम बनाता है।

❖ आलोचनात्मक चिंतन (**Critical Thinking**):– आलोचनात्मक चिंतन किसी सूचना या विषयवस्तु का विश्लेषण (analyze), वर्गीकरण (classification), संश्लेषण (synthesize) तथा मूल्यांकन (evaluation) करने की क्षमता है। इसमें धारणाओं पर प्रश्न उठाना (questioning assumptions), अनेक परिप्रेक्ष्यों पर विचार करना (considering multiple perspectives), तर्कसंगत निर्णय लेना (making reasoned judgments) तथा स्वयं की धारणा का निर्माण निहित है। यह कौशल व्यक्तियों को जटिल परिस्थितियों से निपटने, समस्याओं को प्रभावी ढंग से हल करने एवं संसूचित निर्णय लेने में सक्षम बनाता है। यह बौद्धिक स्वतंत्रता (intellectual independence) व विवेकपूर्ण तर्क (logical reasoning) की क्षमता को बढ़ावा देता है।

❖ समस्या–समाधान (**Problem-Solving**):– समस्या–समाधान एक महत्वपूर्ण कौशल है, जिसमें जटिल परिस्थितियों का विश्लेषण करने (analyze complex situations), चुनौतियों की पहचान करने (identify challenges) तथा उन्हें दूर करने के लिए प्रभावी रणनीति (effective strategies) तैयार करने की क्षमता सम्मिलित है। प्रभावी समस्या–समाधान कौशल युक्त व्यक्ति व्यवस्थित रूप से विकल्पों पर विचार कर उनका मूल्यांकन करने के पश्चात् मुद्दों या बाधाओं को दूर करने के

लिए ठोस निर्णय ले सकते हैं। इस कौशल में विश्लेषणात्मक चिंतन (analytical thinking), रचनात्मकता (,creativity) तथा समस्या का व्यावहारिक समाधान का योग होता है, जो व्यक्तियों को अनिश्चितताओं से निपटने एवं नवीन समाधान खोजने के योग्य बनाता है। व्यक्तिगत, व्यावसायिक या शैक्षणिक, सभी क्षेत्रों में सफलता एवं विकास के लिए व्यवस्थित व तार्किक मानसिकता के साथ चुनौतियों का सामना करने की क्षमता आवश्यक होती है।

❖ निर्णय लेना (**Decision-making**):– निर्णय लेने का कौशल स्थितियों का विश्लेषण (analyzing situations), विकल्पों का मूल्यांकन (evaluation of options) तथा विवेकपूर्ण तर्क (rational reasoning) या अंतर्ज्ञान (intuition) के आधार पर कार्य करने (course of action) की क्षमता होती है, जो प्रायः किसी के लक्ष्यों व मूल्यों (goals and values) से प्रभावित होती है। इसमें प्रभावपूर्ण तथा यथा समय विकल्प चुनने के लिए जानकारी (information), जोखिम (risks) एवं परिणामों (consequences) को संतुलित करना सम्मिलित है।

❖ भावनाओं को प्रबंधित करना (**Managing Emotions**):– भावनाओं को प्रबंधित करना, एक महत्वपूर्ण जीवन कौशल है, जिसमें स्वयं तथा दूसरों की भावनाओं को पहचानना, समझना एवं उनके प्रति समुचित रूप से प्रतिक्रिया देना सम्मिलित है। इस कौशल में लचीलेपन के साथ चुनौतियों का सामना करने, भावनात्मक संतुलन बनाए रखने तथा सकारात्मक सम्बन्धों को बढ़ावा देने की क्षमता समावेशित होती है। यह कौशल व्यक्तियों को यथोचित निर्णय लेने, प्रभावी ढंग से संवाद करने तथा उनके समग्र कल्याण व आसपास के लोगों की भलाई में योगदान करने के लिए सशक्त बनाता है।

❖ समानुभूति (**Empathy**):– समानुभूति दूसरों की भावनाओं (feelings of others) को समझने एवं साझा (understanding and sharing) करने की कला है जो मानवीय अनुभव को करुणामयी (compassionate) अंतर्दृष्टि (insight) से प्रकाशित (illuminate) करती है। सहानुभूति रूपान्तरणकारी जीवन कौशल (transformative life skill) है, जो दिलों को जोड़ता है (bridges hearts) तथा एक ऐसे संसार दुनिया को बढ़ावा देता है जहाँ समझ आत्मा की भाषा बन जाती है।

❖ आत्म जागरूकता (**Self-Awareness**):– जीवन कौशल के रूप में आत्म–जागरूकता का तात्पर्य अपने विचारों, भावनाओं एवं कार्यों का आत्मनिरीक्षण तथा समझने (introspect and understand) की क्षमता से है। इसमें व्यक्तिगत शक्तियों व कमजोरियों (strengths and weaknesses) को पहचानना तथा यह समझना सम्मिलित है कि किसी का व्यवहार स्वयं तथा दूसरों को कैसे प्रभावित करता है। आत्म–जागरूकता के कारण भावनात्मक प्रज्ञा (emotional intelligence) का विकास होता है, व्यक्तिगत विकास (personal growth) को बढ़ावा मिलता है तथा अधिक प्रभावी पारस्परिक संबंधों (interpersonal relationships) की स्थापना होती है।

❖ लचीलापन (**Flexibility**):– लचीलापन बदलती परिस्थितियों के अनुसार किसी की मानसिकता, दृष्टिकोण या योजनाओं को अनुकूलित व समायोजित करने की क्षमता है। इसमें पुर्वाग्रहमुक्तता (free from prejudices), उदार प्रवृत्ति (liveral attitude), समायोजनशीलता (adjustability) तथा नए विचारों (new ideas) या अप्रत्याशित चुनौतियों (unexpected challenges) को स्वीकार करने की तत्परता (promptness) सम्मिलित है। एक लचीला व्यक्ति जीवन में परिवर्तन को शीघ्रतापूर्वक (chop-chop) अपनाकर तथा सकारात्मक दृष्टिकोण (positive attitude) बनाए रखते हुए विभिन्न परिस्थितियों में आगे बढ़ने की क्षमता का प्रदर्शन करता है।

❖ समुत्थानशीलता (**Resilience**):– जीवन कौशल के रूप में समुत्थानशीलता चुनौतियों (challenges), असफलताओं (setbacks) एवं प्रतिकूलताओं (adversities) से उबरने (bounce back) या पुनर्पूर्ति (replenishment) की क्षमता को अभिव्यक्त करता है। यह प्रतिकूल परिस्थितियों, तनाव (stress), आघात (trauma) या महत्वपूर्ण (significant) जीवन परिवर्तनों का सामना करने में सकारात्मक रूप से (positively) अनुकूलन (adaptation) करने की क्षमता है। समुत्थानशीलता में दृढ़ मानसिकता (strong mindset) एवं विशिष्ट व्यवहार प्रतिरूपों (behavior patterns) का सेट सम्मिलित होता है जो व्यक्तियों को कठिन परिस्थितियों से निपटने, भावनात्मक कल्याण (emotional well-being) बनाए रखने तथा प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद बढ़ने व कामयाब होने में मदद करता है।

❖ परिवर्तन से निपटना (**Dealing with Change**):– परिवर्तन से निपटना एक आवश्यक जीवन कौशल होता है। यह अनुकूलन क्षमता (adaptability), समुत्थानशीलता (resilience), तथा

सकारात्मक मानसिकता (positive mindset) विकसित करके संक्रमण (transitions), अनिश्चितताओं (uncertainties) एवं चुनौतियों (challenges) से प्रभावी ढंग से निपटने (effectively copeing) की क्षमता का द्योतक होता है, जो व्यक्तियों को उभरती परिस्थितियों (evolving situations) के साथ अनुकलन व समायोजन करने के योग्य बनाती है।

❖ वित्तीय साक्षरता (**Financial Literacy**):– वित्तीय साक्षरता से तात्पर्य विभिन्न वित्तीय पहलुओं (financial aspects) के ज्ञान एवं समझ (knowledge and understanding) से होता है, जिसमें बजट बनाना (budgeting), बचत (saving), निवेश (investing) तथा धन का प्रभावी ढंग से प्रबंधन करना (managing money effectively) सम्मिलित है। यह व्यक्तियों को अपने वित्तीय लक्ष्यों (financial goals) को प्राप्त करने के लिए संसूचित एवं उत्तरदायित्वपूर्ण (informed and responsible) वित्तीय निर्णय लेने की सक्षमता का प्रतीक है।

❖ बजट बनाना (**Budgeting**):– बजटिंग विशिष्ट लक्ष्यों को पूर्ण करने तथा एक संतुलित व टिकाऊ (balanced and sustainable) वित्तीय योजना सुनिश्चित करने के लिए वित्तीय संसाधनों (financial resources) का रणनीतिक आवंटन (strategic allocation) होता है। इसमें आय एवं व्यय (income and expenses) को तय करना, खर्चों के प्राथमिकता क्रम निर्धारित करना (prioritizing spending) तथा वित्तीय स्थिरता व दीर्घकालिक उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए यथोचित् निर्णय (reasonable decisions) लेना सम्मिलित है।

❖ बचत एवं निवेश (**Saving and Investing**):– बचत एवं निवेश एक आवश्यक जीवन कौशल (essential life skill) है। बचत के अन्तर्गत किसी व्यक्ति द्वारा अपनी आय का एक भाग भविष्य की जरूरतों (future needs) या लक्ष्यों के लिए अलग रखा जाता है, जबकि निवेश में प्रतिफल (returns) की प्रत्याशा एवं समय के साथ धन बनाने के लिए रणनीतिक रूप से (strategically) धन को अनेक साधनों (various instruments) में आवंटित किया (allocating) जाता है। इसमें अल्पकालिक स्थिरता (short-term stability) तथा दीर्घकालिक वित्तीय सुरक्षा (long-term financial security) दोनों सुनिश्चित करने के लिए अनुशासित (disciplined) वित्तीय योजना (financial planning) का अनुगमन आवश्यक होता है।

- साख व ऋण अवबोध (**Understanding Credit and Debt**):— साख व ऋण अवबोध एक आवश्यक जीवन कौशल है, जो उत्तरदायित्वपूर्ण उधार लेने (responsibly borrowing), पुनर्भुगतान दायित्वों का प्रभावी प्रबंधन (effective management of repayment obligations) तथा यथोचित् वित्तीय निर्णय (financial decision) लेने सम्बन्धी ज्ञान व क्षमता का द्योतक है। इसमें साख की कार्य प्रणाली (credit system) जिसके अन्तर्गत ब्याज की दरें (interest rates), उधार सीमा (borrowing limits), क्रेडिट स्कोर (credit scores) एवं पुनर्भुगतान की शर्तें (repayment term) सम्मिलित हैं, के साथ व्यक्तिगत वित्त (personal finances) तथा दीर्घकालिक वित्तीय लक्ष्यों (long-term financial goals) पर ऋण के निहितार्थ (implications of debt) को समझना भी महत्वपूर्ण है। यह कौशल व्यक्तियों को संसूचित वित्तीय विकल्प चुनने, कर्ज के जाल से बचने (to avoid debt traps) तथा वित्तीय स्थिरता व सफलता (financial stability and success) के लिए एक ठोस आधार बनाने में सक्षम बनाता है।

- प्रौद्योगिकी सक्षमता (**Technology Competence**):— प्रौद्योगिकी क्षमता का तात्पर्य डिजिटल उपकरणों, प्लेटफार्मों एवं प्रणालियों की कुशलतापूर्वक (efficiently) प्रयोग की महारत (mastery) से है, जो व्यक्तियों को जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में समस्या—समाधान (problem-solving), नवाचार (innovation) व प्रभावी संचार (efficient communication) के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने में सक्षम बनाती है। इसमें उभरती प्रौद्योगिकियों (emerging technologies) से अनुकूलित होने (adaptation), मूल्यांकन करने तथा वांछित लक्ष्यों (desired goals) को प्रभावी ढंग से प्राप्त करने के लिए डिजिटल संसाधनों (digital resources) का लाभ उठाने (leverage) की क्षमता निहित है।

- डिजिटल साक्षरता (**Digital literacy**):— डिजिटल साक्षरता का तात्पर्य डिजिटल तकनीकों (digital technologies) का कुशलतापूर्वक (proficiently) उपयोग करने की क्षमता से है, जिसमें ऑनलाइन सामग्री (onlinecontent), तक पहुँच (access), मूल्यांकन (evaluation) तथा निर्माण (creation) का कौशल सम्मिलित है। इसमें यह समझना सम्मिलित है कि सूचना का आलोचनात्मक विश्लेषण (criticallyanalyis) कैसे किया जाये? डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से प्रभावी ढंग से संवाद (communicate effectively) कैसे स्थापित किया जाये? तथा डिजिटल परिदृश्य (digital

landscape) की जटिलताओं (complexities) को किस प्रकार सुलझाया जाये? जिससे व्यक्तियों को डिजिटल जगत (digital world) में पूर्ण रूपेण भाग लेने के लिए सशक्त (empowered) बनाया जा सके।

❖ व्यवसायिक व व्यक्तिगत नेटवर्क का निर्माण एवं अनुरक्षण (**Building and Maintaining Professional and Personal Networks**):– व्यवसायिक व व्यक्तिगत नेटवर्क का निर्माण एवं रखरखाव उन व्यक्तियों के साथ सम्बंधों को बढ़ावा देने (fostering) तथा पोषित करने (nurturing) की कला है, जो समान (common) हितों (interests), लक्ष्यों (goals) एवं मूल्यों (values) को साझा करते हैं। इसमें दूसरों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ाव (actively engagment), सहायता प्रदान करना (offering support), ज्ञान व संसाधनों (knowledge and resources) का आदान–प्रदान (exchanging) तथा सार्थक सम्बन्धों (meaningful relationships) को विकसित करने के लिए अनवरत् रूप से समय व प्रयास का निवेश करना सम्मिलित है। ये नेटवर्क मूल्यवान परिसंपत्ति (valuable assets) के रूप में कार्य करते हैं तथा सहयोग (collaboration), मार्गदर्शन (mentorship), कैरियर उन्नयन (career exaltation) एवं व्यक्तिगत संवर्धन (personal enrichment) के अवसर प्रदान करते हैं।

❖ सम्बन्ध कौशल (**Relationship Skills**):– संबंध कौशल व्यक्तियों की वे योग्यताएं व क्षमताएँ (aptitudes and abilities) होतीं हैं, जो पारस्परिक संबंधों (interpersonal connections) में प्रभावी ढंग से संवाद (communication), सहानुभूति (empathy) तथा सहयोग (collaboration) को अभिव्यक्त करतीं हैं। इसमें स्वस्थ सम्बन्धों (healthy relationships) को समझने (understand), जुड़ने (connect with) एवं पोषण (nurture) करने तथा व्यक्तियों के मध्य आपसी सम्मान (mutual respect), विश्वास (trust)व समझ को बढ़ावा देने की क्षमता सम्मिलित है।

❖ टीम वर्क (**Teamwork**):– टीम वर्क व्यक्तियों को एक साथ लाने की कला है, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति साझा उद्देश्यों को कुशलतापूर्वक व सामंजस्यपूर्ण (efficiently and harmoniously) ढंग से पूर्ण करने के लिए अपनी अद्वितीय (unique) परिप्रेक्ष्यों (perspectives) एवं क्षमताओं का योगदान देता है। यह प्रभावी संचार, विश्वास एवं सफलता के लिए साझा प्रतिबद्धता (shared

commitment), तालमेल को बढ़ावा देने तथा सामूहिक क्षमता को अधिकतम करने से उत्पन्न होता है।

❖ ऑनलाइन सुरक्षा (**Online Safety**):– ऑनलाइन सुरक्षा एक महत्वपूर्ण जीवन कौशल है, जिसमें स्वयं एवं दूसरों को साइबरबुलिंग (cyberbullying), पहचान की चोरी (identity theft) एवं हानिकारक विषयवस्तु (harmful content) व सामग्री जैसे ऑनलाइन खतरों (online threats) से बचाने के उद्देश्य से ज्ञान, बोध व अभ्यास सम्मिलित है। इसमें निजता अवस्थिति (privacy settings) की समझ (understanding), फ़िशिंग प्रयासों को पहचानना (recognizing phishing attempts) तथा इंटरनेट के सुरक्षित व उत्तरदायित्वपूर्ण (securely and responsibly) अनुप्रयोग के लिए डिजिटल उत्तदायित्व की संस्कृति (culture of digital responsibility) को बढ़ावा देना सम्मिलित है।

उदीयमान वयस्कों के सम्पूर्ण कल्याण एवं जीवन में यथोचित् सफलता के लिए उपर्युक्त के अलावा अन्य जीवन कौशल यथाः विश्लेषणात्मक तर्क (analytical reasoning), भावात्मक बुद्धि (Emotional Intelligence), शारीरिक फिटनेस (Physical fitness), मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता (mental health awareness), कार्य व विश्राम में संतुलन (balancing work and relaxation), स्वस्थ जीवनशैली विकल्प (healthy lifestyle choices), प्रभावी मौखिक एवं लिखित संचार (effective verbal and written communication), नई प्रौद्योगिकियों का अनुकूलन (Adaptation to new technologies), नेटवर्किंग व सम्बंध निर्माण (Networking and Relationship Building), स्वयं की देखभाल (Self-Care) एवं तनाव प्रबंधन (Stress management) भी आवश्यक हैं। ध्यातव्य हो कि किसी एक कौशल में निहित शीलगुण दूसरे अन्य कौशलों में व्याप्त होते हैं, अस्तु कहना होगा कि अधिकांश कौशलों में परस्पर उच्च स्तर का सम्बन्ध पाया जाता है।

उदीयमान वयस्कों के मूल्य
(Values of Emerging Adults)

“आपके विश्वास आपके विचार बन जातें हैं,
आपके विचार आपके शब्द बन जातें हैं,
आपके शब्द आपके कार्य बन जाते हैं,
आपके कार्य आपकी आदतें बन जातीं हैं,
आपकी आदतें आपके मूल्य बन जातें हैं,
आपके मूल्य आपकी नियति बन जाती हैं।”
– महात्मा गाँधी

"Your beliefs become your thoughts,
your thoughts become your words,
your words become your actions,
your actions become your habits,
your habits become your values,
your values become your destiny."
- Mahatma Gandhi

मूल्य (**Value**):– मूल्य वे मार्गदर्शक सिद्धांत (guiding principles) होते हैं, जो व्यक्तियों के विश्वासों (beliefs), दृष्टिकोणों (attitudes) एवं व्यवहारों (behaviors) को आकार देते हैं। यह व्यक्ति की पसंद व विकल्प (choices) तथा संसार से उसकी अन्तर्क्रिया (interactions) को प्रभावित करते हैं। इनमें ऐसे सामाजिक, सांस्कृतिक व धार्मिक आदर्श (ideals) अन्तर्निहित होते हैं, जो व्यक्तिगत विकास (personal growth) व नैतिक निर्णय (ethical decision-making) लेने में मानक (benchmarks) के रूप में कार्य करते हैं। संस्कृतियों एवं समाजों में अंतर्निहित मूल्य सामूहिक (collective) आकांक्षाओं व मानदंडों (aspirations and norms) को प्रतिबिंबित (reflect) करते हैं, जो व्यक्तियों को पूर्णता (fulfillment), सच्चाई (integrity) तथा अधिक सार्थक योगदान के लिए प्रेरित

करते हैं। मूल्य एक नैतिक दिशा–निर्देश प्रदान करते हैं तथा व्यक्तियों को सार्थक अस्तित्व (meaningful existence) के लिए उनकी गहनतम् (deepest) प्रतिबद्धताओं व आकांक्षाओं (convictions and aspirations) के अनुरूप कार्यों के लिए मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।

प्रसंगानुकूल यहाँ पर उदीयमान वयस्कों के संदर्भ में आवश्यक व महत्वपूर्ण मूल्यों का उल्लेख निम्नलिखित पंक्तियों में किया गया है–

- स्वतंत्रता (**Independence**):– स्वतंत्रता एक मौलिक मूल्य (fundamental value) है, जिसमें स्वायत्तता (autonomy), आत्मनिर्भरता (self-reliance) तथा दूसरों के अनुचित (undue) प्रभाव या नियंत्रण (control) से मुक्ति निहित है। इसका तात्पर्य वाह्य दबावों या बाधाओं (pressures or constraints) से प्रभावित हुए बिना, अपने तर्क एवं इच्छाओं (reasoning and desires) के आधार पर निर्णय लेने तथा कार्य करने की क्षमता से है। स्वतंत्रता व्यक्तिगत विकास, आत्मविश्वास, व्यक्तिगत लक्ष्यों तथा आकांक्षाओं (aspirations) की खोज को बढ़ावा देती है। अंततोगत्वा यह जीवन में सशक्तिकरण एवं पूर्णता (empowerment and fulfillment) की भावना में योगदान करती है।

- पहचान अन्वेषण (**Identity Exploration**):– पहचान की खोज आत्मनिरीक्षण (introspection), प्रयोग (experimentation) तथा प्रत्यावर्तन (reflection) की प्रक्रिया को संदर्भित करती है जिसके माध्यम से आत्म अवबोध (selfe concept) की धारणा का निर्धारण होता है। इसमें व्यक्तिगत संबंधों (personal relationships), सांस्कृतिक पृष्ठभूमि (cultural backgrounds) तथा सामाजिक मानदंडों (societal norms) जैसे विभिन्न संदर्भों (various contexts) में किसी की मान्यताओं (beliefs), मूल्यों (values), रुचियों (interests) से सम्बन्धित भूमिकाओं (roles) पर प्रश्न उठाना (questioning) सम्मिलित है। पहचान अन्वेषण व्यक्तिगत विकास (personal growth), आत्म–स्वीकृति (self-acceptance) व पहचान (identity) की सुसंगत भावना (coherent sense) के विकास के लिए आवश्यक होता है। इसमें प्रायः अधिक प्रामाणिक (authentic) आत्म–अवधारणा (self-concept) बनाने के लिए व्यक्तित्व (personality), अनुभवों (experiences) एवं आकांक्षाओं (aspirations) के विभिन्न पहलुओं की खोज करना निहित है।

❖ कार्यों एवं निर्णयों की जिम्मेदारी लेना (**Taking Responsibility for Actions and Decisions**):– कार्यों एवं निर्णयों की जिम्मेदारी लेने में किसी व्यक्ति के द्वारा अपने कार्यों एवं निर्णयों की सकारात्मक या नकारात्मक (positive or negative) परिणामों (outcomes) में अपनी भूमिका को स्वीकार करना तथा जवाबदेह (accountable) होना सम्मिलित है। किसी भी संबंधित नतीजे (associated repercussions) को स्वीकार करना तथा समाधान या सुधार (resolution or improvement) की दिशा में सक्रिय रूप से कार्य करना निहित है। यह मूल्य व्यवसायिक व व्यक्तिगत (professional and personal) दोनों क्षेत्रों में सत्यनिष्ठा (integrity), आत्म–जागरूकता (self-awareness), व्यक्तिगत विकास (personal growth) तथा जवाबदेही के प्रति प्रतिबद्धता (commitment) पर बल देता है।

❖ व्यक्तिगत मूल्य एवं मान्यताओं का अन्वेषण (**Exploring Personal Values and Beliefs**):– व्यक्तिगत मूल्य एवं मान्यताओं की खोज में किसी व्यक्ति के द्वारा मूल सिद्धांतों (core principles), दृढ़विश्वासों (convictions) एवं नैतिक दिशा–निर्देशों (ethical guidelines) को समझने के लिए आत्मनिरीक्षण (introspection) व चिंतन में संलग्न होना सम्मिलित है। व्यक्तिगत मूल्य एवं मान्यताओं का अन्वेषण के अन्तर्गत कोई भी व्यक्ति अपने अनुभव (experiences), विचार (thoughts) एवं भावनाओं (feelings) की आलोचनात्मक परीक्षण (critical examination) करता है, जिससे यह स्पष्ट किया जा सके कि वास्तव में क्या महत्वपूर्ण व सार्थक (important and meaningful) है। यह कार्यों एवं निर्णयों में तालमेल को बढ़ावा देता है, अन्ततेगत्वा एक अधिक पूर्ण (more fulfilling) एवं उद्देश्य–संचालित (purpose-driven) जीवन में योगदान देता है।

❖ सामाजिक उत्तरदायित्व (**Social Responsibility**):– सामाजिक उत्तरदायित्व व्यक्तियों एवं संगठनों के नैतिक दायित्व (ethical obligation) को इंगित करता है कि वे इस ढंग से कार्य करें जिससे समाज को समग्र रूप से लाभ हो। इसमें समुदाय (communities), पर्यावरण तथा भावी पीढियों (future generations) पर अपने कार्यों के प्रभाव पर विचार करना आवश्यक होता है। सामाजिक रूप से जिम्मेदार व्यवहार (socially responsible behavior) में न केवल कानून व नियम–विनियमों का अनुपालन अनिवार्य होता है बल्कि सामाजिक, पर्यावरणीय एवं आर्थिक कल्याण को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी भी आवश्यक होती है। इस मूल्य में ऐसे

निर्णय लेना भी महत्वपूर्ण है, जो दूसरों की भलाई को प्राथमिकता देते हैं तथा सामाजिक, आर्थिक व पर्यावरणीय स्थिरता में सकारात्मक योगदान करते हैं।

❖ आजीवन अधिगम के प्रति प्रतिबद्धता (**A Commitment to Lifelong Learning**):– जीवन पर्यन्त सीखने के प्रति प्रतिबद्धता, किसी व्यक्ति के सम्पूर्ण जीवन काल के दौरान अनवरत् रूप से ज्ञान, कौशल व व्यक्तिगत विकास हेतु संकल्प व समर्पण (determination dedication) के भाव को अभिव्यक्त को करती है। इसमें जिज्ञासा को बनाये रखना, शिक्षा एवं विकास के अवसरों की खोज़ (pursuing opportunities) करना तथा नई चुनौतियों व प्रगति को अपनाना सम्मिलित है। यह मूल्य इस मान्यता को स्वीकार करता है कि सीखना व्यक्तिगत पूर्ति (personal fulfillment), व्यावसायिक सफलता (professional success) एवं सामाजिक प्रगति (societal progress) के लिए एक आवश्यक आजीवन यात्रा (lifelong journey) है।

❖ वैश्विक जागरूकता (**Global Awareness**):– वैश्विक जागरूकता का तात्पर्य सम्पूर्ण विश्व के निवासियों, संस्कृतियों, अर्थव्यवस्थाओं एवं पर्यावरण के अंतर्सम्बंध (interdependencies) की व्यापक (broad) समझ (understanding) एवं अभिमूल्यन (appreciation) से है। इसमें विविध संस्कृतियों (diverse cultures), दृष्टिकोणों (perspectives) एवं प्रणालियों (systems) की पहचान व सम्मान (recognizing and respecting) करना सम्मिलित है। इसके साथ ही वैश्विक जागरूकता में गरीबी (poverty), जलवायु परिवर्तन (climate change), भू–राजनीतिक संघर्ष (geopolitical conflicts) तथा सामाजिक अन्याय (social injustices) जैसी वैश्विक चुनौतियों (global challenges) को स्वीकार करना एवं वैश्विक स्तर पर सहयोग (cooperation) व टिकाऊ समाधानों (sustainable solutions) को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय रूप से प्रयास करने का भाव भी सम्मिलित है। वैश्विक जागरूकता के विकास से वैश्विक समुदाय (world community) के प्रति सहानुभूति (empathy), सहिष्णुता (tolerance) एवं जिम्मेदारी (responsibility) की भावना को बढ़ावा मिलता है।

❖ आत्म–अन्वेषण (**Self-discovery**):– आत्मान्वेषण आत्मनिरीक्षण (introspection) की सतत् यात्रा (ongoing journey) है, जिसके माध्यम से व्यक्ति स्वयं, अपने मूल्यों (values), विश्वासों (beliefs), शक्तियों (strengths) एवं कमजोरियों (weaknesses) की गहरी समझ विकसित करते हैं। इसमें किसी की वास्तविक पहचान (true identity), आकांक्षाओं (aspirations) तथा जीवन के उद्देश्य में

स्पष्टता (clarity) लाने का अभिप्रेत (intention) होता है। आत्म–खोज के माध्यम से ही किसी व्यक्ति में आत्म–जागरूकता उत्पन्न होती हैं।

- नैतिक व्यवहार (**Ethical Behavior**):– नैतिक व्यवहार से तात्पर्य ऐसे आचरण (conduct) से है, जो नैतिक सिद्धांतों (moral principles) व सही तथा गलत (right and wrong) के मानकों (standards) के अनुरूप होता है। इसमें दूसरों की भलाई (well-being of others), सामाजिक मानदंडों (societal norms) का पालन, सत्यनिष्ठा (integrity) एवं ईमानदारी (honesty) के आलोक में निर्णय लेने तथा कार्य करने का विचार निहित होता है। नैतिक व्यवहार में निष्पक्षता (fairness), सम्मान (respect), उत्तरदायित्व (responsibility), सार्थक अन्तर्क्रिया (meaningful interactions) तथा निर्णयों में पारदर्शिता (transparency) सम्मिलित है। नैतिक व्यवहार समाज, समुदाय एवं संगठनों के अन्दर विश्वास (trust), सद्भाव (harmony) तथा न्याय (justice) में योगदान करती है।
- विविधता का सम्मान (**Respect for Diversity**):– विविधता का सम्मान से तात्पर्य समाज के अन्दर मौजूद विविध पहचान (diverse identities), पृष्ठभूमि (backgrounds) तथा परिप्रेक्ष्यों (perspectives) की मौलिक (fundamental) मान्यता एवं स्वीकृति (recognition and acceptance) के भाव से है। इसमें व्यक्तियों एवं समुदायों की विशिष्टता (uniqueness) को सक्रिय रूप से स्वीकार करना, उनके मतभेदों का सम्मान करना तथा जाति (race), प्रजाति (ethnicity), लिंग (gender), यौन अभिविन्यास (sexual orientation), धर्म (religion), सामाजिक आर्थिक स्थिति (socio-economic status) या क्षमताओं (abilities) की परवाह किए बिना सभी के लिए समान (equal) अवसर एवं उपचार (opportunities and treatment) सुनिश्चित करने का अभिप्रेत (intention) होता है। यह मूल्य समावेशी वातावरण (inclusive environment) बनाने के महत्व को रेखांकित करता है जहाँ हर कोई सामूहिक प्रयासों (collective endeavors) में अपनी विविध प्रतिभाओं (diverse talents) व क्षमताओं का बेझिझक योगदान करने के लिए तत्पर रहता है तथा स्वयं को अधिक मूल्यवान (valued), सम्मानित (respected) तथा सशक्त (empowered) महसूस करता है।

❖ सत्यनिष्ठा (**Integrity**):– सत्यनिष्ठा किसी के कार्यों एवं बातचीत (actions and interactions) में नैतिक (moral), ईमानदार (honest), सदाचारपूर्ण (ethical), नीतिपरक एवं सिद्धांतवादी (principled) होने का गुण है। इसमें सही व गलत (right and wrong) की मजबूत समझ (strong sense) होना तथा बाहरी दबावों या प्रलोभनों (pressures or temptations) की परवाह किए बिना अपने कार्यों को इन सिद्धांतों के साथ लगातार संरेखित करना (aligning) सम्मिलित है। सत्यनिष्ठ व्यक्ति विपरीत परिस्थितियों में भी पारदर्शिता (transparency), निरंतरता (consistency), विश्वसनीयता (reliability) तथा अपने मूल्यों को बनाए रखने के लिए दृढ़ प्रतिबद्धता (firm commitment) प्रदर्शित करते हैं। जो सही है उसे करने के प्रति अपने अटूट समर्पण का प्रदर्शन करते हैं तथा दूसरों से विश्वास व सम्मान प्राप्त करते हैं।

❖ कार्य नीति (**Work Ethics**):– कार्य नीति उन नैतिक सिद्धांतों (moral principles) एवं मूल्यों (values) को संदर्भित करती है जो कार्यस्थल (workplace) में किसी व्यक्ति के व्यवहार को निर्देशित (guide) करते हैं। इसमें विश्वसनीयता (reliability), सत्यनिष्ठा (integrity), जवाबदेही (accountability) तथा व्यावसायिकता (professionalism) जैसे गुण हैं। दृढ़ कार्य नीति (strong work ethics) का पालन करने वाले व्यक्ति अपनी नौकरी, सहकर्मियों (colleagues) एवं नियोक्ता (employer) के प्रति अनवरत् समर्पण (dedication), ईमानदारी (honesty) तथा सम्मान (respect) का प्रदर्शन करते हैं, जिससे उत्पादकता (productivity) में वृद्धि तथा सकारात्मक (positive) कार्य संस्कृति (work culture) का विकास होता है।

❖ ईमानदारी (**Honesty**):– ईमानदारी एक मूलभूत नैतिक सिद्धांत (foundational ethical principle) है, जो किसी व्यक्ति के शब्दों, कार्यों एवं मन्तव्यों (words, actions and intensions) में सत्यवादिता (truthfulness), निष्कपटता (sincerity), सदाशयता (bonafides) तथा सत्यनिष्ठा (truthfulness) के रूप अभिव्यक्त होती है। इसमें पारस्परिक संवाद (interpersonal interactions) एवं निर्णयन की प्रक्रियाओं में छल (deceit), झूठ (falsehoods) एवं हेरफेर (manipulation) से बचने तथा पारदर्शिता (transparency) एवं स्पष्टवादिता (straightforwardness) के प्रति प्रतिबद्धता (commitment) सम्मिलित होती है। ईमानदारी सम्बन्धों एवं समाज के अन्दर विश्वास (trust), जवाबदेही (accountability) व सम्मान (respect) को बढ़ावा देती है तथा नैतिकतापूर्ण

व्यवहार (ethical behavior) के लिए आधारशिला (foundation stone) के रूप में कार्य करती है।

- ❖ स्वयंसेवा व सामुदायिक भागीदारी (**Volunteering and community involvement**):– स्वयंसेवा एवं सामुदयिक भागीदारी में बिना किसी मौद्रिक लाभ के समुदाय के कल्याण व विकास की स्थिति को बेहतर बनाने का उद्‌देश्य निहित है। यह संगठित कार्यक्रमों या घरातल स्तर के प्रयासों के माध्यम से सामाजिक, पर्यावरणीय या सांस्कृतिक मुद्दों को संबोधित करने के लिए स्वेच्छा से अपना समय, कौशल एवं संसाधन समर्पित करने का कार्य हैं। यह प्रतिबद्धता परोपकारिता, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं एकजुटता की भावना का प्रतीक है, जो समुदायों के भीतर सकारात्मक बदलाव को बढ़ावा देती है।
- ❖ अध्यवसाय (**Diligence**):– अध्यवसाय स्वयं को संपूर्णता (thoroughness), ध्यान (attention) एवं दृढ़ता (perseverance) के साथ सद्‌कार्यों में अनवरत् रूप (consistently) से लगाने की प्रतिबद्धता (commitment) का प्रतीक है। यह उत्कृष्टता (excellence) के प्रति अटूट समर्पण (dedication) है, जो कार्य के प्रति एक अनुशासित दृष्टिकोण (disciplined approach), समग्रता के साथ सावधानीपूर्वक ध्यान (careful attention) तथा लक्ष्यों की निरंतर अन्वेषण की विशेषता है। अध्यवसाय में न केवल आवश्यक प्रयास करना निहित है बल्कि सभी प्रयासों में, एकाग्रता, समुत्थानशीलता (resilience) एवं गुणवत्ता (quality) का उच्च स्तर बनाए रखना भी सम्मिलित होता है।
- ❖ व्यावसायिकता (**Professionalism**):– व्यावसायिकता किसी विशेष क्षेत्र या व्यवसाय के अन्दर अपेक्षित मानकों (standards) व व्यवहारों के एक समुच्चय (set) का अनुपालन (adherence) है। इसमें सत्यनिष्ठा (integrity), विश्वसनीयता (reliability), सक्षमता (competence) एवं सहकर्मियों, ग्राहकों तथा पेशे (colleagues, clients, and profession) के प्रति सम्मान जैसे गुण सम्मिलित हैं। व्यावसायिकता (professionalism) प्रदर्शित करने में उच्च स्तर की जवाबदेही (accountability), नैतिक आचरण (ethical conduct) तथा गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के प्रति समर्पण बनाए रखना आवश्यक होता है।

- संस्कृति, जातीयता एवं मान्यताओं में अंतर का सम्मान करना (**Respecting differences in culture, ethnicity and beliefs**):– संस्कृति, जातीयता एवं मान्यताओं में अंतर का सम्मान करने का अर्थ प्रत्येक व्यक्ति की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि (cultural background), जातीय विरासत (ethnic heritage) तथा व्यक्तिगत मान्यताओं (personal beliefs) की विलक्षणता (idiosyncracy) व विशिष्टता (specificity) को पहचानना (recognizing) तथा किसी निर्णय या पूर्वाग्रह (judgment or prejudice) के बिना विविधता (diversity) के प्रति सकारात्मक अभिवृत्ति (positive attitude) का प्रदर्शन करना होता है। इसमें भिन्न परिप्रेक्ष्यों (perspectives) को समझने (understand), सराहने (appreciate) तथा आदर (deference) का भाव सम्मिलित है। यह मूल्य समावेशिता (inclusivity), सहानुभूति (empathy) व पारस्परिक सम्मान (mutual respect) एवं सामंजस्यपूर्ण सह–अस्तित्व (harmonious coexistence) को बढ़ावा देता है तथा सांस्कृतिक बहुलवाद (cultural pluralism) एवं सभी के लिए समान अधिकारों व अवसरों (rights and opportunities) को बढ़ावा देने के साथ सामूहिक अनुभवों (collective experiences) को समृद्ध करता है।
- पारिवारिक सम्बन्धों का पोषण (**Nurturing family relationships**):– पारिवारिक सम्बन्धों का पोषण सार्थक संबंधों को विकसित करने एवं परिवार के अन्दर एक सकारात्मक वातावरण को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इसमें परिवार के प्रत्येक सदस्य के प्रति सहानुभूति व पारस्परिक सम्मान प्रदर्शित करना तथा समुचित देखभाल करना सम्मिलित है। यह मूल्य परिवार में प्रभावी संचार व समझ को प्राथमिकता देता है, इसके साथ ही यह पारिवारिक बंधनों को शक्तिशाली बनाने, संघर्षों को रचनात्मक ढंग से हल करने तथा अनुभवों को साझा करनें में समय व प्रयास के निवेश के महत्व पर बल देता है। इससे परिवारों में अपनापन, सुरक्षा व प्रेम की भावना में संवृद्धि होती है।
- समावेशिता को महत्व देना (**Valuing inclusivity**):– समावेशिता को महत्व देने में मानव विविधता (human diversity) के सभी रूपों यथाः नस्ल (race), जातीयता (ethnicity), लिंग पहचान (gender identity), यौन अभिविन्यास (sexual orientation), आयु (age), अभिक्षमता (aptitude), सामाजिक आर्थिक पृष्ठभूमि (socioeconomic background) एवं धर्म (religion) को स्वीकार व सम्मान करना सम्मिलित है। समावेशिता का महत्व यहीं तक सीमित नहीं है अपितु

इसमें सक्रिय भागीदारी (participation) की विघ्न–बाधाओं को हटाना एवं व्यक्तियों व समुदायों के लिए संसाधनों (resources), अवसरों (opportunities) एवं प्रतिनिधित्व (representation) तक समान पहुँच (equitable access) सुनिश्चित करना भी सम्मिलित है। समावेशिता सहानुभूति (empathy), समझ (understanding) व एकजुटता (solidarity) को बढ़ावा देती है तथा ऐसे वातावरण का निर्माण करती है जहाँ हर कोई पूरी तरह अपने आप को सशक्त (empowered) महसूस कर सके।

- परिवर्तन एवं नवाचार को अपनाना (**Embracing change and innovation**):– परिवर्तन एवं नवाचार को अपनाना एक ऐसी मानसिकता (mindset) का प्रतीक है जो सक्रिय रूप से नए विचारों (new ideas), विधियों (methods) एवं प्रौद्योगिकियों (technologies) के अन्वेषण का स्वागत करती है। इसमें अनुकूलनीयता (adaptability), रचनात्मकता (creativity), मुक्त मनस्कता (open-minded), दूरदर्शितापूर्ण मानसिकता (forward-thinking mindset) तथा उभरते परिदृश्यों (evolving landscapes) में प्रासंगिक व प्रतिस्पर्धी (relevant and competitive) बने रहने के लिए प्रगति को अपनाना सम्मिलित है। यह मूल्य व्यक्तियों, संगठनों व समाजों के भीतर निरंतर सुधार, विकास एवं प्रगति की संस्कृति को बढ़ावा देता है। परिवर्तन को अपनाना मात्र एक आवश्यकता नहीं ही है बल्कि विकास, सुधार एवं स्थायी प्रगति के लिए एक अवसर भी है।

- दृढ़ता (**Persistence**):– प्रगति के मार्ग में आने वाली बाधाओं (obstacles), असफलताओं (setbacks) या निराशाओं (disappointments) की परवाह किए बिना किसी लक्ष्य या वांछित परिणाम (goal or desired outcome) के लिए प्रयास को जारी रखने का संकल्प (resolve) ही दृढ़ता है। यह समुत्थानशीलता (resilience), लगन (tenacity) तथा सफलता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता (unwavering commitment to success) का प्रतीक है, जो व्यक्तियों को धैर्य (grit), संकल्प व समर्पण (determination and dedication) साथ चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रेरित करता है। यह मूल्य कठिनाइयों को सहने (willingness to endure hardships), असफलताओं से सीखने (learn from failures) तथा उद्देश्यों के प्राप्त होने तक लगातार उत्कृ ष्टता (excellence) के साथ अनुगमन की तीव्र इच्छा को रेखांकित करता है।

उपर्युक्त मूल्यों के अलावा उदीयमान वयस्कों के सम्पूर्ण भलाई एवं सार्थक जीवन के लिए कुछ अन्य जीवन मूल्य यथाः वहनीयता (Sustainability), जवाबदेही (Accountability), पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति जागरूकता (Awareness of environmental issues), पहचान की एकजुट भावना का निर्माण (Forming a cohesive sense of identity), सीखना व संवृद्धि (Learning and Growth) आदि महत्वपूर्ण हैं।

ये जीवन कौशल एवं मूल्य उभरते वयस्कों के समग्र विकास में योगदान करते हैं, उन्हें वयस्कता की जटिलताओं से निपटने तथा एक पूर्ण व उद्देश्यपूर्ण जीवन की नींव स्थापित करने में मदद करते हैं। विशेष रूप से यह उल्लेखनीय है कि व्यक्तिगत अनुभव, सामाजिक पृष्ठभूमि एवं सांस्कृतिक संदर्भ, जीवन के इस चरण के दौरान विशिष्ट कौशल तथा मूल्यों को प्रभावित कर सकते हैं।

सचेतनता एवं सकारात्मक भावनाएँ

(**Mindfulness and Positive Emotions**)

“आज की भागदौड़ में, हम सभी बहुत अधिक सोचते हैं, बहुत अधिक खोजते हैं, बहुत अधिक चाहते हैं और केवल होने के आनंद के बारे में भूल जाते हैं”।

–एकहार्ट टॉले

"In today's rush, we all think too much, seek too much, want too much and forget about the joy of just being." - Eckhart Tolle

“सचेतनता हमारे जीवन में पूरी तरह से जागृत होने के बारे में है। यह प्रत्येक क्षण की उत्कृष्ट जीवंतता की अनुभूति से सम्बन्धित है। हम अंतर्दृष्टि, परिवर्तन एवं उपचार के लिए अपने स्वयं के शक्तिशाली आंतरिक संसाधनों तक तत्काल पहुँच सुनिश्चित करते हैं।” –जॉन काबट–ज़िन

"Mindfulness is about being fully awake in our lives. It is about perceiving the exquisite vividness of each moment. We also gain immediate access to our own powerful inner resources for insight, transformation, and healing." -Jon Kabat-Zinn

सचेतनता (**Mindfulness**)

सचेतनता की उत्पत्ति हज़ारों वष पूर्व भारतीय चिंतन धाराओं विशेषकर हिंदू एवं बौद्ध धर्म से हुयी है। हालाँकि सचेतनता की जड़ें विभिन्न धार्मिक एवं दार्शनिक परंपराओं में भी पायी जाती हैं, परन्तु इसको बौद्ध धर्म के माध्यम से व्यापक प्रसिद्धि मिली है। सचेतनता बौद्ध धर्म (पाली भाषा में सती के रूप में संदर्भित) के महान अष्टांगिक मार्ग जिनको आत्मज्ञान का पथ कहा जाता है, के मूलभूत पहलुओं में से एक है। गौतम बुद्ध ने जागरूकता व अंतर्दृष्टि का विकास एवं पीड़ा से मुक्ति के साधन के रूप में सचेतनता की शिक्षा को प्रदान किया।

सदियों से सचेतनता की अभ्यास–प्रथाओं को मनोविज्ञान एवं स्वास्थ्य देखभाल सहित विभिन्न धर्मनिरपेक्ष संदर्भों में अनुकूलित किया गया है। हाल के दशकों में सचेतनता–आधारित तनाव न्यूनीकरण (Mindfulness-Bassed Stress Reductionm, MBSR) एवं सचेतनता–आधारित संज्ञानात्मक थेरेपी (Mindfulness-Based Cognitive Therapy, MBCT) जैसे हस्तक्षेपों ने मानसिक स्वास्थ्य से सम्बन्धित विभिन्न मुद्दों को संबोधित करने तथा कल्याण को बढ़ावा देने में लोकप्रियता प्राप्त की है।

जॉन काबट–ज़िन ने सचेतनता को निम्न शब्दों में परिभाषित किया है– "सचेतनता का अर्थ विशेष युक्तियों से उद्देश्य पर, वर्तमान क्षण में तथा अनिर्णयात्मक रूप से ध्यान देना है।" ("Mindfulness means paying attention in a particular way: on purpose, in the present moment and nonjudgmentally." - Jon Kabat-Zinn)

प्रसिद्ध वियतामी बौद्ध भिक्षु एवं सामाजिक कार्यकर्ता थिच नहत हान् ने अपनी पुस्तक 'The heart of the Buddha's teaching: transforming suffering into peace, joy & liberation: the four noble truths, the noble eightfold path, and other basic Buddhist teachings.' के ग्यारहवें अध्याय में सचेतनता के सम्बन्ध में लिखते हैं कि– "सम्यक् सचेतनता (सम्यक स्मृति) बुद्ध की शिक्षाओं के केंद्र में है। परंपरागत रूप से, सही सचेतनता आष्ठागिंक मार्ग के सातवें स्थान पर है, लेकिन इसके महत्व पर बल देने के लिए इसे यहाँ तीसरे स्थान पर प्रस्तुत किया गया है। जब सम्यक् सचेतनता उपस्थित होती है, तो चार आर्य सत्य एवं अष्टांगिक मार्ग के सात अन्य तत्व भी उपस्थित होते हैं। जब हम सचेत् होते हैं, तो हमारी सोच सम्यक् सोच होती है, हमारी वाणी सम्यक् वाणी होती है तथा इसी तरह। सही सचेतनता, वह ऊर्जा है जो हमें वर्तमान क्षण में वापस लाती है। अपने आप में सचेतनता उत्पन्न करने में बुद्ध को अपने अन्दर विकसित करना है, पवित्र आत्मा का उन्नयन करना है।" ;"Right Mindfulness (samyak smriti) is at the heart of the Buddha's teachings. Traditionally, Right Mindfulness is the seventh on the path of eight right practices, but it is presented here third to emphasize its great importance. When Right Mindfulness is present, the Four Noble Truths and the seven other elements of the Eightfold Path are also present. When we are mindful, our thinking is Right Thinking, our speech is Right Speech, and so on. Right Mindfulness is the energy that brings us back to the present moment. To cultivate mindfulness in ourselves is to cultivate the Buddha within, to cultivate the Holy Spirit." -

Thich Nhat Hanh, *The heart of the Buddha's teaching: transforming suffering into peace, joy & liberation: the four noble truths, the noble eightfold path, and other basic Buddhist teachings*. Chapter 11)

अस्तु यह स्पष्ट है कि सचेतनता एक मानसिक स्थिति है जो बिना किसी निर्णय के वर्तमान क्षण के प्रति जागरूकता एवं ध्यान की अवस्था की द्योतक होती है। इसमें वर्तमान अनुभव में पूरी तरह डूबकर, विचारों व भावनाओं में बिना अटके उनका पर्यवेक्षण किया जाता है। अर्थात् इसमें बिना किसी निर्णय के व साभिप्राय अपने विचारों, भावनाओं, शारीरिक संवेदनाओं एवं परिवेश के बारे में क्षण–प्रतिक्षण जागरूकता बनाए रखना सम्मिलित है। सचेतनता की अभ्यास–प्रथाओं में प्रायः ध्यान की प्रविधियाँ संनिहित होती है परन्तु इस अवधारणा का विस्तार दैनिक गतिविधियों तक है, जो व्यक्तियों को जो कुछ भी वे कर रहे हैं उसके प्रति अनिर्णयात्मक जागरूकता लाने के लिए प्रोत्साहित करती है। सचेतनता किसी व्यक्ति में आवेगपूर्ण प्रतिकार के स्थान पर स्थितियों पर अधिक अनुकूल प्रतिक्रिया करने की क्षमता विकसित करने में सहायक होती हैं, जिससे भावनात्मक विनियमन में सुधार, तनाव में कमी तथा समग्र कल्याण में वृद्धि होती है।

सचेतनता के प्रमुख तत्वों में सम्मिलित हैं–

- ❖ वर्तमान क्षण जागरूकता (**Present Moment Awareness**):– वर्तमान क्षण जागरूकता अतीत पर ध्यान केंद्रित करने या भविष्य के बारे में चिंता करने के बजाय वर्तमान क्षण पर ध्यान केंद्रित करना है। जॉन काबट–ज़िन (Jon Kabat-Zinn) के अनुसार– "पलों को पकड़ने का उत्तम उपाय ध्यान देना है। इस तरह हम सचेतनता विकसित करते हैं।" ("The best way to capture moments is to pay attention. This is how we cultivate mindfulness.")
- ❖ गैर–निर्णयात्मक रवैया (**Non-judgmental Attitude**):– विचारों, भावनाओं एवं संवेदनाओं को अच्छा या बुरा बताए बिना उनका अवलोकन करना।
- ❖ स्वीकृति (**Acceptance**):– किसी भी व्यक्ति, वस्तु, सामग्री, प्रक्रिया, घटना आदि को बदलने या नियंत्रित करने का प्रयास किए बिना उनको वैसे ही स्वीकार करना जैसे कि वे हैं।
- ❖ गैर–प्रतिक्रियाशीलता (**Non-reactivity**):– अनुभवों पर स्वचालित रूप से प्रतिक्रिया किए बिना उन्हें आने एवं जाने देना।

❖ ध्यान प्रशिक्षण (**Attention Training**):– ध्यान प्रशिक्षण, ध्यान या सचेतन श्वास जैसी अभ्यास प्रथाओं के माध्यम से केन्द्रित एकाग्रता बनाए रखने की क्षमता विकसित करना है। वर्तमान क्षण पर ध्यान वापस लाने के लिए श्वास को एक आलम्ब के रूप में उपयोग किया जाता है। औपचारिक व्यायाम प्रविधियाँ जैसे श्वास केंन्द्रीकरण या काया क्रमवीक्षण ध्यान (body scan meditation) जो मन को वर्तमान में उपस्थित रहने के लिए प्रशिक्षित करते हैं, प्रयोग में लाये जातें हैं।

सचेतनता की प्रमुख विशेषताओं को निम्नांकित बिन्दुओं में दिया गया है–

❖ आत्म–जागरूकता (**Self-awareness**):– सचेतनता आत्मनिरीक्षण एवं किसी के आंतरिक अनुभवों के अवलोकन को प्रोत्साहित करके आत्मबोध को बढ़ाती है।

❖ तनाव में कमी (**Stress Reduction**):– वर्तमान में उपस्थित तथा अप्रतिक्रियाशील (non reactive) रहना सीखकर, सचेतनता व्यक्तियों को तनाव को अधिक प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने में सहायता करती है जिससे मन शांत रहता है।

❖ उन्नत संज्ञानात्मक क्षमताएँ (**Enhanced Cognitive Abilities**):–सचेतनता का नियमित अभ्यास ध्यान, स्मृति एवं निर्णय लेने जैसे संज्ञानात्मक कार्यों को बेहतर बनाता है।

❖ करुणा संवृद्धि (**Compassion Enhancement**):– सचेतनता एक अनिर्णयात्मक एवं स्वीकार्य दृष्टिकोण विकसित करके स्वयं एवं दूसरों के प्रति सहानुभूति व करुणा को बढ़ावा देती है।

❖ मन–काया संबंध (**Mind-Body Connection**):– सचेतनता मन व शरीर के मध्य संबंध पर विशेष बल देती है। यह व्यक्तियों को शारीरिक संवेदनाओं का भावनात्मक स्थितियों से सम्बन्ध पर ध्यान देने के लिए प्रोत्साहित करती है।

सचेतनता एक गहन अभ्यास की प्रथा है, जो व्यक्तियों को वर्तमान क्षण की जागरूकता उत्पन्न करने, भावनात्मक लचीलापन, संज्ञानात्मक स्पष्टता एवं समग्र कल्याण को बढ़ावा देने का मार्ग प्रशस्थ करती है। अपनी सरल किन्तु गहन प्रविधियों के माध्यम से सचेतनता व्यक्तियों को जीवन के अनुभवों के साथ साशय जुड़ाव को सशक्त बनाती है, जिससे उन्हें चुनौतियों का युक्तियुक्त प्रत्युत्तर एवं दूसरों के प्रति करुणा का संपोषण तथा आधुनिक युगास्तित्व की जटिलताओं के मध्य शांति व संतुष्टि की गहन भावना की खोज करने में सहायता मिलती है।

सचेतनता का शैक्षिक निहितार्थः
(Educational Implications of Mindfullness)

"सचेतनता कठिन नहीं है, हमें बस इसे करने के लिए याद रखने की जरूरत है।"
– – शेरोन साल्ज़बर्ग

"Mindfulness isn't difficult, we just need to remember to do it."
– **Sharon Salzberg**

प्राचीन चिंतनशील प्रथाओं में निहित सचेतनता, अधिगम एवं छात्र कल्याण के विभिन्न पहलुओं को बेहतर बनाने की क्षमता के कारण आधुनिक शैक्षिक प्रणाली में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर सकती है। सचेतनता के शैक्षिक निहितार्थ को अग्रलिखित पंक्तियों में स्पष्ट किया गया है–

- ❖ उन्नत ध्यान कौशल (**Improved Attention Skill**):– सचेतनता की अभ्यास कियाएँ यथाः सचेतन प्राणत्व (mindful breathing) या काया–क्रमवीक्षण (body scans) विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के ध्यान कौशल का विकास करने में सहायता कर सकते हैं। विद्यार्थियों को बिना किसी निर्णय के वर्तमान क्षण पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रशिक्षित करके उनके मन के भटकाव को कम तथा एकाग्रता में सुधार किया जा सकता है जो प्रभावी अधिगम के लिए आवश्यक है।
- ❖ बर्धित भावनात्मक विनियमन (**Enhanced Emotional Regulation**):– शिक्षा का उद्देश्य मात्र ज्ञान प्राप्त करना ही नहीं है अपितु इसके माध्यम से सामाजिक व भावनात्मक कौशल का विकास भी किया जाना आवश्यक है। सचेतनता छात्रों को अपने विचारों व भावनाओं को गैर–निर्णयात्मक रूप से देखने के लिए प्रोत्साहित करके भावनात्मक विनियमन को बढ़ावा देती है। यह उन्हें तनाव, चिंता एवं अन्य चुनौतीपूर्ण भावनाओं को प्रबंधित करने की क्षमता से सज्जित करती है, जिससे सीखने के लिए अनुकूल वातावरण तैयार होता है।
- ❖ समुत्थानशीलता में वृद्धि (**Increased Resilience**):– बढ़ी हुई समुत्थानशीलता शैक्षणिक दबावों या असफलताओं का सामना करने में छात्रों की दृढ़ता को बनाए रखने एवं सफलता के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सचेतनता का अभ्यास छात्रों को कठिनाइयों का सामना करने की

क्षमता एवं समुत्थानशीलता को विकसित करने में सहायता करती है।समुत्थानशीलता में अभिवृद्धि अधिक शैक्षणिक सफलता एवं समग्र कल्याण में योगदान दे सकता है।

❖ उन्नत संज्ञानात्मक कौशल (**Enhanced Cognitive Skills**):– सचेतनता को कार्यशील स्मृति, संज्ञानात्मक लचीलापन एवं समस्या–समाधान जैसे संज्ञानात्मक कार्यों में सुधार की प्रक्रिया से जोड़ा गया है। ये संज्ञानात्मक कौशल शैक्षणिक उपलब्धि के लिए मौलिक होते हैं क्योंकि वे सीखने, तर्क एवं आलोचनात्मक चिंतन की प्रक्रिया का समर्थन करते हैं।

❖ तनाव एवं चिंता में कमी (**Reduced Stress and Anxiety**):– परीक्षा, समय सीमा एवं सामाजिक अपेक्षाओं जैसे विभिन्न दबावों के कारण शैक्षणिक वातावरण छात्रों के लिए स्वाभाविक रूप से तनावपूर्ण हो सकता है। सचेतनता–आधारित हस्तक्षेपों ने छात्रों के तनाव एवं चिंता को कम करने, अधिगम एवं समग्र कल्याण के लिए अधिक अनुकूल वातावरण बनाने में आशाजनक परिणाम दिखायें हैं।

❖ बेहतर अन्तवैयत्तिक संबंध (**Improved Interpersonal Relationships**):– सहयोग व संचार शिक्षा के आवश्यक कौशल हैं। सचेतनता की अभ्यास–प्रथाएँ सहानुभूति, करुणा एवं सक्रिय श्रवण को बढ़ाती हैं जो विद्यार्थियों का आपस मे तथा शिक्षकों के साथ सकारात्मक संबंध बनाने के लिए महत्वपूर्ण हैं। परिणामस्वरूप शैक्षणिक एवं व्यक्तिगत विकास के अनुकूल सहायक शिक्षण पर्यावरण का निर्माण होता है।

❖ आजीवन अधिगम में सहायक (**Supporting Lifelong Learning**):– सचेतनता विकास की मानसिकता को उत्पन्न करती है, फलस्वरूप विद्यार्थी चुनौतियों को खतरों के बजाय विकास के अवसर के रूप में देखते हैं। सचेतनता सीखने के प्रति प्रेम व शिक्षा के प्रति जिज्ञासा–संचालित दृष्टिकोण पैदा करके औपचारिक विद्यालयी शिक्षा के दायरे से परे आजीवन अधिगम को प्रोत्साहित करती है।

शैक्षिक अनुक्षेत्र में सचेतनता की अभ्यास प्रथाओं को समाविष्ट करने से विद्याार्थियों के सीखने, कल्याण एवं सम्पूर्ण शैक्षणिक सफलता पर गहरा प्रभाव पड़ सकता है। ध्यातव्य हो कि सचेतनताकी व्यवहार गतिविधियों को सावधानी के साथ अपनाना आवश्यक है तथा इसके क्रियान्वयन के लिए छात्रों व शिक्षकों को समान रूप से पर्याप्त समर्थन व संसाधन प्रदान किया जाना चाहिए।

सकारात्मक भावनाएँ (**Positive Emotions**)

> "अब तक की सबसे बड़ी खोज यह है कि कोई व्यक्ति केवल अपना दृष्टिकोण बदलकर अपना भविष्य बदल सकता है।" – ओपराह् विन्फ्रे
>
> **"The greatest discovery of all time is that a person can change his future by merely changing his attitude." – Oprah Winfrey**

सकारात्मक भावनाएँ वे भावनाएँ एवं मानसिक स्थितियाँ होतीं हैं जिन्हें सुखद एवं आनंददायक माना जाता है तथा किसी की भलाई में योगदान करती हैं। यें मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभातीं हैं तथा विभिन्न सकारात्मक परिणामों को महत्वपूर्ण ढंग से प्रभावित करतीं हैं। सकारात्मक मनोविज्ञान, मनोविज्ञान की एक प्रमुख शाखा है, जो मानव अनुभव के सकारात्मक पहलुओं के अध्ययन पर केंद्रित है तथा पूर्ण जीवन की प्राप्ति पर विशेष बल प्रदान करता है।

सकारात्मक भावनाओं के तत्व एवं उदाहरण (**Elements and Examples of positive emotions**):–

1. आनन्द (**Joy**):– अच्छी खबर प्राप्त होने पर (receiving good news), प्रियजनों के साथ समय बिताने में या व्यक्तिगत लक्ष्य प्राप्त करने (achieving a personal goal) पर विनोद व मुस्कुराहट के साथ आनन्द (delight) एवं प्रसन्नता (happiness) की अनुभूति करना।
2. कृतज्ञता (**Gratitude**):– जीवन से जुड़े सहायक साधन, वस्तुओं, व्यक्तियों या संस्थाओं जैसे परिवार, मित्र, बाग–बगीचे, खेत–खलिहान, स्वास्थ्य एवं अवसरों के प्रति कृतज्ञता का भाव रखना। कृतज्ञता व आभार व्यक्त करने से आनन्द व संतुष्टि बढ़ सकती है।
3. प्रेम (**Love**):– किसी व्यक्ति या वस्तु के प्रति गहरा स्नेह एवं संबंध बनाये रखना। परिवार, मित्रों,, पालतू जानवर या यहाँ तक कि शौक के प्रति भी सहज प्रेम की अनुभूति की जा सकती है।
4. आशा (**Hope**):– भविष्य के प्रति आशावादी दृष्टिकोण रखना, यह विश्वास कि चुनौतियों के बावजूद भी उन्नति व कल्याण संभव हैं। आशा लोगों को दृढ़ संकल्पित रहने तथा बाधाओं पर विजय पाने की शक्ति देती है।

5. संतोष (**Contentment**):– जीवन के हर प्रकार की परिस्थितियों में संतुष्टि व शांति की भावना को बनाये रखना। इसमें अनवरत् रूप से अत्यधिक पाने का प्रयास किए बिना जो कुछ भी प्राप्त है, उसे स्वीकार करना एवं उसकी सराहना करना सम्मिलित है।
6. मनोरंजन (**Amusement**):– हास्य एवं हल्की–फुल्की गतिविधियों से प्राप्त प्रसन्नता, हँसी तनाव को कम करने तथा सकारात्मक मनोदशा को बढ़ावा देने का एक शक्तिशाली उपकरण है।
7. प्रेरणा (**Inspiration**):– किसी व्यक्ति, विचार या घटना द्वारा प्रेरित व ऊर्जावान होने की भावना। प्रेरणा कला, संगीत, प्रकृति, या दयालुता एवं करुणा के कृत्यों को देखने से मिल सकती है।
8. शांति (**Serenity**):– शांति एवं सुरक्षा की स्थिति जो प्रायः सचेतनता एवं विश्राम से जुड़ी होती है, सकारात्मकता में सहायक होती है।
9. रुचि (**Interest**):– पसंद, जिज्ञासा व विश्व के साथ जुड़ाव, सीखने व अन्वेषण से आनंद की अनुभूति होती है जिससे सकारात्मक भाव उत्पन्न होता है।

सकारात्मक भावनाओं का प्रभाव (**Effects of Positive Emotions**):

> "आपके जीवन की प्रसन्नता आपके विचारों की गुणवत्ता पर निर्भर करती है।"
>
> – मार्कस ऑरेलियस
>
> "The happiness of your life depends upon the quality of your thoughts."
>
> - Marcus Aurelius

❖ उन्नत शारीरिक स्वास्थ्य (**Improved Physical Health**):– सकारात्मक भावनाओं को अधिक उन्नत शारीरिक स्वास्थ्य, तनाव का निम्न स्तर, जीर्ण विकारों के जोखिम की न्यूनता तथा आयु में वृद्धि से जोड़ा गया है।

❖ मानसिक कल्याण में अभिवृद्धि (**Enhancment in Mental Well-being**):– सकारात्मक भावनाएँ चिंता, अवसाद एवं चित्तप्रकृति की विकारों के लक्षणों को कम करके बेहतर मानसिक स्वास्थ्य में योगदान करती हैं।

❖ मजबूत सम्बन्ध (**Strengthened Relationships**):– सकारात्मक भावनाओं को अभिव्यक्त करने से दूसरों के साथ संबंध मजबूत होते हैं, जिससे अधिक सार्थक सम्बन्ध एवं सामाजिक समर्थन प्राप्त होता है।

❖ समुत्थानशीलता में वृद्धि (**Increased Resilience**):– सकारात्मक भावनाएं व्यक्तियों को विपरीत परिस्थितियों से निपटने तथा असफलताओं से अधिक प्रभावी ढंग से उबरने में सहायता करती हैं।

सकारात्मक भावनाओं को विकसित करने के लिए कुछ व्यावहारिक सुझाव (Some Practical Tips for Cultivating Positive Emotions) अग्रांकित पंक्तियों में दृष्टव्य है–

1. किसी के द्वारा किसी भी प्रकार की सहायता मिलने पर अवश्य ही कृतज्ञता ज्ञापित करें, इसके लिए प्रशंसा व्यक्त करके प्रतिदिन कृतज्ञता का अभ्यास कर सकते हैं।

2. ऐसी गतिविधियों जैसे कि पर्यटन, शौक पूरा करना या प्रियजनों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय व्यतित करने में संलग्न रहने का प्रयास करें जो आपको प्रसन्नता व तृप्ति प्रदान कर सकती हैं।
3. सकारात्मक भावनाओं को पूरी तरह से अनुभव करने एवं उनकी सराहना करने के लिए सचेतनता (mindfulness) का अभ्यास करें तथा वर्तमान क्षण का भरपूर आनंद उठायें।
4. स्वयं को नकारात्मक समाचारों या स्थितियों के संपर्क में आने से सीमित करें तथा सकारात्मक प्रभावों के परिगत (sircumscribe) रहने का प्रयास करें।
5. दूसरों के प्रति दयालुता का व्यवहार करें, जो आपके चित्तवृत्ति (mood) को बेहतर कर सकता है तथा सकारात्मकता का प्रभाव उत्पन्न कर सकता है।

सकारात्मक भावनाओं को विकसित करना मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य के लिए लाभदायक माना जाता है। सकारात्मक भावनाएँ समुत्थानशीलता में योगदान करती हैं, सामाजिक संबंधों को प्रगाढ़ करती हैं तथा तनाव व नकारात्मक भावनाओं के प्रभावों का प्रतिकार कर सकती हैं। सचेतनता, कृतज्ञता अभ्यास तथा प्रसन्नता लाने वाली गतिविधियों में सम्मिलित होने जैसे अभ्यास दैनिक जीवन में सकारात्मक भावनाओं के विकास में योगदान कर सकते हैं।

सकारात्मक भावनाओं के शैक्षिक निहितार्थ
(Educational implications of positive emotions)

सकारात्मक भावनाएँ शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं तथा सीखने, प्रेरणा एवं समग्र कल्याण के विभिन्न पहलुओं को प्रभावित करती हैं। जब विद्यार्थीगण प्रसन्नता, जिज्ञासा, उत्साह व कृतज्ञता जैसी सकारात्मक भावनाओं का अनुभव करते हैं, तो उनकी संज्ञानात्मक प्रक्रियाएँ बढ़ जाती हैं जिससे सीखने के परिणाम अधिक उन्नत होते हैं। ये भावनाएँ ध्यान, रचनात्मकता एवं समस्या–समाधान की क्षमताओं को बढाकर अनुकूलतम अधिगम वातावरण बनाती हैं। सकारात्मक भावनाएँ विद्यार्थियों के दृष्टिकोण को व्यापक बनाती हैं तथा विकास की मानसिकता को बढ़ावा देती हैं, जिससे उन्हें नए विचारों की खोज एवं बौद्धिक जोखिम लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है।

संज्ञानात्मक कार्यों को बढ़ाने के अलावा सकारात्मक भावनाएँ छात्रों की प्रेरणा एवं अधिगम गतिविधियों की संलग्नता में योगदान देती हैं। जब छात्र सकारात्मक भावनाओं का अनुभवकरते हैं तो विषय वस्तु का अधिक रुचि व आनंद के साथ अध्ययन करते हैं इस प्रकार, यें सीखने के लिए आंतरिक अभिप्रेरणा को बढ़ातीं हैं। जब विद्यार्थी आशा व आत्मविश्वास का अनुभव करते हैं तो वे विकास की मानसिकता के साथ चुनौतियों का सामना करने के लिए अधिक तत्पर रहते हैं तथा असफलताओं को बाधा के बज़ाय सीखने व विकास के अवसर के रूप में देखते हैं। यह उन्हें कठिनाइयों का सामना करने तथा शैक्षणिक गतिविधियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखने में सक्षम बनाता है। सकारात्मक भावनाओं का समग्र कल्याण व मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ता है जो प्रभावी अधिगम का आवश्यक घटक हैं। जब विद्यार्थी प्रसन्न, तनावमुक्त तथा अपने आप को भावनात्मक रूप से सुरक्षित महसूस करते हैं तो वे तनाव व चिंता को प्रबंधित करने के लिए उन्नत ढंग से सुसज्जित होते हैं। इस प्रकार वे शैक्षणिक रूप से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की स्थिति में होते है। इसके अतिरिक्त सकारात्मक भावनाओं का शैक्षिक प्रभाव शैक्षणिक प्रदर्शन के अलावा छात्रों के समग्र विकास को आकार देने तथा सीखने के लिए आजीवन प्रेम की भावना जगाने में भी प्रभावकारी है।

कुल मिलाकर सकारात्मक भावनाओं के शैक्षिक निहितार्थ अधिक व्यापक है क्योंकि वे न केवल संज्ञानात्मक प्रक्रियाओं को बढ़ातीं हैं बल्कि प्रेरणा एवं सामाजिक जुड़ाव को भी बढ़ावा देतीं हैं। छात्रों की भावनात्मक भलाई को प्राथमिकता देकर तथा सकारात्मक भावनाओं को पोषित करके शिक्षक एक ऐसा अनुकूल शिक्षण वातावरण बना सकते हैं जो शैक्षणिक सफलता एवं समग्र विकास को सुलभ बनाता हो।

षष्ठम् अध्याय (Sixth Chapter)

बुद्धिमत्ता अर्थ, संकल्पना व आयाम

(Wisdom: Meaning, Concept and Dimensions)

"एकमात्र सच्ची बुद्धिमत्ता यह जानने में है कि आप कुछ भी नहीं जानते।**"**–सुकरात

"The only true wisdom is in knowing you know nothing." - Socrates

"प्रज्ञावान व्यक्ति सही उत्तर नहीं देता, वह सही प्रश्न पूछता है।**"** –क्लाउड लेवी–स्ट्रॉस

"The wise man doesn't give the right answers, he poses the right questions."

-Claude Levi Strauss

बुद्धिमत्ता एक जटिल एवं बहुआयामी अवधारणा है, जिसका अर्थापन विभिन्न संस्कृतियों व विषयों में विभिन्न दृष्टिकोणों से किया गया है। हालाँकि इसकी कोई सार्वभौमिक रूप से सर्वसहमत परिभाषा नहीं है, अनेक विद्वान व शोधकर्ताओं ने बुद्धिमत्ता या प्रज्ञा को ज्ञान के सार के रूप में परिभाषित करने का प्रयास किया है। यहाँ बुद्धिमत्ता के अर्थ, अवधारणा एवं आयामों को स्पष्ट करने का प्रयास किया गया है।

बुद्धिमत्ता का अर्थ एवं परिभाषा (**Meaning and Definition of Wisdom**):

बुद्धिमत्ता को प्रायः ज्ञान, अनुभव एवं जीवन की गहरी समझ के आधार पर ठोस निर्णय लेने की क्षमता के रूप में परिभाषित किया जाता है। यह ज्ञान, अनुभव एवं अंतर्दृष्टि के एकीकरण के रूप में परिलक्षित होती है। बुद्धिमत्ता की कुछ परिभाषाएँ उल्लेखनीय हैं–

प्राचीन यूनानी दार्शनिक अरस्तू ने निकोमैचियन एथिक्स में बुद्धिमत्ता को निम्नांकित शब्दों में परिभाषित किया है– "स्वयं को जानना सभी बुद्धिमत्ता का आरम्भ है।" ("Knowing yourself is the beginning of all wisdom." - Aristotle)

प्राचीन चीनी दार्शनिक लाओ त्सु के अनुसार– "दूसरों को जानना बुद्धिमत्ता है, स्वयं को जानना सच्ची बुद्धिमत्ता है। दूसरों पर आधिपत्य रखना ताकत है, स्वयं पर काबू पाना सच्ची शक्ति

है।" ("Knowing others is wisdom; knowing yourself is true wisdom. Mastering others is strength; mastering yourself is true power." - Lao Tzu)*

कैली झांग एवं अन्य (2022) के अनुसार– "बुद्धिमत्ता, (अ) कार्य या व्यवहार के रूप में, बुद्धिमत्ता अच्छी तरह से प्रेरित कार्यकर्ताओं को संदर्भित करती है जो रचनात्मक रूप से तथा सफलतापूर्वक समस्याओं को हल करके परोपकारी परिणाम प्राप्त करते हैं। (ब) एक मनोवैज्ञानिक विशेषता के रूप में, बुद्धिमत्ता एक वैश्विक मनोवैज्ञानिक गुणवत्ता को संदर्भित करती है जो बौद्धिक क्षमता, पूर्व ज्ञान तथा अनुभव को संलग्न तथा सद्गुण एवं बुद्धि को एकीकृत करती है, तथा जीवन के अनुभव व निरंतर अभ्यास के माध्यम से प्राप्त की जाती है।"

*लाओ त्सु (Lao Tzu) चीन के प्रसिद्ध दाशनिक थे जिन्होने प्रसिद्ध ग्रन्थ ताओ ते चिंग (Lao Tao Te Ching) की रचना किया, यह ग्रन्थ ताओ धर्म का मुख्य ग्रन्थ है।

Wisdom. (a) As action or behaviour, wisdom refers to well-motivated actors achieving an altruistic outcome by creatively and successfully solving problems. (b) As a psychological trait, wisdom refers to a global psychological quality that engages intellectual ability, prior knowledge and experience in a way that integrates virtue and wit, and is acquired through life experience and continued practice.श दृ Kaili Zhang and Others)

मोनिका अर्देल्ट (Monika Ardelt–2004, p. 257) ने बुद्धिमत्ता को संज्ञानात्मक, चिंतनशील एवं भावात्मक व्यक्तित्व विशेषताओं के एकीकरण के रूप में परिभाषित किया है। ("wisdom as an integration of cognitive, reflective, and affective personality characteristics.")

उपर्युक्त परिभाषाओं से बुद्धिमत्ता की सम्पूर्ण अवधारणा स्पष्ट नही होती है, अग्रलिखित परिभाषा बुद्धिमत्ता के सम्प्रत्यय के सभी पहलुओं पर प्रकाश डालती है, लेखक के अनुसार– "बुद्धिमत्ता या प्रज्ञा को ज्ञान, अनुभव, अंतर्दृष्टि, अन्तर्वैयत्तिक व अन्तरा–वैयत्तिक सम्बन्धों एवं जीवन की जटिलताओं की गहरी समझ के आधार पर सुसंगत समायोजन एवं ठोस निर्णय लेने की क्षमता के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। इसमें चुनौतियों से निपटने, समस्याओं को हल करने एवं दीर्घकालिक कल्याण की संप्राप्ति के लिए व्यावहारिक एवं नैतिक ढंग से ज्ञान व अवबोध का अनुप्रयोग सम्मिलित है। बुद्धिमत्ता में विनम्रता, सहानुभूति, करुणा एवं विलक्षण परिप्रेक्ष्य की भावना निहित होती है, जो व्यक्तियों

को तत्कालिक परिस्थितियों का सूक्ष्म अवलोकन के साथ कार्यों के व्यापक निहितार्थों पर विचार करने के योग्य बनाती है। ("Wisdom or Pragya can be defined as the ability to make compatable adjustments and sound decision making based on knowledge, experience, insight, deep understanding of interpersonal and intrapersonal relationships and complexities of life. It involves the application of knowledge and understanding in a practical and ethical manner to cope with challenges, solve the problems and to achieve long-term well-being. Wisdom is characterized by humility, empathy, compassion, and a unique perspective that enables individuals to consider the broader implications of actions with subtle observing immediate circumstances.")

बुद्धिमत्ता की विशेषताएँ (**Characterastics of Wisdom**):

बुद्धिमत्ता एक जटिल व बहुआयामी संरचना है, दर्शनशस्त्रियों, मनोवैज्ञानिकों एवं समाज वैज्ञानिकों द्वारा विभिन्न दृष्टिकोणों के आधार पर इसकी अवधारणा को स्पष्ट किया गया है। दार्शनिक, मनोवैज्ञानिक एवं समाजशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य से बुद्धिमत्ता की विशेषताएँ निम्नलिखित पंक्तियों में उल्लेखित है–

दार्शनिक परिप्रेक्ष्य (**Philosophical Perspective**):

बुद्धिमत्ता के दार्शनिक परिप्रेक्ष्य में ज्ञान, सत्य एवं मानवीय बोध की प्रकृति की जाँच करना सम्मिलित है। इसमें बुद्धिमत्ता का सार, अर्जन एवं मानव विचार व कार्यों को आकार देने में इसके महत्व की चर्चा करना है। बुद्धिमत्ता के दार्शनिक परिप्रेक्ष्य के अनुसार इसकी प्रमुख विशेषताएँ हैं–

1. आत्म–अवबोध (**Self-Understanding**):– बुद्धिमत्ता की एक प्रमुख विशेषता स्वयं को गहराई से समझने में निहित है। आत्म अवबोध के द्वारा व्यक्ति अपनी ताकत, कमजोरियां एवं प्रेरणाओं से अवगत होता है।
2. व्यावहारिक ज्ञान (**Practical Knowledge**):– इसमें जीवन की चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए अनुभव एवं चिंतन से प्राप्त व्यावहारिक ज्ञान का अनुप्रयोग सम्मिलित है।

3. सार्वभौमिकता की समझ (**Understanding of Universals**):– एक बुद्धिमत्तापूर्ण व्यक्ति के पास सार्वभौमिक सत्य या सिद्धांतों का व्यापक बोध होता है, जिससे उन्हें यह समझने में मदद मिलती है कि वास्तव में क्या मूल्यवान एवं सार्थक है?
4. विनम्रता (**Humility**):– प्रज्ञावान व्यक्ति को अपनी सीमाओं का ज्ञान होता हैं तथा वे विविध दृ ष्टिकोणों, विचारों एवं अनुभवों को महत्व देते हुए दूसरों से सीखने के लिए सहर्ष तैयार रहते हैं।
5. नैतिक सत्यनिष्ठा (**Ethical Integrity**):– बुद्धिमत्तापूर्ण व्यक्ति नैतिक सिद्धांतों एवं कार्यों के प्रति प्रतिबद्ध होते हैं तथा न्याय व करुणा की भावना से निर्देशित होकर स्वयं तथा दूसरों की भलाई के लिए सदैव तत्पर रहते हैं।
6. अहंकार का अतिक्रमण (**Transcendence of Ego**):– इसमें अहंकार–केंद्रित भाव से उपर उठना, सभी प्राणियों एवं घटनाओं के अंतर्सम्बंध को पहचानना तथा सहानुभूति व करुणा को बढ़ावा देना सम्मिलित है।
7. आत्म–चिंतन एवं विकास (**Self-Reflection and Growth**):– प्रज्ञावान व्यक्ति आत्म–चिंतन व व्यक्तिगत विकास की प्रक्रिया में निरंतर लगे रहते हैं। वे आत्मनिरीक्षण में संलग्न होते हैं, अपने विश्वासों, मूल्यों एवं व्यवहारों की आलोचनात्मक जाँच करने के प्रति सदैव प्रतिबद्ध रहते हैं। वे सक्रिय रूप से सीखने एवं विकास के अवसरों की खोज़ में लगे रहते हैं।
8. अनित्यता की स्वीकृति (**Acceptance of Impermanence**):– बुद्धिमत्ता में अस्तित्व की अनित्य प्रकृति की स्वीकृति का भाव भी सम्मिलित होता है। प्रज्ञावान व्यक्ति इस तथ्य को मानते हैं कि परिवर्तन अपरिहार्य है तथा अतीत से चिपके रहने या भविष्य पर ध्यान केंद्रित करने से दुख हो सकता है। वे समभाव व स्वीकृति की भावना विकसित करते रहते हैं तथा वर्तमान क्षण को कृतज्ञता व सचेतनता के साथ अपनाते हैं।

मनोवैज्ञानिक परिप्रेक्ष्य (**Psychological Perspective**):

प्रज्ञा का मनोवैज्ञानिक परिप्रेक्ष्य संज्ञानात्मक प्रक्रियाओं, भावनात्मक बुद्धिमत्ता एवं जीवन के अनुभवों के मध्य जटिल अन्तर्क्रिया के ज्ञान व बोध से सम्बन्धित है, जो किसी व्यक्ति की व्यावहारिक निर्णय लेने की क्षमता, समुत्थानशीलता एवं आत्म–जागरूकता में योगदान देता है। इसके अन्तर्गत यह पता लगाया जाता है कि कैसे व्यक्ति आत्मनिरीक्षण, सहानुभूति, अनुकूलनशीलता एवं विविध दृष्टिकोणों के एकीकरण के माध्यम से ज्ञान विकसित करते हैं। मनोवैज्ञानिक परिप्रेक्ष्य के अनुसार प्रज्ञा की प्रमुख विशेषताएँ हैं–

1. अन्तर्दृष्टि युक्त निर्णय (**Insightful Judgment**):– बुद्धिमत्ता में मानव स्वभाव, भावनाओं एवं परिस्थितियों की गहरी समझ के आधार पर ठोस निर्णय लेने की क्षमता निहित होती है। प्रज्ञावान व्यक्ति कोई भी निर्णय लेने से पहले अनेक दृष्टिकोणों एवं निहितार्थों पर विचार करते हैं।
2. भावनात्मक विनियमन (**Emotional Regulation**):– बुद्धिमत्ता में किसी की भावनाओं को प्रभावी ढंग से प्रबंधित व नियंत्रित करने की क्षमता निहित होती है। बुद्धिमत्तायुक्त व्यक्ति चुनौतीपूर्ण या तनावपूर्ण स्थितियों में लचीलापन एवं अनुकूलनशीलता का प्रदर्शन करते हुए शांत एवं संयमित रहते हैं। वे दूसरों के साथ सहानुभूति भी रखते हैं तथा भावनात्मक प्रतिक्रिया से अभिभूत हुए बिना अनेक दृष्टिकोणों पर विचार कर सकते हैं।
3. करुणा एवं सहानुभूति (**Compassion and Empathy**):– बुद्धिमत्ता की विशेषता दूसरों के प्रति करुणा सहानुभूति का प्रदर्शन भी है। बुद्धिमत्तापूर्ण व्यक्ति दूसरों की भलाई के लिए वास्तविक चिंता प्रदर्शित करते हैं तथा उनके अनुभवों व भावनाओं को समझने एवं उनके साथ तालमेल बिठाने में सक्षम होते हैं। वे दयालुता, उदारता एवं दुनिया में दुखों को कम करने में मदद करने की भावना का प्रदर्शन करते हैं।
4. अस्पष्टता के प्रति सहनशीलता (**Tolerance of Ambiguity**):– बुद्धिमत्ता में अस्पष्टता एवं अनिश्चितता के प्रति सहनशीलता का भाव भी सम्मिलित है। प्रज्ञावान व्यक्ति जटिलता एवं विरोधाभास के साथ सहज होते हैं। उनको इस सत्य का स्पष्ट बोध होता है कि जीवन में प्रायः बिना किसी स्पष्ट समाधान युक्त परिस्थितियाँ उपस्थित होती रहती हैं।

5. ज्ञान व अनुभव का एकीकरण (**Integration of Knowledge and Experience**):– बुद्धिमत्ता ज्ञान को अनुभव के साथ एकीकृत करती है तथा बौद्धिक समझ को अनुभव के माध्यम से प्राप्त व्यावहारिक ज्ञान के साथ संश्लेषित करती है। बुद्धिमत्तायुक्त व्यक्ति ज्ञान एवं अनुभव के साथ जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए सैद्धांतिक ज्ञान को वास्तविक दुनिया में अनुप्रयोग के साथ जोड़कर अंतर्दृष्टि एवं दृष्टिकोण की एक विस्तृत श्रृंखला का उपयोग करते हैं।
6. अनुभव से सीखना (**Learning from Experience**):– प्रज्ञावान व्यक्ति अपने सकारात्मक एवं नकारात्मक दोनों प्रकार के अनुभवों से सीखते हैं तथा इन अंतर्दृष्टियों का उपयोग अपने भविष्य के कार्यों व निर्णयों को करने के लिए करते हैं।
7. संज्ञानात्मक लचीलापन (**Cognitive Flexibility**):– बुद्धिमत्ता में संज्ञानात्मक लचीलापन संनिहित होता है, जो व्यक्तियों को परिवर्तनशील परिस्थितियों एवं नवीन ज्ञान के प्रति सोच व व्यवहार को अनुकूलित करने की क्षमता प्रदान करता है।

समाजशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य (**Sociological Perspective**):

बुद्धिमत्ता का समाजशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य इस बात पर विचार करता है कि बुद्धिमत्ता किस प्रकार सामाजिक मानदंडों, मूल्यों एवं संरचनाओं से आकार लेती है। बुद्धिमत्ता का समाजशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य यह जाँच करता है कि सांस्कृतिक एवं सामाजिक कारक विभिन्न सामाजिक समूहों व संस्थानों के अन्दर बुद्धिमत्ता के अर्जन, अभिव्यक्ति एवं मान्यता को कैसे प्रभावित करते हैं? बुद्धिमत्ता का समाजशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य के अनुसार इसकी मुख्य विशेषताएँ हैं–

1. सांस्कृतिक संवेदनशीलता (**Cultural Sensitivity**):– प्रज्ञावान व्यक्ति सांस्कृतिक रूप से संवेदनशील होते हैं, वे विविध सांस्कृतिक मानदंडों, मूल्यों, अनुष्ठानों एवं प्रथाओं को स्वीकार व उनका सम्मान करते हैं।
2. सामाजिक न्याय अभिमुखता (**Social Justice Orientated**):– बुद्धिमत्ता में सामाजिक न्याय व समानता के प्रति प्रतिबद्धता, सामाजिक संरचनाओं एवं संस्थानों में निष्पक्षता व समानता का भाव निहित होता है।

3. अन्तरवैयत्तिक सद्भाव (**Interpersonal Harmony**):– प्रज्ञावान व्यक्ति पारस्परिक सद्भाव व सहयोग को बढ़ावा देते हैं, संघर्षों को रचनात्मक ढंग से हल करते हैं तथा सार्थक संबंधों की स्थपना में विश्वास रखते हैं।
4. सामुदायिक जुड़ाव (**Community Engagement**):– बुद्धिमत्ता में सामुदायिक व सामाजिक कार्यों में सक्रिय संलग्नता, दूसरों की भलाई में योगदान देना तथा सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन के लिए सामूहिक प्रयासों में भागीदारी सम्मिलित है।
5. अंतरपीढ़ीगत अवबोध (**Intergenerational Understanding**):– प्रज्ञावान व्यक्तियों को अंतर–पीढ़ीगत गतिशीलता की समझ होती है, वे बुजुर्गों के ज्ञान को महत्व देने के साथ–साथ युवा पीढ़ी के दृष्टिकोण व योगदान को भी पहचानते व स्वीकारते हैं।
6. ज्ञान एवं मूल्यों का एकीकरण (**Integration of Knowledge and Values**):– बुद्धिमत्ता में ज्ञान व मूल्यों को एकीकृत करना, विश्वासों एवं कार्यों को सामाजिक मानदण्डों एवं नैतिक मूल्यों के साथ जोड़ना निहित होता है।
7. पर्यावरण जागरूकता (**Environmental Awareness**):– बुद्धिमत्ता में पर्यावरण संचेतना एवं प्रबंधन, मानव समाज एवं प्रकृति के अंतर्संबंधों को पहचानना तथा भावी पीढ़ियों के लिए पर्यावरण की संरक्षण सम्बन्धी दायित्वों का निर्वहन सम्मिलित है।
8. आलोचनात्मक चेतना (**Critical Consciousness**):– प्रज्ञावान व्यक्तियों में आलोचनात्मक चेतना होती है, जो प्रचलित सामाजिक मानदंडों एवं सत्ता संरचनाओं के अकल्याणकारी कार्यों पर प्रश्न खड़ा करते हैं तथा समाज की भलाई के लिए रूपान्तरकारी सामाजिक परिवर्तन की दिशा में कार्य करते हैं।

ये विशेषताएँ विभिन्न दृष्टिकोणों से बुद्धिमत्ता की बहुमुखी समझ प्रदान करती हैं, प्रत्येक विशेषता इस जटिल अवधारणा के महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डालती है।

बुद्धिमत्ता के आयाम (**Dimensions of Wisdom**):

बुद्धिमत्ता एक जटिल व बहुआयामी संरचना (multidimensional construct) है, जो व्यक्ति के ज्ञान, अवबोध, भावना एवं व्यवहार (cognition, understanding, emotions and behavior) के विभिन्न पहलुओं के एकीकृत स्वरूप (integrated pattern) के द्वारा अभिव्यक्त

होती है। अनेक विद्वान एवं शोधकर्ताओं ने बुद्धिमत्ता के आयमों में विभिन्न घटकों को सम्मिलित किया है, सामान्तः साहित्य में चर्चा किए गए सात मुख्य आयामों का यहाँ उल्लेख किया गया हैं।

1. संज्ञानात्मक आयाम (**Cognitive Dimension**):– यह आयाम बुद्धिमत्ता में सम्मिलित संज्ञानात्मक क्षमताओं एवं प्रक्रियाओं (cognitive abilities and processes) को संदर्भित करता है, जैसे आलोचनात्मक चिंतन (critical thinking), समस्या–समाधान (problem-solving), निर्णय लेना

   एवं जीवन तथा मानव प्रकृति से सम्बन्धित ज्ञान (knowledge about life and human nature)। संज्ञानात्मक आयाम के अन्तर्गत परिस्थितियों का गहनता के साथ विश्लेषण, अनेक दृष्टिकोणों पर विचार (considering multiple perspectives) तथा संचित ज्ञान व अनुभव (accumulated knowledge and experience) के आधार पर ठोस निर्णय लेने की क्षमता सम्मिलित है।
2. चिंतनशील आयाम (**Reflective Dimension**):– बुद्धिमत्ता प्रायः आत्मनिरीक्षण (introspection), आत्म–जागरूकता (self-awareness) एवं स्वयं के विचारों, भावनाओं एवं व्यवहारों (thoughts, emotions, and behaviors) में प्रतिबिंम्बित होती है। यह आयाम स्वयं को समझने एवं जीवन की जटिलताओं में अंतर्दृष्टि प्राप्त करने के लिए आत्म–प्रत्यावर्तन (self-reflection), सचेतनता (mindfulness) एवं अधिसंज्ञान (metacognition) के महत्व पर बल देता है।
3. भावनात्मक आयाम (**Emotional Dimension**):– बुद्धिमत्ता में भावनात्मक विनियमन (emotional regulation), सहानुभूति (empathy), करुणा (compassion) एवं भावनात्मक समुत्थानशीलता (emotional resilience) निहित होती है। इस आयाम के अन्तर्गत अपनी भावनाओं को प्रभावी ढंग से समझने व प्रबंधित करने की क्षमता (ability to understand and manage own emotions effectively), साथ ही दूसरों की भावनाओं व अनुभवों के साथ सहानुभूति रखना (empathizing with others's feelings and experiences) आता है। प्रज्ञावान व्यक्ति दूसरों के साथ बातचीत में सहानुभूति एवं करुणा प्रदर्शित करते हैं, जीवन की चुनौतियों से निपटने में उन्हें समझने तथा उनका समर्थन करने का प्रयास करते हैं।
4. व्यावहारिक आयाम (**Pragmatic Dimension**):– बुद्धिमत्ता की विशेषता ज्ञान का व्यावहारिक अनुप्रयोग से भी होता है। बुद्धिमत्ता का व्यावहारिक आयाम दैनिक जीवन की वास्तविक परिस्थितियों

(real-world situations) में अंतर्दृष्टि एवं सिद्धांतों (insights and principles) को लागू करने

की क्षमता से सम्बन्धित है। यह आयाम बुद्धिमत्ता के व्यावहारिक अनुप्रयोग (practical application of wisdom) पर बल देता है, जिसमें नैतिक विकल्प बनाना (ethical choices), संघर्षों का समाधान (resolving conflicts) तथा परिवर्तन को अपनाना (adapting to change) सम्मिलित है। बुद्धिमत्तापूर्ण व्यक्ति विभिन्न परिस्थितियों में यथोचित् निर्णय तथा प्रभावी समस्या–समाधान की क्षमता प्रदर्शित करते हैं।

5. नैतिक आयाम (**Ethical Dimension**):– बुद्धिमत्ता के नैतिक आयाम का सिद्धांतों, नैतिक मूल्यों एवं स्वयं तथा दूसरों के प्रति जिम्मेदारी की भावना से गहरा संबंध है। इस आयाम में नैतिक निर्णयन, सत्यनिष्ठा एवं ईमानदारी से ओत–प्रोत व्यवहार तथा स्वयं व दूसरों की भलाई को बढ़ावा देने का प्रयास करना सम्मिलित है। बुद्धिमत्तापूर्ण व्यक्ति मजबूत नैतिक दिशा–निर्देश, न्याय, निष्पक्षता एवं करुणा के सिद्धांतों के अनुसार कार्य करने की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हैं।
6. आध्यात्मिक आयाम (**Spiritual Dimension**):– बुद्धिमत्ता का आध्यात्मिक आयाम बौद्धिक ज्ञान की परिधि के उपर आत्मा एवं ब्रह्माण्ड के अंतर्सम्बंध पर विशेष बल प्रदान करता है। इसमें सार्वभौमिक सत्य की सहज पहचान, उच्च सिद्धांतों के साथ तालमेल एवं आंतरिक शांति व सद्भाव की गहरी भावना निहित होती है। बुद्धिमत्ता का यह रूप परोपकारी भावना, दिव्य उपस्थिति की पहचान, करुणा, सहानुभूति एवं विनम्रता के साथ किसी को सहायता, सहयोग, समर्थन एवं मार्गदर्शन करने में निहित है। इसमें जीवन के प्रति श्रद्धा की भावना उत्पन्न करना, भलाई एवं सेवा करने की प्रतिबद्धता सम्मिलित होती।
7. सृजनात्मक आयाम (**Generativity Dimension**):– सृजनात्मकता भावी पीढ़ियों के लिए चिंता एवं निवेश के साथ–साथ समग्र रूप से समाज की भलाई व विकास में योगदान करने की इच्छा को संदर्भित करती है। प्रज्ञावान व्यक्ति प्रायः भावी पीढ़ियों के प्रति उत्तरदायित्व की भावना को प्रदर्शित करते हैं, सक्रिय रूप से सलाह देते हैं, मूल्यवान मार्गदर्शन प्रदान करते हैं तथा दूसरों की वृद्धि एवं विकास में सहयोग व सहायता प्रदान करते हैं। वे एक सकारात्मक विरासत छोड़ने तथा अपने जीवन के पश्चात् सार्थक प्रभाव डालने वालीं गतिविधियों में भी सम्मिलित होते हैं।

ये आयाम परस्पर संबंधित हैं, जो एक बहुआयामी एवं गतिशील अन्वय (construct) के रूप में बुद्धिमत्ता की समग्र समझ में योगदान करते हैं। ये आयाम व्यक्तिगत विकास, सामाजिक

प्रगति एवं अस्तित्व संबंधी सम्पूर्ति के लिए एक मार्गदर्शक शक्ति के रूप में बुद्धिमत्ता की गहराई एवं महत्व को दर्शाते हैं।

बुद्धि एवं प्रज्ञा में अन्तर

(Differnce Between Intelligence and Wisdom):

बुद्धि एवं प्रज्ञा परस्पर मिलती जुलती अवधारणाएँ हैं, इनमें बहुत ही सूक्ष्म अन्तर होता है। बुद्धि सूचना को संसाधित करने तथा नये सम्प्रत्ययों एवं विचारों को शीघ्रता से सीखने की योग्यता है, जिसमें समायोजन तथा समस्या–समाधान एवं सुसंगत तर्क जैसी संज्ञानात्मक क्षमताएं सम्मिलित होती हैं जबकि बुद्धिमत्ता एक व्यापक अवधारणा है जिसमें संज्ञानात्मक क्षमताओं के साथ अनुभव, अंतर्ज्ञान एवं भावनात्मक बुद्धि सम्मिलित है। अग्रांकित सारणी में कुछ महत्वपूर्ण कारकों के आधार पर बुद्धि एवं प्रज्ञा की तुलना किया गया है–

क्र सं.	तुलना का आधार (Parameter of Comparison)	बुद्धि (Intelligence)	बुद्धिमत्ता या प्रज्ञा (Wisdom)
1.	परिभाषा (Definition)	बुद्धि से तात्पर्य किसी व्यक्ति की समायोजन, सीखने, समझने एवं ज्ञान एवं कौशल क`अनुप्रयोग की क्षमता से है। इसमें सुसंगत तर्क, समस्या–समाधान तथा संज्ञानात्मक क्षमताएं सम्मिलित हैं।	बुद्धिमत्ता या प्रज्ञा ज्ञान, अनुभव, बोध एवं अंतर्दृष्टि को सार्थक व गहनता के साथ धारण करने तथा व्यवहारिक अनुप्रयोग की क्षमता है। बुद्धिमत्ता में ज्ञान के साथ अनुभव का अधिक योगदान होता है।
2.	अर्जन (Acquisition)	बुद्धि एक जन्मजात क्षमता है जबकि शिक्षा, प्रशिक्षण एवं अनुभवों के संपर्क के माध्यम से इसको कुछ सीमा तक बढ़ाया जा सकता है।	?बुद्धिमत्ता सामान्यतः चिंतन, आत्मनिरीक्षण, जीवन के अनुभवों तथा सफलताओं व असफलताओं से सीखकर अर्जित की जाती है।
3.	क्षेत्र (Scope)	बुद्धि साधारणतया अनुक्षेत्र आधारित (कवउंपद.चमबपपिब) होती है तथा	बुद्धिमत्ता विशिष्ट क्षेत्रों से इतर अधिक समग्र होती है। इसमें मानव स्वभाव,

		तार्किक, गणितीय, भाषाई, शब्द प्रवाह, स्थानिक आदि विभिन्न क्षेत्रों में भिन्न हो सकती है।	नैतिकता एवं जीवन के अंतर्संबंधों की व्यापक समझ होती है।
4.	अनुप्रयोग (Application)	बुद्धि का प्रयोग मुख्य रूप से विशिष्ट समस्याओं या कार्यों को कुशलतापूर्वक एवं प्रभावी ढंग से हल करने के लिए किया जाता है।	बुद्धिमत्ता का अनुप्रयोग यथोचित् निर्णय लेने तथा दीर्घकालिक परिप्रेक्ष्य के साथ जटिल परिस्थितियों का सामना करने में किया जाता है। इसके अनुप्रयोग में नैतिक निहितार्थों पर विचार किया जाता है।
5.	गति बनाम गहराई ॅ(peed vs. Depth)	बुद्धि में प्रायः त्वरित विचार एवं सूचना का शीघ्रतापूर्ण प्रसंस्करण सम्मिलित होता है। यह सरलता पूर्वक तत्काल ज्ञान प्राप्त करने से सम्बन्धित है।	बुद्धिमत्ता में गहन चिंतन एवं मनन सम्मिलित होता है, प्रायः निर्णय लेने से पहले विभिन्न दृष्टिकोणों एवं निहितार्थों पर विचार करने में समय लगाती है। यह लंबे अनुभवों से ज्ञान प्राप्ति से सम्बन्धित है।
6.	लचीलापन (Flexibility)	बुद्धि विभिन्न परिस्थितियों एवं संदर्भों में अनुकूलनीय (कंचजंइसम) होती है। यह बदलती परिस्थितियों में त्वरित समायोजन क्षमता की द्योतक होती है।	बुद्धिमत्ता में अंतर्निहित सिद्धांतों व मूल्यों की गहरी समझ होती है, जो परिस्थितियों की परवाह किए बिना अधिक सुसंगत निर्णय लेने में सहायक होती है।
7.	भावनात्मक घटक (Emotional Component)	बुद्धि में भावनात्मक घटक कुछ हद तक सम्मिलित हो सकता है। हालाँकि भावनात्मक बुद्धि एक विशिष्ट अवधारणा है।	बुद्धिमत्ता में प्रायः निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में भावनात्मक जागरूकता एवं विनियमन, सहानुभूति व करुणा जेसे घटक संनिहित होते है।
8.	अधिगम बनाम अनुप्रयोग (Learning vs. Application)	बुद्धि प्रायः अधिगम एवं समस्या–समाधान (अनुप्रयोग) क्षमताओं से संबन्धित होती है।	बुद्धिमत्ता वास्तविक जीवन की परिस्थितियों में ज्ञान, बोध एवं कौशल के अनुप्रयोग से अधिक निकटता से

			संबंधित है, जिसमें प्रायः औचित्यपूर्ण एवं नैतिक विचार सम्मिलित होते हैं।
9.	दीर्घायुता (Longevity)	बुद्धि जीवन के प्रारम्भिक वर्षों में बढ़ती है किन्तु एक समय के पश्चात् अपेक्षाकृत स्थिर हो जाती है, हालाँकि यह शिक्षा एवं न्यूरोप्लास्टिसिटी (दमनतवचसेंजपबपजल) जैसे कारकों से प्रभावित हो सकती है।	बुद्धिमत्ता प्रायः आयु एवं जीवन के अनुभवों के साथ बढ़ती है, क्योंकि व्यक्ति ज्ञान का संचय करते हैं, गलतियों से सीखते हैं तथा अपने व अपने आसपास की दुनिया के बारे में अनवरत् गहरी समझ विकसित करते जाते हैं।
10.	सामाजिक प्रभाव ;ैवबपंस प्उचंबज)	बुद्धि व्यक्तियों के शैक्षिक (ंबंकमउपब), व्यावसायिक (चतवमिेपवदंस)एवं व्यक्तिगत (चमतेवदंस) क्षेत्रों (कवउंपदे) में सफलता व उपलब्धि में योगदान करती है।	बुद्धिमत्ता का व्यापक (इतवंकमत) सामाजिक प्रभाव ;ेवबपमजंस पउचंबज) हो सकता है, जो संगठनात्मक (वतहंदप्रंजपवदंस), सामुदायिक (बवउउनदपजल) एवं वैश्विक (हसवइंस) स्तर पर निर्णय लेने की प्रक्रियाओं (कमबपेपवद. उंपदह चतवबमेमे) को प्रभावित करता है।
11.	आत्म–जागरूकता ;ैमसि.ंूंतमदमे)	बुद्धि में हमेशा उच्च स्तर की आत्म–जागरूकता की आवश्यकता नहीं होती है।	बुद्धिमत्ता के द्वारा व्यक्ति अपनी ताकत, कमजोरियों, मूल्यों एवं पूर्वाग्रहों को समझ पाता है, एतद्दर्थ इसमें गहन व उच्च स्तर की आत्म–जागरूकता सम्मिलित होती है, जो अधिक विचारशील निर्णय लेने में योगदान देता है।

बुद्धिमत्ता एवं आनन्द (**Wisdom and Happiness**):

बुद्धिमत्ता एवं आनन्द (wisdom and happiness) परस्पर जटिल संबंध (intricate relationship) साझा करते हैं, प्रत्येक एक दूसरे को प्रभावित (influence) करते हैं एवं मानव उत्कर्ष में योगदान करते हैं। बुद्धिमत्ता एक मार्गदर्शक प्रकाश (guiding light) के रूप में कार्य करती है। प्रायः अनुभवों, चिंतन एवं सीखने (experiences, reflection, and learning) के माध्यम से प्राप्त (acquired) बुद्धिमत्ता जीवन की जटिलताओं (life's complexities) का अवबोध एवं स्पष्टता के साथ उन जटिलताओं को सुलझाने की क्षमता प्रदान करती है। बुद्धिमत्ता व्यक्तियों को उनके मूल्यों के अनुरूप लक्ष्यों को प्राप्त करने की ओर उन्मुख करती है, जिससे संतुष्टि एवं संतोष (fulfillment and contentment) की भावना उत्पन्न होती है। इसके अलावा प्रज्ञा यह मानते हुए कि वास्तविक आनन्द न केवल बाहरी परिस्थितियों से बल्कि आंतरिक दृष्टिकोण एवं परिप्रेक्ष्यों से भी उत्पन्न होता है, व्यक्तियों को प्रसन्नता की क्षणिक प्रकृति की मूल्यांकन करने में सक्षम बनाती है। आनन्द बुद्धिमत्ता की प्रभावशीलता (wisdom's effectiveness) के बैरोमीटर (barometer) के रूप में कार्य करता है तथा यह प्रदर्शित करता है कि किसी के कार्य व विकल्प (actions and choices) किस सीमा तक उसकी गहन अंतर्दृष्टि (deep insights) एवं सिद्धांतों के साथ संरेखित (aligned) हैं। इस प्रकार बुद्धिमत्ता एवं आनन्द के मध्य संबंध उनके पारस्परिक सुदृढीकरण (mutual reinforcement) में संनिहित है। बुद्धिमत्ता सतत् आनन्द (sustainable happiness) की रूपरेखा (framework) प्रदान करती है जबकि आनन्द एक सार्थक एवं पूर्ण जीवन (meaningful and fulfilling life) का मार्गदर्शन करने में बुद्धिमत्ता की प्रभावकारिता (efficacy) के माप (measure) के रूप में कार्य करता है।

बुद्धिमत्ता एवं आनन्द के परस्पर जुड़े हुए पहलू हैं तथा एक दूसरे के पूरक होते हैं। ये मानव कल्याण की अभिवृद्धि में सार्थक योगदान करतें हैं। यहाँ बुद्धिमत्ता एवं आनन्द के परस्पर सम्बन्धों का निरूपण (portrayal) निम्नांकित तालिका में किया गया है–

क .सं.	कारक (Parameters)	बुद्धिमत्ता (Wisdom)	आनन्द(Happiness)
1.	आत्म–अवबोध (Understanding-Self)	बुद्धिमत्ता में आत्म–जागरूकता (self-awareness) तथा अपनी भावनाओं (emotions), प्रेरणाओं (motivations) एवं मूल्यों (values) की समझ सम्मिलित है।	आनन्द प्रायः किसी के जीवन को व्यक्तिगत मूल्यों के साथ संरेखित होने तथा ऐसे लक्ष्यों के अनुगमन से उत्पन्न होता है जो उसके प्रामाणिक स्व (authentic self) से मेल खाते हों।
2.	भावनात्मक विनियमन (Emotional Regulation)	बुद्धिमत्ता में भावनाओं को विनियमित करना (to regulate emotions), विवेकयुक्त निर्णय (prudent decisions) लेना तथा जटिल परिस्थितियों में भी समभाव (equanimity) युक्त व्यवहार प्रदर्शन की क्षमता सम्मिलित है।	आनन्द भावनात्मक भलाई (emotional well-being) तथा भावनाओं को प्रबंधित करने (to manage emotions) तथा सकारात्मक व रचनात्मक (positive and constructive) ढंग से प्रतिक्रिया का प्रतिफल है।
3.	परिप्रेक्ष्य व स्वीकृति (Perspective and Acceptance)	बुद्धिमत्ता में सामान्यतः जीवन के प्रति व्यापक दृष्टिकोण (broader perspective) का विकास, परिस्थितियों की क्षणिक प्रकृति (transient nature) तथा अंतर्निहित अनिश्चितताओं (inherent uncertainties) की अभिस्वीकृति	आनन्द जीवन के उतार–चढ़ाव (ups and downs) को स्वीकार करने, वर्तमान क्षण (present moment) में संतुष्टि (contentment) पाने तथा विशिष्ट परिणामों (specific outcomes) से जुड़े रहने की क्षमता से प्रभावित होता है।

		(acknowlement) का भाव निहित होता है।	
4.	करुणा एवं जुड़ाव (Compassion and Connection)	बुद्धिमत्ता में सहानुभूति (empathy), करुणा (compassion)व सभी जीवित प्राणियों के परस्पर अंतर्संबंध (interconnectedness) की समझ संनिहित होती है।	आनन्द सार्थक सम्बन्ध (meaningful relationships), सामाजिक जुड़ावों (social connections) तथा दयालुता (kindness) के कार्यों से समृद्ध होता है ।
6.	अधिगम एवं अभिवृद्धि (Learning and Growth)	बुद्धिमत्ता अनुभवों से सीखने (learning from experiences), परिवर्तन को अपनाने (adapting to change) तथा मानव के रूप में अनवरत् विकास की एक आजीवन यात्रा (lifelong journey) है।	आनन्द सीखने, आत्म–सुधार (self-improvement) तथा व्यक्तिगत व बौद्धिक (personal and intellectual) विकास की प्रक्रिया में परिलक्षित होता है।
	अल्पकालिक आनन्द बनाम दीर्घकालिक कल्याण का संतुलन (Balance of Short-term Pleasure vs Long-term Well-being)	बुद्धिमत्ता के अन्तर्गत कार्यों के दीर्घकालिक (long-term) परिणामों (consequences) पर विचार करना तथा ऐसे विकल्पों का चयन आता है, जो समग्र कल्याण (overall well-being) में योगदान करते हैं।	आनन्द में तत्काल संतुष्टि (immediate gratification) तथा दीर्घकालिक पूर्ति (long-term fulfillment) के मध्य संतुलन बनाना तथा उद्देश्य की गहरी समझ (deeper sense of purpose) के साथ संरेखित विकल्पों का चुनाव सम्मिलित हो सकता है।

	कृतज्ञता व सचेतनता (Gratitude and Mindfulness)	बुद्धिमत्ता में प्रायः कृतज्ञता (gratitude) विकसित करना, वर्तमान क्षण (present moment) का सदुपयोग तथा अपने विचारों व कार्यों (thoughts and actions) के प्रति सचेत (mindful) रहना सम्मिलित होता है।	कृतज्ञता पूर्ण आचरण (gratitude behavior), सकारात्मक भावनाओं का अनुभव (feeling of positive emotions) तथा यहाँ व अभी (here and now) में सम्पूर्ण उपस्थिति (fully presence) से आनन्द को बढ़ाया जा सकता है।

कुल मिलाकर बुद्धिमत्ता एवं आनन्द एक पूर्ण जीवन से सम्बन्धित महत्वपूर्ण पहलू हैं। दोनों एक दूसरे को प्रभावित करते हैं तथा एक दूसरे से प्रभावित होते हैं। बुद्धिमत्ता सतत् आनन्द (sustainable happiness) की ओर ले जाने वाले विकल्पों के चयन के लिए आधार प्रदान करती है, जबकि आनन्द को बुद्धिमत्ता के साथ जीवन जीने के प्रतिबिंब के रूप में देखा जा सकता है। अधिक सार्थक व संतोषजनक अस्तित्व के लिए दोनों को विकसित करना आवश्यक है।

बुद्धिमत्ता तथा मनोसामाजिक कल्याण
(Wisdom and Psychosocial Well-being)

"प्रदर्शन का उच्चतम स्तर उन लोगों के लिए आता है जो केंद्रित, सहज, रचनात्मक एवं चिंतनशील होते हैं–जो लोग समस्या को अवसर के रूप में देखना जानते हैं" –दीपक चोपड़ा

"The highest levels of performance come to people who are centered, intuitive, creative, and reflective - people who know to see a problem as an opportunity." **-Deepak Chopra**

बुद्धिमत्ता मनो–सामाजिक प्रकार्यों (psychosocial functioning) में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जो किसी व्यक्ति के जीवन के मनोवैज्ञानिक (psychological) एवं सामाजिक (social) पहलुओं (aspects) के मध्य अन्तर्क्रिया (interaction) को संदर्भित करती है। डैनियल गोलेमैन के शब्दों में– "बुद्धिमत्ता को देखने के दो उपाय हैंः– एक व्यक्तिगत एवं दूसरा सामूहिक दृष्टिकोण से, व्यक्तिगत बुद्धिमत्ता को सामान्य हित के लिए सीखने, जीने तथा परिवर्तन अग्रसारण की प्रक्रिया के रूप में वर्णित किया जा सकता है। सामूहिक बुद्धिमत्ता को सामान्य हित के लिए परिवर्तन का आरम्भ, पोषण तथा बनाये रखने करने की प्रक्रिया के रूप में वर्णित किया जा सकता है।" ("There are two ways of looking at wisdom:– from the point of view of an individual and a collective: Individual wisdom can be described as the process of learning, living and leading change for the common good. Collective wisdom can be described as the process of nurturing, creating and instituting change for the common good."-Daniel Goleman)।

अर्डेल्ट(Ardelt,2004) के अनुसार– "बुद्धिमत्ता एक बहुआयामी अन्वय है, जिसमें संज्ञानात्मक (cognitive), विचारात्मक (reflective) एवं भावात्मक (affective) तत्व सम्मिलित होते हैं। इसमें विविध अनुभवों को एकीकृत करने, ठोस निर्णय लेने तथा जटिल सामाजिक स्थितियों को प्रभावी ढंग से सामना करने की क्षमता सम्मिलित है।"("Wisdom is a multifaceted construct that encompasses cognitive, reflective, and affective elements. It involves the ability to integrate diverse

experiences, make sound judgments, and navigate complex social situations effectively"- Ardelt, 2004)।

दूसरी ओर मनोसामाजिक कल्याण व्यक्तियों के समग्र मानसिक स्वास्थ्य एवं उनके जीवन के विभिन्न पहलुओं सें जुड़े संतुष्टि को संदर्भित करता है, जिसमें सामाजिक सम्बन्ध, भावनात्मक विनियमन एवं व्यक्तिगत विकास सम्मिलित हैं। ("Psychosocial well-being, on the other hand, refers to individuals' overall mental health and satisfaction with various aspects of their lives, including social relationships, emotional regulation, and personal growth" (Ryff & Singer, 1998), इस प्रकार बुद्धिमत्ता एवं मनोसामाजिक कल्याण दोनों ही एक पूर्ण जीवन जीने के लिए आवश्यक हैं, दोनों के मध्य का संबंध मनोविज्ञान में रुचि और जाँच का विषय बना हुआ है।

सैद्धांतिक परिप्रेक्ष्य (**Theoretical Perspectives**):

बुद्धिमत्ता एवं मनोसामाजिक कल्याण के मध्य संबंध के अवबोध हेतु अनेक सैद्धांतिक रूपरेखाएँ प्रस्तावित की गई हैं। एरिक्सन का मनोसामाजिक सिद्धांत (Erikson's psychosocial theory) मानता है कि व्यक्ति के जीवन में अपेक्षाकृत वयस्कावस्था व बाद के चरणों में बुद्धिमत्ता का अर्जन एक महत्वपूर्ण विकासात्मक कार्य है, जो सत्यनिष्ठा एवं उदारता की भावना में योगदान करती है (एरिक्सन, 1982)। संज्ञानात्मक दृष्टिकोण (cognitive perspective) से बाल्ट्स व बाल्ट्स (1990) ने क्षतिपुर्ति के साथ चयनात्मक अनुकूलन (एसओसी) मॉडल (Selective Optimization with Compensation model –SOC Model) को प्रस्तावित किया है, जो यह बताता है कि प्रज्ञावान व्यक्ति अपने संसाधनों (resources) का अनुकूलतम प्रयोग करते हैं तथा उम्र के बीतने (आयु में समय के साथ क्रमशः होने वाली गिरावट) के दौरान संबंधित गिरावट के लिए अनुकूल रूप से क्षतिपूर्ति (adaptively compensate) करते हैं जिससे कल्याण में अभिवृद्धि होती है।

अनुभवजन्य साक्ष्य (**Empirical Evidence**):

अनुभवजन्य अनुसंधानों ने बुद्धिमत्ता एवं मनोसामाजिक कल्याण के परस्पर सम्बद्धता को समर्थन प्रदान किया है। वेबस्टर (2010) ने एक अनुदैर्ध्य अध्ययन में पाया कि बुद्धिमत्ता के उच्च स्तर वाले वृद्ध वयस्कों ने अधिक जीवन संतुष्टि तथा कम अवसाद ग्रस्त लक्षणों कों प्रदर्शित किया। इसी तरह

ग्रॉसमैन एवं अन्य (2020) ने एक अनुप्रस्थ अध्ययन (cross-sectional) में पाया कि बुद्धिमत्ता में उच्च प्राप्तांक वाले व्यक्तियों ने उन्नत भावनात्मक विनियमन एवं पारस्परिक संबंधों को अभिव्यक्त किया।

प्रभाव के तंत्र (**Mechanisms of Influence**):

ऐसे अनेक तंत्र हैं जो बुद्धिमत्ता एवं मनोसामाजिक कल्याण के मध्य संबंध की व्याख्या करते हैं। बुद्धिमत्ता अनुकूली मुकाबला रणनीतियों (adaptive coping strategies) को बढ़ाने में योगदान करती है, जैसे स्वीकृति एवं संज्ञानात्मक पुनर्मूल्यांकन (acceptance and cognitive reappraisal), जो तनाव के विरूद्ध प्रतिरोधक का कार्य करते है तथा मनोवैज्ञानिक समुत्थानशीलता (psychological resilience) को बढ़ाते हैं (एल्डविन, 2009)। इसके अतिरिक्त उच्च बुद्धिमत्तायुक्त व्यक्तियों के पास उपयुक्त (appropriate) भावनात्मक विनियमन कौशल (emotional regulation skills) होते हैं, जो उन्हें चुनौतीपूर्ण भावनाओं (challenging emotions) का परिशोधन व विनियमन (sublimation and regulation) तथा सकारात्मक पारस्परिक सम्बंध (positive interpersonal relationships) बनाए रखने की सक्षमता प्रदान करते हैं (ग्रॉसमैन एवं अन्य ,2019)। इसके अलावा उच्च बुद्धिमत्ता स्तर वाले व्यक्तियों की सामाजिक व परोपकारी (prosocial altruistic) कार्यों में संलग्नता अधिक होती है जो वृहत्तम सामाजिक जुड़ाव (greater social connectedness) तथा व्यक्तिपरक कल्याण में योगदान देता है (क्रेइट्ज़र एवं अन्य, 2021)।

निहितार्थ एवं भावी दिशाएँ (**Implications and Future Directions**):

बुद्धिमत्ता एवं मनोसामाजिक कल्याण के संबंधों का अवबोध आजीवन (life-long) मानसिक स्वास्थ्य (mental health) एवं समुत्थानशीलता (resilience) के अनुरक्षण के उद्देश्य से हस्तक्षेप (interventions) के लिए महत्वपूर्ण निहितार्थ है। मनोसामाजिक हस्तक्षेप बुद्धिमत्ता–संबंधी कौशल के विकास को लक्षित करते हैं, यथाः भावनात्मक विनियमन प्रशिक्षण (emotional regulation training) एवं परिप्रेक्ष्य ग्रहण अभ्यास (perspective-taking exercises) व्यक्तियों के समग्र कल्याण में अभिवृद्धि कर सकते हैं (ग्लुक एंड ब्लक, 2011)। इसके अतिरिक्त अंतर–पीढ़ीगत अधिगम (intergenerational learning) तथा मार्गदर्शन के अवसरों को बढ़ावा देने से पीढ़ी दर पीढ़ी ज्ञान के संचरण की सुविधा मिल सकती है तथा युवा एवं वृद्ध दोनों पीढ़ियों के मनोसामाजिक कल्याण को बढ़ावा मिल सकता है (स्टौडिंगर एवं ग्लुक, 2011)।

यहाँ बुद्धिमत्ता एवं मनोसामाजिक कार्यप्रणाली (psychosocial functioning) के मध्य संबंध के कुछ प्रमुख पहलू दिए गए हैं–

❖ भावनात्मक विनियमन (**Emotional Regulation**):– बुद्धिमत्ता भावनाओं को प्रभावी ढंग से नियंत्रित करने की क्षमता से संबन्धित है। उच्च स्तर की बुद्धिमत्ता वाले व्यक्ति अपनी भावनाओं को उपयुक्त ढंग से संतुलित व प्रबंधित करने की अधिक क्षमता से युक्त होते हैं। मनोसामाजिक कल्याण के लिए भावनात्मक विनियमन महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि यह स्वस्थ संबंधों (healthier relationships), तनाव से निपटने (coping with stress) एवं समग्र भावनात्मक प्रत्यास्थता (overall emotional resilience) में योगदान देता है।

❖ अन्तर्वैयक्तिक संबंध (**Interpersonal Relationships**):– बुद्धिमत्ता का सम्बन्ध सकारात्मक पारस्परिक संबंधों से होता है। प्रज्ञावान व्यक्ति अधिक सामाजिकता पुर्ण व्यवहार (prosocial behavior), सहानुभूति एवं करुणा (empathy and compassion) से परिपूर्ण होते हैं तथा दूसरों के साथ सकारात्मक संबंधों को बढ़ावा देते पाये जाते हैं। मजबूत सामाजिक समर्थन (strong social support) एवं सकारात्मक संबन्ध (positive relationships) मानसिक स्वास्थ्य (mental health) तथा समग्र जीवन संतुष्टि (overall life satisfaction) बेहतर मनोसामाजिक कार्यप्रणाली (psychosocial functioning) में योगदान करते हैं।

❖ निर्णययन (**Decision-Making**):– विवेकपूर्ण (prudent) निर्णयन बुद्धिमत्ता का द्योतक होता है। प्रज्ञावान व्यक्ति विकल्पों के चयन (selection of choices) की प्रक्रिया में व्यापक परिप्रेक्ष्य (broad perspective), दीर्घकालिक परिणामों (long-term consequences) तथा नैतिक निहितार्थों (ethical implications) पर विचार करते हैं। जीवन की विभिन्न स्थितियों से सफलता पूर्वक निपटने हेतु विवेकसम्मत् (judicious) निर्णय लेने के कौशल आवश्यक होते हैं तथा वे मनोसामाजिक परिणामों (psychosocial outcomes) पर महत्वपूर्ण प्रभाव (significant impact) डालते हैं।

❖ जीवन संतुष्टि (**Life Satisfaction**):– बुद्धिमत्ता प्रायः जीवन संतुष्टि की उच्च भावना से जुड़ी होती है। बुद्धिमत्तापूर्ण व्यक्तियों को जीवन की जटिलताओं की अधिक गहरी समझ (profound understanding) होती है तथा वे अधिक संतुष्टि व संतोष (fulfillmentand contentment) के भाव

से परिपूर्ण होते है। जीवन संतुष्टि मनोसामाजिक कल्याण का एक प्रमुख घटक है, जो किसी व्यक्ति के जीवन के समग्र मूल्यांकन को दर्शाता है।

❖ अनुकूलनशीलता एवं लचीलापन (**Adaptability and Flexibility**):— बुद्धिमत्ता की एक प्रमुख विशेषता परिवर्तन को अपनाने तथा प्रतिकूल परिस्थितियों से निपटने की क्षमता होती है। प्रज्ञावान व्यक्तियों में लचीलापन एवं समुत्थानशीलता के साथ चुनौतियों का सामना करने की अधिक संभावना होती है। चूँकि जीवन गतिशील होता है तथा व्यक्तियों को विभिन्न परिस्थितियों में समायोजित होने की आवश्यकता होती है, एतद्दर्थ मनोसामाजिक कार्यप्रणाली में अनुकूलनशीलता का महत्वपूर्ण स्थान है।

❖ सामाजिक अवबोध (**Societal Understanding**):— बुद्धिमत्ता में सामाजिक स्थितियों की गहरी समझ (deep understanding) तथा जटिल सामाजिक गतिशीलता (complex social dynamics) के अनुरूप समायोजन की अद्भूत क्षमता होती है। समायोजन की यह अद्भूत क्षमता सफल पारस्परिक अंतःक्रियाओं (interpersonal interactions) तथा सामाजिकता पूर्ण कार्यों (proesocial activities) को करने में योगदान देती है। मनोसामाजिक कल्याण के लिए प्रभावी सामाजिक अवबोध (effective social understanding) महत्वपूर्ण होता है क्योंकि यह संचार (communication), संघर्ष, समाधान (conflict resolution) एवं समग्र सामाजिक एकीकरण (overall social integration) को प्रभावित करती है।

❖ आत्मचिंतन (**Self-Reflection**):— बुद्धिमत्ता की एक प्रमुख विलक्षणता उच्च स्तर की आत्म—चिंतन (self-reflection) व आत्म—जागरूकता (self-awareness) होती है। बुद्धिमत्तापूर्ण व्यक्तियों के आत्मनिरीक्षण (introspection) में संलग्न होने की अधिक संभावना पायी जाती है जिससे उन्हें स्वयं का तथा अपने लक्ष्यों की बेहतर समझ होती है। व्यक्तियों के सुसंगत व एकीकृत भाव तथा मनोसामाजिक विकास में आत्म—चिंतन का महत्वपूर्ण स्थान होता है।

एतद्दर्थ यह स्पष्ट होता है कि बुद्धिमत्ता का मनोसामाजिक प्रकार्यों (psychosocial functioning) के विभिन्न पहलुओं से गहरा सम्बन्ध है जो भावनात्मक विनियमन, अन्तर्वैयत्तिक संबंधों, औचित्यपूर्ण निर्णयन, जीवन संतुष्टि, अनुकूलन क्षमता, सामाजिक अनुभूति तथा आत्म—चिंतन को प्रभावित करती है। बुद्धिमत्ता का विकास अधिक सकारात्मक एवं संतुष्टिपूर्ण मनोसामाजिक जीवन में योगदान दे सकता

सप्तम् अध्याय (**Seventh Chapter**)

"सच्ची बुद्धिमत्ता हममें से प्रत्येक के पास तब आती है जब हम यह अनुभव करते हैं कि हम जीवन, स्वयं तथा अपने आस–पास की दुनिया के बारे में कितना कम समझते हैं।"
–
– सुकरात

"True wisdom comes to each of us when we realize how little we understand about life, ourselves, and the world around us." – Socrates

"बुद्धिमत्तापूर्ण जीने की कला यह जानना है कि क्या अनदेखा करना है।"

–विलियम जेम्स

"The art of living wisely is knowing what to overlook."

– William James

व्यावहारिक बुद्धिमत्ता (**Practical Wisdom**)

व्यावहारिक बुद्धिमत्ता को दर्शनशास्त्र में फ्रोनेसिस (phronesis) कहा जाता है। यह वास्तविक दुनिया की जटिल परिस्थितियों की सूक्ष्म समझ एवं विवेकसम्मत निर्णय लेने की क्षमता की द्योतक होती है। आज के गतिशील एवं तेजी से परिवर्तित होने वाले परिदृश्य में व्यावहारिक बुद्धिमत्ता अत्यधिक उपयोगी, प्रासंगिक व मूल्यवान बनी हुई है।

फ्रोनेसिस प्राचीन ग्रीक दर्शन से उत्पन्न एक अवधारणा है। इस पर विशेष रूप से अरस्तू द्वारा बल दिया गया है। यह व्यावहारिक बुद्धिमत्ता या व्यावहारिक तर्क को संदर्भित करता है। यह विशिष्ट परिस्थितियों में नैतिक व व्यावहारिक रूप से बांछनीय एवं श्रेष्ठ कार्यों के करने की क्षमता की द्योतक होती है। फ्रोनेसिस सैद्धांतिक ज्ञान या तकनीकी विशेषज्ञता से परे है जिसमें परिस्थिति विशेष की बारीकियों की समझ तथा वास्तविक धरातल के संदर्भों में ठोस निर्णय लेने की क्षमता सम्मिलित है।

अरस्तू के निकोमैचियन एथिक्स (Nicomachean Ethics) में फ्रोनेसिस को यूडेमोनिया (Eudaimonia) या मानव उत्कर्ष हेतु एक महत्वपूर्ण गुण के रूप में दर्शाया गया है। अरस्तू के अनुसार फ्रोनेसिस में तर्कसंगत (rational) विचार–विमर्श (deliberation) एवं सहज अंतर्दृष्टि (intuitive

insight) दोनों निहित होती हैं। इसको व्यावहारिक बुद्धिमत्ता के अनुभव, चिंतन एवं नैतिक शिक्षा के माध्यम से विकसित किया जाता है। यह व्यक्तियों को स्वयं तथा समाज की भलाई से सम्बन्धित निर्णय लेने में सक्षम बनाती है।

समकालीन परिदृश्य के संदर्भ में व्यावहारिक बुद्धिमत्ता के कुछ प्रमुख पहलुओं को अग्राकिंत अनुच्छेदों में दिया गया है–

- ❖ अनुकूलता (**Adaptability**):– व्यावहारिक बुद्धिमत्ता में परिवर्तनों की पहचानना (recognizing) व तद्नुरूप अनुकूलन या ढलने (adaptation) की क्षमता होती है। आज की भाग–दौड़ युक्त दुनिया (fast-paced world) में तीव्र गति से हो रहे हैं तकनीकी, सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तनों के साथ सुसंगत समायोजन (compatiable adjustment) के लिए व्यावहारिक बुद्धिमत्ता युक्त व्यक्ति बेहतर ढंग से सुसज्जित (equipped) होते हैं।
- ❖ नैतिकतापूर्ण निर्णय (**Ethical Decision-Making**):– व्यावहारिक बुद्धिमत्ता निर्णय लेने में नैतिक विचारों पर बल देती है। वर्तमान समय की वैश्वीकृत (globalized) व परस्पर जुड़ी (interconnected) दुनिया में निर्णयों के दूरगामी (far-reaching) परिणाम होते हैं। व्यावहारिक बुद्धिमत्ता व्यक्तियों को विभिन्न हितों का ऑकलन करने, नैतिक निहितार्थों (ethical implications) पर विचार करने तथा व्यापक (broader) सामाजिक व नैतिक (social and moral) मूल्यों (values) के अनुरूप विकल्पों के चुनाव में सहायता करती है।
- ❖ आलोचनात्मक चिंतन (**Critical Thinking**):– व्यावहारिक बुद्धिमत्ता में सूचनाओं का आलोचनात्मक मूल्यांकन तथा संसूचित निर्णय (informed decisions) लेने की क्षमता होती है। आज के सूचना अधिभार (information overload) के युग में व्यावहारिक बुद्धिमत्ता युक्त व्यक्ति वृहत् मात्रा (vast amounts) में ऑकड़ों (data) की जाँच कर सकते हैं, प्रासंगिक एवं अप्रासंगिक (relevant and irrelevant) सूचनाओं में अंतर कर सकते हैं तथा सार्थक निष्कर्ष (meaningful conclusions) निकाल सकते हैं।
- ❖ भावात्मक बुद्धि (**Emotional Intelligence**):– व्यावहारिक बुद्धिमत्ता में अपनी तथा दूसरों की मानवीय भावनाओं की गहन समझ होती है। आज के सहयोगात्मक (collaborative) कार्य वातावरण (work environment) तथा विविध सामाजिक परिस्थिति (diverse social settings) में

उच्च भावनात्मक बुद्धिमत्ता वाले व्यक्ति सम्बन्धों को प्रभावी ढंग से निभा सकते हैं, संघर्षों का प्रभावी समाधान कर सकते हैं तथा सकारात्मक अन्तर्क्रिया को बढ़ावा दे सकते हैं।

- ❖ समस्या समाधन (**Problem Solving**):– व्यावहारिक बुद्धिमत्ता रचनात्मक समस्या–समाधान में योगदान देती है। आधुनिक समय में चुनौतियाँ तेजी से जटिल होती जा रही हैं। ऐसी जटिल चुनौतियों का रचनात्मक एवं नवोन्मेषी (creative and innovative) मानसिकता (mindset) के साथ सामना करने में व्यावहारिक बुद्धिमत्ता सहायक होती है, एतद्दर्थ व्यावहारिक (practical) एवं टिकाऊ (sustainable) समाधान खोजने में व्यावहारिक बुद्धिमत्ता महत्वपूर्ण योगदान कर सकती है।
- ❖ प्रभावी संचारः (**Effective Communication**):– व्यावहारिक बुद्धिमत्ता में प्रभावी ढंग से संवाद करने की क्षमता निहित होती है। समसमायिक जगत् में संचार के विभिन्न माध्यमों का अनुप्रयोग किया जा रहा है। व्यक्तिगत व व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता के लिए विचारों की स्पष्ट एवं सशक्त अभिव्यक्ति, सक्रिय श्रवण तथा सहकार्यता (collaboration) महत्वपूर्ण है।
- ❖ गत्यावरोधों से निपटना (**Dealing with Setbacks**):– व्यावहारिक बुद्धिमत्ता व्यक्तियों को प्रतिकूल परिस्थितियों (adversities) तथा असफलताओं (setbacks) से निपटने में सहायता करती है। अनिश्चितता व अप्रत्याशित चुनौतियों से भरे इस जगत् में (इसका प्रत्यक्ष उदाहरण कोविड–2019 महामारी है) समुत्थानशीलता तथा अनुभवों से सीखने की क्षमता आवश्यक है।
- ❖ अन्तरसांस्कृतिक सक्षमता (**Intercultural Competence**):– व्यावहारिक बुद्धिमत्ता में गहन अन्तरसांस्कृतिक अवबोध की क्षमता होती है। यह क्षमता व्यक्तियों को विविध एवं बहुसांस्कृतिक वातावरण में भी अनुकूलम समायोजन में सहायक होती है तथा अनेकानेक सांस्कृतिक बाधाओं के बावजुद भी एक दूसरे को समझने व सम्मान का भाव उत्पन्न करती है। वैश्वीकृत दुनिया में प्रभावी सहयोग व संचार के लिए सांस्कृतिक मतभेदों को समझना एवं उनका सम्मान महत्वपूर्ण है।

❖ दीर्घकालिक परिप्रेक्ष्य (**Long-Term Perspective**):

i. धारणीयता (**Sustainability**):– व्यावहारिक बुद्धिमत्ता दीर्घकालिक परिप्रेक्ष्य को प्रोत्साहित करती है। व्यावहारिक बुद्धिमत्ता युक्त व्यक्तियों में जलवायु परिवर्तन, सतत् विकास तथा सामाजिक न्याय जैसे समसामयिक मुद्दों को संबोधित करने की अधिक क्षमता होती है, अस्तु वे भावी पीढ़ियों की भलाई को ध्यान में रखते हुए निर्णय लेने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सकते है।

ii. सतत् अधिगम (**Continuous Learning**):– व्यावहारिक बुद्धिमत्ता में निरंतर सीखने तथा व्यक्तिगत विकास के प्रति प्रतिबद्धता सम्मिलित है। समसामयिक दुनिया में जहाँ ज्ञान का लगातार विस्तार होता जा रहा है, ऐसी परिस्थितियों में व्यावहारिक बुद्धिमत्ता युक्त व्यक्ति नए विचारों, दृष्टिकोणों एवं कौशलों को खुले मन से स्वीकार व सीखने के लिए तत्पर रहते हैं।

विद्यार्थी शिक्षकों के लिए व्यावहारिक बुद्धिमत्ता की आवश्यकता (**Need of Practical Wisdom for Pupil Teachers**)

शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षकों की भूमिका मात्र ज्ञान प्रदान करने तक ही सीमित नही है, बल्कि इसका विस्तार बाल मस्तिष्क को आकार देने, मूल्यों को स्थापित तथा विभिन्न क्षेत्रों के लिए भावी नेतृत्वकर्ताओं का निर्माण करने तक है। भावी शिक्षक जो अपने शिक्षण वृत्ति के दहलीज पर खड़े हैं भविष्य में अगली पीढ़ी को ढालने की महत्वपूर्ण उत्तरदायित्व का निर्वहन करने वाले हैं। हालाँकि विषय विशेष का ज्ञान एवं शिक्षण कौशल निस्संदेह महत्वपूर्ण हैं, तथापि विद्यार्थी शिक्षकों की बहुमूल्य भूमिका में व्यवहारिक बुद्धिमत्ता उनके लिए मार्गदर्शक प्रकाश के रूप में कार्य करती है। बुद्धिमत्ता जिसे विवेक एवं अंतर्दृष्टि के साथ ज्ञान एवं अनुभव के अनुप्रयोग की क्षमता के रूप में परिभाषित किया गया है, शैक्षिक परिदृश्य की जटिलताओं को सुलझाने के लिए अपरिहार्य है।

भावी शिक्षकों के लिए व्यवहारिक बुद्धिमत्ता की आवश्यकता को अग्रांकित पंक्तियों में स्पष्ट किया गया है–

1. व्यवहारिक बुद्धिमत्ता की आवश्यकता पर विचार करने से पहले विद्यार्थी शिक्षकों को बुद्धिमत्ता के सार को समझना सर्वोपरि है। व्यवहारिक बुद्धिमत्ता अपने अन्दर जीवन की बहुमुखी समझ को समाहित करती है, जिसमें ठोस निर्णय, विवेक, सहानुभूति एवं मानव स्वभाव की गहन अवबोध

सम्मिलित है। बुद्धि जो तथ्यों एवं सूचनाओं के स्मरण एवं प्रसंस्करण से संबंधित है, के विपरीत बुद्धिमत्ता उसकी सीमाओं को पार करते हुए इसको अनुभव एवं अंतर्ज्ञान के साथ एकीकृत करती है।

2. शिक्षकों को प्रायः अपनी भूमिकाओं से संबन्धित नैतिक दुविधाओं का सामना करना पड़ता है, जिसमें मूल्यांकन या ग्रेडिंग में निष्पक्षता एवं छात्रों में व्यवहार संबंधी चिंताओं को संबोधित करना सम्मिलित है। व्यवहारिक बुद्धिमत्ता उन्हें इन चुनौतियों से निपटने के लिए आवश्यक नैतिक स्पष्टता से सुसज्जित करती है जिससे वे सत्यनिष्ठा एवं सहानुभूति के आधार पर निर्णय लेते हैं। यह उन्हें नैतिक मानकों को बनाए रखने, अपने विद्यार्थियों के लिए सकारात्मक रोल मॉडल के रूप में कार्य करने तथा कक्षा के अन्दर व बाहर ईमानदारी व सम्मान की संस्कृति को बढ़ावा देने में सक्षम बनाती है।

3. प्रभावी शिक्षण में संचार की केन्द्रीय भूमिका होती है। शिक्षकों को जटिल अवधारणाओं को इस ढंग से प्रस्तुत करना होता है जो विविध पुष्ठभूमि वाले शिक्षार्थियों के मानसिक व बौद्धिक स्तर के साथ मेल खाते हों। व्यवहारिक बुद्धिमत्ता युक्त शिक्षक ऐसे कार्यों को सहजता पूर्वक कर सकते है। बुद्धिमत्ता उन्हें शिक्षक व विद्यार्थी के मध्य की दूरी को पाटते हुए स्पष्टता, संवेदनशीलता एवं सहानुभूति के साथ संवाद करने की क्षमता प्रदान करती है। प्रभावी संचार के माध्यम से शिक्षक सीखने के लिए उत्साह एवं विश्वास पैदा कर सकते हैं तथा अपने छात्रों के साथ सार्थक संबंध विकसित कर सकते हैं। एतद्दर्थ कहना होगा कि व्यवहारिक बुद्धिमत्ता विद्यार्थी शिक्षकों को छात्रों, सहकर्मियों एवं अभिभावकों के साथ प्रभावी ढंग से संवाद करने में सक्षम बनाती है, जिससे शैक्षिक समुदाय के अन्दर आपसी विश्वास, समझ एवं सहयोग को बढ़ाया जा सकता है।

4. सूचनाओं की बाढ़ से भरे इस युग में आलोचनात्मक विचार कौशल को प्रोत्साहित करना अत्यावश्यक ही नही अपरिहार्य है। छात्र शिक्षकों को छात्रों को गलत व भ्रमात्मक सूचनाओं की सच्चाई को समझने, साक्ष्यों का विश्लेषण तथा तर्कसंगत राय बनाने में मार्गदर्शन करना चाहिए। व्यवहारिक बुद्धिमत्ता शिक्षकों को एक ऐसा कक्षा वातावरण के सृजन में सक्षम बना सकती है, जो जिज्ञासा, मुक्त मस्तिष्क एवं बौद्धिक स्वायत्तता को प्रोत्साहित करता हो। विचारोत्तेजक प्रश्न

पूछकर तथा स्वस्थ बाद–विवाद को प्रोत्साहित करके वे विद्यार्थियों को गंभीर चिंतन, विश्लेषण तथा मूल्यांकन करने में सशक्त बना सकते हैं।

5. शिक्षण स्वाभाविक रूप में एक चुनौतीपूर्ण कार्य होता है, जिसमें कभी–कभी निराशा, असफलता एवं अप्रत्याशित बाधाओं के क्षण भी उपस्थित हो सकते हैं। व्यवहारिक बुद्धिमत्ता भावी शिक्षकों को समुत्थानशीलता के गुण से सुसज्जित करती है, जिससे वे प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करने तथा असफलताओं से उबरने में सक्षम हो सकते हैं। समुत्थानशीलता को मॉडल बनाकर, छात्र शिक्षक अपने विद्यार्थियों को चुनौतियों को स्वीकार करने, दृढ़ता विकसित करने तथा उत्कृ ष्टता के लिए प्रयास करने हेतु प्रेरित कर सकते हैं।

6. आज के बहुसांस्कृतिक समाज में छात्र शिक्षकों में सहानुभूति एवं अंतरसांस्कृतिक अवबोध होना आवश्यक है। व्यवहारिक बुद्धिमत्ता विविध दृष्टिकोणों की समझ को बढ़ाती है, फलस्वरूप शिक्षक विविध सामाजिक–सांस्कृतिक पृष्ठभूमि व अनुभव वाले विद्यााार्थियों के साथ आसानी से जुड़ सकते है। यह उन्हें ऐसे समावेशी शिक्षण वातावरण के निर्माण में सक्षम बनाती है जहाँ प्रत्येक विद्यार्थी स्वयं को मूल्यवान एवं सम्मानित महसूस कर सके। विविधता को अपनाकर तथा सहानुभूति को बढ़ावा देकर शिक्षक अपने छात्रों में अपनेपन की भावना का पोषण कर सकते हैं।

7. शिक्षण मात्र एक पेशा न होकर इससे कहीं अधिक है। यह शाश्वत उत्साह एवं उद्देश्य से प्रेरित एक आह्वान है। व्यवहारिक बुद्धिमत्ता विद्यार्थी शिक्षकों के अन्दर प्रेरणा की लौ को जलाए रखती है। यह उन्हें उनके विद्यार्थियों के जीवन पर पड़ने वाले गहरे प्रभाव की याद दिलाती है। बुद्धिमत्ता भावी शिक्षकों में उद्देश्य की भावना उत्पन्न करती है तथा उन्हें शिक्षा के मिशन की याद दिलाती है जिसमें बालकों का सशक्तीकरण, व्यक्तित्व का रूपान्तरण (transformation of personality) तथा एक उज्ज्वल भविष्य को आकार देना सम्मिलित है। विद्यार्थी शिक्षक शिक्षण के प्रति अपने उत्साह को संपोषित करते हुए विद्यार्थियों को अपने स्वयं के उत्साह को बनाए रखने तथा परिश्रम व दृढ़संकल्प के साथ सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं।

8. व्यवहारिक बुद्धिमत्ता छात्राध्यापकों में जीवन पर्यन्त अधिगम की भूख उत्पन्न करती है। यह उन्हें उभरते शैक्षिक परिप्रेक्ष्यों, रुझानों तथा विद्यार्थियों की आवश्यकताओं के अनुकूल अपने विषय ज्ञान एवं शिक्षण प्रथाओं को लगातार अद्यतन करने हेतु प्रेरित करती है।

9. व्यवहारिक बुद्धिमत्ता शिक्षकों में संघर्ष समाधान कौशल को विकसित करने में सहायक होती हैं, जिससे कि वे रचनात्मक रूप से संघर्षों व असहमतियों को संबोधित करने में सक्षम हो सकते हैं।
10. व्यवहारिक बुद्धिमत्ता के माध्यम से भावी शिक्षक अपने विद्यार्थियों में रचनात्मकता एवं नवीनता के लिए प्रेरित कर सकते हैं। व्यवहारिक बुद्धिमत्ता इनको परिसीमा के बाहर चिंतन, नए विचारों की खोज तथा स्वयं को स्वतंत्र रूप से व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित करने में सक्षम बनाती हैं।
11. व्यवहारिक बुद्धिमत्ता द्वारा निर्देशित शिक्षक अपने विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना उत्पन्न करते हैं जिससे आगे चलकर यही विद्यार्थी अपने समाज के सक्रिय, सहयोगी एवं दयालु सदस्य बनने की ओर अग्रसर होते हैं।
12. लगातार परिवर्तनशील शैक्षिक परिदृश्य में व्यवहारिक बुद्धिमत्ता भावी शिक्षकों को अनुकूलन क्षमता से सज्जित करती है, इस प्रकार उन्हें परिवर्तन को अपनाने तथा अपने छात्रों की विविध आवश्यकताओं को पूर्ण करने हेतु शिक्षण शैलियों को समायोजित करने में सक्षम बनाती है।
13. बुद्धिमत्ता छात्र शिक्षकों को धैर्य का मूल्य सिखाती है, जिससे वे निराशा या अधीरता के बजाय चुनौतियों तथा असफलताओं का धैर्य एवं दृढ़ता के साथ सामना करने में सक्षम हो सकते हैं।
14. आज के रूपान्तरकारी शैक्षिक परिदृश्य में शिक्षण कार्य को एक उद्यम के रूप के रूप में पहचान मिलने लगी है। व्यवहारिक बुद्धिमत्ता से निर्देशित भावी शिक्षक अपने आचरण में उद्यमशीलता एवं व्यावसायिकता को कायम रखते हुए समर्पण, जवाबदेही तथा शिक्षण उत्कृष्टता के उच्चतम मानकों के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित कर सकते हैं।

शिक्षा के गतिशील परिदृश्य में व्यवहारिक बुद्धिमत्ता प्रभावी शिक्षण की आधारशिला के रूप में कार्य करती है। शिक्षण के महान पेशे में अपनी यात्रा शुरू करने वाले छात्राध्यापकों के लिए, बुद्धिमत्ता मात्र वांछनीय गुण न होकर एक अनिवार्य गुण है। यह उन्हें नैतिक दुविधाओं से निपटने, प्रभावी संचार व आलोचनात्मक चिंतन को बढ़ावा देने, समुत्थानशीलता विकसित करने, विविधता को अपनाने तथा उत्साह व उद्देश्य को बनाए रखने में मार्गदर्शन करती है। जैसे ही भावी शिक्षक बुद्धिमत्ता के सार को आत्मसात् करते हैं वे न केवल कुशल शिक्षक बन जाते हैं बल्कि दयालु गुरु भी बन जाते हैं। इस प्रकार वे अपने विद्यार्थियों के आशा व संभावनाओं से भरे भविष्य के लिए मार्गदर्शनकर सकते हैं।

मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों की जटिलता का अवबोध

(Understanding the Complexity of Mental Health Issues)

"जितना कम आप दूसरों के सामने अपना ह्रदय खोलते हैं, आपका ह्रदय उतना ही अधिक पीड़ित होता है।" – दीपक चोपड़ा

"The less you open your heart to others, the more your heart suffers."

– **Deepak Chopra**

मानसिक स्वास्थ्य किसी व्यक्ति के समग्र कल्याण का एक महत्वपूर्ण घटक होता है। जिसको व्यक्ति के जीवन के भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक एवं सामाजिक पहलु सार्थक ढंग से प्रभावित करते हैं। हालाँकि, मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे वैश्विक स्तर पर सार्वजनिक स्वास्थ्य सम्बन्धी चिंता का ही प्रतिनिधित्व करते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (World Health Organization - WHO) का अनुमान है कि दुनिया भर में लगभग प्रत्येक चार में से एक व्यक्ति अपने जीवन काल में किसी न किसी समय मानसिक स्वास्थ्य विकार का अनुभव करता है। मानसिक स्वास्थ्य सम्बन्धी मुद्दे विभिन्न रूपों में प्रकट हो सकते हैं, जिनमें अवसाद (depression), तनाव (Stress), चिंता विकार (anxiety disorders), मनोविदालिता (schizophrenia), द्विध्रुवी विकार (bipolar disorders), ध्यानाभाव/अति सक्रियता विकार (Attention- Deficit/Hyperactivity Disorder- ADHD), खाने के विकार (Eating Disorders–anorexia nervosa and bulimia nervosa), उत्तर अभिघातज तनाव विकार (Post-Traumatic Stress Disorder - PTSD) आदि प्रमुख हैं। ये मानसिक विकार किसी व्यक्ति के जीवन की गुणवत्ता एवं कार्यों को महत्वपूर्ण ढंग से प्रभावित करते हैं।

मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं में योगदान देने वाले कारकः
(Factors Contributing to Mental Health Issues):

मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले अनेक कारक हो सकते हैं, जिनमें से कुछ प्रमुख कारको का उल्लेख अग्रांकित अनुच्छेदों में किया गया है–

- ❖ जैविक कारक (**Biological Factors**):– आनुवंशिक प्रवृत्ति (genetic predisposition), मस्तिष्क रसायन (brain chemistry) तथा तंत्रिका संबंधी कार्यप्रणाली (neurological functioning), मानसिक स्वास्थ्य विकारों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शोधों से संकेत मिलता है कि कुछ आनुवंशिक विशेषताएँ अवसाद या मनोविदालिता जैसी स्थितियों के प्रति संवेदनशीलता को बढ़ा सकती हैं।
- ❖ मनोवैज्ञानिक कारक (**Psychological Factors**):– व्यक्तित्व लक्षण, मुकाबला तंत्र तथा विगत अनुभव जैसे व्यक्तिगत मनोवैज्ञानिक कारक मानसिक स्वास्थ्य सम्बन्धी मुद्दों की संवेदनशीलता को प्रभावित कर सकते हैं। दुर्व्यवहार या उपेक्षा जैसे कष्टदायक अनुभव उत्तर अभिघातज तनाव विकार (Post-Traumatic Stress Disorder - PTSD) जैसी स्थितियों के विकसित होने के जोखिम को बढ़ा सकते हैं।
- ❖ सामाजिक व पर्यावरणीय कारक (**Social and Environmental Factors**):– सामाजिक–आर्थिक स्थिति (socio-economic status), स्वास्थ्य देखभाल तक पहुँच (access to healthcare), सामाजिक सहायता नेटवर्क (social support networks) तथा पर्यावरणीय तनाव (environmental stressors) मानसिक स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालते हैं। आर्थिक अस्थिरता (economic instability), भेदभाव (discrimination), सामाजिक अलगाव (social isolation) तथा अत्यधिक हिंसात्मक स्थिति (extremely violent situation) या प्रदूषणयुक्त वातावरण (polluted environment) मानसिक स्वास्थ्य सम्बन्धी विकारों की तीव्रता को बढ़ा सकते हैं।
- ❖ जीवनशैली कारक (**Lifestyle Factors**):– जीवनशैली विकल्प (Lifestyle choices), जैसे आहार, शारीरिक गतिविधियाँ (physical activities), मादक द्रव्यों का उपयोग तथा नींद का

स्वरूप (sleep patterns), मानसिक स्वास्थ्य परिणामों को प्रभावित करते हैं। खराब पोषण (poor nutrition), गतिहीन व्यवहार (sedentary behavior), मादक द्रव्यों का सेवन (substance abuse) तथा नींद की गड़बड़ी (sleep disturbances) अवसाद, चिंता एवं अन्य मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के जोखिम को बढ़ाते हैं।

मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का प्रभाव (**Impact of Mental Health Problems**):

अनुपचारित मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के परिणाम गहरे व दूरगामी होते हैं, जो समाज, परिवारों एवं व्यक्तियों को समग्र रूप से प्रभावित करते हैं। कुछ महत्वपूर्ण प्रभावों में सम्मिलित हैं–

विकृत कामकाज़ (**Impaired Functioning**):– मानसिक स्वास्थ्य विकार किसी व्यक्ति की दैनिक व वृत्तिक (personal and professional) कार्य, सम्बन्धों तथा विद्यालय में उत्तरदायित्वों को पूरा करने की क्षमता को खराब कर सकता है।

शारीरिक स्वास्थ्य (**Physical Health**):– मानसिक स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याएँ प्रायः हृदय रोग, मधुमेह एवं दीर्घकालिक पीड़ा जैसी शारीरिक स्वास्थ्य स्थितियों के लिए उत्तरदायी हो सकते हैं।

सामाजिक कलंक (**Social Stigma**):– प्रायः समाज में मानसिक रोगियों के प्रति नकारात्मक दृष्टिकोण को प्रदर्शित किया जाता है। इसके कारण भेदभाव, सामाजिक बहिष्कार तथा मदद लेने में अनिच्छा हो सकती है, जो मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की तीव्रता को और बढ़ा सकते हैं।

आर्थिक क्षति (**Economic Loss**):– मानसिक स्वास्थ्य सम्बन्धी विकार स्वास्थ्य देखभाल व्यय (healthcare expenditures), उत्पादकता में गिरावट (lost productivity) तथा जीवन गुणवत्ता (quality of life) में कमी के रूप में व्यक्तियों, परिवारों तथा समाज पर आर्थिक भार को बढ़ा देते हैं।

मानसिक स्वास्थ्य संबन्धी समस्याओं के समाधान हेतु व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है जिसमें निवारक रोकथाम, शीघ्र हस्तक्षेप तथा उपचार रणनीतियाँ आतीं हैं, इनमें से कुछ प्रमुख का उल्लेख अग्रलिखित पंक्तियों में किया गया है–

1. मानसिक स्वास्थ्य संबन्धी समस्याओं के समाधान के लिए मानसिक कल्याण को बढ़ावा देना आवश्यक है। मानसिक कल्याण को बढावा देने के प्रयासों में बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियानों (awareness drives) को चलाना तथा सहायक वातावरण (supportive environment) का निर्माण प्रभावी हो सकते हैं। सहायक वातावरण समुत्थानशीलता (resilience) तथा मुकाबला कौशल (coping skills) के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।
2. प्रारंभिक चरण में समस्या के स्वरूप की पहचान (identification) के उद्देश्य से स्क्रीनिंग कार्यक्रमों (screening programs) को अनवरत् रूप से जारी रखना आवश्यक होता है। समस्या के लक्षणों की पहचान के उपरान्त् ससमय हस्तक्षेप (timely intervention) के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य सम्बन्धी विकारों के लक्षणों की प्रगति (progression of symptoms) को रोका जा सकता है तथा परिणामों में सुधार हो सकता है।
3. गुणवत्तापूर्ण (quality), सस्ती (affordable) एवं सांस्कृतिक रूप से सक्षम (culturally competent) मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं (mental health services) तक पहुँच (access) को सुनिश्चित् करके मानसिक स्वास्थ्य विकारों से युक्त व्यक्तियों की विविध आवश्यकताओं (diverse needs) को पूर्ण किया जा सकता है।

4- प्राथमिक चिकित्सा व्यवस्था (primary health care system) के साथ मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं (mental health services) के एकीकरण (integration) के द्वारा पहुँच (access) को बढ़ाया जा सकता है, इस प्रकार समग्रता के साथ सम्पूर्ण स्वास्थ्य व कल्याण (complete health and wellness) के लिए कार्य किये जा सकते हैं।

मानसिक स्वास्थ्य एवं व्यवहारिक बुद्धिमत्ता (**Mental Health and Wisdom**):

मानसिक स्वास्थ्य के संरक्षण तथा मानसिक विकारों के रोकथाम एवं प्रभावी प्रबंधन में बुद्धिमत्ता की भूमिका को अग्रांकित पंक्तियों में स्पष्ट किया गया है–

1. बुद्धिमत्ता में आत्म अवबोध, आत्म–जागरूकता तथा भावनाओं, विचारों व व्यवहारों को पहचानना सम्मिलित है, एत्दर्थ बुद्धिमत्ता मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों को संबोधित व प्रबंधित करने की कुंजी हो सकती है।

2. भावनात्मक बुद्धिमत्ता में भावनाओं को प्रभावी ढंग से नियंत्रित करने की क्षमता होती है, अस्तु भावनात्मक बुद्धिमत्ता विकसित करने से व्यक्तियों को तनाव, चिंता एवं अन्य भावनात्मक चुनौतियों से निपटने में सहायता मिल सकती है।
3. बुद्धिमत्ता से सम्पन्न व्यक्ति समस्याओं को संतुलित व विचारशील दृष्टिकोण से देखते हैं तथा समस्या समाधान कौशल से परिपूर्ण होते हैं। अतः मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी चुनौतियों के प्रबंधन में समस्या–समाधान कौशल को लागू करना उपयोगी हो सकता है।
4. समुत्थानशीलता बुद्धिमत्ता की एक प्रमुख लक्षण होती है। समुत्थानशीलता का तात्पर्य विपरीत परिस्थितियों से उबरने की क्षमता से होता है, एत्दर्श कहना न होगा कि जीवन की कठिनाइयों से निपटने तथा मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का आरम्भ या विकृत रूप में आने से पहले ही रोकने के लिए समुत्थानशीलता सार्थक ढंग से प्रभावी हो सकती है।
5. बुद्धिमत्ता पूर्ण व्यक्ति स्वस्थ संबन्धों के महत्व पर बल देते हैं। दूसरों के साथ सौहाद्रपूर्ण संबंधों की स्थापना तथा उसको बनाए रखने से मानसिक कल्याण पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।
6. सचेतनता एवं घ्यान का बुद्धिमत्ता से गहरा संबन्ध होता है। सचेतनता एवं घ्यान की क्रियाओं का अभ्यास तनाव को कम करने, सकारात्मक गतिविधियों पर केन्द्रित होने तथा समग्र मानसिक कल्याण को बढ़ाने में योगदान दे सकते हैं।

ध्यातव्य हो कि मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान के लिए पेशेवर सहायता सहित बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। यदि आप या आपका कोई परिचित मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहा है तो मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरों, जैसे चिकित्सक, परामर्शदाता या मनोचिकित्सकों से सहायता लेने की सलाह दी जाती है। वे व्यक्तियों के सामने आने वाली विशिष्ट चुनौतियों के आधार पर यथानुकूल हस्तक्षेप एवं मार्गदर्शन प्रदान कर सकते हैं।

मानसिक एवं भावनात्मक कल्याण (**Mental and Emotional Well-being**):

आधुनिक जीवन की भागदौड में उत्तरदायित्वों, समय–सीमाओं, तथा सामाजिक दबावों के मध्य हम प्रायः अपने अस्तित्व के महत्वपूर्ण पहलू– मानसिक व भावनात्मक कल्याण की उपेक्षा करते हैं। चूँकि मानसिक व भावनात्मक कल्याण एक पूर्ण एवं संतुलित जीवन की नींव रखने में महत्वपूर्ण भूमिका

निभाते है, अस्तु शारीरिक स्वास्थ्य को महत्व देने के साथ मानसिक एवं सांवेगिक स्वास्थ्य (मन, मस्तिष्क व ह्रदय) को प्राथमिकता देना भी आवश्यक है।

मानसिक स्वास्थ्य समग्र मनोवैज्ञानिक कल्याण की स्थिति का प्रतीक है, जिस पर किसी व्यक्ति का भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक एवं सामाजिक कल्याण आधारित होता है। यह हमारे विचार, अनुभूति, क्रिया–कलाप के ढंग को प्रभावित करता है एवं तनावों से निपटने तथा विकल्प चयन की क्षमता से सम्बन्धित होता है। दूसरी ओर भावनात्मक कल्याण, भावनाओं को प्रबंधित करने, तनाव से निपटने तथा जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखने की हमारी क्षमता को संदर्भित करता है। इस प्रकार मानसिक व भावनात्मक कल्याण हमारे आंतरिक संतुलन के मूल तत्व हैं तथा हमारे अस्तित्व के हर पहलू को प्रभावित करते हैं।

आज की तीव्र गति के साथ प्रौद्योगिकीय विकास की ओर कदम बढ़ाती दुनिया में तनाव, चिंता व अवसाद का प्रसार चिंताजनक स्तर तक पहुँच गया है। अतिशय कार्य का दबाव, वित्तीय चिंताएँ, सम्बन्धों से सम्बन्धित मुद्दे तथा सामाजिक अपेक्षाएँ जैसे कारक मानसिक एवं भावनात्मक कल्याण के क्षरण में योगदान कर रहें हैं। इसके अलावा सामाजिक संचार माध्यमों (social communication media) के आगमन ने चुनौतियों के एक नए युग की शुरुआत की है, सोशल मीडिया से अनेक प्रकार के लाभ होने के बावजुद यह अपर्याप्तता, अलगाव एवं तुलना की भावनाओं को बढ़ा रही है। इन चुनौतियों के मध्य मानसिक एवं भावनात्मक कल्याण को प्राथमिकता देना अपरिहार्य हो गया है। जिस तरह हम अपने शरीर को पौष्टिक भोजन एवं व्यायाम के द्वारा समुचित पोषण प्रदान करते हैं, उसी प्रकार हमें तेजी से जटिल होती दुनिया में आगे बढ़ने के लिए मन, व ह्रदय को भी पोषण देना आवश्यक है। इसके लिए आत्म–जागरूकता एवं देखभाल, सचेतनता विकास, ध्यान की क्रियाएँ, स्वस्थ संबन्धों को बढ़ावा देना, संतुलित जीवनशैली को अपनाना महत्वपूर्ण है। ध्यातव्य हो कि मानसिक एवं भावनात्मक भलाई एक गतिशील और सतत् विकास की प्रक्रिया है। अपने मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल के लिए सक्रिय रहना चाहिए। यदि आपके समक्ष कठिन चुनौतियाँ आती हैं तो सहायता माँगने में कदापि संकोच न करें। हर किसी के जीवन की दशा अनोखी होती है इसलिए ऐसी रणनीतियाँ खोजें जो आपके लिए सर्वाधिक उपयुक्त हो।

अष्ठम् अध्याय (Eighth Chapter)

"अपने विचारों को प्रबंधित करना अपने भाग्य को प्रबंधित करने की कुंजी है। ऐसे विचार चुनें जो आपका सशक्तीकरण एवं उत्थान करें।" – लुईस हे

"Managing your thoughts is the key to managing your destiny. Choose thoughts that empower and uplift you." - Louise Hay

"आपका मन एक बगीचे की तरह है इसकी देखभाल लगन से करें, नकारात्मक विचारों के खरपतवार को हटाएँ तथा सकारात्मकता के फूलों को परिपोषित करें।"

- डॉ. कार्ल जुंग

"Your mind is like a garden; tend to it diligently, pulling out the weeds of negative thoughts and nurturing the flowers of positivity." - - Dr. Carl Jung

विचार प्रबन्धन (**Managing Thoughts**)

विचारों को प्रबंधित करना एक बगीचे की देखभाल करने के समान है इसके लिए परिश्रम, ध्यान एवं लगन की आवश्यकता होती है। विचार प्रबन्धन में मन मस्तिष्क में चलने वाले विचारों के प्रवाह में विना बहे सकारात्मक एवं नकारात्मक विचारों की पहचान करना सम्मिलित हैं। सचेतनता अभ्यास–प्रथाओं के माध्यम से व्यक्ति अपने विचारों के बारे में जागरूकता विकसित कर सकते हैं, जिससे उन्हें यह समझने में मदद मिलती है कि कौन से विचार उनकी भलाई में सहायक एवं कौन से बाधक हो सकते हैं। नकारात्मक या अनुत्पादक विचारों को अलग करने से व्यक्तिको अपने ध्यान को अधिक रचनात्मक विचारों पर पुनर्केन्द्रित करने में सहायता मिलती है। विचारों को प्रबंधित करने की कला में दक्षता प्राप्त करने के लिए विचारों, भावनाओं एवं कार्यों के अंतर्संबंध को समझना महत्वपूर्ण

है। सकारात्मक विचारों का पोषण करके ही कोई व्यक्ति अपने संवेग, उर्जा व व्यवहार को अधिक सार्थक एवं मानवोपयोगी गतिविधियों में नियोजित कर सकता है।

प्रभावी विचार प्रबंधन में परिप्रेक्ष्यों के पुनर्परिभाषीकरण तथा संज्ञानात्मक पुनर्गठन की प्रक्रिया का अनुप्रयोग किया जाता है। अपने विचारों की वैधता पर सक्रिय रूप से प्रश्न उठाकर तथा उन्हें अधिक संतुलित व तर्कसंगत विकल्पों से प्रतिस्थापित करके हम चिंता, अवसाद एवं अन्य मनोवैज्ञानिक लक्षणों को कम कर सकते हैं। विचारों को प्रबंधित करना उन्हें दबाने या नियंत्रित करने से सम्बन्धित नहीं है बल्कि यह मन के साथ सामंजस्यपूर्ण संबंध स्थापित करने से है। कुल मिलाकर, विचारों को प्रबंधित करने की कला में महारत हासिल करने के लिए अभ्यास, धैर्य एवं आत्म–जागरूकता की आवश्यकता होती ह ैपरन्तु मानसिक स्वास्थ्य एवं समग्र कल्याण के संदर्भ में इसका अमूल्य योगदान हो सकता हैं।

तनाव एवं प्रतिकूल परिस्थितियों के प्रति अपनी प्रतिक्रिया का अवबोध

(Understanding our Response to Stress and Adversity)

"तनाव आधुनिक जीवन का कचरा है– हम सभी इसे उत्पन्न करते हैं लेकिन यदि आप इसका उचित निपटान नहीं करते हैं, तो यह ढेर हो जाएगा तथा आपके जीवन पर हावी हो जाएगा।" –डेंज़े पेस

"Stress is the trash of modern life- we all generate it but if you don't dispose of it properly, it will pile up and overtake your life." –Danzae Pace

तनाव एवं प्रतिकूल परिस्थितियाँ जीवन के अपरिहार्य घटक होते हैं, जो शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक कल्याण एवं जीवन की गुणवत्ता जैसे विभिन्न क्षेत्रों में व्यक्तियों को प्रभावित करते हैं। हालाँकि कुछ व्यक्ति समुत्थानशीलता एवं अनुकूलनशीलता के साथ इन चुनौतियों का सामना कर सकते हैं, वहीं अन्य चुनौतियों से संघर्ष करते रहते हैं जिससे उनके स्वास्थ्य एवं कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता हैं। तनाव एवं प्रतिकूल परिस्थितियों के प्रति अपनी प्रतिक्रिया के अंतर्निहित तंत्र का बोध कल्याण या भलाई को बढ़ावा देने हेतु प्रभावी हस्तक्षेप रणनीतियों को विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण है।

तनाव के प्रति शारीरिक प्रतिक्रिया का अवबोध

(Understanding the Physiological Response to Stress)

तनाव जीवन का एक अपरिहार्य अंग है। कार्य में असफलता, अपेक्षाओं का अत्यधिक भार, कार्यस्थल का प्रतिकूल वातावरण, तीखा–विवाद या कूल मिलाकर परिस्थियों में अचानक प्रतिकुल परिवर्तन होने की दशा मे शारीरिक प्रतिक्रियाओं के रूप में तनाव परिलक्षित होने लगता है। सामान्यतः तनाव को एक नकारात्मक शक्ति के रूप में माना जाता है, परन्तु यह जानना आवश्यक है कि इसकी उत्पत्ति का उद्देश्य हमें चुनौतियों से निपटने तथा कथित खतरों से स्वयं को बचाना होता है। हालाँकि लगातार अत्यधिक तनाव हमारे शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव डालता है। तनाव को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए यह समझना महत्वपूर्ण है कि हमारा शरीर तनाव के उत्पन्न होने की दशा में किस प्रकार की प्रतिक्रिया व्यक्त करता है

तनाव प्रतिक्रिया प्रणाली (The Stress Response System):

तनाव के प्रति शरीर की प्रतिक्रिया स्वचालित तंत्रिका तंत्र (autonomic nervous system-ANS) तथा हाइपोथैलेमिक–पिट्यूटरी–एड्रिनल (hypothalamic-pituitary-adrenal - HPA) अक्ष (axis) के द्वारा विनियमित होता है। तनावपूर्ण परिस्थिति के उत्पन्न होने की दशा में स्वचालित तंत्रिका तंत्र (ANS) की सहानुभूति शाखा (sympathetic branch) सक्रिय हो जाती है, जो लड़ो या भागो प्रतिक्रिया (fight-or-flight response) को प्रारम्भ करती है। इस प्रतिक्रिया की विशेषता एड्रिनलिन व नॉरएड्रिनलिन (adrenaline and noradrenaline) जैसे हार्मोनों का स्राव है, जो हृदय गति (heart rate), रक्तचाप (blood pressure) तथा श्वसन गति (respiratory rate) को बढ़ा देती है जिससे शरीर आसन्न खतरे का सामना करने या भागने के लिए तैयार हो जाता है।

शारीरिक प्रक्रियाओं (physiological processes) के विनियमन (regulation) में मस्तिष्क का एक विशेष अनुक्षेत्र जिसे हाइपोथैलेमस (hypothalamus) कहते हैं, महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हाइपोथैलेमस (hypothalamus) पिट्यूटरी ग्रंथि (pituitary gland) को एड्रेनोकोर्टिकोट्रोपिक हार्मोन (adrenocorticotropic hormone - ACTH) स्रावित करने का संकेत देता है। एसीटीएच तब गुर्दे (kidneys) के ऊपर स्थित अधिवृक्क ग्रंथियों (adrenal glands) को कोर्टिसोल (cortisol) जारी करने के लिए उत्तेजित करता है, जिसको तनाव हार्मोन (stress hormone) भी कहा जाता है। तनाव प्रतिक्रिया (stress response) की दशा में कोर्टिसोल केंद्रीय भूमिका निभाता है। प्रतिरक्षा प्रणाली (immune system) को तत्काल सक्रिय करने के उद्देश्य से कोर्टिसोल ऊर्जा को बढाने के लिए ग्लूकोज (glucose) की पुर्ति को बढ़ा देता है। ग्लूकोज की अधिक आपुर्ति करने के लिए प्रतिरक्षा प्रणाली (immune system) को व्यवस्थित (modulation) करते हुए कोर्टिसोल पाचन व प्रजनन (digestion and reproduction) जैसे गैर–आवश्यक क्रियाओं को दबा देता है।

तनाव का शरीर पर प्रभाव (**The Impact Stress on the Body**):

चूँकि खतरनाक स्थितियों (threatening situations) का सामना करने के लिए तनाव प्रतिक्रिया (stress response) आवश्यक है, किन्तु लंबे समय तक सक्रिय तनाव के लगातार संपर्क में रहने के कारण हमारी शारीरिक कार्य प्रणाली (physiological functioning systems) पर हानिकारक प्रभाव पड़ता है। सतत् तनाव को हृदय रोग (cardiovascular disease), मोटापा (obesity), मधुमेह

(diabetes), अवसाद (depression) तथा चिंता विकारों (anxiety disorders) सहित अन्य कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं से जोड़ा जाता है।

तनाव का शरीर पर होने वाला प्रभाव सर्वप्रथम एचपीए अक्ष (HPA axis) के अनियमन (dysregulation) के माध्यम से होता है। कोर्टिसोल (cortisol) के स्तर में लंबे समय तक वृद्धि से इंसुलिन प्रतिरोध (insulin resistance), विकृत ग्लूकोज चयापचय (impaired glucose metabolism) तथा पेट (abdomen) में वसा का संचय (fat accumulation) हो सकता है, जिससे टाइप–2 मधुमेह (type 2 diabetes), ह्रदय एवं चयापचय संबंधी विकारों (metabolic disorders) का खतरा बढ़ जाता है। इसके अतिरिक्त दीर्घकालीन तनाव डिस्लिपिडेमिया (dyslipidemia), सूजन (inflammation) एवं एंडोथेलियल डिसफंक्शन (endothelial dysfunction) से जुड़ा हुआ है। डिस्लिपिडेमिया उच्च घनत्व कॉलेस्ट्रॉल (HDL) व निम्न घनत्व कॉलेस्ट्रॉल के असंतुलित स्तर से सम्बन्धित होता है, जबकि एंडोथेलियल डिसफंक्शन (endothelial dysfunction) के कारण रक्त धमनियों के संकीर्ण हो जाने की अत्यधिक संभावना होती है। इनका सम्मिलित प्रभाव एनजाइना (सीने का दर्द), उच्च रक्तचाप (hypertension), एथेरोस्क्लेरोसिस (atherosclerosis)– घमनियों के दिवारों पर जगह–अगह वसा का जमना) के रूप में होता है, जो अंततः ह्रदयाघात (heart attack), ब्रेन हेमरेज, लकवा आदि के जोखिम को बढा देते हैं। सहानुभूति तंत्रिका तंत्र (sympathetic nervous system) की दीर्घकालिक सक्रियता भी ह्रदय के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है।

तनाव से प्रतिरक्षा प्रणाली भी गहराई से प्रभावित होती है। तीव्र तनाव अस्थायी रूप से प्रतिरक्षा कार्य को बढ़ाता है। दीर्घकालिक तनाव से प्रतिरक्षा–शमनकारी प्रभाव (imuno-suppressive effects) होते हैं, जो संक्रमण के प्रति संवेदनशीलता को बढ़ा देते हैं। कोर्टिसोल (cortisol) का उच्च स्तर लिम्फोसाइट्स (lymphocytes) एवं मैक्रोफ़ेजेज (macrophages) जैसी प्रतिरक्षा कोशिकाओं (immune cells) की गतिविधि को दबा सकता है, जिससे रोगजनकों (pathogens) के विरूद्ध प्रगतिरोधक क्षमता कमज़ोर हो जाती है।

तनाव के प्रति मनोवैज्ञानिक प्रतिक्रिया का अवबोध
(Understanding the Physiological Response to Stress)

"यह तनाव नहीं है जो हमें मारता है, यह उस पर हमारी प्रतिक्रिया है।" –हंस सेली

"It's not stress that kills us, it's our reaction to it." - Hans Selye

आज की व्यस्त एवं भाग–दौड़ से युक्त दुनिया में तनाव लोगों के दैनिक जीवन का एक अपरिहार्य भाग बनता जा रहा है। कार्य भार में असमान्य रूप से वृद्धि, व्यस्तम दैनिकचर्या, व्यक्तिगत जिम्मेदारियों का अत्यधिक बोझ तथा सम्बन्धों का विकृत स्वरूप जैसे अनेक ऐसे कारक तनाव को उत्त्पन्न करते हैं। हालाँकि मात्र बाहरी दबाव ही तनाव का कारण नहीं होता है बल्कि व्यक्ति द्वारा मनोवैज्ञानिक रूप से परिस्थितियों का प्रत्यक्षण एवं उनके प्रति प्रतिक्रिया का ढंग भी तनाव के स्वरूप के निर्धारण में योगदान करते हैं। प्रभावी तनाव प्रबंधन तथा मानसिक कल्याण को बनाए रखने के लिए तनाव के प्रति मनोवैज्ञानिक प्रतिक्रियाओं को समझना महत्वपूर्ण है।

लड़ो या भागो प्रतिक्रिया (**Fight or Flight Response**):– जब किसी तनावपूर्ण स्थिति का सामना करना पड़ता है तो शरीर की प्राकृतिक प्रतिक्रिया लड़ो या भागो तंत्र ("fight or flight" mechanism) को सक्रिय कर देती है। यह शारीरिक प्रतिक्रिया व्यक्तियों को कथित खतरों के प्रति तात्कालिक व त्वरित प्रतिक्रिया देने के लिए तैयार करती है। लड़ो या भागो तंत्र की कार्य प्रणाली को उपर के अनुच्छेदों में स्वष्ट किया जा चुका है।

संज्ञानात्मक मूल्यांकन (**Cognitive Appraisal**):– व्यक्ति तनाव को कैसे समझते हैं तथा उसकी व्याख्या किस प्रकार से करते हैं यह उनकी मनोवैज्ञानिक प्रतिक्रिया को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। संज्ञानात्मक मूल्यांकन के सिद्धान्त को प्रमुख मनोवैज्ञानिक रिचर्ड लाज़र (Richard Lazarus) ने 1966 में अपनी पुस्तक 'Psychological Stress and Coping Process' में प्रस्तावित किया था। रिचर्ड लाजर का मानना है कि तनाव किसी व्यक्ति पर अध्यारोपित मांगों (dmands) तथा उससे निपटने में व्यक्ति के संसाधनों (resources) के मध्य असंतुलन (imballance) से उत्पन्न होता है। रिचर्ड लाजर के संज्ञानात्मक मूल्यांकन सिद्धांत के अनुसार भावनाएँ उद्दीपकों के

प्रति प्रतिक्रिया मात्र नहीं होती हैं, अपितु व्यक्तियों के द्वारा उन उद्दीपकों के आत्मनिष्ठ मूल्यांकन (subjective evaluations) का परिणाम भी होती हैं। जब व्यक्ति किसी स्थिति का सामना (encounter a situation) करते हैं, तो वे पहले अपने लक्ष्यों एवं कल्याण (goals and well-being) के लिए इसकी प्रासंगिकता (relevance) का ऑकलन (assess) करते हैं, जिसे प्राथमिक मूल्यांकन (primary appraisal) कहते हैं। उसके पश्चात् उस स्थिति विशेष से निपटने में अपनी क्षमता का (ability to cope with the situation) ऑकलन करते हैं, जिसे द्वितीयक मूल्यांकन (secondary appraisal) कहा जाता है। तत्पश्चात् भावनात्मक प्रतिक्रिया (emotional response) इन संज्ञानात्मक मूल्यांकनों (cognitive evaluations) द्वारा निर्धारित की जाती है। लाजर का सिद्धांत भावनाओं को आकार देने में अनुभूति की भूमिका पर बल देता है तथा इस बात पर प्रकाश डालता है कि कैसे व्यक्तियों द्वारा परिस्थितियों एवं घटनाओं की व्याख्या (interpretations) उनके भावनात्मक अनुभवों (emotional experiences) तथा प्रतिक्रियाओं (reactions) को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करती है। इस सिद्धांत का यह समझने में गहरा प्रभाव है कि व्यक्ति जीवन की विभिन्न घटनाओं को कैसे समझते हैं? तथा उन पर कैसी प्रतिक्रिया करते हैं? एत्दर्श यह सिद्धान्त मानवीय भावनाओं एवं व्यवहार की जटिलताओं में अंतर्दृष्टि प्रदान करता हैं।

भावनात्मक प्रतिक्रियाएँ (**Emotional Responses**):– तनाव चिंता (anxiety), भय (fear), क्रोध (anger), हताशा (frustration) एवं उदासी (sadness) सहित अनेक प्रकार की भावनाएँ उत्पन्न कर सकता है। ये भावनात्मक प्रतिक्रियाएँ (emotional responses) प्रायः संज्ञानात्मक मूल्यांकन से सम्बन्धित होती हैं। उदाहरण के लिए कार्यभार की अधिकता से व्याकुलता की अनुभूति निराशा को जन्म दे सकती है जबकि भविष्य से सम्बन्धित अनिश्चितता चिंता उत्पन्न कर सकती है। तनाव को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए इन भावनाओं को पहचानना व समझना आवश्यक है।

मुकाबला रणनीतियाँ (**Coping Strategies**):– व्यक्ति तनाव से निपटने तथा मनोवैज्ञानिक संकट (psychological distress) को कम करने के लिए विभिन्न मुकाबला रणनीतियों को अपनाते हैं। इन रणनीतियों को दो प्रकारों में वर्गीकृत किया जा सकता है समस्या–केंद्रित मुकाबला (problem-focused coping) तथा भावना–केंद्रित मुकाबला (emotion-focused coping)। समस्या–केंद्रित

मुकाबला करने में तनाव के स्रोत (source of stress) को सक्रिय रूप से संबोधित करना (actively addressing) सम्मिलित है, जैसे समाधान खोजना (seeking solutions) या स्थिति में परिवर्तन करना (making changes to the situation)। दूसरी ओर भावना–केंद्रित मुकाबला विश्राम तकनीकों (relaxation techniques) के माध्यम से तनाव के प्रति भावनात्मक प्रतिक्रिया (emotional response) को प्रबंधित करने, सामाजिक समर्थन प्राप्त करने (seeking social support) या आनंददायक गतिविधियों में संलग्न होने (engaging in enjoyable activities) पर केंद्रित होता है। मुकाबला करने की रणनीतियों की प्रभावशीलता तनाव का सामना करने वाले की प्रकृति व व्यक्तिगत प्राथमिकताओं (individual preferences) पर निर्भर करती है।

समुत्थानशीलता (**Resilience**):– समुत्थानशीलता का तात्पर्य विपरीत परिस्थितियों से अनुकूलन (adapt) करने तथा उनसे उबरने (bounce back) की क्षमता से है। कुछ व्यक्ति तनाव का सामना करने में अधिक समुत्थानशीलता को प्रदर्शित करते हैं जिससे उन्हें चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों (challenging circumstances) के बावजूद मनोवैज्ञानिक कल्याण (psychological well-being) को बनाए रखने में सहायता मिलती है। समुत्थानशीलता में योगदान देने वाले कारकों में सामाजिक समर्थन (social support), आशावाद (optimism), समस्या–समाधान कौशल (problem-solving skills) एवं जीवन में उद्देश्य व अर्थ (purpose or meaning) की भावना सम्मिलित है। समुत्थानशीलता को विकसित करने से व्यक्तियों में तनाव से निपटने तथा कठिन परिस्थितियों का अधिक प्रभावी ढंग से सामना करने की क्षमता बढ़ती है।

मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव (**Impact on Mental Health**):– लंबे समय तक या क्रोनिक तनाव मानसिक स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव डालता है। हाँलाकि तनाव का स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव को उपर्युक्त अनुच्छेदों में बताया गया है, फिर भी प्रकरण की प्रासंगिकता के अनुरूप कुछ अन्य प्रभावों को निम्नलिखित पंक्तियों में उल्लेखित किया गया है–

1. जीर्ण तनाव (chronic stress) सामान्यीकृत चिंता विकार (generalized anxiety disorder), संत्रास विकार (panic disorder) तथा सामाजिक चिंता विकारों (social anxiety disorders) के विकास या तीव्रता (development or exacerbation) में योगदान कर सकता है।

2. दीर्घकालीन तनाव (prolonged stress) से अवसाद (depression) के विकसित होने का खतरा बढ़ जाता है, यह एक प्रकार का चित्तप्रकृत्ति विकार (mood disorder) होता है, जिसमें अनवरत् उदासी (sadness), निराशा (hopelessness) एवं गतिविधियों में अरुचि (disinterest in activities) की भावनाएँ पायीं जाती हैं।
3. अभिघातन के पश्चात् का तनाव विकार (पीटीएसडी) तनाव के साथ–साथ कष्टकारी घटनाओं (traumatic events) के संपर्क में आने से उत्तर अभिघातज तनाव विकार (Post-Traumatic Stress Disorder-PTSD) का विकास हो सकता है, जियमें विगत की दुःखदायी एवं पीड़ायुक्त स्मृतियों का बने रहना (intrusive memories), परिहारक व्यवहार (avoidance behaviors) तथा अत्यधिक उत्तेजना के लक्षण (hyperarousal symptoms) सम्मिलित होते हैं।
4. तनाव स्वस्थ नींद प्रतिमान (healthy sleep patterns) को बाधित कर सकता है जिससे अनिद्रा (insomnia) या अन्य नींद संबंधी विकार (sleep disorders) हो सकते हैं। वाधित नींद (interrupted sleep) मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को और बढा सकती हैं।
5. व्यक्ति तनाव से निपटने के साधन (coping mechanism) के रूप में मादक द्रव्यों के सेवन (substance abuse) की ओर रुख कर सकते हैं, जिससे व्यसनलिप्तता की लत लग सकती है तथा मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति बिगड़ सकती है।
6. दीर्घकालिक तनाव स्मृति (memory), एकाग्रता (concentration) एवं निर्णय लेने की क्षमताओं (decision-making abilities) सहित संज्ञानात्मक कार्य (cognitive function) को बिगाड़ सकता है, जो दैनिक कामकाज (daily functioning) एवं समग्र मानसिक कल्याण (overall mental well-being) पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है।
7. लंबे समय तक तनाव के संपर्क में रहने से समुत्थानशीलता कम (reduce resilience) हो सकती है, जिससे व्यक्ति भविष्य के तनावों (future stressors) के प्रति अधिक संवेदनशील (more susceptible) हो जाता है तथा मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं की संभावना बढ़ जाती है। एत्दर्थ तीव्र व चिर्कालिक तनाव सोपानी प्रभाव (cascading) को जन्म देता है।
8. तनाव सामाजिक प्रत्याहार (social withdrawal) एवं अलगाव (isolation) को जन्म दे सकता है सामाजिक समर्थन संजाल तंत्र (social support networks) को कम कर सकता है। सामाजिक

प्रत्याहार से अकेलेपन (loneliness) एवं अवसाद (depression) की भावनाओं में वृद्धि हो सकती है।

9. व्यक्ति तनाव के प्रतिक्रिया स्वरूप टालमटोल (avoidance), आक्रामकता या आत्म–क्षति (aggression or self-harm) जैसी प्रतिकूल मुकाबला रणनीतियों (maladaptive coping strategies) में संलग्न हो सकते हैं, जिससे मानसिक स्वास्थ्य परिणाम (mental health outcomes) अधिक विकृत हो सकता है।
10. तनाव परिवार, मित्रों एवं सहकर्मियों के साथ सम्बन्धों में खटास उत्पन्न कर सकता है, अस्तु सम्बन्धों में खटास व संघर्ष एवं पुनः एक तनाव का कारण बन सकता है। परिणमस्वरूप मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति और ख़राब हो जाती है।
11. कार्यस्थल पर उच्च स्तर का तनाव थकान (burnout), वृत्तिक संतुष्टि में कमी (decreased job satisfaction) तथा अनुपस्थिति में वृद्धि (increased absenteeism) का कारण बन सकता है जिससे समग्र मानसिक कल्याण (overall mental well-being) प्रभावित हो सकता है।
12. ऋण (debt), बेरोजगारी (unemployment) या आर्थिक अस्थिरता (economic instability) जैसे वित्तीय तनाव (financial stressors) चिंता, अवसाद एवं अन्य मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं में योगदान करते हैं।
13. गंभीर तनाव (severe stress) दैनिक कामकाज (daily functioning) में हस्तक्षेप कर सकता है, जिससे कार्य करना (to perform tasks), उत्तरदायित्व निर्वहन (descharging responsibilities) या स्वयं की देखभाल (self-care) की दिनचर्या को बनाए रखना कठिन हो जाता है, जो मानसिक स्वास्थ्य में और गिरावट का कारण बनता है।
14. जीर्ण तनाव (chronic stress) के साथ जब अन्य मानसिक विकार (mental illness) या मादक द्रव्यों के सेवन (substance abuse) जैसे जोखिम कारक जुड़ जाते हैं तब आत्मघाती विचारों व व्यवहारों (suicidal thoughts and behaviors) का खतरा बढ़ सकता है।

तनाव को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने तथा मानसिक कल्याण बनाए रखने के लिए तनाव के प्रति मनोवैज्ञानिक प्रतिक्रियाओं को समझना आवश्यक है। तनाव के शारीरिक, संज्ञानात्मक, भावनात्मक एवं व्यवहारिक पहलुओं को पहचानकर व्यक्ति चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों से अधिक प्रभावी

ढंग से निपटने के लिए मुकाबला रणनीतियों को विकसित कर सकते हैं। समुत्थानशीलता को विकसित करना, सामाजिक समर्थन प्राप्त करना तथा आत्म–देखभाल को प्राथमिकता देना तनाव प्रबंधन के प्रमुख घटक हैं। इन रणनीतियों को अपनाकर व्यक्ति मनोवैज्ञानिक संकट को कम कर सकते हैं तथा जीवन के अपरिहार्य तनावों के बावजूद स्वस्थ एवं अधिक संतुष्टिदायक जीवन जी सकते हैं।

तनाव प्रबंधन (Stress Management)

> "विश्राम करने का समय वह है जब आपके पास इसके लिए समय नहीं है।"
>
> –सिडनी जे. हैरिस
>
> **"The time to relax is when you don't have time for it."**
>
> **- Sydney J. Harris**

तनाव प्रबंधन में अनेक रणनीतियों एवं अभ्यास–प्रथाओं को सम्मिलित किया जाता है जिनका उद्देश्य किसी की भलाई पर तनाव के नकारात्मक प्रभाव (negative impact) को कम करना होता है। सचेतनता एवं विश्राम प्रविधियों (mindfulness and relaxation techniques) से लेकर समय प्रबंधन व स्वाग्रही प्रशिक्षण (assertiveness training) तक ऐसे अनेक उपाय हैं, जिन्हें व्यक्ति अपने जीवन में तनाव से बेहतर ढंग से निपटने के लिए अपना सकते हैं। तनाव के मूल कारणों को समझकर तथा उनके प्रति स्वस्थ व रचनात्मक (constructive) प्रतिक्रिया के ढंग को सीखकर व्यक्ति न केवल तनाव से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं के जोखिम को कम कर सकते हैं, बल्कि अपने जीवन की समग्र गुणवत्ता में भी सुधार कर सकते हैं। निम्नलिखित पंक्तियों में तनाव प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला गया है–

तनाव के विरूद्ध स्वस्थ मुकाबला तंत्र का विकास (**Development of Healthy Coping Mechanisms against Stress**):

तनाव के विरूद्ध स्वस्थ मुकाबला तंत्र का विकास मानसिक भावनात्मक एवं शारीरिक कल्याण (mental, emotional, and physical well-being) पर तनाव के नकारात्मक प्रभावों को कम करने के लिए प्रभावी रणनीतियों (effective strategies) के निर्माण व उपयोग करने की प्रक्रिया को संदर्भित करता है। ये मुकाबला तंत्र अनुकूली (adaptive) व रचनात्मक (constructive) होते हैं, जो व्यक्तियों को अत्यधिक तनाव के आगे झुके बिना या हानिकारक परिणामों का अनुभव किए बिना चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों से निपटने में सक्षम बनाते हैं। मुकाबला तंत्र की निम्न दो रणनितियाँ प्रमुख हैं– (I) विश्राम प्रविधियाँ (relaxation techniques), जैसे कि गहरी साँस लेना, ध्यान एवं प्रगतिशील मांसपेशी

विश्राम तनाव के शारीरिक लक्षणों को कम करने और भावनात्मक राहत प्रदान करने का कार्य करतीं हैं, (II) समस्या–केंद्रित मुकाबला (problem-focused coping), समस्या–केंद्रित मुकाबला में तनाव के स्रोत (source of stress) को सीधे संबोधित करने के लिए व्यावहारिक कदम (practical steps) उठाना सम्मिलित है।

(**I**) विश्राम प्रविधियों (**Relaxation Techniques**) का अभ्यासः– विश्राम तकनीकों में ऐसी अनेक प्रकार की कार्यविधियाँ एवं अभ्यास प्रथाएँ सम्मिलित होती हैं जो तनाव के प्रभाव को कम करने के साथ शांति व कल्याण की भावना को बढ़ावा देती हैं। सामान्यतया निम्न विश्राम प्रविधियों का प्रयोग प्रमुखता से किया जाता है–

(क) गहरी साँस लेना (**Deep Breathing**):– इसमें धीमी व गहरी श्वास–प्रश्वास की क्रिया सम्मिलित होती हैं। श्वास–प्रश्वास की क्रिया में पूरी तरह से साँस लेने व छोड़ने पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। गहरी साँस लेने से शरीर की विश्राम प्रतिक्रिया सक्रिय होकर तनाव को कम करने में सहयता करती है।

(ख) उत्तरोत्तर पेशीय विश्रान्ति (**Progressive Muscle Relaxation-PMR**):– पीएमआर में सम्पूर्ण शरीर के विभिन्न मांसपेशी समूहों को व्यवस्थित रूप से तनाव व विश्राम दिया जाता है। पीएमआर मांसपेशियों के प्रतिबलों को दूर करके शारीरिक एवं मानसिक तनाव को कम करता है।

(ग) सचेतनता का अभ्यास (**Practices of Mindfulness**):– सचेतनता अभ्यास की क्रिया में बिना किसी निर्णय के वर्तमान क्षण पर ध्यान लगाया जाता है। सचेतनता का अभ्यास तनाव को कम करने तथा आत्म–जागरूकता एवं भावनात्मक विनियमन को बढ़ाने में सहायक होता है। (सातवें अध्याय में इसका विस्तृत वर्णन किया गया है)

(घ) मानसदर्शन (**Visualization**):– मानसदर्शन विश्राम तकनीक में विश्राम को बढ़ाने तथा तनाव को कम करने के लिए शांतिपूर्ण एवं प्रशांत दृश्यों या परिदृश्यों की कल्पना किया जाता है। शांत समुद्र तट या शांत वन या आध्यात्मिक कथानकों जैसे परिदृश्यों पर ध्यान केंद्रित करके व्यक्ति अपने मन एवं शरीर को प्रभावी ढंग से शांत कर सकते हैं। मानसदर्शन शांति एवं कायाकल्प की भावना को बढाते हैं।

(च) योगः– योग भी विश्राम प्रविधि का एक अंग है। यह समुत्थानशीलता एवं मानसिक शक्ति को बढ़ाता है। यह शारीरिक मुद्राओं, श्वास–प्रश्वास की प्रविधियों एवं ध्यान को जोड़ता है। नियमित योगाभ्यास तनाव को कम करके समग्र स्वास्थ्य में सुधार करने में सहायता करता है।

(छ) ताई ची (**Tai Chi**):– ताई ची एक चीनी मार्शल आर्ट की प्रविधि है। यह धीमी गति से चलने वाली शारीरिक गतिविधियों के साथ गहरी साँस लेने की व्यवस्थित संक्रिया है। इसका उद्देश्य शरीर, मन एवं आत्मा (mind, body, and spirit) में सामंजस्य स्थापित कर संतुलन, प्रत्यास्थता एवं आंतरिक शांति को बढ़ावा देना है। ताई ची का निरन्तर अभ्यास परिसंचरण तंत्र में सुधार तथा तनाव को कम करता है। ताओवादी दर्शन (taoist philosophy) में ताई ची के अभ्यास को विशेष महत्व दिया गया है। इसका उपयोग स्वास्थ्य लाभों के लिए भी किया जाता है।

(ज) निर्देशित कल्पना (**Guided Imagery**):– निर्देशित कल्पना में एक रिकॉर्ड की गई स्क्रिप्ट या प्रशिक्षक को पूर्ण मनोयोग के साथ श्रवण किया जाता है। इसमें शांत करने वाली मानसिक छवियों एवं परिदृश्यों की एक श्रृंखला के माध्यम से मार्गदर्शन दिया जाता है। यह तकनीक विश्राम को बढ़ावा देने एवं तनाव को कम करने में सहायता करती है।

(झ) जैव प्रतिपुष्टि (**Bio Feedback**):– जैव प्रतिपुष्टि प्रविधियों में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों (electronic devices) का प्रयोग द्वारा हृदय गति (heart rate), पेशीय तनाव (muscle tension) एवं त्वचा के तापमान (skin temperature) जैसी शारीरिक प्रतिक्रियाओं की निगरानी (monitoring) एवं प्रतिपुष्टि (feedback) निहित है। जैव प्रतिपुष्टि के द्वारा इन शारीरिक कार्यों के सीमित नियंत्रण से व्यक्ति विश्राम का अनुभव करते हैं, इस प्रकार वे अपने तनाव को कम कर सकते हैं।

(**II**) कार्य–जीवन संतुलन (**Work-Life Balance**):– तनाव से निपटने तथा समग्र कल्याण को बढ़ावा देने के लिए स्वस्थ कार्य–जीवन संतुलन को बनाए रखना आवश्यक होता है। विश्राम, शौक एवं प्रियजनों के साथ गुणवत्तापूर्ण क्षण बिताने के लिए समय आवंटित करने से मानसिक एवं भावनात्मक ऊर्जा के पुनर्भरण में सहायता मिलती है। निर्दिष्ट कार्यों की समय सीमा का निर्धारण आत्म–देखभाल व्यवसायिक उत्तरदायित्वों तथा व्यक्तिगत पूर्ति के मध्य सामंजस्यपूर्ण संतुलन में सहायक होता है। इस संतुलन को कायम रखने से समुत्थानशीलता व उत्पादकता बढ़ती है तथा अधिक संतुष्टिदायक जीवन को बढ़ावा मिलता है।

तनाव को दूर करने में निम्नलिखित कार्य सहायक हो सकते हैं–

(1) सामाजिक संबंध (**Social Relationship**):

i. सामाजिक संबंधों को विकसित करना एवं उन्हे बनाए रखना।

ii. मित्रों एवं परिवार के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताना।

iii. आनंद एवं संतुष्टि प्रदान करने वालीं सामाजिक गतिविधियों में संलग्नता।

(3) शारीरिक गतिविधियाँ (**Physical Activities**):

i. नियमित व्यायाम से मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

ii. यह अवसाद व चिंता के लक्षणों को कम करतीं हैं।

iii. प्रातः कालीन सैर को अपनी दिनचर्या का स्थायी भाग बनाने से तनाव से लड़ने में सहायता मिलती है।

(4) पोषण (**Nutrition**):

i. समग्र स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए संतुलित एवं पौष्टिक आहार ग्रहण करना आवश्यक होता है।

ii. कुछ पोषक तत्व, जैसे ओमेगा–3 फैटी एसिड एवं एंटीऑक्सिडेंट मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सहायक होते हैं।

(5) स्लीप हाईज़ीन (**Sleep Hygiene**):– तनाव के सर्वाधिक महत्वपूर्ण कारणों में एक अपर्याप्त नींद का होना है, इसके उलट दीर्घ कालिक तनाव अनिद्रा की समस्या उत्पन्न करता है। नींद स्वास्थ्य विज्ञान उन आदतों, व्यवहारों व पर्यावरणीय घटकों को इंगित करता है जो गुणवत्तापूर्ण नींद को सुनिश्चित करते हैं। एक इष्टतम नींद हाईज़ीन में सूसंगत व्यवहार एवं नींद के अनुकुल पर्यावरण के निर्माण सम्बन्धी क्रिया–कलाप एवं प्रथाएँ सम्मिलित हैं, जैसे कि विस्तर पर जाने तथा उठने के समय का निर्धारण व लगातार उनका पालन, नियमित व्यायाम, दिन के समय झपकी को कम करना। गुणवत्तापूर्ण नींद के लिए निम्न कार्य उपयोगी हो सकते हैं–

i. अपने कायिक घड़ी (body clock)का पालन करें अर्थात् प्रत्येक दिन के लिए सोने एवं जगने का समय निश्चित् करना चाहिए।

ii. सकारात्मक शयन पर्यावरण (positive sleep environment) का निर्माण अच्छी नींद के लिए आवश्यक होता है, सकारात्मक शयन वातावरण में शयन कक्ष का अनुकूल तापमान, अंधेरे का होना, शोरगुल का न होना तथा उपयुक्त विस्तर सम्मिलित हैं।

iii. सोने से पहले कैफीन, तम्बाकू युक्त पदार्थों के सेवन से बचना चाहिए तथा इलेक्ट्रानिक उपकरणों को बन्द कर देना चाहिए।

iv. सोने से पहले भावनात्मक एवं संज्ञानात्मक रूप से उत्तेजक गतिविधियों से बचना चाहिए।

ध्यातव्य हो कि नींद की गुणवत्ता (sleep quality) एवं नींद की मात्रा (sleep quantity) का प्रत्यक्ष सम्बन्ध नहीं हैं। अन्य शब्दों में, लोग लंबे समय तक सो सकते हैं, लेकिन यह नींद बाधित भी हो सकती है, अस्तु इसे गुणवत्तापूर्ण नींद नहीं माना जाता है। हालाँकि नींद की गुणवत्ता एवं मात्रा अलग–अलग हैं, फिर भी दोनों स्लीप हाईज़ीन से प्रभावित होते हैं। नींद की समग्र गुणवत्तापूर्ण के मूल्यांकन के लिए चिकित्सक, परार्मशदाता या शोधकर्ता स्लीप इंडेक्स (Sleep hygiene index) या पिट्सबर्ग क्वालिटी स्लीप इंडेक्स जैसे उपकरणों का अनुप्रयोग करते हैं। पॉलीसोम्नोग्राम (Polysomnogram, PSG)* का प्रयोग नींद की गुणवत्ता को मापने के लिए एक और मान्यता प्राप्त उपाय है।

(6) सीमाओं का निर्धारण (**Setting Boundaries**):– सीमाओं का निर्धारण करने का तात्पर्य समय, ऊर्जा एवं भावनाओं की माँगों के संदर्भ में क्या स्वीकार्य व अस्वीकार्य है को स्पष्ट रूप से परिभाषित करना है। दूसरें शब्दों में इसका अर्थ है आवश्यकता पड़ने पर नहीं कहने को सीखना तथा दूसरों के प्रति निरंतर दायित्वों पर अपनी भलाई को प्राथमिकता देना होता है। सीमाओं के निर्धारण को सुनिश्चित करके हम अपने आप को अनुचित एवं अनावश्यक मांगों व दायित्वों से बचाते हैं।

*पॉलीसोम्नोग्राफी, (Polysomnogram, PSG) जिसे नींद अध्ययन (sleep study) के नाम से जाना जाता है, नींद संबंधी विकारों के निदान के लिए प्रयोग किया जाने वाला एक परीक्षण है। पॉलीसोम्नोग्राफी मस्तिष्क की तरंगों, रक्त में ऑक्सीजन के स्तर तथा नींद के दौरान हृदय गति व श्वास को रिकॉर्ड करती है। यह आँख और पैर की गतिविधियों को भी मापता है। नींद अध्ययन अस्पताल के अंदर स्लीप डिसऑर्डर यूनिट या स्लीप सेंटर में की जाती है।

इसमें दूसरों को अपनी सीमाओं को प्रभावी ढंग से सम्प्रेषित करना सम्मिलित है। सीमाओं का निर्धारण अंततः तनाव के स्तर को कम करता है, एतद्दर्श व्यक्तिगत व व्यावसायिक जीवन में स्पष्ट सीमाओं का निर्धारण करें तथा स्वयं पर दबाव डालने से बचने के लिए जरूरत पड़ने पर ना कहना सीखें।

(7) शौक एवं रुचियाँ (**Hobbies and Interests**):– शौक एवं रुचियाँ तनाव प्रबंधन के लिए एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में कार्य करतीं है। शौक एवं रुचियों में व्यस्त रहने से दैनिक जीवन के अनावश्यक दबावों से राहत मिलती है। व्यक्ति जब अपनी शौक एवं रुचियों से सम्बन्धित गतिविधियों में पूरी तरह से डूब जाते हैं तो प्रवाह की स्थिति में प्रवेश करते हैं, जहाँ वे वर्तमान क्षण में पूर्ण रूप से तल्लीन हो जाते हैं। यह तल्लीनता उनके ध्यान को तनाव से दूर करने में सहायक होती है, जिससे उन्हें मानसिक एवं शारीरिक विश्रान्ति मिलती है तथा वह तरोताजा महसुस करते है। चित्रकारी (painting), बागवानी (gardening), संगीत (playing music), फोटोग्राफी (photography) लंबी पैदल यात्रा (hiking) या अभिरूचि के अनुसार अन्य किसी प्रकार का सृजनात्मक शौक उपलब्धि एवं संतुष्टि

की भावना प्रदान करती हैं, जिससे व्यक्ति आत्म–सम्मानित एवं प्रसन्नता का अनुभव करतें है। एतद्दर्थ आनंद एवं संतुष्टि लाने वाली गतिविधियों में संलग्न रहें तथा इनके लिए प्रतिदिन कुछ समय अवश्य निकालें। ऐसे शौक अपनाएँ जो उपलब्धि का एहसास दिलातें हों। अस्तु कहना होगा कि शौक एवं अभिरुचियों में सलग्नता व्यक्ति को अपने जीवन में एक स्वस्थ संतुलन बनाने, तनाव के स्तर को कम करने तथा समग्र कल्याण को बढ़ावा देने में सहायक होती हैं।

(8) सतत् अधिगम (**Continuous Learning**):– निरंतर सीखना वास्तव में तनाव प्रबंधन में एक शक्तिशाली उपकरण हो सकता है। क्योंकि–

i. सतत् अधिगम की गतिविधियों जैसे पढ़ना, कार्यशालाओं व ऑनलाइन पाठ्यक्रमों में भाग लेना या किसी हुनर का प्रशिक्षण लेने से व्यक्ति का ध्यान तनाव से हट जाता है। जब हम कुछ नया सीखने में तल्लीन होतें हैं तो वे अपना ध्यान अस्थायी रूप से तनाव के स्रोतों से हटाकर हाथ में लिए गए कार्य पर केंद्रित कर लेतें हैं।

ii. निरंतर सीखना विकास मानसिकता (growth mindset) को बढ़ावा देता है। विकास मानसिकता में व्यक्ति सुधार एवं अनुकूलन (adapt) करने की अपनी क्षमता को बढ़ाने में विश्वास करते हैं। यह

मानसिकता चुनौतियों का सामना करने में समुत्थनशीलता को प्रोत्साहित करती है एवं तनाव के प्रभाव को कम करती है। विकास की मानसिकता वाले व्यक्ति दुर्गम बाधाओं (insurmountableobstacles) के सामने झुकने के बजाय उन्हें सीखने व विकास के अवसर के रूप में देखते हैं।

iii. जैसे–जैसे व्यक्ति निरंतर अधिगम के माध्यम से नए ज्ञान व कौशल प्राप्त करते हैं, वे आत्मविश्वास में वृद्धि का अनुभव करते हैं। जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में सक्षमता, निपुणता एवं नियंत्रण की भावना को उत्पन्न करके सतत् अधिगम तनाव से हमारा बचाव कर सकता है। सीखने से प्राप्त आत्मविश्वास व्यक्तियों को अधिक सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ तनाव से निपटने के लिए आवश्यक शक्ति प्रदान कर सकता है।

iv. निरंतर शिक्षा से तनाव प्रबंधन की प्रविधियों, तकनीकों, सचेतनता अभ्यास–प्रथाओं (mindfulness practices) या संज्ञानात्मक–व्यवहार रणनीतियों (cognitive-behavioral strategies) के बारे में जानकर व्यक्ति अपने आप को प्रभावी मुकाबला तंत्र (coping mechanisms) से सज्जित कर सकता है, जो व्यक्ति को स्वस्थ व रचनात्मक ढंग से तनाव से निपटने की क्षमता बढाता है। एतद्दर्थ हमें निरन्तर रूप से कुछ न कुछ सीखने का प्रयास करते रहना चाहिए।

(9) सकारात्मक सोच (**Positive Thinking**):– सकरात्मक विचार तनाव की तीव्रता को मंदित करता है, अतएव–

i. नकारात्मक विचारों को चुनौती दें तथा उनके स्थान पर सकारात्मक विचारों को बनाये रखें।

ii. जीवन के सकारात्मक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कृतज्ञतापूर्ण व्यवहार का अभ्यास करना चाहिए।

सोच का जाल (**Thinking Traps**)

"ज्ञान का सबसे बड़ा शत्रु अज्ञानता नहीं है, यह ज्ञान का भ्रम है।"

–डेनियल जे. बरस्टिन

"The greatest enemy of knowledge is not ignorance, it is the illusion of knowledge." – DanielBoorstin

मानव अनुभूति विभिन्न मनोवैज्ञानिक प्रक्रियाओं का एक जटिल अन्तर्क्रिया होती है, जो हमारे आस–पास के पर्यावरण के अवलोकन, व्याख्या एवं प्रतिक्रिया करने के ढंग को प्रभावित करती है। हालाँकि सर्वोत्तम मंतव्यों के बावजूद हमारी सोच प्रायः व्यवस्थित त्रुटियों (systematic errors) एवं पूर्वाग्रहों से ग्रस्त होती है। 'सोच जाल', विचार या संज्ञानात्मक पूर्वाग्रहों (cognitive prejudices) के स्वरूप को संदर्भित करता है। ये व्यक्तियों में अन्तर्निहित विशिष्ट अभिवृत्तियों के एकीकृत स्वरूप का द्योतक होते है, जो निर्णय लेने की क्षमताओं पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालते हैं। मानव संज्ञान के क्षेत्र में आलोचनात्मक चिंतन तथा तर्कसंगत निर्णय लेने की क्षमता प्रायः असंख्य संज्ञानात्मक पूर्वाग्रहों व विचार जालों से बाधित होती है। ये कभी–कभी त्वरित निर्णय लेने में सहायक होते हैं। सोच जाल न्यूनाधिक ऐसे मानसिक अनुमान होते हैं जिनका उपयोग मस्तिष्क सूचनाओं को शीघ्रता से संसाधित करने के लिए करता है किन्तु यह त्रुटिपूर्ण तर्क का आधार भी बन सकते हैं परिणामस्वरूप प्रायः त्रुटिपूर्ण निष्कर्ष का कारण बन जाते हैं।

इन विचार जालों का अवबोध होने से व्यक्तियों को अपनी विचार प्रक्रियाओं के प्रति अधिक जागरूक बनने एवं अधिक तर्कसंगत व संतुलित निर्णय लेने में सहायता मिल सकती है। इन विचार जालों की प्रकृति को समझना उन व्यक्तियों के लिए महत्वपूर्ण है जो अपनी निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में सुधार करना चाहते हैं तथा सामान्य संज्ञानात्मक हानि से बचना चाहते हैं।

सोच जाल के प्रकार (**Types of Thinking Traps**):

यहाँ सामान्य सोच जाल के कुछ उदाहरण दिए गए हैं–

1. पुष्टिकरण पूर्वाग्रह (**Confirmation Bias**):– सबसे प्रसिद्ध सोच जालों में से एक पुष्टिकरण पूर्वाग्रह है, जिसमें व्यक्ति ऐसी जानकारी की खोज़ में लगे रहते हैं जो उनकी वर्तमान मान्यताओं की पुष्टि करती है, जबकि उनके विरोधाभासी साक्ष्यों को अनदेखा या खारिज कर दिया जाता हैं। यह पूर्वाग्रह झूठी मान्यताओं को सुदृढ़ करने तथा गलत सूचनाओं को कायम रखने का कारण बन जाते है।
2. अनर्थकारिकता (**Catastrophizing**):– किसी स्थिति की संभावित सर्वाधिक बुरे परिणाम की कल्पना करने तथा उसे अवश्यंभावी मानने की प्रवृत्ति, जिससे अत्यधिक चिंता व घबराहट होती है।
3. उपलब्धता अनुमान (**Availability Heuristic**):– उपलब्धता अनुमान एक और सामान्य विचार जाल है, जिसके अन्तर्गत व्यक्ति किसी घटना की संभावना का आँकलन स्मृति में उपस्थित समान उदाहरणों को सरलता से याद करने के आधार पर करते हैं। इससे दुर्लभ घटनाओं की संभावना को अधिक आँकना या अधिक सामान्य घटनाओं की संभावना को कम आँकना हो सकता है, जिससे निर्णय लेने की प्रक्रिया विकृत हो सकती है।
4. श्वेत–श्याम सोच या द्विभाजित सोच (**Black-and-White Thinking or Dichotomous Thinking**):– मध्य मार्ग या किसी स्थिति की जटिलता को पहचाने बिना घटनाओं, तथ्यों या वस्तुओं को अत्यधिक, सभी या कुछ भी नहीं के संदर्भ में देखना।
5. अतिसामान्यीकरण (**Overgeneralization**):– अपर्याप्त साक्ष्य या एक घटना के आधार पर व्यापक निष्कर्ष निकालना। उदाहरण के लिए, एक व्यक्ति के कार्यों के आधार पर व्यक्तियों के समूह के बारे में व्यापक निष्कर्ष निकालना।
6. मन को पढ़ना (**Mind Reading**):– बिना किसी ठोस सबूत के यह मान लेना कि अन्य लोग क्या सोच रहे हैं या आपके बारे में उनकी क्या कुछ राय है, को आप जानते हैं।

7. भावनात्मक तर्क (**Emotional Reasoning**):– यह मानना कि आप एक सुनिश्चित आाधार पर सोचते व महसूस करते हैं, अतः यह सच ही होना चाहिए। उदाहरण के लिए, यदि आप मूर्ख महसूस करते हैं, तो आप मान लेते हैं कि आप अवश्य ही मूर्ख होंगे।
8. सकारात्मक को अनदेखा करना (**Discounting the Positive**):– सकारात्मक अनुभवों या उपलब्धियों को इस तरह ख़ारिज करना जैसे कि उनकी गिनती ही नहीं है तथा उन्हें भाग्य या बाहरी कारकों का परिणाम बताना।
9. अति आत्मविश्वास पूर्वाग्रह (**Overconfidence Biasness**):– अति आत्मविश्वास पूर्वाग्रह से तात्पर्य व्यक्तियों की अपनी क्षमताओं, ज्ञान या अपने निर्णयों की सटीकता को अधिकाधिक महत्व देने की प्रवृत्ति से है। इससे अनुचित जोखिम लेने तथा किसी के कार्यों के संभावित परिणामों का उचित मूल्यांकन करने में विफलता हो सकती है।

सोच जाल के निहितार्थ (**Implications of Thinking Traps**)

सोच जाल की व्यापकता का मनोविज्ञान, अर्थशास्त्र एवं सार्वजनिक नीति सहित विभिन्न क्षेत्रों में दूरगामी प्रभाव पड़ता है। मनोविज्ञान में विकृत सोच पैटर्न को पहचानने व उनमें सुधार के लिए मनोचिकित्सकों व परामर्शदाताओं को इन पूर्वाग्रहों को समझना आवश्यक है। अर्थशास्त्र में इन पूर्वाग्रहों की पहचान नीति निर्माताओं एवं निवेशकों के लिए महत्वपूर्ण है जो शीघ्रता के साथ जटिल वित्तीय परिदृश्य में संसूचित निर्णय लेना चाहते हैं। इसके अतिरिक्त सार्वजनिक नीति में सोच जाल से सम्बन्धित जागरूकता नीति निर्माताओं के लिए सहायक हो सकता है, जिससे वे व्यक्तियों के तर्कहीन व्यवहार व निर्णय लेने की प्रवृत्ति को ध्यान में रखते हुए अधिक प्रभावी पहल व हस्तक्षेप कार्यक्रम तैयार कर सकते है।

इन सोच जालों से अवगत होने से व्यक्तियों को अपनी विचार प्रक्रियाओं के प्रति अधिक जागरूक होने तथा तर्कसंगत व संतुलित निर्णय लेने में सहायता मिल सकती है। संज्ञानात्मक–व्यवहार थेरेपी (Cognitive-behavioral therapy- CBT) व्यक्तियों को इन सोच जालों से बाहर निकलने में सहायता करती है।

विकास के लिए चुनौतीपूर्ण विश्वास
(Challenging Beliefs for Growth)

विश्वास किसी व्यक्ति, वस्तु, प्रक्रियाओं, समुदायों, परिघटनाओं या परिप्रेक्ष्यों के प्रति प्रतिवद्धता, प्रतीति या धारणा का द्योतक होता है। यह दृष्टिकोण को आकार देने, व्यवहार का मार्गदर्शन करने तथा निर्णय लेने की प्रक्रिया को प्रभावित करते हैं। विश्वास धार्मिक, सांस्कृतिक, दार्शनिक या व्यक्तिगत हो सकते हैं, जो किसी व्यक्ति के विश्वदृष्टि के आधार के रूप में कार्य करते हैं। हालाँकि सभी प्रकार के विश्वास या मान्यताएँ व्यक्तिगत वृद्धि व विकास के अनुकूल नहीं होतीं हैं। वास्तव में कुछ विश्वास बाधाओं के रूप में भी कार्य कर क्षमताओं को सीमित कर सकते हैं।

विश्वास व मान्यताओं को चुनौती देना हमारे वर्तमान विचारों, राय एवं प्रतिवद्धताओं की आलोचनात्मक जाँच (critically inquary) तथा उन पर प्रश्न उठाने (questioning) की प्रक्रिया को संदर्भित करता है। इसमें नवीन ज्ञान, दृष्टिकोण एवं अनुभवों के प्रति खुलापन का होना सम्मिलित है। विश्वासों को चुनौती देने की प्रकिया में उस बात का खंडन किया जाता हैं जिसे हम वर्तमान में सत्य मानते हैं। यह प्रक्रिया व्यक्तिगत एवं बौद्धिक विकास तथा स्वयं व अपने पर्यावरण के गहन अवबोध के लिए महत्वपूर्ण है।

संज्ञानात्मक असंगति का अवबोध (**Understanding Cognitive Dissonance**):

लियोन फेस्टिंगर (Leon Festinger) ने 1957 में संज्ञानात्मक असंगति सिद्धांत (cognitive dissonance theory) को प्रस्तावित किया था। इस सिद्धांत के अनुसार विरोधाभासी (contradictory) विश्वास, दृष्टिकोण या व्यवहारों के कारण व्यक्ति बेचैनी एवं असहजता की अनुभूति करते हैं। यह बेचैनी एवं असहजता उन्हें संज्ञानात्मक समरसता (cognitive harmony) के पुनर्स्थापन (restore) हेतु असंगतता (inconsistency) को दूर करने के लिए प्रेरित करती है। चुनौतीपूर्ण विश्वास प्रायः संज्ञानात्मक असंगति (cognitive dissonance) को जन्म देतें हैं। यह संज्ञानात्मक असंगति आत्मनिरीक्षण (introspection) एवं परिवर्तन के शक्तिशाली प्रेरक के रूप में कार्य करती है जो व्यक्तियों को विकास व आत्म–सुधार की ओर उन्मुख करती है।

संज्ञानात्मक पुनर्निर्माण एवं चुनौतीपूर्ण विश्वास
(**Cognitive Reconstruction and Challenging Beliefs**)

संज्ञानात्मक पुनर्निर्माण एवं चुनौतीपूर्ण विश्वास संज्ञानात्मक–व्यवहार की केंद्रीय अवधारणाएँ हैं, जो विभिन्न मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों के उपचार के लिए मनोविज्ञान में व्यापक रूप से उपयोग किया जानेवाला दृष्टिकोण है। चुनौतीपूर्ण विश्वास एवं संज्ञानात्मक पुनर्निर्माण सिद्धांत के मध्य सम्बंध का विवरण अग्रांकित पंक्तियों में दिया गया है–

संज्ञानात्मक पुनर्निर्माण किसी व्यक्ति के संज्ञानात्मक प्रतिरूप (cognitive patterns), विशेष रूप से कु–अनुकूलित या तर्कहीन (maladaptive or irrational) विचारों (thoughts), विश्वासों (beliefs) एवं निर्वचनों (interpretations) का पुनर्मूल्यांकन (reevaluation) व पुनर्गठन (restructuring) करने की प्रक्रिया को संदर्भित करता है। इस प्रक्रिया का उद्देश्य उन निष्क्रिय संज्ञानात्मक पैटर्न को संशोधित करना है, जो विक्षुब्ध भावनाओं एवं असंगत व्यवहारों में योगदान करते हैं। संज्ञानात्मक पुनर्निर्माण इस विचार पर आधारित है कि हमारे विचार हमारी भावनाओं एवं व्यवहारों को सार्थक रूप से प्रभावित करते हैं। इन विचारों को परिवर्तित कर, व्यक्ति अपनी भावनात्मक प्रतिक्रियाओं एवं व्यवहारों को अधिक अनुकूल ढंग (adaptive manner) से अभिव्यक्त कर सकते हैं।

चुनौतीपूर्ण विश्वास संज्ञानात्मक पुनर्निर्माण का एक प्रमुख पहलू है। इसमें किसी व्यक्ति की नकारात्मक, आत्म–पराजित या तर्कहीन (negative, self-defeating, or irrational) मान्यताओं की यथार्थता एवं वैधता पर प्रश्न खड़ा करना सम्मिलित है। इन मान्यताओं को चुनौती देकर, व्यक्ति अपनी विचार प्रक्रियाओं में अंतर्दृष्टि प्राप्त कर सकते हैं तथा सोचने के अधिक यथार्थवादी व रचनात्मक (realistic and constructive) ढंग को विकसित कर सकते हैं।

संज्ञानात्मक पुनर्निर्माण सिद्धांत (**Cognitive Reconstruction Theories**):

संज्ञानात्मक पुनर्निर्माण सिद्धांत, जिन्हें संज्ञानात्मक पुनर्गठन सिद्धांत के रूप में भी जाना जाता है, मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोणों का एक समुच्चय (a set of psychological approaches) है, जिनका उद्देश्य नकारात्मक, विकृत या अनुपयोगी सोच पैटर्न में परिवर्तन करना है। ये सिद्धांत संज्ञानात्मक–व्यवहार चिकित्सा पद्धतियों के मुख्य घटक होते हैं तथा इनका अनुप्रयोग अवसाद (depression), चिंता

(anxiety) एवं तनाव (stress) जैसे विभिन्न मानसिक स्वास्थ्य से सम्बन्धित विकारों के उपचार में किया जाता है।

संज्ञानात्मक पुनर्निर्माण सिद्धांत के प्रमुख घटक (**Key Components of Cognitive Reconstruction Theory**):

संज्ञानात्मक पुनर्निर्माण सिद्धांत के प्रमुख घटकों को अग्रांकित पंक्तियों में दिया गया है–

- नकारात्मक विचार पैटर्न की पहचान (**Identification of Negative Thought Patterns**):– पहला कदम भावनात्मक संकट में योगदान देने वाले नकारात्मक या तर्कहीन विचारों की पहचान या निदान सम्मिलित है। नकारात्मक या तर्कहीन विचारों में सब कुछ या कुछ नहीं सोचना (all-or-nothing thinking), अतिसामान्यीकरण (overgeneralization), अनिष्टकारी (catastrophizing) व वैयक्तिकृत (personalized) सोच सम्मिलित हो सकते हैं।
- विचारों को चुनौती देना एवं पुनर्रचना (**Challenging and Reframing Thoughts**):– नकारात्मक विचारों की पहचान हो जाने के पश्चात्, अगला कदम उनकी वैधता को चुनौती देना एवं उन्हें अधिक यथार्थवादी एवं सकारात्मक विचारों में बदलना है। इसमें इन विचारों के पक्ष व विपक्ष के साक्ष्यों पर प्रश्न उठाना, वैकल्पिक दृष्टिकोणों पर विचार करना तथा इन विचारों के किसी व्यक्ति की भावनाओं एवं व्यवहारों पर संभावित प्रभाव का आँकलन करना सम्मिलित है।
- व्यवहारिक प्रयोग एवं यथार्थ परीक्षण (**Behavioral Experiments and Reality Testing**):– नए व अधिक अनुकूल सोच पैटर्न को सुदृढ़ करने के लिए, व्यक्तियों को व्यवहारिक प्रयोगों में सम्मिलित होने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। ये गतिविधियाँ नकारात्मक (negative) विश्वासों व मान्यताओं (beliefs and assumptions) की यथार्थता का परीक्षण करने के लिए अभिकल्पित (designe) की गई होती हैं, जो ऐसे साक्ष्य प्रदान करती हैं जो सोच पैटर्न को पुनर्गठित करने में सहायता कर सकते हैं।
- सकारात्मक विचार पैटर्न विकसित करना (**Developing Positive Thought Patterns**):– इसमें समय के साथ, सोचने के नए एवं स्वस्थ ढंग के लक्ष्य का निर्धारण करना होता है, जो उन्नत भावनात्मक एवं व्यवहारिक प्रतिक्रियाओं की ओर ले जाते हैं। इसमें आत्मानुकम्पा (self-

compassion), आशावाद (optimism) एवं लचीलापन (resilience) विकसित करना सम्मिलित है।

- चिकित्सीय व्यवस्थापन (**Therapeutic Settings**):– संज्ञानात्मक पुनर्निर्माण का व्यापक रूप से थेरेपी सत्रों में उपयोग किया जाता है जहाँ चिकित्सक (therapists) ग्राहकों (clients) को उनके विचारों को पहचानने, चुनौती देने एवं परिवर्तन के लिए मार्गदर्शन करते हैं।

  नकारात्मक विश्वास एवं विचार प्रतिरूपों के परिशोधन तथा उनमें सार्थक बदलाव हेतु अनेक चिकित्सीय दृष्टिकोणो (therapeutic approaches) का अनुप्रयोग किया जाता है, जिनमें से कुछ प्रमुख हैं–

संज्ञानात्मक–व्यवहार थेरेपी (**Cognitive-Behavioral Therapy, CBT**):– संज्ञानात्मक–व्यवहार थेरेपी व्यापक रूप से प्रचलित चिकित्सीय दृष्टिकोण है, जो विचारों, भावनाओं एवं व्यवहारों के मध्य परस्पर अन्तर्क्रिया पर बल देता है। सी.बी.टी. में, संज्ञानात्मक पुनर्निर्माण (cognitive reconstruction) को संज्ञानात्मक पुनर्गठन (cognitive restructuring) के माध्यम से प्राप्त किया जाता है, जहाँ ग्राहकों (clients) को अपने नकारात्मक व तर्कहीन विचारों को पहचानने तथा उन्हें चुनौती देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

तर्कसंगत भावनात्मक व्यवहार थेरेपी (**Rational Emotive Behavior Therapy, REBT**):– अल्बर्ट एलिस द्वारा विकसित, आर.ई.बी.टी. भावनात्मक संकट (emotional distress) को जन्म देने वाली तर्कहीन मान्यताओं की पहचान करने एवं उन पर तर्क–वितर्क करने पर केंद्रित है। इसमें ए.बी.सी. मॉडल (Activating event, Beliefs, Consequences) के माध्यम से, व्यक्ति यह पहचानना सीखते हैं कि विभिन्न घटनाओं से सम्बन्धित उनकी मान्यताएँ उनकी भावनात्मक प्रतिक्रियाओं (emotional reactions) को कैसे प्रभावित करती हैं।

बेक की संज्ञानात्मक चिकित्सा (**Beck's Cognitive Therapy**):– आरोन बेक (Aaron Beck) की संज्ञानात्मक चिकित्सा स्वचालित विचारों (automatic thoughts) की पहचान करने और उन्हें चुनौती देने पर केंद्रित है। ये विचार सहज (spontaneous) व अवचेतन (subconscious) विचार होतें हैं, जो भावनाओं एवं व्यवहार को प्रभावित करते हैं। इन विचारों के पक्ष व विपक्ष के साक्ष्यों की

जाँच करके, व्यक्ति अधिक संतुलित एवं यथार्थवादी (balanced and realistic) दृष्टिकोण विकसित कर सकते हैं।

संरचनावादी सिद्धांत (**Constructivist Theory**):– यह सिद्धांत मानता है कि व्यक्ति अपने अनुभवों एवं व्याख्याओं के आधार पर जगत् से सम्बन्धित अपनी समझ का सक्रिय रूप से निर्माण करते हैं। इस ढाँचे में संज्ञानात्मक पुनर्निर्माण में वास्तविकता के साथ बेहतर तालमेल के लिए किसी की संज्ञानात्मक स्कीमा (cognitive schema) या मानसिक रूपरेखा (mental frameworks) को संशोधित करना सम्मिलित है।

संज्ञानात्मक पुनर्निर्माण एवं चुनौतीपूर्ण विश्वासों के मध्य सम्बंध (**Relationship between Cognitive Reconstruction and Challenging Beliefs**)

संज्ञानात्मक पुनर्निर्माण में संज्ञानात्मक प्रतिरूप के पुनर्गठन के साधन के रूप में विश्वासों को चुनौती देना सम्मिलित है। जब व्यक्ति संज्ञानात्मक पुनर्निर्माण में संलग्न होते हैं, तो वे व्यवस्थित रूप से संकट या शिथिलता में योगदान करने वाले अपने विश्वास एवं मान्यताओं की जाँच करते हैं। इन विश्वासों की वैधता पर प्रश्न उठाकर एवं वैकल्पिक परिप्रेक्ष्यों (alternative perspectives) की खोज करके, व्यक्ति धीरे–धीरे कु–अनुकूलित विश्वासों (maladaptive beliefs) को अधिक अनुकूली विश्वासों में परिवर्तित कर सकते हैं।

उदाहरण के लिए, सामाजिक चिंता से ग्रस्त कोई व्यक्ति यह विश्वास रख सकता है कि वह अप्रिय हैं तथा हमेशा दूसरों द्वारा अस्वीकार किए जाएगा। संज्ञानात्मक पुनर्निर्माण के माध्यम से, वह इसके विपरीत साक्ष्य की जाँच करके इस विश्वास को चुनौती दे सकता हैं, जैसे कि ऐसे उदाहरण जहाँ उसे दूसरों द्वारा स्वीकार किया गया था। अपने विश्वास में निहित संज्ञानात्मक विकृतियों (cognitive distortions) को पहचानकर एवं अधिक यथार्थवादी परिप्रेक्ष्य (more realistic perspective) अपनाकर, वह अपनी चिंता को कम कर सकता हैं तथा सामाजिक अन्तर्क्रिया (social interactions) में अधिक आत्मविश्वास के साथ सम्मिलित हो सकता हैं।

अस्तु कहना होगा कि संज्ञानात्मक पुनर्निर्माण एवं चुनौतीपूर्ण विश्वास संज्ञानात्मक–व्यवहारिक ढाँचे (cognitive-behavioral frameworks) के अन्दर परस्पर जुड़ी हुई प्रक्रियाएँ हैं। अपने विश्वासों की सक्रिय रूप से जाँच व पुनर्गठन (examining and restructuring) करके, व्यक्ति मानसिक स्वास्थ्य

(mental health), व्यक्तिगत विकास (personal growth), भावनात्मक समुत्थानशीलता (emotional resilience) एवं उन्नत मनोवैज्ञानिक कल्याण (improved psychological well-being) को बढ़ावा दे सकते हैं तथा जीवन की समग्र गुणवत्ता (overall quality of life) में सुधार कर सकते हैं।

चुनौतीपूर्ण विश्वास एवं व्यक्तिगत विकास (**Challenging Beliefs and Personal Growth**):

विश्वासों को चुनौती देने की प्रक्रिया आंतरिक रूप से व्यक्तिगत विकास से सम्बन्धित है। गहरे विश्वास एवं मान्यताओं पर प्रश्न उठाने तथा उनका पुनर्मूल्यांकन (reevaluation) करने से व्यक्ति स्वयं के लिए नये दृष्टिकोण एवं संभावनाओं (perspectives and possibilities) का द्वार खोलते हैं। संज्ञानात्मक असंगति का सामना करने की यह इच्छा व्यक्तिगत विकास के आवश्यक घटक बौद्धिक अनुकुलनशीलता (intellectual adaptability) एवं भावनात्मक समुत्थानशीलता (emotional resilience) को बढ़ाती है। चुनौतीपूर्ण विश्वास आत्म–प्रत्यावर्तन (self-reflection) व आलोचनात्मक चिंतन (critical thinking) को प्रोत्साहित करते हैं, जिससे व्यक्तियों को सीमित मान्यताओं से मुक्त होने तथा विकासोन्मुख मानसिकता (growth-oriented mindsets) को अपनाने में मदद मिलती है।

परिवर्तन के प्रतिरोधों पर विजय (**Overcoming Resistance to Change**):

संभावित लाभों के बावजूद विश्वासों को चुनौती देना एक कठिन प्रयास हो सकता है जिसमें प्रतिरोध एवं असुविधा का सामना करना पड़ता है। व्यक्ति अज्ञात के डर (fear of the unknown) या असुखद सच्चाई (uncomfortable truths) का सामना करने की अनिच्छा के कारण परिचित मान्यताओं (familiar beliefs) से चिपके रहते हैं। हालाँकि, सार्थक विकास के लिए इन प्रतिरोधों पर विजय पाना आवश्यक है। असुविधा एवं अनिश्चितता को अंगीकार कर कोई व्यक्ति परिवर्तन एवं आत्मान्वेषण का मार्ग प्रशस्थ कर सकता हैं। परिवर्तन के प्रतिरोधों से पार पाने के लिए साहस एवं दृढ़ता के साथ अस्पष्टता को अपनाने की इच्छा की आवश्यकता होती है लेकिन इसका पुरस्कार चुनौतियों से कहीं अधिक होता हैं।

मान्यताओं को चुनौती देने के प्रमुख पहलू (**Key aspects of challenging beliefs**):

विश्वास एवं मान्यताओं को प्रभावी ढंग से चुनौती देने के अनेक पक्ष होते हैं जिनको जानकर कोई अपने व्यक्तिगत उन्नयन व विकास को बढ़ावा दे सकता हैं। इसमे कुछ प्रमुख को अग्रलिखित पंक्तियों में दिया गया है–

आलोचनात्मक

- ❖ आलोचनात्मक चिंतन (**Critical Thinking**):– यह समझने के लिए आत्मनिरीक्षण एवं आत्म–चिंतन करते है कि हम कुछ निश्चित मान्यताओं में विश्वास क्यों रखते हैं? तथा क्या वे व्यक्तिगत अनुभवों या सांस्कृतिक प्रभावों पर आधारित हैं? इसमें अपनी जानकारी, मान्यताओं व धारणाओं पर गंभीर चिंतन, साक्ष्यों का मूल्यांकन तथा उसकी वैधता व विश्वसनीयता का आँकलन करने की क्षमता की आवश्यकता होती है। अंतर्निहित मान्यताओं व प्रेरणाओं का पता लगाने के लिए ध्यान, सचेतनता या परामर्शन सहायक होते हैं।
- ❖ विविध परिप्रेक्ष्यों का प्रदर्शन (**Exposure to Diverse Perspectives**):– वैकल्पिक दृष्टिकोण पर विचार करना तथा भिन्न विश्वास व मान्यताओं वाले व्यक्तियों के साथ रचनात्मक बातचीत में संलग्न होना।
- ❖ प्रयोग (**Experimentation**):– अनुभवात्मक शिक्षा (experiential learning) के माध्यम से नई मान्यताओं व व्यवहारों का परीक्षण करना जिससे विश्वास संशोधन (belief revision) तथा व्यक्तिगत विकास के लिए अनुभवजन्य साक्ष्यों (empirical evidence) को प्राप्त किया जा सके।
- ❖ मुक्त मानसिकता (**Open-mindset**):– अपनी मान्यताओं को चुनौती देने के लिए खुले मन की आवश्यकता होती है। खुली मानसिकता में इस सत्य को स्वीकार करने की सदैव संभावना रहती है कि हमारे पास सभी उत्तर नहीं हो सकते हैं तथा हमारी वर्तमान मान्यताएँ अधूरी या गलत भी हो सकती हैं।
- ❖ अनुकूलनशीलता (**Adaptability**):– नये ज्ञान या बदलती परिस्थितियों के सम्मुख अपनी मान्यताओं को अनुकूलित करने के लिए तैयार रहना, यह बौद्धिक समुत्थानशीलता (intellectual resilience) व विकास का एक प्रमुख घटक है।

- ❖ बौद्धिक विनम्रता (**Intellectual Humility**):– यह स्वीकार करना कि हम सब कुछ नहीं जानते हैं तथा हमारी मान्यताएँ संशोधन के अधीन हैं, बौद्धिक विनम्रता को बढ़ावा देती हैं। बौद्धिक विनम्रता में आजन्म सीखने का भाव होता है।
- ❖ सहानुभूति (**Empathy**):– विविध दृष्टिकोणों को समझना एवं उनकी सराहना करना, हमें दुनिया को विभिन्न कोणों (different angles) से देखने में सहायता करके हमारी अपनी मान्यताओं को चुनौती दे सकता है। सहानुभूति से जटिल मुद्दों (complex issues) का सूक्ष्म अवबोध (nuanced understanding) हो सकता है।

मान्यताओं को चुनौती देना एक रूपान्तरकारी प्रक्रिया (transformative process) है, जिसके केंद्र में व्यक्तिगत वृद्धि एवं विकास होता है। संज्ञानात्मक असंगति तथा असुविधा को अंगीकार कर व्यक्ति सीमित मान्यताओं से पार पा सकते हैं। ज्ञातव्य हो कि मान्यताओं को चुनौती देने का अभिप्राय उन्हें पूरी तरह से त्यागना नहीं है बल्कि इसमें विषय वस्तु की गहन व सूक्ष्म समझ के आधार पर अपनी मान्यताओं को संशोधित, परिष्कृत एवं विकसित करना है। यह प्रक्रिया व्यक्तिगत व बौद्धिक विकास, विविध दृष्टिकोणों के प्रति अधिक सहिष्णुता तथा सटीक व सूक्ष्म विश्वदृष्टि को जन्म दे सकती है।

हिमशैल विश्वास (**Iceberg Beliefs**)

विश्वास उस नींव के रूप में काम करते हैं जिस पर व्यक्ति अपनी तथा अपने आस–पास के पर्यावरण की समझ को विकसित करता हैं। हालाँकि सब विश्वास प्रत्यक्ष रूप से स्पष्ट नहीं होते हैं, इनमें से कुछ चेतन सतह के नीचे छिपे होते हैं जिनको हिम–शैल विश्वास कहते हैं। हिम–शैल विश्वास चेतना में आये बिना व्यवहार पर गहरा प्रभाव डालते हैं। अवचेतन मन मे निमग्न (submerged) ये विश्वास एक हिमशैल के समान कार्य करते हैं जिसका केवल एक अंश जलरेखा के ऊपर दिखाई देता है, जबकि अधिकांश भाग इस रेखा के नीचे छिपा होता है। मानव व्यवहार को समझने तथा व्यक्तित्व के रूपान्तरण के लिए हिमशैल विश्वास का अवबोध महत्वपूर्ण है।

हिमशैल विश्वास व्यक्ति के अर्द्धचेतन मन (subconscious mind) में गहराई से निमज्जित (deeply ingrained) दृढ़विश्वास, दृष्टिकोण एवं मान्यताएँ हैं, जो किसी व्यक्ति की धारणाओं, विचारों एवं कार्यों को आकार देतीं हैं। मनोवैज्ञानिक प्रायः विश्वास की पदानुक्रमित प्रकृति (hierarchical nature of beliefs) को चित्रित करने के लिए हिमशैल के रूपक का उपयोग करते हैं जिसमें सतह स्तरीय संज्ञान शीर्ष एवं निमग्न धारणाएँ जलमग्न द्रव्यमान का प्रतिनिधित्व करते हैं।

व्यक्तित्व के चेतन सतह के नीचे दबे ये विश्वास, धारणाएँ एवं अभिवृत्तयाँ प्रायः व्यक्तिगत अनुभवों (personal experiences), सांस्कृतिक प्रभावों (cultural influences), समाजीकरण (socialization) एवं पर्यावरणीय कारकों (environmental factors) की जटिल अन्तर्क्रिया (comlex interaction) के माध्यम से जीवन के प्रारम्भिक काल में ही बन जाते हैं। ये संज्ञानात्मक निस्यन्दक (cognitive filter) के रूप में कार्य करते हैं जिसके माध्यम से व्यक्ति अपने अनुभवों की व्याख्या करते हैं तथा जगत् को समझते हैं। उपरी सतह की मान्यताएँ नये ज्ञान, जानकारी या अनुभवों के द्वारा अपेक्षाकृत सरलता से परिवर्तित हो सकती हैं। हिमशैल मान्यताएँ अपनी दमित प्रकृति (suppressed nature) एवं अवचेतन प्रभाव (subconscious influence) के कारण परिवर्तन व संशोधन के प्रति अधिक प्रतिरोधी होती हैं।

हिमशैल विश्वास की विशेषताएँ (Characteristics of Iceberg Beliefs)

हिमशैल विश्वास में निम्नलिखित की विशेषताएँ पायी जाती हैं–

1. अवचेतन प्रकृति (**Subconscious Nature**):– हिमशैल विश्वास मुख्य रूप से अवचेतन स्तर पर कार्य करते हैं। व्यक्ति उनके अस्तित्व के बारे में पूरी तरह से अनभिज्ञ होते हैं। यह उनके विचारों, भावनाओं एवं व्यवहार पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालते हैं।
2. अंतर्निहित पूर्वाग्रह (**Implicit Bias**):– हिमशैल विश्वास प्रायः अंतर्निहित पूर्वाग्रहों के रूप में प्रकट होते हैं। हिमशैल विश्वास धारणाओं, अंतःक्रियाओं अवबोधन व प्रत्यक्षीकरण को इस ढंग से आकार देते हैं कि ये चेतन (conscious) अभिप्रेतों या मूल्यों (intentions) के साथ संरेखित नहीं हो पाते हैं।
3. परिवर्तन का प्रतिरोध (**Resistance to Change**):– हिमशैल मान्यताएँ परिवर्तन के प्रति प्रतिरोधी होती हैं क्योंकि वे व्यक्ति के अन्तर्मन में दृढ़ता से जमी होती हैं तथा बार–बार विचारों व अनुभवों (repeated thoughts and experiences) के माध्यम से समय के साथ प्रबलित (reinforced) होती रहती हैं।
4. प्रत्यक्षीकरण पर प्रभाव (**Influence on Perception**):– व्यक्ति का स्वयं, दूसरों तथा अपने आस–पास के पर्यावरण का प्रत्यक्षीकरण, अवलोकन व अवबोधन को हिमशैल विश्वास गहराई से प्रभावित करते हैं। ये ज्ञान एवं सूचनाओं को इस प्रकार निस्यन्दित करते हैं जिससे वर्तमान संधारित धारणाएँ–मान्यताएँ पुष्टिकृत व प्रबलित (confirmed and reinforced) होतीं हैं।
5. व्यवहार पर प्रभाव (**Impact on Behavior**):– हिमशैल विश्वास व्यवहार को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करते हैं। यह निर्णय लेने की प्रक्रियाओं का मार्गदर्शन करते हैं तथा विभिन्न परिस्थितियों में प्रतिक्रियाओं के स्वरूप को प्रभावित करते है।
6. भावनात्मक महत्व (**Emotional Significance**):– हिमशैल विश्वास भावनाओं के उत्पत्ति व अभिव्यक्ति को उत्प्रेरित करने में केन्द्रीय भूमिका निभाते हैं। ये भय, शर्म, आक्रमण या गर्व जैसी प्रबल भावनाओं को उत्पन्न करते हैं जिससे इन विश्वास व भावनाओं की व्यक्ति के अन्तर्मन पर पकड़ प्रबलित होती हैं।

7. अनुभव से उत्पत्ति (**Origins from Experience**):– हिमशैल विश्वास सामान्यतः पिछले अनुभवों, पालन–पोषण के ढंग, सांस्कृतिक प्रभावों एवं सामाजिक मानदंडों से उत्पन्न होते हैं, जो जीवन के प्रारम्भिक काल से ही व्यक्ति के विश्वदृष्टि (worldview) को विशिष्ट रूप देतें है।
8. अंतर्संबंद्धता (**Interconnectedness**):– हिमशैल विश्वास अन्य मान्यताओं व अभिवृत्तियों से परस्पर जुड़े होते हैं जिससे जटिल विश्वास प्रणालियाँ (complex belief systems) निर्मित होती हैं। जटिल विश्वास प्रणालियाँ जीवन के विभिन्न पहलुओं को नियंत्रित करती हैं। हिमशैल विश्वास व्यक्ति की पहचान (identity) से एकीकृत होते हैं तथा आत्म–अवधारणा (self-concept), आत्म–सम्मान (self-esteem) एवं मूल्यों को प्रभावित करते हैं।
9. पहचानना चुनौतीपूर्ण (**Challenging to Identify**):– हिमशैल मान्यताओं की जलमग्न प्रकृति (submerged nature) के कारण इनको पहचानना चुनौतीपूर्ण होता है। इनके निश्चित पहचान हेतु आत्मनिरीक्षण, आत्म–जागरूकता, वाह्य पृष्ठपोषण (external feedback) या चिकित्सीय हस्तक्षेप (therapeutic intervention) की आवश्यकता होती है। हिमशैल मान्यताओं को पहचानने के पश्चात् उन्हें संभावित संशोधन (potential modification) के लिए चेतन (conscious) मन में लाया जाना आवश्यक होता है।

हिमशैल विश्वासों की प्रमुख श्रेणियाँ (**The Main Categories of the Iceberg Beliefs**):

हिमखंड विश्वास एक अवधारणा है जिसका उपयोग प्रायः संज्ञानात्मक–व्यवहार चिकित्सा (cognitive behavior therapy) में उन गहरी मान्यताओं को स्पष्ट करने के लिए किया जाता है, जो हमारे विचारों, भावनाओं एवं व्यवहारों को प्रभावित करती हैं। ये मान्यताएँ एक हिमखंड के समान होती हैं, जहाँ मात्र एक छोटा सा भाग (चेतन), ही दिखाई देता है जबकि अधिकांश सतह के नीचे (अचेतन) छिपा रहता है। हिमशैल विश्वास का विशिष्ट वर्गीकरण स्रोत के आधार पर थोड़ा भिन्न हो सकते हैं, यहाँ कुछ सामान्य श्रेणियों का उल्लेख किया गया है।

- मूल विश्वास (**Core Beliefs**):– मूल विश्वास स्वयं, दूसरों एवं आस–पास के पर्यावरण से सम्बन्धित वे मौलिक विश्वास होते हैं जो समय के साथ अनुभवों, पालन–पोषण (upbringing) एवं सांस्कृतिक प्रभावों के माध्यम से विकसित होते हैं। मूल हिमशैल विश्वास प्रायः जीवन के आरम्भिक दिनों में विकसित होते हैं तथा गहराई से जड़ जमा लेते हैं। मूल विश्वास सकारात्मक या नकारात्मक हो सकते हैं तथा अनुभवों के व्याख्या के स्वरूप को प्रभावित करते हैं। ये मान्यताएँ सामान्यः कठोर एवं अनम्य (rigid and inflexible) होती हैं तथा स्वयं एवं दुनिया के बारे में किसी की धारणा को रेखांकित करती हैं। इनको पहचानने एवं चुनौती देने के लिए सार्थक प्रयास की आवश्यकता हो सकती है। वे मध्यवर्ती व स्वचालित विश्वासों (intermediate and automatic beliefs) के निर्माण में योगदान करते हैं। उदाहरण के लिए एक मूल विश्वास यह हो सकता है– मैं अप्रिय हूँ या दुनिया एक खतरनाक स्थान है।
- मध्यवर्ती विश्वास (**Intermediate Beliefs**):– मध्यवर्ती विश्वास वे विश्वास हैं, जो मूल विश्वासों से उत्पन्न होते हैं तथा मूल व स्वचालित विश्वासों के बीच मध्यस्थ के रूप में कार्य करते हैं। ये मूल विश्वासों की तुलना में अधिक विशिष्ट होते हैं तथा इनकी पहचान सरल होती हैं। इनको स्वयं, दूसरों एवं दुनिया के बारे में नियमों या मान्यताओं (rules or assumptions) के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है। ये विश्वास मूल विश्वासों की तरह गहराई से जड़ नहीं जमाते हैं किन्तु विचारों व व्यवहारों को सार्थक ढंग से प्रभावित करते हैं।
- स्वचालित विचार (**Automatic Thoughts**):– स्वचालित विचार तीव्र (rapid), स्वतः स्फूर्त (spontaneous) एवं सतही (surfaced) होते हैं, जो परिस्थितियों या घटनाओं के प्रतिक्रिया स्वरूप उत्पन्न होते हैं। ये विचार विशिष्ट उद्दीपकों (specific stimuli) द्वारा प्रेरित होते हैं तथा मूल व मध्यवर्ती विश्वासों से प्रभावित होते हैं। स्वचालित विचार सामान्यतः नकारात्मक एवं विकृत (negative and distorted) होते हैं जो भावनात्मक संकट (emotional distress) व कू–अनुकूलित व्यवहार (maladaptive behaviors) में योगदान करते हैं। स्वचालित विचारों की पहचान करना एवं उन्हें चुनौती देना सीबीटी (CBT) में संज्ञानात्मक पुनर्गठन (cognitive restructuring) का एक प्रमुख घटक है। स्वचालित विचारों का उदाहरण हो सकता हैं– मैं कभी सफल नहीं हो पाऊँगा या वे मुझ पर हँस रहे हैं।

- ❖ सशर्त विश्वास (**Conditional Beliefs**):– ये स्वयं से सम्बन्धित विश्वास होते हैं जो कुछ शर्तों या मानदंडों पर निर्भर होते हैं। उदाहरण के लिए, कोई व्यक्ति यह मान सकता है कि मेरी सार्थकता तभी हैं जब कि मै एक निश्चित स्तर की सफलता प्राप्त नही कर लेता। सशर्त विश्वास स्वयं या दूसरों द्वारा निर्धारित विशिष्ट मानकों (specific standards) को पूर्ण करने से सम्बन्धित होते हैं।
- ❖ वैश्विक विश्वास (**Global Beliefs**):– वैश्विक विश्वास स्वयं, अन्य या विश्व से सम्बन्धित व्यापक (broad) विश्वास होते हैं जो जीवन के अनेक क्षेत्रों को प्रभावित करते हैं। ये विश्वास किसी व्यक्ति की पहचान (identity) या विश्वदृष्टि (worldview) के विभिन्न पहलुओं को अपने में सम्मिलित करते हैं।
- ❖ योजनाबद्ध विश्वास (**Schematic Beliefs**):– योजनाबद्ध या संरचित विश्वास वे विश्वास होते हैं जो स्कीमा (schemas) के अनुरूप या इनसे प्रभावित होते हैं। स्कीमा संज्ञानात्मक ढाँचा (cognitive framework) या मानसिक संरचनाएँ (mental structures) होती हैं, जो व्यक्तियों को सूचनाओं, घटनाओं, अनुभवों एवं सम्बन्धों को समझने एवं व्याख्या करने में सहायता करते हैं।

हिमशैल विश्वासों की ये श्रेणियाँ परस्पर अनन्य (mutually exclusive) नहीं हैं, एत्दर्थ ये विश्वास एक साथ कई श्रेणियों में आ सकते हैं। इसके अतिरिक्त विभिन्न चिकित्सीय परिप्रेक्ष्य या मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण हिमशैल विश्वासों को वर्गीकृत करने के लिए अलग–अलग शब्दावली या अवधारणाओं का उपयोग करते हैं।

हिमशैल विश्वासों के निहितार्थ (**Implications of Iceberg Beliefs**)

हिमशैल विश्वास भावनात्मक प्रतिक्रियाओं, पारस्परिक संबंधों, आत्म–अवधारणा एवं निर्णय लेने सहित मानव व्यवहार के विभिन्न पहलुओं पर गहरा प्रभाव डालते हैं। अंतर्निहित मान्यताओं के प्रभाव के कारण व्यक्ति स्वयं को बार–बार ऐसे व्यवहार पैटर्न में उलझा हुआ पा सकते हैं जो उनके सचेतन मूल्यों (conscious values) एवं लक्ष्यों के साथ असंगत (inconsistent) होते हैं। उदाहरण के लिए कोई व्यक्ति जिसका हिमशैल विश्वास' आत्महीनता' है, बाहरी सफलता या मान्यता के बावजूद आत्म–सम्मान के मुद्दों से जूझ सकता है।

इसके अतिरिक्त हिमशैल विश्वास संज्ञानात्मक पूर्वाग्रहों (cognitive biases) में योगदान करते हैं, जैसे पुष्टिकरण पूर्वाग्रह (confirmation bias) व चयनात्मक ध्यान (selective attention), जो व्यक्तियों के सूचनाओं को समझने एवं व्याख्या करने के ढंग को निर्धारित करते हैं। ये पूर्वाग्रह मौजुदा धारणाओं को कायम व प्रबलित करके एक आत्म–पुनर्बलन चक्र (self reinforcing cycle) का निर्माण कर सकते हैं, जो विचार व व्यवहारों के कु–अनुकूलित पैटर्न को मजबूत करता है।

हिमशैल मान्यताओं की पहचान व समाधान (**Identifying and Resolving Iceber Beliefs**):

व्यक्तिगत विकास एवं रूपान्तरण के लिए हिमशैल मान्यताओं को अनावृत्त एवं संबोधित करना एक चुनौतीपूर्ण किंतु आवश्यक प्रक्रिया है। निम्नांकित पंक्तियों में हिमशैल विश्वासों को संबोधित व नियंत्रण में करने के कुछ प्रमुख उपाय दिए गए हैं–

1. अपने विश्वास व मान्यताओं के बारे में जागरूक होकर तथा अपने विचारों व कार्यों पर उनके प्रभाव को स्वीकार करना प्रारम्भ करें। इस बात पर चिंतन करें कि ये विश्वास कहाँ से उत्पन्न हुए होंगे।
2. अपने आप से गम्भीर प्रश्न पूछकर अपने विश्वासों को चुनौती दें। क्या वे प्रमाणों या धारणाओं पर आधारित हैं? क्या वे आपके विकास में योगदान कर रहे हैं?
3. वैकल्पिक परिप्रेक्ष्यों की खोज करें, ऐसे व्यक्तियों से बातचीत करें जिनकी भिन्न–भिन्न मान्यताएँ या दृष्टिकोण हैं। स्वयं को विविध विचारों एवं अनुभवों से अवगत कराएँ।
4. विभिन्न विषयों से सम्बन्धित ज्ञान व बोध का विस्तार करें। पुस्तकों को पढ़ें, कार्यशालाओं में भाग लें या अलग–अलग दृष्टिकोण प्रदान करने वाले पाठ्यक्रमों का अनुशीलन करें।
5. बिना किसी निर्णय के अपने विचारों व भावनाओं का निरीक्षण करने के उद्देश्य से सचेतनता का अभ्यास करें। ध्यान आपको स्वचालित विश्वासों व प्रतिक्रियाओं के बारे में अधिक जागरूक होने में सहायक हो सकता है।
6. अपने विश्वासों से सम्बन्धित तर्कहीन या बेकार विचारों को पहचानें तथा उन्हें चुनौती दें। उन्हें अधिक यथार्थवादी एवं सकारात्मक विकल्पों से बदलें।

7. नए व्यवहारों या प्ररिप्रेक्ष्यों के साथ प्रयोग करके अपने विश्वासों का परीक्षण करें। यह मूल्यांकन करने के लिए साक्ष्य इकट्ठा करें कि क्या आपके विश्वास विभिन्न परिस्थितियों में भी सही हो सकते हैं।
8. अपने अंतर्निहित विश्वासों की खोज एवं समाधान के उद्देश्य से किसी चिकित्सक या परामर्शदाता से पेशेवर सहायता प्राप्त करें।
9. अपने विश्वास व धारणाओं से संबंधित विचारों, भावनाओं एवं अनुभवों को लिखें। दैनिकी लेखन आपको स्पष्टता प्राप्त करने तथा अपने विचार पैटर्न की पहचान करने में सहायक हो सकती है।
10. कल्पना करें कि आप अपने हिमशैल विश्वासों को सफलतापूर्वक चुनौती दे रहे हैं तथा उन पर काबू पा रहे हैं। सकारात्मक परिणामों की कल्पना करने से नए दृष्टिकोणों के प्रबलन में सहायता मिल सकती है।
11. अपने जीवन में उन चीज़ों के लिए कृतज्ञता विकसित करें जो आपके विश्वासों को चुनौती देती हैं या विकास के अवसर प्रदान करती हैं। इन अनुभवों से आप क्या सीख सकते हैं? इस पर ध्यान केंद्रित करने का प्रयास करें।
12. अपने हिमखंड विश्वासों पर नियंत्रण पाने की प्रक्रिया को प्रबंधनीय चरणों (manageable steps) में विभाजित करें तथा इस क्रम में छोटी से छोटी सफलता का आनन्द अवश्य उठाएँ।

ध्यातव्य हो कि हिमखंड विश्वासों पर नियंत्रण पाना एक क्रमिक प्रक्रिया (gradual process) है, जिसके लिए दृढ़ता (persistence) एवं आत्मानुकम्पा (self-compassion) की आवश्यकता होती है। परिवर्तन के लिए तैयार रहें तथा व्यक्तिगत विकास के मान्यताओं को चुनौती देने का जब भी अवसर प्राप्त हो तो उसका का लाभ अवश्य उठायें।

स्मार्ट लक्ष्य निर्धारण (**SMART Goal Setting**)

"आपका लक्ष्य जितना अधिक विशिष्ट एवं मापने योग्य होगा, उतनी ही जल्दी आप पहचान पाएंगे कि क्या कार्य कर रहा है व क्या नहीं।" –टोनी रॉबिंस

"The more specific and measurable your goal, the more quickly you will be able to identify what is working and what isn't." - Tony Robbins

"मन में यह भाव पैदा होना चाहिए कि जीवन की त्रासदी हमारे लक्ष्यों तक न पहुँच पाने में नहीं है। त्रासदी इस बात में निहित है कि पहुँचने के लिए कोई लक्ष्य ही नहीं है" –बेंजामिन ई. मेस

"It must be born in the mind that the tragedy of life doesn't lie in not reaching our goals. The tragedy lies in having no goals to reach" – Benjamin E. Mays

लक्ष्य निर्धारण जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में मानवीय व्यवहार एवं उपलब्धि का मूलभूत पहलू है, जिसमें व्यक्तिगत विकास, शिक्षा, व्यवसाय एवं खेल सहित बहुत कुछ सम्मिलित है। हालाँकि केवल लक्ष्य निर्धारण ही सफलता के लिए पर्याप्त नहीं होता है। लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से परिभाषित एवं संरचित किया जाना चाहिए ताकि उनकी प्राप्ति की संभावना को अधिकतम किया जा सके। स्मार्ट लक्ष्य निर्धारण एक प्रचलित अवधारणा है जिसका उपयोग लक्ष्यों की स्पष्टता तथा वांछित परिणाम प्राप्त करने की संभावना को बढ़ाने के लिए किया जाता है।

स्मार्ट लक्ष्य निर्धारण की उत्पत्ति (**Origins of SMART Goal Setting**):

स्मार्ट लक्ष्यों की अवधारणा सबसे पहले 1980 के दशक के प्रारम्भिक वर्षों में सामने आयी। स्मार्ट लक्ष्यों की अवधारणा का श्रेय मुख्य रूप से वाशिंगटन वाटर पावर कंपनी (Washington Water Power Company) के कॉर्पोरेट नियोजन के सलाहकार एवं पूर्व निदेशक (consultant and former director of corporate planning) जॉर्ज टी. डोरन (George T. Doran) को जाता है। डोरन ने विशिष्ट, मापने योग्य, प्राप्त करने योग्य, प्रासंगिक एवं समयबद्ध उद्देश्य निर्धारित करने में व्यक्तियों एवं संगठनों का मार्गदर्शन करने के लिए एक स्मरणीय उपकरण के रूप में स्मार्ट मानदंड प्रस्तुत किया

है। स्मार्ट (SMART) संक्षिप्त नाम ने लक्ष्य–निर्धारण प्रक्रियाओं को स्पष्ट करने में अपनी सरलता एवं प्रभावशीलता के कारण व्यापक लोकप्रियता को प्राप्त किया है।

स्मार्ट लक्ष्यों के घटक (Components of SMART Goals):

स्मार्ट लक्ष्यों में निम्नलिखित पाँच मुख्य घटक होते हैं–

विशिष्ट (**Specific**):– लक्ष्य स्पष्ट, अच्छी तरह से परिभाषित (well-defined) तथा किसी विशेष परिणाम पर केंद्रित होने चाहिए। विशिष्ट लक्ष्य क्या, क्यों, कब एवं कैसे प्रकार के प्रश्नों का उत्तर देते हैं। ये स्पष्ट दिशा प्रदान करते हैं तथा वांछित परिणाम प्राप्त करने के लिए प्रेरणा व प्रतिबद्धता को बढ़ाते हैं।

मापनीय (**Measurable**):– लक्ष्य मात्रात्मक (quantifiable) होने चाहिए, जिससे प्रगति पर नज़र रखी जा सके तथा सफलता का मूल्यांकन किया जा सके। मापनीय लक्ष्यों में मितिय गुणों (metric properties) का होना आवश्यक होता है। लक्ष्य को अधिक मापने योग्य बनाने के लिए विशिष्ट मात्राएँ, प्रतिशत या अन्य ठोस संकेतकों का प्रयोग करना चाहिए। मापनीय संकेतकों (measurable indicators) की स्थापना करके व्यक्ति अपने प्रदर्शन का निष्पक्ष मूल्यांकन तथा पथ पर बने रहने के लिए आवश्यक समायोजन कर सकते हैं।

प्राप्त करने योग्य (**Achievable**):– लक्ष्य यथार्थवादी (realistic) होने चाहिए तथा उपलब्ध संसाधनों (resources), बाध्यताओं (constraints) एवं समय सीमा के अन्दर प्राप्त करने योग्य होने चाहिए। हॉंलाकि महत्वाकांक्षी लक्ष्यों (ambitious goals) का निर्धारण आवश्यक होता है किन्तु उन्हें उपलब्ध क्षमताओं एवं संसाधनों के परिधि में होने के साथ व्यवहार्य (feasible) भी होना चाहिए। अत्यधिक चुनौतीपूर्ण या अप्राप्य लक्ष्य निर्धारित करने से निराशा व हताशा हो सकती है।

प्रासंगिक (**Relevant**):– लक्ष्यों को व्यापक उद्देश्यों, मूल्यों तथा प्राथमिकताओं के साथ जुड़ा होना चाहिए। प्रासंगिक लक्ष्य समग्र मिशन या उद्देश्य में योगदान करते हैं तथा व्यक्तिगत या संगठनात्मक विकास का समर्थन करते हैं। वे व्यक्तियों की अभिरुचियों, कौशल एवं आकांक्षाओं के साथ प्रतिध्वनित होते हैं जिससे महत्व एवं अर्थ की भावना को बढ़ावा मिलता है।

समयबद्ध (**Time-bound**):– लक्ष्यों को पूरा करने के लिए एक निर्धारित समय सीमा होनी चाहिए। विशिष्ट समय सीमा निर्धारित करने से तात्कालिकता (urgency) की भावना पैदा होती है तथा कार्यों को प्रभावी ढंग से प्राथमिकता क्रम निर्धारण में सहायता मिलती है। समयबद्ध लक्ष्य अनावश्यक विलंब से बचाते हैं तथा वांछित परिणाम प्राप्त करने हेतु समय व संसाधनों को कुशलतापूर्वक आवंटित करने में सक्षम बनाते हैं।

स्मार्ट लक्ष्य निर्धारण के लाभ (**Benefits of SMART Goal Setting**):

स्मार्ट लक्ष्य निर्धारण को क्रियान्वित करने से व्यक्तियों व संगठनों को अनेक लाभ मिलते हैं जिनमें से कुछ अग्रांकित अनुच्छेदों में प्रस्तुत हैं–

- ❖ स्पष्टता एवं फोकस (**Clarity and Focus**):– स्मार्ट लक्ष्य विशिष्ट उद्देश्यों एवं कार्यों के चरणों को रेखांकित करके स्पष्टता एवं फोकस प्रदान करते हैं। स्पष्टता अपेक्षाओं की समझ को बढ़ाती है तथा प्रभावी योजना व निर्णयन में सुविधा प्रदान करती है।
- ❖ प्रेरणा एवं प्रतिबद्धता (**Motivation and Commitment**):– स्पष्ट एवं प्राप्त करने योग्य उद्देश्य व लक्ष्य निश्चित दिशा प्रदान करके व्यक्तियों को प्रेरित करते हैं। जब लक्ष्य व्यक्तिगत या संगठनात्मक मूल्यों के साथ संरेखित होते हैं तो उनके सम्प्राप्ति हेतु प्रतिबद्ध होने की अधिक संभावना होती है।

- ❖ उत्तरदायित्व एवं अनुश्रवण (**Accountability and Monitoring**):– स्मार्ट लक्ष्यों की मापनीयता कार्य के प्रगति का अनुश्रवण एवं जवाबदेही (accountability) को सक्षम बनाती है। लक्ष्य–संबंधी गतिविधियों की नियमित निगरानी बाधाओं की पहचान, कार्यानुकूल समायोजन तथा उपलब्धि की दिशा में बने रहने के मार्ग को प्रशस्थ करती है।
- ❖ दक्षता एवं उत्पादकता (**Efficiency and Productivity**):– स्मार्ट लक्ष्य कार्यों को प्राथमिकता क्रम प्रदान कर तथा संसाधनों को प्रभावी ढंग से आवंटित करके दक्षता एवं उत्पादकता को बढ़ावा देते हैं। एक स्पष्ट रोडमैप के साथ व्यक्ति अपने प्रयासों को उच्च प्राथमिकता वाली गतिविधियों पर केंद्रित कर सकते हैं जो लक्ष्य प्राप्ति में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं।
- ❖ अनुकूलनशीलता एवं लचीलापन (**Adaptability and Resilience**):– स्मार्ट लक्ष्य अनुकूलनीय होते हैं जिससे व्यक्ति बदलती परिस्थितियों या प्रतिपुष्टि के अनुसार रणनीतियों में संशोधन या समयसीमा में समायोजन कर सकते हैं। स्मार्ट लक्ष्यों में नमनीयता होने से निरंतर सुधार की संभावना बनी रहती है।

स्मार्ट लक्ष्य निर्धारण के अनुप्रयोग (**Applications of SMART Goal Setting**):

स्मार्ट लक्ष्य निर्धारण का विभिन्न अनुक्षेत्रों में अनुप्रयोग किया जाता है, जिसमें सम्मिलित हैं–

- ❖ व्यक्तिगत विकास (**Personal Development**):– व्यक्तिगत विकास को बढ़ाने, नए कौशल सीखने या आत्म–सुधार के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए व्यक्ति स्मार्ट लक्ष्यों का उपयोग करते हैं। चाहे वह शारिरीक फिटनेस को प्राप्त करना हो, नई भाषा सीखना हो या करियर में आगे बढ़ना होस्मार्टलक्ष्य निर्धारण आकांक्षाओं को साकार करने में एक संरचित दृष्टिकोण प्रदान करते है।
- ❖ शिक्षा (**Education**):– शिक्षक व विद्यार्थी शैक्षणिक उद्देश्यों को निर्धारित करने, प्रगति की निगरानी तथा सीखने के परिणामों को बेहतर करने के लिए स्मार्ट लक्ष्यों का उपयोग करते हैं। विशिष्ट तथा मापनीय शिक्षण लक्ष्यों को निर्धारित करके श्क्षिक व छात्र अपने शैक्षणिक प्रदर्शन की निगरानी कर सकते हैं तथा सफल होने के लिए सक्रिय कदम उठा सकते हैं।

❖ व्यवसाय एवं प्रबंधन (**Business and Management**):– संगठनात्मक प्रदर्शन को बढ़ाने, कर्मचारी जुड़ाव में सुधार करने तथा रणनीतिक उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए व्यवसायिक प्रतिष्ठान स्मार्ट लक्ष्यों को नियोजित करते हैं। व्यक्तिगत व टीम लक्ष्यों को संगठनात्मक प्राथमिकताओं के साथ जोड़कर उत्पादकता, नवाचार एवं लाभप्रदता को बढ़ाया जा सकता हैं। स्मार्ट लक्ष्य निर्धारित करने से व्यवसायों को विशिष्ट उद्देश्य प्राप्त करने में सहायता मिल सकती है जैसे कि विक्रय में एक निश्चित प्रतिशत की वृद्धि, परिचालन लागत में कमी या निर्दिष्ट समय सीमा के भीतर एक नये उत्पाद का निर्माण करना।

❖ व्यक्तिगत वित्त (**Personal Finance**):– व्यक्ति अपने वित्त को उत्तम ढंग से प्रबंधित करने के लिए स्मार्ट लक्ष्यों का उपयोग कर सकते हैं, जैसे कि हर महीने एक निश्चित धनराशि की बचत, निर्दिष्ट समय सीमा के अन्दर ऋण भुगतान या दीर्घकालिक वित्तीय लक्ष्यों के लिए निवेश करना।

❖ कैरियर नियोजन (**Career Planning**):– पेशेवर व्यक्ति अपने करियर को आगे बढाने के लिए स्मार्ट लक्ष्यों का उपयोग कर सकते हैं, जैसे कि नए कौशल, पदोन्नति, उच्च वेतन वाले पद प्राप्त करना या नए उद्योगों में जाना।

स्मार्ट लक्ष्य निर्धारण विविध संदर्भों में लक्ष्य की स्पष्टता, प्रेरणा एवं उपलब्धि को बढ़ाने हेतु एक शक्तिशाली संरचना है। विशिष्टता, मापनीयता, प्राप्यता, प्रासंगिकता एवं समयबद्धता के सिद्धांतों का अनुप्रयोग करके कोई व्यक्ति, संस्था या संगठन स्पष्ट उद्देश्यों का निर्धारण, प्रगति की निगरानी तथा वांछित परिणाम प्राप्त कर सकते हैं। व्यापक रूप से मान्यता प्राप्त एवं प्रभावी लक्ष्य–निर्धारण दृष्टिकोण के रूप में स्मार्ट लक्ष्य व्यक्तिगत विकास, शिक्षा, व्यवसाय तथा उससे आगे भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

सुनने के साथ सहानुभूति का निर्माण
(Building Empathy with Listening)

"जब आप बोलते हैं, तो आप केवल वही दोहराते हैं जो आप पहले से जानते हैं, परन्तु यदि आप सुनते हैं, तो आप कुछ नया सीख सकते हैं।" —दलाई लामा

"When you talk, you are only repeating what you already know. But if you listen, you may learn something new." - Dalai Lama

"सुनना एक चुंबकीय व अनोखी चीज है, एक रचनात्मक शक्ति है। जो मित्र हमें सुनते हैं, हम उनकी ओर खिचतें हैं। जब हमारी बात सुनी जाती है, तो यह हमें निर्मित करती है, हमें प्रकाशित एवं विस्तारित करती है।" —कार्ल ए. मेनिंगर

"Listening is a magnetic and strange thing, a creative force. The friends who listen to us are the ones we move toward. When we are listened to, it creates us, makes us unfold and expand." – Karl A. Menninger

सहानुभूति दूसरों की भावनाओं को समझने व साझा करने की क्षमता तथा मानवीय संपर्क का एक मूलभूत घटक है। यह सकारात्मक संबंधों, प्रभावी संचार एवं सामाजिक सामंजस्य को बढ़ाने का आवश्यक भाग है। आज की तीब्रगति युक्त दुनिया जिसकी प्रमुख विशेषता डिजिटल संचार एवं विभाजित ध्यान है, में सहानुभूति को पोषित करने के लिए सक्रिय श्रवण का कौशल बहुत महत्वपूर्ण हो गया है। अग्रलिखित अनुच्छेदों में सहानुभूति विकसित करने में सुनने के महत्व का गहन विश्लेषण तथा इसके संवर्धन हेतु विभिन्न रणनीतियों पर चर्चा की गयी है।

सहानुभूति विकास में सुनने की भूमिका (The Role of Listening in Empathy Development):

सुनना सहानुभूति विकास की आधारशिला के रूप में कार्य करता है। जब व्यक्ति सक्रिय रूप से सुनने में संलग्न होते हैं, तो वे दूसरों के दृष्टिकोण, भावनाओं एवं अनुभवों को समझने में वास्तविक रुचि प्रदर्शित करते हैं। ध्यानपूर्वक सुनने से व्यक्ति मौखिक एवं अशाब्दिक संकेतों की सूक्ष्म बारीकियों को समझ सकते हैं जिससे वे दूसरों के साथ अधिक प्रभावी ढंग से सहानुभूति रखने में सक्षम हो सकते हैं। सहानुभूति पूर्ण सुनने में न केवल बोले गए शब्दों को सुनना सम्मिलित है, बल्कि इसमें स्वर, शारीरिक भाषा एवं संदर्भ के माध्यम से व्यक्त की गई अंतर्निहित भावनाओं एवं प्रयोजनों का अवबोध भी निहित है। इन संकेतों के प्रति स्वयं को अनुकूल बनाकर, श्रोता वक्ताओं के साथ गहरा संबंध स्थापित कर सकते हैं, जिससे विश्वास (trust), मान्यता (validation) एवं भावनात्मक समर्थन (emotional support) को बढ़ावा मिलता है।

सुनने के माध्यम से सहानुभूति बढ़ाने की व्यावहारिक रणनीतियाँ (Practical Strategies for Enhancing Empathy through Listening)

श्रवण एवं सहानुभूति के मध्य अंतर्निहित संबंध को देखते हुए अपनी सहानुभूतिपूर्णता की क्षमताओं (empathic abilities) को मजबूत करने की चाह रखने वाले व्यक्तियों के लिए सक्रिय श्रवण कौशल को विकसित करना सर्वोपरि होता है। सुनने के माध्यम से सहानुभूति निर्माण से सम्बन्धित कुछ प्रमुख पहलू यहाँ दिए गए हैं:–

- ❖ सक्रिय श्रवण (**Active Listening**):– सक्रिय रूप से सुनने का अर्थ है पूर्णतया उपस्थित तथा बातचित या अन्तर्क्रिया में सम्मिलित होना है। इसमें चक्षु सम्पर्क (eye contact), सिर हिलाना (nodding) या यह दिखाने के लिए मौखिक या गैर–मौखिक संकेत देना सम्मिलित है कि आप वक्ता की बातों पर ध्यान दे रहे हैं।
- ❖ ध्यानपूर्वक सुनने का अभ्यास (**Practice of Mindful Listening**):– ध्यानपूर्वक सुनने में बिना किसी निर्णय या व्याकुलता के वर्तमान क्षण में स्वयं को पूरी तरह से डुबोना होता है। वक्ता के

शब्दों व अशाब्दिक संकेतों पर ध्यान केंद्रित करके व्यक्ति सहानुभूति व समझ की गहरी भावना को विकसित कर सकते हैं।

- ❖ भावनाओं को मान्य करना (**Validating Emotions**):– वक्ता की भावनाओं को मान्य करने में उनकी भावनाओं को खारिज किए बिना उन्हें स्वीकार करना होता है। यह मान्यता सहानुभूति की भावना को बढ़ावा देती है तथा मुक्त संचार (open communication) के लिए सहायक वातावरण बनाती है। सहानुभूति के लिए न केवल शब्दों को सुनना बल्कि उनके पीछे की भावनाओं को भी समझना आवश्यक है। वक्ता के संदेशों के भावनात्मक संदर्भों (emotional context) से सम्बन्धित स्वर, पिच एवं अन्य गैर–मौखिक संकेतों (non-verbal cues) पर ध्यान देना आवश्यक है।
- ❖ विचारात्मक श्रवण (**Reflective Listening**):– चिंतनशील या विचारात्मक श्रवण में वक्ता के संदेश को समझना व सारांशित (understanding and summarizing) करना होता है ताकि समझ के साथ सहानुभूति भी प्रदर्शित हो सके। वक्ता को उनकी भावनाओं एवं विचारों को प्रतिबिंबित करके प्रतिक्रिया देना यह प्रदर्शित कर सकता है कि आप वास्तव में उनके परिप्रेक्ष्य को समझते हैं। यह तकनीक वक्ताओं को सुनने में श्रोता की भागीदारी एवं सहानुभूति को प्रबल करती है तथा वक्ताओं को अपने विचारों व भावनाओं को स्पष्ट करने के लिए प्रोत्साहित करती है।
- ❖ गैर–निर्णयात्मक दृष्टिकोण (**Non-Judgmental Attitude**):– सहानुभूतिपूर्वक सुनने में वक्ता के बारे में कोई निर्णय एवं धारणा बनाने से बचना चाहिए। यह वक्ता के लिए सुरक्षित वातावरण बनाने में सहायता करता है जहाँ व्यक्ति आलोचना के डर के बिना स्वयं को सहजता के साथ प्रस्तुत कर सकता है।
- ❖ दखल देने से बचनाः (**Avoiding Interrupting**):– वक्ता को बिना किसी रुकावट के पूर्ण अभिव्यक्ति का अवसर देना सहानुभूति पूर्वक श्रवण का महत्वपूर्ण भाग है। हस्तक्षेप करने से अन्तर्क्रिया का प्रवाह बाधित हो सकता है तथा व्यक्ति अपने आप को अनसुना महसूस करता है।
- ❖ मुक्तांत प्रश्न पूछना (**Asking Open-Ended Questions**):– ओपन–एंडेड प्रश्न पूछकर वक्ता को अपनी भावनाओं को और अधिक साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। इससे उनके अनुभवों तथा स्वाभाविक अभिरुचियों के प्रदर्शन का अवसर मिलता है।

❖ सहानुभूतिपूर्ण शारीरिक भाषा (**Empathetic Body Language**):– आपकी शारीरिक भाषा सहानुभूति व्यक्त कर सकती है। इसमें मुक्त तथा सहज (open and relaxed) मुद्रा (postur) बनाए रखना तथा व्यक्ति का प्रत्यक्ष सामना करना महत्वपूर्ण होता है। वक्ता की बातों के प्रति अपनी अभिरूचि को प्रदर्शित करना सक्रिय श्रवण का महत्वपूर्ण घटक होता है। वक्ता के कहने के आशय को आप समझ रहें हैं, इसके लिए सकारात्मक व स्वीकारात्मक (positive and affirmative) मुख मुद्रा की अभिव्यक्ति (facial expression) आवश्यक है।

एतद्दर्थ सुनना सहानुभूति को संपोषित करने तथा पारस्परिक संबंधों को प्रगाढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सक्रिय श्रवण कौशल को निखारने तथा सहानुभूतिपूर्ण सुनने के अभ्यास से व्यक्ति अपनी परस्पर अन्तर्क्रिया में गहरी समझ, करुणा एवं आपसी सम्मान को बढ़ावा दे सकते हैं। जैसा कि अनुभवजन्य शोध एवं सैद्धांतिक रूपरेखाओं से पता चलता है कि सुनना सहानुभूति विकास के लिए एक शक्तिशाली उत्प्रेरक के रूप में कार्य करता है, जो व्यक्तियों और सम्पूर्ण समाज के लिए परिवर्तनकारी लाभ प्रदान करता है।

UNIT – III

नवम् अध्याय **(Ninth Chapter)**

सामाजिक एवं आर्थिक कल्याण

(Sociological and Economic Well-being)

समाजिक कल्याण **(Sociological well-being)**

सामाजिक कल्याण से तात्पर्य समाज में व्यक्तियों द्वारा अनुभव की जाने वाली समग्र संतुष्टि, संतोष एवं तृप्ति की भावना से है, जो विभिन्न सामाजिक कारकों एवं संरचनाओं से प्रभावित होती है। सामाजिक कल्याण आर्थिक समृद्धि से परे है, जिसमें सामाजिक सम्बंध, सामुदायिक जुड़ाव, संसाधनों तक पहुँच एवं सामाजिक न्याय जैसे आयाम सम्मिलित होते हैं। सामाजिक कल्याण को समझने के लिए व्यक्तियों, समुदायों एवं व्यापक सामाजिक संरचनाओं के मध्य परस्पर जुड़ाव के जाँच की आवश्यकता होती है। निम्नांकित अनुच्छेदों में समाजशास्त्रीय कल्याण की मुख्य विशेषताओं, निर्धारकों एवं निहितार्थों की गम्भीर विवेचना की गयी है।

सामाजिक कल्याण की मुख्य विशेषताएँ (**Main Features of Sociological Well-being**)

सामाजिक कल्याण की प्रमुख विशेषताएँ अग्रलिखित पंक्तियों में प्रस्तुत हैं–

1. सामाजिक जुड़ाव एवं सम्बंध (**Social Connectedness and Relationships**):– सामाजिक कल्याण सकारात्मक सामाजिक अंतःक्रियाओं, सहायक सम्बंधों तथा समुदायों के भीतर अपनेपन की भावना के महत्व पर बल देता है। मजबूत सामाजिक नेटवर्क भावनात्मक समर्थन, साहचर्य व सहयोग के अवसर प्रदान करता हैं तथा समग्र कल्याण में योगदान करता हैं।
2. संसाधनों तक समान पहुँच (**Equitable Access to Resources**):– सामाजिक कल्याण की एक प्रमुख विशेषता शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, रोजगार के अवसर एवं सामाजिक सेवाओं जैसे संसाधनों का समान वितरण है। इन संसाधनों तक पहुँच सुनिश्चित करने से असमानताएँ कम होती हैं तथा सामाजिक सामंजस्य व समावेशन (social harmony and inclusion) को बढ़ावा मिलता है।

3. सामाजिक न्याय एवं समानता (**Social Justice and Equity**):– सामाजिक कल्याण समाज के भीतर निष्पक्षता, समानता एवं न्याय की वकालत करता है। इसमें जाति, लिंग, सामाजिक–आर्थिक स्थिति तथा जातीयता जैसे कारकों के आधार पर प्रणालीगत असमानताओं (systemic inequality) को संबोधित करना सम्मिलित है, ताकि सभी व्यक्तियों के लिए अधिक न्यायपूर्ण व समतापूर्ण समाज बनाया जा सके।
4. सुरक्षा एवं स्थिरता की भावना (**Sense of Security and Stability**):– समाजशास्त्रीय कल्याण में शारीरिक, भावनात्मक एवं आर्थिक सुरक्षा का प्रमुख स्थान है। इसमें सुरक्षित रहने की स्थिति, स्थिर रोजगार, सामाजिक सुरक्षा नेटवर्क तथा भेदभाव एवं हिंसा से सुरक्षा सम्मिलित है।
5. सार्थक भागीदारी एवं संलग्नता (**Meaningful Participation and Engagement**):– समाजशास्त्रीय कल्याण में नागरिक जीवन में सक्रिय भागीदारी (active participation), सामुदायिक संलग्नता (community engagement) तथा समाज में सार्थक योगदान (meaningful contribution) सम्मिलित है। निर्णय लेने की प्रक्रियाओं एवं सामूहिक कार्यों में सम्मिलित होने के अवसर मिलने से सशक्तिकरण (empowerment) एवं पूर्णता की भावना को बढ़ावा मिलता है।
6. सांस्कृतिक पहचान एवं विविधता (**Cultural Identity and Diversity**):– सांस्कृतिक विविधता को पहचानना तथा उसका मूल्यांकन समाजशास्त्रीय कल्याण के लिए आवश्यक है। सांस्कृतिक पहचान एवं प्रथाओं को अपनाने से सामाजिक सहिष्णुता व सामंजस्य बढ़ता है तथा सामुदायिक जीवन समृद्ध होता है।
7. मनोवैज्ञानिक एवं भावनात्मक कल्याण (**Psychological and Emotional Well-being**):– सामाजिक कल्याण मनोवैज्ञानिक एवं भावनात्मक कल्याण के साथ घनिष्ठ रूप से जुड़ा हुआ है। सकारात्मक सामाजिक संपर्क, सामाजिक समर्थन एवं अपनेपन की भावना मानसिक स्वास्थ्य तथा समग्र जीवन संतुष्टि में योगदान करती है।

सामाजिक कल्याण के निर्धारक (**Determinants of Sociological Well-being**):

सामाजिक कल्याण के निर्धारकों मे सम्मिलित है–

1. सामाजिक नीतियाँ एवं संस्थाएँ (**Social Policies and Institutions**):– सामाजिक नीतियों एवं संस्थाओं का स्वरूप तथा उनका कियान्वयन सामाजिक कल्याण को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित

करता है। शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, सामाजिक कल्याण, श्रम अधिकार एवं आवास से संबंधित नीतियाँ व्यक्तियों की संसाधनों एवं अवसरों तक पहुँच को प्रभावित करती हैं।

2. आर्थिक कारक (**Economic Factors**):– आय असमानता, बेरोज़गारी दर तथा गरीबी के स्तर जैसी आर्थिक स्थितियाँ, सामाजिक कल्याण को गहनता से प्रभावित करती हैं। धन के समान वितरण युक्त एक मज़बूत अर्थव्यवस्था आर्थिक सुरक्षा तथा उन्नति के अवसर प्रदान करके समग्र सामाजिक कल्याण को बढ़ाती है।

3. सांस्कृतिक मानदंड एवं मूल्य (**Cultural Norms and Values**):– सांस्कृतिक मानदंड एवं मूल्य व्यक्तिगत अधिकारों, लैंगिक समानता, विविधता तथा सामाजिक न्याय जैसे मुद्दों के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण को प्रभावित करते हैं। समावेशी मूल्यों तथा मानवाधिकारों के प्रति सम्मान को प्राथमिकता देने वाले समाज समाजशास्त्रीय कल्याण के उच्च स्तर का प्रदर्शन करते हैं।

4. राजनीतिक भागीदारी एवं सुशासन (**Political Participation and Good Governance**):– राजनीतिक भागीदारी एवं शासन की गुणवत्ता समाजशास्त्रीय कल्याण को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जिस शासन प्रणाली में प्रशासनिक अभिकरण लोकतांत्रिक सिद्धान्तों के अनुसार कार्य करतें हैं वहाँ नागरिक स्वतंत्रता, सामाजिक न्याय का संरक्षण तथा नागरिकों की जरूरतों के प्रति जवाबदेही को सुनिश्चित करके सामाजिक कल्याण को प्रोत्साहित किया जाता है।

5. सामाजिक पूँजी (**Social Capital**):– सामाजिक पूँजी जो विश्वास, सहयोग एवं पारस्परिक समर्थन एवं सामाजिक नेटवर्क की विशेषता है, सामाजिक कल्याण का एक महत्वपूर्ण निर्धारक घटक है। सामाजिक पूँजी के उच्च स्तर वाले समुदाय में सामाजिक सहिष्णुता, सामंजस्य व सहयोग की भावना अधिक होती है।

6. पर्यावरणीय कारक (**Environmental Factors**):– स्वच्छ हवा, पानी तथा हरित स्थानों तक पहुँच सहित पर्यावरणीय परिस्थितियाँ, सामाजिक कल्याण को प्रभावित करती हैं। प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण एवं समुदायों के स्वास्थ्य व कल्याण की सुरक्षा के लिए संधारणीय पर्यावरणीय नीतियाँ एवं अभ्यास आवश्यक हैं।

7. शिक्षा एवं ज्ञान (**Education and Knowledge**):– शिक्षा सामाजिक कल्याण का एक शक्तिशाली निर्धारक है क्योंकि यह व्यक्तियों के व्यक्तिगत व सामाजिक विकास के लिए आवश्यक कौशल, ज्ञान व आलोचनात्मक सोच आदि क्षमताओं से सज्जित करती है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुँच सामाजिक गतिशीलता एवं आजीवन सीखने की संस्कृति को बढ़ावा देती है तथा असमानता को कम करती है।
8. सामाजिक सहायता नेटवर्क (**Social Support Networks**):– परिवार, मित्रों एवं सामुदायिक संगठनों सहित सहायक सामाजिक नेटवर्क की उपलब्धता सामाजिक कल्याण का एक महत्वपूर्ण निर्धारक है। मजबूत सामाजिक सहायता प्रणालियाँ भावनात्मक, साधनात्मक तथा सूचनात्मक सहायता प्रदान करती हैं, जो व्यक्तियों को तनाव एवं प्रतिकूलता से बचाती हैं।

सामाजिक कल्याण के निहितार्थ
(Implications of Sociological Well-being)

सामाजिक कल्याण के निहितार्थ को अग्रांकित पंक्तियों में स्पष्ट किया गया है–

1. स्वास्थ्य एवं जीवन की गुणवत्ता (**Health and Quality of Life**):– सामाजिक कल्याण स्वास्थ्य परिणामों एवं जीवन की समग्र गुणवत्ता से निकटता से जुड़ा हुआ है। सामाजिक कल्याण के उच्च स्तर वाले समुदायों में शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के बेहतर परिणाम, जीर्ण बीमारियों की अल्प संभावना तथा उच्च जीवन प्रत्याशा होती है।
2. सामाजिक सामंजस्य एवं स्थिरता (**Social Cohesion and Stability**):– सामाजिक कल्याण समुदायों के भीतर सामाजिक सामंजस्य एवं स्थिरता को बढ़ावा देता है। मजबूत सामाजिक संबंध, विश्वास, सहयोग तथा सद्भाव में योगदान करते हैं। अपराध की दर तथा सामाजिक अशांति एवं संघर्षों को कम करते हैं।
3. आर्थिक समृद्धि (**Economic Prosperity**):– सामाजिक कल्याण आर्थिक समृद्धि तथा सतत् विकास में सार्थक योगदान देता है। एक स्वस्थ व एकजुट समाज नवाचार, उद्यमशीलता तथा आर्थिक विकास का मज़बूत शिलाधार प्रदान करता है जिससे व्यक्तियों व समुदायों की समृद्धि में अभिवृद्धि होती है।

4. लोकतांत्रिक शासन एवं सामाजिक न्याय (**Democratic Governance and Social Justice**):– लोकतांत्रिक शासन के कामकाज एवं सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने के लिए सामाजिक कल्याण आवश्यक है। उच्च स्तर के कल्याण वाले समावेशी समाज, लोकतांत्रिक सिद्धांतों का पालन, मानवाधिकारों का संरक्षण तथा न्यायसंगत नीतियों व प्रथाओं की जोरदार ढंग से वकालत करते हैं।
5. शिक्षा एवं मानव पूँजी का विकास (**Education and Human Capital Development**):– सामाजिक कल्याण शिक्षा एवं मानव पूँजी के विकास को बढ़ावा देता है जो व्यक्तिगत उन्नति व सामाजिक प्रगति के लिए महत्वपूर्ण हैं। शिक्षा एवं आजीवन सीखने में निवेश करने से मानवीय क्षमता बढ़ती है, नवाचार को बढ़ावा मिलता है तथा समाज के सामाजिक ताने–बाने को मजबूती मिलती है।
6. पर्यावरणीय वहनीयता (**Environmental Sustainability**):– सामाजिक कल्याण पर्यावरणीय स्थिरता एवं पारिस्थितिकी संतुलन से गहरा संबन्ध रखता है। कल्याण को प्राथमिकता देने वाले समुदाय पर्यावरण के प्रति उत्तरदायित्वपूर्ण व्यवहार करते हैं, सतत् विकास प्रथाओं की वकालत करते हैं तथा भावी पीढ़ियों के लिए प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित रखने का प्रयास करते हैं।
7. सांस्कृतिक समृद्धि एवं विविधता (**Cultural Enrichment and Diversity**):– सामाजिक कल्याण सांस्कृतिक समृद्धि तथा विविधता के प्रति समादर का द्योतक है। यह सहयोग, सद्भाव, सहिष्णुता, समझ तथा विभिन्न दृष्टिकोणों व पहचानों के प्रति सम्मान को बढ़ावा देता है। सांस्कृतिक रूप से जीवंत समाज (culturally vibrant society) रचनात्मकता, नवाचार एवं सामाजिक सामंजस्य को बढ़ाते हैं तथा सामुदायिक जीवन व सामूहिक अनुभवों को समृद्ध करते हैं।
8. वैश्विक सहयोग एवं एकजुटता (**Global Cooperation and Solidarity**):– सामाजिक कल्याण का निहितार्थ राष्ट्रीय सीमाओं से परे भी हैं, यह वैश्विक सहयोग व एकजुटता के साथ गहराई से सम्बधित है। कल्याण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध समाज अंतर्राष्ट्रीय विकास प्रयासों में योगदान तथा न्याय की वकालत करते हैं। इसके अतिरिक्त गरीबी, असमानता एवं जलवायु परिवर्तन जैसी अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों के समाधान में सार्थक योगदान करते हैं।

एतद्दर्थ कहना होगा कि सामाजिक कल्याण व्यक्तियों, समुदायों एवं सामाजिक संरचनाओं के मध्य परस्पर जुड़ाव पर बल देता है। सामाजिक कल्याण के निहितार्थ दूरगामी होते हैं, जो स्वास्थ्य, सामाजिक सामंजस्य, आर्थिक समृद्धि, लोकतांत्रिक शासन, शिक्षा, पर्यावरणीय स्थिरता, सांस्कृतिक समृद्धि एवं वैश्विक सहयोग को प्रभावित करते हैं। समाजशास्त्रीय कल्याण को समझकर तथा बढ़ावा देकर समाज को अधिक समावेशी एवं न्यायसंगत बनाने की दिशा में प्रयास किया जाना चाहिए, जिससे सभी व्यक्तियों के सामूहिक कल्याण की भावना परिलक्षित हो सके।

आर्थिक कल्याण (Economic well-being)

"बोलने से पहले सुनो। लिखने से पहले सोचो। खर्च करने से पहले कमाओ। निवेश करने से पहले जाँच–पड़ताल करो। आलोचना करने से पहले प्रतीक्षा करो। प्रार्थना करने से पहले क्षमा करो। कार्य छोड़नें से पहले प्रयास करो। अवकाश ग्रहण करने से पहले बचत करो। मरने से पहले दान दो।"

–विलियम ए.वार्ड

"Before you speak, listen. Before you write, think. Before you spend, earn. Before you invest, investigate. Before you criticize, wait. Before you pray, forgive. Before you quit, try. Before you retire, save. Before you die, give. "

– William A. Ward

"गरीबी मात्र पैसे की कमी नहीं है, यह एक मानव के रूप में किसी की पूर्ण संभावनाओं की अनुभूति करने की क्षमता का नहीं होना है।" –अमर्त्यसेन

"Poverty is not just a lack of money; it is not having the capability to realize one's full potential as a human being. " - Amartya Sen

आर्थिक कल्याण एक बहुआयामी अवधारणा है जो व्यक्तियों एवं समाजों के आर्थिक कल्याण के विभिन्न आयामों को समाहित करती है। यह समृद्धि, संतुष्टि तथा सुरक्षा की स्थिति को संदर्भित करती है जिसे व्यक्ति, परिवार एवं समुदाय अपनी आर्थिक परिस्थितियों के सम्बंध में अनुभव करते हैं। आर्थिक कल्याण आय एवं धन से लेकर संसाधनों तक पहुँच, रोजगार के अवसरों तथा समग्र आर्थिक स्थिरता सहित अनेक कारकों से प्रभावित होता है। यहाँ पर हम आर्थिक कल्याण की मुख्य विशेषताओं, इसके निर्धारकों तथा निहितार्थों पर गहराई से विचार करेंगे।

आर्थिक कल्याण की मुख्य विशेषताएँ (**Main Features of Economic Well-being**):

आर्थिक कल्याण की निम्नलिखित विशेषताएँ होती हैं–

1. आय एवं धन (**Income and Wealth**):– आर्थिक कल्याण के मूलभूत पहलुओं में से एक आय एवं संचित धन का स्तर है। उच्च आय व अधिक धन प्रायः उच्च जीवन स्तर में योगदान करते हैं, जिससे व्यक्तियों व परिवारों को अधिक वित्तीय सुरक्षा तथा लचीलापन सुनिश्चित होता है।
2. रोजगार एवं वृत्तिक सुरक्षा (**Employment and Job Security**):– रोजगार के अवसरों तथा नौकरी की सुरक्षा की स्थिति आर्थिक कल्याण को सार्थक रूप से प्रभावित करती है। लाभकारी रोजगार न केवल आय प्रदान करता है बल्कि उद्देश्य, स्थिरता एवं सामाजिक समावेशन की भावना को भी बढ़ावा देता है।
3. आधारभूत आवश्यकताओं तक पहुँच (**Access to Basic Needs**):– आर्थिक भलाई में भोजन, आवास, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा एवं स्वच्छ जल सहित आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं तक पहुँच सम्मिलित है। बुनियादी ज़रूरतों को बिना किसी वित्तीय तनाव के पूरा करने की क्षमता समग्र खुशहाली का आधार होता है।
4. जीवन स्तर (**Standard of Living**):– जीवन स्तर व्यक्तियों एवं परिवारों द्वारा अनुभव की जाने वाली जीवन की गुणवत्ता को दर्शाता है, जिसमें आवास की स्थिति, परिवहन तक पहुँच, मनोरंजक साधनों की उपलब्धता तथा समग्र भौतिक सुख–सुविधाएँ जैसे कारक सम्मिलित होते हैं।
5. वित्तीय स्थिरता (**Financial Stability**):– आर्थिक खुशहाली में वित्तीय स्थिरता सम्मिलित होती है। जिसकी विशेषता वित्तीय दायित्वों का प्रबंधन, भविष्य के लिए बचत करने तथा गंभीर कठिनाई का सामना किए बिना आर्थिक झटकों या अप्रत्याशित खर्चों को झेलने की क्षमता है।
6. सामाजिक गतिशीलता (**Social Mobility**):– समाज के भीतर सामाजिक गतिशीलता की सीमा आर्थिक कल्याण को प्रभावित करती है। ऊपर की ओर गतिशीलता के अधिक अवसर व्यक्तियों को अपनी आर्थिक परिस्थितियों को बेहतर बनाने तथा समय के साथ समृद्धि के उच्च स्तर को प्राप्त करने में सक्षम बनाते हैं।
7. आय वितरण एवं समानता (**Income Distribution and Equity**):– जनसंख्या में आय व धन का वितरण आर्थिक कल्याण को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अधिक न्यायसंगत

आय वितरण वाले समाज समग्र खुशहाली तथा सामाजिक सामंजस्य के उच्च स्तर को प्रदर्शित करते हैं।

8. अवसरों तक पहुँच (**Access to Opportunities**):– आर्थिक कल्याण उन्नति के अवसरों जैसे शिक्षा, प्रशिक्षण कार्यक्रम, उद्यमिता सहायता, तथा ऋण व पूँजी तक व्यक्तियों की पहुँच पर निर्भर करती है।
9. स्वास्थ्य व स्वास्थ्य सेवा (**Health and Healthcare**):– स्वास्थ्य आर्थिक कल्याण से बहुत निकटता से जुड़ा हुआ है, क्योंकि व्यक्तियों की कार्य करने तथा आर्थिक गतिविधियों में भाग लेने की क्षमता उनकी स्वास्थ्य की स्थिति पर निर्भर करती है। आर्थिक कल्याण को बनाए रखने में किफ़ायती स्वास्थ्य सेवाओं एवं निवारक उपायों का सार्थक योगदान होता है।
10. पर्यावरणीय स्थिरता (**Environmental Sustainability**):– दीर्घकालिक आर्थिक कल्याण के लिए प्राकृतिक संसाधनों के सतत् उपयोग तथा पर्यावरण की सुरक्षा की आवश्यकता होती है। पर्यावरणीय गिरावट आर्थिक समृद्धि को कमजोर कर सकती है तथा भावी पीढ़ियों की भलाई पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है।

आर्थिक कल्याण का मापन (**Measurement of Economic Well-Being**):

आर्थिक कल्याण को मापना इसकी बहुआयामी प्रकृति के कारण एक जटिल कार्य है। प्रति व्यक्ति जीडीपी (GDP per capita) जैसे पारंपरिक मापांक (module) किसी देश के आर्थिक उत्पादन की आधारभूत समझ प्रदान करते हैं, लेकिन कल्याण को प्रभावित करने वाले वितरण संबंधी पहलुओं (distributional aspects) एवं गैर–मौद्रिक कारकों (non-monetary factors) को ज्ञात करने में विफल रहें हैं। हाल के वर्षों में, सामाजिक प्रगति के एकमात्र संकेतक के रूप में जीडीपी की इन्हीं सीमाओं के कारण मानव विकास सूचकांक (Human Development Index - HDI), वास्तविक प्रगति संकेतक (Genuine Progress Indicator - GPI) तथा बेहतर जीवन सूचकांक (Better Life Index - BLI) जैसे वैकल्पिक उपायों का विकास हुआ है।

ये वैकल्पिक उपाय (alternative measures) आय के अलावा अन्य अमौद्रिक संकेतकों जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, पर्यावरण गुणवत्ता एवं व्यक्तिपरक कल्याण को सम्मिलित करते हैं, जो आर्थिक कल्याण का अधिक समग्र मूल्यांकन करते हैं। इसके अतिरिक्त, जीवन संतुष्टि सर्वेक्षण

(life satisfaction surveys) तथा प्रसन्नता सूचकांक (happiness indices) जैसे व्यक्तिपरक उपाय व्यक्तियों को कथित आनन्द की अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं जो वस्तुनिष्ठ आर्थिक संकेतकों के पूरक होते हैं।

आर्थिक कल्याण के निर्धारक (**Determinants of Economic Well-being**)

आर्थिक कल्याण के प्रमुख निर्धारकों में सम्मिलित हैं–

1. आर्थिक विकास एवं उत्पादकता (**Economic Growth and Productivity**):– आर्थिक खुशहाली किसी देश के आर्थिक विकास एवं उत्पादकता के समग्र स्तर से बहुत अधिक प्रभावित होती है। उत्पादन एवं दक्षता के उच्च स्तर से आय, रोजगार के अवसर तथा समग्र समृद्धि में अभिवृद्धि होती है।
2. शिक्षा व कौशल विकास (**Education and Skills Development**):– शिक्षा व्यक्तियों के कौशल, ज्ञान एवं आय की क्षमता को बढ़ाकर उनके आर्थिक कल्याण के उन्नति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आर्थिक गतिशीलता को बढ़ावा देने तथा असमानता को कम करने के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं आजीवन सीखने के अवसरों तक पहुँच आवश्यक है।
3. श्रम बाजार की गतिशीलता (**Labor Market Dynamics**):– मजदूरी, रोजगार विनियमन एवं श्रम बाजार का लचीलापन जैसे कारकों सहित श्रम बाजारों की कार्यप्रणाली, व्यक्तियों के आर्थिक कल्याण को महत्वपूर्ण ढंग से प्रभावित करती है। रोजगार के अवसर, नौकरी की सुरक्षा तथा मजदूरी का स्तर आर्थिक समृद्धि के प्रमुख निर्धारक होते हैं।
4. सामाजिक सुरक्षा जाल (**Social Safety Nets**):– बेरोजगारी बीमा (unemployment insurance), सामाजिक सहायता (social support) तथा पेंशन योजनाओं (pension plans) सहित मजबूत सामाजिक सुरक्षा जाल से सम्बन्धित कार्यक्रम आर्थिक झटकों के प्रतिकूल प्रभावों को कम करते हैं तथा कठिनाई के समय व्यक्तियों व परिवारों की आर्थिक भलाई की रक्षा कर सकते है।
5. वित्तीय सेवाओं तक पहुँच (**Access to Financial Services**):– बैंकिंग, ऋण, बीमा व बचत तंत्र सहित वित्तीय सेवाओं तक पहुँच, निवेश, जोखिम प्रबंधन एवं परिसंपत्ति संचय को सुविधाजनक बनाकर आर्थिक कल्याण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।

6. आधारभूत ढाँचा एवं सार्वजनिक सेवाएँ (**Infrastructure and Public Services**):– परिवहन नेटवर्क, ऊर्जा प्रणाली एवं दूरसंचार जैसे पर्याप्त बुनियादी ढाँचे, आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देतें हैं तथा समग्र कल्याण में अभिवृद्धि करते हैं। स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा एवं स्वच्छता सहित गुणवत्तापूर्ण सार्वजनिक सेवाओं तक पहुँच भी आर्थिक समृद्धि में योगदान देती है।
7. आय वितरण नीतियाँ (**Income Distribution Policies**):– आय असमानता को कम करने के उद्देश्य से बनाई गई सरकारी नीतियाँ, जैसे कि प्रगतिशील कराधान (progressive taxation), सामाजिक हस्तांतरण (social transfer) एवं न्यूनतम मजदूरी कानून (minimume wage laws), संसाधनों व अवसरों (rsources and oppotunities) का अधिक न्यायसंगत वितरण (equitable distribution) को सुनिश्चित करके आर्थिक कल्याण को बढ़ा सकते हैं।
8. नवाचार एवं तकनीकी प्रगति (**Innovation and Technological Progress**):– नवाचार एवं तकनीकी प्रगति आर्थिक विकास को बढ़ावा देती है तथा उत्पादकता, जीवन स्तर व समग्र कल्याण में सुधार ला सकती है। प्रौद्योगिकी व नवाचार उद्यमशीलता एवं आर्थिक गतिशीलता को बढ़ावा देती है।
9. व्यापार एवं वैश्वीकरण (**Trade and Globalization**):– वैश्वीकरण व अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में भागीदारी बाजार के अवसरों का विस्तार करके, विशेषज्ञता को बढ़ावा देकर तथा ज्ञान व प्रौद्योगिकी के प्रसार को सुविधाजनक बनाकर आर्थिक कल्याण को प्रभावित कर सकती है। हालाँकि, वैश्वीकरण के कारण अनेक चुनौतियाँ भी सामने आती हैं, जैसे कि बढ़ी प्रतिस्पर्धा व आर्थिक अस्थिरता, तथापि यह उद्यमशीलता तथा नये रोजगार व व्यवसाय का अवसर उपलब्ध कराकर आर्थिक कल्याण में योगदान करती है।
10. पर्यावरणीय स्थिरता(**Environmental Sustainability**):– पर्यावरणीय विनियमन, संरक्षण प्रयास एवं नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश सहित सतत् विकास प्रथाएँ प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित करके तथा पर्यावरणीय जोखिमों को कम करके दीर्घकालिक आर्थिक कल्याण की रक्षा के लिए आवश्यक हैं।

आर्थिक कल्याण के निहितार्थ (Implications of Economic Well-being)

आर्थिक कल्याण के निहितार्थों को अग्रकिंत पंक्तियों में स्पष्ट किया गया है–

1. व्यक्तिगत व पारिवारिक कल्याण (**Individual and Family Welfare**):– आर्थिक कल्याण सीधे तौर पर संसाधनों, अवसरों एवं बुनियादी आवश्यकताओं तक पहुँच निर्धारित करके व्यक्तियों एवं परिवारों के कल्याण को प्रभावित करता है। आर्थिक कल्याण के उच्च स्तर बेहतर स्वास्थ्य परिणामों, उच्च शैक्षिक संप्राप्ति तथा अधिक समग्र जीवन संतुष्टि से सम्बन्धित होते हैं।
2. सामाजिक सामंजस्य एवं स्थिरता (**Social Cohesion and Stability**):– आर्थिक कल्याण के उच्च स्तर वाले समाज अधिक सामाजिक सामंजस्य, विश्वास एवं स्थिरता प्रदर्शित करते हैं। कम असमानता व उर्ध्वाधर गतिशीलता के लिए बढ़े हुए अवसर नागरिकों के मध्य साझा समृद्धि एवं एकजुटता की भावना को बढ़ावा देते हैं।
3. आर्थिक गतिशीलता एवं अवसर की समानता (**Economic Mobility and Equality of Opportunity**):– आर्थिक कल्याण आर्थिक गतिशीलता एवं अवसर की समानता की अवधारणा से निकटता से जुड़ा हुआ है। आर्थिक कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बनाई गई नीतियाँ, जैसे कि शिक्षा, कौशल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा में निवेश आर्थिक गतिशीलता को बढ़ाती हैं तथा अंतर–पीढ़ीगत (inter-general) गरीबी को कम कर सकती हैं।
4. आर्थिक वृद्धि एवं विकास (**Economic Growth and Development**):– आर्थिक कल्याण सतत् आर्थिक वृद्धि एवं विकास के लिए आवश्यक है। एक स्वस्थ व समृद्ध जनसंख्या उत्पादक क्षमता, नवाचार एवं उद्यमशीलता में योगदान देती है जो दीर्घकालिक आर्थिक समृद्धि को बढाती है।
5. सार्वजनिक नीति प्राथमिकताएँ (**Public Policy Priorities**):– आर्थिक कल्याण के महत्व को पहचानते हुए, सरकारें एवं नीति निर्माता समावेशी विकास को बढ़ावा देने, गरीबी को कम करने तथा सामाजिक–आर्थिक असमानताओं को दूर करने के उद्देश्य से नीतियों को प्राथमिकता देते हैं। स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, आधारभूत अवसंरचना एवं सामाजिक सुरक्षा में निवेश ऐसी नीतियों के प्रमुख घटक हैं।
6. वैश्विक प्रतिस्पर्धा एवं सहयोग (**Global Competition and Cooperation**):– आर्थिक कल्याण के उच्च स्तर वाले देश प्रायः: वैश्विक अर्थव्यवस्था में अधिक प्रतिस्पर्धी होते हैं तथा क्षेत्रीय व

अंतर्राष्ट्रीय चुनौतियों के समय सहयोग करने हेतु बेहतर स्थिति में होते हैं। आर्थिक सहयोग एवं विकास सहायता वैश्विक आर्थिक कल्याण को उन्नत बनाने तथा विश्व से गरीबी को कम करने में योगदान कर सकती है।

7. पर्यावरणीय वहनीयता एवं समुत्थानशीलता (**Environmental Sustainability and Resilience**):– दीर्घकालिक आर्थिक कल्याण पर्यावरणीय स्थिरता एवं समुत्थानशीलता पर निर्भर करता है। जलवायु परिवर्तन व संसाधनों की कमी जैसी पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान करना आर्थिक समृद्धि की रक्षा तथा भावी पीढ़ियों की भलाई सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है।
8. जीवन की गुणवत्ता एवं आनन्द (**Quality of Life and Happiness**):– आर्थिक कल्याण जीवन की समग्र गुणवत्ता एवं आनन्द से गहरा सम्बन्ध रखता है, जबकि आर्थिक समृद्धि अकेले खुशी की गारंटी नहीं देती है। यह व्यक्तियों एवं समुदायों को संतुष्टिपूर्ण जीवन जीने तथा अपनी आकांक्षाओं को प्राप्त करने के लिए संसाधन व अवसर प्रदान करती है।

आर्थिक कल्याण में व्यक्तियों व समाजों के आर्थिक कल्याण के विभिन्न आयाम सम्मिलित हैं, जिसमें आय, रोजगार, संसाधनों तक पहुँच एवं जीवन की समग्र गुणवत्ता निहित होते है। यह आर्थिक विकास, शिक्षा, सामाजिक नीतियों, तकनीकी प्रगति एवं पर्यावरणीय स्थिरता सहित कारकों के एक जटिल परस्पर क्रिया से प्रभावित होता है।

कालखण्ड एवं संस्कृतियों के अन्तर्गत आनन्द व कल्याण (Happiness and Well-Being Across Time and Cultures)

प्रसन्नता एवं कल्याण सार्वभौमिकता की विशेषता से युक्त होती हैं। इसने विभिन्न कालखण्डों एवं संस्कृतियों के दौरान (across time and cultures) व्यक्तियों, विद्वानों तथा दार्शनिकों को आकर्षित किया है। आनन्द व कल्याण की गतिकी (dynamics) का अवबोध न केवल व्यक्तिगत उत्कर्ष के लिए आवश्यक है, बल्कि सामाजिक विकास (societal development) एवं नीति निर्माण (policy formulation) के लिए भी महत्वपूर्ण है। अग्रांकित पंक्तियों में विभिन्न समय अवधि एवं सांस्कृतिक संदर्भों में खुशी व कल्याण की अवधारणात्मक परिवर्तन तथा भिन्नता की जाँच–पड़ताल की गयी है।

आनन्द व कल्याण का ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य

(**Historical Perspectives on Happiness and Well-Being**)

विभिन्न कालावधि तथा संस्कृति व सभ्यताओं के सम्पूर्ण ऐतिहासिक कालखण्ड में दार्शनिकों, धर्मशास्त्रियों एवं विचारकों द्वारा आनन्द व कल्याण की अवधारणा पर विचार किया गया है। अरस्तू जैसे प्राचीन यूनानी दार्शनिकों ने यूडेमोनिया (eudaimonia) पर विचार–विमर्श किया है, जिसका अनुवाद उत्कर्ष (flourishing) या अच्छी तरह से जीना (living well) के रूप में किया जाता है, जो मानव के भलाई व सुख के लिए सद्गुणों (virtues) एवं पूर्णता (fulfillment) की खोज पर बल देता है। इसी प्रकार बौद्ध धर्म व दर्शन ने सचेतनता (mindfulness) एवं सांसारिक इच्छाओं से अलगाव (detachment from worldly desires) जैसी अभ्यास प्रथाओं के माध्यम से आंतरिक शांति (inner peace) व संतुष्टि (contentment) की प्राप्ति पर बल दिया है।

कालान्तर में ज्ञानोदय युग के दौरान आनन्द की धारणाओं में परिवर्तन देखा गया जो व्यक्तिवाद की ओर उन्मुख थीं। जॉन लॉक (John Locke) एवं थॉमस जेफ़रसन (Thomas Jefferson) जैसे विचारकों ने मौलिक मानवीय प्रयास (fundamental human endeavor) के रूप में आनन्द की खोज के अधिकार पर बल दिया। 20वीं शताब्दी के दौरान मनोवैज्ञानिकों ने आनन्द का अनुभवजन्य अध्ययन (empirical study) प्रारम्भ किया, जिसमें मास्लो की आवश्यकताओं का पदानुक्रम (Maslow's hierarchy of needs) तथा सकारात्मक मनोविज्ञान (positive psychology) जैसे सिद्धांतों का विकास हुआ। आनन्द का अनुभवजन्य अध्ययन व्यक्ति के उन शक्तियों एवं गुणों पर ध्यान केंद्रित करता है जो कल्याण में योगदान करते हैं।

आनन्द व कल्याण तथा सांस्कृतिक विविधताएँ

(**Happiness as wel as Well-Being and Cultural Variations**)

संस्कृति प्रसन्नता एवं कल्याण का अवबोध व अनुभव (understanding and experience) को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कुछ संस्कृतियाँ व्यक्तिगत उपलब्धि (individual achievement) तथा भौतिक सफलता (material success) को प्राथमिकता देती हैं तो कुछ अन्य

सांप्रदायिक सद्भाव (communal harmony) व आध्यात्मिक पूर्ति (spiritual fulfillment) पर बल देती हैं। विविध सांस्कृतिक पर्यावरण में आनन्द व कल्याण के प्रति अभिवृत्ति एवं अवबोध भी भिन्न–भिन्न हो सकता है, जिसको अग्रांकित अनुच्छेदों में स्पष्ट किया गया है–

❖ मूल्य एवं सांस्कृतिक विविधताएँ (**Values and Cultural Variations**):– विभिन्न संस्कृतियाँ उन विशिष्ट मूल्यों को प्राथमिकता देती हैं जो आनन्द में योगदान करते हैं। पश्चिमी समाजों की व्यक्तिवादी संस्कृतियाँ प्रायः व्यक्तिगत उपलब्धि एवं स्वायत्तता (personal achievement and autonomy) पर बल देती हैं, जबकि पूर्वी समाजों में प्रचलित सामूहिक संस्कृतियाँ सामंजस्यपूर्ण संबंधों तथा सामाजिक जुड़ाव (harmonious relationships and social connectedness) को प्राथमिकता देती हैं।

❖ सांस्कृतिक मानदंड एवं प्रथाएँ (**Cultural Norms and Practices**):– अनुष्ठान (rituals), परम्पराएँ (traditions) एवं सामाजिक प्रथाएँ (social practices) भलाई को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उदाहरण के लिए, कुछ संस्कृतियों में आनन्द व कल्याण के लिए परिवार, समुदाय एवं सामाजिक समर्थन (social support) पर विशेष बल दिया जाता है जबकि कुछ में व्यक्तिगत उत्कर्ष को ही सब कुछ माना जाता है।

❖ आर्थिक एवं सामाजिक कारक (**Economic and Social Factors**):– सामाजिक–आर्थिक स्थितियाँ भलाई व खुशहाली को प्रभावित करती हैं। हालाँकि आर्थिक समृद्धि आनन्द व कल्याण में योगदान दे सकती है, तथापि यह खुशहाली व भलाई का एकमात्र निर्धारक तत्व नहीं है। सामाजिक समानता, शिक्षा की उपलब्धता, सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाएँ तथा सामुदायिक भावनाएँ जैसे कारक भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

❖ अनुकूलन एवं सांस्कृतिक विकास (**Adaptation and Cultural Evolution**):– सुखमय ट्रेडमिल (hedonic treadmill) की अवधारणा से पता चलता है कि व्यक्ति अपनी परिस्थितियों के अनुसार अनुकूलन करते हैं। इस अवधारणा की मान्यता है कि मात्र संपत्तियों में होने वाली निरंतर वृद्धि से टिकाऊ खुशी नहीं मिल सकती है। सफलता, पूर्ति एवं कल्याण के अनुसरण के प्रति सांस्कृतिक दृष्टिकोण (Cultural attitudes toward success, fulfillment, and the pursuit of well-being) समय के साथ परिवर्तित होते रहते है।*

समसामयिक परिप्रेक्ष्य (**Contemporary Perspectives**):

वैश्वीकरण एवं सांस्कृतिक आदान–प्रदान (**Globalization and Cultural Exchange**):– वैश्वीकरण ने विचारों व मूल्यों के आदान–प्रदान को आसान एवं सुविधाजनक बनाया है। वैश्वीकरण ने विश्व के विभिन्न भागों में आनन्द व कल्याण को कैसे देखा व अपनाया जाता है को समझने का अवसर प्रदान किया है।

प्रौद्योगिकी एवं सोशल मीडिया (**Technology and Social Media**):– डिजिटल युग ने आनन्द व कल्याण के लिए नई चुनौतियाँ एवं अवसर पेश किया हैं। हाँलाकि प्रौद्योगिकी डिजिटल मंच प्रदान कर लोगों को जोड़ती है, इसके बावजुद भी इसने मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण की धारणा को सार्थक रूप से प्रभावित किया है।

पर्यावरण चेतना (**Environmental Consciousness**):– कल्याण से सम्बन्धित समसामयिक चर्चाओं में पर्यावरणीय स्थिरता एवं मानव व पृथ्वी के स्वास्थ्य के अंतर्सम्बंध पर विचार तेजी से सम्मिलित हो रहे हैं।

क्रॉस–सांस्कृतिक (Cross-cultural) अध्ययनों ने आनन्द के अभिव्यक्तियों के विभिन्न स्वरूपों को उजागर किया है। कुछ संस्कृतियों में आर्थिक संकेतकों के स्तर में कमी होने के बावजूद व्यक्तिपरक कल्याण का स्तर उच्च होता हैं, जो भौतिक समृद्धि से सम्बद्ध खुशी की पश्चिमी धारणाओं को चुनौती देते हैं। उदाहरण के लिए, डायनर एवं अन्य (2003) द्वारा किए गए शोध ने 14 देशों में व्यक्तिपरक कल्याण की तुलना की और पाया कि सामूहिकता (collectivism) तथा सामाजिक सम्बंधों (social relationships) जैसे सांस्कृतिक कारक व्यक्तियों के आनन्द के स्तर को सार्थक रूप से प्रभावित करते हैं। इसी प्रकार सांस्कृतिक विभिन्नताओं (cultural differences) का आनन्द पर होने वाले प्रभाव से सम्बन्धित अध्ययनों ने सांस्कृतिक मानदंडों (norms), मूल्यों (values) एवं सामाजिक संरचनाओं (social structures) के व्यक्तिपरक कल्याण पर प्रभाव को उजागर किया है (ओशी एवं डायनर, 2014)।

कालिक परिवर्तन एवं आनन्द व कल्याण

(**Temporal Changes and Happiness as well as Well-Being**):

मनुष्य सर्वदा से आनन्द की खोज एवं प्राप्ति का प्रयास करता रहा है। समय के साथ होने वाले सामाजिक व सांस्कृतिक परिवर्तन व्यक्तियों के कल्याण से सम्बन्धित धारणाओं को प्रभावित करते रहें हैं। तकनीकी प्रगति (technological advancements), आर्थिक उतार–चढ़ाव (economic fluctuations)

*हेडोनिक ट्रेडमिल की अवधारणा को ब्रिकमैन एवं कैंपबेल (Brickman and Campbell)नेअपने लेख"Hedonic Relativism and Planning the Good Society" (1971) में प्रस्तावित किया था, जो लोगों की बाहरी घटनाओं तथा जनसांख्यिकीय परिस्थितियों में उतार–चढ़ाव के बावजूद आनन्द के आधारभूत व स्थिर स्तर को बनाए रखने की प्रवृत्ति का वर्णन करता है।

तथा सामाजिक–राजनीतिक बदलाव (sociopolitical shifts) लोगों के आनन्द या खुशी एवं जीवन संतुष्टि (life satisfaction) की भावना को प्रभावित करते हैं। दशकों से आनन्द के अवधारणा में होने वाले परिवर्तनों पर नज़र रखने वाले अनुदैर्ध्य अध्ययन (longitudinal studies) इस सम्बन्ध में व्यापक अंतर्दृष्टि प्रदान करते है कि सामाजिक परिवर्तन किस तरह से कल्याण को प्रभावित करते हैं। उदाहरण के लिए ईस्टरलिन (1974) द्वारा किए गए शोध ने ईस्टरलिन विरोधाभास (Easterlin paradox) को प्रस्तावित किया, जिसमें यह बताया गया है कि आर्थिक विकास से व्यक्तिगत आय में वृद्धि हो सकती है परन्तु आवश्यक नहीं है कि यह सामाजिक स्तर पर आनन्द को बढ़ाने में सहायक हो। बाद के अध्ययनों में इस विरोधाभास की वैधता पर प्रश्न भी उठाये गये, जिसमें कुछ विद्वानों ने प्रस्ताव दिया कि व्यक्तिपरक कल्याण वास्तव में बढ़ती आय के स्तर के कारण बढ़ सकता है, किन्तु घटते प्रतिफल (diminishing returns) के साथ (स्टीवेन्सन एवं वोल्फर्स, 2008)।

आनन्द व कल्याण सांस्कृतिक, ऐतिहासिक तथा व्यक्तिगत कारकों द्वारा आकार लेने वाला एक प्रकार का जटिल अन्वय (complex construct) हैं। इन कारकों के मध्य परस्पर अन्तर्क्रिया का अवबोध मानव उत्कर्ष के उद्देश्य से नीतियों एवं हस्तक्षेपों के निर्धारण एवं क्रियान्वयन के लिए महत्वपूर्ण है।

पारिस्थितिकी–विविधता तथा भावनात्मक पारिस्थितिकी तंत्र (**Eco-Diversity and the Emotional Ecosystem**)

पारिस्थितिकी–विविधता जिसे जैव–विविधता के रूप में भी जाना जाता है, पृथ्वी पर जीवन की विविधता को संदर्भित करता है, जिसमें विविन्न प्रजातियाँ (species), पारिस्थितिक तंत्र (ecosystems) तथा आनुवंशिक विविधता (genetic diversity) सम्मिलित है। जीवन का यह जटिल संजाल हमारे ग्रह 'पृथ्वी' के स्वास्थ्य को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भावनात्मक पारिस्थितिकी तंत्र एक विकसित अवधारणा है जो मानवीय भावनाओं (human emotions), कल्याण (well-being) तथा पर्यावरण के अंतर्सम्बंध (interconnectedness) पर बल देता है। निम्नांकित बिन्दुओं में पर्यावरण–विविधता तथा भावनात्मक पारिस्थितिकी तंत्र के मध्य व्याप्त सम्बंधों की जाँच–पड़ताल की गयी है।

पारिस्थितिकी–विविधता तथा इसका महत्व (**Eco-Diversity and Its Importance**):

पृथ्वी जीवन के आश्चर्यजनक एवं नानाविध स्वरूपों का घर है, जिसमें सूक्ष्म जीवों से लेकर विशाल वृक्षों तक का अस्तित्व हैं। जैव विविधता की यह समृद्ध रंगपटल पारिस्थितिक तंत्र की स्थायित्व एवं लचीलेपन में योगदान करती है, जिससे बदलती पर्यावरणीय परिस्थितियों के अनुकूल होने की क्षमता निर्धारित होती है। पारिस्थितिकी तंत्र की संक्रियाएँ, जैसे परागण (pollination), जल शुद्धिकरण (water purification) एवं जलवायु विनियमन (climate regulation) हमारे ग्रह के पारिस्थितिकी तंत्र को बनाने वाली प्रजातियों की विविध श्रृंखला द्वारा प्रभावित होती हैं। शिकारी एवं शिकार (predator and prey) के मध्य जटिल संतुलन (intricate balance), प्रजातियों के मध्य सहजीवी संबंध (symbiotic relationships) तथा पोषक चक्र का जटिल अन्योन्याश्रितता पृथ्वी के स्वास्थ्य को बनाए रखने में पर्यावरण–विविधता के महत्व को रेखांकित करते हैं।

पर्यावरण–विविधता मनुष्यों के लिए प्रेरणा, खोज एवं आश्चर्य का स्रोत है। जीवन व जीवों के रूपों की विविधता वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए स्रोत के रूप में कार्य करती है। इसने अनगिनत चिकित्सकीय खोजों, तकनीकी नवाचारों तथा प्राकृतिक दुनिया की गहन अवबोध का आधार प्रदान किया है। जैव विविधता सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक प्रथाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह प्रकृ

ति के साथ अनेक अदिवासी समुदायों के विशिष्ट भावनात्मक संबंधों का निर्धारण करती है जो उनके पहचान के अभिन्न अंग होते है।

भावनात्मक पारिस्थितिकी तंत्र तथा मानव कल्याण

(The Emotional Ecosystem and Human Well-being)

भावनात्मक पारिस्थितिकी तंत्र एक ऐसी अवधारणा है जो मानवीय भावनाओं तथा मानसिक कल्याण पर पर्यावरण के गहरे प्रभाव को स्वीकार करती है। जिस तरह पारिस्थितिकी तंत्र लचीलेपन के लिए विविधता पर निर्भर करता है, उसी तरह पारिस्थितिकी विविधता मनुष्य को संपोषण एवं विकसित होने योग्य अनुकूल वातावरण भी प्रदान करती है। अध्ययनों से पता चलता है कि प्रकृति के संपर्क में रहने से मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है जिससे तनाव, चिंता एवं अवसाद कम होता है।

भावनात्मक पारिस्थितिकी तंत्र का विस्तार अन्य जीवित प्राणियों के साथ हमारे संबंधों तक भी है। जानवरों का साथ, हरे–भरे स्थानों में मिलने वाली सांत्वना तथा जीवन के व्यापक परिप्रेक्ष्यों के साथ अंतर्सम्बंध की भावना भावनात्मक भलाई में योगदान करती है। तेजी से नगरीकरण की ओर बढ़ती तथा तथा प्रकृति से कटती जा रही दुनिया में पर्यावरण–विविधता को संरक्षित करना न केवल एक पारिस्थितिकीय अनिवार्यता है, बल्कि मानव के भावनात्मक कल्याण को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण कदम भी है।

पारस्परिक सम्बंध (The Reciprocal Relationship):

पारिस्थितिकी विविधता एवं भावनात्मक पारिस्थितिकी तंत्र के मध्य पारस्परिक सम्बंध प्राकृतिक जगत् व मानव कल्याण के जटिल अंतर्क्रिया को रेखांकित करता है। पारिस्थितिक विविधता किसी क्षेत्र विशेष के पर्यावरण की प्रजातियों, पारिस्थितिकी तंत्र एवं आनुवंशिक विविधता को सम्मिलित करते हुए शारीरिक व मनोवैज्ञानिक पोषण हेतु आवश्यक संसाधन प्रदान करके भावनात्मक पारिस्थितिकी तंत्र को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करती है। अध्ययनों ने यह दिखाया है कि जैव विविधता से भरपूर विविध प्राकृतिक वातावरण के संपर्क में आने से मानसिक स्वास्थ्य परिणामों में सुधार होता है, जिसमें तनाव के स्तर में कमी, चित्तप्रकृति में सुधार तथा समग्र कल्याण में वृद्धि सम्मिलित है। यह सम्बन्ध उस

गहन प्रभाव को उजागर करता है जो पारिस्थितिक विविधता के संरक्षण एवं बहाली से मानव समुदायों में लचीले भावनात्मक पारिस्थितिकी तंत्र (emotional ecosystem) को बढ़ावा देने पर पड़ सकता है।

भावनात्मक पारिस्थितिकी तंत्र जो किसी समाज या समुदाय के व्यक्तियों के सामूहिक भावनात्मक अनुभवों, परामपरगत मान्यताओं व अनुष्ठानों तथा धारणाओं से निर्मित होता है, पर्यावरण संरक्षण प्रयासों के प्रति दृष्टिकोण व व्यवहार को आकार देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सहानुभूति, प्रकृति से जुड़ाव तथा संरक्षण की भावना से युक्त एक सकारात्मक भावनात्मक पारिस्थितिकी तंत्र जैव विविधता एवं पर्यावरणीय स्थिरता के लिए प्रयास को बढ़ावा देता है। जो व्यक्ति अपने आस–पास के वातावरण से भावनात्मक रूप से जुड़ा महसूस करते हैं, वे पर्यावरण अनुकूल, संरक्षण पहलों की वकालत तथा पारिस्थितिक विविधता को संरक्षित करने वाले प्रयासों में सक्रिय योगदान देने की अधिक संभावना रखते हैं। अस्तु पारिस्थितिक विविधता एवं भावनात्मक पारिस्थितिकी तंत्र का पारस्परिक संबंध मानव एवं पर्यावरण के मध्य सामंजस्यपूर्ण सह–अस्तित्व (harmonious co-existence) को विकसित करने के लिए प्राकृतिक एवं भावनात्मक दोनों परिदृश्यों को पोषित करने के महत्व को रेखांकित करता है।

इसके विपरीत पारिस्थितिक तंत्र के क्षरण तथा जैव विविधता के हानि से व्यक्तियों एवं समुदायों की भावनात्मक भलाई पर हानिकारक प्रभाव पड़ सकता है। प्राकृतिक आवासों की समाप्ति, प्रजातियों का विलुप्त (extinction of species) होना तथा जलवायु परिवर्तन (climate change) के कारण होने वाले व्यवधान दुःख, उदासी एवं पर्यावरण से अलगाव की भावना उत्पन्न कर सकते हैं। एत्दर्थ पर्यावरण–विविधता एवं भावनात्मक पारिस्थितिकी तंत्र जो जटिल रूप से आपस में जुड़े हुए हैं, के संबंध को पहचानना तथा पोषित करना मनुष्य व प्राकृतिक जगत् के मध्य सामंजस्यपूर्ण संबंध को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण है। जैसा कि हम पर्यावरण–विविधता का संरक्षण एवं पुनर्स्थापन (conservation and restoration) का प्रयास करते हैं, हम एक साथ वर्तमान व भविष्य की पीढ़ियों की भावनात्मक भलाई में निवेश करते हैं तथा एक सहजीवी संबंध की स्थापना करते हैं जो पृथ्वी पर जीवन के सभी पक्षों को लाभान्वित करता है।

धन एवं आनन्द (**Wealth and Happiness**)

भौतिकवाद से परे धन व आनन्द के सम्बन्धों का अन्वेषण

(**Exploring the Relationship between Wealth and Happiness: Beyond Materialism**)

"सच्चा आनन्द मात्र पैसा होने से नहीं आता है, बल्कि किसी के धुन एवं रचनात्मक प्रयासों को आगे बढ़ाने की प्रसन्नता से आता है। यह केवल धन जमा करने के बजाय कुछ सार्थक सृजन की प्रक्रिया में पूर्ति के महत्व पर बल देता है।।" —फ्रैंकलिन डी. रूजवेल्ट

"True happiness doesn't come from just having money, but rather from the joy of pursuing one's passions and creative endeavors.It emphasizes the importance of finding fulfillment in the process of creating something meaningful, rather than just accumulating wealth. " - Franklin D. Roosevelt

"पैसा और वो चीज़ें होना अच्छी बात है जो पैसे से खरीदी जा सकती हैं, लेकिन यह भी अच्छा है कि आप कभी—कभार जाँच लें एवं सुनिश्चित करें कि आपने वो चीज़ें नहीं खोई हैं जो पैसे से नहीं खरीदी जा सकतीं।" —जॉर्ज लॉरिमर

"It's good to have money and the things that money can buy, but it's good, too, to check up once in a while and make sure that you haven't lost the things that money can't buy." - George Lorimer

प्रायः धन को खुशी या आनन्द की प्राप्ति का एक महत्वपूर्ण कारक माना जाता है। धन एवं खुशी के मध्य संबंध व्यापक शोध व बहस का विषय रहा है। धन खुशी के लिए आवश्यक होता है, इस विचाारधारा के समर्थकों का तर्क है कि धन खुशी में योगदान करने वाले संसाधनों एवं अनुभवों तक पहुँचने का माध्यम होता है। धन देशाटन, सुरक्षा, विश्राम, अवकाश के क्षणों का सदुपयोग आदि के लिए संसाधन प्रदान करता है। इसके विपरीत मत रखने वाले आलोचकों का तर्क है कि धन की अत्यधिक उत्कण्ठा भौतिकवाद एवं सामाजिक व आर्थिक विषमता को बढ़ाती है तथा सच्ची खुशी के

लिए आवश्यक पहलुओं की उपेक्षा का कारण बन सकती है। यह द्वंद्व हमें धन एवं खुशी के सूक्ष्म संबंधों की गहन विश्लेषण के लिए प्रेरित करता है। अस्तु धन खुशी को प्रभावित कर सकता है परन्तु यह एकमात्र निर्धारक नहीं है। धन एवं जीवन के अन्य पहलुओं के मध्य संतुलन स्थापित करना स्थायी खुशी के लिए महत्वपूर्ण है। अग्रलिखित पंक्तियों में धन व आनन्द के मध्य सम्बन्धों का बिंदुवार विश्लेषण किया है।

खुशी धन पर निर्भर करती है (**Happiness Depends on Wealth**):–

- धन किसी के जीवन में स्वायत्तता एवं नियंत्रण (Autonomy and Control) की भावना प्रदान करता है, जो कल्याण में योगदान देता है। विकल्प चुनने की क्षमता तथा कुछ सीमा तक वित्तीय स्वतंत्रता होने से खुशी पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

- धन उन संसाधनों तक पहुँच प्रदान करता है जो भोजन, आवास, स्वास्थ्य व शिक्षा जैसी आधारभूत आवश्यकताओं को पूर्ण करते हैं। ये आधारभूत आवश्यकताएँ खुशी के अनिवार्य घटक हैं। इन आवश्यकताओं की पुर्ति आनन्द एवं भलाई के लिए अपरिहार्य है। आर्थिक सुरक्षा वित्तीय अस्थिरता से जुड़े तनाव एवं चिंता को कम करके कल्याण की भावना में योगदान करती है।

- आर्थिक समृद्धि, सुरक्षा एवं स्थिरता की भावना को जन्म देती है तथा तनाव एवं चिंता के स्तर को कम करती है, जिससे समग्र कल्याण में वृद्धि हो सकती है।

- काहनमन एवं डीटन (2010), अपने अध्ययन के आधार पर कहते है कि शोध का परिणाम आय स्तर एवं खुशी के मध्य सकारात्मक सहसंबंध को इंगित करता है तथा यह सुझाव देता है कि धन प्रायः व्यक्तिपरक कल्याण के उच्च स्तर से मेल खाता है (Kahneman & Deaton, 2010).

खुशी धन से परे है (**Happiness is Beyond Wealth**):–

- धन खुशी में योगदान देता है किन्तु इसका प्रभाव एक निश्चित सीमा के बाद कम होता जाता है। बुनियादी जरूरतों की पुर्ति हो जाने के पश्चात् अतिरिक्त धन खुशी में उल्लेखनीय वृद्धि नहीं कर पाता है।
- हेडोनिक ट्रेडमिल (Hedonic Treadmill) अनुकूलन सिद्धांत (adaptation theory) यह बताता है कि व्यक्तियों की आनन्द या खुशी के स्तर में वृद्धि या कमी अस्थायी होती है, अन्ततोगत्वा सकारात्मक या नकारात्मक दिशा में जाने के पश्चात् खुशी, वृद्धि या कमी से अपने पूर्व स्तर (आधारभूत स्तर) पर लौट आती है, अर्थात् धन में वृद्धि से होने वाली खुशी अस्थायी होती है तथा अपने पूर्व स्तर आ जाती हैं। (ब्रिकमैन एवं कैंपबेल, 1971) (Brickman & Campbell, 1971)।
- भौतिक संपत्ति एवं धन सुखवादी अनुकूलन (hedonic adaptation) को भी जन्म दे सकता है, जिससे अधिक धन की अभिलाषा एक कभी न खत्म होने वाला चक्र बन जाती है, जो अंततः खुशी को कम कर देती है (वैन बोवेन और गिलोविच, 2003) (Van Boven & Gilovich, 2003)।

धन खुशी के लिए सब कुछ नहीं है (**Wealth is Not Everything for Happiness**):–

खुशी में धन से इतर अन्य विभिन्न आयाम भी सम्मिलित हैं, जिसमें सकारात्मक सम्बन्ध, स्वास्थ्य, व्यक्तिगत विकास तथा अर्थ एवं उद्देश्य की भावना मुख्य है।

- मजबूत सामाजिक सम्पर्क एवं सकारत्मक सम्बन्ध खुशी पर गहरा प्रभाव डालते हैं, जो प्रायः धन के प्रभाव से अधिक होता है (डायनर एवं सेलिगमैन, 2002) (Diener & Seligman, 2002).।
- स्वयंसेवा, शौक पूरा करना तथा प्रियजनों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताना जैसी गतिविधियाँ वित्तीय स्थिति की परवाह किए बिना खुशी में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं।

धन एवं आनन्द का संतुलन (**Balancing Wealth and Happiness**):–

- स्थायी आनन्द के लिए धन तथा जीवन के अन्य पहलुओं के मध्य संतुलन कायम रखना आवश्यक है। इसके लिए भौतिक संपत्ति पर अनुभवों एवं सम्बन्धों को प्राथमिकता देना जरूरी है।
- ध्यान सचेतनता एवं कृतज्ञता (mindfulness and gratitude) जैसे अभ्यास संतोष पैदा कर सकते हैं तथा अत्यधिक धन की इच्छा को कम कर सकते हैं जिससे अधिक संतुष्टिपूर्ण जीवन प्राप्त होता है (ल्यूबोमिर्स्की, 2007) (Lyubomirsky, 2007)।
- व्यक्तिगत विकास, करुणा एवं सामुदायिक भागीदारी जैसे आंतरिक लक्ष्यों पर बल देने से संतुष्टि की भावना बढ़ती है जो भौतिक संपदा से परे होती है (कैसर व रयान, 1993) (Kasser & Ryan, 1993)।

धन एवं खुशी के मध्य अन्य सम्बंध (**Other Relations between Wealth and Happiness**):–

- आनन्द न केवल व्यक्ति की निरपेक्ष आय (absolute) बल्कि सापेक्ष आय (relative income) तथा सामाजिक तुलना (social comparison) से भी प्रभावित होता है। लोग प्रायः अपनी आय व जीवनशैली की तुलना दूसरों से करते हैं। सापेक्ष आय खुशी को सार्थक रूप से प्रभावित करती है। प्रायः यह देखने में आता है कि व्यक्ति जब अपने साथियों की तुलना में कम धनार्जन करते हैं तो उनके संतुष्टि के स्तर में कमी हो जाती है, जो उनके आनन्दभाव को नकारात्मक रूप से प्रभावित करता हैं।
- घटती सीमांत उपयोगिता (Diminishing Marginal Utility) की अवधारणा से पता चलता है कि आय की प्रत्येक अतिरिक्त इकाई पिछली इकाई की तुलना में खुशी में कम योगदान देती है। अस्तु एक निश्चित सीमा के बाद खुशी पर अतिरिक्त आय का प्रभाव कम हो जाता है।
- व्यक्तिगत अंतर (Individual differences), व्यक्तित्व लक्षण (personality traits) तथा मानसिकता (mindset) इस बात के निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं कि धन खुशी को कैसे प्रभावित करता है। कुछ लोगों के लिए भलाई का आशय वित्तीय सफलता होती है जबकि अन्य जीवन के गैर–भौतिक पहलुओं को प्राथमिकता देते हैं।

- ❖ आय की असमानता सामाजिक सामंजस्य, सहयोग एवं विश्वास को कम कर सकती है, जिससे समग्र खुशी के स्तर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है (विल्किन्सन एवं पिकेट, 2009) (Wilkinson & Pickett, 2009).।
- ❖ आर्थिक मंदी एवं वित्तीय अस्थिरता से तनाव बढ़ सकता है तथा मानसिक स्वास्थ्य सम्बंधी समस्याएँ हो सकती हैं जिससे लोगों के व्यक्तिपरक कल्याण में गिरावट आ सकती है (ओशी एवं केसेबीर, 2015)(Oishi & Kesebir, 2015)।
- ❖ सांस्कृतिक अंतर धन की धारणा एवं खुशी के संबंधों को प्रभावित करते हैं, जो इस जटिल गतिशीलता को समझने में संदर्भगत कारकों के महत्व को उजागर करता है (डायनर एवं अन्य 2003) (Diener et al., 2003)।

अस्तु कहना होगा कि धन एवं खुशी के मध्य का संबंध बहुआयामी है, जिसमें सकारात्मक व नकारात्मक दोनों आयाम सम्मिलित हैं। धन संसाधनों व अवसरों तक पहुँच प्रदान करके आनन्द में अभिवृद्धि करता है किन्तु इसका प्रभाव एक निश्चित सीमा तक ही है। वास्तविक खुशी भौतिकवाद से परे है जिसमें जीवन के विभिन्न पहलु जैसे सम्बन्ध, स्वास्थ्य, व्यक्तिगत विकास एवं उद्देश्य की भावना सम्मिलित है। धन एवं इन पहलुओं के मध्य संतुलन स्थापित करना स्थायी कल्याण के लिए महत्वपूर्ण होता है। धन एवं आनन्द के मध्य सम्बन्धों के इन जटिलताओं को पहचानकर तथा खुशी के प्रति समग्र दृष्टिकोण को अपनाकर, व्यक्ति एवं समाज अधिक पूर्ण व सार्थक अस्तित्व के लिए प्रयास कर सकते हैं।

कल्याण के संदर्भ में धन व सामाजिक अभिव्यक्ति

(**Money and Social Expression with Reference to Well-being**)

धन एवं सामाजिक अभिव्यक्ति मानव जीवन के दो परस्पर सम्बन्धित कारक हैं, जो कल्याण या भलाई पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालते हैं। दोनों तत्व व्यक्तियों के अनुभव, संतुष्टि एवं समग्र आनन्द को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इन पहलूओं का सविस्तार विवेचन अग्राकिंत अनुच्छेदों मे किया गया है।

पैसा व कल्याण (Money and Well-Being)

- ❖ जीवन की गुणवत्ता (**Quality of Life**):– आधारभूत आवश्यकताओं को पूर्ण करने के अलावा पैसा व्यक्तियों को अपने जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने में भी सक्षम बनाता है। यह शिक्षा, अवकाश गतिविधियों तथा अन्य विविध अनुभवों तक पहुँच प्रदान करता है जो समग्र जीवन संतुष्टि में सार्थक योगदान करते हैं। मार्क ट्वेन का तो इस सम्बन्ध में अतिवादी सोच है, उनके अनुसार– "पैसे की कमी सभी बुराइयों की जड़ है।" ("The lack of money is the root of all evil." - Mark Twain)
- ❖ तनाव में कमी (**Reduced Stress**):– वित्तीय स्थिरता तनाव के निम्न स्तर से जुड़ी होती है। अतिशय वित्तीय जिम्मेदारियों का बोझ जैसे अधिक कर्ज, स्वास्थ्य बिल, बच्चों की शिक्षा या दैनिक खर्चों को पूरा करने की चिंताएँ व्यक्ति में तनाव उत्पन्न कर सकती हैं। समुचित वित्तीय सहायता सुलभ हो जाने से ये चिंताएँ कम हो सकती हैं।
- ❖ दीर्घकालिक लक्ष्य (**Long-Term Goals**):– घर का स्वामित्व, तीर्थ यात्रा या सेवानिवृत्ति जैसे दीर्घकालिक लक्ष्यों को पूरा करने में पैसा महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भविष्य के लिए योजना बनाने एवं व्यक्तिगत आकांक्षाओं को प्राप्त करने की क्षमता उद्देश्य व पूर्ति की भावना में योगदान करती है।
- ❖ आय असमानता (**Income Inequality**):– यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि धन व कल्याण के मध्य जटिल संबंध होता है। अत्यधिक आय असमानता एवं सामाजिक तनाव को जन्म दे सकती है तथा आर्थिक दृष्टि से निचले छोर पर मौजूद लोगों की भलाई पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है।

सामाजिक अभिव्यक्ति एवं कल्याण (Social Expression and Well-Being):

- ❖ सामाजिक सम्बंध (**Social Connections**):– सामाजिक अभिव्यक्ति का आशय यह होता है कि व्यक्ति अपने सामाजिक वातावरण से कैसे जुड़ता हैं तथा समाज द्वारा उसे कैसे समझा जाता है। सकारात्मक सामाजिक संबंध अपनेपन की भावना तथा समग्र कल्याण को बढाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मनुष्य स्वाभाविक रूप से सामाजिक प्राणी हैं। सार्थक सामाजिक सम्बंधों में

संलग्न होने से सहायता, समर्थन, समझ एवं मान्यता का सुदृढ़ीकरण होता है, जो मानसिक व भावनात्मक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए आवश्यक हैं। शोधों से यह पता चलता है कि मजबूत सामाजिक संबंध वाले व्यक्ति तनाव, चिंता एवं अवसाद के कम स्तर का अनुभव करते हैं। इसके अलावा ये संबंध जीवन में खुशी, पूर्ति एवं उद्देश्य के स्रोत के रूप में भी कार्य करते हैं। चाहे वह मित्रता, पारिवारिक बंधन या सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से हो, सामाजिक संबंधों को बढ़ावा देना हमारे जीवन को समृद्ध बनाता है तथा हमारी समग्र आनन्द व कल्याण की भावना में महत्वपूर्ण योगदान देता है। एतद्दर्थ सार्थक सम्बन्धों को प्राथमिकता देना तथा उनमें निवेश करना न केवल हमारी सामाजिक अभिव्यक्ति बल्कि हमारे जीवन की समग्र गुणवत्ता पर भी सकारात्मक प्रभाव डाल सकता है।

- भावनात्मक आलम्ब (**Emotional Support**):– सार्थक संबंध चुनौतीपूर्ण समय के दौरान भावनात्मक समर्थन प्रदान करते हैं। सामाजिक नेटवर्क तनाव के विरूद्ध एक कवच के रूप में कार्य कर सकते हैं तथा सुरक्षा व कल्याण की भावना में योगदान कर सकते हैं।
- व्यक्तिगत विकास (**Personal Growth**): –विविध सामाजिक समूहों के साथ सकारात्मक अन्तर्क्रिया व्यक्तिगत वृद्धि व विकास को प्रोत्साहित करती है। विभिन्न दृष्टिकोणों एवं अनुभवों के संपर्क में आने से किसी का जीवन समृद्ध हो सकता है तथा यह पूर्णता की भावना में योगदान कर सकता है।
- समुदाय व योगदान (**Community and Contribution**):– सामाजिक गतिविधियों में सम्मिलित होने तथा योगदान देने से व्यक्ति व समुदाय में खुशहाली आती है। दयालुता के कार्य एवं सामाजिक योगदान से प्राप्त उद्देश्य की भावना को जीवन की संतुष्टि से जोड़ा गया है।
- अकेलापन व अलगाव (**Loneliness and Isolation**):– एक ओर, सामाजिक अलगाव एवं अकेलापन मानसिक व भावनात्मक कल्याण पर हानिकारक प्रभाव डाल सकता है, तो दूसरी ओर सामाजिक जुड़ाव की कमी तनाव में वृद्धि, अवसाद तथा यहाँ तक कि शारीरिक स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ाती है।

धन एवं सामाजिक अभिव्यक्ति के मध्य अन्तर्क्रिया
(Interaction Between Money and Social Expression)

- सामाजिक स्थिति (**Social Status**):– धन सामाजिक स्थिति को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जिस तरह से व्यक्ति अपनी वित्तीय सफलता या विफलता को अभिव्यक्त करते हैं, वह इस बात को प्रभावित कर सकता है कि उनके सामाजिक वातावरण में उन्हें कैसा माना जाता है।
- भौतिकवाद बनाम अनुभव (**Materialism vs. Experiences**):– सामाजिक अभिव्यक्ति के एक रूप में भौतिक संपत्ति की खोज के मिश्रित प्रभाव हो सकते हैं। शोधों से पता चलता है कि भौतिक संपत्ति की अपेक्षा अनुभवों को प्राथमिकता देना दीर्घकालिक कल्याण में अधिक योगदान देता है।
- कार्य–जीवन संतुलन (**Work-Life Balance**):– सामाजिक सम्बन्धों के साथ कार्य प्रतिबद्धताओं को संतुलित करना महत्वपूर्ण होता है। व्यक्तिगत संबंधों की कीमत पर वित्तीय सफलता पर अत्यधिक बल देने से खालीपन की भावना उत्पन्न होती है तथा खुशहाली में कमी आ सकती है।
- उदारता एवं सामाजिक जुड़ाव (**Generosity and Social Connection**):– वित्तीय साधनों द्वारा समर्थित उदारता के कार्य, सामाजिक संबंधों को मजबूत करते हैं तथा कल्याण में सकारात्मक योगदान दे सकते हैं। दूसरों के साथ संसाधनों को साझा करने से समुदाय एवं परस्पर जुड़ाव की भावना को बढ़ावा मिलता है।

दशम् अध्याय (**Tenth Chapter**)

आध्यात्मिकता एवं कल्याण

(Spirituality and Well-being)

"आध्यात्मिकता यह पहचानना एवं मानना है कि हम सभी एक दूसरे से एक शक्ति द्वारा अटूट रूप से जुड़े हुए हैं जो हम सभी से बड़ी है तथा उस शक्ति एवं एक दूसरे से हमारा संबंध प्रेम और करुणा पर आधारित है। आध्यात्मिकता का अभ्यास हमारे जीवन में परिप्रेक्ष्य, अर्थ एवं उद्देश्य की भावना लाता है।" —ब्रेन ब्राउन

"Spirituality is recognizing and celebrating that we are all inextricably connected to each other by a power greater than all of us, and that our connection to that power and to one another is grounded in love and compassion. Practicing spirituality brings a sense of perspective, meaning and purpose to our lives."

- Brené Brown

"आध्यात्मिकता अधिक विश्वासों व मान्यताओं को अपनाना नहीं है, बल्कि अपने भीतर सर्वश्रेष्ठ को उज़ागर करना है।" —अमित रे

"Spirituality is not adopting more beliefs and assumptions but uncovering the best in you." -AmitRay

आध्यात्मिकता एवं कल्याण मानव जीवन के ऐसे पहलू हैं जिसमें मन, शरीर एवं आत्मा से सम्बन्धित सभी पक्ष सम्मिलित होते हैं। आध्यात्मिकता धर्म से सम्बन्धित होने के बावजुद धार्मिक विश्वास, मान्यताओं एवं अनुष्ठानों से परे है। दूसरी ओर कल्याण, समग्र स्वास्थ्य, खुशी एवं समृद्धि की स्थिति को दर्शाता है। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि आध्यात्मिकता जीवन का एक गम्भीर एवं व्यक्तिगत आयाम है तथा अलग–अलग व्यक्ति अलग– अलग संदर्भ से इसका अर्थ ग्रहण करते हैं। कुछ के लिए यह संगठित धर्म की केंद्रीय भूमिका निभाती है, जबकि अन्य के लिए प्रकृति, कला या

व्यक्तिगत आत्मनिरीक्षण एवं आनन्दानुभूति से सम्बन्धित हो सकती है। आध्यात्मिकता एवं कल्याण के मध्य जटिल सम्बंध होता है तथा प्रत्येक व्यक्ति अपने व्यक्तिगत दृष्टिकोण के अनुसार इसको सन्दर्भित करते है।

अध्यात्मिकता अर्थ एवं संकल्पना (**Spirituality: Meaning, Concept**):

अध्यात्म दो शब्दों अधि+आत्म से मिलकर बना है, अर्थात् आत्मा को जागृत करना ही अध्यात्म है। अन्य शब्दों में जो अपनी आत्मा का जितना अधिक विकास करता है वह उतना ही अधिक आध्यात्मिक होता है। चूँकि आत्मा परमात्मा का अंश है, अस्तु यह पवित्र एवं सद्गुण स्वरूप होती है। एतद्दर्थ सद्गुणों का विकास ही आत्मा का विकास है। पं0 आचार्य श्रीराम शर्मा के अनुसार–"अपनी आत्मा का परिष्कार करना ही अध्यात्म है।"

आध्यात्मिकता एक व्यापक व बहुआयामी अवधारणा है, जिसमें मानव अनुभव, विश्वास प्रणालियों व प्रथाओं के विभिन्न आयाम सम्मिलित है। इसमें किसी व्यक्ति की अर्थ, उद्देश्य तथा स्वयं से अधिक महान किसी शक्ति के साथ भावनात्मक सम्बंध की खोज निहित है। यह आंतरिक अनुभवों, व्यक्तिगत मूल्यों तथा मानव जीवन के उत्कृष्ट गुणों से सम्बन्धित है। आध्यात्मिकता आवश्यक रूप से संगठित धर्म से बँधी नहीं है, क्योंकि यह विभिन्न रूपों जैसे ध्यान, चिंतन एवं अस्तित्व के रहस्यों के बारे में विस्मय व आश्चर्य के भावना में प्रकट हो सकती है। यह एक व्यक्तिगत यात्रा है जो आंतरिक शांति, सद्भाव तथा समस्त ब्राह्मंड के साथ अंतर्सम्बंध की गहन अवबोध उत्पन्न करने का प्रयास करती है। इसे विभिन्न संस्कृतियों, धर्मों व दार्शनिक परंपराओं में अलग–अलग ढंग से समझा गया है तथा अलग–अलग दृष्टिकोण के अनुसार इसकी व्याख्या की गयी है।

अध्यात्मिकता की मुख्य विशेषताएँ (**Main Characteristics of Spirituality**):– अग्रांकित पंक्तियों में आध्यात्मिकता की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख किया गया है–

❖ दैवीय या पारलौकिता से सम्बन्ध (**Connection to the Divine or Transcendent**):– आध्यात्मिकता के अर्थ में एक सामान्य सूत्र एक उच्च शक्ति, दिव्य अस्तित्व, या पारलौकिक वास्तविकता की स्वीकृति है। यह सम्बंध चिंतन, प्रार्थना, ध्यान या अनुष्ठानों के माध्यम से खोजा जाता है।

❖ आंतरिक अनुभव तथा रूपान्तरण (**Inner Experience and Transformation**):– आध्यात्मिकता में व्यक्तिगत व आंतरिक यात्रा सम्मिलित होती है। यह आत्मान्वेषण, आंतरिक शांति एवं ज्ञान की खोज से सम्बन्धित है। आध्यात्मिक पथ पर चलने वाले व्यक्ति व्यक्तिगत रूपान्तरण, विकास तथा स्वयं की गहन अवबोध का विकास करते हैं। भौतिक रूपान्तरण के लिए आन्तरिक रूपान्तरण को कोरी बुकर आवश्यक मानते हुए कहते है कि– "जब तक आप आध्यात्मिक परिवर्तन नहीं करते तब तक आप भैतिक परिवर्तन नहीं कर सकते" (" You can't have a physical transformation until you have a spritual transformation." –Cory Booker)

❖ अन्य तथा विश्व से जुड़ाव (**Connection to Others and the World**):– आध्यात्मिकता पूर्ण रूप से व्यक्तिगत खोज नहीं है। इसमें दूसरों तथा दुनिया के साथ अंतर्सम्बंध की भावना निहित होती है। करुणा, प्रेम एवं दूसरों की भलाई से सम्बन्धित उत्तरदायित्व की भावना आध्यात्मिक दृ ष्टिकोण का अभिन्न अंग हैं। प्रसिद्ध जर्मन धर्मशास्त्री, दर्शनशास्त्री व रहस्यवादी जोहान्स एकहार्ट जिन्हे मिस्टर एकहार्ट के नाम से जाना जाता है, आध्यात्मिकता की इस विशेषता का उल्लेख करते हुए लिखते हैं कि– "आध्यात्मिकता दुनिया से भागकर या चीजों से दूर भागकर या एकांत में जाकर तथा दुनिया से अलग होकर नहीं सीखी जा सकती। बल्कि, हमें जहाँ भी या जिसके साथ भी हम हों, आंतरिक एकांत भाव को सीखना चाहिए। हमें आवरण को भेदना तथा वहाँ ईश्वर को खोज करना सीखना चाहिए।" ("Spirituality is not to be learned by flight from the world, or by running away from things, or by turning solitary and going apart from the world. Rather, we must learn an inner solitude wherever or with whomsoever we may be. We must learn to penetrate things and find God there.") - Meister Eckhart

❖ धार्मिक एवं गैर–धार्मिक परिप्रेक्ष्य (**Religious and Non-Religious Perspective**): –एक ओर आध्यात्मिकता धार्मिक परंपराओं से जुड़ी होती है तो दूसरी ओर यह संगठित धर्म से स्वतंत्र रूप से भी मौजूद हो सकती है। कुछ लोग स्वयं को आध्यात्मिक मानते हैं लेकिन धार्मिक नहीं, वे अपनी आध्यात्मिक मान्यताओं एवं प्रथाओं के प्रति अधिक व्यक्तिवादी व उदार दृष्टिकोण अपनाते हैं। अफ्रीकी यूनियन के संस्थापक तथा इथोपिया के पूर्व सम्राट प्रसिद्ध राजनैतिक, सामाजिक एवं शैक्षिक सुधारक हैले सेलासी आध्यात्मिकता को गैर धार्मिक मानते हैं, उनका कहना है कि–

"आध्यात्मिकता धर्म से नहीं आती है। यह हमारी आत्मा से आती है। हमें धर्म एवं आध्यात्मिकता को भ्रमित करना बंद करना चाहिए। धर्म मनुष्यों द्वारा बनाए गए नियमों, विनियमों तथा अनुष्ठानों का एक समूह है, जो लोगों को आध्यात्मिक रूप से सहायता करने वाले माने जाते हैं। मानवीय अपूर्णता के कारण धर्म भ्रष्ट, राजनीतिक, विभाजनकारी तथा सत्ता संघर्ष का एक उपकरण बन गया है। अध्यात्म धर्मशास्त्र या विचारधारा नहीं है। यह केवल जीवन का एक मार्ग है, शुद्ध व मौलिक जैसा कि परम प्रधान द्वारा दिया गया है। आध्यात्मिकता एक संजाल है जो हमें परमउच्च, ब्रह्मांड व एक दूसरे से जोड़ता है।" –हैले सेलासी ("Spirituality does not come from religion. It comes from our soul. We must stop confusing religion and spirituality. Religion is a set of rules, regulations, and rituals created by humans, which were supposed to help people spiritually. Due to human imperfection religion has become corrupt, political, divisive and a tool for power struggle. Spirituality is not theology or ideology. It is simply a way of life, pure and original as given by the Most High. Spirituality is a network linking us to the Most High, the universe, and each other."- Haile Selassie)

- ❖ अर्थ एवं उद्देश्य की खोज (**Quest for Meaning and Purpose**):– आध्यात्मिकता का जीवन में अर्थ व उद्देश्य की खोज से गहरा संबंध है। यह अस्तित्व, वास्तविकता की प्रकृति तथा मानव जीवन के उद्देश्य से सम्बन्धित आधारभरूत प्रश्नों को संबोधित करता है।
- ❖ अहंकार का अतिक्रमण (**Transcendence of the Ego**):– अनेक आध्यात्मिक परंपराएँ अहंकार के अतिक्रमण पर बल देती हैं। इसमें भौतिक चिंताओं एवं अहंकार से प्रेरित इच्छाओं से परे जाकर अस्तित्व के उच्चतर पहलू से जुड़ना सम्मिलित है।

अध्यात्म की प्रकृति (**Nature of Spirituality**):

विविधता व बहुलता (**Diversity and Plurality**):– आध्यात्मिकता की प्रकृति में विविधता होती है तथा इसके अनेक रूप हो सकते हैं। विभिन्न संस्कृतियों तथा धार्मिक परंपराओं में अद्वितीय आध्यात्मिक प्रथाएँ, अनुष्ठान तथा मान्यताएँ निहित होती हैं। यह विविधता मानवीय अनुभवों तथा दृ ष्टिकोणों की समृद्धि को दर्शाती है।

आत्मनिष्ठ एवं व्यक्तिगत (**Subjective and Personal**):– आध्यात्मिकता स्वाभाविक रूप से आत्मनिष्ठ व व्यक्तिगत है। इसमें व्यक्ति के आंतरिक अनुभव, विश्वास तथा मूल्य सम्मिलित होते हैं। एक व्यक्ति के लिए आध्यात्मिक रूप से जो अर्थपूर्ण हो सकता है, यह आवश्यक नही है कि वह दूसरे व्यक्ति के साथ मेल खाता हो, यह आध्यात्मिक अनुभवों की व्यक्तिपरक प्रकृति को स्पष्ट करता है। प्रसिद्ध अमेरिकन योग प्रशिक्षक, आध्यात्मिक गुरू, तथा मनोवैज्ञानिक बाबा रामदास (रिचर्ड अल्पर्ट) ने इसी सन्दर्भ में आध्यात्मिकता का उल्लेख किया है, उनके अनुसार– "आध्यात्मिक यात्रा व्यक्तिगत, अत्यधिक व्यक्तिगत होती है। इसे व्यवस्थित या विनियमित नहीं किया जा सकता। यह सच नहीं है कि हर किसी को एक ही मार्ग पर चलना चाहिए। अपनी सच्चाई की सुनें।" ("The spiritual journey is individual, highly personal. It can't be organized or regulated. It isn't true that everyone should follow one path. Listen to your own truth." - Ram Dass)

गतिशील एवं विकासशील (**Dynamic and Evolving**):– आध्यात्मिकता किसी व्यक्ति के जीवन का एक गतिशील व विकासशील पहलू है। यह समय के साथ बदल सकता है, व्यक्तिगत अनुभवों, नए विचारों के संपर्क तथा विश्वदृष्टि में बदलाव से प्रभावित हो सकता है। आध्यात्मिक यात्रा पर निकले व्यक्ति अपने सम्पूर्ण जीवन में विभिन्न प्रथाओं एवं विश्वास प्रणालियों का पता लगाते हैं।

एत्दर्थ कहना होगा कि आध्यात्मिकता अर्थ, अवधारणाओं तथा अभिव्यक्तियों की एक श्रृंखला को समाहित करती है। इसमें संबंध, अर्थ तथा परिवर्तन की खोज सम्मिलित है जिसे संगठित धार्मिक परंपराओं के ढाँचे के अन्दर या बाहर किया जा सकता है। आध्यात्मिकता की प्रकृति अत्यंत व्यक्तिगत होती है तथा विविध सांस्कृतिक व दार्शनिक संदर्भों को प्रतिबिंबित करती है जिसमें इसे अभिव्यक्त किया जाता है।

धर्म एवं आध्यात्मिकता में अन्तर (**Difference Cetween Dharma and Spirituality**)

धर्म एवं अध्यात्म दोनों ही व्यक्तियों को सार्थक व नैतिक जीवन की ओर ले जाने का कार्य करते हैं तथा आंतरिक विकास एवं नैतिक आचरण पर बल देते हैं। धर्म, हिंदू, बौद्ध व जैन धर्म व विश्व के अन्य धर्मों में निहित एक ऐसी अवधारणा है, जो सामान्य रूप से कर्तव्यों, अधिकारों, संहिताओं, आचरण एवं गुणों के एक समूह को संदर्भित करता है। यह अधिक संरचित होता है, जो सामाजिक

एवं ब्रह्मांडीय व्यवस्था के भीतर व्यक्तियों की विशिष्ट भूमिकाओं व उत्तदायित्वों पर ध्यान केंद्रित करता है। दूसरी ओर, आध्यात्मिकता अधिक व्यापक एवं कम संहिताबद्ध होती है, जिसमें व्यक्तिगत विकास, आत्म–साक्षात्कार एवं दिव्य या पारलौकिक अनुभव के उद्देश्य से विश्वासों व प्रथाओं की एक विस्तृत श्रृंखला सम्मिलित होती है। विभिन्न मापदंडों के आधार पर धर्म एवं आध्यात्मिकता की विस्तृत तुलना निम्नांकित सारणी में की गई है–

क्र. सं. (S. N.)	तुलना का आधार (Basis of comparison)	धर्म (Dharma)	आध्यात्मिकता(Sprituality)
1.	परिभाषा (Definition)	धर्म विश्वासों, प्रथाओं एवं प्रणालियों का एक संरचित समूह (structured set) को अभिव्यक्त करता है, जो प्रायः किसी देवता या देवताओं की पूजा एवं संहिताबद्ध सिद्धांतों (codified doctrines) व कर्मकाण्डों (rituals) के पालन पर केंद्रित होता है।	आध्यात्मिकता एक व्यापक अवधारणा है, जिसमें प्रायः किसी व्यक्ति के जीवन में अर्थ व उद्‌देश्य तथा आंतरिक शांति व अवबोध की खोज सम्मिलित है।
2.	संगठन (Organization)	धर्म सामान्यतया एक औपचारिक संरचना (formal structure) के रूप में संगठित होता है, जिसमें संस्थाएँ (institutions), पुरोहित (clergy) व पूजा स्थल	आध्यात्मिकता अधिक व्यक्तिपरक व अनौपचारिक (individualistic and informal) होती है, जिसमें केंद्रीकृत संरचना (centralized structure) या विशिष्ट संस्थाओं का अभाव होता है।

		(places of worship) सम्मिलित हैं।	
3.	विश्वास (Beliefs)	धर्म में विशिष्ट सिद्धांत, परम्पराएँ एवं रूढ़ियाँ (dogmas) सम्मिलित होती है, जिन पर अनुयायियों से विश्वास करने तथा उनका पालन करने की अपेक्षा की जाती है।	आध्यात्मिकता अधिक लचीला (flexible) एवं व्यक्तिपरक (subjective) होती है, जो व्यक्तिगत विश्वासों व अनुभवों पर बल देती है।
4.	अभ्यास (Practice)	धर्म में निर्धारित (prescribed) कर्मकाण्ड (rituals), समारोह (ceremonies) एवं अभ्यास सम्मिलित हैं, जो प्रायः व्यक्तिगत व सामूहिक रूप से किए जाते हैं।	आध्यात्मिकता में ध्यान, सचेतनता व व्यक्तिपरक (subjective) चिंतन जैसे व्यक्तिगत (personal) अभ्यासों की एक विस्तृत श्रृंखला सम्मिलित है।
5.	पवित्र ग्रंथ (Sacred Texts)	धर्म, ईश्वरीय ज्ञान एवं नैतिक मार्गदर्शन के अधिकृत स्रोतों (authoritative sources) के रूप में पवित्र ग्रंथों, शास्त्रों एवं धार्मिक लेखों (religious writings) पर निर्भर करता है।	आध्यात्मिकता बिना किसी आधिकारिक ग्रंथ के, साहित्य, प्रकृति एवं व्यक्तिगत अंतर्दृष्टि सहित विभिन्न स्रोतों से अभिप्रेरित हो सकती है।
6.	समुदाय (Community)	धर्म में सामुदायिक पूजा एवं सामूहिक गतिविधियों पर बल दिया जाता है तथा यह	आध्यात्मिकता व्यक्तिगत विकास पर ध्यान केंद्रित करती है तथा इसमें सामुदायिक पक्ष सम्मिलित हो भी सकता है और नहीं भी।

		अनुयायियों के मध्य अपनेपन की भावना को बढ़ाता है।	
7.	देवत्व (Divinity)	धर्म प्रायः एक या एक से अधिक देवताओं की पूजा पर केंद्रित होता है, जिसमें भगवान या देवताओं की परिभाषित अवधारणाएँ होती हैं।	आध्यात्मिकता में किसी देवता में विश्वास हो भी सकता है और नहीं भी, इसमें उच्च शक्ति, ब्रह्मांड या अपने अन्दर के दिव्य से संबंध पर बल दिया जाता है।
8.	उद्देश्य (Purpose)	यह धार्मिक शिक्षाओं एवं सिद्धांतों के आधार पर जीवन के लिए परिभाषित उद्देश्य (defined purpose) व नैतिक ढाँचा (moral framework) प्रदान करता है।	आध्यात्मिकता जीवन के उद्देश्य व अर्थ की व्यक्तिगत खोज (personal exploration) को प्रोत्साहित करती है, यह प्रायः आत्मान्वेषण (self-discovery) एवं व्यक्तिगत पूर्ति (personal fulfillment) पर ध्यान केंद्रित करती है।
9.	अनुष्ठान (Rituals)	धर्म में प्रार्थना (prayer), संस्कार (sacraments) एवं विशिष्ट कर्मकाण्ड व समारोह (ceremonies) सम्मिलित हैं, जिन्हें सामान्यतः एक निर्धारित परंपरा (set tradition) के अनुसार किया जाता है।	आध्यात्मिकता में योग, ध्यान, या अन्य व्यक्तिगत अनुष्ठानों जैसे विविध प्रथाएँ सम्मिलित हो सकती हैं जो व्यक्तिगत प्राथमिकताओं के अनुरूप होतीं हैं।
10.	अधिकार (Authority)	धार्मिक नेताओं, पुरोहित या आधिकारिक व्यक्तियों (authoritative figures) द्वारा	आध्यात्मिकता व्यक्तिगत अधिकार (personal authority) एवं आंतरिक मार्गदर्शन (inner

		निर्देशित होता है, जो धार्मिक शिक्षाओं की व्याख्या व प्रवर्तन (interpret and enforce) करते हैं।	guidance) पर बल देती है, जिसमें व्यक्ति स्वयं अपने आध्यात्मिक मार्ग का निर्धारण करते हैं।
11.	नैतिक संहिता (Moral Code)	धर्म, धार्मिक ग्रंथों एवं सिद्धांतों के आधार पर एक स्पष्ट नैतिक संहिता स्थापित करता है, जिसमें मान्य व अमान्य व्यवहार रेखांकित होतें है।	आध्यात्मिकता नियमों के निर्धारित समुच्चय के बजाय व्यक्तिगत विश्वासों व अनुभवों के आधार पर नैतिक जीवन (ethical living) एवं नैतिक मूल्यों (moral values) को बढ़ावा देती है।
12.	परलोक (Afterlife)	धर्म में परलोक के बारे में परिभाषित मान्यताएँ होती हैं, जिसमें स्वर्ग, नरक, पुनर्जन्म या मोक्ष की अवधारणाएँ सम्मिलित हैं।	आध्यात्मिकता में परलोक के बारे में अलग–अलग मान्यताएँ हो सकती हैं, जो परलोक के विशिष्ट गंतव्यों के बजाय वर्तमान क्षण व आत्मा की यात्रा पर अधिक ध्यान केंद्रित करती हैं।
13.	सिद्धांत (Dogma)	धर्म में प्रायः कठोर व अनम्य सिद्धांत होते हैं जिन्हें अनुयायियों से बिना किसी प्रश्न के स्वीकार करने की अपेक्षा की जाती है।	आध्यात्मिकता, विश्वासों पर प्रश्न उठाने व खोज करने (questioning and exploring) को प्रोत्साहित करती है, जिससे अधिक नम्य, तरल एवं विकसित (flexible, fluid and evolving) अवबोध उत्पन्न होता है।

14.	समावेशिता (Inclusivity)	धर्म में समावेशिता का अभाव होता तथा यह विशिष्ट सदस्यता, आवश्यकताओं एवं प्रथाओं के लिए अनन्य हो सकता है।	आध्यात्मिकता सामान्यतः समावेशी (inclusive) व सभी के लिए खुली (open to anyone) होती है तथा विविध प्रथाओं एवं मान्यताओं को अपनाती हैं।
15.	अनुभव (Experience)	धर्म में प्रायः सामूहिक अनुभवों (collective experiences) एवं सामुदायिक पूजा पर बल दिया जाता है।	आध्यात्मिकता व्यक्तिगत व आत्मनिष्ठ अनुभवों (personal and subjective experiences) तथा आंतरिक विकास को प्राथमिकता देती है, यह व्यक्तिगत रूपान्तरण (individual transformation) पर ध्यान केंद्रित करती है।

दोनों ही मानव विकास में अद्वितीय योगदान देते हैं, दोनों में सूक्ष्म अन्तर होता है, बावजूद दोनों एक दूसरे के पूरक होते हैं।

आध्यात्मिकता व आधुनिकता
(Spirituality and Modernity)

"आधुनिकता की भागदौड़ में, अपनी आत्मा का पोषण करना न भूलें। आध्यात्मिकता भौतिकवाद के रेगिस्तान में मरूद्यान है।"

– पाउलो कोएल्हो

"In the rush of modernity, don't forget to nurture your soul. Spirituality is the oasis in the desert of materialism."

– **Paulo Coelho**

आध्यात्मिकता एवं आधुनिकता (Spirituality and Modernity)

तेजी से हो रहे तकनीकी प्रगति तथा बदलते सांस्कृतिक परिदृश्यों में आध्यात्मिकता एवं आधुनिकता के मध्य का सम्बंध जटिल होता जा रहा है। आधुनिकता भौतिक प्रगति एवं वैज्ञानिक तर्कसंगति (scientific rationality) पर बल देती है जबकि आध्यात्मिकता अर्थ, उद्देश्य एवं उत्कृष्टता पर केन्द्रित होती है। आध्यात्मिकता व आधुनिकता परस्पर विरोधी अवधारणा नही हैं, मानव कल्याण के लिए दोनों अपरिहार्य है। समन्वयकारी दृष्टिकोण अपनाकर आध्यात्मिकता बनाम आधुनिकता के बहस व विवाद का परिहार किया जा सकता है। अग्रलिखित पंक्तियों में आध्यात्मिकता व आधुनिकता के अंतर्सम्बंध का विश्लेषण किया गया है।

आधुनिकता एवं आध्यात्मिकता का विकास
(The Evolution of Modernity and Spirituality)

औद्योगीकरण (industrialization), शहरीकरण (urbanization), तथा धर्मनिरपेक्षता (secularization) की विशेषता से युक्त आधुनिकता ने समाज की संरचना एवं मूल्यों को गहराई से प्रभावित किया है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी (science and technology) के उदय के साथ, पारंपरिक (traditional) धार्मिक (religious) विश्वासों एवं प्रथाओं (beliefs and practices) को चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, जिससे विश्व के अनेक भागों में आध्यात्मिकता के संस्थागत रूपों

(institutionalized forms) में गिरावट आई है। साथ ही संगठित धर्मों से अलग, व्यक्तिगत एवं उदार आध्यात्मिक प्रथाओं (eclectic spiritual practices) में रुचि बढ़ी है।

दूसरी ओर, आध्यात्मिकता, मानवीय अनुभव के आंतरिक आयामों (inner dimensions) तथा परम अर्थ (ultimate meaning) की खोज से संबंधित विश्वासों व प्रथाओं के व्यापक प्रतिबिम्ब को समाहित करती है। यह किसी विशिष्ट धार्मिक परंपरा तक सीमित नहीं है, बल्कि विविध सांस्कृतिक, दार्शनिक एवं रहस्यमयी स्रोतों से से प्रभावित होकर धार्मिक सीमाओं को पार करती है। आधुनिकता के संदर्भ में आध्यात्मिकता व्यक्तियों को अस्तित्व संबंधी प्रश्नों का उत्तर खोज़ने, समकालीन जीवन (contemporary life) की अस्तव्यस्थता में सांत्वना पाने तथा आंतरिक शांति एवं कल्याण के लिए स्थान प्रदान करती है।

भौतिक प्रगति तथा आध्यात्मिक पूर्ति का विरोधाभास

(**The Paradox of Meterial Progres and Spiritual Fulfilment**):

आध्यात्मिकता बनाम आधुनिकता के प्रश्नों में एक महत्वपूर्ण प्रश्न आध्यात्मिक पूर्ति की कीमत पर भौतिक प्रगति से सम्बन्धित है। आधुनिकता ने अभूतपूर्व भौतिक समृद्धि (material prosperity) एवं तकनीकी नवाचार (technological innovation) को जन्म दिया है, इसके साथ ही अलगाव (alienation), विखंडन (fragmentation) एवं अस्तित्वगत अस्वस्थता (existential malaise) का भाव उत्पन्न किया है। भौतिक सुख–सुविधाओं की प्रचुरता के बावजूद अनेक व्यक्ति स्वयं से अर्थ व उद्देश्य के दुष्टि से खालीपन तथा अलगाव की गहरी भावना से जूझते हुए पाते हैं। इस अस्तित्वगत शून्यता के प्रतिउत्तर में आध्यात्मिक अभ्यासों एवं शिक्षाओं (spiritual practices and teachings) में रुचि बढ़ रही है जो पूर्णता एवं पारलौकिकता के लिए वैकल्पिक मार्ग प्रदान करती हैं। सचेतन ध्यान से लेकर योग एवं प्रकृति–आधारित आध्यात्मिकता (nature-based spirituality) तक लोग अपने जीवन के आध्यात्मिक आयामों को संबोधित करने के लिए प्राचीन ज्ञान परंपराओं तथा समग्र दृष्टिकोणों की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं।

लोग विविध परंपराओं एवं विश्वास प्रणालियों के तत्वों को सम्मिलित करते हुए उदार आध्यात्मिक प्रथाओं (eclectic spiritual practices) की ओर आकर्षित हो रहे हैं। यह समन्वित दृष्टिकोण (syncretic approach) सार्वभौमिक आध्यात्मिकता (universal spirituality) की अभिलाषा को

दर्शाता है, जो सांस्कृतिक एवं धार्मिक सीमाओं से परे है तथा सभी प्राणियों के परस्पर जुड़ाव पर बल देती है। ये अभ्यास न केवल आत्म–खोज एवं व्यक्तिगत विकास के लिए उपकरण प्रदान करते हैं बल्कि ब्रह्मांड एवं जीवन के साथ परस्पर जुड़ाव की भावना को भी बढ़ावा देते हैं।

अति आधुनिक दुनिया में प्रामाणिकता की खोज (**The Search for Authenticity in a Hypermodern World**):

सूचना का अतिभार (information overload), अति संपर्क (hyperconnectivity) तथा निरंतर व्यवधान (constant disruption) की विशेषता से युक्त अति आधुनिकता के युग में प्रामाणिकता की खोज आध्यात्मिक विमर्श में केंद्रीय विषय के रूप में उभरी है। जैसे–जैसे व्यक्ति आधुनिक जीवन की जटिलताओं से निपटने का प्रयास करते हैं, उन्हें अनेक अन्तर्विरोधी मांगों एवं पहचानों (conflicting demands and identities) का सामना करना पड़ता है, जिससे विखंडन एवं अप्रामाणिकता (fragmentation and inaunthenticity) की स्थिति उत्पन्न होती है, जिसके प्रतिउत्तर में अनेक लोग आत्म–जागरूकता, मूलभूत मूल्यों तथा आकांक्षाओं के साथ संरेखण का प्रयास कर रहे हैं।

आध्यात्मिकता पल्लवग्राहिता (superficiality) एवं वस्तुकरण (objectification) से चिह्नित दुनिया में प्रामाणिकता को पुनः स्थापित करने की रूपरेखा प्रदान करती है। आत्मनिरीक्षण, सचेतनता तथा नैतिक जीवन जीने की प्रथाओं को प्रोत्साहित करके, आध्यात्मिकता व्यक्तियों को वाह्य स्रोतों से मान्यता प्राप्त करने के स्थान पर अपने अन्दर से प्रामाणिकता विकसित करने में सक्षम बनाती है। आत्म–खोज (self-discovery) एवं आत्म–साक्षात्कार (self-actualization) की यह प्रक्रिया न केवल व्यक्तिगत स्तर पर परिवर्तनकारी (transformative) है, बल्कि व्यापक सामाजिक एवं सांस्कृतिक परिवर्तन को उत्प्रेरित करने की भी क्षमता रखती है, जिससे अधिक दयालु, न्यायसंगत एवं टिकाऊ (compassionate, equitable, and sustainable) विश्व का निर्माण हो सकता है।

पारंपरिक आध्यात्मिक प्रथाओं पर आधुनिकता का प्रभावः
(**Modernity's Impact on Traditional Spiritual Practices**):

हाँलाकि आधुनिक विश्व में आध्यात्मिकता का प्रभाव विद्यमान है, परन्तु विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के आगमन ने व्यक्तियों की आध्यात्मिक यात्राओं (spiritual journeys) के स्वरूप में महत्वपूर्ण परिवर्तन लाया हैं। धर्मनिरपेक्षता (secularism) एवं संशयवाद (skepticism) के उदय ने पारंपरिक धार्मिक हठधर्मिता (religious dogmas) को चुनौती दी है जिससे आध्यात्मिकता की अधिक व्यक्तिपरक एवं अनुभवात्मक समझ (experiential understanding) उत्पन्न हुई है। इसके अतिरिक्त सूचना युग ने प्राचीन आध्यात्मिक शिक्षाओं को और अधिक सुलभ बना दिया है, जिससे लोग विविध दर्शन एवं आध्यात्मिक प्रथाओं का पता लगाने में सक्षम हो गए हैं।

यहाँ यह स्पष्ट करना समीचीन होगा कि आध्यात्मिकता पर आधुनिकता का प्रभाव पूर्ण रूप से मुक्त नहीं है, इसने अनेक चुनौतियों को प्रस्तुत किया है। कल्याण उद्योग (wellness industry) के उदय के साथ आध्यात्मिकता के वाणिज्यीकरण (commercialisation) ने प्राचीन प्रथाओं का व्यावसायीकरण (profssionalisation) कर दिया है, जिससे संभावित रूप से उनकी गहन परिवर्तनकारी क्षमता (profound transformative potential) प्रभावित हुई है। इसके अतिरिक्त आधुनिक विश्व में सूचनाओं के निरंतर विस्फोट तथा ध्यान भटकने से व्यक्ति की गहन आत्मनिरीक्षण एवं चिंतन में संलग्न होने की क्षमता में बाधा आयी है।

आधुनिक समाज में आध्यात्मिकता एवं नैतिकता
(**Spirituality and Ethics in Modern Societies**):

आधुनिक समाज में नैतिक ढाँचे को आकार देने में आध्यात्मिकता महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जैसे–जैसे प्रद्यौगिकीय प्रगति होती जा रही नैतिकता से सम्बन्धित अनोखी चुनौतियाँ भी सामने आ रहीं हैं। व्यक्ति नैतिक निर्णय लेने में मार्गदर्शन के लिए आध्यात्मिक एवं दार्शनिक सिद्धांतों की ओर रुख करते हैं। आध्यात्मिक परंपराओं में संनिहित करुणा, सहानुभूति तथा अंतर्सम्बंध जैसी अनेक अवधारणाओं को पर्यावरणीय गिरावट तथा सामाजिक असमानता व मानावाधिकार हनन सहित गंभीर वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए आवश्यक माना जा रहा है। आध्यात्मिकता तथा सामाजिक

न्याय आंदोलनों का अंतर्सम्बंध व्यक्तियों को सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन की वकालत करने के लिए प्रेरित करने में आध्यात्मिक सिद्धांतों की भूमिका पर प्रकाश डालता है। नागरिक अधिकार आंदोलनों से लेकर समकालीन पर्यावरण सक्रियता तक, आध्यात्मिकता न्याय एवं समानता की स्थापना में एक प्रेरक शक्ति रही है।

आध्यात्मिकता एवं आधुनिकता के मध्य परस्पर अन्तर्क्रिया एक गतिशील व विकासशील परिघटना है, जो जटिल ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं दार्शनिक शक्तियों तथा व्यक्तिगत अनुभवों, सामाजिक रुझानों तथा तकनीकी प्रगति से प्रभावित होती है। आधुनिकता को धर्मनिरपेक्षता तथा तर्कसंगतता के साथ जोड़ा गया है, आध्यात्मिकता मानव अनुभवों को सार्थक ढंग से प्रभावित करती है तथा अर्थ, उद्देश्य, सकारात्मक संबंध, नैतिकता एवं उत्थान का मार्ग प्रशस्त करती है। आध्यात्मिकता व आधुनिकता के मध्य परस्पर अन्तर्क्रिया के स्वरूप का खोज करके हम मानव मात्र के व्यक्तिगत एवं सामूहिक उत्कर्ष की संभावनाओं के बारे में गहरी अंतर्दृष्टि प्राप्त कर सकते हैं।

आधुनिकता एवं आध्यात्मिकता में अन्तर (**Difference between Modernity and Spirituality**)

विभिन्न मापदंडों पर आधुनिकता एवं आध्यात्मिकता में अंतर करने से उनकी विशेषताओं का व्यापक अवबोध होता है। यहाँ कुछ मापदंडों के आधार पर आधुनिकता एवं आध्यात्मिकता की विस्तृत तुलना की गयी है–

क्र. सं. (S.N.)	तुलना का आधार (Basis of Comparison)	आधुनिकता (Modernity)	आध्यात्मिकता (Spirituality)
1.	मूल मूल्य (Core Values)	आधुनिकता प्रगति, तर्कसंगतता (rationality), वैज्ञानिक ज्ञान (scientific knowledge) एवं तकनीकी उन्नति पर बल देती है।	आध्यात्मिकता आंतरिक शांति (inner peace), अन्तर्ज्ञान (enlightenment), ईश्वर से जुड़ाव एवं व्यक्तिगत विकास पर ध्यान केंद्रित करती है।

2.	ज्ञान के स्रोत (Knowledge Sources)	आधुनिकता अनुभवजन्य साक्ष्य(empirical evidence), वैज्ञानिक विधियों (scientific methods) एवं अवलोकनीय घटनाओं (observable phenomena) पर निर्भर होती है।	आध्यात्मिकता अंतर्ज्ञान, व्यक्तिगत अनुभवों, पवित्र ग्रंथों एवं रहस्यमय अंतर्दृष्टि से प्राप्त होती है।
3.	जीवन का उद्देश्य (Purpose of Life)	आधुनिकता प्रायः भौतिक सफलता, व्यक्तिगत उपलब्धियों एवं सामाजिक योगदान पर केंद्रित होती है।	आध्यात्मिकता आत्म–साक्षात्कार (self-realization), आध्यात्मिक जागृति (spiritual awakening) एवं ब्रह्मांड के साथ सामंजस्य (harmony with the universe) के स्थापना पर बल देती है।
4.	परिवर्तन के प्रति दृष्टिकोण (Attitude Towards Change)	आधुनिकता निरंतर नवाचार, विकास एवं परिवर्तन की पक्षधर होती है।	आध्यात्मिकता कालातीत् सत्य (timeless truths), आंतरिक शांति एवं स्थायी ज्ञान पर बल देती है।
5.	प्रकृति के साथ संबंध (Relationship with Nature)	आधुनिकता सामान्यतः औद्योगिकीकरण एवं प्रौद्योगिकी के माध्यम से मानव के लाभ के लिए प्रकृ ति का दोहन करती है।	आध्यात्मिकता प्रकृति को पवित्र मानती है, पर्यावरण संरक्षण एवं प्राकृतिक जगत् के साथ सामंजस्य को बढ़ावा देती है।

6.	व्यक्ति बनाम समुदाय (Individual vs. Community)	आधुनिकता व्यक्तिगत अधिकारों, स्वतंत्रता एवं व्यक्तिगत स्वायत्तता को प्राथमिकता देती है।	आध्यात्मिकता परस्पर जुड़ाव, सामुदायिक कल्याण एवं सामूहिक चेतना को महत्व देती है।
7.	समय परिप्रेक्ष्य (Time Perspective)	आधुनिकता भविष्य, प्रगति एवं अग्रवर्ती चिंतन (forward-thinking) पर ध्यान केंद्रित करती है।	आध्यात्मिकता वर्तमान क्षण, सचेतनता एवं शाश्वत सत्य को अपनाती है।
8.	नैतिकता एवं सदाचार (Ethics and Morality)	आधुनिकता धर्मनिरपेक्ष कानूनों, मानवाधिकारों एवं नैतिक तर्कवाद (ethical rationalism) पर आधारित है।	आध्यात्मिकता ईश्वरीय आज्ञाओं (divine commandments), कर्म एवं नैतिक गुणों पर आधारित है।
9.	पूर्ति का स्रोत (Source of Fulfillment)	आधुनिकता वाह्य उपलब्धियों, भौतिक संपदा एवं सामाजिक स्थिति के माध्यम से पूर्ति (fulfillment) को सुनिश्चित करती है।	आध्यात्मिकता आंतरिक शांति, आध्यात्मिक अभ्यास एवं दिव्य के साथ संबंध में पूर्ति पाती है।
10.	समस्या—समाधान के प्रति दृष्टिकोण (Approach to Problem-Solving)	आधुनिकता वैज्ञानिक विश्लेषण, सूसंगत तर्क एवं तकनीकी समाधानों का उपयोग करती है।	आध्यात्मिकता ध्यान, प्रार्थना, आंतरिक प्रत्यावर्तन (inner reflection) एवं समग्र दृ ष्टिकोण पर निर्भर करती है।

11.	शिक्षा एवं अधिगम (Education and Learning)	आधुनिकता औपचारिक शिक्षा, बौद्धिक विकास एवं वैज्ञानिक साक्षरता को बढ़ावा देती है।	आध्यात्मिकता अनुभवात्मक अधिगम (experiential learning) तथा आध्यात्मिक शिक्षण एवं ज्ञान परंपराओं को महत्व देती है।
12	स्वास्थ्य एवं कल्याण (Health and Well-being)	आधुनिकता शारीरिक स्वास्थ्य, चिकित्सकीय उन्नति एवं मानसिक स्वास्थ्य उपचारों पर ध्यान केंद्रित करती है।	आध्यात्मिकता समग्र कल्याण, आध्यात्मिक उपचार एवं मन–काया–आत्मा के संतुलन पर बल देती है।
13.	धर्म की भूमिका (Role of Religion)	आधुनिकता सामान्यतः धर्मनिरपेक्ष, संगठित धर्म के घटते प्रभाव के साथ, धार्मिक संगठनों एवं राज्य के पृथक्करण पर बल देती है।	आध्यात्मिकता व्यक्तिगत एवं विविध धार्मिक प्रथाओं से गहराई से जुड़ती है, किन्तु संगठित धर्म से परे एवं व्यक्तिगत आध्यात्मिक अनुभवों पर ध्यान केंद्रित करती है।
14.	पहचान का भाव (Sense of Identity)	पहचान सामाजिक भूमिकाओं, कैरियर, उपलब्धियों एवं व्यक्तिवाद से आकार लेता है।	पहचान आत्मा, चेतना एवं ब्रह्मांड के साथ एकता की भावना में निहित होती है।
15.	आर्थिक दृष्टिकोण (Economic View)	आधुनिकता पूँजीवाद, आर्थिक विकास एवं उपभोक्तावाद (consumerism) से प्रेरित होती है।	आध्यात्मिकता, सादगी पर्याप्तता (sufficiency) एवं नैतिक अर्थशास्त्र (ethical economics) पर बल देती है।

उपर्युक्त तुलना से यह स्पष्ट होता है कि आधुनिकता व आध्यात्मिकता अपने परिप्रेक्ष्य, मूल्यों एवं जीवन के विभिन्न पहलुओं के प्रति दृष्टिकोण में मौलिक रूप से कैसे भिन्न हैं? जबकि आधुनिकता वाह्य प्रगति एवं अनुभवजन्य ज्ञान पर ध्यान केंद्रित करती है, आध्यात्मिकता आंतरिक विकास व पारलौकिक समझ पर बल देती है। दोनों ही मानव विकास में अद्वितीय योगदान देती हैं, दोनों कुछ अन्तरों के बावजूद एक दूसरे के पूरक होतीं हैं।

आध्यात्मिक जीवन शैली के सिद्धांत
(The Principles for a spiritual lifestyle)

आध्यात्मिक जीवनशैली उन सिद्धांतों के प्रति सकारात्मक अभिवृत्ति एवं प्रतिबद्धताओं की अभिव्यक्ति होती हैं जो व्यक्तिगत विकास, आंतरिक शांति एवं उच्च उद्देश्य से जुड़ाव को बढ़ावा देती है। आध्यात्मिक मान्यताएँ एवं प्रथाएँ व्यक्तियों तथा संस्कृतियों के मध्य व्यापक रूप से भिन्न होती हैं, परन्तु कुछ ऐसे सामान्य सिद्धांत हैं जिन्हें प्रायः सभी संस्कृतियों के लोग अपने आध्यात्मिक जीवन में अपनाते हैं। यहाँ आध्यात्मिक जीवनशैली के कुछ प्रमुख सिद्धांत दिए गए हैंः–

❖ सचेतनता एवं उपस्थिति (**Mindfulness and Presence**)ः

विवरण (**Description**)ः– वर्तमान क्षण में उपस्थित रहना एवं विचारों, भावनाओं तथा परिवेश से पूर्ण रूपेण जुड़े होना।

अभ्यास (**Practice**)ः– सवेतन ध्यान, गहरी सांस लेने के व्यायाम तथा दैनिक गतिविधियों के प्रति सचेत् जागरूकता।

❖ आत्मचिंतन (**Self-Reflection**)ः

विवरण (**Description**)ः– आत्म–जागरूकता तथा व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देने के लिए नियमित रूप से अपने विचारों, कार्यों एवं प्रेरणाओं की जाँच करना।

अभ्यास (**Practice**):– जर्नलिंग, ध्यान, एवं स्वयं के बारे में अंतर्दृष्टि प्राप्त करने के लिए दूसरों से प्रतिपुष्टि लेना।

❖ करुणा एवं सहानुभूति (**Compassion and Empathy**):

विवरण (**Description**):– दूसरों के प्रति गहरी समझ व देखभाल की भावना विकसित करना, बातचीत में दया व सहानुभूति का प्रदर्शन करना।

अभ्यास (**Practice**):– दयालुता के कार्य, स्वयंसेवी कार्य, तथा स्वयं व दूसरों के प्रति गैर–निर्णयात्मक दृष्टिकोण (non-judgmental attitude) विकसित करना।

❖ कृतज्ञता (**Gratitude**):

विवरण (**Description**):– जीवन के सकारात्मक पहलुओं को स्वीकार करना तथा उनकी सराहना करना, कृतज्ञता की भावना को बढ़ावा देना।

अभ्यास (**Practice**):– आभार पत्रिका रखना, धन्यवाद व्यक्त करना तथा दैनिक अनुभवों के सकारात्मक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करना।

❖ प्रकृति से जुड़ाव (**Connection to Nature**):

विवरण (**Description**):–: सभी जीवों के अंतर्संबंध को पहचानना तथा प्राकृतिक जगत् के प्रति विस्मय व श्रद्धायुक्त भावना की अभिव्यक्ति।

अभ्यास (**Practice**):– प्रकृति के आँचल में समय बिताना, पर्यावरण–अनुकूल आदतों का अभ्यास करना तथा पर्यावरण की सुंदरता की सराहना करना।

❖ उद्देश्य एवं अर्थ (**Purpose and Meaning**):

विवरण (**Description**):– भौतिक या सतही गतिविधियों से परे, जीवन में उद्देश्य एवं अर्थ के गहन अवबोध के लिए प्रयास करना।

अभ्यास (**Practice**):— सार्थक लक्ष्य निर्धारित करना, व्यक्तिगत मूल्यों की खोज करना, तथा कार्यों को अपने उद्देश्य की भावना के साथ संरेखित करना।

❖ सादगी व न्यूनतावाद (**Simplicity and Minimalism**):

विवरण (**Description**):— विकर्षणों को कम करने हेतु जो वास्तव में मायने रखता है उसी पर ध्यान केंद्रित करना तथा एक सरल सुव्यवस्थित जीवनशैली अपनाना।

अभ्यास (**Practice**):— दैनिक दिनचर्या को सरल बनाना तथा अनावश्यक भौतिक संपत्तियों का त्याग करना।

❖ मन—शरीर संबंध (**Mind-Body Connection**):

विवरण (**Description**):— मानसिक, भावनात्मक तथा कायिक कल्याण के अंतर्सम्बंध को पहचानना।

अभ्यास (**Practice**):— समग्र कल्याण को बढ़ावा देने के लिए नियमित व्यायाम, योग, ध्यान एवं स्वस्थ आहार को अपनाना।

❖ क्षमा व जाने देना (**Forgiveness and Letting Go**):

विवरण (**Description**):—आक्रोश व द्वेष को दूर करना, स्वयं तथा दूसरों के लिए क्षमा विकसित करना।

अभ्यास (**Practice**):— क्षमा पर ध्यान केन्द्रित करना, भावनाओं को स्वीकार व सू—संसाधित करना तथा सहानुभूति का अभ्यास करना।

❖ सेवा व उदारता (**Service and Generosity**):

विवरण (**Description**):— दूसरों तथा समुदाय की भलाई में योगदान देना, दान में आनन्दभाव की पहचान करना।

अभ्यास (**Practice**):– स्वयंसेवा, दयालुता के कार्य, तथा जरूरतमंद लोगों के साथ अपने संसाधनों को साझा करना।

❖ मौन एवं एकांत (**Silence and Solitude**):

विवरण (**Description**):– आत्म–खोज एवं आंतरिक शांति को बढ़ावा देने के लिए शांतिपूर्ण वातावरण एवं एकांत के क्षणों में वास करना।

अभ्यास (**Practice**):– एक निश्चित् अवधि तक नियमित ध्यान का अभ्यास करना, प्रातः काल की चिंतनशील सैर तथा कोलहल व विकर्षणों से दूरी बनाना।

❖ मुक्त मानसिकता (**Open-Mindedness**):

विवरण (**Description**):– विभिन्न दृष्टिकोणों एवं विचारों के प्रति ग्रहणशील होना, निरंतर सीखने एवं विकास के प्रति सकारात्मक भाव रखना।

अभ्यास (**Practice**):– विभिन्न व्यक्तियों के साथ सार्थक बातचीत में संलग्नता, पूर्वाग्रह मुक्तता, व्यापक अध्ययन तथा आध्यात्मिक अन्वेषण के प्रति तत्पर होना।

यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि ये सिद्धांत कठोर या निर्देशात्मक नहीं हैं, किसी के द्वारा इनकी व्याख्या एवं अभ्यास उन विधियों के अनुसार किया जाना चाहिए जो उनकी अनोखी मान्यताओं व अनुभवों के अनुरूप हों।

सकारात्मक सोच : जीवन रूपान्तरण का मार्ग

(**Positive Thinking: The Path to Life Transformation**)

"आपकी अभियोग्यता नहीं, आपका दृष्टिकोण है जो आपकी ऊँचाई निर्धारित करेगी।"

–जिग जिगलर

"Its your attitude, not your aptitude that will determine your altitude."

- Zig Ziglar

मानव अनुभव के ताने–बाने में सकारात्मक सोच का धागा एक जीवंत व परिवर्तनकारी स्वरूप का निर्माण करता है। यह एक मार्गदर्शक प्रकाश के रूप में कार्य करता है तथा हमारे मस्तिष्क के अन्धकारमय भाग को प्रकाशित करता है, जो हमें संभावना के उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जाता है। सकारात्मक सोच मात्र मन की एक क्षणभंगुर स्थिति न होकर एक गहन दर्शन है, जो हमारी धारणाओं, कार्यों तथा अंततः, हमारे भाग्य के निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह हमें अपने अन्दर तथा आस–पास की दुनिया में निहित सकारात्मक तत्वों को अपनाने के लिए प्रेरित करता है। मार्टिन ई. पी. सेलिगमैन सकारात्मक सोच को परिभाषित करते हुए लिखते हैं कि– "सकारात्मक सोच वह धारणा है कि यदि आप अच्छे विचार रखते हैं, तो चीजें अच्छी तरह से काम करेंगी। आशावाद यह सोचने की भावना है कि चीजें अच्छी तरह से होंगी और आशापूर्ण होंगी।" ("Positive thinking is the notion that if you think good thoughts, things will work out well. Optimism is the feeling of thinking things will be well and be hopeful." - Martin E. P. Seligman)।

सकारात्मक विचार हमें जीवन के उतार–चढ़ावों में समुत्थानशीलता, आशावाद तथा अटूट विश्वास के साथ आगे बढ़ने में सहायता करतें है। जैसे–जैसे हम आत्म–अन्वेषण तथा सशक्तिकरण के मार्ग पर बढ़ते हैं, अपने जीवन में सकारात्मक सोच के गहन प्रभाव को समझने लगते हैं। इसमें निहित परिवर्तनकारी शक्तियाँ हमारी अभिक्षमताओं को आकार देने तथा हमारे अस्तित्व को नई ऊँचाइयों तक ले जाने में सक्षम बनातीं हैं। सकारात्मक सोच को ओपरा विनफ्रे के इस कथन में सारांशित किया जा सकता है– "अब तक की सबसे बडी खोज यह है कि कोई व्यक्ति मात्र अपना दृष्टिकोण बदलकर

अपना भविष्य बदल सकता है।" ("The greatest discovery of all time is that a person can change his future by merely changing his attitude." - Oprah Winfrey)

सकारात्मक सोच का प्रभाव (The Impact of Positive Thinking)

सकारात्मक सोच एक मानसिकता है जो जीवन के रचनात्मक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करती है, आशावाद, समुत्थानशीलता तथा चुनौतियों के प्रति सक्रिय दृष्टिकोण को बढ़ावा देती है। इस सम्बन्ध में ज़िग ज़िगलर का कहना है कि– "सकारात्मक सोच आपको हर काम नकारात्मक सोच से बेहतर करने देगी।" ("Positive thinking will let you do everything better than negative thinking will." - Zig Ziglar) यहाँ सकारात्मक सोच से जुड़े कुछ प्रभाव दिए गए हैं–

1. आशावाद (**Optimism**):– सकारात्मक सोच रखने वाले जीवन के प्रति आशावादी होते हैं तथा सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखते हैं, कठिन परिस्थितियों में भी अनुकूल परिणामों की आशा नही छोड़ते हैं। इस सम्बन्ध में मैरी लू रेटन कहती हैं कि–"आशावाद खुशियों का चुंबक है। यदि आप सकारात्मक रहेंगे तो अच्छी चीजें एवं अच्छे लोग आपकी ओर आकर्षित होंगे।" (Optimism is a happiness magnet. If you stay positive good things and good people will be drawn to you." –Mary Lou Retton)
2. समुत्थानशीलता (**Resilience**):– सकारात्मक विचार रखने वाले असफलताओं तथा प्रतिकूलताओं से उबरने के लिए बेहतर ढंग से सुसज्जित होते हैं, क्योंकि वे चुनौतियों को दुर्गम बाधाओं के स्थान पर उन्नति के अवसर के रूप में देखते हैं।
3. वर्धित आनन्द (**Increased Happiness**):– सकारात्मक सोच समग्र जीवन संतुष्टि से सम्बन्ध रखता है, क्योंकि जो व्यक्ति सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखते हैं, वे अपने जीवन में अधिक आनंद व संतुष्टि का अनुभव करते हैं।
4. बेहतर मानसिक स्वास्थ्य (**Improved Mental Health**):– सकारात्मक सोच तनाव, चिंता तथा अवसाद के स्तर को कम करती है, क्योंकि यह स्वस्थ मुकाबला तंत्र एवं जीवन के उतार–चढ़ाव की स्थिति में अधिक संतुलित दृष्टिकोण को बढ़ावा देती है।

5. समस्या–समाधान कौशल में वृद्धि (**Enhanced Problem-Solving Skills**):– सकारात्मक विचार रखने वाले व्यक्तियों में समस्याओं को रचनात्मक मानसिकता के साथ देखने की अधिक संभावना होती हैं। वे किसी स्थिति के नकारात्मक पहलुओं पर ध्यान देने के बजाय समाधान व विकास के अवसरों की खोज करते हैं। वेड बोग्स, सकारात्मक दृष्टिकोण को उत्तरोत्तर सकरात्मक प्रभाव का कारण मानते हैं, उनके अनुसार– "सकारात्मक दृष्टिकोण सकारात्मक विचारों, घटनाओं एवं परिणामों की एक श्रृंखला प्रतिक्रिया का कारण बनता है। यह एक उत्प्रेरक है तथा असाधारण परिणामों को जन्म देता है।" ("A positive attitude causes a chain reaction of positive thoughts, events and outcomes. It is a catalyst and it sparks extraordinary results."- Wade Boggs)।
6. बेहतर सम्बंध (**Better Relationships**):– सकारात्मक सोच पारस्परिक संबंधों में सद्भाव, सहिष्णुता, सहानुभूति, समझ एवं आशावाद को बढ़ावा देता है, जिससे दूसरों के साथ मजबूत, टिकाऊ एवं अधिक संतोषजनक संबंध बने रहते हैं।
7. वर्धित प्रेरणा (**Increased Motivation**):– सकारात्मक सोच रखने वाले अपने लक्ष्यों व आकांक्षाओं को प्राप्त करने के लिए अधिक प्रेरित होते हैं, क्योंकि वे बाधाओं को दूर करने तथा सफलता प्राप्त करने की अपनी क्षमता में विश्वास करते हैं।
8. बेहतर शारीरिक स्वास्थ्य (**Greater Physical Health**):– शोध बताते हैं कि सकारात्मक सोच बेहतर शारीरिक स्वास्थ्य परिणामों से सम्बन्धित है, जिसमें निम्न रक्तचाप, मजबूत प्रतिरक्षा कार्य तथा जीर्ण बीमारियों का कम जोखिम सम्मिलित है।
9. बढ़ी हुई रचनात्मकता (**Enhanced Creativity**):– सकारात्मक सोच समस्या–समाधान के लिए एक लचीला व मुक्त मानसिकता युक्त दृष्टिकोण का विकास करता है, जो जीवन के विभिन्न पहलुओं में रचनात्मकता व नवाचार को प्रोत्साहित कर सकता है।
10. व्यावसायिक सफलताः (**Professional Success**):– एक सकारात्मक सोच युक्त मानसिकता कार्यस्थल में बढ़ी हुई उत्पादकता एवं सफलता से जुड़ी है। आशावादी व्यक्तियों में महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित करने व प्राप्त करने, अच्छा टीम वर्क करने एवं असफलताओं से उबरने की अधिक

संभावना होती है। यह एक पूर्ण एवं सफल वृत्ति (complete and successful career) में योगदान दे सकता है।

11. दीर्घायुता (**Longevity**):– अध्ययनों से पता चलता है कि जो व्यक्ति जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखते हैं, वे अपने निराशावादी समकक्षों की तुलना में अधिक समय तक जीवित रहते हैं एवं बेहतर समग्र स्वास्थ्य एवं कल्याण का आनंद लेते हैं।

अस्तु कहना होगा कि कुल मिलाकर सकारात्मक सोच जीवन के विभिन्न पहलुओं पर गहरा प्रभाव डालती है, जो अधिक लचीलापन, खुशी एवं समग्र कल्याण में योगदान देता है।

सकारात्मक सोच विकसित करना
(Cultivating Positive Thinking)

"अगर मेरे पास हजार विचार हैं तथा मात्र एक अच्छा निकलता है, तो मैं संतुष्ट हूँ।"

–अल्फ्रेड नोबेल

"If I have a thousand ideas and only one turns out to be good, I am satisfied."

-Alfred Nobel

सकारात्मक सोच विकसित करने के अनेक उपाय प्रयोग में लाए जाते हैं। ये उपाय नकारात्मक सोच को सकारात्मक सोच में बदलनें में सार्थक भूमिका निभाते हैं, यहाँ पर विली नेल्सन का यह कथन प्रासंगिक है कि "एक बार जब आप नकारात्मक विचारों को सकारात्मक विचारों से बदल देंगे तो आपको सकारात्मक परिणाम मिलने लगेंगे।" ("Once you replace negative thoughts with positive ones, you'll start having positive results." –Willie Nelson)। निम्नलिखित पंक्तियों में सकारात्मक सोच विकसित करने के कुछ उपाय दिये गयें है–

- कृतज्ञता का अभ्यास (**Practice Gratitude**):– जीवन के सकारात्मक पक्षों पर नियमित रूप से विचार एवं उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने से हमारा ध्यान नकारात्मकता से हट सकता है। कृतज्ञता दैनिंदनी व दैनिक प्रतिज्ञान सकारात्मकता विकसित करने के लिए प्रभावी उपकरण होते हैं। विश्वास व आभार प्रदर्शन से सकारत्मक भाव उत्पन्न होते हैं, इस सम्बन्ध में रॉय टी. बेनेट का कहना है कि– "महान चीजें उन लोगों के साथ होती हैं जो विश्वास करना, प्रयास करना, सीखना एवं आभारी होना बंद नहीं करते।" ("Great things happen to those who don't stop believing, trying, learning, and being grateful." -Roy T. Bennett, The Light in the Heart)
- स्वयं को सकारात्मकता से आवृत्त करना (**Surrounding with Positivity**):– सकारात्मक प्रभावों से युक्त वातावरण में रहने का प्रयास करना चाहिए। इसके लिए सकारत्मकता से ओत–प्रोत साहित्य का अध्ययन करें। ऐसे व्यक्तियों के साथ समय बितायें जो आपके उत्थान में सहायता

करते हैं तथा आपको प्रेरित करते हैं। इस सम्बन्ध में ओपरा विन्फ्रे का कहना है कि– "अपने आप को केवल उन लोगों के संगति में रखे जो आपको ऊपर उठाते हों।" ("Surround yourself with only people who are going to lift you higher." -Oprah Winfrey)। सकरात्मक विचार वाले व्यक्तियों से सम्पर्क या सामुदायिक गतिविधों में संलग्नता जैसे कार्य उपयोगी हो सकते हैं। अपने आप को सकारात्मकता से परिपूर्ण वातावरण रखनें से न केवल आपकी चित्तप्रकृति बेहतर होती है बल्कि जीवन के प्रति रचनात्मक दृष्टिकोण भी दृढ़ होता है।

- ❖ सचेतनता व ध्यान (**Mindfulness and Meditation**):– सचेतनता व ध्यान जैसे अभ्यास वर्तमान में बने रहने तथा तनाव को कम करने में सहायक होते हैं। वर्तमान क्षण पर ध्यान केंद्रित करके तथा नकारात्मक विचारों को त्यागकर हम सकारात्मक सोच के पनपने का स्थान बनाते हैं। ध्यान, गहरी सांस लेना, या सचेत होकर चलना जैसी सचेतन प्रथाओं में संलग्न रहें। ये प्रविधियाँ हमें वर्तमान में मौजूद रहने, अतीत या भविष्य की चिंताओं को दूर करने तथा सकारात्मक मानसिकता को बढावा देने में सहायक होती हैं।
- ❖ यथार्थवादी लक्ष्य निर्धारित करें (**Set Realistic Goals**):– बड़े लक्ष्यों को छोटे व प्राप्त करने योग्य तथा क्रमबद्ध चरणों में वियोजित करना सीखें। जीवन की छोटी से छोटी सफलताओं का भी उल्लास मनायें, सकारात्मक मानसिकता को दृढ़ करें तथा अपनी प्रगति को बनाये रखने के लिए स्वयं को प्रेरित करते रहें। यथार्थवादी लक्ष्य निर्धारित करने से आपका आत्मविश्वास एवं प्रेरणा बढ़ती है तथा प्रगति एवं सफलता के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा मिलता है।
- ❖ समाधान पर ध्यान देना (**Focus on Solutions**):– समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय, समाधान खोजने पर अपनी ऊर्जा केंद्रित करें। समाधान–उन्मुख मानसिकता (solution-oriented mindset) अपनाने से आप बाधाओं को दूर कर सकते हैं तथा चुनौतियों को विकास के अवसर के रूप में देख सकते हैं। फ्रैंकलिन डी. रूजवेल्ट ने ठीक ही कहा है कि– "कल की हमारी प्राप्ति की एकमात्र सीमा आज के हमारे संदेह होंगे।" ("The only limit to our realization of tomorrow will be our doubts of today." - Franklin D. Roosevelt)
- ❖ सकारात्मक प्रतिज्ञान का अभ्यास (**Practice Positive Affirmations**):– अपनी क्षमताओं के बारे में सकारात्मक विश्वास को दृढ़ (reinforce) करने के लिए प्रतिदिन उनको दुहराएँ।

सकारात्मक प्रतिज्ञान अवचेतन मन को पुनःव्यवस्थापन (rewireing subconscious mind), आत्मविश्वास बढ़ाने तथा कुछ कर गुज़रने के रवैये (can-do attitude) के विकास में सहायता कर सकता है। क्रिश्चियन डी. लार्सन ने सही कहा है कि "अपने आप पर और आप जो कुछ भी हैं उस पर विश्वास करें। जानें कि आप में कुछ ऐसा है जो किसी भी बाधा से बड़ा है।" ("Believe in yourself and all that you are. Know that there is something inside you that is greater than any obstacle." - Christian D. Larson)

❖ आशावाद को विकसित करें (**Cultivate Optimism**):– गिलास को आधा खाली के बजाय आधा भरा हुआ देखने के लिए स्वयं को प्रशिक्षित करें। आशावाद का विकास आपको लचीलेपन के साथ जीवन की चुनौतियों का सामना करने तथा उन्हें दूर करने की अपनी क्षमता में विश्वास को बढ़ाता है। आशावाद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए हेलेन केलर कहतीं है कि –"आशावाद वह विश्वास है जो उपलब्धि की ओर ले जाता है। आशा एवं आत्मविश्वास के बिना कुछ भी नहीं किया जा सकता है।" ("Optimism is the faith that leads to achievement. Nothing can be done without hope and confidence." - Helen Keller)

❖ आत्मानुकंपा का अभ्यास (Practice of Self-Compassion):– ब्रेन ब्राउन कहते है कि "अपने आप से, इस प्रकार से बात करें जैसे कि आप किसी ऐसे व्यक्ति से करते हैं जिसे आप प्रेम करते हैं।" ("Talk to yourself like you would to someone you love." - Brené Brown) अर्थात् अपने प्रति अनुकम्पा रखें तथा दयालु बनें, खासकर चुनौतीपूर्ण समय के दौरान। अपने आप से उसी सहानुभूति के साथ व्यवहार करें जैसा कि आप किसी जरूरतमंद प्रिय मित्र के साथ करते है या करेंगे।

❖ असफलता को सीखने के अवसर के रूप में स्वीकार करना (Embracing Failure as a Learning Opportunity):– विफलता को बाधा या रूकावट मानने के स्थान पर एक मूल्यवान सीख के रूप में देखना चाहिए। विकास की मानसिकता के साथ विफलता को स्वीकार करने से हम सबक एवं अंतर्दृष्टि प्राप्त करते हैं, जो जीवन यात्रा में आने वाली संभावित गलतियों से बचाने में सहायता कर सकती है। इसी परिप्रेक्ष्य में हेनरी फोर्ड का यह कथन बिल्कुल सटीक है कि– "एकमात्र

वास्तविक गलती वह है जिससे हम कुछ नहीं सीखते। ("The only real mistake is the one from which we learn nothing."- Henry Ford)

❖ आत्म–देखभाल का अभ्यास (**Practice of Self-Care**):– स्व–देखभाल में शरीर, मन एवं आत्मा को पोषण देने वाली गतिविधियों को प्राथमिकता देना सम्मिलित है। चाहे वह पर्याप्त नींद लेना हो या पौष्टिक भोजन करना हो या नियमित रूप से व्यायाम करना हो या अपने पसंदीदा शौक में संलिप्त होना हो, आत्म–देखभाल ऊर्जा को फिर से भर देती है एवं सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ाती है। आत्म–देखभाल से ही इस जगत् को भी अपना सर्वश्रेष्ठ दे सकते हैं। इस सम्बन्ध में क्रिस्टी लिंग का कहना है कि "अपने शरीर, मन एवं आत्मा की देखभाल करना आपकी महानतम एवं सबसे बड़ा उत्तरदायित्व है। यह आपकी आत्मा की आवश्यकताओं को सुनने तथा पुनः उनका सम्मान करने के बारे में है।";"Caring for your body, mind, and spirit is your greatest and grandest responsibility. It's about listening to the needs of your soul and then honoring them." –Kristi Ling.

❖ जिज्ञासु एवं मस्तिष्क को खुला रखना (**Staying Curious and Open-Minded**):– अल्बर्ट आइंस्टीन कहते हैं कि– "महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रश्न करना बंद न करें। जिज्ञासा के अस्तित्व का अपना कारण है।" ("The important thing is not to stop questioning. Curiosity has its own reason for existing." -Albert Einstein)। एत्दर्थ नए विचारों, अनुभवों एवं दृष्टिकोणों को अपनाते हुए जिज्ञासु तथा मुक्त मस्तिष्क युक्त बने रहें। आश्चर्य की भावना उत्पन्न करने से हमारा मस्तिष्क लचीला व सकारात्मक संभावनाओं के प्रति ग्रहणशील रहता है।

❖ स्वीकृति की भावना विकसित करना (**Practice Cultivating Sense of Acceptance**):– विलियम जेम्स कहते हैं कि– "जो हुआ है उसे स्वीकार करना किसी भी दुर्भाग्य के परिणामों पर काबू पाने के लिए पहला कदम है।" ("Acceptance of what has happened is the first step to overcoming the consequences of any misfortune." - William James)। दूसरे शब्दों में जीवन की अनिश्चितताओं व अपूर्णताओं को मौलिक रूप से स्वीकार करने का अभ्यास करना चाहिए। जो हो सकता था उसका विरोध करने या उस पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय

वास्तविकता को वैसे ही स्वीकार करना चाहिए जैसा वह है। यह हमें सकारात्मकता एवं शांति के साथ वर्तमान क्षण पर ध्यान केंद्रित करने के लिए मुक्त करता है।

❖ उद्देश्य के साथ जीना (**Liveing with Purpose**):– राल्फ वाल्डो इमर्सन जीवन में अर्थ व उद्देश्य के महत्व पर कहते हैं कि– "जीवन का उद्देश्य प्रसन्न रहना नहीं है। यह उपयोगी होना है, सम्माननीय होना है, दयालु होना है, ताकि आप कुछ परिवर्तन ला सकें जिससे आप जी सकें और अच्छे से जी सकें।" ("The purpose of life is not to be happy. It is to be useful, to be honorable, to be compassionate, to have it make some difference that you have lived and lived well." - Ralph Waldo Emerson)। जीवन में अपने धुन एवं उद्देश्य की खोज व अनुसरण में लगे रहना सकारात्मकता को बनाए रखने लिए महत्वपूर्ण होता है। उद्देश्य के साथ जीना हमारें अस्तित्व को अर्थ एवं पूर्ति की भावना से भर देता है जो भविष्य के लिए एक सकारात्मक दृष्टिकोण में स्थापित करता है।

सकारात्मक सोच विकसित करना एक ऐसी यात्रा है जिसके लिए प्रतिबद्धता, अभ्यास एवं दृ ढ़ता की आवश्यकता होती है। उपुर्यक्त वर्णित उपायों को अपने दैनिक जीवन में सम्मिलित करके तथा साथ में दिए गए उद्धरणों को प्रेरणा के स्रोत के रूप में अपनाकर हम एक लचीली, आशावादी मानसिकता विकसित कर सकते हैं जो हमारे जीवन की चुनौतियों से अनुग्रह व कृतज्ञता के साथ निपटने में सक्षम बना सकती है।

हिंदू धर्म में आध्यात्मिकता एवं योगाभ्यास

(Spirituality and Yogic Practices in Hinduism)

"भारत विभिन्न धर्मों का मिलन स्थल है तथा इनमें से केवल हिंदू धर्म ही अपने आप में एक विशाल और जटिल चीज है, यह न केवल एक धर्म है बल्कि आध्यात्मिक विचार, अनुभूति एवं आकांक्षा का एक महान विविध और फिर भी सूक्ष्म रूप से एकीकृत समूह है।"

–श्री अरबिंदो

"India is the meeting place of the religions and among these Hinduism alone is by itself a vast and complex thing, not so much a religion as a great diversified and yet subtly unified mass of spiritual thought, realization and aspiration."

–Sri Aurobindo

आनन्द व कल्याण एक सार्वभौमिक मानवीय आकांक्षा के रूप में सदियों से चिंतन एवं अन्वेषण का विषय रहा है। विभिन्न संस्कृतियाँ एवं धर्म कल्याण व आनन्द की प्रकृति तथा इसे प्राप्त करने के मार्गों पर अद्वितीय दृष्टिकोण प्रदान करते हैं। विश्व में सर्वाधिक प्राचीन आध्यात्मिक परंपराओं में से एक सनातन हिंदू धर्म में आनन्द की खोज को विभिन्न दार्शनिक सिद्धांतों व योग प्रथाओं को महत्वपूर्ण माना गया है। हिंदू धर्म की समृद्ध सांस्कृतिक परम्परा में कल्याण के सन्दर्भ में आध्यात्मिकता एवं योग प्रथाओं के मध्य गहन सम्बंधों पर अग्रांकित अनुच्छेदों में प्रकाश डाला गया है।

हिंदू या सनातन धर्म में आध्यात्मिकता (**Spirituality in Hinduism or Sanatan Dharm**):

सनातन आध्यात्मिकता में आत्म–खोज, ब्राम्हाण्ड में प्राणियों के परस्पर अन्तर्सम्बंध का अवबोध एवं आत्मा–परमात्मा के मिलन के मार्ग व यात्रा को सर्वोच्च माना गया है। हिंदू धर्म जो मनुष्य के जीवन जीने की पद्धति को एक बहुत ही व्यवस्थित व वैज्ञानिक आधार प्रदान करता है, अपने भीतर आध्यात्मिक क्रिया–कलापों, अनुष्ठान–प्रथाओं, विश्वासों एवं दार्शनिक परंपराओं की एक विशाल श्रृंखला को समाहित करता है।

हिन्दू जीवन पद्धति में व्यक्ति के सम्पूर्ण जीवन काल को सौ वर्ष मानते हुए चार भागों में विभाजित किया गया है तथा प्रत्येक काल के लिए कुछ निश्चित् कर्तव्य निर्धारित हैं, जिनको क्रमशः आश्रम व पुरूषार्थ कहा जाता है। ये आश्रम व पुरूषार्थ क्रमशः ब्रह्चर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ व संयास तथा धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष हैं। सनातन हिन्दू आध्यात्मिकता के प्रमुख अवधारणाओं व लक्षणों की अग्रांकित अनुच्छेदों में स्पष्ट किया गया है।

(1.) आश्रम व्यवस्था (**Asharam System**):– आश्रम संस्कृत के 'श्रम्' धातु से बना है, अस्तु श्रम से मानव जीवन के उत्थान के कारण आश्रम कहा जाता है। यह व्यवस्था सनातन हिन्दू जीवन पद्धति की अनोखी विशेषता रही है, जो मानव जीवन को चार क्रमबद्ध चरणों में इस प्रकार विभाजित करती है, जिससे कि वह सर्वप्रथम ज्ञान की प्राप्ति करे तत्पश्चात् धनार्जन, संतान के लानन–पालन, सामाजिक सेवा सहित सांसारिक जीवन का भोग कर सके, तदन्तर लौकिक कर्तव्यों से निवृत्त होकर आध्यात्मिक व ईश्वरीय ज्ञान, भजन–भक्ति में संलिप्त होकर अन्ततोगत्वा परम् शक्ति में विलीन होकर मोक्ष को प्राप्त कर सके।

(i) ब्रह्मचर्य आश्रमः– इसमें जीवन काल के प्रारम्भिक 25 वर्षों तक सुशिक्षा, सद्विद्यादि गुणों को ग्रहण किया जाता है।

(ii) गृहस्थ आश्रमः– (26–50 वर्ष) उत्तम गुणों का आचरण, सन्तानों की उत्पत्ति व उनका पालन–पोषण एवं सुशिक्षा। इस आश्रम में किसी वृत्ति का वरण कर धनार्जन, धार्मिक अनुष्ठानों, यज्ञों आदि विहित कर्मों का अनुसरण किया जाता है।

(iii) वानप्रस्थ आश्रमः– (51–75 वर्ष) सांसारिक उत्तरदायित्वों से निवृत्त होकर आध्यात्मिक उन्नयन हेतु ब्रह्म–उपासना, एकान्त वास, विद्याफल विचार, जप–तप, चितन–मनन आदि कार्यों में संलग्न होना।

(iv) संन्यास आश्रमः– (75 वर्ष से अधिक) परब्रह्म, मोक्ष एवं परमानन्द को प्राप्त करना।

ध्यातव्य हो कि वर्तमान समय में आश्रम व्यवस्था अपने मूल स्वरूप में प्रचलन में नही है। प्राचीन काल से अनवरत् रूप से हो रहे धार्मिक, सामाजिक व आर्थिक परिर्वतनों ने इसके अस्तित्व को समाप्त कर दिया है। अप्रप्यक्ष रूप में महत्वपूर्ण परिर्वतनों के साथ परिवारों में इसका प्रचलन अभी भी है। जीवन के प्रारम्भिक वर्षों अर्थात् बीस से पच्चीश वर्ष की आयु तक लगभग प्रत्येक बालक शिक्षा

ग्रहण करता है, जिसमें से अधिकांश अपने घर से बाहर छात्रावासों में रहते हैं जो परिर्वतित रूप में ब्रह्मचर्य आश्रम का ही स्वरूप है। शिक्षा ग्रहण करने के पश्चात् प्रत्येक व्यक्ति धर्नाजन के लिए कोई न कोई काम धन्धा या रोजगार प्रारम्भ करता है, उपयुक्त जीवन साथी का वरण करता है तथा सन्तानोपत्ति, उनका पालन–पोषण तथा सुशिक्षा की व्यवस्था करता है। धार्मिक व सामुदायिक गतिविधियों में संलग्न होता है तथा दान, परोपकार आदि कार्य भी करता है। यही तो न्यूनाधिक रूप में गृहस्थ आश्रम की विशेषता है, भले ही यह इसका विस्तार 60 या 70 वर्ष तक क्यों न हो। सत्तर वर्ष के बाद का जीवन काल को हम वानप्रस्थ आश्रम का रूप मान सकते है। हाँ वर्तमान समय में संन्यास आश्रम का अस्तित्व नही है।

हिन्दू जीवन पद्धति में चार प्राथमिक लक्ष्यों को मान्यता दी गयी है जिन्हें ''पुरुषार्थ'' कहा जाता है। ये चारों पुरूषार्थ क्रमशः धर्म (धार्मिकता), अर्थ (धन एवं समृद्धि), काम (लौकिक सुख एवं इच्छा), तथा मोक्ष (जन्म व मृत्यु के चक्र से मुक्ति) हैं। अर्थ व काम भौतिक कल्याण व ऐन्द्रिय आनंद के महत्व को स्वीकार करते हैं तथा उन्हें धर्म व मोक्ष के अधीन माना जाता है। धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष इन चारों पुरूषार्थों की प्राप्ति के लिए सभी मनुष्यों को चार आश्रमों का अनुगमन करना होता है।

(2.) धर्म (**Dharma -Righteous Duty**):– सनातन हिंदू परम्परा में धर्म की अवधारणा केंद्रीय है। ऐसा माना जाता है कि धार्मिक कर्तव्य का पालन करने से आंतरिक शांति एवं संतुष्टि मिलती है। इस प्रकार इन गतिविधियों तथा दायित्वों को पूर्ण करके व्यक्ति ब्रह्मांड की समग्र व्यवस्था एवं सद्भाव में योगदान करते हैं। हिंदू दर्शन के मूल में धर्म की अवधारणा का प्रमुख स्थान है जिसको धार्मिक कर्तव्य या नैतिक आदेश के रूप में माना जाता है। धर्म व्यक्तिगत आचरण को नियंत्रित करता है। ऐसा माना जाता है कि धर्म का पालन करने से एक सामंजस्यपूर्ण व पूर्ण जीवन प्राप्त होता है, जो समाज के समग्र कल्याण में योगदान देता है। धर्म से लौकिक अभ्युदय व परमार्थिक कल्याण संभव होता है। ('यतोऽभ्युदयनिः श्रेयससिद्धिः स धर्मः। – वैशेषिक सूत्र, 1/1/2)

(3.) कर्म (**Karma orAction**):– धर्म के अनुसार निर्धारित कर्तव्यों का पालन करना ही कर्म है। हिंदू दर्शन की मान्यता है कि प्रत्येक कार्य का निश्चित् परिणाम होता हैं तथा व्यक्ति कर्म के नियमों से बँधे होते हैं। सकारात्मक कार्यों के सकारात्मक परिणाम होते हैं तथा नकारात्मक कार्यों के नकारात्मक

परिणाम होते हैं। धर्मानुकूल कर्म करके तथा सदाचरण के द्वारा व्यक्ति का लक्ष्य कर्म फलों का संचय करना है। संचित कर्मफल ही इस जीवन व अगले जीवन अर्थात् लौकिक व पारलौकिक जीवन के कल्याण या मोक्ष के मार्ग को प्रशस्थ करते हैं।

(4.) मोक्ष या मुक्ति (**Moksha or Liberation**):– हिंदू धर्म में अंतिम लक्ष्य मोक्ष है या जन्म–मृत्यु के चक्र से मुक्ति। मोक्ष प्राप्त करना आनन्दानुभूति का उच्चतम रूप माना जाता है, क्योंकि यह शाश्वत आनंद की स्थिति, परमात्मा के साथ मिलन एव पुनर्जन्म के चक्र से मुक्ति का प्रतिनिधित्व करता है।

(5.) भक्ति (**Bhakti : Devotion**):– हिंदू धर्म में व्यक्तिगत इष्ट के प्रति भक्ति आनन्दानुभूति का एक सामान्य मार्ग है। हिंदू धर्म में अपने इष्ट देवता के प्रति समर्पण तथा उनके प्रति गहरा प्रेम उत्पन्न करने से आध्यात्मिक संतुष्टि एवं शाश्वत आनंद को प्राप्त किया जा सकता हैं। इस मार्ग को भक्ति योग के नाम से भी जाना जाता है।

(6.) भौतिक संसार से अलगाव (**Detachment from Material World**):– हिंदू धर्म भौतिक संसार को नश्वर तथा व्यक्तियों को भौतिक संपत्ति से प्राप्त होने वाले क्षणिक सुखों को महत्वहीन मानता है। हिन्दू दर्शन में अस्तेय व अपरिग्रह को महत्वपूर्ण माना जाता है। हिन्दू आध्यात्मिकता में यह माना जाता है कि सच्चा आनन्द आत्मा की प्रकृति का वास्तविक अवबोध तथा परम् आत्मा से एकाकार होने में है।

(7.) सत्संग (**Satsang or Company of the Wise**):– हिन्दू आध्यात्मिकता में आत्म ज्ञान प्राप्त महान आत्माओं तथा बुद्धिमान व आध्यातमिक प्रवृत्ति वाले व्यक्तियों के साथ जुड़ाव को जिसे सत्संग कहा जाता है, को महत्वपूर्ण माना जाता है। सत्संग को किसी के आध्यात्मिक एवं मानसिक कल्याण के लिए लाभप्रद माना गया है। ऐसी संगति व्यक्तियों को उनकी आध्यात्मिक यात्रा के लिए प्रेरित तथा आनन्द के मार्ग को प्रशस्थ करती है।

(8.) अनुष्ठान व प्रतीकवाद (**Rituals and Symbolism**):– हिंदू आध्यात्मिकता अनुष्ठानों एवं प्रतीकवाद से गहन सम्बन्ध रखती है। अनुष्ठान जिन्हें ''पूजा'' के रूप में जाना जाता है, भक्ति भाव को व्यक्त करने, आशीर्वाद मांगने तथा परमात्मा के साथ संबंध बनाए रखने के लिए किए जाते हैं। अनेक अवतारों तथा देवी–देवताओं की मूर्तियों तथा पौराणिक आख्यानों के अनुरूप प्रतीकात्मक कल्पनाओं से सजे मंदिर, आध्यात्मिक अभ्यास के पवित्र स्थान होते हैं। पवित्र शब्दांश ''ओम'' तथा परमात्मा के विविध स्वरूपों का प्रतिनिधित्व करने वाले विभिन्न देवता प्रतीकवाद के उदाहरण हैं, ''ओम'' का जाप तथा देवताओं की भक्ति मन में आशा, विश्वास एवं शांति का संचार करते हैं।

(9.) जीवन एवं पुनर्जन्म के चक्र (**Cycles of Life and Reincarnation**):– सनातन हिंदू आध्यात्मिकता में संसार, जन्म, मृत्यु तथा पुनर्जन्म के चक्र में विश्वास है। कर्म की अवधारणा, कारण एवं प्रभाव का नियम, आजीवन किसी के कार्यों तथा उनके परिणामों को नियंत्रित करता है। अंतिम लक्ष्य जन्म एवं मृत्यु के चक्र से मुक्त होकर मोक्ष प्राप्त करना करना है।

(10.) आत्मा एवं ब्रह्म की अवधारणा (**The Concept of Atman and Brahma**):– हिंदू आध्यात्मिकता के मूल में आत्मा की अवधारणा है जो शाश्वत, अपरिवर्तनीय, अजन्मा, अजर व अमर होती है। आत्मा की अवधारणा को पवित्र हिंदू धर्मग्रंथ भगवद गीता के अध्याय 2, श्लोक 20 व 22 में बहुत ही अच्छी तरह से स्पष्ट किया गया है।

न जायते म्रियते वा कदाचिन्न्, नायं भूत्वा भविता वा न भूयः।
अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणो, न हन्यते हन्यमाने शरीरे।। –2/20
वासांसि जीर्णानि यथा विहाय, नवानि गृह्णाति नरोऽपराणि।
तथा शरीराणि विहाय जीर्णा, न्यन्यानि संयाति नवानि देही।। –2/22

अर्थात् यह आत्मा न कभी जन्म लेती है, न ही कभी मरती है, न ही अस्तित्व में आने के बाद पुनः समाप्त हो जाती है। यह अजन्मा, शाश्वत, सदा विद्यमान, अमर व पुरातन है। शरीर के मारे जाने पर भी यह नहीं मरती है। जिस प्रकार मनुष्य पुराने वस्त्रों को त्यागकर नये वस्त्र धारण करता है उसी प्रकार यह पुराने शरीर को त्यागकर नया शरीर धारण कर लेती है। यह श्लोक आत्मा की शाश्वत प्रकृति पर बल देता है, यह दावा करते हुए कि यह जन्म या मृत्यु के अधीन नहीं है, बल्कि एक कालातीत तथा अमर अवस्था में विद्यमान है।

आत्मा नित्य प्रकाश अर्थात् ज्ञानस्वरूप है। यह न कर्ता है और न ही भोक्ता। बुद्धि आदि उपाधियों से संयुक्त होने पर यह अपने को कर्ता या भोक्ता मानने लगती है ("न हि केवलस्यात्मनो भोक्तृत्वमस्ति। बुद्धयाद्युपाधिकृतमेव तस्य भोक्तृत्वम्" –शंकर)। जब आत्मा अज्ञान की उपाधि से परिच्छिन्न हो जाती है तब यह जीव कहलाने लगती है। यह अज्ञान या अविद्या ही है जिसके कारण आत्मा कभी अपने को शरीर कभी इन्द्रिय या कभी कुछ अन्य समझनें लगती है। तत्वतः आत्मा इन सभी से भिन्न मानव शरीर में विद्यमान है। यही आत्मा ब्रह्म का स्वरूप होती है। यही आत्मा या ब्रह्म सम्पूर्ण सृष्टि का आधार है। जब जीव को परम तत्व ब्रह्म तथा मायारूपी जगत् के मिथ्या होने ("ब्रह्म सत्यं जगन्मिथ्या जीवोब्रह्मैव नापरः") का ज्ञान तथा अज्ञान का आवरण हटने पर, आत्मा अपने विशुद्ध स्वरूप को प्राप्त कर लेती है ("माया निर्मितस्य जीवस्य अविद्याप्रत्युपस्थापितस्य अविद्यानाशे स्वभाव रूपत्वात्")। यही हिन्दू आध्यात्मिकता का सार है।

हिंदू दर्शन के अनुसार सृष्टि का एकमात्र तात्विक पदार्थ ब्रह्म ही है, यह एक ऐसी सत्ता है जो सर्वव्यापी, निराकार, निर्विकार, अविनाशी, अनादि, चैतन्य तथा आनन्द स्वरूप है। ब्रह्म को सच्चिदानन्द कहा गया है। इसका तात्पर्य यह है कि यह सत्य, चित्त तथा आनन्द स्वरूप है। इसको सत्य, ज्ञान तथा अनन्त (सत्यं ज्ञानं अनन्तं) भी कहा गया है। ब्रह्म निर्गुण होने के कारण बुद्धि की सीमाओं से परे (निर्विशेष) है तथा सम्बद्ध होने के कारण वह सगुण या सविशेष प्रतीत होता है। यही ईश्वर है जो जगत् का कर्ता, पालक तथा संहारक होता है, इसी रूप में ईश्वर की उपासना की जाती है। यह व्यवहारिक दृष्टि है। परमार्थिक दृष्टि से विचार करने पर ब्रह्म सभी विशेषणों से परे हो जाता है जिसको परब्रह्म कहते हैं। आत्मा ब्रह्म का ही पर्याय है तथा दोनों में कोई भेद नही है। एक ही परम तत्व आन्तरिक रूप से आत्मा तथा वाह्य रूप से ब्रह्म है। परम वास्तविकता या ब्रह्मांडीय चेतना से अलग नहीं है। इस एकता की प्राप्ति हिंदू आध्यात्मिकता में एक मौलिक लक्ष्य है। उपनिषद जैसे प्राचीन धर्मग्रंथ, आत्मा एवं ब्रह्म की एकता पर बल देते हैं, व्यक्तियों को सतह–स्तर के भेदों से परे देखने तथा अपने और सभी जीवित प्राणियों के अन्दर दिव्य सार को पहचानने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

सनातन हिंदू धर्म में योगाभ्यास
(**Yogic Practices in Sanatan Hinduism**)

भारतीय योग प्रणाली एक व्यापक एवं प्राचीन परंपरा है जो वर्तमान समय में भौगोलिक सीमाओं को पार कर एक वैश्विक घटना बन गई है। योग मात्र शारीरिक व्यायामों का एक समुच्चय ही नहीं है (अधिकांश लोग योग का अर्थापन इसी रूप में करते हैं,) बल्कि यह सनातन हिन्दू आध्यात्मिकता तथा दार्शनिक ताने–बाने में निहित कल्याण के प्रति समग्र दृष्टिकोण है, जो मन, शरीर व आत्मा के एकीकरण की बात करता है। ''योग'' शब्द संस्कृत के ''युज'' धातु से बना से है, जिसका अर्थ जोड़ना या एकजुट होना है, जो सार्वभौमिक चेतना के साथ व्यक्तिगत आत्म के जोड़ता है। गीता में समत्व को योग कहा गया है (समत्वं योग उच्यते)। समत्व को प्राप्त हुआ व्यक्ति सुख–दुःख, हानि–लाभ, जय–पराजय आदि सभी में समभाव रखता है।

ऐतिहासिक पृष्ठभूमि (**Historical Background**):

योग का इतिहास हजारों साल पुराना है, इसकी उत्पत्ति वेदों से मानी जाती है। योग के सिद्धांतों की व्यवस्थित प्रस्तुति लगभग 2,000 वर्ष पूर्व संकलित पतंजलि के योग सूत्र में मिलती है। पतंजलि ने योग के आठ अंगों की रूपरेखा द्वारा शास्त्रीय योग की नींव रखी जिसमें नैतिक दिशानिर्देश, शारीरिक मुद्राएँ, श्वास–प्रश्वास नियंत्रण एवं ध्यान सम्मिलित हैं।

चित्त तथा उसकी वृत्तियाँ (**Citta and its Tandancies**):

योगसूत्र में चित्तवृत्ति के निरोध को योग कहा गया है, चित्तवृत्तियों के निरोधोपरान्त् द्रष्टा का अपने वास्तविक स्वरूप में आ जाना ही योग का उद्देश्य है। (योगः चित्तवृत्तिर्निरोधः। तदा द्रष्टुः स्वरूपेऽवस्थानम्")। चित्त का तात्पर्य मन, बुद्धि एवं अंहकार से है। चित्त स्वभाव से जड़ है, किन्तु पुरूष (आत्मा) से निकट होने के कारण यह उसके प्रकाश से प्रकाशित हो जाता है तथा चेतन जान पड़ता है। किसी विषय से चित्त का सम्पर्क होने से वह उसी का आकार ग्रहण कर लेता है। इस स्वरूप परिवर्तन को ही वृत्ति कहा जाता है। पुरूष के चेतना का प्रकाश जो वृत्ति को प्रकाशित करता है, ज्ञान कहलाता है। पुरूष मूलतः शुद्ध चैतन्य स्वरूप है तथा प्रकृति द्वारा बाधित नही है, किन्तु भ्रमवश अपना समीकरण चित्त में अपने प्रतिबिम्ब के साथ स्थापित कर लेता है तब उसमें परिवर्तन का

आभास होने लगता है। जब पुरूष अपने को पूर्ण निरपेक्ष तथा निष्क्रिय दृष्टा मात्र समझ लेता है तब चित्त के प्रतिविम्ब के साथ उसका सम्बन्ध टूट जाता है, फलस्वरूप प्रतिबिम्ब समाप्त हो जाता है तथा चित्तवृत्ति निरूद्ध हो जाती है। चित्तवृत्ति के इसी निरोध को योग कहते हैं, जिसमें पुरूष अपने विशुद्ध चैतन्य रूप में आ जाता है।

योगसूत्र के दूसरे अध्याय (साधना पाद) में चित्त की पाँच वृत्तियाँ बतायी गयी हैं (प्रमाणविपर्ययविकल्पनिद्रास्मृतयः)— प्रमाण (सत्य ज्ञान), विपर्यय (मिथ्या ज्ञान), विकल्प (कल्पना), निद्रा तथा स्मृति। प्रमाण के तीन प्रकार हैं— प्रत्यक्ष, अनुमान तथा शब्द। किसी वस्तु से सम्बन्धित मिथ्या ज्ञान विपर्यय है। विकल्प मात्र कल्पना है। निद्रा का तात्पर्य सचेत् जागरूकता हीन स्थिति है। स्मृति पूर्व अनुभवों या ज्ञान की मानसिक प्रतीति है। पुरूष द्वारा चित्त की वृत्तियों या विकारों के साथ भ्रमवश तादात्म्य स्थापना ही बन्धन है। इस अवस्था में पुरूष अपने को कर्ता, भोक्ता आदि समझने लगता है। विवेक ज्ञान का उदय होने पर पुरूष तथा प्रकृति में विभेद स्थापित तथा अन्ततोगत्वा चित्त की वृत्तियों का निरोध हो जाता योग का उद्देश्य इसी अवस्था को प्राप्त करना है।

चित्त पाँच प्रकार के क्लेशों से युक्त होता है (अविद्या अस्मिता राग द्वेषाभिनिवेशाः पञ्च क्लेशा –2/3), ये पंच क्लेश अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष तथा अभिनिवेश हैं। अविद्या अज्ञानता की अवस्था है, चित्त का अहंकारमय होना अस्मिता क्लेश है। राग क्लेश सुख की आसक्ति व मोह में उलझ जाना है। द्वेष अपने अप्रसांगिक व अप्रिय वस्तुओं या अनुभवों से विरक्ति है। अभिनिवेश क्लेश मृत्यु का भय है। योग का उद्देश्य इन पंचक्लेशों का निरोध है।

चित्त की पाँच अवस्थायें मानी गयी हैं— क्षिप्त (अशांत), मूढ़ (सुस्त), विक्षिप्त (विचलित), एकाग्र तथा निरूद्ध (नियंत्रित)। क्षिप्तावस्था में चित्त में रजोगुण की प्रधानता होती है, चित्त स्थिर नही रह पाता हैं चंचल व वेचैन रहता है। मूढ़ावस्था में चित्त तमोगुण के प्रभाव में होता है जिससे वह निद्रा, आलस्य, अंधकार का वशीभूत होता है। विक्षिप्तावस्था में चित्त सत्ोगुण के साथ रजोगुण के प्रभाव में होता है, जिससे चित्त अधिक समय तक एक विषय पर स्थिर नही रह पाता। ये तीनों अवस्थायें योग के अनुकूल नही होती हैं। एकाग्र अवस्था में चित्त अधिक समय तक किसी विषय पर टिका रह सकता है, इस अवस्था में चित्त पूर्णतया सत्व के प्रभाव में होता है एवं तम व रज गुण नियंत्रित हो जाते हैं। अन्तिम अवस्था निरूद्धावस्था है, जो सर्वोच्च अवस्था होती है। इस अवस्था में चित्त की सभी वृत्तियों

का लोप हो जाता है तथा वह अपनी स्वभाविक अवस्था को प्राप्त होता है। यह दोनों अवस्थाएँ योग के अनुकूल होती है।

अष्ठांग योग (**Ashtanga Yoga**):– योग शरीर, मन, तथा इन्द्रियों को नियंत्रण में रखने की प्रक्रिया है, मन व इन्द्रिय जनित राग, द्वेष, आसक्ति आदि पर विजय पाने हेतु योग के आठ साधन बताये गये हैं, जिन्हे अष्ठांग योग कहते हैं। अष्ठांग योग निम्नलिखित हैं–

(1.) यम (**Ethical Guidelines**):– यम का तात्पर्य निवृत्ति से है। ये नैतिक सिद्धांत हैं जो दूसरों के प्रति व्यक्ति के व्यवहार को निर्देशित करते हैं। इनमें अहिंसा (अहिंसा), सत्य (सच्चाई), अस्तेय (चोरी न करना), ब्रह्मचर्य (संयम), तथा अपरिग्रह (असंचय) सम्मिलित हैं।

(2.) नियम (**Personal Disciplines**):– नियम का तात्पर्य सदाचार के पालन से है। ये व्यक्तिगत अनुष्ठान होते हैं जो आत्म–अनुशासन एवं आध्यात्मिक पालन पर ध्यान केंद्रित करते हैं। इनमें शौच (स्वच्छता), संतोष (संतोष), तप (आत्म–अनुशासन), स्वाध्याय (स्व–अध्ययन), तथा ईश्वर प्राणिधान (उच्च शक्ति के प्रति समर्पण) सम्मिलित हैं।

(3.) आसन (**Physical Postures**):– यह शरीर की क्रिया है जिससे उसे निश्चित् स्थिति में रखा जाता है। योग में अभ्यास की जाने वाली शारीरिक मुद्राओं का उद्देश्य स्वस्थ शरीर व मस्तिष्क का निर्माण करना है (स्थिरसुखमासनम्)। कई लोग योग को केवल आसन से जोड़ते हैं जबकि यह व्यापक योग प्रणाली का मात्र एक पहलू हैं।

(4.) प्राणायाम (**Pranayama**):– ("तस्मिन् सति श्वासप्रश्वासयोर्गतिविच्छेदः प्राणायामः") आसन की पूर्णता के पश्चात् श्वास–प्रश्वास का नियंत्रण व नियमन अर्थात् श्वास लेने एवं छोड़ने की गति को रोकना ही प्राणायाम है। अन्य शब्दों में प्राणायाम का तात्पर्य श्वास के सचेतन नियंत्रण से है, इसमें श्वास अन्दर खींचकर कुछ देर तक रोका जाता है तथा पुनः नियमित विधि से बाहर छोड़ा जाता है। यह शरीर में ऊर्जा के प्रवाह को नियंत्रित करने तथा शारीरिक व मानसिक कल्याण (physical and mental wellness) को बढ़ावा देने में सहायक है।

(5.) प्रत्याहार (**Withdrawal of the Senses**):– ("ततः परमा वश्यतेन्द्रियाणाम्") अर्थात् इन्द्रियों पर नियंत्रण कर उन्हें अपने वश में रखना ही प्रत्याहार है। इसमें बाहरी उत्तेजनाओं से ध्यान हटाकर अंदर की ओर मोड़ा जाता है। यह योगकर्ता को एकाग्रता के गहन स्तर के लिए तैयार करता है।

(6.) धारणा (**Concentration**):– मानसिक एकाग्रता विकसित करने हेतु मन को किसी अभीष्ट वस्तु पर केन्द्रित करने को धारणा कहते है।, जैसे कि नसिका के अग्रभाग, किसी देवता, सूर्य आदि पर। इसमें मन की उपमा किसी वातरहित स्थान में जलते हुए दीपक के लौ से की गयी है।

(7.) ध्यान (**Meditation**):– इसमें ध्येय विषय पर चिंतन–मनन किया जाता है। इसमें इष्ट विषय को लेकर विचारों का निरन्तर प्रवाह होता है, जिससे उस विषय का वास्तविक ज्ञान हो जाता है।

(8.) समाधि (**Absrption**):– यह चित्त की एकाग्रता की अवस्था है। यह योग की अंतिम अवस्था है जिसमें चित्त ध्येय विषय में पूर्णतया लीन होकर अपना अस्तित्व मिटा देता है। इस अवस्था में व्यक्ति का वाह्य जगत् से सम्पर्क टूट जाता है तथा चित्त के सभी विकारों का निरोध हो जाता है अर्थात् समाधि पारलौकिक चेतना या परमात्मा के साथ मिलन की स्थिति है।

उपर्युक्त मार्गों में प्रथम पाँच यम, नियम, आसन, प्राणायाम व प्रत्याहार वाह्य जबकि अंतिम तीन धारणा, ध्यान व समाधि आंतरिक साधन कहे जाते है।

योग के प्रकार (**Types of Yoga**):– हिन्दू जीवन पद्धति में योग के अनेक प्रकार हैं, जिनमें ज्ञान योग, कर्म योग, भक्ति योग, हठ योग, कुंडलिनी योग, सहज योग आदि प्रमुख हैं। (इन सभी का विस्तृत विवरण बारहवें अध्याय में दिया गया है।)

भारतीय योग प्रणाली के लाभ (**Benefits of the Indian Yoga System**):

योग प्रणाली के लाभ के सम्बन्ध में बी.के.एस. अयंगर कहते हैं कि "योग हमें वह ठीक करना सिखाता है जिसे सहने की आवश्यकता नहीं है एवं वह सहना सिखाता है जिसे ठीक नहीं किया जा सकता।" ("Yoga teaches us to cure what need not be endured and endure what cannot be cured." - B.K.S. Iyengar)। भारतीय योग प्रणाली के अनेक लाभ हैं, जिनमें से कुछ प्रमुख हैं–

- ❖ शारीरिक स्वास्थ्य (**Physical Health**):– योग के नियमित अभ्यास से लचीलापन (flexibility), शक्ति तथा समग्र शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार होता है।

- ❖ मानसिक कल्याण (**Mental Well-being**):– योग मानसिक स्पष्टता (mental clarity) एवं भावनात्मक संतुलन (emotional balance) को बढ़ाने के साथ–साथ तनाव, चिंता एवं अवसाद (stress, anxiety, and depression) को कम करने के लिए जाना जाता है।
- ❖ आध्यात्मिक विकास (**Spiritual Growth**):– योग के आध्यात्मिक पहलू आत्मान्वेषण (self-discovery), आंतरिक शांति (inner peace) तथा अपने अस्तित्व की गहन अवबोध (deeper understanding) का आधार प्रदान करते हैं।
- ❖ समग्र दृष्टिकोण (**Spiritual Growth**):– योग की समग्र प्रकृति मन, शरीर व आत्मा (the mind, body, and spirit) के अंतर्सम्बंध को संबोधित करती है, जिससे संतुलित व सामंजस्यपूर्ण (harmonious) जीवन को बढ़ावा मिलता है।

भारतीय योग प्रणाली एक शाश्वत परंपरा है जो विश्व भर में लाखों लोगों को समग्र कल्याण (holistic well-being) की प्राप्ति को सुलभ बनाने में योगदान कर रहा है। इसकी समृद्ध दार्शनिक आधार एवं विविध अभ्यास पद्धतियाँ सभी पृष्ठभूमि व आयु वाले व्यक्तियों की आवश्यकताओं को पूर्ण करती हैं। भारतीय योग परम्परा स्वस्थ एवं अधिक सार्थक जीवन हेतु बहुमुखी एवं समावेशी मार्ग का आधार प्रदान करती हैं। जैसे–जैसे दुनिया आधुनिक जीवन की चुनौतियों से जूझ रही है, भारतीय योग का प्राचीन ज्ञान प्रकाश की किरण बना हुआ है, जो योग के साधकों को आत्मान्वेषण तथा सार्वभौमिक चेतना (universal consciousness) के साथ मिलन की परिवर्तनकारी यात्रा का मार्गदर्शन करता है।

योगाभ्यास शरीर, मन एवं आत्मा में सामंजस्य स्थापित कर आनन्द की खोज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हैं। आसन या शारीरिक मुद्राएँ शारीरिक कल्याण एवं मानसिक स्पष्टता को बढ़ाती हैं। प्राणायाम श्वास को नियंत्रित करता है तथा जीवन शक्ति एवं मन शांत रखने में सहायक होता है। ध्यान आंतरिक शांति एवं आत्म–चेतना उत्पन्न करता है, जिससे क्षणिक अनुभवों से परे आनन्द की प्रकृति की गहन समझ पैदा होती है। बी.के.एस. अयंगर का भारतीय योग से सम्बन्धित यह कथन बिल्कुल सटीक है कि– "योग एक ऐसा प्रकाश है जो एक बार जलने के बाद कभी नहीं बुझता। आपका अभ्यास जितना बेहतर होगा, लौ उतनी ही तेज होगी।" ("Yoga is a light, which once lit, will never dim. The better your practice, the brighter the flame." - B.K.S. Iyengar)

बौद्ध धर्म में आध्यात्मिकता एवं योगाभ्यास
(Spirituality and Yogic Practices in Budhism)

"अपना दीपक स्वयं बनो। परिश्रम के साथ अपनी मुक्ति के लिए कार्य करो।" –गौतम बुद्ध

"Be a lamp unto yourself. Work out your liberation with diligence. "

- Gautama Buddha

"मन ही सब कुछ है। आप जैसा सोचते हैं, आप बन जाते हैं।" –गौतम बुद्ध.

"The mind is everything. What you think, you become." - Gautama Buddha.

बौद्ध धर्म विश्व के प्राचीनतम धर्मों में से एक है। इसके प्रवर्तक गौतम बुद्ध थे। गौतम बुद्ध के वचपन का नाम सिद्धार्थ था। सिद्धार्थ का जन्म 563 ई0 पू0 में नेपाल के तराई में लुंबिनी नामक स्थान में हुआ था। इनके पिता का नाम शुद्धोधन तथा माता का नाम महामाया था, जिनका देहान्त सिद्धार्थ के जन्म के सात दिन पश्चात् हो गया था। इनका पालन इनकी मौसी प्रजापती गौतमी ने किया। इनके पिता कपिलवस्तु के शासक थे। सोलह वर्ष की आयु में इनका विवाह यशोधरा से हुआ था, जिनसे इनको एक पुत्र की प्राप्ति भी हुयी थी। इनके पुत्र का नाम राहुल था। इनका मन राजकाज व अन्य सांसारिक कार्यों में नही लगता था। यह सदा लोगों के जरा, मरण तथा अन्य कष्टों को देखकर दुखी रहते थे। अन्ततः 29 वर्ष की अवस्था में संसार को दुःखों से मुक्ति दिलाने हेतु गृह त्यागकर वन की ओर प्रस्थान कर गये। कठोर तप व साधना के पश्चात् गया के पास पीपल के वृक्ष के नीचे इन्हे ज्ञान की प्राप्ति हुई। ज्ञान प्राप्ति के बाद ये बुद्ध कहलाये। भगवान बुद्ध ने अपना पहला उपदेश सारनाथ में दिया। 483 ई0 पू0 कुशीनगर में अस्सी वर्ष की अवस्था में इनको महापरिनिर्वाण प्राप्त हुआ।

(अप्प दीपो भवः। धम्म दीपो भवः। धम्म सरणं अनण्णं।
अनण्णं सरणं गतं धम्मं, णान तस्स अनुद्देसेन, सक्थिमं भवन्ति।)
वयधम्मा संखारा, अप्पमादेन सम्पादेथ। –
(दीघ निकाय, महापरिनिर्वाण सुत्त, डीएन 16)

स्वयं दीपक बनो। धर्म को अपना दीपक बनाओ। केवल धर्म को ही शरण मानो। जो कोई भी धर्म की शरण में जाता है, धर्म के अनुसार चलता है, वह सच्ची शक्ति प्राप्त करता है। यह वाक्यांश भगवान बुद्ध द्वारा अपने अनुयायियों को दिया गया अंतिम उपदेश था, जिसमें उन्होंने आत्मनिर्भरता और सत्य की खोज पर बल दिया। इस सुत्त के एक अंश में भगवान बुद्ध अपने शिष्य आनंद को यह सलाह देते हैं कि वह आत्मनिर्भर बने और अपने मार्गदर्शन के लिए सत्य और धर्म को अपना दीपक बनाए।

बौध धर्म अपनी समृद्ध दार्शनिक एवं आध्यात्मिक परंपरा के लिए जाना जाता है। यह आनन्द एवं बौध आध्यात्मिकता संसारिक दुःखों के संबंधों में अद्वितीय दृष्टिकोण प्रदान करता है। बौद्ध आध्यात्मिकता मूल रूप से मानव पीड़ा की प्रकृति तथा उनसे मुक्ति के मार्ग को संबोधित करता है। बौद्ध धर्म निराशावादी दृष्टिकोण की वकालत नहीं करता है अपितु पीड़ा की समझ तथा उसके निवारण पर बल देता है।

बौद्ध दर्शन के केंद्र में अनित्यता (अनिका) की अवधारणा है, जो यह मानती है कि सभी घटनाएँ क्षणभंगुर तथा परिवर्तन के अधीन हैं। यह मान्यता सांसारिक आसक्तियों एवं इच्छाओं से अलगाव (विराग) की भावना उत्पन्न करती है, जिससे आध्यात्मिक विकास व मुक्ति का मार्ग प्रशस्थ होता है। इसके अतिरिक्त, गैर–स्व (अनत्ता) का सिद्धांत अंतर्निहित पहचान की धारणा को चुनौती देता है, जो साधकों को स्पष्टता व समभाव के साथ वास्तविकता को समझने के लिए प्रोत्साहित करता है।

चार आर्य सत्य (चत्तरि अरियसच्चानि या चत्वारि आर्यसत्यानि) एवं अष्टांगिक पथ बौद्ध धर्म के मूलभूत सिद्धांतों को स्पष्ट करते हैं। यही बौद्ध आध्यात्मिकता के आधार हैं।

चार आर्य सत्य (**The Four Noble Truths**):

1. दुक्ख, दुख (**Sufferin**):– पहला आर्य सत्य जीवन में दुख या असंतोष (दुक्ख) के अस्तित्व की बात करता है। यह स्वीकार करता है कि जीवन स्वाभाविक रूप से कष्टप्रद एवं असंतोषजनक है तथा व्यक्ति अनेकानेक कष्टों का अनुभव करते रहते हैं।
2. समुदय, दुख की उत्पत्ति (**Origin of Suffering**):–: दूसरा आर्य सत्य दुख की उत्पत्ति की पहचान करता है। दुख की उत्पत्ति के लिए लालसा या लगाव (तन्हा) को जिम्मेदार ठहराया जाता है। यह आर्य सत्य बताता है कि हमारी इच्छाएँ एवं आसक्तियाँ दुख की ओर ले जाती हैं।

3. निरोध, दुख की समाप्ति (**Cessation of Suffering**):– तीसरा आर्य सत्य सिखाता है कि दुख की समाप्ति संभव है। इच्छाओं एवं आसक्तियों पर नियंत्रण पाकर ही व्यक्ति दुख से मुक्ति प्राप्त कर सकता है।

4. मग्गा, दुख समाप्ति का मार्ग (**Path to the Cessation of Suffering**):– चौथा आर्य सत्य आसक्ति व इच्छाएँ जो दुखों का कारण होती हैं के नियंत्रण से सम्बन्धित है। यह अष्टांगिक पथ की रूपरेखा को बताता है जो आत्मज्ञान प्राप्त करने तथा दुःखों की समाप्ति के उद्देश्य से नैतिक व मानसिक दिशानिर्देशों का एक समूह है।

अष्टांगिक मार्ग (**The Eightfold Path**):– अष्टांगिक मार्ग नैतिक व मानसिक विकास के लिए दिशानिर्देश प्रदान करते हैं। इसको तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया है– ज्ञान (पन्ना), नैतिक आचरण (शील), तथा मानसिक अनुशासन (समाधि)। ये अष्टांगिक मार्ग हैं–

(1.) सम्यक् दृष्टि (**Right View**):– वस्तुओं के वास्तविक स्वरूप का ध्यान करना सम्यक दृष्टि है।

(2.) सम्यक् संकल्प (**Right Resolve**):– आसक्ति, द्वेष तथा हिंसा से मुक्त विचार रखना सम्यक् संकल्प है।

(3.) सम्यक् वाक् (**Right Speech**):– अप्रिय वचनों का परित्याग ही सम्यक् वाक् कहलाता है।

(4.) सम्यक् कर्मान्त (**Right Action**):– दान, दया, सत्य, अहिंसा आदि सत्कर्मों का अनुसरण सम्यक् कर्मान्त है।

(5.) सम्यक् आजीव (**Right Livelihood**):– सदाचार के नियमों के अनुसार आजीविका का पालन ही सम्यक् आजीव है।

(6.) सम्यक् व्यायाम (**Right Effort**):– नैतिक, मानसिक व आध्यात्मिक उन्नयन हेतु सतत् प्रयत्न सम्यक् व्यायाम कहलाता है।

(7.) सम्यक् स्मृति (**Right Mindfulness**):– किसी भी विषय से सम्बन्धित मिथ्या धारणाओं का त्याग कर सच्ची धारणा रखना ही सम्यक् स्मृति है।

(8.) सम्यक् समाधि (**Concentration**):– मन या चित्त की एकाग्रता को सम्यक् समाधि कहते हैं।

उपर्युक्त आष्टांगिक मार्ग में शील (ethical conduct) के अन्तर्गत सम्यक् कर्मान्त तथा सम्यक आजीव, समाधि (mental discipline) के अन्तर्गत सम्यक् व्यायाम, स्मृति तथा समाधि एवं ज्ञान (wisdom) के अन्तर्गत सम्यक् दृष्टि, संकल्प तथा वाक् सम्मिलित हैं।

बौद्ध धर्म में आनन्द (**Happiness in Buddhism**):

निर्वाण (**Nirvana**):–बौद्ध धर्म में अंतिम लक्ष्य निर्वाण प्राप्त करना है, जो जन्म, मृत्यु एवं पुनर्जन्म (संसार) के चक्र से मुक्ति की स्थिति है। निर्वाण को पूर्ण शांति, आनन्द एवं पीड़ा से मुक्ति की स्थिति के रूप में वर्णित किया जाता है।

आंतरिक शांति (**Inner Peace**):– बौद्ध धर्म आंतरिक शांति एवं संतुष्टि (contentment) पर बल देता है, जो मन को लालसा व द्वेष से मुक्त करने से आती है। आंतरिक शांति का तात्पर्य यह है कि सच्ची खुशी वाह्य परिस्थितियों पर निर्भर नहीं है बल्कि यह मन की आंतरिक स्थिति की द्योतक होती है।

करुणा (**Compassion**):– बौद्ध आध्यात्मिकता के केंद्र में करुणा एवं प्रेमपूर्ण दयालुता (मेटा) का अभ्यास है। इन गुणों को विकसित करके व्यक्ति जुड़ाव एवं कल्याण की गहन भावना की अनुभूति कर सकते हैं। दलाई लामा ने कहा है कि– "जब भी संभव हो दयालु बनें। यह हमेशा संभव है।" ("Be kind whenever possible. It is always possible.")।

सचेतनता (**Mindfulness**):– सचेतनता अष्टांगिक पथ का एक अभिन्न अंग है जिसमें बिना किसी लगाव या घृणा के वर्तमान क्षण में पूरी तरह से मौजूद रहना सम्मिलित है। यह मन को समझने तथा रूपान्तरण (understanding and transforming) के लिए महत्वपूर्ण अभ्यास है जो अन्ततः आनन्द की ओर उन्मुख करता है।

बौद्ध धर्म आत्मज्ञान के विभिन्न मार्गों को मान्यता देता है। यह विभिन्न (diverse) स्वभाव व झुकाव (temperaments and inclinations) वाले व्यक्तियों को समायोजित करता है। थेरवाद परंपरा अर्हतत्व की खोज के माध्यम से व्यक्तिगत मुक्ति पर बल देती है जबकि महायान परंपरा बोधिसत्व पथ

का अनुसरण करती है जिसमें करुणा एवं सभी संवेदनशील प्राणियों के कल्याण हेतु आत्मज्ञान को प्राप्त करने पर बल दिया जाता है। बौद्ध धर्म की वज्रयान परम्परा आत्मज्ञान की यात्रा को तीव्र करने के लिए गूढ़ व रहस्यमयी प्रथाओं एवं प्रपंचात्मक गतिविधियों का अनुसरण करती है।

व्यक्तियों एवं समाज पर प्रभाव (**Impact on Individuals and Society**):

बौद्ध आध्यात्मिकता का अभ्यास व्यक्तियों पर गहरा प्रभाव डालता है, मनोवैज्ञानिक कल्याण, समुत्थानशीलता एवं आंतरिक शांति को बढ़ावा देता है। अनेक अध्ययनों ने बौद्ध सिद्धांतों में निहित सचेतनता–आधारित हस्तक्षेपों (mindfulness-based interventions) के चिकित्सीय लाभों (therapeutic benefits) पर प्रकाश डाला है, जैसे तनाव में कमी, भावनात्मक विनियमन में वृद्धि तथा समग्र मानसिक स्वास्थ्य में सुधार। इसके अलावा, बौद्ध आध्यात्मिकता में निहित करुणा एवं परोपकारिता पारस्परिक सम्बंधों तथा सामाजिक सामंजस्य को बढ़ावा देती है।

बौद्ध अध्यात्म की समसामयिक अभिव्यक्तियाँ (**Contemporary Expressions of Buddhist Spirituality**):

समकालीन परिदृश्य में बौद्ध धर्म ने विभिन्न सांस्कृतिक संदर्भों को अपनाया है जिससे आध्यात्मिकता की विविध अभिव्यक्तियाँ उत्पन्न हुई हैं। सचेतनता अभ्यास प्रथाएँ, बौद्ध आध्यात्मिकता का धर्मनिरपेक्ष परिप्रेक्ष्य तथा मनोविज्ञान व चिकित्सा में बौद्ध सिद्धांतों का एकीकरण आधुनिक दुनिया की चुनौतियों का समाधान करने में बौद्ध आध्यात्मिकता की अनुकूलन क्षमता को रेखांकित करता है। बौद्ध आध्यात्मिकता अस्तित्व का स्वरूप तथा मानव मन में इसकी गहन अंतर्दृष्टि में निहित है, जो इसे सकल विश्व में आध्यात्मिक जागृति के लिए प्रेरणा व मार्गदर्शन का स्रोत बनाती है।

सामाजिक स्तर पर बौद्ध धर्म ने विविध क्षेत्रों में सांस्कृतिक मानदंडों, नैतिक मूल्यों तथा सामाजिक–राजनीतिक संरचनाओं को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। दक्षिण पूर्व एशिया के प्राचीन साम्राज्यों से लेकर पश्चिम में समकालीन सचेतनता आंदोलन (mindfulness movement) तक बौद्ध आध्यात्मिकता व्यक्तियों एवं समुदायों को भौतिक खोजों से परे अर्थ खोजने के लिए प्रेरित करती रही है। करुणा, सामाजिक न्याय एवं पर्यावरण संरक्षण पर बल देना समकालीन वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने में इसकी प्रासंगिकता को रेखांकित करता है।

एतद्दर्थ कहना होगा कि बौद्ध धर्म यह शिक्षा देता है कि सच्चा आनंद व्यक्ति के अन्दर से आता है तथा यह दुख की प्रकृति को समझने, इच्छा व लगाव पर काबू पाने एवं नैतिक व मानसिक विकास के मार्ग पर चलने से प्राप्त होता है। निर्वाण की प्राप्ति तथा आंतरिक शांति, करुणा एवं सचेतनता को विकसित करना बौद्ध आध्यात्मिकता के मूलभूत पहलू हैं।

बौद्ध योग अभ्यास (**Buddhist Yogic Practices**)

बौद्ध धर्म में योगाभ्यास आत्मज्ञान एवं दुःखों से मुक्ति के मार्ग का अभिन्न अंग है। सिद्धार्थ गौतम बुद्ध की शिक्षाओं से उत्पन्न बौद्ध धर्म में विभिन्न विचार सम्प्रदाय एवं परंपराएँ सम्मिलित है, जिनमें से प्रत्येक का योग अभ्यास–प्रथाओं के लिए अद्वितीय दृष्टिकोण है। इन प्रथाओं का प्राथमिक लक्ष्य सचेतनता, एकाग्रता तथा अंतर्दृष्टि का विकास करना है जिससे कि चार आर्य सत्यों तथा निर्वाण की प्राप्ति हो सके।

- ❖ सचेतनता, सती (**Mindfulness**):– सचेतनता बौद्ध धर्म में एक मूलभूत योग अभ्यास है। इसमें वर्तमान क्षण में किसी के विचारों, भावनाओं एवं कार्यों के बारे में जागरूकता बढ़ाना सम्मिलित है। इस अभ्यास को ध्यान के माध्यम से औपचारिक रूप दिया जाता है, जहाँ अभ्यासकर्ता अपना ध्यान श्वास, शारीरिक संवेदनाओं व चिंतन की अन्य वस्तुओं पर केंद्रित करते हैं। इच्छा, लालसा एवं घृणा के चक्र को तोड़ने में सचेतनता की महत्वपूर्ण भूमिका है, जिससे वास्तविकता के स्वरूप का गहन अवबोध होता है।
- ❖ एकाग्रता, समाधि (**Concentration - Samadhi**):– बौद्ध धर्म में एकाग्रता प्रथाओं का उद्देश्य मन की एक–केंद्रितता (one-centeredness) कौशल विकसित करना है। मन को किसी एक वस्तु, जैसे कि श्वास या किसी दृश्य छवि पर केंद्रित करके, अभ्यासकर्ता एकाग्रता विकसित करते हैं। गहन एकाग्रता की अवस्थाओं की प्राप्ति, जिसे 'झानस' के नाम से जाना जाता है, अंतर्दृष्टि प्राप्त करने एवं वास्तविकता की प्रकृति को समझने के लिए आवश्यक मानी जाती है। समाधि ज्ञान एवं अंतर्दृष्टि के विकास का अग्रदूत है।
- ❖ प्रेम–कृपा ध्यान, मेटा (**Loving-kindness Meditation , Metta**):– मेटा ध्यान बौद्ध धर्म व अनेक बौद्ध परंपराओं में एक महत्वपूर्ण योग अभ्यास है। मेटा में स्वयं एवं सभी प्राणियों के प्रति असीम, बिना शर्त प्रेम व सद्भावना को विकसित करना होता है। इस अभ्यास का उद्देश्य द्वेषपूर्ण

भावनाओं को दूर करना, करुणा विकसित करना, परस्पर जुड़ाव की भावना को बढ़ावा देना तथा अहंकार–केंद्रित दृष्टिकोण को समाप्त करना है।

❖ बौद्ध धर्म में ज़ेन योगिक अभ्यास (**Zen yogic practices in Buddhism**):– ज़ेन परंपरा के अन्दर सचेतनता, एकाग्रता, अंतर्दृष्टि एवं आध्यात्मिक जागृति विकसित करने के लिए नियोजित तकनीकों एवं विधियों को संदर्भित करते हैं। ज़ेन चीन में चौन बौद्ध धर्म के रूप में उत्पन्न हुआ था जो कालान्तर में जापान एवं पूर्वी एशिया के अन्य भागों में फैल गया। यह जटिल सैद्धांतिक ज्ञान की अपेक्षा प्रत्यक्ष अनुभव एवं सहज ज्ञान पर विशेष बल देता है।

ज़ेन को प्रायः बैठे हुए ध्यान (ज़ज़ेन) से जोड़ा जाता है जबकि इसके योगिक अभ्यास ध्यान से परे दैनिक जीवन के विभिन्न पहलुओं को सम्मिलित करते हैं। इसमें चलना, भोजन एवं कार्य करने जैसी सामान्य गतिविधियों में भी ध्यान करना सम्मिलित है। ज़ेन योगिक अभ्यासों के कुछ प्रमुख उदाहरण इस प्रकार हैं–

❖ ज़ज़ेन, बैठे हुए ध्यान (**Zazen, Seated Meditation**):– ज़ज़ेन ज़ेन अभ्यास की आधारशिला है। ज़ज़ेन अभ्यासी सामान्यतः कुशन पर पैर को क्रॉस की स्थिति में रखते हुए एक विशिष्ट मुद्रा में बैठते हैं तथा जागरूकता को बढ़ाने एवं अंतर्दृष्टि प्राप्त करने हेतु अपनी श्वास या कभी–कभी एक विशेष कोआन (एक विरोधाभासी प्रश्न या कथन) पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

❖ वॉकिंग मेडिटेशन, किनहिन (**Walking Meditation, Kinhin**):– किन्हिन, ज़ज़ेन की अवधि के मध्य में चलते हुए किया जाने वाला वाला योग अभ्यास का एक रूप है। अभ्यासकर्ता धीमी गति से एक गोलाकार पथ में ध्यानपूर्वक चलते हुए श्वास एवं कदमों का समन्वय स्थापित करने में संलग्न होते हैं। यह अभ्यास दैनिक गतिविधियों में जागरूकता बनाए रखने में सहायक है तथा दैनिक जीवन में भी सचेतनता के साथ सहज एकीकरण को बढ़ावा देता है।

❖ कोआन अध्ययन (**Koan Study**):– कोआन ज़ेन गुरुओं द्वारा छात्रों को ध्यान की वस्तु के रूप में दिए गए रहस्यमय कथन या प्रश्न हैं। कोआन अध्ययन का उद्देश्य उन्हें बौद्धिक रूप से हल करना नहीं है, बल्कि द्वैतवादी सोच से परे जाना तथा सीधे उस सत्य का अनुभव करना है जिसकी ओर वे संकेत करते हैं।

- ❖ शिकांताज़ा, मात्र बैठना (**Shikantaza, Just Sitting**):– शिकांताज़ा ध्यान का एक रूप है जहाँ अभ्यासी ध्यान की मुद्रा में बैठते हैं किंतु वे किसी वस्तु पर ध्यान केन्दित नही करते है, न तो श्वास–प्रश्वास क्रिया का अनुसरण करते हैं और न ही कोआन पर विचार करते हैं। इसके बजाय वे बिना किसी लगाव या घृणा के विचारों, संवेदनाओं एवं धारणाओं का निरीक्षण करते हैं।
- ❖ दैनिक गतिविधियों में सवेतनता (**Mindfulness in Daily Activities**):– ज़ेन जीवन के सभी पहलुओं में सचेतनता के साथ एकीकरण पर बल देता देता है। अभ्यासी भोजन, चाय पीने या कार्य करने जैसी दैनिक गतिविधियों में जागरूकता एवं उपस्थिति बनाए रखने का प्रयास करते हैं।
- ❖ तेशो, धर्म वार्ता (**Teisho, Dharma Talks**):– ज़ेन शिक्षक छात्रों को शिक्षा एवं अंतर्दृष्टि प्रदान करने के लिए धर्म वार्ता करते हैं। इसमें वास्तविकता की प्रकृति एवं मुक्ति के मार्ग के बोध को गहरा करने के लिए सूत्र, प्रवचन एवं ज़ेन बौद्ध दर्शन पर चिंतन करना सम्मिलित है। ये वार्ताएँ ज़ेन सिद्धांतों को दैनिक जीवन के साथ एकीकृत करने के बारे में मार्गदर्शन प्रदान करती हैं।
- ❖ डोकुसन, व्यक्तिगत मार्गदर्शन (**Dokusan, Individualised Guidance**):– डोकुसन के दौरान अभ्यासी (practitioners) अपने अभ्यास पर चर्चा व मार्गदर्शन प्राप्त करने तथा संदेहों को दूर करने के लिए ज़ेन शिक्षक से आमने–सामने मिलते हैं। यह व्यक्तिगत बातचीत छात्रों की आवश्यकताओं के अनुरूप व्यक्तिगत निर्देश देने का अवसर देती है।

बौद्ध योगिक अभ्यासों का उद्देश्य जगत् की वास्तविक प्रकृति के प्रति वैचारिक बोध के बजाय प्रत्यक्ष अनुभव के माध्यम से अभ्यासियों की अनर्दृष्टि को जागृत करना है जिसे शून्यता (emptiness) या बुद्ध–स्वभाव (Buddha-nature) के रूप में वर्णित किया जाता है।

विपश्यना (**Vipassana**)

बौद्ध धर्म में कायनुपासना व विपश्यना दो घनिष्ट रूप से परस्पर सम्बंधित अवधारणाएँ हैं जो सचेतनता एवं अंतर्दृष्टि ध्यान की व्यापक प्रविधियाँ हैं। ये अभ्यास प्रथाएँ सचेतनता (सतीपत्थन सुत्त–मज्झिम निकाय सं. 10 एवं दीर्घ निकाय सं. 22) पर बुद्ध की शिक्षाओं के अभिन्न अंग हैं जो कि सचेतनता को विकसित करने से सम्बन्धित निर्देश प्रदान करने वाले प्रमुख प्रवचन हैं।

कायनुपासना (**Kayanupassana**):

अर्थ (**Meaning**):– कायनुपासना दो शब्दों काया एवं पश्यना में अनु उपसर्ग से मिलकर बना है। काया का तात्पर्य शरीर (body) तथा अनुपश्यना का अर्थ है चिंतन या अवलोकन (contemplation or observation), एतदर्थ कायनुपश्यना 'शरीर की सचेतनता' या शरीर के चिंतन व अवलोकन का ध्यानाभ्यास है। इसमें शरीर के विभिन्न पहलुओं का अवलोकन, अवबोधन, उसकी नश्वरता व संवेदनाओं की प्रकृति तथा अन्य घटनाओं के साथ उसकी परस्पर निर्भरता को पहचान करना सम्मिलित है।

अभ्यास (**Practice**):– कायनुपश्यना ध्यान में अभ्यासी शरीर में होने वाली विभिन्न शारीरिक संवेदनाओं (physical sensations) एवं प्रक्रियाओं पर अपना ध्यान केंद्रित करते हैं। इसमें शरीर के विभिन्न भागों का व्यवस्थित क्रमवीक्षण (systematically scanning) करते हुए लगाव या घृणा के बिना (without attachment or aversion) गर्मी (warmth), ठंड (cold), झुनझुनी (tingling), स्पंदन (pulsing), या किसी अन्य शारीरिक संवेदनाओं जैसी लक्षणों का पर्यवेक्षण (observation) करना सम्मिलित होता है। इसका उद्देश्य शरीर की अस्थायी (impermanent), असंतोषजनक (unsatisfactory) तथा निस्वार्थ प्रकृति (selfless nature) के प्रति जागरूकता एवं अंतर्दृष्टि विकसित करना है।

कायनुपासना एवं विपश्यना दोनों ही सचेतनता मेडिटेशन के अभ्यास का अभिन्न अंग हैं। कायनुपासना विपश्यना के लिए एक आधार के रूप में कार्य करता है क्योंकि यह शरीर की प्रकृति की समझ तथा उसके अस्तित्व की वास्तविकता के सन्दर्भ में अंतर्दृष्टि प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है।

विपश्यना ध्यान का मार्ग (**Vipassana The Path of Meditation**)

"Meditation has made me happy, loving, and peaceful-but not every single moment of the day. I still have good times and bad, joy and sorrow. Now I can accept setbacks more easily, with less sense of disappointment and personal failure, because meditation has taught me how to cope with the profound truth that everything changes all the time. "

- SharonSalzberg

"ध्यान ने मुझे प्रसन्न, प्रेमयुक्त और शांतिपूर्ण बना दिया है– लेकिन दिन के हर पल के लिए नहीं। मेरे पास अभी भी अच्छा व बुरा समय, खुशी व दुख हैं। अब मैं असफलताओं को अधिक आसानी से स्वीकार कर सकती हूँ, निराशा एवं व्यक्तिगत विफलता की भावना कम होती है, क्योंकि ध्यान ने मुझे इस गहन सत्य से निपटना सिखाया है कि हर चीज हर समय बदलती रहती है।" – शेरोन साल्ज़बर्ग

विपश्यना ध्यान प्राचीन बौद्ध परंपराओं में निहित एक ध्यान अभ्यास की प्रविधि है। विपश्यना का आशय ''अंतर्दृष्टि ध्यान'' से है, जो भौतिक शरीर से परे जाती है तथा मानसिक घटनाओं के सम्पूर्ण अनुक्षेत्र तक फैली होती है। इसमें अस्तित्व की वास्तविक प्रकृति का गहन अंतर्दृष्टि सम्मिलित है, जिसमें अनित्यता (अनिका), असंतोष या पीड़ा (दुक्खा), तथा गैर–स्व (अनत्ता) के तीन लक्षणों (तिलकखाना) पर बल दिया गया है।

विपश्यना अपने संभावित चिकित्सीय लाभों तथा कल्याण पर प्रभाव के लिए समकालीन मनोविज्ञान एवं तंत्रिका विज्ञान के ध्यान को आकर्षित किया है। विपश्यना पाली भाषा का शब्द है जिसका अर्थ अंतर्दृष्टि या स्पष्ट दृष्टि है। ध्यान का यह रूप वर्तमान क्षण के अनुभवों के प्रति सजगता एवं जागरूकता पर बल देता है। यह अन्तर्मन की गहराइयों में जाकर आत्मनिरीक्षण के माध्यम से आत्मशुद्धि की साधना है। अग्राकिंत पंक्तियों में विपश्यना ध्यान की ऐतहासिक पृष्ठभूमि, प्रविधियों, मनोवैज्ञानिक तंत्र तथा वैज्ञानिक अनुसंधान के बारे में सविस्तार चर्चा की गयी है।

ऐतिहासिक पृष्ठभूमि (**Historical Background**):

विपश्यना ध्यान की उत्पत्ति 2,500 साल पहले बौद्ध धर्म के अभ्युदय के साथ हुई। इसका मूल सिद्धान्त गौतम बुद्ध की शिक्षाओं में है। ऐसा कहा जाता है कि बुद्ध ने विपश्यना को आत्मज्ञान एवं दुख से मुक्ति के मार्ग के रूप में इस पद्धति को खोजा था। इस अभ्यास को बौद्ध मठों एवं परंपराओं द्वारा सदियों तक संरक्षित तथा मौखिक रूप से प्रसारित किया गया है। दसवीं शताब्दी आते–आते थेरवाद में विपश्यना का अभ्यास समाप्तप्राय सा हो गया था। शायद इसका कारण वज्रयान शाखा का उदय था।

विपश्यना को लोकप्रिय बनाने में म्यानमार (बर्मा) के मेदावी (Medawi) (1728–1816) का महत्वपूर्ण योगदान रहा है, जिन्होने विपश्यना मैनुअल्स (Vipassana Manuals) की रचना की। थेरवादी देशों में उन्नीसवीं एवं बीसवीं शताब्दी में ध्यान के वास्तविक अभ्यास को पुनर्स्थापित करने का प्रयास किया गया तथा सत्तीपत्तन सुत्त, विशुद्धिमग्गा तथा अन्य ग्रन्थों के आधार पर सरल व व्यवहारिक ध्यान प्रविधियों का विकास किया गया। बीसवीं सदी में विपश्यना ध्यान प्रविधि थेरवादी देशों से पश्चिम के देशों तक पहुँच गयी। इसका प्रमुख कारण विपश्यना अभ्यास की नयी बर्मी पद्धति थी, जिसको यू नारद (U Narada, 1868–1955) द्वारा विकसित तथा महासी सयादाव (Mahasi Sayadaw, 1904–1982) द्वारा लोकप्रिय बनाया गया। बर्मा (म्यांमार) के बौद्ध ध्यान शिक्षक महासी सयादाव, सयागी यू बा खिन (Sayagyi U Ba Khin, 1899-1971) तथा उनके शिष्य एस.एन. गोयनका (S. N. Goenka, 1924-2013) के बहुत से अनुयायी पश्चिमी देशों में बने। अमरीकी विपश्यना आंदोलन में ज़ोसेफ़ गोल्डस्टीन (Joseph Goldstein), तारा ब्रैच (Tara Brach), गिल फ्रोंस्डल (Gil Fronsdal), शेरोन शाल्ज़वर्ग (Sharon Salzberge), रूथ डेनिसन (Ruth Denison), सिंज़ेन यंग (Shinzen Young), जैक क्रोनफील्ड (Jack Kornfield) आदि जैसे समकालीन बौद्ध अनुयायी व शिक्षक सम्मिलित हैं। 1980 के दशक के पश्चात् विपश्यना आंदोलन ने बड़े पैमाने पर धर्मनिरपेक्ष सचेतनता आंदोलन का मार्ग प्रशस्थ किया है जिसका मूल ज़ेन व विपश्यना ध्यान में है।

विपश्यना ध्यान की प्रविधियाँ (**Techniques of Vipassana Meditation**):

विपश्यना ध्यान में मुख्य रूप से शारीरिक संवेदनाओं, विचारों, भावनाओं तथा वर्तमान क्षण में उत्पन्न होने वाली अन्य घटनाओं पर ध्यान केंद्रित करके सचेतनता का विकास च हटाना किया जाता है। अभ्यासी एकाग्रता विकसित करने के लिए अपनी श्वास की प्राकृतिक लय व गति के अनुसार इसको प्रारम्भ करते हैं, तत्पश्चात् शरीर के संवेदनाओं को व्यवस्थित रूप से क्रमवीक्षण (scanning) करते हैं। जैसे–जैसे एकाग्रता गहरी होती है, ध्यान संवेदनाओं एवं मानसिक घटनाओं के अवलोकन पर केंद्रित हो जाता है। इस प्रक्रिया में बिना किसी लगाव या घृणा के शारीरिक व मानसिक संवेदनाओं की अस्थायी एवं क्षणभंगुर प्रकृति का प्रेक्षण किया जाता हैं। यह प्रक्रिया सभी घटनाओं की क्षणभंगुर प्रकृ ति तथा शरीर व मन के परस्पर संबंध के बारे में अंतर्दृष्टि को बढ़ावा देती है। इसका उद्देश्य स्थायी, संतोषजनक एवं आत्म–निहित अस्तित्व के भ्रम से परे, चीजों को वैसी ही देखना है जैसी वे वास्तव में हैं।

मनोवैज्ञानिक तंत्र (**Psychological Mechanisms**)::

एक चिकित्सीय उपकरण (therapeutic tool) के रूप में विपश्यना ध्यान की प्रभावकारिता के पीछे अनेक मनोवैज्ञानिक तंत्र विद्यमान हैं।

सचेतनता (**Mindfulness**):– विपश्यना गैर–निर्णयात्मक जागरूकता (non-judgmental awareness) एवं वर्तमान क्षण के अनुभवों को स्वीकार व परिष्कार करती है, जो चिंतन (rumination) को कम करती है तथा मनोवैज्ञानिक लचीलेपन (psychological flexibility) को बढ़ावा देती है।

भावना विनियमन (**Emotion Regulation**):– बिना किसी प्रतिक्रिया के विचारों व भावनाओं का प्रेक्षण करके अभ्यासी अधिक प्रभावी भावनात्मक विनियमन कौशल विकसित करते हैं, जिससे तनाव में कमी एवं समग्र स्वास्थ्य में वृद्धि होती है।

ध्यान नियंत्रण (**Attention Control**):– संवेदी अनुभवों पर ध्यान बनाए रखने का अभ्यास ध्यान नियंत्रण क्षमताओं (attention control abilities) को बढ़ाता है, जो संज्ञानात्मक कार्यप्रणाली (cognitive functioning) में सुधार करता है तथा ध्यान से भटकाव को कम कर सकता है।

अंतर्दृष्टि एवं बुद्धिमत्ता (**Insight and Wisdom**):– अनित्यता (impermanence) के आवृत्यात्मक अवलोकन (repetitive observation) के द्वारा अभ्यासी वास्तविकता की प्रकृति से सम्बन्धित

अंतर्दृष्टि प्राप्त करते हैं जिससे दृष्टिकोण में सकारात्मक बदलाव होता है तथा बुद्धिमत्ता में वृद्धि होती है।

विपश्यना ध्यान पर वैज्ञानिक शोध (**Scientific Research on Vipassana Meditation**):

अनेक अध्ययनों ने मनोवैज्ञानिक एवं शारीरिक कल्याण के विभिन्न पहलुओं पर विपश्यना ध्यान के प्रभावों की जाँच की है, यथा–

तनाव में कमी (**Stress Reduction**):– टेंग एवं अन्य (2015) द्वारा न्यूरोइमेजिंग तकनीकों (neuroimaging techniques) का उपयोग द्वारा किए गए शोध ने प्रदर्शित किया कि विपश्यना ध्यान तनाव प्रतिक्रिया (stress reactivity) से जुड़े मस्तिष्क अनुक्षेत्रों (brain regions) को संशोधित (modulate) कर सकता है, जिससे तनाव के व्यक्तिपरक अनुभव (subjective experience of stress) में कमी आती है तथा मुकाबला करने की क्षमता (coping abilities) में सुधार होता है।

संवर्धित संज्ञानात्मक कामकाज़ (**Enhanced Cognitive Functioning**):– झा एवं अन्य (2007) द्वारा किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि विपश्यना ध्यान में प्रशिक्षित व्यक्तियों ने नियंत्रण समूह की तुलना में ध्यान नियंत्रण एवं कार्यशील स्मृति प्रदर्शन में सुधार दिखाया जो ध्यान अभ्यास के परिणामस्वरूप संज्ञानात्मक कार्य में वृद्धि का सुझाव देता है।

भावनात्मक विनियमन (**Emotional Regulation**):– गोल्डिन एवं ग्रॉस (2010) द्वारा मेटा–विश्लेषण (meta-analysis) से प्राप्त निष्कर्षों से संकेत मिलता है कि विपश्यना ध्यान हस्तक्षेप (Vipassana meditation intervention) चिंता व अवसाद के लक्षणों में कमी तथा भावना विनियमन क्षमताओं में वृद्धि से सम्बन्धित हैं।

सचेतनता–आधारित हस्तक्षेप (**Mindfulness-Based Interventions**):– विपश्यना–आधारित सचेतनता हस्तक्षेपों को सचेतनता–आधारित तनाव न्यूनीकरण (Mindfulness-Based Stress Reduction-MBSR) एवं सचेतनता–आधारित संज्ञानात्मक चिकित्सा (Mindfulness-Based Cognitive Therapy - MBCT) जैसे मनोचिकित्सा दृष्टिकोणों (psychotherapeutic approaches) में एकीकृत किया गया है, जो विभिन्न मनोवैज्ञानिक विकारों के उपचार एवं कल्याण को बढ़ावा देने में आशाजनक परिणाम दिखाते हैं।

विपश्यना ध्यान सचेतनता, अंतर्दृष्टि एवं कल्याण को विकसित करने में प्रभावी मार्ग प्रदान करता है। प्राचीन बौद्ध परंपराओं में निहित इस विपश्यना ध्यान अभ्यास के चिकित्सीय क्षमता तथा शरीर व मन पर परिवर्तनकारी प्रभावों (transformative effects) के कारण शोधकर्ताओं एवं चिकित्सकों का आकर्षण एवं रुचि इसके प्रति बढ़ी है। जैसा कि स्पष्ट है, वैज्ञानिक अनुसंधान विपश्यना ध्यान तंत्र के प्रभाव से सम्बन्धित परिणामों का पता लगाना जारी रखें हुए है तथापि मुख्यधारा की स्वास्थ्य सेवा एवं कल्याण हस्तक्षेपों के साथ इसका एकीकरण करने से मानसिक स्वास्थ्य को और तीव्र गति से बढ़ावा दिया जा सकता है। अंत में गौतम बुद्ध के शब्दों में यह कहना सर्वथा उचित है कि "विपश्यना का अभ्यास करने से, व्यक्ति मन तथा शरीर को समभाव से देखना सीखता है, अस्तित्व के रहस्यों को खोलता है।"–

कुल मिलाकर, कायनुपासना व विपश्यना बौद्ध पथ के शक्तिशाली यौगिक उपकरण हैं, जिसका उद्देश्य सचेतनता, एकाग्रता एवं अंतर्दृष्टि को विकसित कर अंततः पीड़ा से मुक्ति की ओर ले जाना है।

सूफीवाद में आध्यात्मिकता के सार की खोजः एक व्यापक विश्लेषण

(**Sufi Spirituality : Comprehensive Analysis**)

"सूफीवाद, प्रियतम के अस्तित्व में स्वयं को नष्ट करने की कला है।"

—रूमी (जलाल अद—दीन मुहम्मद रूमी)

"Sufism is the art of annihilating the self in the existence of the Beloved."

-Rumi (Jalal ad-Din Muhammad Rumi)

"सूफियों के लिए व्यक्ति नहीं, संदेश महत्वपूर्ण है।"

—इदरीस शाह, द सूफीज़

"It is the message, not the man, which is important to the Sufis."

- Idries Shah, The Sufis

सूफी अरबी शब्द सूफ़ से निकला है जिसका अर्थ ऊन होता है। संभवतः इस धारा के प्रारम्भिक संतों द्वारा सांसारिक सुख सुविधाओं के त्याग तथा ईश्वर के प्रति समर्पण के प्रतीक के रूप में पहने जाने के कारण इनको सूफ से जोड़ दिया गया हो। सूफ का एक अन्य शब्द सफ़ा है जिसका आशय शुद्धता से है। सूफियों ने आंतरिक शुद्धि तथा ईश्वर का प्रत्यक्ष व्यक्तिगत अनुभूति पर बल दिया है। सूफीवाद एक रहस्यमयी इस्लामी परंपरा है जो अपनी गहन आध्यात्मिक शिक्षाओं एवं प्रथाओं के लिए जानी जाती है। सूफी आध्यत्मिकता में भौतिकता को नकारा गया है तथा ईश्वर की खोज़ को महत्वपूर्ण माना जाता है। अग्रलिखित अनुच्छेदों में सूफीवाद में निहित आध्यात्मिक आयामों का व्यापक विश्लेषण किया गया है।

ऐतिहासिक पृष्ठभूमि (**Historical Background**):

इस्लाम के अन्तर्गत सूफीवाद की धारा रहस्यवादी आयाम की अभिव्यक्ति है। सूफीवाद की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि हजारों वर्ष पूर्व से प्रारम्भ होती है। इसकी उत्पत्ति 7वीं शताब्दी में इस्लाम के प्रारम्भिक दिनों में मानी जाती है, जो मुसलमानों की आध्यात्मिक ललक एवं ईश्वर के साथ गहन अवबोध एवं सम्बंध की खोज के प्रतिक्रिया के रूप में उभरी थी। सूफीवाद के आरम्भ की निश्चित् तिथि के सम्बन्ध में विद्वानों में एक राय नही है। इसके विकास को प्रारम्भिक मुस्लिम रहस्यवादियों एवं तपस्वियों की शिक्षाओं द्वारा एक निश्चित् आकार दिया गया, जो आंतरिक शुद्धि, ध्यान एवं भक्ति के

माध्यम से अल्लाह के करीब पहुँचने की कोशिश करते थे। सूफीवाद के आरम्भिक विकास में हसन अल–बसरी (642–728 ई.) का महत्वपूर्ण योगदान था। अल–बसरी बसरा, इराक के एक प्रसिद्ध तपस्वी व आध्यात्मिक शिक्षक थे। इन्होनें आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करने के साधन के रूप में धर्मपरायणता, विनम्रता एवं सांसारिक इच्छाओं से अलगाव के महत्व पर ख़ासा जोर दिया। अल–बसरी की शिक्षाओं ने जिन तपस्वी प्रथाओं एवं नैतिक सिद्धांतों की नींव रखी, वही कालान्तर में सूफी विचार के केंद्रीय सिद्धान्त बन गए। अल–बसरी के पश्चात् बसरा की एक महिला रहस्यवादी रबिया अल–अदविया (717–801 ई.) ने सूफीवाद के आध्यात्मिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण योगदान दिया। ईश्वर के प्रति अपने अगाध प्रेम व भक्ति पर अपनी शिक्षाओं के लिए प्रसिद्ध रबिया ने रहस्यमय मिलन एवं प्रेम के मार्ग (इश्क) की सूफी अवधारणाओं को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस्लामी दुनिया में सूफीवाद का प्रसार 9वीं शताब्दी के बाद से उभरे प्रभावशाली सूफी गुरुओं और आदेशों (तरीकों) के प्रयासों से सुगम हुआ। भारत में सूफ़ी मत का आगमन 11वीं व 12वीं शताब्दी में माना जाता है। भारत में बसे प्रारम्भिक श्रेष्ठ सूफ़ियों में एक अल हुजवारी जिन्हें दाता गंजबख्श (असीमित खज़ाने का वितरक) के रूप में जाना जाता है, इनका निधन 1089 में हो गया था। बाद के समय में सूफीवाद के अन्तर्गत अनेक आध्यात्मिक वंशों या सिलसिलों का उदय हुआ जिन्होने पश्चिम एशिया के अलावा विश्व के अन्य भागों को अपनी अनोखी आध्यात्मिक परम्परा व प्रथाओं से प्रभावित किया या प्रभावित करते रहें हैं। अबुल फ़ज़ल ने आइने अकबरी में 14 सिलसिलों का उल्लेख किया है। सूफ़ी सिलसिलों की दो धाराएँ प्रचलित हुयीं, बा–शरा तथा बे–शरा। बा–शरा के अन्तर्गत वे सिलसिलें थे, जो शरा (इस्लामी कानून) को मानते थे, इनमें चिश्तिया, सुहरावर्दी, कादिरी, फ़िरदौसी व नख्शबंदी आदि सिलसिलें प्रमुख थे। बे–शरा सिलसिलें शरीयत के नियमों को नही मानते थे, इन्हें कलंदर, मलंग, हैदरी आदि नामों जाना जाता था। यहाँ कुछ प्रमुख सिलसिलों का संक्षिप्त विवरण दिया गया है–

- ❖ कादिरिया सिलसिला (**Qadiriyya Silsilas**):– कादिरिया आध्यात्मिक अनुशासन (spiritual discipline) या सिलसिला को शेख अब्दुल कादिर गिलानी (1077–1166 ई.) द्वारा स्थापित किया था। यह इरान के गिलान शहर के रहने वाले थे तथा हनबली विद्वान थे। यह सिलसिला इस्लामी कानून के पालन एवं ईश्वर के प्रति प्रेम के महत्व तथा वह्दत–अल़–वजुद अर्थात् अस्तित्व की

एकता पर जोर देता है। कालान्तर में कादिरिया सिलसिला सम्पूर्ण मुस्लिम दुनिया में फैल गया, खासकर मध्य एशिया एवं भारतीय उपमहाद्वीप में। प्रारम्भ में यह केवल सिंध तक सीमित था, कालान्तर में पंजाब तथा दक्षिण तक फैल गया। इस सिलसिला के संत शासक वर्ग से नज़दीकी सम्बंध रखते थे तथा उनका आतिथ्य स्वीकार करते थे। भारत में शाह नमतुल्ला ने इस सिलसिले को लोकप्रिय बनाया। शेख मीर मुहम्मद या मियां मीर इसके प्रमुख संतों में एक थे। दाराशिकोह इसी सिलसिले का अनुयायी थे।

❖ चिश्तिया सिलसिला (**Chishtiyya Silsilas**):– इस सिलसिले की स्थापना ख्वाजा अबू इसहाक शमी (मृत्यु 941 ई.) के द्वारा चिश्त में किया गया था। बाद में ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती (1141–1236 ई.) जो मुहम्मद गोरी के साथ सन् 1992 में भारत आये थे, के द्वारा भारत के अजमेर में इसको पुनर्स्थापित किया गया। इसको लोकप्रिय बनाने में बाबा फ़रीद (गंज़–ए–शकर) का खासा योगदान था। बाबा फ़रीद कुतुब–उद–दीन बख़्तियार काकी तथा ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के सागिर्द थे। इस सिलसिले का सर्वाधिक लोकप्रिय संत निज़ाम–उद–दीन औलिया थे जो बाबा फ़रीद के सागिर्द थे। चिश्तिया सिलसिले के अन्य प्रमुख संतों में नासिरूद्दीन महमुद (चिराग–ए–दिल्ली), शेख़ बुरहानुद्दीन गरीब, शेख़ सलीम चिश्ती आदि थे। सिलसिले के संत शासक वर्ग तथा अमीरों से मेल–जोल नही रखते थे तथा जो धन उनको दान या उपहार स्वरूप में मिलता था उसको गरीबों में बाँट देते थे। चिश्तिया सिलसिला ईश्वरीय मिलन के मार्ग के रूप में मानवता के प्रति प्रेम, करुणा एवं सेवा पर बल देता है। इसकी शिक्षाओं ने भारतीय सूफीवाद को गहराई से प्रभावित किया है। ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के दरगाह पर प्रतिवर्ष भारतीय उपमहाद्वीप के विभिन्न हिस्सों से लाखों तीर्थयात्री या उर्सयात्री आते हैं।

❖ सुहरावर्दीया सिलसिला (**Suhrawardiyya Silsilas**):– बगदाद, इराक में शेख शाहब उद–दीन सुहरावर्दी (1154–1191 ई.) द्वारा सुहरावर्दीया सिलसिले को स्थापित किया गया था। शेख शाहब उद–दीन सुहरावर्दी के शिष्य बहाउद्दीन जक़ारिया ने इसे भारत में संगठित, सुदृढ़ तथा लोकप्रिय बनाया। यह सिलसिला आध्यात्मिक प्रकाश और आंतरिक दृष्टि के महत्व पर जोर देता है। हालाँकि इसे भारत में कुछ अन्य सिलसिलों की तरह उतनी लोकप्रियता नहीं मिली, फिर भी इस

क्षेत्र में इसके उल्लेखनीय अनुयायी थे। इस सिलसिले के प्रमुख संतों में शेख़ रूकनुद्दीन, समाउद्दीन जमाली, मख़दुमें जहाँहनयाँ, सैयद जलालुद्दीन बुख़ारी आदि थे।

❖ नक्शबंदिया सिलसिला (**Naqshbandiyya Silsilas**):– शेख बहाउद्दीन नक्शबंद (1318–1389 ई., अन्य स्रोतों में ख़्वाजा उबैदुल्ला) द्वारा मध्य एशिया में स्थापित किया गया। इस सिलसिले के प्रमुख़ संत नक्शबंदिया इस्लामी कानून के सख्त पालन, आंतरिक ध्यान एवं आध्यात्मिक मार्गदर्शन का अनुसरण करने पर जोर देते है। ख्वाजा बाक़ी बिल्लाह तथा शेख अहमद सरहिंदी के नेतृत्व में इसने भारत में लोकप्रियता प्राप्त की। इसने भारतीय सूफीवाद के कई प्रमुख व्यक्तियों को प्रभावित किया।

❖ मौलविया सिलसिला (**Mawlawiyya Silsilas**):– इस सिलसिले को जलालुद्दीन मुहम्मद रूमी (1207–1273 ई.) के द्वारा कोन्या, तुर्की में स्थापित किया गया था। मौलविया सिलसिला, आध्यात्मिक अभ्यास के एक भाग के रूप में अपने विशिष्ट चक्करदार नृत्य (समा) के लिए जाना जाता है। यह मेवलेवी आदेश (Mevlevi Order) के रूप में भी जाना जाता है। तुर्की में उत्पन्न होने के बावजूद, भारत सहित दुनिया के विभिन्न भागों में इसके अनुयायी पाये जाते थे, जहाँ इन्होने आध्यात्मिक साधकों को प्रेरित किया है।

❖ शादिलिया सिलसिला (**Shadhiliyya Silsilas**):– इसको मिस्र में शेख अबुल हसन अश–शादिली (1196–1258 ई.) के द्वारा स्थापित किया गया। शादिलिया धिक्र (ईश्वर का स्मरण) एवं आध्यात्मिक शुद्धि के महत्व पर बल देता है। हालाँकि भारत में कुछ अन्य सिलसिलों की तरह व्यापक नहीं है, फिर भी इसने इस क्षेत्र में अनुयायियों को आकर्षित किया है।

एतदर्थ कहना होगा कि आध्यात्मिकता सामाजिक एवं धार्मिक सहिष्णुता के लिए एक शक्तिशाली उत्प्रेरक के रूप में कार्य करती है तथा एक ऐसे वातावरण को बढ़ावा देती है जहाँ व्यक्ति अपनी विविध पृष्ठभूमि एवं मान्यताओं के बावजूद सामंजस्यपूर्ण सह–अस्तित्व (harmonious co-existence) में रह सकते हैं। सचेतनता, आध्यात्मिक बहुलवाद तथा अंतर–धार्मिक संवाद (Interfaith Dialogue) को बढ़ावा देकर सामाजिक सेतु का निर्माण, बाधाओं को तोड़ने तथा अन्यायमुक्त विश्व के निर्माण हेतु आध्यात्मिकता की परिवर्तनकारी शक्ति का उपयोग कर सकता हैं। इस तरह आध्यात्मिकता एक मार्गदर्शक प्रकाश स्तम्भ बन जाती है, जो अधिक सहिष्णु एवं दयालुता से युक्त वैश्विक समुदाय की ओर का मार्ग प्रशस्त करती है।

धार्मिक कट्टरवाद के उन्मूलन में आध्यात्मिक शिक्षा की भूमिका
(The Role Spiritual Education in the Elimination of Religious Fundamentalism)

धार्मिक कट्टरवाद एक महत्वपूर्ण वैश्विक चिंता के रूप में उभरा है जिससे संघर्ष, हिंसा तथा सामाजिक कलह उत्पन्न होते रहते हैं। इस मुद्दे को संबोधित करने के लिए केवल निंदा से परे एक सूक्ष्म एवं बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है। एक समग्र एवं समावेशी ढाँचा जो सहिष्णुता, समझ तथा साझा मानवता की भावना को बढ़ावा देता हो आध्यात्मिक शिक्षा के क्रियान्वयन में आशाजनक मार्ग हो सकता है।

धार्मिक कट्टरवाद की जड़ (**Roots of Religious Fundamentalism**):– धार्मिक कट्टरवाद से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए इसकी जड़ों को समझना आवश्यक है। कट्टरवाद प्रायः आर्थिक अस्थिरता, सांस्कृतिक अलगाव तथा राजनीतिक हेरफेर जैसे सामाजिक–राजनीतिक कारकों के साथ मिलकर धार्मिक ग्रंथों की एक संकीर्ण व्याख्या से उत्पन्न होता है। पारंपरिक धार्मिक शिक्षा जो विशिष्टता एवं हठधर्मिता के कठोर पालन को बढ़ावा दे सकती है अनजाने में कट्टरपंथी विचारधाराओं के विकास में योगदान कर सकती है।

आध्यात्मिक शिक्षा की भूमिका (**The Role of Spiritual Education**)

❖ बहुलवाद एवं सहिष्णुता को बढ़ावा (**Promotion of Pluralism and Tolerance**):– आध्यात्मिक शिक्षा व्यक्तियों को विविध धार्मिक एवं दार्शनिक परंपराओं का पता लगाने तथा उनकी सराहना करने के लिए प्रोत्साहित करती है। बहुलवाद के वातावरण में योगदान देकर यह सहिष्णुता एवं विभिन्न मान्यताओं की स्वीकृति को बढ़ावा देती है जिससे कट्टरवाद को पोषित करने वाले विशिष्टतावादी दृष्टिकोण की संभावना कम हो जाती है।

❖ आलोचनात्मक चिंतन पर बल (**Emphasis on Critical Thinking**):– पारंपरिक धार्मिक शिक्षा पद्धति के साथ प्रायः जुड़ी रटने वाली शिक्षा के विपरीत आध्यात्मिक शिक्षा आलोचनात्मक सोच पर बल देती है। यह व्यक्तियों को धार्मिक शिक्षाओं पर प्रश्न उठाने, विश्लेषण व व्याख्या करने के लिए प्रोत्साहित करती है। कट्टरपंथी विचारधाराओं को जन्म देने वालीं आडम्बरयुक्त शाब्दिक व्याख्याओं से परे यह अधिक सूक्ष्म समझ का एवं प्रत्यावर्तित चिंतन का विकास करती है।

❖ सहानुभूति एवं करुणा का विकास (**Cultivation of Empathy and Compassion**):– आध्यात्मिक शिक्षा का केंद्र सहानुभूति एवं करुणा का सम्वर्द्धन है। परस्पर जुड़ाव एवं मानवता की साझा भावना उत्पन्न करने से व्यक्तियों में अलग–अलग धार्मिक पृष्ठभूमि वाले लोगों को 'अन्य' के रूप में देखने की संभावना कम हो जाती है। सहानुभूति एवं करुणा से युक्त भावनात्मक बुद्धिमत्ता धार्मिक कट्टरवाद द्वारा प्रचारित विभाजनकारी आख्यानों के लिए एक शक्तिशाली मारक के रूप में कार्य करती है।

❖ विज्ञान एवं अध्यात्म का एकीकरण (**Integration of Science and Spirituality**):– आध्यात्मिक शिक्षा विज्ञान एवं अध्यात्म के मध्य की दूरी को पाट सकती है। वैज्ञानिक ज्ञान को आध्यात्मिक

अंतर्दृष्टि के साथ एकीकृत करके व्यक्तियों को दोनों क्षेत्रों के मध्य संगतता व अनुरूपता के ज्ञान का शिक्षण किया जा सकता है। जिससे यह धारणा दूर करने में मदद मिल सकती है कि धार्मिक मान्यताएँ वैज्ञानिक समझ के विपरीत होतीं हैं। यह एकीकरण अलगाववादी मानसिकता जो कट्टरवाद की विशेषता होती है, का प्रभावी ढंग से सामना कर सकता है।

❖ नैतिक मूल्यों को प्रोत्साहित करना (**Promotion of Ethical Values**):– आध्यात्मिक शिक्षा नैतिक मूल्यों के विकास से संबंधित है। ईमानदारी, सत्यनिष्ठा तथा न्याय जैसे गुणों पर बल देकर, यह व्यक्तियों को कठोर धार्मिक सीमाओं से परे सार्वभौमिक नैतिकता का दिशा निर्देश प्रदान करती है। यह नैतिक आधार प्रायः धार्मिक कट्टरवाद के विरूद्ध एक कवच के रूप में कार्य करता है।

❖ चुनौतियों पर विचार (**Considerations on Challenges**):– उपर्युक्त विवेचना से यह स्पष्ट हो जाता है कि धार्मिक कट्टरवाद से निपटने में आध्यात्मिक शिक्षा उपयोगी हैं, फिर भी इसके मार्ग में अनेक चुनौतियाँ मौजूद हैं। रूढिवादी धार्मिक संस्थानों का विरोध, धर्मनिरपेक्ष हलकों का संदेह तथा एक मानकीकृत पाठ्यक्रम का न होना उल्लेखनीय बाधाएँ हैं। हालाँकि, इन चुनौतियों पर काबू पाने के लिए धार्मिक नेताओं, शिक्षकों, नीति निर्माताओं एवं समुदाय के सहयोगात्मक प्रयासों की आवश्यकता है।

अस्तु कहना होगा कि आध्यात्मिक शिक्षा का क्रियान्वयन धार्मिक कट्टरवाद से निपटने में आशा की किरण हो सकता है। बहुलवाद, आलोचनात्मक सोच, सहानुभूति तथा नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देकर, आध्यात्मिक शिक्षा कट्टरपंथी विचारधाराओं के मूल कारणों का समाधान कर सकती है। आध्यात्मिक शिक्षा धार्मिक सीमाओं से परे एक समग्र दृष्टिकोण प्रदान करती है, जो साझी मानवता एवं परस्पर जुड़ाव पर बल देता है। धार्मिक अतिवाद के बंधनों से मुक्त विश्व का निर्माण करने के लिए आध्यात्मिक शिक्षा में निवेश करना मात्र एक विकल्प नहीं बल्कि एक नैतिक अनिवार्यता भी है।

संधारणीय ग्रह (पृथ्वी) के विकास के लिए आध्यात्मिक शिक्षा {Spiritual Education for the Development of a Sustainable Planet (Earth)}

"यह वह क्षण है जब हमें इस ग्रह को बचाने के लिए एकजुट होना चाहिए। आइए हम संकल्प लें कि हम अपने बच्चों को ऐसी दुनिया नहीं छोड़ेंगे जहाँ समुद्र का जलस्तर बढ़ जाए तथा अकाल फैल जाए एवं भयानक तूफान हमारी धरती को नष्ट कर दें।"
–
– बराक ओबामा

"This is the moment when we must come together to save this planet. Let us resolve that we will not leave our children a world where the oceans rise and famine spreads and terrible storms devastate our lands. "

- Barack Obama

(Address to the People of Berlin, delivered 24 July 2008, Victory Column)

"Without environmental sustainability, economic stability and social cohesion cannot be achieved"

-
- Phil Harding

"पर्यावरणीय स्थिरता के बिना, आर्थिक स्थिरता एवं सामाजिक सामंजस्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता है।"

– फिल हार्डिंग

पर्यावरणीय क्षरण एवं सामाजिक असमानताओं से जूझ रहे विश्व में संधारणीय विकास अनिवार्य आवश्यकता हो गया है। अन्धाधुंध विकास ने पृथ्वी के संधारणीयता को सार्थक ढंग से प्रभावित किया है। वर्तमान समय में तकनीकी प्रगति एवं नीतिगत हस्तक्षेप संधारणीय विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहें हैं। प्रकृति के साथ परस्पर जुड़ाव एवं सामंजस्य की गहन समझ को बढ़ावा देने में आध्यात्मिक शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका को नज़रअंदाज़ नही किया जा सकता है। इस प्रकरण में आध्यात्मिक शिक्षा एवं संधारणीय ग्रह के विकास के मध्य बहुआयामी सम्बंधों का विश्लेषण किया गया है। इस

विश्लेषणात्मक विवेचन को अग्रांकित बिंदुओं में स्पष्ट किया गया है, जो शैक्षिक ढाँचे एवं सामाजिक प्रतिमानों में आध्यात्मिक सिद्धांतों को एकीकृत करने के महत्व को रेखांकित करते हैं।

- ❖ अंतर्सम्बंध एवं परस्पर निर्भरता (**Interconnectedness and Interdependence**):– आध्यात्मिक शिक्षा सभी जीवित प्राणियों एवं पर्यावरण के परस्पर जुड़ाव पर बल देती है। प्रकृति के साथ परस्पर निर्भरता की पहचान तथा अवबोध से पर्यावरण संरक्षण एवं सामूहिक कल्याण को प्राथमिकता देने वाले संधारणीय व्यवहार अपनाने की अधिक संभावना होती है।
- ❖ मूल्य–आधारित शिक्षा (**Values-based Education**):– आध्यात्मिक शिक्षाएँ प्रायः करुणा, सहानुभूति एवं सत्यनिष्ठा जैसे मूल्यों को बढ़ावा देती हैं। शैक्षिक पाठ्यक्रम में इन मूल्यों को एकीकृत करने से हमारे अन्दर भावी पीढ़ियों के प्रति उत्तरदायित्व की भावना पैदा होती है, जिससे अधिक संधारणीय मानसिकता को बढ़ावा मिलता है।
- ❖ संधारणीयता के लिए समग्र दृष्टिकोण (**Holistic Approach to Sustainability**):– पारंपरिक शिक्षा जो प्रायः आर्थिक या तकनीकी समाधानों पर केंद्रित होती है जबकि आध्यात्मिक शिक्षा संधारणीयता के लिए एक समग्र दृष्टिकोण प्रदान करती है, जो पारिस्थितिकी, सामाजिक एवं आध्यात्मिक आयामों को समाहित करती है।
- ❖ पारिस्थितिकी–आध्यात्मिकता (**Eco-Spirituality**):– पारिस्थितिकी–आध्यात्मिकता प्रकृति की पवित्रता एवं आध्यात्मिकता तथा पारिस्थितिकी के मध्य परस्पर सम्बन्ध पर बल देती है। प्राकृतिक जगत् के साथ एक गहन आध्यात्मिक सम्बंध को पोषित करके, व्यक्तियों को पर्यावरण की रक्षा एवं संरक्षण के लिए प्रेरित किया जा सकता है।
- ❖ सचेतनता एवं विवेकपूर्ण जीवन (**Mindfulness and Conscious Living**):– ध्यान एवं सचेतनता जैसी आध्यात्मिक प्रथाएँ जागरूकता एवं चेतना उत्पन्न करती हैं, जिससे व्यक्ति पारिस्थितिक स्थिरता के साथ संरेखित साभिप्राय विकल्प बनाने में सक्षम होते हैं।
- ❖ नैतिकतापूर्ण उपभोग एवं जीवनशैली विकल्प (**Ethical Consumption and Lifestyle Choices**):– आध्यात्मिक शिक्षा व्यक्तियों को उनके उपभोग पैटर्न एवं जीवनशैली विकल्पों के नैतिक निहितार्थों पर विचार करने के लिए प्रोत्साहित करती है। इसमें शाकाहार, अतिसूक्ष्मवाद एवं नवीकरणीय ऊर्जा उपयोग जैसी संधारणीय प्रथाओं को अपनाना सम्मिलित है।

- ❖ समुदाय निर्माण एवं सहयोग (**Community Building and Collaboration**):– आध्यात्मिक समुदाय प्रायः सतत् विकास पहलों के लिए सामूहिक कार्रवाई एवं सहयोग के केंद्र के रूप में कार्य करते हैं। साझा मूल्यों तथा अपनेपन की भावना के माध्यम से समुदाय स्थानीय एवं वैश्विक स्तर पर सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं।
- ❖ पर्यावरणीय न्याय एवं समता (**Environmental Justice and Equity**):– आध्यात्मिकता हर प्राणी के आंतरिक मूल्य एवं सामाजिक न्याय के महत्व पर बल देती है। प्रणालीगत असमानताओं को सम्बोधित करके तथा पर्यावरणीय न्याय की वकालत करके आध्यात्मिक शिक्षा एक न्यायसंगत एवं टिकाऊ समाज के निर्माण में योगदान देती है।
- ❖ स्वदेशी परंपराओं का ज्ञान (**Wisdom of Indigenous Traditions**):– स्वदेशी आध्यात्मिक शिक्षाएँ प्राकृतिक दुनिया के साथ मानवता के संबंधों में गहन अंतर्दृष्टि प्रदान करती हैं। स्वदेशी ज्ञान प्रणालियों का सम्मान तथा संरक्षण करके आध्यात्मिक शिक्षा सांस्कृतिक विविधता एवं पारिस्थितिक ज्ञान को बढ़ावा दे सकती है।
- ❖ प्रकृति के साथ पुनर्जुड़ाव (**Reconnection with Nature**):– तेजी से शहरीकृत तथा तकनीकी रूप से केंद्रित हो रही दुनिया में आध्यात्मिक शिक्षा प्रकृति की लय के साथ पुनः जुड़ाव का अवसर प्रदान करती है जिससे पृथ्वी की सुरम्यता तथा जैव विविधता के लिए प्रशंसा के भाव को बढ़ावा मिलता है।
- ❖ ग्रहीय चेतना (**Planetary Consciousness**):– आध्यात्मिक शिक्षा व्यक्तियों के दृष्टिकोण को विस्तारित करती है। यह संकीर्ण पहचान एवं राष्ट्रीय सीमाओं से परे ग्रहीय संचेतना को अपनाने के लिए अभिप्रेरित करती है। जलवायु परिवर्तन एवं जैव विविधता हानि जैसी वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने के लिए चेतना में इस प्रकार का सार्थक बदलाव आवश्यक है।
- ❖ संधारणीय अर्थशास्त्र (**Sustainable Economics**):– आध्यात्मिकता निरंतर आर्थिक विकास एवं उपभोक्तावाद के प्रचलित प्रतिमान को चुनौती देती है तथा पर्याप्तता, साझेदारी एवं पारिस्थितिक स्थिरता पर आधारित वैकल्पिक आर्थिक मॉडल की वकालत करती है।
- ❖ वैश्विक नागरिकता के लिए शिक्षा (**Education for Global Citizenship**):– आध्यात्मिक शिक्षा सम्पूर्ण ग्रहीय समुदाय के प्रति वैश्विक नागरिकता एवं उत्तरदायित्व की भावना उत्पन्न करती है।

यह समावेशी विश्वदृष्टि उत्पन्न करने तथा अपने ग्रह के संरक्षण के लिए विविध संस्कृतियों एवं राष्ट्रों के मध्य एकजुटता एवं सहयोग को बढ़ावा देती है।

❖ परिवर्तनकारी नेतृत्व (**Transformational Leadership**):– आध्यात्मिक शिक्षादृष्टि, सहानुभूति तथा नैतिक साहस जैसे परिवर्तनकारी नेतृत्व गुणों का पोषण करती है। ये गुण सामूहिक भागीदारी को प्रेरित करने तथा अधिक टिकाऊ भविष्य की दिशा में सकारात्मक बदलाव को उत्प्रेरित करने के लिए अपरिहार्य हैं।

एतद्दर्थ यह उल्लेखनीय है कि आध्यात्मिक शिक्षा संधारणीय पृथ्वी के विकास के उत्प्रेरण की अपार क्षमता रखती है। आध्यात्मिक सिद्धांतों को शैक्षिक प्रणालियों में एकीकृत करके मूल्य–आधारित शिक्षा तथा पारिस्थितिक चेतना को बढ़ावा देकर हम पर्यावरण के प्रति जागरूक एवं नैतिक रूप से जिम्मेदार वैश्विक नागरिकों की एक पीढ़ी तैयार कर सकते हैं। आध्यात्मिकता को अपनाने से न केवल व्यक्तिगत कल्याण बढ़ता है बल्कि प्रकृति के साथ गहन संबंध तथा हमारे ग्रह पृथ्वी के भविष्य के लिए साझा उत्तरदायित्व की भावना भी बढती है। जैसे–जैसे हम 21वीं सदी की जटिल चुनौतियों का सामना कर रहे हैं आध्यात्मिक शिक्षा एक अधिक टिकाऊ एवं सामंजस्यपूर्ण विश्व के विकास का परिवर्तनकारी मार्ग प्रदान करती है।

त्रयोदश अध्याय (XIII Chapter)

आध्यात्मिक शिक्षा के पद्धतिगत दृष्टिकोण

(The Methodological Approaches to Spiritual Education)

आध्यात्मिक शिक्षा को सुविधाजनक बनाने के लिए विभिन्न पद्धतिगत दृष्टिकोणों को नियोजित किया जा सकता है। ये दृष्टिकोण विविध दार्शनिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं के अन्तर्गत आते हैं। आध्यात्मिक शिक्षा के लिए यहाँ कुछ प्रमुख पद्धतिगत दृष्टिकोण दिए गए हैं।

चिंतनशील अभ्यास (**Contemplative Practices**)

- ❖ ध्यान एवं सचेतनता (**Meditation and Mindfulness**):– ध्यान व सचेतनता जैसे अभ्यास व्यक्तियों को आत्म–जागरूकता, ध्यान केंन्द्रीकरण तथा आंतरिक स्व के साथ गहरा सम्बन्ध विकसित करने में मदद करते हैं।
- ❖ योग (**Yoga**):– इसमें शारीरिक मुद्राओं, श्वास–प्रश्वास नियंत्रण तथा ध्यान का संयोजन सम्मिलित है। योग एक समग्र दृष्टिकोण है जो आध्यात्मिक कल्याण तथा आत्मान्वेषण को बढ़ावा देता है।

धार्मिक शिक्षा (**Religious Education**):

- ❖ धर्मग्रंथों का अध्ययन (**Study of Scriptures**):– धार्मिक संदर्भों में पवित्र एवं धर्मग्रंथों का अध्ययन आध्यात्मिक ज्ञान तथा नैतिक मार्गदर्शन प्राप्त करने का एक सामान्य उपाय है।
- ❖ अनुष्ठान व समारोह (**Rituals and Ceremonies**):– धार्मिक अनुष्ठानों व समारोहों में सम्मिलित होने से समुदायिक भावना बढ़ती है। ऐसी भागीदारी व्यक्तियों को ईश्वर से जुड़ने में सहायक होती है।

दार्शनिक पृच्छा (**Philosophical Inquiry**):

- ❖ नैतिक दर्शन (**Ethical Philosophy**):– नैतिक दर्शन व्यक्तियों को अपने मूल्यों पर विचार करने तथा अपनी आध्यात्मिक मान्यताओं के अनुरूप निर्णय लेने के लिए प्रोत्साहित करता है।
- ❖ अस्तित्ववादी दर्शन (**Existential Philosophy**):– अस्तित्व की प्रकृति, उद्देश्य एवं व्यक्तिगत उत्तरदायित्व से जुड़े अस्तित्व संबंधी प्रश्नों के उत्तरों की ख़ोज़ आध्यात्मिक विकास में योगदान दे सकता है।

प्रकृति–आधारित दृष्टिकोण (**Nature-Based Approaches**):

- ❖ पारिस्थितिकी–आध्यात्मिकता (**Ecospirituality**):– प्रकृति से जुड़ना तथा प्राकृतिक जगत् में परमात्मा को पहचानना आध्यात्मिक शिक्षा का एक शक्तिशाली उपाय हो सकता है।
- ❖ वाह्य अनुभव (**Outdoor Experiences**):– व्यक्तियों को प्राकृतिक वातावरण में ओत–प्रोत होने से विस्मय, श्रद्धा एवं परस्पर जुड़ाव की भावना उत्पन्न हो सकती है।

कलात्मक एवं अभिव्यंजक दृष्टिकोण (**Artistic and Expressive Approaches**):

- ❖ कला एवं रचनात्मकता (**Artistic and Expressive Approaches**):– दृश्य कला, संगीत एवं साहित्य सहित अभिव्यंजक कलाएँ, व्यक्तियों को अपने आध्यात्मिक अनुभवों का पता लगाने तथा अभिव्यक्त करने का एक माध्यम प्रदान करती हैं।
- ❖ प्रतीकवाद एवं अनुष्ठान (**Symbolism and Rituals**):– शिक्षा में प्रतीकों एवं अनुष्ठानों को सम्मिलित करने से आध्यात्मिकता का भाव दृढ़ होता है तथा विद्यार्थियों को गम्भीर चिंतन की ओर उन्मुख किया जा सकता है।

अन्तर्विश्वास एवं अन्तर्विषयक दृष्टिकोण (**Interfaith and Interdisciplinary Approaches**)

- ❖ तुलनात्मक धर्म (**Comparative Religion**):– विभिन्न धार्मिक परंपराओं का अध्ययन से आपसी समझ, सहिष्णुता एवं आध्यात्मिकता पर एक व्यापक परिप्रेक्ष्य को बढ़ावा मिलता है।
- ❖ अन्य विषयों के साथ एकीकरण (**Integration with Other Disciplines**):– आध्यात्मिक शिक्षा को मनोविज्ञान, दर्शनशास्त्र तथा समाजशास्त्र जैसे अन्य शैक्षणिक विषयों के साथ जोड़ने से अधिगम अनुभव समृद्ध होता है।

यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि इन दृष्टिकोणों की प्रभावशीलता सांस्कृतिक संदर्भों, व्यक्तिगत प्राथमिकताओं तथा शैक्षिक सेटिंग्स के आधार पर भिन्न हो सकती है। इसके अतिरिक्त आध्यात्मिक

शिक्षा में समग्र एवं समावेशी दृष्टिकोण की अनुसंशा की जाती है जो विविध आध्यात्मिक दृष्टिकोणों का सम्मान करता है।

सनातन हिन्दू आध्यात्मिकता के विभिन्न मार्ग

(Different Paths of Sanatana Hindu Spirituality)

सनातन हिंदू धर्म आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करने के लिए विभिन्न मार्ग प्रदान करता है, जिन्हें ''योग'' के रूप में जाना जाता है। ये मार्ग मनुष्य की विभिन्न आध्यात्मिक आवश्यकताओं को उनके स्वभाव, झुकाव एवं प्रवृत्तियों के अनुसार संतुष्ट एवं पूर्ण करने के लिए विविध उपकरण एवं पद्धतियो को उपलब्ध करातें हैं। इनका संक्षिप्त परिचय अग्रांकित अनुच्छेदों में दिया गया है–

(1.) कर्म योगः– निस्वार्थ सेवा एवं कर्म का मार्ग, परिणामों के प्रति आसक्ति के बिना कर्तव्यों का पालन करने पर बल देता है।

(2.) ज्ञान योगः– ज्ञान एवं बुद्धिमत्ता का मार्ग, जो आत्मान्वेषण व आत्मचिंतन द्वारा परमतत्व के ज्ञान से सम्बन्धित है।

(3.) भक्ति योग–ः भक्ति योग इष्ट या उच्च्व शक्ति के प्रति प्रेम एवं समर्पण पर बल देता है।

(4.) राज योगः– आसन, प्राणायाम, एकाग्रता एवं ध्यान की प्रथाओं को जोड़ने की पद्धति है। शरीर व मन को संतुलित करने के लिए शारीरिक मुद्राओं (आसन) एवं श्वास नियंत्रण (प्राणायाम) पर ध्यान केंद्रित करता है।

कर्म योग : निःस्वार्थ कर्म का मार्ग

(Karma Yoga : The Path of Selfless Action)

"आपको केवल कर्म करने का अधिकार है, लेकिन इसके फल के लिए कभी नहीं। कर्म के फल को आपनी प्रेरणा न बनने दें, न ही आपकी आसक्ति निष्क्रियता के प्रति हो"

—स्वामी विवेकानंद

"You have the right to work only but never to its fruits. Let not the fruits of action be your motive, nor let your attachment be to inaction"

- Swami Vivekanand

कर्म योग, हिंदू दर्शन में आध्यात्मिक प्राप्ति के चार मुख्य मार्गों में से एक है। यह एक गहन परिवर्तनकारी अनुशासन का मार्ग है, जिसके केन्द्र में फल की इच्छा किये बिना अनवरत् रूप से अपने कर्म को करते रहना है। इसको निःकाम या निःस्वार्थ कर्म कहते हैं। यह भगवद् गीता की शिक्षा का केन्द्र बिन्दु है। कर्म योग संसार में सक्रिय रूप से संलग्न रहते हुए आध्यात्मिक उन्नति चाहने वाले व्यक्तियों के लिए आध्यात्मिक मार्गदर्शन की व्यापक रूपरेखा प्रदान करता है।

ऐतिहासिक जड़ें (**Historical Roots**):– कर्म योग' शब्द 'संस्कृत के कर्म तथा योग से मिलकर बना है, कर्म का अर्थ है क्रिया तथा योग का अर्थ है मिलन या अनुशासन, अर्थात् कर्मयोग का तात्पर्य अनुशासन के साथ अपने विहित कार्यों में लगे रहना। इसकी उत्पत्ति वेदों एवं उपनिषदों जैसे प्राचीन भारतीय ग्रंथों से हुयी है। इसकी सबसे व्यापक व्याख्या भगवद् गीता में मिलती है, जहाँ भगवान कृष्ण कुरुक्षेत्र के युद्ध के मैदान में अर्जुन को कर्म योग की शिक्षा देते हैं।

दार्शनिक आधार (**Philosophical Foundations**):– कर्म योग हिंदू धर्म के व्यापक दर्शन पर आधारित है, जो धर्म या धार्मिक एवं सामाजिक कर्तव्य की अवधारणा पर बल देता है। स्वेच्छा से किया गया प्रत्येक कार्य कोई न कोई फल प्राप्त करने के उद्देश्य से होता है, जबकि इस प्रकार का कार्य जो फल प्राप्ति की इच्छा से प्रेरित हो 'कर्मयोग' की कोटि में नही आता। इसमें निष्ठा कर्म के प्रति न होकर फल के प्रति होती है। कर्मयोग के लिए तो फल की इच्छा को मन से हटाना ही होता

है। निसंदेह कृत कार्य का अवश्यमेव कोई न कोई फल होता है, किंतु यह कर्मयोगी का लक्ष्य नही होता है। इस प्रकार का कर्म करने से हमारी सम्पूर्ण निष्ठा कर्म के प्रति होती है तथा इसे हम पूर्ण समत्व के साथ उसे सम्पन्न करने में लग जाते हैं। समत्व को ही योग की संज्ञा दी गयी है (समत्वं योग उच्यते)। इस प्रकार गीता के कर्मयोग से तात्पर्य है कि व्यक्ति अपने उत्तरदायित्व एवं कर्तव्यों (स्वधर्म) का परिणामों के प्रति आसक्ति के बिना, निस्वार्थ ढंग से पालन करें। यही गीता का मुख्य संदेश है जिसे भगवान कृष्ण ने स्वयं अपने मुख से अभिव्यक्त किया है– "कर्म में ही तुम्हारा अधिकार है, फल में कभी नही। कर्मफल का हेतु भी मत बनो अकर्म (कर्म न करने) में भी तुम्हारी आसक्ति न हो" (कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन। मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते सङ्गोऽस्त्वकर्मणि॥ गीता–2/47)। कर्म की महत्ता का प्रतिपादन करते हुए कहा गया है कि क्षणभर के लिए भी कोई कर्म किये बिना नही रह सकता। प्रकृति के गुणों से विवश होकर प्रत्येक प्राणी को कर्म करना ही पड़ता है ("न हि कश्चित् क्षणमपि जातु तिष्ठत्यकर्मकृत्। कार्यते ह्यवशः कर्म सर्वः प्रकृतिजैर्गुणैः॥", गीता–3/5)। इस प्रकार गीता निस्काम कर्मयोग के सिद्धान्त को हमारे सम्मुख अत्यन्त ही उत्कृष्ठ एवं प्रभावपूर्ण ढंग से रखती है। देहधारी व्यक्ति के लिए यह सम्भव नही है कि वह कर्मों का पूर्णतया त्याग कर सके। अस्तु जो कर्मफल का त्यागी है वही त्यागी कहा जाता है ("न हि देहभृता शाक्यं त्वकतुम् कर्माण्यशेषतः। यस्तु कर्मफलत्यागी स त्यागीत्यभिधीयते॥",गीता– 18/11)। गीता के अनुसार हमें अपना नियत कर्म कभी भी नही छोड़ना चाहिए, भले ही वह दोषपूर्ण ही क्यो न हो, क्योकि सभी कर्म किसी न किसी दोष से युक्त होते हैं ("सहजं कर्म कौन्तेय सदोषमपि न त्यजेत्। सर्वारम्भा हि दोषेण धूमेनाग्निरिवावृताः।।",गीता–18/48)। अपने स्वभाविक कर्म को करता हुआ व्यक्ति ही सिद्धि या मोक्ष को प्राप्त करता है (स्वे–स्वे कर्मन्यभिरतःसंसिद्धिं लभते नरः)।

यहाँ पर यह उल्लेखनीय है कि भगवत् गीता सन्यास की अवस्था में भी कर्म त्याग करने का शिक्षा नही देती है। सन्यास का अर्थ राग, इच्छा, आसक्ति तथा सभी कर्मों के फल का त्याग बताया गया है (काम्यानां कर्मणां न्यासं संन्यासं कवयो विदुः। सर्वकर्मफलत्यागं प्राहुस्त्यागं विचक्षणाः।।–18/2)। आत्मज्ञान से युक्त योगी या सन्यासी भी कल्याण के निमित्त कर्म करता है।

ईश्वर स्वयं जिसके लिए कुछ थी अलभ्य नही है, मानवता व लोककल्याणर्थ कर्म करता है (न मे पार्थास्ति कर्तव्यं त्रिषु लोकेषु किञ्चन। नानवाप्तमवाप्तव्यं वर्त एव च कर्मणि॥–3/22)

व्यावहारिक अनुप्रयोग (**Practical Applications**):– कर्म योग व्यक्तियों को अपने दैनिक जीवन में आध्यात्मिक सिद्धांतों को एकीकृत रूप से अनुप्रयोग हेतु एक व्यावहारिक ढाँचा प्रदान करता है। इसका एक प्रमुख पक्ष वैराग्य की भावना के साथ अपने कर्तव्यों को निभाने पर बल देना है। इसका तात्पर्य उदासीनता नहीं है, बल्कि यह समझ है कि कार्यों के परिणाम व्यक्तिगत नियंत्रण से परे हैं। परिश्रम के फल के प्रति आसक्ति त्यागकर व्यक्ति सफलता एवं विफलता, आनन्द एवं दुख में समभाव के साथ मन को संतुलित एवं शांत रख सकते हैं।

इसके अतिरिक्त कर्म योग व्यक्तियों को अहंकारयुक्त उद्देश्यों को त्यागकर दूसरों के कल्याण के लिए कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करता है। इस प्रकार, कर्म योग सामाजिक सद्भाव एवं सामूहिक कल्याण के लिए एक परिवर्तनकारी युक्ति बन जाता है।

व्यक्तिगत रूपान्तरण पर प्रभाव (**Impact on Individual Transformation**):– कर्म योग का अभ्यास व्यक्तित्व के रूपान्तरण में सार्थक योगदान करता है। निस्वार्थ कार्यों में संलग्न होकर व्यक्ति धीरे–धीरे अहंकार का त्याग करते जाते हैं, इस प्रकार वे राग–द्वेष के चक्र से मुक्त हो सकते हैं। अहंकार विघटन की यह प्रक्रिया ज्ञान के मार्ग या ज्ञान योग की अवधारणा के साथ भी संरेखित होती है।

इसके अलावा कर्म योग चेतना की उच्च अवस्थाओं के लिए एक सीढ़ी के रूप में भी कार्य करता है। स्वामी विवेकानन्द कर्म को ईश्वर की सर्वोच्च भक्ति के रूप में मानते हैं, उनके अनुसार–"हर कर्तव्य पवित्र है, और कर्तव्य के प्रति समर्पण भगवान की पूजा का उच्चतम रूप है।" ("Every duty is holy, and devotion to duty is the highest form of the worship of God" - Swami Vivekananda)। स्वामी जी कर्म योग को भक्तियोग का आधार मानते है। भक्ति योग के मार्ग पर चलने वाले निष्काम कर्म से कैसे विरत हो सकते है? जैसे–जैसे व्यक्ति आसक्ति के बिना अपने कर्तव्यों का पालन करने में सक्षम होते जाते हैं वे अधिक उन्नत योग प्रथाओं, जैसे भक्ति योग (भक्ति का मार्ग) तथा ध्यान योग (ध्यान का मार्ग) की ओर बढ़ते जाते हैं, जिससे वे अपने अंतिम लक्ष्य (आत्म–साक्षात्कार या मोक्ष) तक पहुँच सकते हैं।

अस्तु यह सूस्पष्ट है कि कर्म योग आध्यात्मिकता की दिशा में एक गहन तथा व्यावहारिक मार्ग है जो आध्यात्मिक आकांक्षाओं के साथ सांसारिक कर्तव्यों के सामंजस्य का सुलभ मार्ग प्रस्तुत करता है। भगवद् गीता में अभिव्यक्त यह मार्ग व्यक्तियों को परिणामों के प्रति लगाव के बिना निस्वार्थ भाव से अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित करता है। यह मार्ग अहंकार का पूर्णतः समाप्त कर परस्पर संलग्नता एवं जुड़ाव की भावना को बढ़ावा देता है।

कर्म योग के शैक्षिक निहितार्थ (**Educational Implications of Karma Yoga**):

कर्म योग के शैक्षिक निहितार्थों पर विचार करते समय हम इसके सिद्धांतों तथा शिक्षा के विभिन्न पहलुओं के मध्य समानताओं पर विचार कर सकतें हैं।

कर्म योग व्यक्तियों को व्यक्तिगत लाभ में आसक्ति के बिना अपने कर्तव्यों एवं उत्तरदायित्वों को निभाने के लिए प्रोत्साहित करता है। शैक्षिक संदर्भ में इसका अर्थ विद्यार्थियों में परोपकार एवं सेवा की भावना को विकसित करने से हो सकता है। पाठ्यक्रम में सेवा–शिक्षण परियोजनाओं को सम्मिलित करके सहानुभूति, करुणा एवं सामाजिक उत्तरदायित्वों के मूल्यों को स्थापित किया जा सकता हैं। सामुदायिक सेवा एवं स्वयंसेवी कार्य के माध्यम से विद्यार्थी दूसरों तथा समग्र रूप से समाज के कल्याण में योगदान देने के महत्व को सीख सकते हैं।

कर्मयोग कार्यों के परिणामों से स्वयं को अलग करने तथा प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित करने की शिक्षा देता है। इसी प्रकार शिक्षा में केवल उच्च अंक या प्रशंसा प्राप्त करने के बजाय सीखने की प्रक्रिया पर बल दिया जा सकता है। शिक्षक विद्यार्थियों को विकास की मानसिकता अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं जहाँ ध्यान निरंतर सुधार, गलतियों से सीखने तथा चुनौतियों के सम्मुख दृढ़ रहने पर होता है। वाह्य अनुमोदन एवं मान्यता की ओर से ध्यान हटाकर छात्रगण अधिगम प्रक्रिया में आंतरिक प्रेरणा एवं संतुष्टि की भावना विकसित कर सकते हैं।

कर्म योग के केंद्र में धर्म (कर्तव्य) एवं नैतिकता की अवधारणा है, जो किसी के कर्तव्य या नैतिक उत्तरदायित्वों को संदर्भित करता है। शिक्षा में धर्म की अवधारणा को नैतिक निर्णय एवं उत्तरदायित्वपूर्ण नागरिकता के संदर्भ में अनुप्रयोग किया जा सकता है। विद्यार्थीगण अपने कार्यों के नैतिक निहितार्थों की जाँच कर सकते हैं तथा ऐसे विकल्पों का निर्माण कर सकते हैं जो ईमानदारी, सत्यनिष्ठा, नैतिकता तथा दूसरों के प्रति सम्मान के सिद्धांतों के अनुरूप हों। नैतिक जागरूकता एवं

जवाबदेही की संस्कृति को बढ़ावा देकर शिक्षक नैतिक रूप से जागरूक व्यक्तियों के विकास में योगदान करते हैं, जो समाज में सकारात्मक योगदान देने में सक्षम हों।

कर्म योग व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक आयामों के एकीकरण पर बल देता है। शिक्षा में इस समेकित दृष्टिकोण को उन अभ्यास व प्रक्रियाओं (Practice and Process) के माध्यम से लागू किया जा सकता है जो कल्याण एवं संतुलन को बढ़ावा देते हैं। योग, ध्यान एवं अन्य चिंतनशील अभ्यास, छात्रों को आत्म–जागरूकता, भावनात्मक विनियमन तथा आंतरिक समुत्थानशीलता विकसित करने में सहायता कर सकते हैं।

कर्म योग में सभी प्राणियों की आपसी जुड़ाव, दूसरों की सेवा करने तथा सभी के अस्तित्व की अंतर्निहित एकता को पहचानने की शिक्षा मिलती है। शैक्षिक संदर्भ में यह सिद्धांत विविधता, समावेशिता तथा वैश्विक नागरिकता के महत्व को रेखांकित करता है। शिक्षक बहुसांस्कृतिक शैक्षिक पहलों (milticultural educational initiatives), विनिमय कार्यक्रमों (exhange programs) तथा सांस्कृतिक विभाजन (cultural divide) को पाटने वाली सहयोगी शिक्षण परियोजनाओं (collaborative learning projects) के माध्यम से वैश्विक संचेतना (global awareness) अंतर–सांस्कृतिक अवबोध (cross-cultural understanding), सहानुभूति एवं विविधता के लिए प्रशंसा के भाव का बढ़ावा दे सकते हैं।

ज्ञान योग : बुद्धिमत्ता का मार्ग
(Gyan Yoga: Path to Wisdom)

"ज्ञान का मार्ग आत्म का अनुभवात्मक ज्ञान है। यद्यपि कोई इस मार्ग पर शास्त्रों को पढने और बुद्धिमानों को सुनने से प्रारम्भ करता है, अनुग्रह से ज्ञान भीतर से बहता है। स्वयं का ज्ञान मन को पवित्रता में वापस लाता है।" - गुरुदेव श्री श्री रविशंकर

"The path of knowledge is the experiential knowledge of the Self. Though one begins on this path by reading scriptures and listening to the Wise, the knowledge flows from within by the Grace. Knowledge of the Self brings the mind back to purity." - Gurudev Shri Shri Ravishanker

ज्ञान योग सनातन हिंदू दर्शन में आध्यात्मिकता के प्राप्ति के चार मुख्य मार्गों में से एक है जिसका गहन विवेचन उपनिषद, भगवद् गीता एवं शंकरचार्य के ब्रह्सूत्र पर टीका, विवेक चूड़ामणि एवं वेदान्तसार जैसे ग्रंथों में किया गया है। गीता में कहा गया है कि 'इस संसार में ज्ञान से बढ़कर कोई दूसरी पवित्र वस्तु नही है (न हि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिहविद्यते)। ज्ञान शब्द संस्कृत के 'ज्ञा' धातु से उत्पन्न हुआ है, जिसका अर्थ जानना, बोध एवं अनुभव से है। ज्ञान योग आध्यात्मिक बुद्धिमत्ता तथा आत्म–साक्षात्कार हेतु साधन के रूप में ज्ञान एवं बौद्धिक जाँच व अन्वेषण पर बल देता है।

ऐतिहासिक संदर्भ (**Historical Context**):– ज्ञान योग की जड़ें भारत की प्राचीन परंपराओं में जुड़ी हैं, सनातन हिन्दू परम्परा में ज्ञानयोग की नींव दार्शनिक ग्रंथों के अनुपम समूह उपनिषदों में रखी गई थी। इसमें यथार्थ, स्वयं तथा परम सत्य (ब्रह्म) के स्वरूप का विवेचन है। ज्ञान योग की शिक्षाएँ भगवद् गीता में बहुत ही वैज्ञानिक ढंग से प्रस्तुत की गयी है, जहाँ भगवान कृष्ण अर्जुन को ज्ञान का वास्तविक अर्थ प्रदान करते हैं। शंकर ने ब्रह्मसूत्र पर अपने भाष्य तथा विवेकचूड़ामणि में प्रतिपादित अद्वैत वेदान्त में ज्ञान का विवेचन किया है।

दार्शनिक आधार (**Philosophical Basis**):– ज्ञान योग के मूल में यह अवधारणा है कि सच्चा ज्ञान केवल बौद्धिक ही नहीं है बल्कि यह सामान्य धारणा की सीमाओं से उच्च है तथा परम वास्तविकता

की प्रत्यक्ष अनुभवात्मक अनुभूति की ओर ले जाता है। यह स्वयं (आत्मन्) तथा सर्वोच्च वास्तविकता (ब्रह्म) की प्रकृति के अन्वेषण से सम्बन्धित है तथा उस भ्रम (माया) को सामने लाने का प्रयास करता है जो इस परम सत्य के प्रत्यक्ष में बाधक होती है।

ज्ञान का चतुर्मुखी मार्ग (**Fourfold Path of Knowledge**):– विवेकचूड़ामणि में आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करने के साधन के रूप में चतुर्मुखी मार्ग को सुझाया गया है, यथाः मनस्वियों ने जिज्ञासा के चार साधन मार्ग बतायें हैं, उनके होने से ही आत्मा अपने सत्वस्वरूप स्थिति में होती है, इसके बिना नही। ("साधनान्यत्र चत्वारि कथितानि मनीषिभिः। येषु सत्स्वेव सन्निष्ठा यदभावे न सिद्ध्यति।। –18)। पहला साधन नित्य–अनित्य वस्तुविवेक है, दूसरा लौकिक व पारलौकिक भोग–विलास से वैराग्य, तीसरा शम, दम, उपरति, तितिक्षा, श्रद्धा समाधान– ये छः सम्पतियाँ बतायीं गयीं हैं तथा चौथा मुमुक्षुत्व है। (आदौ नित्यानित्यवस्तुविवेकः परिगम्यते। इहामुत्रफलभोगविरागस्तदनन्तरम्।। शमदमादिषट्कसम्पत्तिर्मुमुक्षुत्वमिति स्फुटम्।)

(1.) नित्यानित्य वस्तुविवेक (**Eternal and Temporary Obect Discrimination**):– इस संसार में नित्य व अनित्य दो प्रकार की वस्तुएँ पायी जाती है। इन दोनों वस्तुओं का विवेक के साथ यह विवेचन कि कौन सी वस्तु नित्य तथा कौन सी अनित्य है, इस प्रकार से विचारपूर्ण ज्ञान ही नित्यानित्य वस्तु विवेक कहलाता है। वेदान्तसार में इसका विवेचन करते हुए सदानन्द योगी जी कहते हैं कि ब्रह्म ही नित्य वस्तु है तथा इससे भिन्न सकल आकाशादि प्रपन्च अनित्य है (नित्यानित्यवस्तुविवेकस्तावत् ब्रह्मैव नित्यं वस्तु ततोऽन्यदखिलमनित्यमिति विवेचनम् इति।)। तीनो कालों में जो विद्यमान होती है वही नित्य वस्तु होती है (त्रिकालबाध्यत्वं नित्वतम्), अर्थात् जो भूतकाल में थी, वर्तमान में है तथा भविष्य में भी रहेगी, नित्य वस्तु कहलाती है। इस प्रकार का अस्तित्व तो केवल ब्रह्म का ही है। यही बात उपनिषद भी कहते हैं **"**सत्यं ज्ञानम् अनन्तं ब्रह्म**"**(तै. उ.–2.1)।

(2.) वैराग्य (**(Dispassion**):– ज्ञान योग में 'इहामुत्रफलभोगविराग' में वैराग्य का आशय स्पष्ट किया गया है। इस लोक तथा परलोक में कर्मजन्य फलों के प्रति आसक्ति का अभाव ही वैराग्य कहलाता है।

(3.) शमदमादिषट्कसम्पत्ति (**Six Virtues**):– इन गुणों में शम, दम, उपरति, तितिक्षा, श्रद्धा तथा समाधान छः शमादि षट् सम्पत्तियाँ होती है। सम्पति का आशय आत्मभाव के योग्य या अनुरूप से है।

i. शमः (Shama)– मन पर नियंत्रण या मन का निग्रह ही शम कहलाता है। अन्य शब्दों में जिस वृत्ति विशेष से आत्म विषयक श्रवणादि से भिन्न विषयों से मन का निग्रह होता है शम कहलाता है (शमस्तावत् श्रवणादिव्यतिरिक्तविषेभ्यः मनषः निग्रहः,–वेदान्तरसार)।

ii. दमः (**Dama**)– वाह्येन्द्रियों को इनके विषयों से हटाना दम कहलाता है, अर्थात् आँखों को रूप, कानों को शब्द, नसिका को गन्ध, जिह्वा को रस तथा त्वचा को स्पर्श से जिस वृत्ति विशेष के द्वारा हटाया जाता है वह वृत्ति विशेष ही दम कहलाता है। किन्तु सम्पूर्णतः इन्द्रियाँ निवृत्त हो जाए तो वेदान्त श्रवण आदि नही हो सकता, एत्दर्थ श्रवणादिदिव्यतिरिक्त विषयों को छोड़कर अन्य इन्द्रियों को उनके विषयों से हटाना दम होता है (''दमोवाह्मेन्द्रियाणां तद्वयतिरिक्तविषयेभ्यो निर्वतम्,''– वेदान्तसार)।

iii. उपरति (**Uparati**)– विहित कर्मों को विधिपूर्वक परित्याग करना ही उपरति कहलाती है (''विहितानां कर्मणां विधिना परित्यागः इति''–वेदान्तसार)।

iv. तितिक्षा (**Titiksha : Endurance**)– अत्यधिक ठंडक तथा गर्मी से लेकर परस्पर विरूद्ध द्वन्द्वों तथा उनसे उत्पन्न सुख–दुःख को सहना ही तितिक्षा है (''तितिक्षा शीतोष्णादिद्वन्द्वसहिष्णुता'')। विवेक चुड़ामणि में शंकर ने तितिक्षा को समस्त दुःखों की चिन्ता व विलाप को त्यागकर उसका प्रतिकार न करके सहन व स्वीकार करने को तितिक्षा कहा है (''सहनं सर्वदुःखानामप्रतीकारपूर्वकर्म्। चिन्ताविलापरहितं सा तितिक्षा निगद्यते।'')।

v. श्रद्धा (**Shraddha : faith**)– गुरू एवं शास्त्र के कथनों में दृढ़ विश्वास ही श्रद्धा कहलाती है (''गुरूपदिष्टवेदान्तवाक्येषु विश्वासः श्रद्धा'')। श्रद्धा आत्मजिज्ञासु की साधना का आधार होती है। श्रद्धा के नही होने पर हजार उपदेश भी व्यर्थ सिद्ध होता है।

vi. समाधान (**Samadhana : Concentration**):– अपनी बुद्धि को सभी प्रकार से विशुद्ध निगुर्ण ब्रह्म में सदा स्थिर रखना या स्थापन करना ही समाधान हैं। चित्त की लालसा या इच्छापूर्ति का नाम

समाधान नही है (सर्वदा स्थापनं बुद्धेः शुद्धेः ब्रह्मणि सर्वथा। तत्समाधानमित्युक्तं न तु चित्तस्य लालनम्।। वि. चू.–27)

(4.) मुमुक्षुत्व (**Yearning for Liberation**):– मुक्ति की इचछा वाले को मुमुक्षु कहा जाता है तथा इसका भाव मुमुक्षुत्व या मोक्षेच्छा कहलाता है। अहंकार आदि, सुक्ष्म तत्वों से प्रारम्भ करके स्थूल शरीर तक जितने भी अज्ञान कल्पित बन्धन होते हैं, उनको अपने स्वरूप के ज्ञान द्वारा त्याग करने की सदिच्छा ही मुमुक्षुता है ("अहंकारादिदेहान्तान्बन्धानज्ञानकल्पितान्। स्वस्वरूपावबोधेन मोक्तुमिक्षा मुमुक्षुता।।"–वि.चू.–28)

पृच्छा विधियाँ (**Methods of Inquiry**):– ज्ञान योग स्वयं व परम वास्तविकता का अवबोध के उद्देश्य से बौद्धिक विश्लेषण एवं जाँच के विभिन्न विधियों को नियोजित करता है। इन विधियों में प्रमुख हैं–

(1.) नेति–नेति (**Not This, Not This**):– नेति नेति विचार–पद्धति को वेदान्त का ज्ञानमार्ग कहा जाता है। इस निषेध प्रक्रिया में बौद्धिक रूप से उन सभी को अस्वीकार करना सम्मिलित है जो अनित्य एवं अवास्तविक हैं। इस अद्वैत–वाद में तर्क युक्ति की सहायता से एक परम–सत्य तक पहुँचना होता है। यह मार्ग चरम विवेक–विचार के उपर प्रतिष्ठित है। नेति नेति (न इति न इति) एक संस्कृत वाक्य है, जिसका अर्थ यह नही, यह नही होता है। इस महावाक्य का तात्पर्य यह है कि ब्रह्म शब्दों के परे है। इसको भगवान दत्तात्रेय ने अवधूत गीता में इस प्रकार कहतें है–तत्वमसि (वह ब्रह्म जो दिखाई नही पड़ता है, वह तुम हो) आदि वाक्य के माध्यम से स्वयं की आत्मा का ही प्रतिपादन किया गया है। असत्य, जो पाँच अवयवों से बना है, उसके बारे में श्रुति कहती है– नेति नेति (यह नहीं, यह नहीं)। ("तत्त्वमस्यादिवाक्येन स्वात्मा हि प्रतिपादितः। नेति नेति श्रुतिर्ब्रूयादनृतं पाञ्चभौतिकम्।" अवधूत गीता– 1.25)। ब्रह्मज्ञान के जिज्ञासु व्यक्ति को यह वाक्य पहले यह अवबोध कराता है कि ब्रह्म क्या–क्या नहीं है। पाश्चात्य संस्कृति में इसका संगत वाया निगेटिवा ('Via Negativa') है।

(2.) आत्म–पृच्छा (**Self-Inquiry**):– अभ्यासकर्ता आत्मविश्लेषणात्मक रूप से स्वयं की प्रति, वास्तविकता की प्रकृति आदि पर पर प्रश्न उठाते हुए पूछते हैं, मैं कौन हूं? यथार्थ का अस्तित्व क्या है? अदि। इस विधि में विश्वास व मान्यताओं पर प्रश्न खड़ा करना, विभिन्न स्रोतों से ज्ञान प्राप्त करना तथा विभिन्न दार्शनिक परिप्रेक्ष्यों की वैधता व सुसंगतता की व्याख्या एवं विश्लेषण करना निहित है।

(3.) पवित्र ग्रंथों का अध्ययन (**Study of Sacred Texts**):– ज्ञान योगी अपनी समझ को गहन करने के लिए वेदों उपनिषदों, भगवत गीता, अवधूत गीता, ब्रह्म सूत्र, शंकर भाष्य, विवेक चूड़ामणि, वेदान्तसार आदि दार्शनिक ग्रंथों के अध्ययन में संलग्न होते हैं।

(4.) गुरु की भूमिका (**Role of the Guru**):– ज्ञान योग की परंपरा में एक सक्षम आध्यात्मिक शिक्षक (गुरु) का मार्गदर्शन महत्वपूर्ण माना जाता है। गुरु न केवल बौद्धिक ज्ञान प्रदान करते हैं बल्कि ज्ञान के संचरण के माध्यम से प्रत्यक्ष अनुभवात्मक अनुभूति का अवसर व सुविधा भी प्रदान करते हैं।

अन्य योग मार्गों के साथ एकीकरण (**Integration with Other Yoga Paths**):–

ज्ञान योग एक विशिष्ट मार्ग है, इसे अन्य योग मार्गों– कर्म योग (निःस्वार्थ कर्म का मार्ग), भक्ति योग (भक्ति का मार्ग), और राज योग (ध्यान का मार्ग) के साथ एकीकृत किया जाता है। ज्ञान का कर्म के साथ समन्वय स्थापित किया गया है। ज्ञान के अभाव में इच्छा व आसक्ति का पूर्णतः त्याग संभव नही है। सच्चा ज्ञानी ही निस्काम कर्मयोगी हो सकता है। इस परिप्रेक्ष्य में गीता की शिक्षा है कि ज्ञान तथा कर्म योग दोनो एक ही हैं। मुर्ख ही इन्हें अलग–अलग समझते है। किसी एक में भी सम्यक रूप से प्रस्थित् व्यक्ति दोनों के फल को प्राप्त कर सकता है ("सांख्य योगौ पृथग्बालाः प्रवदन्ति न पण्डिताः। एकमप्यस्थितः सम्यगुभयोर्विते फलम्।।" 5/4)। ऐसा माना जाता है कि इन मार्गों का सामंजस्यपूर्ण एकीकरण आध्यात्मिक विकास के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण प्रदान करता है।

चुनौतियाँ एवं बाधाएँ (**Challenges and Obstacles**):– ज्ञान योग उन चुनौतियों को स्वीकार करता है जिनका इसके अभ्यासकर्ताओं को सामना करना पड़सकता है। इन चुनौतियों में बुद्धि की सीमाएँ, अहंकार का प्रभाव तथा वाह्य जगत् से विकर्षण सम्मिलित हैं। ज्ञान योग मार्ग के लिए दृढ़ता एवं आत्मान्वेषण के प्रति सच्ची प्रतिबद्धता की आवश्यकता होती है।

लाभ एवं परिणाम (**Benefits and Outcomes**):– ज्ञान योग का अंतिम लक्ष्य आत्म–साक्षात्कार तथा जन्म व मृत्यु के चक्र (संसार) से मुक्ति पाना है। सच्चा ज्ञान प्राप्त करने से अज्ञानता का नाश तो होता ही है, साथ व्यक्ति को अपनी अंतर्निहित दिव्यता की अनुभूति भी होती है।

आज की प्रासंगिकता (**Today's Relevance**):– ज्ञान योग किसी विशिष्ट समय या संस्कृति तक ही सीमित नहीं है। इसके सिद्धांत कालातीत एवं सार्वभौमिक हैं। समकालीन विश्व में जहाँ व्यक्ति

भौतिक गतिविधियों से परे अर्थ एवं उद्देश्य की खोज करने में लगे रहते हैं, ज्ञान योग की शिक्षाएँ स्वयं तथा अस्तित्व की प्रकृति को समझने के लिए गहन मार्गदर्शन प्रदान करती हैं।

ज्ञान योग गहन बौद्धिक जाँच का मार्ग है, जो परम वास्तविकता और स्वयं को समझने के लिए एक व्यवस्थित दृष्टिकोण प्रदान करता है। यह एक ऐसी यात्रा है जो अस्तित्व की सतही परतों से परे जाती है, जो साधकों को ज्ञान के सागर में गहराई से गोता लगाने तथा सच्चे ज्ञान के साथ आने वाली मुक्ति का अनुभव करने के लिए आमंत्रित करती है। आत्म–साक्षात्कार के मार्ग के रूप में, ज्ञान योग व्यक्तियों को आध्यात्मिक ज्ञान की खोज में प्रेरित और मार्गदर्शन करता रहता है।

ज्ञान योग के शैक्षिक निहितार्थ

(**Educational Implications of Gyan yoga**)

ज्ञान योग जिसे ज्ञान का मार्ग भी कहा जाता है आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करने के लिए बौद्धिक खोज एवं अवबोध के महत्व पर बल देता है। यहाँ ज्ञान योग के कुछ महत्वपूर्ण शैक्षिक निहितार्थ दिए गए हैं।

- ❖ आलोचनात्मक चिंतन पर बल (**Emphasis on Critical Thinking**)– ज्ञान योग व्यक्तियों को अवधारणाओं एवं विश्वासों का आलोचनात्मक विश्लेषण करने के लिए प्रोत्साहित करता है। यह प्रश्न करने तथा पूछताछ की मानसिकता को बढ़ावा देता है।
- ❖ ज्ञान की खोज (**Seeking Knowledge**)– यह ज्ञान एवं अवबोध की प्यास को बढ़ावा देता है, विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों का गहराई से अध्ययन तथा अपने दृष्टिकोण को व्यापक बनाने के लिए प्रेरित करता है।
- ❖ ज्ञान का एकीकरण (**Integration of Knowledge**)– ज्ञान योग विभिन्न क्षेत्रों के ज्ञान के एकीकरण पर बल देता है तथा अन्तर्विषयक अधिगम को बढ़ावा देता है।
- ❖ स्व–अध्ययन (**Self-Study**)– यह स्व–अध्ययन एवं आत्म–प्रत्यावर्तन के महत्व पर प्रकाश डालता है विद्यार्थियों को स्व–अधिगम तथा व्यक्तिगत विकास का उत्तरदायित्व लेने के लिए प्रोत्साहित करता है।

- ❖ सत्यासत्य विवेक (**Discretion of True-False**)– ज्ञान योग सत्य एवं असत्य के मध्य विवेक का विकास करता है। विद्यार्थियों को सूचना के विश्वसनीय स्रोतों तथा गलत सूचना के मध्य अंतर करने के लिए मार्गदर्शन करता है।
- ❖ बौद्धिक गुणों का विकास (**Cultivation of Intellectual Virtues**)– यह बौद्धिक ईमानदारी (intellectual honesty), विनम्रता तथा मुक्त विचारशीलता जैसे गुणों पर बल देता है, जो शैक्षणिक अनुक्षेत्रों में नैतिकता व सत्यनिष्ठा तथा विद्वत्तापूर्ण खोज के लिए महत्वपूर्ण हैं।
- ❖ मानसिक कौशल का विकास (**Development of Mental Skills**)– ज्ञान योग विश्लेषण, संश्लेषण, वर्गीकरण एवं मूल्यांकन जैसे उच्च स्तर के विचार कौशल विकसित करता है, जिससे विद्यार्थियों की जटिल प्रकृति के सूचनाओं को संसाधित करने तथा समस्याओं को प्रभावी ढंग से हल करने की क्षमता बढ़ती है।
- ❖ सिद्धांत व व्यवहार का एकीकरण (**Integration of Theory and Practice**)– ज्ञान योग व्यवहारिक अनुप्रयोग के साथ सैद्धांतिक ज्ञान के एकीकरण पर बल देता है। विद्यार्थियों को वास्तविक परिस्थिति में जो कुछ भी सीखते हैं, उसे लागू करने तथा समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करता है।

शिक्षा में इन सिद्धांतों को सम्मिलित करने से सर्वांगीण विकास से युक्त ऐसे व्यक्तियों को तैयार करने में सहायता मिल सकती है जो न केवल शैक्षिक रूप से कुशल हों बल्कि नैतिक रूप से ईमानदार एवं आध्यात्मिक रूप से जागरूक भी हों।

भक्ति योग : भक्ति का मार्ग

(Bhakti Yoga: Path of Devotion)

"भक्तियोग ईश्वर का वास्तविक, सच्चा खोज है, एक ऐसा खोज जो प्रेम में आरम्भ, प्रवृर्तमान एवं समाप्त होती है। ईश्वर के प्रति चरम प्रेम का उन्मत्तता का एक क्षण हमें अनन्त स्वतंत्रता प्रदान करता है।**"** - स्वामी विवेकानंद

"Bhakti-Yoga is a real, genuine search after the Lord, a search beginning, continuing, and ending in love. One single moment of the madness of extreme love to God brings us eternal freedom" - Swami Vivekanand

भक्ति योग सनातन हिन्दू आध्यात्मिक परम्परा का प्रमुख मार्ग है जो परमात्मा के प्रति भक्ति, समर्पण एवं प्रेम पर विशेष बल देता है। सनातन हिंदू धर्म के पवित्र ग्रंथों विशेष रूप से नारद सूत्र, भगवद गीता एवं भागवत पुराण सहित अन्य पुराणों में निहित भक्ति योग एक गहन आध्यात्मिक अभ्यास के रूप में विकसित हुआ है।

ऐतिहासिक पृष्ठभूमि (**Historical Background**):–

भक्ति योग की जड़ें लगभग 1500 से 500 ईसा पूर्व वैदिक काल में देखी जा सकती हैं। यह प्राचीन भारत में एक व्यक्तिगत देवता के प्रति प्रेम एवं भक्ति पर बल देने वाली भक्ति प्रथा के रूप में उभरा। इसकी जड़ें भगवद् गीता में पाई जाती हैं जहाँ भगवान कृष्ण ने भगवान के प्रति भक्ति एवं समर्पण के महत्व का उपदेश दिया हैं। हालाँकि मध्यकाल के दौरान विशेष रूप से 7वीं से 17वीं शताब्दी के मध्य जाति–आधारित सामाजिक संरचनाओं की कठोरता एवं कर्मकांड प्रथाओं के प्रभुत्व के प्रतिउत्तर के रूप में इसको प्रमुखता मिली। चैतन्य महाप्रभु ने भजन कीर्तन की सरल पद्धति के भक्ति को कष्ट एवं दुःखों से उबरने व आशा संचार का साधन बना दिया। रामानन्द, रैदास, मीराबाई, कबीर, सूरदास, तुलसीदास, तुकाराम, ज्ञानेश्वर आदि जैसे भक्ति संतों ने स्थानीय भाषाओं में भक्ति गीत एवं कविताएँ लिखकर इस मार्ग को लोकप्रिय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मध्यकलीन संतो ने आध्यात्मिकता को आम लोगों तक पहुँचाने का महत्वपूर्ण कार्य किया। भक्ति योग ने जाति, लिंग एवं

सामाजिक स्थिति की सीमाओं को पार करके ईश्वर के साथ सीधे एवं व्यक्तिगत संबंध स्थापित करने का मार्ग प्रशस्थ किया। भक्ति योग भारतीय आध्यात्मिकता का एक जीवंत पहलू बनकर उभरा जो इसके अनुयायियों में प्रेम, भक्ति एवं समर्पण की गहरी भावना को पोषण देता रहा है।

प्रमुख दार्शनिक सिद्धांत (**Key Philosophical Principles**):–

गीता में मोक्ष के तृतीय मार्ग के रूप में भक्ति योग की बात कही गयी है। गीता के अनुसार भक्ति कर्म एवं ज्ञान के साथ समन्वित है। गीता में भक्ति को भगवान की निष्काम सेवा बताया गया है, अस्तु यह कर्म का ही एक रूप है। कर्मों का अनुष्ठान एक प्रकार से ईश्वर की सेवा है। भगवान श्रीकृष्ण का कथन है कि मुझमें अपने सभी कर्मों को समर्पित करने वाले, मुझे ही सर्वोच्च लक्ष्य मानने वाले, मेरी पूजा करने वाले तथा अनन्य भक्ति के साथ मेरा ध्यान करने वाले हैं, तो हे अर्जुन मैं उनकी चेतना को अपने साथ एकाकार कर उन्हें जन्म और मृत्यु के सागर से से मुक्ति दिलाता हूँ ("ये तु सर्वाणि कर्माणि मयि सन्न्यास्य मत्पराः। अनन्येनैव योगेन मां ध्यायन्त उपासते।। तेषामहं समुद्धता मृत्युसंसारसागरात्। भवामि नचिरात्पार्थ मयावेशिचेतसाम्।।", गीता–12/6–7)। भक्ति योग के दार्शनिक सिद्धान्तों में प्रमुख को अग्रांकित पंक्तियों में उल्लिखित किया गया है।

ईश्वर के प्रति निष्ठा (**Devotion to the Divine**):– भक्ति योग में व्यक्तिगत देवता के प्रति अटूट भक्ति भाव बनाये रखना होता है। भक्त प्रार्थना, पूजा एवं सेवा कार्यों के माध्यम से अपना प्रेम अभिव्यक्त करते हैं।

आत्मसमर्पण : प्रपत्ति (**Surrender**):– भक्ति योग का एक केंद्रीय सिद्धांत स्वयं को परमात्मा के प्रति समर्पित करना है। इस समर्पण का आशय निर्बलता से नही है, बल्कि यह अहंकार की सचेत स्वीकृति तथा इससे मुक्त होने का सक्रिय प्रयास है। भक्त ईश्वरीय इच्छा पर विश्वास करते हुए अपनी इच्छाओं, अहंकार, स्वात्तता एवं नियंत्रण की भावना को त्याग देते हैं।

प्रेम एवं करुणा (**Love and Compassion**):– भक्ति भाव के जागृत होने पर स्वभाविक रूप से सभी जीवित प्राणियों के प्रति प्रेम तथा करुणा उत्पन्न हो जाती है तथा भक्त उन्हे परमात्मा की अभिव्यक्ति के रूप में देखता है। भक्ति भाव धारण करने वाले अस्तित्व के हर पहलू में दिव्य उपस्थिति को देखने का प्रयास करते हैं।

नवविधा भक्ति (**Navvidha Bakti**):– श्रीमद्भागवत महापुराण के (7.5.23) श्लोक में भक्ति के नौ विधाओं का वर्णन है–

श्रवणं कीर्तनं विष्णोः स्मरणं पादसेवनम्। अर्चनं वन्दनं दास्यं साख्यमात्मनिवेदनम्।।

यह श्लोक भगवान विष्णु के एक महान भक्त प्रह्लाद महाराज द्वारा अपने पिता हिरण्यकश्यप को दी गई शिक्षाओं से लिया गया है। प्रह्लाद ने भगवान विष्णु की भक्ति सेवा (भक्ति) की नौ प्राथमिक विधाओं की रूपरेखा बताई है। प्रत्येक विधा आध्यात्मिक प्रगति एवं अंततः मुक्ति के मार्ग का प्रतिनिधित्व करती है।

1. श्रवणं (Hearing):– भगवान का नाम, महिमा, कहानियाँ एवं शिक्षाएँ सुनना।
2. कीर्तनं (Chanting):– भगवान के पवित्र नामों, महिमाओं एवं स्तुतियों का गायन व जप करना।
3. स्मरणं (Remembering):– भगवान एवं उनकी लीलाओं का निरंतर स्मरण करना।
4. पाद–सेवनं (Bserving the feet):– भगवान के श्री चरणों में ध्यान लगाना तथा उनके भक्तों की सेवा करना।
5. अर्चनं (Worshiping):– भगवान की पूजा व अनुष्ठान करना।
6. वंदनं (Salutation):– भगवान को प्रार्थना अर्पित करना।
7. दास्यं (Servitude):– भगवान को स्वामी मानना एवं उनकी सेवा दास्य भाव से करना।
8. सख्यं (Friendship):– भगवान की मित्र के रूप में संबंध बनाना तथा सेवा करना।
9. आत्म–निवेदनं (Bself-Surrender):– शरीर, मन एवं आत्मा सहित सर्वस्य भगवान को समर्पित करना।

भक्ति सेवा के इन नौ रूपों में संलग्न होकर, एक भक्त जीवन के अंतिम लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है, जो भगवान के प्रति शुद्ध प्रेम एवं जन्म व मृत्यु के चक्र से मुक्ति का मार्ग है।

नाद व शब्द ब्रह्म : दिव्य ध्वनि (**Nada and Shabda Brahma : Divine Sound**):– भक्ति योग में प्रायः पवित्र ध्वनियों का अनुप्रयोग किया जाता है, जिसे नाद ब्रह्मा के नाम से जाना जाता है। ऐसा मनन जो त्राण या रक्षा करता है, को मंत्र कहते हैं। मंत्रविद्या का विस्तार बहुत ही व्यापक है जिसमें अनेकानेक शब्दों के समुच्चय होतें हैं। मंत्रों में समाहित शब्द समूहों के उच्चारण से उत्पन्न ध्वनि ब्राह्मंड में सकारात्मक उर्जा का संचार करती है। मंत्रों के उच्चारण के मूल में एक मूल ध्वनि

ओंकार 'ॐ' है, यही शब्द या नाद ब्रह्म का आधार है। भक्तगण इन्हीं कंपनात्मक प्रतिध्वनियों को उत्पन्न करने के लिए मंत्रों का जाप करते हैं, भजन गाते हैं व कीर्तन करतें हैं। नाद ब्रह्मा या शब्द ब्रह्मा की विधा भारतीय भक्तियोग की एक महत्वपूर्ण धारा है। जहाँ शब्द ब्रह्मा में मंत्रोच्चार, नामोच्चारण, प्रार्थना, सामुहिक साधना, भजन, कीर्तन की महत्ता है, तो वही नाद ब्रह्मा में विविध उपकरणों के द्वारा उत्पन्न ध्वनि की। नाद ब्रह्मा व शब्द ब्रह्मा में उत्पन्न होने वाले विशेष प्रकार की ध्वनियाँ व कम्पन्न वातावरण में सकारात्मक उर्जा का संचार करते हैं। यह नौ प्रकार का होता है – 1. घोष नाद, 2. कांस्य नाद, 3. श्रृंग नाद, 4. घंट नाद, 5. वीणा नाद, 6. वंशी नाद, 7. दुन्दुभी नाद, 8. शंख नाद एवं 9. मेघनाद। इनका अनुप्रयोग विविध प्रयोजन से किया जाता है तथा इनके विविध लाभ हैं।

मुख्य ग्रन्थ (**Key Texts**)

भगवद गीता (**Bhagavad Gita**):– भगवद गीता सनातन हिंदू धर्म का एक पवित्र एवं प्रतिष्ठित ग्रंथ है, जिसमें भक्ति योग सहित आध्यात्मिक उन्नयन के अन्य विभिन्न मार्गों पर शिक्षाएँ सम्मिलित हैं। भगवान कृष्ण दिव्य सारथी के रूप में योद्धा अर्जुन को भगवान के प्रति निस्वार्थ भक्ति एवं प्रेम के महत्व का ज्ञान प्रदान करते हैं।

भागवत पुराण (**Bhagavata Purana**):– भगवान कृष्ण की कहानियों को समर्पित यह पुराण भक्ति योग के साधकों के लिए एक अमृत कोश है। इसमें भगवान कृष्ण की दिव्य लीलाओं (चंचल कृ त्यों) का वर्णन है, जो भक्तों को भगवान की करुणा एवं चमत्कारों की कहानियों के माध्यम से प्रेम व भक्ति विकसित करने के लिए प्रेरित करता है।

नारद भक्ति सूत्र (**Narada Bhakti Sutra**):– ऋषि नारद को समर्पित यह पाठ भक्ति योग के सार को संक्षेप में रेखांकित करता है। यह प्रारंभिक आकर्षण से लेकर दिव्य प्रेम में पूर्ण रूप से डूबने तक भक्ति के विभिन्न चरणों की विवेचना करता है।

अभ्यास एवं अनुष्ठान (**Practices and Rituals**):

पूजा (**Puja : Worship**):– भक्त अपने इष्ट देव के प्रति श्रद्धा को अभिव्यक्त करने के लिए पूजा सहित विस्तृत अनुष्ठानों में संलग्न होते हैं। इसमें मंत्रों एवं प्रार्थनाओं के साथ पूष्प, धूप, दीप, नैवेद्य एवं अन्य प्रतीकात्मक वस्तुओं को चढ़ातें हैं।

कीर्तन एवं भजन (**Kirtan and Bhajan**):– भक्ति गीतों (भजन) का आनंदमय गायन तथा दिव्य नामों का आह्वान की क्रिया व जप (कीर्तन) भक्ति मार्ग के अभ्यास के अभिन्न अंग हैं। ये धार्मिक गतिविधियाँ एकता की भावना एवं सामूहिक चेतना को बढ़ाती हैं।

जप (**Japa : Mantra Repetition**):– भक्तगण प्रायः गायत्री मंत्र तथा हरे राम, हरे कृष्ण, ॐ नमः शिवायः, ॐ विष्णुवाय नमः, जैसे अन्य अनेक मंत्रों का ध्यानपूर्ण आवृत्ति में संलग्न रहते हैं। जप मन को एकाग्र, हृदय को शुद्ध तथा परमात्मा के साथ अद्वितीय संबंध स्थापन में सहायक है।

सत्संग (**Satsang : (Spiritual Association**):– साथी भक्तों की संगति (सत्संग) को आध्यात्मिक रूप से उत्थानकारी माना जाता है। साथ मिलकर अनुभवों को साझा करना, धर्मग्रंथों पर चर्चा करना तथा भक्ति अनुष्ठान–प्रथाओं में सम्मिलित होना सकारात्मक एवं पोषणकारी वातावरण के निर्माण में सहायक हैं।

प्रभाव एवं प्रासंगिकता (**Impact and Relevance**):– सहजता, सरलता, रोचकता व सुलभता के कारण भक्ति योग का प्रभाव हर देश, काल व परिस्थिति में हमेशा से रहा है, अस्तु इसकी प्रासंगकिता सर्वदा से रही है।

सांस्कृतिक प्रभाव (**Cultural Influence**): –भक्ति योग ने भारत के सांस्कृतिक परिदृश्य को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित किया है। यह केवल धार्मिक अभ्यास तक ही सीमित नहीं है, बल्कि कला, साहित्य, संगीत एवं नृत्य में भी परिलक्षित होता है, जो लोगों की भावनात्मक एवं सौंदर्यात्मक अभिव्यक्तियों (aesthetic expressions) को आकार देता है।

अंतरधार्मिक संवाद (**Interfaith Dialogue**):– भक्ति योग में पाए जाने वाले प्रेम, भक्ति एवं समर्पण के सार्वभौमिक विषयों ने अंतरधार्मिक संवाद व समझ को सुविधाजनक बनाया है। कई आध्यात्मिक साधक, अपनी धार्मिक पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना, भक्ति की समावेशी एवं दयालु प्रकृ ति के साथ सहमेलित होते हैं।

आधुनिक व्याख्याएँ (**Modern Interpretations**):– समकालीन युग में, भक्ति योग को वैश्विक पटल पर व्यापक रूप से विस्तार मिला हैं। स्वामी शिवानंद, स्वामी प्रभुपाद (इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शसनेस के संस्थापक), लाइफ–जीवमुक्ति योग पद्धति के संस्थापक शेरोन गैनन एवं डेविड (Sharon Gannon & David), देवा प्रेमल एवं मितेन (Deva Premal & Miten),

रिचर्ड अल्पर्ट उर्फ राम दास (Ram Dass Allas Richard Alpert), श्यामदास (Shyamdas), शिव री (Shiva Rea) तथा अन्य ऐसे प्रसिद्ध आध्यात्मिक संतों ने भक्ति शिक्षाओं को सम्पूर्ण विश्व में लोकप्रिय बनाया है।

मनोवैज्ञानिक एवं भावनात्मक कल्याण (**Psychological and Emotional Well-being**):– भक्ति योग की प्रथाएँ जिनमें भक्ति गायन, मंत्र, जप तथा निस्वार्थ सेवा के कार्य सम्मिलित हैं, व्यक्तियों के मनोवैज्ञानिक कल्याण में यार्थक योगदान करते हैं। कल्याण पर भक्ति योग के प्रभाव पर अनेक शोध अध्ययन संपादित किये गये हैं, जिसने आध्यात्मिकता, मानसिक स्वास्थ्य एवं समग्र कल्याण के क्षेत्र में रुचि रखने वाले विद्वानों का ध्यान आकर्षित किया है। अध्ययनों से ज्ञात होता है कि इस तरह के अभ्यास तनाव को कम कर सकते हैं, प्रसन्नता की भावनाओं को बढ़ा सकते हैं तथा समग्र मानसिक स्वास्थ्य में सुधार कर सकते हैं।

